भूमिका

क उसको कहते हैं कि जो कर्ता के करने से ही किया जाय। जैसे—देवदत्त. कटं करोतीत्यादि। यहा कर्ता के किये विना चटाई कदापि नहीं बन सकती।

कर्ता उसको कहते है कि जो स्वाधीन साधनो से युक्त होकर क्रिया करने मे स्वतन्त्र होवे। जैसे—देवदत्त कर्ता, चटाई कर्म और करना क्रिया है। इस मे विशेष यह कि—इदं विचार्यते—भावकर्मकर्त्तारः सार्वधातुकार्था वा स्युर्विकरणार्था वेति। एवं तर्हीदं स्यात्—यदा भावकर्मणोर्लस्तदा कर्त्तरि विकरणः। यदा कर्त्तरि लस्तदा भावकर्मणोर्विकरणः। [इदमस्य यद्येव स्वाभाविकमथापि वाचनिकं प्रकृतिप्रत्ययौ प्रत्ययार्थं सह ब्रूत इति। न चास्ति सम्भवो यदेकस्याः प्रकृतेर्द्वयोर्नानार्थयोर्युगपदनुसहायी भावः स्यात्। एवं च कृत्वैकपक्षीभूतमवेदं भवति—सार्वधातुकार्था एवेति]। महाभाष्य अ० ३। पा० १। सू० ६७।

यह विचारना चाहिये कि भाव, कर्म और कर्ता तिङ् प्रत्ययो के अर्थ है? वा विकरण शप् आदि के? इस की व्यवस्था इस प्रकार समझनी चाहिये कि जब भाव कर्म अर्थो मे लकार हो तब तो कर्त्ता मे विकरण और जब कर्त्ता मे लकार हो तब भाव कर्म अर्थों मे विकरण होवे। यह ठीक नही, क्योकि तिङ् और विकरण आदि प्रत्ययो की अर्थों के कहने की शक्ति चाहे स्वाभाविक हो चाहे वाचनिक (सूत्रकार द्वारा सांकेतित), दोनो अवस्था मे प्रकृति और प्रत्यय मिलकर एकार्थ को कहते है। इसलिए यह सम्भव नहीं कि एक प्रकृति का दो विभिन्नार्थक प्रत्ययो के साथ सम्बन्ध हो। अतः इस विषय मे दो पक्ष उठ ही नही सकते, एक यही पक्ष है—भाव, कर्म और कर्त्ता ये सार्वधातुक के ही अर्थ है।

भूमिका

(प्रश्न) किन धातुओ से लकार किन अर्थो मे होते है ?

(उत्तर) अकर्मक धातुओ से भाव और कर्त्ता अर्थ मे तथा सकर्मक धातुओ से कर्म और कर्त्ता अर्थ में होते हैं।

(प्रश्न) अकर्मक और सकर्मक धातुओ का क्या लक्षण है ?

(उत्तर) जिन धातुओ का सम्बन्ध कर्म के साथ होता है वह सकर्मक कहाती हैं, और जिनका सम्बन्ध कर्म के साथ नही होता ह अकर्मक होती है। सकर्मक, जैसे—पुस्तकं पठति, ग्रामं गच्छति, ओदनं पचति इत्यादि। यहा पठ का पुस्तक, गम का ग्राम और पच का ओदन के साथ सम्बन्ध है। अकर्मक, जैसे—भवति, विद्यते, हसति इत्यादि। यहा भू, विद् और हस धातु का किसी कर्म के साथ कोई सम्बन्ध नही है। अत ये अकर्मक हैं ❀।

❀ सकर्मक और अकर्मक धातुओ की व्यवस्था कई प्रकार से समझी जाती है। मुख्य तो यही है कि जिस प्रकरण में प्रयुक्त क्रिया हो उसका अर्थ किसी कर्म के साथ सम्भवित होवे तो सकर्मक, नहीं तो अकर्मक। और जो धातु सकर्मक हैं वे ही कभी देश, काल और वस्तु के भेद से अकर्मक और अकर्मक सकर्मक भी हो जाते हैं। और जितने धातु अकर्मक हैं वे सब किसी पदार्थ के आश्रय से सकर्मक हो जाते हैं, जैसे—अध्वानमस्ति। यह आस धातु अकर्मक है इसका [illegible] कर्म हो जाता है। इस प्रकरण को कारकीय ग्रन्थ के कर्मकारक प्रकरण में भी लिख चुके हैं। अर्थात् जिस जिस की कर्म सज्ञा वहा करदी है। उस उस अर्थ का जिस जिस धातु के साथ सम्भव हो उस उस को सकर्मक अन्य सब अकर्मक जानने चाहियें।

भूमिका

क्रिया का लक्षण—"का पुनः क्रिया ? ईहा । का पुनरीहा ? चेष्टा । का पुनश्चेष्टा ? व्यापारः । सर्वथा भवाञ्छब्दैरेव शब्दान् व्याचष्टे न किंचिदर्थजातं निदर्शयत्येवं जातीयका क्रियेति । क्रिया नामेयमत्यन्ताऽपरिदृष्टा, अशक्या पिण्डीभूता निदर्शयितुम् । यथाऽसौ गर्भो निर्लुठितः । साऽसावनुमानगम्या । कोऽसावनुमानः ? इह सर्वेषु साधनेषु सन्निहितेषु यदा पचतीत्येतद्भवति सा नूनं क्रिया । अथवा यया देवदत्त इह भूत्वा पाटलिपुत्रे भवति सा नूनं क्रिया"। महाभाष्य अ० १ । पा० ३ । सू० १ । आ० १ ।

क्रिया उस को कहते हैं कि जो कुछ आत्मा, मन, प्राण, इन्द्रिय और शरीर में चेष्टा होती है, जैसे कोई मनुष्य चलते हुए हाथ को देख कर अनुमान करता है कि जिससे यह हाथ चलता है वही क्रिया है । जो अनुमान से जानने योग्य है वह आंख आदि इन्द्रियों में ग्रहण करने में कैसे आ सकती है ? किन्तु विज्ञान ही से दिखलाई देती है ।

धातु और प्रत्ययस्थ अनुबन्धों के प्रयोजन—जिन धातुओं के उदात्त अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, लृ, ए और ओ, ये अनुबन्ध इत्संज्ञक होते हैं उनसे परस्मैपद और जिन के पूर्वोक्त ही अनुदात्त अकारादि स्वर इत्संज्ञक हों उन और व्यञ्जनों में ङकार जिन का इत्सञ्ज्ञक होता है उनसे आत्मनेपद होता है[1]। जिस का स्वरित अकारादि तथा ञकार इत्सञ्ज्ञक हो उनसे आत्मनेपद और परस्मैपद दोनों होते हैं ।[2] जिनका आकार इत् जाता है उन और जिन का ईकार इत् जाता है उन से परे निष्ठासञ्ज्ञक प्रत्ययों को इट्

१. अनुदात्तङित आत्मनेपदम् । आ० ९७ । २ स्वरितञितः कर्त्रभिप्राये क्रियाफले । आ० १०५ ।

का आगम नहीं होता[१]। जिनका ह्रस्व इकार इत् जाता है उनको नुम् का आगम होता है[२]। जिनका उकार इत् जाता है उन से परे क्त्वा प्रत्यय को इट् का आगम विकल्प[३] करके और निष्ठा प्रत्यय को इडागम नहीं[४] होता है। जिनका ऊकार इत् जाता है उन से परे सामान्य आर्धधातुक प्रत्यय को इट् का आगम विकल्प[५] करके और निष्ठा प्रत्यय को इट् का आगम नहीं[६] होता। जिनका ह्रस्व ऋकार इत् जाता है चङ्परकणिच् परे हो तो उनके उपधा को ह्रस्व नहीं होता[७]। जिनका लृकार इत् जाता है उन से परे च्लि प्रत्यय के स्थान में अङ् आदेश होता है[८]। जिनका एकार इत् जाता है उनको इडादि सिच् के परे परस्मैपद में वृद्धि नहीं होती है[९]। जिन का ओकार इत् जाता है उन से परे निष्ठा के तकार का नकार आदेश होता है[१०]। जिनका ञि इत् जाता है उन से परे वर्तमान काल में क्त प्रत्यय होता है[११]। जिन का टु इत् जाता है उन से परे अथुच् प्रत्यय होता है[१२]। जिन का डु इत् जाता है उन से क्त्रि प्रत्यय होता है[१३]। और जिन का ष इत् जाता है उन से स्त्रीलिङ्ग में अङ् प्रत्यय होता है[१४], इत्यादि प्रयोजन जानो।

---

१ आकार—आदितश्च। आ० ११७०। ईकार-श्वीदितो निष्ठायाम्। आ० ११७५। २ इदितो नुम् धातोः। आ० १२८। ३ उदितो वा। आ० १५४४। ४ यस्य विभाषा। आ० ११६२। ५ स्वरतिसूतिसूयतिधूञूदितो वा। आ० १४०। ६ यस्य विभाषा। आ० ११६२। ७ नाग्लोपिशास्वृदिताम्। आ० ४६७। ८ पुषादिद्युताद्य्लृदितः परस्मैपदेषु। आ०। २१७। ९ ह्म्यन्तक्षणश्वसजागृणिश्व्येदिताम्। आ० [illegible]२। १० ओदितश्च। आ० ११५६। ११ ञीतः क्तः। आ० १२३१। १२ ट्वितोऽथुच्। आ० १४४०। १३ ड्वितः क्त्रिः। आ० १४३९। १४ षिद्भिदादिभ्योऽङ्। आ० १४६३।

अब संक्षेप से प्रत्ययस्थ अनुबन्धों के प्रयोजन कहते हैं—जिनका ककार, गकार और ङकार इत् जाता है वे प्रत्यय परे हो तो अङ्ग की गुण और वृद्धि नहीं होती[1]। [कित् परे रहने पर] वचि स्वप [और यज] आदि धातुओं को सम्प्रसारण[2] और अन्तोदात्त स्वर[3] भी होता है, और कित् ङित् के परे ग्रह आदि धातुओं का सम्प्रसारण भी होता है[4]। और ञित् णित् प्रत्यय के परे अजन्त अङ्ग तथा उपधाभूत अकार को वृद्धि[5] होती और प्रकृति को आद्युदात्त स्वर[6] भी होता है। चित् का अन्तोदात्तस्वर प्रयोजन है[7]। टित् का प्रयोजन ङीप् प्रत्यय[8], डित् का प्रयोजन टिलोप[9], तित् का प्रयोजन स्वरितस्वर[10] होता है।

आगमों [अनुबंधों] के प्रयोजन—टित्, कित् और मित् ये तीन प्रकार के आगम होते हैं। इन के नियम ये हैं कि प्रकृति और प्रत्यय के समुदाय में टित् आगम जिस को विधान करे उस के आदि का अवयव[11], कित् आगम जिस का विधान करे उस के अन्त का अवयव और मित् आगम जिसको विधान करे उसके अन्त अच से परे[12] होता है।

(प्रश्न) आदि और अन्त का क्या लक्षण है?

---

१ क्ङिति च। आ० ३४। २. वचिस्वपियजादीनां किति। आ० २८३। ३ किति। सौ० ३६। ४. ग्रहिज्यावयिव्यधि०। आ० २८६। [५] अचोऽञ्णिति। आ० ६१। अत उपधायाः। आ० १२७। ६ ञ्नित्यादिर्नित्यम। सौ० २९। ७ चित.। सौ० ३४। ८. टिड्ढाणञ्द्वयसज्दघ्नञ्मात्रच्०। स्त्रै० ३५। ९ तिविंशतेर्डिति। अष्टा० १४२। १०. तित्स्वरितम्। सौ० ४७। ११ आद्यन्तौ टकितौ। सन्धि० ८०। १२ मिदचोऽन्त्यात् परः। सन्धि० ८१।

(उत्तर) "यस्मात् पूर्वं नास्ति परमस्ति स आदिरित्युच्यते। यस्मात् पूर्वमस्ति परं च नास्ति सोऽन्त इत्युच्यते"। महाभाष्ये अध्याय १। पादे १। सूत्रम् २१।

जिसके पूर्व कुछ न हो और पर हो वह आदि कहाता है, और जिस के पूर्व कुछ है और पर नही है उसको अन्त कहते हैं।

(प्रश्न) कौन कौन धातु सेट् और कौन कौन अनिट् होते हैं?

(उत्तर) "अथ के पुनरनुदात्ताः? आदन्ता अदरिद्रा। इवर्णान्ताश्चाश्रि-श्वि-डी शी-दीधी वेवीड। उकारान्ताः यु-रु-णु-क्षु-क्ष्णु-स्नूर्णुवर्जम्। ऋदन्तश्चाऽजागृ-वृङ्-वृञः। शकि कवर्गान्तानाम्। पचि-वचि-सिचि-मुचि-रिचि-विचि- प्रच्छि-यजि-भजि-भञ्जि-रञ्जि-सृजि त्यजि-भुजि-भ्रस्जि-मस्जि-रुजि-युजि-णिजि-विजि-सञ्जि-स्वञ्जयश्चवर्गान्तानाम्। अदि-सदि-शदि-हदि-छिदि-तुदि-नुदि-खिदि-भिदि-स्कन्दि-क्षुदि-स्विद्यति-पद्यति-विन्दि-विन्ति-विद्यति-राधि-युधि-बुधि-शुधि-क्रुधि-रुधि-साधि-व्यधि-बन्धि-सिध्यति-हनि-मन्यतयस्तवर्गान्तानाम्। तपि-तिपि-वपि-शपि-छुपि-लुपि-लिपि स्वप्यापि-क्षिपि-सृपि-तृपि-दृपि-यभि-रभि लभि-यमि-रमि-नमि-गमयः पवर्गान्तानाम्। रुशि-रिशि-दिशि-विशि-लिशि-स्पृशि-दृशि-क्रुशि-मृशि-दंशि पुष्यति-त्विषि-कृषि-श्लिषि-विषि-पिषि-शिषि-शुषि-तुषि-दुषि-द्विषि-घसि-वसि-दहि-दिहि-वहि-दुहि-नहि-रुहि-लिहि-मिहयश्चान्तानाम्। "वमि. प्रसारणी"। महा० अ० ७। पा० २। सू० १०।

आकारान्तो मे एक दरिद्रा धातु को छोड के शेष सब अनिट् है। इवर्णान्तो मे श्रि, श्वि, डी, शी, दीधी, वेवी इन छः धातुओं

को छोड़ के शेष अनिट्, उवर्णान्तो मे यु, रु, णु, क्षु, क्ष्णु, स्नु, ऊर्णु इन सात धातुओं को छोड़ के शेष अनिट्, ऋवर्णान्तो मे जागृ, वृङ्, वृञ् धातुओं को छोड़ के बाकी अनिट् [हैं], कवर्गान्तो मे एक शकि धातु अनिट् बाकी सब सेट्, चवर्गान्तो मे यथाक्रम से पठति पचि आदि बाईस (२२) धातु अनिट् बाकी सब सेट्, तवर्गान्तो मे यथापठित अदि आदि अट्ठाईस (२८) धातु अनिट् अन्य सब सेट्। पवर्गान्तो मे तिपि आदि यथापठित बीस (२०) धातु अनिट् अन्य सब सेट और ऊष्मान्त अर्थात् श ष स और ह जिन के अन्त मे हो उन मे रुशि आदि इकत्तीस (३१) धातु अनिट् अन्य सब सेट् हैं। इन मे वस धातु वह समझना चाहिये कि जिस को सम्प्रसारण होता है अर्थात् आच्छादनार्थवाची का ग्रहण नहीं समझना। पूर्वोक्त सेट् अनिट् धातुओं की व्यवस्था महाभाष्यकार ने इस प्रकार लिखी है परन्तु उसमे सब धातुओं का इक्प्रत्ययान्त निर्देश किया है इस बात का बोध ठीक ठीक नहीं होता, सो इसके विशेष व्याख्यान गणस्थ धातुओं मे देखने से विदित होगा।

इस विषय मे किन्हीं प्राचीन शिष्ट† वैयाकरणों की बनाई कारिका भी है सो आगे लिखते हैं.—

अनिट् स्वरान्तो भवतीति दृश्यताम्,
इमांस्तु सेटः प्रवदन्ति तद्विदः।
अदन्तमृदन्तमृताञ्च वृङ्वृञौ,
श्विडीङिवर्णेष्वथ शीङ्श्रिञावपि ॥ १ ॥

---

† ये अनिट् कारिकाएं आचार्य व्याघ्रभूति विरचित हैं। देखो, माधवीया धातुवृत्ति—शिष धातु पृष्ठ ११२, कुश धातु पृष्ठ १५२।

गणस्थमूदन्तमुतां च रुस्नुवौ,

क्षुवन्तथोर्णोतिमथो युणुक्ष्णवः ।

इति स्वरान्ता निपुणं समुच्चितास्,

ततो हलन्तानपि सन्निबोधत ॥ २ ॥

धातु दो प्रकार के होते है—एक स्वरान्त, दूसरे व्यञ्जनान्त । उनमे स्वरान्त एकाच् धातु सब अनिट् होते है परन्तु अकारान्त, दीर्घ ॠकारान्त, ह्रस्व ऋकारान्तो मे—वृङ् वृञ्, इवर्णान्तो मे श्वि डीङ् शीङ् और श्रिञ्, गणो मे पढ़े सब ऊकारान्त तथा उवर्णान्तो मे—रु स्नु क्षु ऊर्णु यु णु और क्ष्णु, इन सब को छोड के [सब अनिट् होते है] अर्थात ये अकारान्त आदि जो गिनाये हैं सब सेट् है* । इस के आगे हलन्त'—

शकिस्तु कान्तेष्वनिडेक इष्यते,

घसिश्च सान्तेषु वसिः प्रसारणी ।

रभिस्तु भान्तेष्वथ मैथुने यभिस्,

ततस्तृतीयो लभिरेव नेतरे ॥ ३ ॥

---

*स्वरान्तो मे महाभाष्यकार ने अनेकाच की अपेक्षा छोड के आकारान्तो मे दरिद्रा और इवर्णान्तो मे दीधीङ्, वेवीङ् धातु गिनाये हैं, और कारिका बनाने वालो का अभिप्राय यह है कि 'एकाच उपदेशेऽनु०' (आ० ११०) सूत्र मे जो एकाच् ग्रहण है उसका आश्रय लेकर ये धातु सेट् और अनिट् है । अर्थात् दोनो प्रकार का व्याख्यान ठीक है इससे महाभाष्य और कारिकाओ में परस्पर कुछ विरोध नही आसकता ।

ककारान्तो मे एक शक, सकारान्तो मे घस और निवासार्थ वाला वस तथा भकारान्तो मे रभ, लभ और मैथुन अर्थ वाला यभ, ये तीन धातु अनिट् हैं बाकी सब सेट् समझने चाहिये।

अमिर्ञमन्तेष्वनिडेक इष्यते,[1]
रमिश्च यश्च श्यनि पठ्यते मनिः।
नमिश्चतुर्थो हनिरेव पञ्चमो,
गमिश्च षष्ठः प्रतिषेधवाचिनाम् ॥४॥

मकारान्तो मे यम, रम, नम, गम ये चार और नकारान्तो मे हन तथा दिवादिगण मे पढ़ा मन ये दो धातु अनिट् है।

पचिं वचिं विचिरिचिरञ्जिप्रच्छतीन्,
निजिं सिचिं मुचिभजिभञ्जिभृज्जतीन्।
त्यजिं यजिं युजिरुजिसञ्जिमज्जतीन्,
भुजिं स्वजिं सृजिविजी[2] विद्धयनिट्स्वरान् ॥५॥

चकारान्तो मे पच, वच विच, रिच, सिच, मुचि ये छः। छकारान्तो मे एक प्रच्छ, जकारान्तो मे रंज, निज, भज, भञ्ज, भ्रस्ज, त्यज, यज, युज, रुज, सञ्ज, मस्ज, भुज, स्वञ्ज, सृज, विज ये पन्द्रह धातु अनिट् है बाकी सब सेट् समझना चाहिये।

---

१ कहीं कहीं 'यमिर्यमन्तेषु' पाठ है।

२ कही कही 'सृजिमृजी' पाठ है वह ठीक नहीं, क्योकि मृज् धातु ऊदित होने से विकल्प से इट् का आगम (आ० १४०) होता है। अनुदात्त का दूसरा फल 'अम्' आगम (आ० २७५) भी इससे नहीं देखा जाता। महाभाष्य के पूर्वोद्धृत पाठ मे स्पष्ट रूप से 'विजि' ग्रहण किया है।

अदिं हदिं स्कन्दिभिदिच्छिदिक्षुदीन्,
शदिं सदिं स्विद्यतिपद्यतीखिदिम् ।
तुदिं नुदिं विद्यति विन्तं इत्यपि,
प्रतीहि दान्तान् दश पञ्च चानिटः ॥६॥

दकारान्तो मे अद, हद, स्कन्द, भिद, छिद, क्षुद, शद, सद, स्विद, पद, विद ये तीनो दिवादिगण के तथा विद रुधादिगण का भी खिद, तुद, नुद ये पन्द्रह धातु अनिट् है।

रुधिस्सराधिर्युधिबंधिसाधयः,
क्रुधिक्षुधी शुध्यतिबुध्यतोव्यधिः ।
इमे तु धान्ता दश येऽनिटो मतास्,
ततः परं सिध्यतिरेव नेतरे ॥ ७ ॥

धकारान्तो मे रुध, राध, युध, बन्ध, साध, क्रुध, क्षुध, दिवादि गण का शुध बुध तथा सिध [य तान] और व्यध ये ग्यारह धातु अनिट है।

तपि तिपि चापिमथो वपि स्वपि,
लिपि लुपिं तृप्यतिदृप्यतो सृपिम् ।
स्वरेण नीचेन शपि छुपि क्षिपि,
प्रतीहि पान्तान् पठितांस्त्रयोदश ॥ ८ ॥

पकारान्तो मे तप, तिप, आप, वप, स्वप, लिप, लुप, दिवादि गण के तृप, दृप[1] ये दो, सृप, शप, छुप, क्षिप ये तेरह धातु अनिट् है।

[1] तृप और दृप को अनुदात्त पढने का प्रयोजन केवल 'अम्' का आगम (आ० २७५) है। रधादि के नियम (आ० ४०७) से इट् का विकल्प होता है।

दिशिं दृशिं दंशिमथो मृशिं स्पृशिम्,
रिशिं, रुशिं क्रोशतिमष्टमं विशिम्।
लिशिं च शान्ताननिटः पुराणगाः,
पठन्ति पाठेषु दशैव नेतरान् ॥९॥

शकारान्तो मे दिश, दृश, दश, मृश, स्पृश, रिश, रुश, क्रुश, विश, लिश ये दश धातु अनिट् हैं।

शिषिं पिषि शुष्यतिपुष्यती त्विषिम्,
विषिं श्लिषिं तुष्यतिदुष्यतो द्विषिम्।
इमान् दशैवोपदिशन्त्यनिड्विधौ,
गणेषु षान्तान् कृषिकर्षती तथा ॥ १० ॥

षकारान्तो मे शिष, पिष, त्विष, विष, श्लिष, द्विष दिवादि गण के शुष, पुष, तुष, दुष ये चार और तुदादि और भ्वादि दोनो गण का कृष, य ग्यारह धातु अनिट् है।

दिहिर्दुहिर्मेहतिरोहतो वहिर्नहिस्तु षष्ठो दह-
तिस्तथा लिहिः।
इमेऽनिटोऽष्टाविह मुक्तसंशया,
गणेषु हान्ताः प्रविभज्य कीर्त्तिताः ॥ ११ ॥

हकारान्तो मे दिह, दुह, मिह, रुह, वह, नह, दह, लिह ये धातु अनिट् हैं।

जहा सेट् गिनाये हैं वहा बाकी अनिट् और जहा अनिट् गिनाये है वहा बाकी सेट् समझ लेना चाहिये। इस ग्रन्थ मे जितने सेट् अनिट् धातु है उन सब की व्यवस्था मुख्य तो यही समझनी चाहिये और उदात्तोपदेश से सेट् और अनुदात्तोपदेश से अनिट समझते है। जो धातु उपदेश में उदात्त है उन पर कोई चिह्न नहीं

होता और जो उपदेश मे अनुदात्त होते है उनके आदि वर्ण के नीचे अनुदात्त की तिर्छी रेखा कर देते थे, और परस्मैपद आत्मनेपद के लिए यह संकेत था कि जिनका अन्त्य वर्ण अनुदात्त चिह्नित इत् हो और जो उपदेश † मे ङित् हो उनसे आत्मनेपद, शेषो से परस्मैपद और जिन क अन्त्य वर्ण स्वरित् संज्ञक इत् हो उन से तथा जो उपदश म ञित् हो उनसे उभयपद समझते थे, इससे बहुत लाघव के साथ सब बोध हो जाता था। अब विद्या की प्रवृत्ति कम हो जाने के कारण यह परम्परा बिगड गई है। अब इस ग्रन्थ मे अनुदात्त से अनिट्, अनुदात्तेत् स आत्मनेपद और उदात्त से सेट्, उदात्तेत् से परस्मैपद समझने है, फिर भी आत्मनेपदी और परस्मैपदी शब्द भी सर्वत्र अत्यन्त सुगम होने के लिए लिख दिये है कि जिससे किसी को भ्रम न पड सके। इन सब प्रकारो से इत्संज्ञक वर्णो और सेट् अनिट् की व्यवस्था को ठीक २ जान के पढ़ने पढ़ाने वाले सब लोग शुद्र प्रयोगो से व्यवहार और अर्थज्ञान से उपयुक्त हो। जो धातु उपदेश मे उदात्त = सेट् है उन से परे आर्ध-

---

† कैयट, हरदत्त, दीक्षित आदि सब अर्वाचीन वैयाकरण 'अचुकुटिषति, मे सन् के ङिद्वत् अतिदेश (आ० ३४५) से प्राप्त होने वाले आत्मनेपद को हटाने क लिए उपदश का अनुवृत्ति मानते है। परन्तु उनका कथन ठीक नही है, क्योकि उपदेश के अनन्तर इत् सज्ञा होती है—उपदेशोत्तरकालमित्सज्ञा (महाभाष्य १।१।२५) जब इत् सज्ञा ही उपदेश के अनन्तर होगा तब उपदेश में ङित् कैसे हो सकती है- महाभाष्यकार ने उक्त पाद म अ त्मनेपद की निवृत्ति के लिये सेहस्यन्त सेवति माना है (महाभाष्य १।२।१ सिद्धन्तु पूर्वस्यकार्यातिदेशात्) अत ङित् परे रहने पर जो कार्य हो उसी के प्रति सन् ङित् होगा, न कि ङि को जो कार्य हो उसके प्रति।

धातुक प्रत्ययों को इडागम हो जाता है। और जो उपदेश में अनुदात्त = अनिट् हैं उनसे परे आर्द्धधातुकसंज्ञक प्रत्ययों को इडागम नहीं होता है।

इस ग्रंथ में ग्यारह लकार अर्थात् लट्, लिट्, लुट्, लृट्, लेट्, लोट्, लङ्, लिङ्, लिङ्,† लुङ्, लृङ् क्रम से लिखे हैं, अन्य ग्रन्थों में लेट् लकार [जो] केवल वैदिक प्रयोग विषयक है सो नहीं लिखा है, यहां विस्तार पूर्वक इसके प्रयोग लिखेंगे, लिङ् दो बार इसलिए लिखा है कि इसके दो प्रकार के अर्थों में के दो प्रकार प्रयोग होते हैं। और दशगण अर्थात् भ्वादि, अदादि, जुहोत्यादि, दिवादि, स्वादि, तुदादि, रुधादि, तनादि, क्र्यादि और चुरादि क्रम से लिखे हैं, इसके पीछे बारह प्रक्रिया ❀ अर्थात् णिजन्त, सन्नन्त, यङन्त, यङ्लुगन्त, नामधातु, कण्ड्वादि, प्रत्ययमाला, आत्मनेपद, परस्मैपद, भावकर्म, कर्मकर्त्ता और लकारार्थ, ये भी क्रम से विस्तार पूर्वक लिखे जावेंगे और इतना ही तिङन्त का विषय है इसी को 'आख्यात' भी कहते हैं, और जो सूत्र सामान्य करके सब धातुओं में लगते हैं उनको प्रथम-

---

† वस्तुत: लकार दश ही हैं। लिङ् के दो भेद होने से इन्हें पृथक् पृथक् गिना है।

❀ संस्कारविधि के वेदारम्भसंस्कारान्तर्गत 'पठनपाठन व्यवस्था' प्रकरण में लिखा है—"धातुपाठ और दश लकारों के रूप सधवाना तथा दश प्रक्रिया भी सधवानी"। यहां सिद्धान्तकौमुदी आदि अर्वाचीन ग्रन्थों के अनुसार व्याख्या की है। अत एव आत्मनेपद, भावकर्म आदि का पृथक् निर्देश किया है। वस्तुत: ऋषि दयानन्द को प्रत्येक धातु के दशों प्रक्रिया के रूप सधवाने इष्ट हैं। धातुपाठ की क्षीरतरङ्गिणी, धातुप्रदीप और माधवीया धातुवृत्ति आदि प्राचीन ग्रंथों में ऋषि दयानन्द अभिमत क्रम ही उपलब्ध होता है। संस्कारविधि निर्दिष्ट दश प्रक्रिया

प्रथम एक ही वार लिखेंगे और जो किन्ही विशेष धातुओं में लगते हैं उन का एकबार लिखकर पीछे जहां उनका सम्बन्ध होगा वहा २ इस ग्रन्थ की सूत्र संख्या जो उन के आगे लिखी होगी, व्याख्या मे रख दिया करेंगे, उसके अनुसार उन सूत्रो का सम्बन्ध सब लोग वहा २ देख लेवें ।

। इति भूमिका ।

ये है—१ कर्तृ प्रक्रिया (इस में यथाप्राप्त परस्मैपद, आत्मनेपद), २ कर्म प्रक्रिया, ३ भाव प्रक्रिया, ४ कर्मकर्तृ प्रक्रिया, ५ सन्नन्त प्रक्रिया, ६ यङन्त प्रक्रिया, ७ यङ्लुगन्त प्रक्रिया, ८ णिजन्त प्रक्रिया, ९ प्रत्ययमाला, १० नामधातु प्रक्रिया । यहा यह ध्यान रहे कि जिस प्रकार शुद्ध धातु की कर्तृ-कर्म-भाव-कर्मकर्तृ चार प्रक्रिया मे रूप सधवाये जाते हैं उसी प्रकार सन्नन्त, यङन्त आदि सब के चारो प्रक्रियाओं में रूप सधवाने चाहियें ।

❀ ओ३म् ❀

अथ आख्यातिकः

१. [भू[1]] सत्तायाम् उदात्त उदात्तेत् परस्मैभाषः[2] । यह धातु परस्मैपदी है । भू शब्द सत्ता[3] = होने अर्थ का वाचक है । इस अर्थ को कहने के योग्य होने से भू शब्द समर्थ है । जो इससे किसी अर्थ का बोध न होता तो असमर्थ समझा जाता, फिर असमर्थ से कोई कार्य भी नहीं हो सकता । इस विषय की परिभाषा "समर्थः

---

१ धातु के स्वरूप मे सशय न हो इसलिये 'भू' आदि धातुओ में विभक्ति का निर्देश नही किया ।

२ परस्मैभाषा यह परस्मैपद की पूर्वाचार्यों की सज्ञा है ।

३ धातुपाठ में धातुओ के जो अर्थ दिये हैं वे प्राय उपलक्षणार्थ हैं । महाभाष्य (अ० १ । ३ । १ ॥ ६ । १ । ९) मे लिखा है—'बह्वर्था अपि धातवो भवन्ति' अर्थात् धातुए बहुत अर्थ वाली भी होती है । धातुपाठ में भी 'कुर्द खुर्द गुर्द गुद क्रीडायामेव' (भ्वादि० २१-२४) मे एवकार से अर्थ का अवधारण करना इस बात का ज्ञापक है । सूत्रकार ने भी 'गन्धनावक्षेपण०' (अ० १ । ३ । ३२) इत्यादि सूत्रो मे अनेक अर्थों का निर्देश किया है । इसलिये 'क्षीरभोजिन्याः श्रुतन्धरः पुत्रो भवति' वाक्य मे 'उत्पत्ति', 'अशुक्लः पट शुक्लो भवति' मे अभूततद्भाव (पहिले न हो पीछे होना) आदि अर्थ देखे जाते है । 'सुखमनुभवति, हिमवतो गङ्गा प्रभवति, सेना पराभवति' इत्यादि वाक्यो मे जो विभिन्न अर्थ प्रतीत होते हैं वे 'भू' धातु के ही है । उपसर्ग केवल अन्तर्निहित धात्वर्थ के द्योतक होते हैं ।

पदविधिः" सन्धिविषय[1] मे लिख चुके है, और शब्द का लक्षण भी नामिक की भूमिका[2] मे लिखा है। भू शब्द सत्ता अर्थ के साथ समर्थ हुआ तो इसकी धातुसंज्ञा होकर कृत् प्रत्ययो की उत्पत्ति आदि कार्य होते हैं।

१—भूवादयो धातवः ॥* १ । ३ । १ ॥

भू शब्द से लेकर जो दशगणो मे शब्द पढ़े हैं उन सब की धातु संज्ञा होती है। इस से भू शब्द की धातु संज्ञा होकर—

२—धातोः ॥ ३ । १ । ९१ ॥

[यह अधिकार सूत्र है। आगे कहे हुए] सब तव्यत् आदि प्रत्यय धातुसंज्ञक शब्दो से होते है।

३—कृदतिङ् ॥ ३ । १ । ९३ ॥

धातु से विहित [तिङ्भिन्न] जो प्रत्यय हैं वे कृत्सञ्ज्ञक हो। यहां तिङन्त की अपेक्षा मे—

४-वर्तमाने लट् ॥ ३ । २ । १२३ ॥

आरम्भ से लेकर जब तक क्रिया की समाप्ति न हो तब तक वर्तमान काल समझना चाहिये। वर्तमान अर्थ के वाचक धातुओ से लट् प्रत्यय हो। अब ये कृत्सञ्ज्ञक लट् आदि प्रत्यय भाव, कर्म और कर्ता इन तीन अर्थों मे सामान्य करके होते हैं। उनका विभाग—

५-लः कर्मणि च भावे चाऽकर्मकेभ्यः ॥ ३।४।६९॥

* इन तीनों अङ्कों में से पहिले से अध्याय, दूसरे से पाद और तीसरे से सूत्र सख्या समझनी चाहिये।

1. पृष्ठ २५। 2. पृष्ठ ५।

सकर्मक धातुओं से कर्म और कर्ता अर्थ में तथा अकर्मक धातुओं से भाव और कर्त्ता अर्थ मे लकार होते हैं। यहां भू धातु से कर्ता अर्थ में लट् आया। 'भू—लट्' इस अवस्था मे

६—हलन्त्यम् ॥ १ । ३ । ३ ॥

उपदेश मे धातु आदि के समुदाय का जो अन्त्य वर्ण है वह इत् संज्ञक होवे।

७—तस्य लोपः ॥ १ । ३ । ६ ॥

इत् संज्ञा वाले वर्ण का लोप हो जाता है। यहां टकार की इत्संज्ञा और लोप हो कर प्रत्यय के आदि लकार की भी इत्संज्ञा "लशक्वतद्धिते[1]" सूत्र से प्राप्त है सो अगले सूत्र मे लकार के स्थान मे आदेशविधानरूप ज्ञापक से नहीं होती।

८—लस्य ॥ ३ । ४ । ७७ ॥

लकार के स्थान मे वक्ष्यमाण आदेश हो।

६—तिप्तस्झिसिप्थस्थमिब्वस्मस्तातांझथासाथांध्वमिड्वहिमहिङ् ॥ ३ । ४ । ७८ ।

तिप्, तस्, झि, सिप्, थस्, थ; मिप्, वस्, मस्, त, आताम्, झ; थास्, आथाम्, ध्वम्; इट्, वहि, महिङ् ये १८ अठारह आदेश लकार के स्थान मे होते हैं।

१०—लः परस्मैपदम् ॥ १ । ४ । ६८ ॥

लकार के स्थान मे जो आदेश हैं वे परस्मैपदसंज्ञक हों। इससे सामान्य करके विधान है, परन्तु उसके अपवाद "तङानाo[2]" सूत्र से तङ् आदि नव की आत्मनेपद संज्ञा का है, इससे तिप् [से

१. आ० २०, ना० २१। २. आ० ९४।

मस्] पर्यन्त ९ नव की परस्मैपद सञ्ज्ञा जानो[1]। अब भू धातु से परस्मैपद हों वा आत्मनेपद इस सन्देह की निवृत्ति के लिये—

११—शेषात् कर्तरि परस्मैपदम् ॥ १ । ३ । ७८ ॥

जिन धातुओं से आत्मनेपदसंज्ञक प्रत्यय कहे हैं उनको छोड़ के शेष धातुओं से परस्मैपदसंज्ञक प्रत्यय हों। यहां भू से तिप आदि नव प्रत्यय प्राप्त हुए।

१२—तिङस्त्रीणि त्रीणि प्रथममध्यमोत्तमाः ॥ १ । ४ । १०० ॥

तिङ्सम्बन्धी जो तिप् आदि प्रत्यय हैं वे यथाक्रम से तीन-तीन प्रथम, मध्यम और उत्तम सञ्ज्ञक हों अर्थात्—तिप्, तस्, झि, प्रथम, सिप्, थस्, थ, मध्यम और मिप्, वस्, मस्, उत्तम पुरुष जानो।

१३—तान्येकवचनद्विवचनबहुवचनान्येकशः ॥ १ । ४ । १०१ ॥

उन्हीं तिङ्सम्बन्धी तिप् आदि तीन-तीन के समुदाय में प्रत्येक एकवचन, द्विवचन और बहुवचन सञ्ज्ञक हों, अर्थात् तिप् एकवचन, तस् द्विवचन और झि बहुवचन। इसी प्रकार सिप् आदि में जानो।

---

१ इस प्रकरण में एक सञ्ज्ञा का अधिकार है। जो सञ्ज्ञा अनवकाश या परे होती है वह सावकाश या पूर्व सञ्ज्ञा को बाध लेती है। अतः 'तिप्' से 'मस्' पर्यन्त ९ प्रत्ययों और शतृ, शानच् की ही परस्मैपद सञ्ज्ञा होती है।

२ यहां प्रथम द्वन्द्व समास होता है तत्पश्चात् एकशेष। यथा—प्रथमश्च मध्यमश्च उत्तमश्च प्रथममध्यमोत्तमाः। प्रथममध्यमोत्तमाश्च प्रथममध्यमोत्तमाश्च प्रथममध्यमोत्तमाः। इससे शेष नव आत्मनेपदसञ्ज्ञक प्रत्ययों में भी क्रमशः तीन-तीन की प्रथम, मध्यम और उत्तम संज्ञा हो जाती है।

१४–युष्मद्युपपदे समानाधिकरणे स्थानिन्यपि मध्यमः ॥ १ । ४ । १०४ ॥

तिङन्तक्रिया के समानाधिकरण युष्मद् शब्द उपपद के रहते हुए युष्मद् शब्द का प्रयोग हो वा न हो तो भी धातु से मध्यम पुरुष हो ।

१५–अस्मद्युत्तमः ॥ १ । ४ । १०६ ॥

तिङन्त के साथ एकाधिकरण अस्मत् शब्द उपपद हो, उस का प्रयोग हो वा न हो तो भी धातु से उत्तम पुरुष हो ।

१६–शेषे प्रथमः ॥ १ । ४ । १०७ ॥

तिङन्त के साथ युष्मद् और अस्मद् से भिन्न एकाधिकरण नाम उपपद हो, उस का प्रयोग हो वा न हो तो भी धातु से प्रथम पुरुष हो । यहां शेष कर्ता की विवक्षा मे लकार के स्थान मे जो तिप् आदि आदेश है उन मे से प्रथम पुरुष का एकवचन तिप्[१] आया । "भू-तिप" इस अवस्था मे—

१७–यस्मात् प्रत्ययविधिस्तदादि प्रत्ययेऽङ्गम्॥ १ । ४ । १३ ॥

जिस धातु वा प्रातिपादिक से जिस प्रत्यय का विधान हो उस धातु वा प्रातिपदिक का आद्यक्षर जिस के आदिमे हो उस समुदाय की प्रत्ययके पर रहने पर अङ्ग संज्ञा होती है अर्थात् प्रकृति और प्रत्यय के बीच मे जो विकरण प्रत्यय है उस की भी अङ्ग संज्ञा हो जावे[२] ।

---

१ द्व्येकयोर्द्विवचनैकवचने (ना०९) इस नियम से ।

२. सूत्र के 'तदादि' पद में उत्तरपदलोपी समास है—तस्य आदि तदादि, तदादिरादिर्यस्य तत् तदाद्यादि । तत् = प्रकृति, तस्यादिस्त-

१८-तिङ्शित् सार्वधातुकम् ॥३।४।११३॥

धातु के अधिकार मे कहे जो तिङ् और शित् प्रत्यय [हैं] वे सार्वधातुकसंज्ञक हो। इस से तिप् आदि की सार्वधातुक संज्ञा हुई।

१९-कर्त्तरि शप् ॥ ३ । १ । ६८ ॥

कर्तावाची सार्वधातुक परे हो तो धातु से परे शप् प्रत्यय हो। इस से भू और तिप् के बीच मे शप् प्रत्यय हो कर "भू—शप्—तिप्" इस अवस्था मे दोनो हल् पकारो की (६) से इत्सञ्ज्ञा होकर (७) से लोप होकर "भू—श—ति" रहा।

२०-लशक्वतद्धिते ॥ १ । ३ । ८ ॥

प्रत्यय के आदि मे जो लकार, शकार और कवर्ग [है] उन की इत्सञ्ज्ञा होवे। इस से "श्" की इत्सञ्ज्ञा होकर (७) से लोप हो गया। "भू- अ—ति" इस अवस्था मे—

२१-सार्वधातुकार्धधातुकयोः ॥ ७ । ३ । ८४॥

गुण वृद्धि आदि सञ्ज्ञा और इक् ही के स्थान मे नियम होना सन्धिविषय मे लिख चुके है[1]। सार्वधातुक और आर्धधातुक संज्ञक प्रत्यय परे हो तो इगन्त अङ्ग के स्थान मे गुण आदेश हो। इससे उकार का अन्तरतम ओकार गुण होकर "भो—अ—ति" इस अवस्था मे—

२२-एचोऽयवायावः ॥ ६ । १ । ७८ ॥

द्यादि. = प्रकृति का पूर्व वर्ण, तदादिरादिर्यस्य = वह वर्ण आदि मे है जिस समुदाय के उस की अङ्ग सञ्ज्ञा होती है।

१. गुणसञ्ज्ञा—सन्धि० १९। वृद्धिसंज्ञा—सन्धि० १८। इक् का नियम—सन्धि ७८।

एच् प्रत्याहार के स्थान मे अय्, अव्, आय्, आव् ये चार आदेश यथासंख्य करके हों। ओकार को अव् होकर–भवति। द्विवचन की विवक्षा मे "भव—तस्"। तिङ् प्रत्ययो की विभक्ति संज्ञा नामिक [1] मे हो चुकी है। यहा तस् के सकार की इत् संज्ञा प्राप्त है, उसका निषेध करते है—

२३--न विभक्तौ तुस्माः ॥ १ । ३ । ४ ॥

विभक्ति मे जो तवर्ग, सकार और मकार [हैं] वे इत्सञ्ज्ञक न हों। तिङन्त की पदसंज्ञा भी कर चुके है नामिक म [2]।

२४--ससजुषो रुः ॥ ८ । २ । ६६ ॥

पदान्त सकार और सजुष् शब्द के अन्त्य वर्ण को रुँ आदेश हो।

२५--उपदेशेऽजनुनासिक इत् ॥ १ । ३ । २ ॥

उपदेश मे जो अनुनासिक अच् है उस की इत्सञ्ज्ञा हो। इस से उकार की इत्संज्ञा होकर–"भव–तर्"।

२६--खरवसानयोर्विसर्जनीयः ॥८ । ३ । १५॥

खर् प्रत्याहार के परे तथा अवसान मे वर्तमान जो रेफ उसके स्थान मे विसर्जनीय आदेश हो। इस से रेफ को विसर्ग होकर— "भवतः"। "भव – झि" यहा—

२७--झोऽन्तः ॥ ७ । १ । ३ ॥

प्रत्यय के आदि अवयव झकार को अन्त आदेश होवे। तकार मे अकार उच्चारणार्थ है, किन्तु आदेश हलन्त ही होता है। "भव—अन्त्–इ"। दोनो अकारो को पररूप एकादेश [3] होकर— भवन्ति। भव + सिप् = भवसि, भव + थस् = भवथः, भव + थ = भवथ। भव + मिप्—

---

१. ना० ८। २. ना० १३। ३. सन्धि० १५३।

२८—अतो दीर्घो यञि ॥ ७ । ३ । १०१ ॥

यञादि सार्वधातुक प्रत्यय परे हो तो अदन्त अङ्ग को दीर्घ आदेश होवे। यहां शप् के अकार की अङ्ग संज्ञा होने से दीर्घ होता है—भवामि, भव+वस्=भवावः, भव+मस्=भवामः। स भवति, तौ भवतः, ते भवन्ति, त्वं भवसि, युवां भवथः, यूयं भवथ, अहं भवामि, आवां भवावः, वयं भवामः।

इन लकारों का क्रम वर्णक्रम से चलाया करते हैं। जैसे—लट्, लिट्, लुट्, लृट्, लेट्, लोट् ये ६ छः टित् और ऐसा ही क्रम ङित् लकारों [लङ्, लिङ्, लुङ्, लृङ्] में जानो। इस क्रम के अनुसार लट् के आगे लिट् प्राप्त हुआ। जितने सूत्र प्रथम लकार में लिख दिये उन को अब नहीं लिखेंगे, जो जो विशेष आते जावेंगे उन को लिखेंगे। [लिट्—]

२९--परोक्षे लिट् ॥ ३ । २ । ११५ ॥

यहां भूत और अनद्यतन की अनुवृत्ति आती है। परोक्ष अनद्यतन भूतकाल में हुए कार्यों के वाचक धातुओं से लिट् लकार होवे। परोक्ष शब्द का अर्थ—

का०--परोभावः परस्याक्षे परोक्षे लिटि दृश्यताम्।
उत्त्वं वाऽऽदेः परादक्ष्णः सिद्धं वाऽस्मान्निपातनात्॥

महा० ३ । २ । ११५ ॥

जिससे विषयों के साथ ज्ञान की व्याप्ति हो उसको 'अक्ष' कहते हैं अर्थात् पांच ज्ञानेन्द्रियों का ग्रहण अक्ष शब्द से समझना चाहिये। और इन्द्रियों से जो परे हो उस को परोक्ष कहते हैं। अक्ष शब्द के परे 'पर' शब्द को 'परो' आदेश, अथवा अकार को उकार वा परोक्ष शब्द को पृषोदरादि मान के इस सूत्र में निपातन

भा०--कथं जातीयकं पुनः परोक्षं नाम ? केचित् तावदाहुर्वर्षशतवृत्तं परोक्षमिति। अपर आहुर्वर्षसहस्रवृत्तं परोक्षमिति। अपर आहुः कुड्यकटान्तरितं परोक्षमिति। अपर आहुर्द्व्यहवृत्तं त्र्यहवृत्तं वेति। महा० ३।२।११५॥

परोक्ष जो अपने सामने न हुआ हो, उस की कितनी अवधि समझनी चाहिये, इस विषय मे ऋषि लोगो का बहुत भिन्न भिन्न विचार है। कोई कहते है कि जो १०० सौ वर्ष पहले हो चुका हो, कोई कहते है कि जो १००० हज़ार वर्ष प्रथम हो गया हो, कोई कहते है कि जो भित्ति और चटाई के आड मे हो और कोई कहते है कि दो वा तीन दिन पहले हुआ हो उस को परोक्ष समझना चाहिये। सो यह सब प्रकार से परोक्ष हो सकता है, क्योकि मुख्य परोक्ष के साथ सब का सम्बन्ध हो सकता है। "भू—लिट्" यहां टकार इकार की इत्सञ्ज्ञा और लोप होकर लकार के स्थान मे तिप् आदि नव हो जाते है।

३०--लिट् च ॥ ३।४।११५॥

यह सूत्र सार्वधातुक सञ्ज्ञा का अपवाद है। लिट् के स्थान मे जो तिप् आदि आदेश है वे आर्धधातुकसञ्ज्ञक हो। यहां एक सञ्ज्ञा का अधिकार तो है ही नही, इस कारण पक्ष मे सार्वधातुक सञ्ज्ञा भी प्राप्त है, इसलिये एव शब्द की अनुवृत्ति[1] समझनी चाहिये कि आर्धधातुक संज्ञा ही हो, अन्य नही।

---

१ लङ्: शाकटायनस्यैव (अ० ३।४।१११) सूत्र से मण्डूक-प्लुति-न्याय से 'एव' की अनुवृत्ति समझनी चाहिये। अथवा—"छन्दस्युभयथा" (अ० ३।४।११७) सूत्र मे 'उभयथा' के ग्रहण से

३१--परस्मैपदानां णलतुसुस्थलथुसणल्वमाः ॥ ३ । ४ । ८२ ॥

धातु से परे लिट् लकार के स्थान मे परस्मैपदसंज्ञके जो तिप् आदि आदेश हैं उनको णल् आदि नव आदेश यथासंख्य करके हो जावें। "भू-णल्"—

३२--चुटू ॥ १ । ३ । ७ ॥

प्रत्यय के आदि जो चवर्ग, टवर्ग उन की इत्सञ्ज्ञा हो। यहां णकार लकार की इत्सञ्ज्ञा और लाप होकर—"भू-अ" इस अवस्था मे—

३३---इन्धिभवतिभ्यां च ॥ १ । २ । ६ ॥

इन्धि और भू धातु से परे जो लिट् वह कित्संज्ञक[1] हो। [यह सूत्र पित् लिट् के लिये है।[2]] इस से णल् को कित् होकर—

ज्ञापित होता है कि इस प्रकरण में सार्वधातुक और आर्धधातुक दोनो सञ्ज्ञाओ का समावेश नही होता। अन्यथा वेद मे दोनो सञ्ज्ञाओ के समुच्चय के लिये 'छन्दसि च' इतना ही सूत्र बना देते।

१. पतञ्जलि ने 'गाङ्कुटादिभ्योऽञ्णिन्ङित्'' (अ० १।२।१) सूत्र के भाष्य मे प्राचीन वृत्तिकारो के चार पक्ष दर्शाये है। १ भावना, २ संबन्ध, ३ संज्ञा, ४ अतिदेश। इस ग्रन्थ में तृतीय पक्ष के अनुसार जहाँ ङित् कित् का विधान किया है वहां उन की ङित् कित् सञ्ज्ञाए मानी है। यही संज्ञापक्ष प्राचीन दशपादी-उणादि-वृत्तिकार ने भी माना है। देखो हमारी संपादित गवर्नमेण्ट सस्कृत कालेज बनारस से प्रकाशित द० उ० वृत्ति पृष्ठ १९, २१, ४७, ५९ इत्यादि।

२. इन्धेः संयोगार्थं ग्रहण भवतेः पिदर्थम् (महा० १ । २ । ६) अर्थात् इस सूत्र में 'इन्धि' का ग्रहण सयोगान्त होने से और 'भवति' का ग्रहण पित् लिट् के लिये किया है।

३४—क्ङिति च १ । १ । २० ॥

कित्, गित् और ङित् प्रत्यय परे हो तो इक् के स्थान मे गुण वृद्धि न हो। इस से गुण का निषेध हो गया। [अथवा "भू-अ" इस अवस्था मे] द्विवेचन, यणादेश, गुण, वृद्धि आदि कार्य भी प्राप्त हैं इन सब का बाधक वुक् होता है[1]।

३५-भुवो वुग् लुङ्लिटोः ॥ ६ । ४ । ८८ ॥

अजादि लुङ् और लिट् लकार परे हो तो भू अङ्ग को वुक् का आगम होता है। उक्मात्र की इत्सञ्ज्ञा होकर—भूव्-अ।

३६-एकाचो द्वे प्रथमस्य ॥ ६ । १ । १ ॥

यह अधिकार सूत्र है। धातु के प्रथम एकाच् अवयव को द्वित्व होवे।

---

१. "यत् कृतेऽपि प्राप्नोत्यकृतेऽपि तन्नित्यम्" इस नियम से वुक् नित्य है, क्योकि वह यणादेश, गुण और वृद्धि के होने पर भी प्राप्त होता है और न होने पर भी। परन्तु यणादेश, गुण, वृद्धि ये वुक् हो जाने पर प्राप्त नही होते अत. वे अनित्य है। नित्य और अनित्य मे नित्य बलवान् होता है (पारि० ३८)। इसलिये वुक् यणादि को बाध लेता है। यद्यपि द्विर्वचन वुक् करने पर भी प्राप्त होता है तथापि वह 'शब्दान्तरस्य प्राप्नुवन् विधिरनित्य.' (पारि० ४२) इस नियम से अनित्य है, क्योकि वुक् होने पर 'भूव्' को द्विर्वचन की प्राप्ति होती है और वुक् न होने पर 'भू' मात्र को। इसी प्रकार वुक् भी अनित्य है। यदि द्विर्वचन पहले हो तो 'भू-भू' समुदाय को वुक् प्राप्त होता है और यदि द्विर्वचन से पहले वुक् हो तो 'भू' मात्र को। अतः दोनो के अनित्य होने पर 'पूर्व से पर बलवान् होता है' (पारि० ३८) इस नियम से वुक् द्विर्वचन को परत्व के कारण बाधता है।

३७—अजादेर्द्वितीयस्य ॥ ६ । १ । २ ॥

यहां भी एकाच् की अनुवृत्ति आती है। अजादि धातुओंके द्वितीय एकाच् अवयव को द्वित्व होवे।

३८—लिटि धातोरनभ्यासस्य ॥ ६ । १ । ८ ॥

लिट् लकार परे हो तो अनभ्यास धातु के प्रथम एकाच् और अजादि धातु के द्वितीय एकाच् अवयव को द्विर्वचन होवे। इस मे विशेष यह है कि जहां धातुओ मे अनेक अच् होते है वहां प्रथम एकाच और द्वितीय एकाच् अवयव का कहना बन सकता है, और जिन मे एक ही अच् है वहा उसी एकाच् [को व्यपदेशिवद् भाव से प्रथम एकाच् मानकर] द्वित्व हो जाता है। यहां भी एकाच अवयव 'भूव्' मात्र को द्विर्वचन होकर—"भूव्–भूव्–अ" यहां—

३९—पूर्वोऽभ्यासः ॥ ६ । १ । ४ ॥

द्विर्वचन का जो पूर्वभाग है वह अभ्यास संज्ञक हो। प्रथम 'भूव्' की अभ्यास सञ्ज्ञा होकर—

४०—हलादिः शेषः ॥ ७ । ४ । ६० ॥

अभ्यास का आदि हल् शेष रहे, अन्य हलो का लोप हो जावे। इस से प्रथम "भूव्" के "व्" का लोप होके—भू—भूव्—अ।

४१—ह्रस्वः ॥ ७ । ४ । ५९ ॥

अभ्यास के अच् को ह्रस्व आदेश हो। ह्रस्व उकार हुआ।

४२—भवतेरः ॥ ७ । ४ । ७३ ॥

लिट् लकार परे हो तो भू धातु के अभ्यास को अकार आदेश हो। ह्रस्व उकार को प्रमाणकृत आन्तर्य से ह्रस्व अकार होकर—भ—भूव्—अ।

४३—अभ्यासे चर्च ॥ ८ । ४ । ५४ ॥

अभ्यास मे जो झल् उनको चर् और जश् आदेश हो। यहा भकार को बकार हो जाता है।

४४—असिद्धवदत्राभात् ॥ ६ । ४ । २२ ॥

इस सूत्र से लेकर इस पाद की समाप्तिपर्यन्त एक प्रयोग मे दो [समानाश्रय] कार्य प्राप्त हों तो आभात् शास्त्रीय कार्य करने मे आभात् शास्त्रीय काय असिद्ध हो जावे। इस से वुक् के आगम को असिद्ध मान कर उवङ्[1] आदेश प्राप्त होता है इसलिये—

४५—वा० वुग्युटावुवङ्यणोः कर्तव्ये सिद्धौ वक्तव्यौ ॥ ६ । ४ । २२ ॥

उवङ् और यणादेश करने मे वुक् और युट् का आगम यथासख्य करके असिद्ध न माने जावें, किन्तु सिद्ध ही समझने चाहिये। इस से उवङ् नही होता। बभूव। "भू—अतुस्" यहां गुण प्राप्त है।

४६—असंयोगाल्लिट् कित् ॥ १ । २ । ५ ॥

असंयोगान्त धातुओ से परे जो अपित् लिट् वह कित् सञ्ज्ञक होवे। तिप्, सिप्, मिप् के स्थान मे जो आदेश हैं उन को छोड़कर अन्य अपित् समझने चाहिये। इस से कित् होकर (३४) से गुण नही होता। [अथवा पूर्ववत् गुण आदि को बाधकर "वुक्" हो जाता है।] भूव+अतुस्=बभूवतुः, बभूव्+उस्=बभूवुः, । बभूव्–थल्—

४७—आर्धधातुकस्येड् वलादेः ॥ ७ । २ । ३५ ॥

---

१. अचि श्नुधातुभ्रुवां य्वोरियङुवङौ (आ० १५९) सूत्र से।

अङ्ग से परे जो वलादि आर्धधातुक उस को इट् का आगम हो। थल् आदि मे इट् होकर—"बभूविथ"। "बभूव्+अथुस्=बभूवथुः, बभूव्+अ=बभूव, बभूव्+णल्=बभूव, बभूव्+इट्+व=बभूविव, बभूव्+इट्+म=बभूविम"। इस के पश्चात् क्रम से प्राप्त लुट्—

४८—अनद्यतने लुट्॥ ३ । ३ । १५ ॥

पूर्व रात्रि के मध्य से लेकर अपर रात्रि के मध्य पर्यन्त अद्यतन काल कहाता है[1], वह जिसमें न हो उस को अनद्यतन कहते हैं, सो भूत, भविष्यत् दोनो के साथ सम्बन्ध रखता है। भविष्यत् अनद्यतन के अर्थ के वाचक धातु से लुट् लकार होवे। "भू—लुट्"—

४९—स्यतासी लृलुटोः॥ ३ । १ । ३३ ॥

यहा किसी अनुबन्धविशेष की सूचना नही की इस से "लृ" करके लृट् और लृङ् दोनो का बोध होता है। और यह सूत्र शप् आदि विकरण प्रत्ययो का अपवाद है। [लृ और] लुट् लकार परे हो तो धातु से स्य और तासि प्रत्यय यथासंख्य करके हो। यहां लुट् के परे तासि हुआ। "भू—तासि—लुट्"।

५०—आर्धधातुकं शेषः ॥ ३ । ४ । ११४ ॥

धात्वधिकार मे कहे तिङ् और शित् प्रत्ययो मे भिन्न जो प्रत्यय वे आर्धधातुकसंज्ञक होते हैं। इससे तासि प्रत्यय की आर्धधातुक संज्ञा, और लुट् के स्थान मे तिबादि आदेश होकर—"भू+

१. अहरुभयतोऽर्धरात्रमेषोऽद्यतन काल इति पूर्वे वैयाकरणा। द्र० काशिका १ । २ । ५७ ॥

तासि—तिप्"। यहां "तासि" मे अनुनासिक इकार की इत्संज्ञा [1] और लोप होकर—

१, तासि के इकार की इत्सज्ञा होने से "मन्—त्—आ" (आत्मनेपद की) इस अवस्था में "अनिदिता हल उपधायाः क्ङिति" (आ० १३९) सूत्र से नकार का लोप नही होता, क्योकि "मनूत्" अङ्ग इदित् है। महाभाष्य (६।४।२१) के सिद्धान्तानुसार "असिद्धवदत्राभात्" (आ० ४४) सूत्र मे "आङ्" अभिविधि अर्थ में है। तदनुसार नकार लोप करने में टिलोप के असिद्ध हो जाने से नलोप की प्राप्ति ही नहीं है, पुन उसकी रक्षा की क्या चिन्ता? जब "आ" को मर्यादा अर्थ में मानकर "भ-अधिकार से पूर्व" ऐसा अर्थ करते हैं तब टिलोप को असिद्धत्व की प्राप्ति नहीं होती, उस अवस्था में इकार की इत्सज्ञा मानना युक्त है। अन्यों का मत है कि "श्नसोरल्लोपः" (आ० ३५२) सूत्र मे अकार का तपर करना 'असिद्धवदत्राभात्" नियम के अनित्यत्व का ज्ञापक है (तपर करने का प्रयोजन यही है कि "आसीत्" इत्यादि मे आकार लोप न हो। अकार लोप करने मे 'आभात्' नियम से 'आट्' असिद्ध ही हो जायगा, पुनः उस के लोप की प्राप्ति ही नही। इस प्रकार तपर करना व्यर्थ होकर ज्ञापन करता है कि आभाच्छास्त्रीय असिद्धत्व अनित्य है)। उसके अनित्य होने से 'मन्ता' आदि में नकार की रक्षा के लिये इदित् करना चाहिये। यह मत भी ठीक नही, क्योकि ज्ञापक से इष्ट प्रयोगो की सिद्धि मात्र होती है (ज्ञापकादिष्टसिद्धिः), ज्ञापक को मान कर किसी प्रयोग मे दोषोद्भावन नही किया जाता, यही समस्त वैयाकरणों का मत है। कुछ वैयाकरणो का कथन है कि इकार उच्चारणार्थ है। यह भी ठीक नही, उनके मत मे सकार की इत्सज्ञा का निषेध कैसे होगा। महर्षि ने इस सूत्र के अष्टाध्यायीभाष्य मे इकार का प्रयोजन "सकार की रक्षा" लिखा है वह युक्ततर है।

५१—लुटः प्रथमस्य डारौरसः ॥ २ । ४ ।८५॥

लुट् लकार के प्रथम पुरुष को डा, रौ और रस् आदेश यथासंख्य करके हो। तिप् के स्थान मे डा आदेश होकर डकार की इत् संज्ञा होने से तास् प्रत्यय के आस् मात्र का लोप[1] होकर—"भू—इ—त्—आ" यहां—

५२—पुगन्तलघूपधस्य च ॥ ७ । ३ । ८६ ॥

सार्वधातुक और आर्धधातुक प्रत्यय परे हो तो पुगन्त और लघु वर्ण जिसकी उपधा मे हो उस [अङ्ग] को गुण हो। इस से इट् के आगम को लघूपध मान कर गुण प्राप्त हुआ, इसलिये—

५३—दीधीवेवीटाम् ॥ १ । १ । २१ ॥

दीधी और वेवी धातु तथा इट् का आगम इन को गुण वृद्धि न हो। फिर आर्धधातुक तास् के परे भू को गुण और अवादेश होकर—"भविता"।

५४—रि च ॥ ७ । ४ । ५१ ॥

रेफादि प्रत्यय परे हो तो तास् और अस्ति[2] के सकार का लोप

१ 'डा' को डित् करने का कोई प्रयोजन नही है, अत वह व्यर्थ होकर ज्ञापन करता है कि "भसंज्ञा" के न होने पर भी डित्करण सामर्थ्य से 'टे.' (अ० ६ । ४ । १४३) से टि का लोप हो जाता है (डित्यभस्याप्यनुबन्धकरणसामर्थ्यात्)। २. भट्टोजिदीक्षित अस्ति से परे रादि प्रत्यय की असंभवना मान कर इस सूत्र मे अस्ति की अनुवृत्ति नहीं लाते, वह ठीक नही है। लोक मे संभावना न होने पर भी वेद मे हो सकती है। काशिकार ने अस् धातु का 'व्यतिरे' छान्दस उदाहरण दिया। इसलिए अस्ति की अनुवृत्ति लानी चाहिये।

हो जावे। भवितास्+रौ = भवितारौ, भवितास्+रस् = भवितार ।

५५—तासस्त्योर्लोपः ॥ ७ । ४ । ५० ॥

सकारादि प्रत्यय परे हो तो तास् और अस्ति के सकार का लोप हो जावे। जैसे—भवितास्+सिप् = भवितासि, भवितास्+थस् = भवितास्थः, भवितास्+थ = भविता थ, भवितास्+मिप् = भवितास्मि, भवितास्+वस् = भवितास्वः, भवितास्+मस् = भवितास्म. । ["लृट्"—]

५६—लृट् शेषे च ॥ ३ । ३ । १३ ॥

क्रियार्थ क्रिया उपपद हो वा न हो तो भी भविष्यत् अर्थ के वाचक धातु से लृट् लकार होवे। "भू—लृट्"। यहां (४९) से स्य प्रत्यय, गुण, तिबादि आदेश, स्य प्रत्यय को इट् का आगम और अवादेश होकर—

५७—आदेशप्रत्यययोः ॥ ८ । ३ । ५९ ॥

इण और कवर्ग से परे जो आदेश और प्रत्यय का अवयव सकार उस को मूर्द्धन्य आदेश हो जावे। जैसे—भवि+स्य+तिप् = भविष्यति, भविष्यतः, भविष्यन्ति, भविष्यसि, भविष्यथः भविष्यथ, भविष्यामि, भविष्याव , भविष्याम. । ["लेट्"—]

५८—लिङर्थे लेट् ॥ ३ । ४ । ७ ॥

यहां छन्द की अनुवृत्ति आती है। जो विधि आदि और हेतु हेतुमान् लिङ् लकार के अर्थ है। उनमे धातुमात्र से वैदिकप्रयोग-विषयक लेट् लकार होवे। यहां भू धातु से लेट्, तिबादि आदेश होकर "भू—तिप्" इस अवस्था मे शप् विकरण प्राप्त है।

५६—सिब् बहुलं लेटि ॥ ३ । १ । ३४ ॥

धातु से सिप् प्रत्यय हो लेट् लकार परे हो तो बहुल करके। विकल्प का पर्यायवाची बहुल ग्रहण समझना चाहिये। इसी से पक्ष मे शप भी होता है। सिप् मे से इप् मात्र की इत् संज्ञा हो जाती है।

६०—वा०-सिब्बहुलं णिद्वक्तव्यः ॥३।१।३४॥

सिप् प्रत्यय बहुल = विकल्प से णित् समझना चाहिये। सिप् को आर्धधातुक मानकर इडागम हो जाता है।

६१—अचोऽञ्णिति ॥ ७ । २ । ११५ ॥

अजन्त अङ्ग को वृद्धि हो ञित, णित् प्रत्यय परे हो तो। ऊकार को औ वृद्धि होकर "भौ-इ-स्-ति" यहां—

६२—लेटोऽडाटौ ॥ ३ । ४ । ९४ ॥

लेट् लकार को अट् और आट् के आगम पर्याय से हो। टकार की इत् सञ्ज्ञा होकर—भावि + स् + अ + ति = भाविषति, भाविष् + आट् + ति = भाविषाति।

६३—इतश्च लोपः परस्मैपदेषु ॥ ३ । ४ । ९७ ॥

लेट् लकार सम्बन्धी परस्मैपदविषयक इकार का लोप विकल्प करके हो। [पदान्त मे झलो को जशादेश[1] होकर] अवसान मे झलो के स्थान में चर आदेश विकल्प करके होते हैं[2]। भाविषत्, भाविषात्, भाविषद्, भाविषाद्। जिस पक्ष मे णित् संज्ञा के न नही होने से वृद्धि नही होती वहां—भविषति, भविषाति, भविषत्, भविषात्, भविषद्, भविषाद्। और सिप् प्रत्यय के विकल्प से जिस पक्ष मे शप् होता है वहां-भवति, भवाति, भवत्, भवात्, भवद्, भवाद्। "तस्"

१. झलां जशोऽन्ते। सन्धि० १९० । २ वावसाने। ना० १११ ॥

अन्य सब कार्य पूर्व के समान। भाविषतः, भाविषातः, भविषतः भविषातः भवतः, भवात. । "झि"—भाविषन्ति, भाविषान्ति। इकारलोप होने के पश्चात् संयोगान्त तकार का लोप होकर— भाविषन् भाविषान्, भविषन्ति, भविषान्ति, भविषन्, भविषान्, भवन्ति, भवान्ति, भवन्, भवान्। "सिप्" भाविषसि, भाविषासि। यहां इकारलोप के पश्चात् सकार को विसर्जनीय हो जाते हैं। भाविषः, भाविषाः, भविषसि, भविषासि, भविष, भविषाः भवसि भवासि, भवः, भवाः। "थस्"—भाविषथ. भाविषाथः, भविषथः, भविषाथ., भवथः, भवाथ। "मिप्" यहा अट् और आट् की आगम होने के कारण यञादि न होने से दीर्घ नहीं होता। अट् पक्ष मे (सन्धि० १५३ से) पररूप एकादेश होता है। "भाविषमि, भाविषामि, भाविषम्, भाविषाम्, भविषमि, भवि षामि, भविषम्, भविषाम्, भवमि, भवामि, भवम्, भवाम्। "वस्, मस्"—

६४—स उत्तमस्य ॥ ३ । ४ । ९८ ॥

लेट् लकार सम्बन्धी उत्तम पुरुष के सकार का विकल्प करके लोप होवे। भाविषव, भाविषव; भाविषाव, भाविषावः, भविषव, भविषव; भविषाव, भविषावः, भवव, भवव, भवाव, भवावः। भवि- षम, भाविषमः, भाविषाम, भाविषामः, भविषम भविषमः, भविषाम, भविषामः; भवम, भवमः; भवाम, भवामः। "लोट्"—

६५—लोट् च ॥ ३ । ३ । १६२ ॥

विधि आदि अर्थों मे धातु से लोट् लकार हो। और—

६६—आशिषि लिङ्लोटौ ॥ ३ । ३ । १७३ ॥

आशीवाद अर्थ मे भी लिङ् और लोट् लकार हो। 'भव्–अ– ति" इस अवस्था मे—

६७—एरुः ॥ ३ । ४ । ८६ ॥

लोट् लकार के इकार को उकार आदेश हो जावे। भवतु।

६८—तुह्योस्तातङ्ङाशिष्यन्यतरस्याम् ॥७। १। ३५॥

आशीर्वाद अर्थ मे जो तु और हि उन को तातङ् आदेश विकल्प करके होवे। यहा तृतीयाध्याय के चतुर्थ पाद मे "एरु[1]" सूत्र के आगे तात् आदेश पढने से लोट् के अन्त्य इकार को आदेश हो ही जाता फिर इतने गौरव और अन्यत्र पढ़ने से ज्ञापक होता है कि तातङ् आदेश में ङित्करण अन्त्य अल् के स्थान मे होने के लिये नहीं, किन्तु गुण वृद्धि के निषेध और सम्प्रसारण आदि कार्य होने के लिये है। अङ्मात्र की इत्सञ्ज्ञा होकर—भवतात्।

६९—लोटो लङ्वत् ॥ ३ । ४ । ८५ ॥

लोट् लकार को लङ्वत् कार्य हो। लङ्वत् शब्द मे वतिप्रत्यय षष्ठी और सप्तमी दोनो विभक्तियो के स्थान मे हो सकता है, सो यहां षष्ठ्यर्थ मे वति समझना चाहिये सप्तम्यर्थ मे नही, क्योकि लङ् के परे जो अट् का आगम आदि कार्य होते है वे लोट् के परे न हो।

७०—तस्थस्थमिपान्तान्तन्तामः ॥३।४।१०१॥

ङित् लकार के जो तस्, थस्, थ और मिप उन को ताम्, तम्, त और अम् आदेश यथासंख्य करके हो। जैसे—भवताम्। भव—झि (६७) से 'उ' होकर भवन्तु। भव-सिप—

७१—सेर्ह्यपिच्च ॥ ३ । ४ । ८७ ॥

लोट् लकार का जो सि उस को अपित् हि आदेश होवे। पित्त्वधर्म का अतिदेश आदेश मे प्राप्त है इसलिये अपित् कहा है।

---

१ अ० ३। ४। ८६ ॥

७२—अतो हेः ॥ ६ । ४ । १०५ ॥

अदन्त अङ्ग से परे जो हि उस का लुक् हो जावे । "भव" । पक्ष मे (६८) से तातङ् होकर—भवतात् । भव+थस्=भवतम् । भव+थ=भवत ।

७३—मेर्निः ॥ ३ । ४ । ८९ ॥

लोट् लकार का जो मि उस को नि आदेश हो । यहा इकार उच्चारणरूप ज्ञापक से ही उकारादेश नही होता है—" भव-नि " ।

७४–आडुत्तमस्य पिच्च ॥ ३ । ४ । ९२ ॥

लोट् लकार के उत्तम पुरुष को आट् का आगम हो, और वह पित् हो जावे । अपित् सार्वधातुक को पित् आगम होने से गुण आदि कार्य और संप्रसारण का निषेध हो जाता है । परन्तु यहां भ्वादि गण मे इस का कुछ काम नही पडता, क्योंकि यहा तो शप् प्रत्यय को मानकर सब काम होते है । किन्तु अदादि जुहोत्यादि मे काम पडेगा । यहां सर्वत्र शप् के अकार के साथ दीर्घ एकादेश हो जाता है । भव-आ-नि=भवानि । "भव-वस्" । [(६९) से लङ्वत् अतिदेश होकर—]

७५—नित्यं ङितः ॥ ३ । ४ । ९९ ॥

ङित् लकार के उत्तम पुरुष का जो सकार उस का नित्य ही लोप होवे । भवाव, भवाम । ["लङ्"—]

७६—अनद्यतने लङ् ॥ ३ । २ । १ १ ॥

अनद्यतन भूत अर्थ के वाचक धातु से लङ लकार होवे ।

७७—लुङ्लङ्लृङ्क्ष्वडुदात्तः ॥ ६ । ४ । ७१ ॥

लुङ्, लङ् और लृङ् लकार परे हो तो धातु को उदात्त अट् का आगम हो[1]। भू के आदि मे होता है।

७८—इतश्च ॥ ३ । ४ । १०० ॥

ङित् लकार का जा परस्मैपदविषयक इकार उस का लोप होवे। अभवत्। अभव+तस् = अभवताम् (७०) से ताम्। अभवन्, अभवः, अभवतम्, अभवत, अभव+मिप् = अभवम् (७०) से अम् और पररूप एकादेश होता है। अभवाव, अभवाम। ["लिङ्"—]

७९—विधिनिमन्त्रणामन्त्रणाधीष्टसम्प्रश्नप्रार्थनेषु लिङ् ॥ ३ । ३ । १६१ ॥

विधि = प्रेरणा. निमन्त्रण = अवश्याचरण, आमन्त्रण =

---

१. अट् आट् का आगम तिबादि प्रत्यय और विकरण प्रत्यय करने के अनन्तर होता है, पूर्व नहीं। यज वप आदि संप्रसारण होने वाली धातुओ को कर्मप्रक्रिया में हलादि मानकर पहले अट् आगम किया जाय तो "ऐज्यत, औप्यत" प्रयोग ही निष्पन्न नही होगे। इसलिये यज धातु से 'त' प्रत्यय, उस के अनन्तर 'यक्', यक् को मानकर संप्रसारण —'इज्-य-त' इतना कार्य करके अङ्ग को अजादि मानकर आट् का आगम होता है। इसीलिये सतिशिष्ट (पीछे से) होने से अट् आट् का स्वर सब से बलवान् होता है। कई लोग अट् का आगम विकरण से पूर्व करते हैं और विधानसामर्थ्य से अट् आट् के स्वर को बलवान् मानते हैं यह भूल है। विकरण से पूर्व अट् आट करने पर अट् स्वर को भ्वादि अदादि जुहोत्यादि गण की धातुओ में अवकाश मिल जाता है। अतः उ, श्नम्, श्ना, श आदि विकरणों में विकरणस्वर की प्राप्ति को कौन रोकेगा। अतः अट् आट् का आगम विकरण के पश्चात् ही करना चाहिये।

यथेष्ट आचरण, अधीष्ट = सत्कारपूर्वक क्रिया, सम्प्रश्न = सम्यक् पूछना, प्रार्थना = मागना इन अर्थों मे धातु से लिङ् लकार होवे। "भव-तिप्"।

८०—यासुट् परस्मैपदषूदात्तो ङिच्च ॥ ३ । ४ । १०३ ॥

यह सूत्र सीयुट् का अपवाद है। परस्मैपदविषयक लिङ् लकार को यासुट् का आगम हो, सो उदात्त और ङित्सञ्ज्ञक हो जावे। इस आगम को उदात्तविधान करने से ज्ञापक होता है कि अन्य आगम जिन मे स्वरविशेष का विधान न किया हो वे सब अनुदात्त होते है। और लकार के स्थान मे जो तिप् आदि आदेश होते हैं वे ङित् नही होत, क्योकि उन के ङित् होने से उन को हुआ आगम भी ङित् हो ही जाता फिर ङित् कहने से यही ज्ञापक होता है कि यहा स्थानिवद्भाव नही होता।

८१—सुट् तिथोः ॥ ३ । ४ । १०७ ॥

लिङ् लकार के जो तकार, थकार उनको सुट् का आगम हो। सुट् का आगम यासुट् का बाधक इसलिये नही होता कि लिङ् को यासुट् और तकार थकार को सुट् कहने से विषयभेद हो जाता है; और एक विषय मे उत्सर्गापवाद की प्रवृत्ति होती है।

८२—लिङः सलोपोऽनन्त्यस्य ॥ ७ । २ ।७९॥

सार्वधातुकविषयक लिङ् के अनन्त्य सकार का लोप हो जावे। इसमे यासुट् और सुट् दोनो के सकारो का लोप हो जाता है, और आशिष् लिङ् मे परस्मैपद और आत्मनेपद मे आर्धधातुकविषय के होने से ये सकार बने रहते है। भव—या—तिप्।

८३—अतो येयः ॥ ७ । २ । ८० ॥

अदन्त अङ्ग से परे जो सार्वधातुक का अवयव 'या' उसको

इय् आदेश होवे। "लोपो व्योर्वलि"[1] सूत्र से हल् यकार का लोप होकर—भव + इ + तिप् = भवेत्, भव + इ + तस् = भवेताम्।

८४—झेर्जुस् ॥ ३ । ४ । १०८ ॥

लिङ् लकार का जो झि उसको जुस् आदेश होवे। जकार की इत्सञ्ज्ञा [होकर—]

८५—उस्यपदान्तात् ॥ ६ । १ । ९५ ॥

अपदान्त अवर्ण से उस् परे हो तो पूर्व पर के स्थान में पररूप एकादेश हो जावे। इसकी प्राप्ति तो है, परन्तु परत्व और नित्यत्व[2] से इय् आदेश हो जाता है फिर प्राप्ति नही रहती। इस सूत्र का काम अदादि गण मे पडेगा कि जहां इय् आदेश की प्राप्ति नही होती। भव + इय् + उस = भवेयुः, भव + इय् + सिप् = भवेः, भव + इय् + थस् = भवेतम्, भव + इय् + थ = भवेत, भव + इय् + मिप् = भवेयम्, भव + इय् + वस् = भवेव, भव + इय् + मस् =

---

१ अ० ६ । १ । ६५ ॥

२ "यत् कृतेऽपि प्राप्नोत्यकृतेऽपि तन्नित्यम्" इस न्याय से इयादेश नित्य है। पररूप एकादेश करने पर 'अन्तादिवच्च' (सन्धि ११५) के नियम से यास् का अन्त्यावयव मानकर इयादेश की प्राप्ति होती है। वस्तुत यहा "उस्यपदान्तात्" (आ० ८५) सूत्र की प्रवृत्ति ही नही होती। क्योकि यह सूत्र अवर्ण से उस् परे रहने पर पररूप करता है। "विप्रतिषेधे परं कार्यम्"(सन्धि० ११४) सूत्र के भाष्य (१ । २।४) में "अतो या इयः" ऐसा व्याख्यान करने से प्रतीत होता है कि इयादेश 'सकारान्त 'यास्' को होता है अर्थात् इयादेश सकार लोप का अपवाद है। अतः यहा "लिङः सलोपोऽनन्त्यस्य" (आ० ८२) से सकार का लोप ही नहीं होता। सकार लोप न होने से अवर्ण से परे 'उस्' नहीं मिलता।

भवेम । ["आशिषि लिङ्"] आशीर्वाद अर्थ मे (६६) सूत्र से लिङ् आया ।

८६—लिङाशिषि ॥ ३ । ४ । ११६ ॥

आशीर्वाद अर्थ मे जो लिङ् उसके स्थान मे जो तिबादि आदेश वे आर्धधातुकसञ्ज्ञक हो ।

८७—किदाशिषि ॥ ३ । ४ । १०४ ॥

परस्मैपदविषयक लिङ् लकार को जो यासुट् का आगम ङित् कहा है वह आशीर्वाद अर्थ मे कित् समझना चाहिये । [कित् होने से गुण नही होता] आर्धधातुक सञ्ज्ञा होने से शप् विकरण प्राप्त नही, अन्य किसी का विधान नहीं है । भू+यास्+तिप्=भूयात् । यहा पदान्त मे संयोग के आदि यासुट् के सकार का लोप हो जाता है[1] । भू+यास्+तस्=भूयास्ताम्, भू+यास्+झि=भूयासु, भू+यास्+सिप्=भूयाः, भू+यास्+थस्=भूयास्तम्, भू+ यास्+थ=भूयास्त, भू+यास्+मिप्=भूयासम्, भू+यास्+ वस्—भूयास्व, भू+यास्+मस्=भूयास्म । ("लुङ्")—

८८—लुङ् ॥ ३ । २ । ११० ॥

सामान्यभूत अर्थ के वाचक धातुओ से लुङ् लकार हो । शप् विकरण की प्राप्ति मे—

८९—च्लि लुङि ॥ ३ । १ । ४३ ॥

लुङ् लकार परे हो तो धातु से च्लि प्रत्यय होवे ।

९०—च्लेः सिच् ॥ ३ । १ । ४३ ॥

लुङ् लकार परे हो तो च्लि के स्थान मे सिच् आदेश हो जावे । इकार चकार की इत्सञ्ज्ञा हो जाती है ।

---

१. स्कोः संयोगाद्योरन्ते च (आ० २१०) ।

९१—गातिस्थाघुपाभूभ्यः सिचः परस्मैपदेषु ॥ २ । ४ । ७७ ॥

गाति, स्था, घुसंज्ञक, पा, भू इन धातुओं से परे जो सिच् उसका लुक् हो जावे। सिच् का लुक् होने के पश्चात् उस को स्थानिवत् मान के उस से परे अपृक्त हलादि सार्वधातुक तिप् को ईट् का आगम प्राप्त है, इसलिये—

९२—वा०-आहिभुवोरीट्प्रतिषेधः* ॥ १ । १ ७ । ० ॥

आह आदेश और भू से परे जो सिच् का लुक् उस को स्थानिवद्भाव न हो। स्थानिवत् के निषेध से ईट् का आगम नहीं होता। अब भू अङ्ग को तिप् के परे गुण पाता है इसलिये—

९३—भूसुवोस्तिङि ॥ ७ । ३ । ८८ ॥

---

* इस वार्त्तिक को सिद्धान्तकौमुदी वालो ने न समझ कर "अस्तिसिचोऽपृक्ते" (आ १३२) इस सूत्र का व्याख्यान मूल महाभाष्य और काशिका आदि से विपरीत किया है, जो कदाचित् उनका व्याख्यान ठीक होवे तो वार्त्तिक व्यर्थ हो जावे और असम्भव अभिप्राय सूत्र से निकाला है इसलिये मान्य नही हो सकता, क्योकि ऋषियो के अभिप्राय से विरुद्ध इन के पाण्डित्य को कौन मान सकता है ? ।

[माधवीया धातुवृत्ति के अवलोकन से ज्ञात होता है कि कई प्राचीन वैयाकरण इस वार्त्तिक से शुद्ध भू धातु मे भी ईट् का प्रतिषेध करते थे। वस्तुतः यहां इस वार्त्तिक की प्रवृत्ति नहीं होती। यह वार्त्तिक अस् स्थानीय, 'भू' आदेश के विषय में ही प्रवृत्त होता है। महाभाष्यकार ने 'अस्तिसिचोऽपृक्ते' (अ० ७ । ३ । ९६) सूत्र में द्विसकार निर्देश मानकर 'विद्यमान सिच् को ईट् का आगम होता है' ऐसा अर्थ किया है। यहां सिच् का लोप हो गया है अत. ईट् का आगम नहीं होगा।]

अव्यवहित सार्वधातुक तिङ् परे हो तो भू और सू अङ्गों को गुण न होवे। (७७) सूत्र से अडागम हो कर—अट्+भू+तिप्= अभूत्, अभू+तस्=अभूताम्, अभू+वुक्+झि=अभूवन्, अभू +सिप्=अभूः, अभू+थस्=अभूतम्, अभू+थ=अभूत, अभू +वुक्+मिप्+अभूवम्, अभू+वस्=अभूव, अभू+मस्= अभूम।

६४—न माङ्योगे ॥ ६ । ४ । ७४ ॥

माङ् अव्यय शब्द के योग में लुङ्, लङ् और लृङ् लकारों को जो अट् और आट् के आगम कहे हैं वे न हों। जैसे—इह मा भूत्, मा भवान् भूत्, मा स्म भवत्, मा स्म भूत्। इत्यादि में अट् का आगम नहीं होता और आट्के आगम का निषेध आगे अजादि धातुओं में दिखलाया जावेगा। ["लृङ्"—]

६५–लिङ्निमित्ते लृङ् क्रियाऽतिपत्तौ ॥ ३ । ३ । १३९

जो हेतुहेतुमद्भाव आदि लिङ् लकार के निमित्त अर्थ हैं उनमें क्रिया की असिद्धि गम्यमान हो तो धातु से लृङ् लकार हो जावे। (७७) से अट् और स्य प्रत्यय आदि कार्य होकर—अट्+भू+ इट्+स्य+तिप्=अभविष्यत्, अभविष्यताम्, अभविष्यन्; अभविष्यः, अभविष्यतम्, अभविष्यत। अभविष्य+मिप=अभविष्यम्, यहां अम् के अकार के साथ पररूप हो जाता है। अभविष्याव, अभविष्याम"।

अथ तवर्गीयान्ताश्चतुस्सप्ततिः [1], [तत्रैधादयः षट्त्रिंशदात्मनेपदिनः]। २ [एध] वृद्धौ=बढ़ना। अब यहां से आगे एध आदि तवर्गीयान्त ७४ चौहत्तर [1] धातुओं का व्याख्यान है। भू

[1] एधादि आत्मनेपदी ३६, अतादि परस्मैपदी ३८ = ७४।

धातु मे जितने सामान्य विषयक सूत्र लिखे है वे यहा नहीं लिखे जावेंगे। पूर्ववत् वर्तमान अर्थ मे लट् आया।

९६-तङानावात्मनेपदम् ॥ १ । ४ । ९९ ॥

लकार के स्थान मे तङ् और आन (=शानच्, कानच्) आत्मनेपदसंज्ञक आदेश हो। [तङ्] इस से त से लेकर महिङ् तक नव [प्रत्ययो] का ग्रहण है। एध्+शप+त=एधत।

९७-अनुदात्तङित आत्मनेपदम् ॥ १ । ३ । १२ ॥

अनुदात्त वर्ण जिन का इत् गया हो और ङित् धातुओ से त आदि ९ नव आत्मनेपदसंज्ञक प्रत्यय हो। यहा भी एध मे अनुदात्त अकार इत् जाता है,[1] इस कारण इससे आत्मनेपदसंज्ञक प्रत्यय आये। शप् विकरण होकर—

९८-टित आत्मनेपदानां टेरे ॥ ३ । ४ । ७९ ॥

टित् लकारो के स्थान मे जो आत्मनेपदसंज्ञक आदेश उन के टिभाग को ए आदेश हो जावे। एध+शप्+त=एधते।

९९-सार्वधातुकमपित् ॥ १ । २ । ४ ॥

सार्वधातुकसंज्ञक अपित् प्रत्ययो की ङित् संज्ञा हो।

१००-आतो ङितः ॥ ७ । २ । ८१ ॥

अदन्त अङ्ग से परे जो ङित् प्रत्ययो का आकार उस को इय् आदेश हो जावे। आम् भाग को एकार[2] होकर—एध्+शप्+आताम्=एधेते, एध्+शप्+झ=एधन्ते।

१०१-थासः से ॥ ३ । ४ । ८० ॥

टित् लकार के थास् को से आदेश होवे। एध्+शप्+थास्=

---

१ उपदेशेऽजनुनासिक इत् (ना० ११) सूत्र से। २. टित आत्मनेपदाना टेरे (आ० ९८) सूत्र से।

एधसे, एध्+शप्+आथाम्=एधेथे, एध्+शप्+ध्वम्+एधध्वे। एध्+शप्+इट्=एधे। यहां गुण एकार के परे पररूप एकादेश[1] हो जाता है। एध्+शप्+वहि=एधावाहे, एध्+शप्+महिङ्=एधामहे। ["लिट्"—]

१०२–इजादेश्च गुरुमतोऽनृच्छः॥ ३। १। ३६॥

लिट् लकार परे हो तो इजादि और गुरुमान् धातुओं से आम् प्रत्यय हो जावे, परन्तु ऋच्छ धातु से न होवे।

१०३–आमः॥ २। ४। ८१॥

आम् से परे जो लि उसका लुक् हो जावे। इससे लिट् का लुक् होकर—

१०४–कृञ्चानुप्रयुज्यते लिटि॥ ३। १। ३६॥

इस सूत्र मे लिट् ग्रहण किया है। इसी से यहां लुक् हुए लिट् का रूपातिदेश समझना चाहिये। आमन्त से लिट् लकार परे हो तो कृञ् भू और अस् धातुओ का अनुप्रयोग अर्थात् इन सामान्य धातुओ का आम्प्रत्ययान्त एध आदि विशेष धातुओ से परे एक प्रयोग मे समावेश किया जावे। आत्मनेपद प्रकरण मे[2] अनुप्रयोग शब्द के साथ कृञ् धातु का ग्रहण किया है इसी ज्ञापक से "कृभ्वस्तियोगे०"[3] इस सूत्र से लेकर "कृञो०"[4] इस सूत्र मे कृञ् के ञकारपर्यन्त प्रत्याहार ग्रहण से तीनो[5] धातुओ का अनुप्रयोग

१ अतो गुणे (सन्धि० १५३) सूत्र से। २ आम्प्रत्ययवत् कृञोऽनुप्रयोगस्य। (अ० १। ३। ६३) सूत्र मे। ३. अष्टा० ५। ४। ५०॥ ४. अष्टा० ५। ४। ५८॥ ५. कृञ् प्रत्याहार के मध्य मे "अभिविधौ संपदा च" (अ० ५। ४। ५३) सूत्र मे चौथी संपूर्वक पद धातु भी पढ़ी है, परन्तु उस का ग्रहण नहीं होता, क्योंकि कृञ् आदि का विशेष अर्थवाली एध आदि धातुओ के पीछे अनुप्रयोग करना है।

किया जाता है, और ये कृञ् आदि तीनो धातु सामान्यार्थवाचक और आम्प्रत्ययान्त विशेषार्थवाचक है इस कारण एक अर्थ के साथ दोनों धातुओ का सम्बन्ध होजाता है। यह कृञ् धातु ञित् है।

१०४–स्वरितञितः कर्त्रभिप्राये क्रियाफले ॥ १। ३। ७२ ॥

२३९ [तेज] पालने=पालना । तेजति, तितेज, तेजिता, तेजिष्यति, तेजिषति, तेजिषाति, तेजतु, अतेजत्, तेजेत्, तेज्यात्, अतेजीत्, अतेजिष्यत् ॥ २४० [खज] मन्थे=विलोडना । खजति, चखाज, चखज, अखाजीत्, अखजीत् ॥
२४१ [खजि] गतिवैकल्ये=बुरे प्रकार चलना[2] । खञ्जति, चखञ्ज ॥ २४१ [एजृ] कम्पने=कांपना । एजति, एजाञ्चकार, एजाम्बभूव, एजामास, एजिता, एजिष्यति, एजिषति, एजिषाति, एजतु, ऐजत्, एजेत्, एज्यात्, ऐजीत्, ऐजिष्यत् ॥

---

१ धातुवृत्तिकार के मत में 'वस् मस्' में भी "आजिव, आजिम" प्रयोग बनते हैं । अन्य वैयाकरणों के मत में वस् मस् में क्र्यादिनियम से इट् की नित्यप्राप्ति होने से वलादि आर्धधातुक नहीं रहता अतः वे नित्य 'वी' आदेश मानते हैं ।

२. लगड़ा कर चलना ।

२४३ [टुओस्फूर्जा] वज्रनिर्घोषे=भयकर शब्द होना[1]। टु की इत्संज्ञा (१५०) और ओकार की "उपदेशे" (आ० २५) सूत्र से इत्संज्ञा होकर—स्फूर्जति, •पुस्फूर्जे, स्फूर्जिता, स्फूर्जिष्यति, स्फूर्जिषति, स्फूर्जिषाति ॥ २४४ [क्षि[2]] क्षये=नाश । यह धातु अकर्मक और अनिट् है। क्षयति, [२१] क्षयतः, क्षयन्ति, क्षयसि, क्षयथः, क्षयथ, क्षयामि, क्षयावः, क्षयामः, चिक्षाय (६०) ।

१५९—अचि श्नुधातुभ्रुवां य्वोरियङुवङौ ॥ ६ । ४ । ७७ ॥

श्नु प्रत्यय, धातु और भ्रू शब्द इन के इवर्ण उवर्ण को इयङ् उवङ् आदेश यथासख्य करके हो अच् परे हो तो। क्षि+क्षि+अतुस्=चिक्षियतुः, चिक्षियुः, चिक्षयिथ, (१५८) (१४९) चिक्षेथ, चिक्षियथुः, चिक्षिय, चिक्षाय, चिक्षय, चिक्षियिव, चिक्षियिम, क्षेता, क्षेतारौ, क्षेतारः, क्षेष्यति, क्षैषति, क्षैषाति, क्षेषति, क्षेषाति, क्षयतु, अक्षयत्, क्षयेत् ।

१६०—अकृत्सार्वधातुकयोर्दीर्घः ॥ ७ । ४ । २५ ॥

कृत्सञ्ज्ञक प्रत्यय और सार्वधातुक विषय को छोड़कर यकारादि कित् ङित् प्रत्यय परे हो तो अजन्त अङ्ग को दीर्घ आदेश हो । क्षि+यासुट्+तिप्=क्षीयात्; क्षीयास्ताम्, क्षीयासुः, क्षीयाः, अक्षैषीत्, अक्षैष्टाम्, अक्षैषुः अक्षैषीः, अक्षैष्टम्, अक्षैष्ट, अक्षैषम्, अक्षैष्व, अक्षैष्म, अक्षेष्यत ॥ २४५ [क्षीज] अव्यक्ते

---

१. बिजली की कडक=शब्द होना ।

२. धातुवृत्तिकार का मत है— उत्तर धातु की साम्यता से अजन्त 'क्षि' धातु भी यहा पढा है । नव्य लोग 'अजन्त प्रकरण में ही इस का पाठ होना चाहिये' ऐसा मानते हैं ।

शब्दे[1] । क्षीजति, चिक्षीज, अक्षीजीत्, अक्षीजिष्यत् ॥ २४६, २४७ [लज, लजि] भर्जने=भूंजना । लजति, ललाज, ललज, लाजिषति, लाजिषाति, अलाजीत्, अलजीत्; लञ्जति, ललञ्ज ॥ २४८, २४९ [लाज, लाजि] भर्त्सने च= धमकाना । लाजति, ललाज, ललाजतुः, लाञ्जति ॥ २५०, २५१ [जज, जजि] युद्धे=लड़ाई । जजति, जजाज, जजज, जाजिषति, जाजिषाति, अजाजीत्, अजजीत्, जञ्जति, जजञ्ज ॥ २५२ [तुज] हिंसायाम् । तोजति, तुतोज, तुतुजतुः, तोजिता ॥ २५३ [तुजि] पालने च । चकार से हिंसा अर्थ भी जानो । तुञ्जति, तुतुञ्ज ॥ २५४—२५९ [गज, गजि, गृज, गृजि, मुज, मुजि] शब्दार्थाः=शब्द होना । गजति, गञ्जति, गर्जति, गृञ्जति, मोजति, मुञ्जति, जगाज, जगञ्ज, जगर्ज, जगृञ्ज, मुमोज, मुमुञ्ज, अगाजीत्, अगजीत् ॥ [गज] मदे च=अहंकार । चकार से शब्दार्थ भी है ॥ २६०, २६१ [वज, व्रज] गतौ । वजति, ववाज, ववजतुः (१२८), ववजुः, ववाज, ववज, वाजिषति, वाजिषाति, वजतु, अवजत्, वजेत्, वज्यात्, अवाजीत्, अवजीत्, अवजिष्यत्;

---

१ इस धातु को 'कूज' (धातु सख्या २३०) के साथ पढ़ना चाहिये यह नवीन वैयाकरणो का मत है । अप्रसिद्ध होने से 'कूज' के साथ नही पढा, यह सायण का मत है । धातुप्रदीपकार मैत्रेयरक्षित लिखता है—क्षीज और कूज में अर्थ का भेद होने से पृथक्-पृथक् पढ़ा है । 'कूजन्ति कपोता.' यहां 'कपोत शब्द करते हैं' अर्थ है । 'क्षीजति दासी' यहा 'दुखी होकर शब्द करती है' यह अर्थ प्रतीत होता है । इसी प्रकार अन्यत्र भी समझना चाहिये । हमारा विचार है क्षीज धातु का अर्थ 'खीजना' (क्रोध में बड़बडाना) है ।

व्रजति, वव्राज, अव्राजीत् (१३५) से नित्य वृद्धि होती है।

१६१—तुजादीनां दीर्घोऽभ्यासस्य ॥ ६ । १ । ७ ॥

तुज आदि जिन धातुओं के अभ्यास को वेद मे दीर्घादेश आवे, उसकी सिद्धि इस सूत्र से समझनी चाहिये। तूतुजानः, जागाज, मूमोज, वावाज, वाव्राज, दाधार, मामहानः इत्यादि। यह सूत्र सामान्य करके प्रवृत्त होता है॥ इति शुचादय उदात्ता उदात्तेतः श्विवर्ज परस्मैपदिनः समाप्ताः॥

अथ टवर्गीयान्ता अष्टाधिकं शतम् [तत्राट्टादय षट्त्रिंशदात्मनपदिनः]। अब टवर्गान्त १०८ एकसौ आठ धातुओं का व्याख्यान है, उनमे से प्रथम [अट्टादि] ३६ धातु आत्मनेपदी हैं। २६२ [अट्ट[1]] अतिक्रमणहिंसनयो.=उल्लंघना, मारना। अट्टते, आनट्टे, अट्टिता, अट्टिष्यत, अट्टिषतै, अट्टिषातै, अट्टताम्, आट्टत, अट्टेत, अट्टिषीष्ट, आट्टिष्ट, आट्टिष्यत॥ २६३ [वेष्ट] वेष्टने=लपेटना। वेष्टते, विवेष्टे। अवेष्टिष्ट॥ २६४ [चेष्ट] चेष्टायाम्=क्रिया करना। चेष्टते, चिचेष्टे, अचेष्टिष्ट॥ २६५, २६६ [गोष्ट,

---

[1] यह धातु दोपध है। इसलिये सन् मे 'नन्द्रा संयोगादय' (आ० ३२६) से दकार का द्विर्वचन नहीं होता, अत. 'अड्डिटिषति' रूप होगा। कई वैयाकरण इसे तोपध मानते है। इस पक्ष में भी दो मत हैं। अनेक वैयाकरण "पूर्वत्रासिद्धीयमद्विर्वचने" (पारि० १०४) इस नियम से ष्टुत्व को सिद्ध मानकर 'अटिट्टिषति' प्रयोग मानते है। अन्य 'उभौ साभ्यासस्य' (आ० ८९२) सूत्र से अभ्यास को णत्व विधान करने से "पूर्वत्रासिद्धीयमद्विर्वचने" इस नियम को अनित्य मानते हैं, क्योकि पूर्व नियम से धातु को विधान किया हुआ णत्व अभ्यास मे हो ही जाता। अतः वे 'अतिट्टिषति' प्रयोग स्वीकार करते हैं। इस प्रकार सन् में मत भेद से तीन प्रयोग बनते हैं।

लोष्ट] सङ्घाते = समुदाय । गोष्टते, जुगोष्टे, गोष्टिता, गोष्टिष्यते, गोष्टिषतै, गोष्टिषातै, गोष्टताम् अगोष्टत, गोष्टेत, गोष्टिषीष्ट, अगोष्टिष्ट, अगोष्टिष्यत, लोष्टते, लुलोष्टे ॥ २६७ [घट्ट] चलने । घट्टते, जघट्टे, घट्टिता ॥ २६८ [स्फुट] विकसने = फैलना । स्फोटते, पुस्फुटे, स्फोटिता, स्फोटिष्यते, स्फोटिषतै, स्फोटिषातै, स्फोटताम्, अस्फोटत, स्फोटेत, स्फोटिषीष्ट, अस्फोटिष्ट, अस्फोटिष्यत ॥ २६९ (अठि) गतौ । अण्ठते, आनण्ठे ॥ २७० [वठि] एकचर्यायाम् = एक का सेवन[1] । वण्ठते, ववण्ठे ॥ २७१, २७२ [मठि, कठि] शोके = शोचना । मण्ठते, ममण्ठे, कण्ठते, चकण्ठे, कण्ठिता, कण्ठिष्यते, कण्ठिषतै, कण्ठिषातै, कण्ठताम्, अकण्ठत, कण्ठेत, कण्ठिषीष्ट, अकण्ठिष्ट, अकण्ठिष्यत ॥ २७३ [मुठि] पालने = रक्षा । मुण्ठते, मुमुण्ठे ॥ २७४ [हेठ] विबाधायाम् = मूर्खता । हेठते, जिहेठे ॥ २७५ [एठ] च[2] । एठते, एठाञ्चक्रे, एठाम्बभूव, एठामास ॥ २७६ [हिडि] गत्यनादरयोः = चलना, तिरस्कार । हिण्डते, जिहिण्डे, हिण्डिता, हिण्डिष्यते, हिण्डिषतै, हिण्डिषातै, हिण्डताम्, अहिण्डत, हिण्डेत, हिण्डिषीष्ट, अहिण्डिष्ट, अहिण्डिष्यत ॥ २७७ [हुडि] सङ्घाते । हुण्डते, जुहुण्डे ॥ २७८ [कुडि] दाहे = जलना । कुण्डते, चुकुण्डे, ॥ २७९ [वडि] विभाजने = विभाग करना । वण्डते, ववण्डे ॥ २८० [मडि] च । मण्डते ॥ २८१ [भडि] परिभाषणे = बहुत बोलना[3] । भण्डते, बभण्डे, भण्डिता, भण्डिष्यते, भण्डिषतै, भण्डिषातै, भण्डताम्, अभण्डत, भण्डेत, भण्डिषीष्ट, अभण्डिष्ट, अभण्डिष्यत ॥ २८२ [पिडि] सङ्घाते । पिण्डत

---

१. एकचर्या = अकेला जाना—सायण । २ मूर्खता करना अर्थात् एंठना । ३ क्षीरस्वामी आदि परिभाषण का 'सब विषय मे बोलना' अर्थ करते हैं । इसलिये दूत को 'भण्डिल' कहते हैं ।

पिपिण्डे ॥ २८३ [मुडि] मार्जने = शोधना । मुण्डते, मुमुण्डे ॥ २८४ [तुडि] तोडने = तोड़ना । तुण्डते ॥ २८५ [हुडि] वरणे = ग्रहण करनी । हरण इत्येके । किन्ही आचार्यों के मत में यह धा तु हरने अर्थ मे है । हुण्डते, जुहुण्डे ॥ २८६ [चडि] कोपे = क्रोध । चण्डते, चचण्डे, चण्डिता, चण्डिष्यते, चण्डिषतै, चण्डिषातै, चण्डताम्, अचण्डत, चण्डेत, चण्डिषीष्ट, अचण्डिष्ट, अचण्डिष्यत ॥ २८७ [शडि] रुजायां सङ्घाते च = रोग, समुदाय । शण्डते, शशण्डे ॥ २८८ [तडि] ताडने = ताड़ना । तण्डते, ततण्डे ॥ २८९ [पडि] गतौ । पण्डते, पपण्डे ॥ २९० [कडि] मदे = अहंकार; कण्डते, चकण्डे ॥ २९१ [खडि] मन्थे । खण्डते, चखण्डे ॥ २९२, २९३[हेडृ, होडृ] अनादरे = तिरस्कार । हेडते । होडते, जिहेडे, जुहोडे ॥ २९४ [वाडृ] आप्लाव्ये = सब प्रकार चलना । वाडते, ववाडे ॥ २९५,२९६ [द्राडृ ध्राडृ] विशरणे = मारना । द्राडते, दद्राडे । ध्राडते, दध्राडे ॥ २९७ [शाडृ] श्लाघायाम् = प्रशंसा । शाडते ।शशाडे । इत्यट्टादय उदात्ता अनुदात्तेत. षट्त्रिंशत् समाप्ताः । य अट्ट आदि ३६ धातु समाप्त हुए ॥

अथ [शौटादयः] परस्मैपदिन' द्वासप्ततिः । अब ७२ बहत्तर धातु परस्मैपदी कहते हैं ॥ २९८ [शौटृ] गर्वे = अभिमान । शौटति, शुशौट, शौटिता, शौटिष्यति, शौटिषति. शौटिषाति, शौटतु, अशौटत्, शौटेत्, शौट्यात्, अशौटीत्, अशौटिष्यत् ॥ २९९ [यौटृ] बन्धने = बान्धना । यौटति ॥ ३००,३०१ [म्लेटृ म्रेडृ] उन्मादे = उन्मत्त होना । म्लेटति, मिम्लेट; म्रेडति, मिम्रेड ॥ ३०२ [कटे] वर्षावरणयोः = वर्षना, ढांकना । इस धातु का एकार इत्संज्ञक होता है, प्रयोजन आगे लिखा है । कटति, चकाट, चकटतु', चकटुः, कटिता, कटिष्यति, काटिषति, काटिषाति, कटिषति, कटिषाति,

[मुट, पुट [1]] मर्दने = मलना। मोटति, पोटति, मुमोट, पुपोट, मोटिता, मोटिष्यति मोटिषति, मोटिषाति, मोटतु, अमोटत्, मोटेत्, मुट्यात्, अमोटीत्, अमोटिष्यत् ॥ ३३३ [चुडि] अल्पीभावे = थोडा होना । चुण्डति, चुचुण्ड ॥ ३३४ [मुडि] खण्डने = काटना । मुण्डति, मुमुण्ड, मुण्डिता, मुण्डिष्यति, मुण्डिषति, मुण्डिषाति, मुण्डतु, अमुण्डत्, मुण्डेत्, मुण्ड्यात्, अमुण्डीत्, अमुण्डिष्यत् ॥ [पुडि] चेत्येके। किन्ही ऋषियो के मत मे पुडि धातु भी मुडि के समान खण्डन अर्थ मे है॥ ३३५, ३३६ [रुटि, लुटि] स्तेये = चोरी । रुण्टति, लुण्टति, रुरुण्ट, लुलुण्ट, लुण्टिता, लुण्टिष्यति, लुण्टिषति, लुण्टिषाति, लुण्टतु, अलुण्टत्, लुण्टेत्, लुण्ट्यात्, अलुण्टीत्, अलुण्टिष्यत् ॥ [रुठि, लुठि] इत्येके। किन्हीं आचार्यों के मत में रुठि लुटि धातु भी चोरी अर्थ में हैं। रुण्ठति, लुण्ठति, रुरुण्ठ, लुलुण्ठ ॥ ३३७ [स्फुटिर्] विशरणे = मारना । स्फोटति, पुस्फोट, स्फाटिता, स्फोटिष्यति, स्फोटिषति, स्फोटिषाति, स्फोटतु, अस्फोटत्, स्फोटेत्, स्फुट्यात्, अस्फुटत्, अस्फोटीत् (१३८), अस्फोटिष्यत् ॥ ३३८ [पठ] व्यक्तायां वाचि = स्पष्ट बोलना। पठति, पपाठ, पेठतुः, पेठुः, पेठिथ, पठिता, पठिष्यति, पाठिषति, पाठिषाति, पठिषति, पठिषाति, पठतु, अपठत्, पठेत्, पठ्यात्, अपाठीत्, अपठीत्, अपठिष्यत् ॥ ३३९ [वठ] स्थौल्ये = मोटा होना। वठति, ववाठ। ववठतुः, ववठुः, वठिता, वठिष्यति, वाठिषति, वाठिषाति,

---

१ कुछ वृत्तिकार 'मृट', और अन्य 'मृड' पाठ मानते है। कई वैयाकरण 'मुड मृड' पाठ मानते हैं। डान्त प्रकरण के अनुरोध से यही ठीक प्रतीत होता है।

वठतु, अवठत्, वठेत्, वठ्यात्, अवाठीत्, अवठीत्, अवठिष्यत् ॥ ३५० [मठ] मदनिवासयोः = अभिमान, करना, बसना। मठति, ममाठ, मेठतुः, अमाठीत्, अमठीत् ॥ ३४१ [कठ] कृच्छ्रजीवने = दुःख से जीना। कठति, चकाठ, चकठतुः, अकाठीत्, अकठीत् ॥ ३४२ [रठ] परिभाषणे = बहुत बोलना। रठति, रराठ, रेठतुः, अराठीत्, अरठीत् ॥ ३४३ [हठ] प्लुतिशठत्वयोः = कूदना, मूर्खपन। हठति, जहाठ, जहठतुः, अहाठीत्, अहठीत्, अहठिष्यत् ॥ बलात्कार इत्येके। किन्हीं आचार्यों के मत में हठ धातु बलात्कार करने अर्थ मे है॥ ३४४—३४६ [रुठ, लुठ, उठ] उपघाते = समीप से मारना। रोठति, लोठति, रुरोठ, लुलोठ, रोठिता, रोठिष्यति, रोठिषति, रोठिषाति, रोठतु, अरोठत्, रोठेत्, रुठ्यात्, अरोठीत्, अरोठिष्यत्, ओठति, उवोठ (१५३), ऊठतुः, ऊठुः, उवोठिथ, औठीत्, औठिष्यत् ॥ [ऊठ] इत्येके। किन्हीं आचार्यों के मत में यह ऊठ दीर्घ ऊकारयुक्त धातु है ह्रस्व नही। ऊठति, ऊठाञ्चकार, ऊठाम्बभूव, ऊठामास ॥ ३४७ [पिठ] हिंसासंक्लेशनयोः = हिंसा, अतिदुःख। पेठति, पिपेठ, पेठिता, पेठिष्यति, पेठिषति, पेठिषाति, पेठतु। अपेठत्, पेठेत्, पिठ्यात्, अपेठीत्, अपेठिष्यत् ॥ ३४८ [शठ] कैतवे च = चुगली, चकार से हिंसा और संक्लेशन अर्थ भी जानो। शठति, शशाठ, शेठतुः, शठिता, शठिष्यति, शाठिषति, शाठिषाति, शठतु, अशठत्, शठेत्, शठ्यात्, अशाठीत्, अशठीत्, अशठिष्यत् ॥ ३४९ [शुठ] प्रतिघाते = मारते हुए को मारना॥ शोठति, शुशोठ ॥ [शुठि] इत्येके। किन्हीं लोगो के मत में शुठि 'इदित्' धातु भी प्रतिघात अर्थ में है। शुण्ठति, शशुण्ठ ॥ ३५० [कुठि] च।

यहां चकार से प्रतिघात अर्थ का सम्बन्ध होता है। कुण्ठति, चुकुण्ठ ॥ ३५१ [लुठि] आलस्ये प्रतिघाते च। यहां पूर्वोक्त प्रतिघात अर्थ का समुच्चय चकार से किया और अतिस्पष्ट होने के लिये प्रतिघात शब्द पढ़ भी दिया है। लुण्ठति, लुलुण्ठ ॥ ३५२ [शुठि] शोषणे = सोखना । शुण्ठति ॥ ३५३, ३५४ [रुठि, लुठि] गतौ। रुण्ठति, लुण्ठति ॥ ३५५ [चुड्ड [1]] भावकरणे = अभिप्राय जताना । चुड्डति, चुचुड्ड ॥ ३५६ [अड्ड] अभियोगे = सर्वथा योग होना। अड्डति, आनड्ड ॥ ३५७ [कड्ड] कार्कश्ये = कठोरपन। कड्डति, चकड्ड, अकड्डीत् ॥ ३५८ [क्रीडृ] विहारे = खेलना। क्रीडति, चिक्रीड, क्रीडिता, क्रीडिष्यति, क्रीडिषति, क्रीडिषाति, क्रीडतु, अक्रीडत्, क्रीडेत्, क्रीड्यात्, अक्रीडीत्, अक्रीडिष्यत् ॥ ३५९ [तुडृ] तोड़ने = तोड़ना। तोडति, तुतोड ॥ [तूडृ] इत्येके। तूडति, तुतूड, तूडिता, तूडिष्यति, तूडिषति, तूडिषाति, तूडतु, अतूडत्, तूडेत्, तूड्यात्, अतूडीत्, अतूडिष्यत् ॥ ३६०—३६२ [हुडृ, हूडृ, होडृ] गतौ। होडति, जुहोड, जुहुडतुः, होडिता, होडिष्यति, होडिषति, होडिषाति, होडतु, अहोडत्, होडेत्, हुड्यात्, अहोडीत्, अहोडिष्यत्, हूडति, जुहूड; होडति, जुहोड, जुहोडतुः, जुहोडुः ॥ ३६३ [रोडृ] अनादरे = तिरस्कार । रौडति, रुरौड ॥ ३६३, ३६५ [रौडृ, लोडृ] उन्मादे = उन्मत्तपन। रौडति,

---

१. चुड्ड, अड्ड, कड्ड ये तीन धातुएं दोपध हैं अतः क्विप् प्रत्यय में इन के रूप क्रमशः 'चुत्, अत्, कत्' होते हैं। सनादि परे रहने पर "नन्द्रा संयोगादयः" (आ० ३२६) से दकार को द्विर्वचन नहीं होता। इसलिये 'अड्ड' का सन् में 'अड्डिडिषति' प्रयोग बनता है।

लुलौड, लोडति, लुलोड ॥ ३६६ [अड] उद्यमने = उद्यम । अडति, आड, आडतु:, आडु: ॥ ३६७ [लड] विलासे । लडति, ललाड, लेडतु:, लडिता, लडिष्यति, लाडिषति, लाडिषाति, लडतु, अलडत्, लडेत्, लड्यात्, अलाडीत्, अलडीत्, अलडिष्यत् ॥ ३६८ [कड] मदे = अहकार । कडति, चकाड, चकडतु: ॥ [कडि] इत्येके । कण्डति, चकण्ड ॥

३६९ [गडि] वदनैकदेशे = मुख के अवयव से क्रिया करना। गण्डति, जगण्ड, गण्डिता, गण्डिष्यति, गण्डिषति, गण्डिषाति, गण्डतु, अगण्डत्, गण्डेत्, गण्ड्यात्, अगण्डीत्, अगण्डिष्यत् ॥ इति शौटादय उदात्ता उदात्तेतो द्वासप्ततः परस्मैपदिन: समाप्ताः । ये ७२ [बहत्तर] परस्मैपदी धातु समाप्त हुए ॥

अथ पवर्गीयान्ता द्वासप्तति: । तत्रानुदात्तेतः स्तोभत्यन्तास्त्रयस्त्रिंशद् [आत्मनेपदिनः] । अब पवर्गान्त ७२ [बहत्तर] धातुओं का व्याख्यान है, उनमे पहिले ३३ [तैंतीस] धातु आत्मनेपदी हैं । ३७०—३७३ [तिपृ, तेपृ, ष्टिपृ, ष्टेपृ] क्षरणार्थाः = झरना । इनमे प्रथम तिप् धातु अनिट् है, सो भूमिका में सेट् अनिट् व्यवस्था को देखो । तपते, तेपेते, तेपन्ते, तितिपे, तितिपाते, तितिपिरे । और लिट् वलादि आर्धधातुक मे (१४८) सूत्र के नियम से इडागम होजाता है । तितिपिषे, तितिपाथे, तितिपिध्वे, तितिपे, तितिपिवहे, तितिपिमहे । 'तिप्+तास्+लुट्' (११०) सूत्र से इडागम का निषेध होकर—तेप्ता, तेप्तारौ तेप्तारः, तेप्तासे, तेप्तासाथे, तेप्ताध्वे, तेप्ताहे, तेप्तास्वहे, तेप्तास्महे, तप्स्यते, तेप्स्येते, तेप्स्यन्ते, तेप्सतै, तेप्सातै, तेप्सते, तेप्साते, तेपतै, तेपातै, तेपते, तपाते, तेपताम्, अतेपत, तेपेत ।

१६३—लिङ्सिचावात्मनेपदेषु ॥ १ । २ । ११ ॥

इग्वान् हलन्त धातु से परे जो झलादि लिङ् और सिच् सो कित्वत् हो आत्मनेपदविषय मे। यहां कित्संज्ञा होने से (३४) से गुण नहीं होता। तिप्सीष्ट, तिप्सीयास्ताम्, तिप्सीरन्। लुङ् मे—अट्+तिप्+सिच्+त (१४२)—अतिप्त, अतिप्साताम्, अतिप्सत, अतिप्थाः, अतिप्साथाम्, अतिप्ध्वम्, (११३), अतिप्सि, अतिप्स्वहि, अतिप्स्महि, अतेप्स्यत, अतेप्स्येताम्, अतेप्स्यन्त; तितेपे। तिपृ और तेपृ धातु में लिट् [और वलादि आर्धधातुक] में ही रूपभेद होता है। तेपिता, तेपिष्यते, तेपिषतै, तेपिषातै, तेपताम्, अतेपत, तेपेत, तेपिषीष्ट, अतेपिष्ट, अतेपिष्यत; स्तेपते, तिष्टिपे, तिष्टिपाते, तिष्टिपिरे, स्तेपिता, स्तेपिष्यते, स्तेपिषतै, स्तेपिषातै, स्तेपताम्, अस्तेपत, स्तेपेत, स्तेपिषीष्ट, अस्तेपिष्ट, अस्तेपिष्यत, तिष्टेपे, तिष्टेपाते, तिष्टेपिरे। [ष्टिपृ ष्टेपृ धातु के लिट् मे ही रूपभेद होता है।] [थिपृ, थेपृ] इत्यन्ये। थेपते, तिथिपे, तिथेपे॥ [तेपृ] कम्पने च= कांपना॥ २७४ [ग्लेपृ] दैन्ये—दीनता। ग्लेपते, जिग्लेपे॥ ३७५ [टुवेपृ] कम्पने। टु की इत्संज्ञा। वेपते, विवेपे, वेपिता, वेपिष्यते, वेपिषतै, वेपिषातै, वेपताम्, अवेपत, वेपेत, वेपिषीष्ट, अवेपिष्ट, अवेपिष्यत॥ ३७६, ३७७ [केपृ, गेपृ, ग्लेपृ[१]] च। यहां चकार से कम्पन अर्थ का समुच्चय होता है। केपते, गेपते, ग्लेपते॥ ३७८—७९ [मेपृ, रेपृ, लेपृ] गतौ। मेपते, रेपते, लेपते॥ ३८१, ३८२ [हेपृ, धेपृ] च। गति अर्थ मे है। हेपते, जिहेपे, धेपते, दिधेपे, धेपिता, धेपिष्यते, धेपिषतै, धेपिषातै, धेपताम्, अधेपत्, धेपेत, धेपिषीष्ट, अधेपिष्ट,

---

१ यहां पूर्वपठित (२७५) 'ग्लेपृ' धातु अर्थान्तर दर्शन के लिये पुनः पढ़ी गई है। अत एव इस का क्रमाङ्क नहीं दिया।

अधेपिष्यत ॥ ३८३ [त्रपूष्] लज्जायाम् । त्रपते, त्रेपे, त्रपन्ते ।

१६४—तृफलभजत्रपश्च ॥ ६ । ४ । १२२ ॥

तृ, फल, भज और त्रप धातुओ के अकार को एकारादेश और अभ्यास का लोप होवे । त्रप्+त्रप्+एश्=त्रेपे, त्रेपाते त्रेपिरे, त्रेपिषे, त्रेपाथे, त्रेपिध्वे, त्रेपे, त्रेपिवहे, त्रेपिमहे । इस धातु का षकार इत् जाता है, उसका तो प्रयोजन कृदन्त मे आवेगा[1] और ऊकार इत् जाने से ऊदित होकर (१४०) सूत्र से वलादि आर्धधातुक को विकल्प से इडागम होता है । त्रपिता, त्रप्ता, त्रप्तारौ, त्रप्तारः, त्रपिष्यते, त्रप्स्यते, त्रापिषतै, त्रापिषातै, त्रपिषतै, त्रपिषातै, त्रापिषते, त्रापिषाते, त्रपिषते, त्रपिषाते, त्राप्सतै, त्राप्सातै, त्राप्सते, त्राप्साते, त्रप्सतै, त्रप्सातै, त्रप्सते, त्रप्साते, त्रपतै, त्रपातै, त्रपते, त्रपाते । इसी प्रकार प्रयोग 'आताम्' आदि सब प्रत्ययो मे जानो । त्रपताम्, अत्रपत, त्रपेत, त्रपिषीष्ट, त्रप्सीष्ट, अत्रपिष्ट, अत्रप्त (१४२) । अत्रप्साताम्, अत्रप्सत, अत्रपिष्यत, अत्रप्स्यत ॥ ३८४ [कपि] चलने=चलना । कम्पते, चकम्पे, कम्पिता, कम्पिष्यते, कम्पिषतै कम्पिषातै, कम्पिषते कम्पिषाते, कम्पताम्, अकम्पत, कम्पेत, कम्पिषीष्ट, अकम्पिष्ट, अकम्पिष्यत ॥ ३८५-३८७ [रबि, लबि, अबि] शब्दे । रम्बते, ररम्बे, लम्बते, ललम्बे, अम्बते, आनम्बे ॥ [लबि] अवस्रंसने च = लटकना । चकार से शब्द ॥ ३८८ [कबृ] वर्णे = रङ्ग[2] । कबते,

१. षित् धातुओ से "षिद्भिदादिभ्योऽङ्" (आ० ३४६३) से अङ् प्रत्यय होता है । यथा—त्रपा, जरा ।

२. यहा 'वर्ण' का अर्थ 'रङ्ग' और 'शब्द' दोनों हैं । चितकबरा रङ्ग का वाचक 'कबर' शब्द इसी धातु से निष्पन्न होता है । आख्यात-

चकबे, कबिता, कबिष्यते, काबिषतै, काबिषातै, कबताम्, अकबत, कबेत, कबिषीष्ट, अकबिष्ट, अकबिष्यत ॥ ३८९ [क्लीबृ] अधार्ष्ट्ये = भोलापन । क्लीबते, चिक्लीबे ॥ ३९० [क्षीबृ] मदे = अहङ्कार । क्षीबते, चिक्षीबे ॥ ३९१ [शीभृ] कत्थने = कहना[1] । शीभते, शिशीभे ॥ ३९२ [चीभृ] च । यहा चकार से कत्थन अर्थ का समुच्चय होता है । [चीभते, चिचीभे] ॥ ३९३ [रेभृ] शब्दे । रेभते, रिरेभे ॥ [अभि, रभि] इत्यके । अम्भते, आनम्भे, रम्भते, ररम्भे ॥ ३९४, ३९५ [ष्टभि, स्कभि] प्रतिबन्धे = बांधना । स्तम्भते[2], तस्तम्भे, स्तम्भिता, स्तम्भिष्यते, स्तम्भिषतै, स्तम्भिषातै, स्तम्भताम्, अस्तम्भत, स्तम्भेत, स्तम्भिषीष्ट, अस्तम्भिष्ट, अस्तम्भिष्यत, स्कम्भते, चस्कम्भे ॥

चन्द्रिका १ । ४ । २० मे 'कबते' का अर्थ कविता करना किया है— कबते वर्णयति च कवित्वे कवयत्यपि ।

१ कत्थन का अर्थ प्रशसा करना है । ऊपर 'कहना' सामान्य अर्थ का निर्देश किया है ।

२ 'विस्तम्भते' इस प्रयोग मे 'स्तम्भे.' (आ० ८१७) से मूर्धन्यादेश नही होता, क्योकि यहा "ज़स्तम्भुम्रुचु" (आ० १५४) सूत्र मे प्रतिपदोक्त पढी हुई 'स्तम्भु' का ग्रहण होता है । इस 'ष्टभि धातु का 'स्तम्भ' रूप लाक्षणिक है । "लक्षणप्रतिपदोक्तयोः प्रतिपदोक्तस्यैव" (पारि० ९१) इस नियम से प्रतिपदोक्त का ही ग्रहण होता है, लाक्षणिक का नही । कई लोग दोनो सूत्रो मे नकारोपध 'स्तन्भ' धातु पढ़ते है उन के मत मे इसको षत्व की प्राप्ति ही नहीं होती । "उद स्थास्तम्भो पूर्वस्य" (सन्धि० २३६) मे दोनो का ग्रहण होता है ।

स्तम्भ धातु मे इतना विशेष है कि जो उद् उपसर्ग इसके पूर्व हो तो उसके सकार को पूर्वसवर्ण "उदः स्थास्तम्भोः पूर्वस्य[1]" सूत्र से तकार हो जाता है। उत्तम्भते, उत्तम्भेते इत्यादि ॥ ३९६, ३९७ [जभी, जृभि] गात्रविनामे = शरीर का मरोरना। जभी धातु का दीर्घ ईकार इत् जाता है।

१६५—रधिजभोरचि ॥ ७। १। ६१ ॥

अजादि प्रत्यय परे हो तो रध और जभ धातु को नुम् का आगम हो। जम्भते, जजम्भे, जम्भिता, जम्भिष्यते, जम्भिषतै, जम्भिषातै, जम्भताम्, अजम्भत, जम्भेत, जम्भिषीष्ट, अजम्भिष्ट, अजम्भिष्यत, जृम्भते, जजृम्भे ॥ ३९८ [शल्भ] कत्थने। शल्भते, शशल्भे ॥ ३९९ [वल्भ] भोजने। वल्भते, ववल्भे ॥ ४०० [गल्भ] धाष्ट्र्ये = ढीठता। गल्भते, जगल्भे ॥ ४०१ [स्रम्भु] प्रमादे = प्रमत्तपन। स्रम्भते, सस्रम्भे। यह धातु तालव्यादि भी है। श्रम्भते ॥ ४०२ [ष्टभु] स्तम्भने = रोकना। स्तोभते, तुष्टुभे, स्तोभिता, स्तोभिष्यते, स्तोभिषतै, स्तोभिषातै, स्तोभताम्, अस्तोभत, स्तोभेत, स्तोभिषीष्ट, अस्तोभिष्ट, अस्तोभिष्यत। इति तिपादय उदात्ता अनुदात्तेतस्तिपवर्जमात्मनेभाषास्त्रयस्त्रिंशत् समाप्ताः। ये पवर्गान्तो में तिप् आदि ३३ धातु समाप्त हुए ॥

अथ [गुपादय] एकोनचत्वारिंशत् परस्मैपादिनः। अब उनचालीस (३९) धातु परस्मैपदी कहते हैं ॥ ४०३ [गुपू] रक्षणे = रक्षा करना।

१६६—गुपूधूपविच्छिपणिपनिभ्य आयः ॥ ३। १। २८ ॥

---

१. सन्धि० २३६।

गुपू, धूप, विच्छ, पण और पन धातुओ से स्वार्थ मे आय प्रत्यय हो। यहां उदित् गुपू धातु से आय प्रत्यय होकर—गुपू+आय। यहा आय प्रत्यय की (४०) से आर्धधातुक संज्ञा और (५२) से गुण होकर—गोपाय।

१६७—सनाद्यन्ता धातवः ॥ ३ । १ । ३२ ॥

सन् आदि प्रत्यय जिनके अन्त मे हो ऐसे प्रकृति प्रत्यय समुदायो की धातु संज्ञा हो। सन्, क्यच्, काम्यच्, क्यङ्, क्यष्, आचार अर्थ का क्विप्, णिच्, यङ्, यक्, आय, ईयङ्, णिङ् ये सब सनादि प्रत्यय कहाते है। यहां 'गोपाय' की धातुसंज्ञा होकर इससे लट् आदि लकारो की उत्पत्ति और भू आदि धातुओ के समान इसको भी धातु संज्ञा के सब कार्य होते है। गोपाय+शप्+तिप्+गोपायति, गोपायतः, गोपायन्ति, गोपायसि, गोपायथः, गोपायथ, गोपायामि, गोपायावः, गोपायामः। यहां शप् के अकार के साथ गोपाय के अकार को पररूप एकादेश हो जाता है।

१६८—आयादय आर्धधातुके वा ॥३।१।३१॥

आर्धधातुक प्रत्ययो की विवक्षा मे गोपाय आदि धातुओ से आय आदि प्रत्यय विकल्प करके हो। 'गोपाय—लिट्' यहां—

१६९—कास्प्रत्ययादाममन्त्रे लिटि ॥ ३ । १ । ३५ ॥

लिट् लकार परे हो तो कास् धातु और प्रत्ययान्त धातुओ से आम् प्रत्यय हो, वेदविषय मे न हो।

१७०—वा०—कास्यनेकाज्ग्रहणं कर्तव्यम् ॥ ३ । १ । ३५ ॥

" कास्प्र० " इस सूत्र मे वार्त्तिककार प्रत्यय ग्रहण के स्थान मे [1] अनेकाच् ग्रहण करते हैं अर्थात् "कासनेकाच आममन्त्रे लिटि" ऐसा सूत्र करना चांहिये, इसका प्रयोजन आगे आवेगा। अनेकाच् कहने से प्रत्ययान्त धातुओं का भी ग्रहण हो जाता है [2]। वहां गोपाय प्रत्ययान्त धातु से आम् प्रत्यय होकर—'गोपाय-आम्-लिट्' यहां—

---

१ कैयट, हरदत्त आदि वैयाकरणो का भी यही मत है कि प्रत्यय ग्रहण को हटाकर अनेकाच् ग्रहण करना चाहिये। परन्तु यह मत अयुक्त है। हमारा विचार है कि वार्तिककार सूत्र मे 'अनेकाच्' शब्द का ग्रहण और करना चाहते हैं। इस मे ये हेतु है—'कास्यनेकाच् ग्रहणम्' यह न्यासान्तर का रूप नहीं है, यदि न्यासान्तर करना होता तो 'कासनेकाच' ऐसा निर्देश करते। वार्तिककार ने सूत्र के एकदेश 'कास्' शब्द मे सप्तमी का निर्देश करके सूत्र का निर्देश किया है। महाभाष्यकार ने भी 'प्रत्यय को हटाकर' ऐसा व्याख्यान नहीं किया। भाष्यकार ने ३। २। ११ मे 'अवगल्भाञ्चक्रे, विहोडाञ्चक्रे, विक्लीबाचक्रे' मे आम् प्रत्यय का निर्देश किया है, और आत्मनेपद के लिये गल्भ, क्लीब, होड को अनुदात्तेत् माना है। अनुदात्तेत् होने पर ये धातुए एकाच् ही होती है। यदि सूत्र में से प्रत्यय ग्रहण हटा दिया जाये तो इन मे आम् की प्राप्ति कैसे होगी। उत्तरकालीन जैनेन्द्र व्याकरण के रचयिता आचार्य देवनन्दी ने भी भाष्य का यही अभिप्राय समझा था, अत एव उसने 'कास्यनेकाच्त्याल्लिट्वत्ञ्याम्' सूत्र की रचना की है। जैनेन्द्र व्याकरण मे 'त्य' प्रत्यय की संज्ञा है।

२. यह सर्वांश मे ठीक नही। आचार अर्थ मे एकाक्षर से क्विप् होने पर उनका ग्रहण कैसे होगा। हां, जो प्रत्ययान्त अनेकाच् हैं उनका ग्रहण हो जायगा।

१७१—आर्धधातुके ॥ ६ । ४ । ४६ ॥

यह अधिकारसूत्र है ।

१७२—अतो लोपः ॥ ६ । ४ । ४८ ॥

आर्धधातुक प्रत्यय परे हो तो अदन्त अङ्ग का लोप हो । यहा गोपाय के अन्त्य अकार का लोप होकर । गोपाय्+आम्+कृ+कृ णल्=गोपायाञ्चकार (१०४) इत्यादि सूत्र लगते हैं । गोपायाञ्चक्रतुः, गोपायाञ्चक्रुः, गोपायाम्बभूव, गोपायामास । और जिस पक्ष मे (१६८) सूत्र से आय प्रत्यय नही होता वहां । जुगोप, जुगुपतुः, जुगुपुः । यह धातु ऊदित् है, इस कारण वलादि आर्धधातुक मे (१४०) सूत्र से विकल्प करके इडागम होता है । जुगोपिथ, जुगोप्थ[1], जुगुपथुः, जुगुप, जुगोप, जुगुपिव, जुगुप्व, जुगुपिम, जुगुप्म । "लुट्"—गोपायिता, गोपायितारौ, गोपायितारः । आय प्रत्यय के अभावपक्ष मे—गोपिता, गोपितारौ, गोपितार । अनिट् पक्ष मे—गोप्ता, गोप्तारौ, गोप्तारः । गोपायिष्यति, गोपिष्यति, गोप्स्यति, गोपायिषति, गोपायिषाति, गोपिषति, गोपिषाति, गोप्सति, गोप्साति, गोपायति, गोपायाति, गोपायतु, अगोपायत्, गोपायेत्, गोपाय्यात् (१७२), गोपाय्यास्ताम्, गोपाय्यासुः, गुप्यात्, अगोपायीत्, अगोपीत्, अगौप्सीत्, अगौप्ताम् (१४२), अगौप्सुः, अगौप्सीः, अगौप्तम्, अगौप्त, अगौप्सम्, अगौप्स्व, अगौप्स्म, अगोपायिष्यत्, अगोपिष्यत्, अगोप्स्यत् ॥ ४०४ [धूप] सन्तापे=दुःख होना । धूपायति, धूपायतः, धूपायाञ्चकार, धूपायाम्बभूव, धूपायामास (१६९) इत्यादि सूत्र लगते हैं । दुधूप (१६८), दुधूपतुः, धूपायिता, धूपिता, धूपायिष्यति, धूपिष्यति, धूपायिषति, धूपायिषाति, धूपिषति, धूपिषाति, धूपायतु, अधूपायत्, धूपायेत्, धूपाय्यात्,

---

१. यहां पृष्ठ ४८ की टि० १ देखो ।

धूप्यात्, अधूपायीत्, अधूपीत्, अधूपायिष्यत्, अधूपिष्यत् ॥ ४०५, ४०६ [जप, जल्प] व्यक्तायां वाचि = स्पष्ट बोलना। जपति, जल्पति, जजाप, जेपतु., जेपुः, जपिता, जपिष्यति, जापिषति, जापिषाति, जपतु, अजपत्, जपेत्. जप्यात्, अजापीत्, अजपीत्, अजपिष्यत् ॥ [जप] मानसे च = विचार-पूर्वक मन मे जपना। ४०७ [चप] सान्त्वने = शान्त होना। चपति ॥ ४०८ [षप] समवाये = सम्बन्ध होना। सपति ॥ ४०९, ४१० [रप, लप] व्यक्तायां वाचि। रपति, लपति, प्रलपति ॥ ४११ [चुप] मन्दायां गतौ = धीरे-धीरे चलना। चोपति, चुचोप, चोपिता, चोपिष्यति, चोपिषति, चोपिषाति चोपतु, अचोपत्, चोपेत्, चुप्यात्, अचोपीत्, अचोपिष्यत् ॥ ४१२—४१९ [तुप, तुम्प, त्रुप, त्रुम्प, तुफ, तुम्फ, त्रुफ, त्रुम्फ] हिंसार्थाः। तोपति, तुतोप, तोपिता, तोपिष्यति, तोपिषति, तोपिषाति, तोपतु, अतोपत्, तोपेत्, तुप्यात्, अतोपीत्. अतोपिष्यत्। तुम्पति, तुतुम्प, तुतुम्पतु। यहा सयोगान्त तुम्प धातु से परे लिट् (४६) से कित्-वत् नही होता इससे नलोप भी नही हुआ, और प्र उपसर्ग से परे "प्रात्तुम्पतौ गवि कर्तरि" यह पारस्करप्रभृतिगण[1] का सूत्र है। गौ कर्ता हो तो प्र उपसर्ग से परे तुम्प धातु को सुट् का आगम हो जाता है "प्रस्तुम्पति"। और गणसूत्र मे श्तिप्[2] का निर्देश करने से "प्रतोतुम्पीति" यहां यङ्लुक् मे सुट् नही होता[3]। तु-

१ गणसूत्र। अष्टा० ६। १। १५३ ॥ सन्धि० ३२५।

२ इक्श्तिपौ धातुनिर्देशे (आ० १४७६) से धातुनिर्देश में श्तिप् प्रत्यय होता है।

३ प्राचीन वैयाकरणो का श्लोक है—श्तिपा श्पानुबन्धेन निर्दिष्ट यद् गणेन च। यत्रैकाज्ग्रहण चैव पञ्चैतानि न यङ्लुकि ॥ अर्थात् श्तिप

प्यात्, त्रुप्यात्, तुफ्यात्, त्रुफ्यात् (१३९), अतुम्पीत्, अतुम्पिष्यत् ॥ ४२०—४३३ [पर्प, रफ, रफि, अर्ब, पर्ब, लर्ब, बर्ब, मर्ब, कर्ब, खर्ब, गर्ब, शर्ब, षर्व, चर्ब] गतौ, [चर्ब] अदने च । चर्ब धातु (खाने) और (गति) दोनो अर्थ मे है। पर्पति, पपर्प, रफति, रम्फति, अर्बति, आनर्ब, अर्बिता, अर्बिष्यति, अर्बिषति, अर्बिषाति, अर्बतु, आर्बत्, अर्बेत्, अर्ब्यात्, आर्बीत्, आर्बिष्यत्, पर्बति, लर्बति, बर्बति, मर्बति, कर्बति खर्बति, गर्बति, शर्बति, सर्बति, चर्बति, चचर्ब, चर्बिता, चर्बिष्यति, चर्बिषति, चर्बिषाति, चर्बतु, अचर्बत्, चर्बेत्, चर्ब्यात्, अचर्बीत्, अचर्बिष्यत्, ॥ ४३४ [कुवि] आच्छादने = (ढाकना) कुम्बति, चुकुम्ब ॥ ४३५, ४३६ [लुवि, तुबि] अर्दने = गति और मागना । लुम्बति, तुम्बति, लुलुम्ब, तुतुम्ब ॥ ४३७ [चुबि] वक्त्रसंयोगे = चु-

---

शप्, अनुबन्ध, गण से निर्देश और जहा एकाच् ग्रहण किया है वे विधिया यङ्लुगन्त से नही होती। यथा—श्तिप् से—" घुमास्थतिहन्ति०" (आ० ८८९) से 'प्रणिष्यति' मे णत्व होता है, 'प्रनिसासेति' में नही होता। शप् से—" भरज्ञपिसनाम्" (आ० ५१५) से 'बिभरिषति, बुभूर्षति' मे इट विकल्प होता है, 'बर्भरिषति' मे विकल्प नही होता, नित्य होता है। अनुबन्ध से—अनुबन्ध से निर्देश दो प्रकार से होता है, स्वरूप से या इत्सञ्ज्ञक से। स्वरूप से —"शीङ सार्वधातुके गुण·" (आ० ३२०) से 'शयते' मे गुण होता है, 'शेशीत.' मे नही होता। इत्संज्ञक से—"अनुदात्तङित आत्मनेपदम्' (आ० ९७) से 'शयते' मे आत्मनेपद होता है, 'शेशीत.' मे नही होता। गण से—"दिवादिभ्य श्यन्" (आ० ३९६) से 'दीव्यति' मे श्यन् होता है, 'देदेवीति' मे नही होता। एकाच् से—"एकाच उपदेशे अनुदात्तात्" (आ० ११०) से 'भेत्ता' में इट् का निषेध होता है, 'बेभेदिता' मे नही होता। यहाँ सर्वत्र "प्रकृतिग्रहणे यङ्लुगन्तस्यापि' ग्रहण भवति" इस नियम से प्राप्त होता था।

म्बति, चुचुम्ब, ॥ ४३८, ४३९ [षृभु, षृम्भु] हिंसार्थौ। सर्भति, सुसर्भ, सर्भिता, सर्भिष्यति, सर्भिषति, सर्भिषाति, सर्भतु, असर्भत्, सर्भेत् सृभ्यात्, असर्भीत्, असर्भिष्यत्, सृम्भति, ससृम्भ, सृभ्यात्, ॥ [षिभु षिम्भु] इत्येके। किन्हीं लोगों के मत मे य दोनों धातु इकारवान् हैं। सेभति, सिम्भति, सिभ्यात् ॥ ४४०, ४४१ [शुभ शुम्भ] भाषणे=बोलना, भासने इत्येके=प्रकाश, हिंसायामित्यन्ये *। शोभति, शुशोभ, शोभिता, शोभिष्यति, शोभिषति, शोभिषाति, शोभतु, अशोभत्, शोभेत्, शुभ्यात्, अशोभीत्, अशोभिष्यत्; शुम्भति शुशुम्भ, शुभ्यात्, ॥ इति गुपादय उदात्ता उदात्तेत एकोनचत्वारिंशत्समाप्ताः। ये गुप आदि ३९ (उनतालीस) धातु समाप्त हुए ॥

अथानुनासिकान्ता द्विचत्वारिंशत्। तत्र [घिण्यादयोऽ] नुदात्तेतो दश [आत्मनेपदिन]। अब अनुनासिकान्त ४२ (बयालीस) धातु कहते है, उनमे प्रथम घिणि आदि दश आत्मनेपदी है ॥ ४४२–४४४ [घिणि, घुणि, घृणि] ग्रहणे=ग्रहण करना। घिण्णते। यहा नुम् का आगम होकर "ष्टुना ष्टुः" सूत्र से नुम् के तवर्ग=नकार को टवर्ग=णकार हो जाता है। घिण्णेते, घिण्णन्ते, जिघिण्णे, घिण्णिता, घिण्णिष्यते, घिण्णिषतै, घिण्णिषातै, घिण्णताम्, अघिण्णत, घिण्णेत, घिण्णिषीष्ट, अघिण्णिष्ट, अघिण्णिष्यत, घुण्णते, घृण्णते ॥ ४४५, ४४६ [घुण, घूर्ण] भ्रमणे=विचरना। घोणते, जुघुणे, घोणिता, घोणिष्यते, घोणिषतै, घोणिषातै, घोणताम्, अघोणत, घोणेत, घोणिषीष्ट, अघोणिष्ट, अघोणिष्यत; घूर्णते,

* "इत्येके" और "इत्यन्ये" इत्यादि शब्द धातुपाठ में बहुधा आया करते हैं। उनका अर्थ कइवार लिख दिया है, अब आगे वार-वार नहीं लिखेंगे।

जुघूर्ण ॥ ४४७ [पण] व्यवहारे स्तुतौ च = लेना देना और प्रशंसा ॥ ४४८ [पन] च । यहां चकार से स्तुति अर्थ का ही सम्बन्ध होता है व्यवहार का नही । इसीलिये पन धातु पृथक् पढ़ा है, नही तो इकट्ठा ही पढ़ते । पण तथा पन धातु अनुदात्तेत् है, स्तुत्यर्थक पन धातु के साहचर्य से पण धातु से भी आय प्रत्यय स्तुति अर्थ मे ही होता है[1] । आर्धधातुक लकारो मे आय प्रत्यय के अभाव पक्ष में इनको आत्मनेपद होने का अवकाश मिलने से आयप्रत्ययान्त पण [और पन] धातु से आत्मनेपद नही होता । पण + आय + शप् + तिप् = पणायति, पणायतः, पणायन्ति, पणायाञ्चकार, पणायाम्बभूव, पणायामास, (१६८) पेणे, पेणाते, पेणिरे, पणायितासि, पणितासे, पणायिष्यति, पणिष्यते, पणायतु; अपणायत्; पणायेत्, पणाय्यात्; पणिषीष्ट; अपणायीत्, अपणिष्ट; अपणायिष्यत, अपणिष्यत् । व्यवहार अर्थ मे—पणते, पणेते, पणन्ते । पन धातु स्तुति अर्थ में ही है ।

---

१ 'सहचरितासहचरितयो सहचरितस्यैव ग्रहणम्' (पारि० ९०) नियम से पण धातु से व्यवहार अर्थ में आय प्रत्यय नही होता । भट्टिकारने 'न चोपलेभे वणिजा पणाया' इत्यादि मे व्यवहार अर्थ मे भी आय प्रत्यय माना है, वह ठीक नहीं है । पाणिनि ने वणिक् शब्द साधक 'पणेरिज्यादेश्च व' (उ० २ । ७०) मे आयप्रत्ययान्त का निर्देश नही किया । पाणि शब्द साधक 'अशिपणायो रुडायलुकौ च' (उ० ४ । १३३) में आय प्रत्ययान्त का निर्देश तथा उसके लुक् का विधान किया है । पाणिशब्द स्तुत्यर्थक पण धातु से ही निष्पन्न होता है । अत एव निरुक्त २ । २६ में 'पाणि पणायते पूजाकर्मणः, प्रगृह्य-पाणी देवान् पूजयतीति' अर्थात् 'पाणि शब्द पूजार्थक पण धातु से निष्पन्न होता है क्योंकि दोनों हाथ जोडकर देवो को पूजते है' लिखा है ।

पनायति, पनायाञ्चकार, पनायाम्बभूव, पनायामास, पेने, पेनाते, पेनिरे, पनायितासि, पनितासे, पनायिष्यति, पनिष्यते, पनायिषति, पनायिषाति पानिषतै, पानिषातै; पनायतु, अपनायत्, पनायेत्; पनाय्यात्, पनिषीष्ट; अपनायीत्, अपनिष्ट, अपनायिष्यत्, अपनिष्यत। ४४९ [भाम] क्रोधे। भामते, बभामे, भामितासे, भामिष्यते, भामिषतै, भामिषातै, भामताम्, अभामत, भामेत, भामिषीष्ट, अभामिष्ट, अभामिष्यत॥ ४५० [क्षमूष्] सहने=सहना। क्षमते। यह भी धातु ऊदित् है। चक्षमे, चक्षमाते, चक्षमिरे, चक्षमिषे, चक्षंसे[1] (१४०) से इट् का आगम विकल्प करके होता है। चक्षमाथे, चक्षमिध्वे, चक्षन्ध्वे, चक्षमे।

१७३—म्वोश्च॥ ८। २। ६५॥

म और व परे हो तो मकारान्त धातु क मकार को नकारादेश होवे। यहा व, म के परे क्षम धातु के मकार को न होकर मूर्धन्य षकार से परे णत्व हो जाता है। चक्षण्वहे, चक्षमिवहे, चक्षण्महे, चक्षमिमहे; क्षमिता, क्षन्ता, क्षन्तारौ, क्षन्तारः, क्षन्तासे; क्षमिष्यते, क्षंस्यते, क्षामिषतै, क्षामिषातै, क्षमिषतै, क्षमिषातै, क्षामिषते, क्षामिषाते, क्षमिषते, क्षमिषाते, क्षांसतै क्षांसातै, क्षासते क्षांसाते क्षंसतै, क्षसातै, क्षंसते, क्षंसाते, क्षमतै, क्षमातै, क्षमते, क्षमाते। इसी प्रकार प्रयोग "आताम्" आदि सब प्रत्ययो मे जानो। क्षमताम्, अक्षमत, क्षमेत, क्षमिषीष्ट, क्षंसीष्ट, अक्षमिष्ट, अक्षस्त, अक्षमिष्यत, अक्षंस्यत, यहां सर्वत्र अनिट् पक्ष मे क्षम धातु के मकार को अनुस्वार हो जाता है[2]॥ ४५१ [कमु] कान्तौ =इच्छा।

१७४—कमेर्णिङ्॥ ३। १। ३०॥

---

१ यहा पृष्ठ ४८ की टि० १ देखो।

२. नश्चापदान्तस्य झलि (सन्धि० १९२) सूत्र से।

कम धातु से णिङ् प्रत्यय हो स्वार्थ मे। पश्चात् (१६७) से धातुसंज्ञा और णिङ् प्रत्यय के परे (१२७) से 'कम' के अकार को वृद्धि होके 'कामि' धातु से णिङ् प्रत्यय के ङित् होने से आत्मनेपद प्रत्यय होते हैं। कम्+णिङ्+शप्+त=कामयते, कामयेते, कामयन्ते। कामि+आम्+लिट्—

१७५—अयामन्ताल्वाय्येत्न्विष्णुषु ॥६।४।५५॥

आम्, अन्त, आलु, आय्य, इत्नु और इष्णु प्रत्यय परे हो तो णि के स्थान मे अय् आदेश हो। (११७) सूत्र से लोप पाया था सो न हो अर्थात् लोप का अपवाद यह सूत्र है। कामयाञ्चक्रे (१६९), कामयाञ्चक्राते, कामयाञ्चक्रिरे, कामयाम्बभूव, कामयामास। (१६८) सूत्र से णिङ् प्रत्यय के अभाव पक्ष मे—चकमे, चकमाते, चकमिरे, कामयिता, कामयितारौ, कामयितारः, कामयितासे, [कमिता, कमितारौ, कमितारः,] कमितासे, कामयिष्यते, कमिष्यते, कामयिषतै कामयिषातै, कामिषतै. कामिषातै, [कमिषतै, कमिषातै,] कामयताम्, अकामयत, कामयेत, कामयिषीष्ट, कमिषीष्ट। 'कामि+च्लि+लुङ्' यहां च्लि प्रत्यय के स्थान मे सिच् प्रत्यय प्राप्त है उस का अपवाद—

१७६—णिश्रिद्रुस्रुभ्यः कर्तरि चङ् ॥ ६ । ४ । ५१ ॥

ण्यन्त, श्रि, द्रु और स्रु धातुओ से परे च्लि प्रत्यय के स्थान मे चङ् आदेश हो कर्ता मे लुङ् परे हो तो। 'अट्+काम्+इ+चङ्+त' इस अवस्था मे—

१७७—णेरनिटि ॥ ३ । १ । ४८ ॥

अनिडादि आर्धधातुक प्रत्यय परे हो तो णि का लोप होजावे। इसी विषय मे (१५६) सूत्र से यण् आदेश परत्व से प्राप्त है [उसका अपवाद]—

१७८–वा०–ण्यल्लोपावियङ्यण्गुणवृद्धिदीर्घेभ्यः पूर्वविप्रतिषेधेन भवतः॥ ६। ४। ४८॥

णिलोप और (१७२) सूत्र से अकार का लोप ये दोनों कार्य इयङ्, यण्, गुण, वृद्धि और दीर्घ से पूर्वविप्रतिषेध करके हो जाते हैं। णिलोप को "कार्यते" यहा अवकाश है, क्योंकि कारि धातु से यक् प्रत्यय के परे भावकर्मप्रक्रिया मे णि का लोप होजाता है, और "श्रियौ" यहां इयङ् आदेश को, "विव्यतुः, विव्युः" यहां यण् आदेश को, "चेता, स्तोता" यहां गुण को, "सखायौ" यहां वृद्धि को और "चीयते, स्तूयते" यहां दीर्घादेश को अवकाश है, और "णेरनिटि" सूत्र से ये सब इयङ् आदि कार्य परे हैं। इन सब कार्यों का और णिलोप का जहां एक प्रयोग मे आकर झगड़ा पड़ता है वहा परविप्रतिषेध मानने से इयङ् आदि कार्य प्राप्त हैं [परन्तु] वार्तिककार के प्रमाण से पूर्वविप्रतिषेध मानकर णिलोप हो जाता है इयङ् आदि नहीं होते। जैसे—अट्+तक्षि+चङ्+तिप्=अततक्षत्। यहां (१५९) सूत्र से इयङ् आदेश प्राप्त है उसको बाध के णिलोप होता है। 'आट्+आटि+चङ्+तिप्=आटिटत्' यहां (१५६) से यणादेश प्राप्त है उससे पूर्ववि-प्रतिषेध करके णिलोप हो जाता है। 'कारि+युच्+टाप्=कारणा' यहा (२१) सूत्र से परत्व से गुण पाता है उसका अपवाद होकर णिलोप होता है। 'कारि+ण्वुल्+सु=कारकः, यहा (६०) सूत्र से वृद्धि प्राप्त है उससे पूर्वविप्रतिषेध करके णिलोप होजाता है, और 'कारी+यक्+त=कार्यते' यहां (१६०) सूत्र से परत्व से दीर्घ प्राप्त है उससे भी पूर्वविप्रतिषेध करके णिलोप होजावे इसलिये "ण्यल्लोपावि०" यह वार्तिक है। और 'अट्+कामि+चङ्+त' यहां तो (१५६) सूत्र से यणादेश परत्व से प्राप्त है उससे पूर्वविप्र-

तिषेध करके (१७७) सूत्र से णिलोप हो जाता है। फिर 'अट्+काम्+चङ्+त' इस अवस्था मे—

१७९—णौ चङ्युपधाया ह्रस्वः ॥ ७।४।१॥

चङ्परक णि के परे जिसकी अङ्ग संज्ञा है उसकी उपधा को ह्रस्वादेश होजावे। यहाँ 'काम्' को ह्रस्व होकर—'अट्+कम्+चङ्+त' इस अवस्था मे—

१८०—चङि ॥ ६।१।११॥

चङ प्रत्यय परे हो तो अनभ्यास धातु के प्रथम एकाच् अवयव को और अजादि धातु के द्वितीय एकाच् अवयव को द्वित्व हाजावे। 'अट्+कम+कम्+चङ्+त'—यहां 'कम्' भाग को द्वित्व और (१०९) से ककार को चकार तथा (४०) से अभ्यास के हल् मकार का लोप हुआ।

१८१—सन्वल्लघुनि चङ्परेऽनग्लोपे ॥ ७।४।९३॥

धातु का लघु अक्षर जिससे परे हो ऐसा जो अभ्यास उसको जिस के परे अक् प्रत्याहार मे किसी वर्ण का लोप न हुआ हो ऐसे चङ्परक णि परे हो तो सन्वत् कार्य हो अर्थात् सन् प्रत्यय के परे जो कार्य होता है सो अभ्यास को भी होजावे। चङ् प्रत्यय के परे जो णि का लोप होता है वह भी अक्-लोप है, परन्तु इसी सूत्र मे चङ् जिससे परे हो ऐसे णि की अपेक्षा होने से णिलोप से अन्य अग्लोप समझा जाता है, और णिलोप को स्थानिवत् मान के इस सूत्र के अर्थ की प्रवृत्ति होती है।

१८२—सन्यतः ॥ ७।४।७९॥

सन् प्रत्यय परे हो तो अभ्यास के अकार को इकार आदेश हो। 'अट्+कि+कम्+चङ्+त' इस अवस्था मे—

१८३—दीर्घो लघोः ॥ ७ । ४ । ९४ ॥

धातु के लघु अभ्यास को दीर्घ आदेश हो अनग्लोपी चङ्पर-क णि परे हो तो। यहा "कि" को दीर्घ और चङ् मे 'च् ङ्' का लोप होकर—अट्+ची+कम्+अ+त=अचीकमत, अचीकमेताम्, अचीकमन्त, अचीकमथाः, अचीकमेथाम् अचीकमध्वम्, अचीकमे अचीकमावहि, अचीकमामहि। और जिस पक्ष मे आयादि णिङ् प्रत्यय (१६८) से नहीं होता, वहा—

१८४—वा०-कमेरुपसङ्ख्यानम्॥ ३।१।४८॥

केवल कम धातु से परे जो च्लि उसके स्थान मे चङ् आदेश होवे। अट्+कम्+चङ्+त=अचकमत (१८०), अचकमेताम् अचकमन्त, अचकमथाः, अचकमेथाम्, अचकमध्वम्, अचकमे, अचकमावहि, अचकमामहि। इति घिण्यादय उदात्ता अनुदात्तेत आत्मनेभाषा दश समाप्ता। ये घिणि आदि दश धातु समाप्त हुए॥

अथ [अणादयस्] त्रिंशत् परस्मैपदिनः। अब [अण आदि] ३० अनुनासिकान्त परस्मैपदी धातु कहते हैं। ४५२-४६१ [अण, रण, वण, भण, मण, कण, क्वण, व्रण, भ्रण, ध्वण] शब्दार्थाः। अणति, रणति, वणति, आण, आणतु, आणुः, अणिता, अणिष्यति, आणिषति, आणिषाति, अणतु, आणत्, अणेत्, अण्यात्, आणीत्, आणिष्यत्; ववाण, ववणतुः (१२८), ववणुः, वणिता, वणिष्यति, वाणिषति, वाणिषाति, वणतु, अवणत्, वणेत्, वण्यात्, अवाणीत्, अवणीत्, अवणिष्यत्; भणति, बभाण, बभणतु अभाणीत्, अभणीत्, मणति, कणति, क्वणति, व्रणति, भ्रणति, ध्वणति॥ [धण] इत्येके। धणति, दधाण, दधणतुः, धणिता, धणिष्यति, धाणिषति, धाणिषाति, धणतु,

अधणात्, धणेत्, धण्यात्, अधाणीत्, अधणीत्, अधणिष्यत् ॥ ४६२ [ओणृ] अपनयने = हटाना । ओणति, ओणाञ्चकार, ओणाम्बभूव, ओणामास, ओणिता, ओणिष्यति, ओणिषति, ओणिषाति, औणत्, ओणेत्, ओण्यात्, औणीत्, औणिष्यत् ॥ ४६३ [शोणृ] वर्णगत्योः = रंग और गति । शोणति, शुशोण ॥ ४६४ [श्रोणृ] सङ्घाते । = समुदाय । श्रोणति, शुश्रोण ॥ ४६५ [श्लोणृ] च = सङ्घात अर्थ मे । श्लोणति, शुश्लोण ॥ ४६६ [पैणृ] गतिप्रेरणश्लेषणेषु = गति, प्रेरणा और गीला करना । पैणति, पिपैण, पिपैणतुः, पिपैणुः, पैणिता, पैणिष्यति, पैणिषति, पैणिषाति, पैणतु, अपैणत्, पैणेत्, पैण्यात्, अपैणीत्, अपैणिष्यत् ॥ ४६७, ४६८ [ध्रण, बण] शब्दे । यहां ध्रण धातु उपदेश मे नान्त है पीछे रेफ से परे णत्व हो जाता है[1] । ध्रणति, बणति, बबाण, बेणतुः ॥ ४६९ [कनी] दीप्तिकान्तिगतिषु = प्रकाश, इच्छा और गति । कनति, चकान, चकनतुः कनिता, कनिष्यति, कानिषति, कानिषाति, कनतु अकनत्, कनेत्, कन्यात्, अकानीत्, अकनीत्, अकनिष्यत् ॥ ४७०, ४७१ [ष्टन, वन] शब्दे । स्तनति, तस्तान, तस्तनतुः, स्तनिता, स्तनिष्यति,

---

१ नकारोपदेश का फल—यङ्लुक के 'दन्ध्रन्ति' आदि प्रयोग में अभ्यास उत्तर भाग 'ध्रण' के णकार को असिद्ध होकर नकार मानकर 'नश्चापदान्तस्य झलि' (सन्धि० १९२) से अनुस्वार होके 'अनुस्वारस्य ययि परसवर्णः' (सन्धि० १९७) से परसवर्ण होकर नकार का श्रवण होता है । इस नकार को रेफ के सयोग मे णकार नही होता, क्योंकि णत्वविधायक 'रषाभ्यां नो ण.०' (भा० ८७०) सूत्र के प्रति परसवर्ण नकारविधायक सूत्र असिद्ध है अर्थात् 'रषाभ्या' सूत्र की दृष्टि में यहा नकार नहीं है, अनुस्वार है ।

स्तानिषति, स्तानिषाति, स्तनतु, अस्तनत्, स्तनेत्, स्तन्यात्, अस्तानीत्, अस्तनीत्, अस्तनिष्यत्, वनति ॥ [वन, ४७२ षण] सम्भक्तौ=भक्ति। वन धातु का दूसरा अर्थ होने से फिर पढ़ा है। सनति, ससान, सेनतुः, सेनुः। यह बात सब धातुओ मे समझना चाहिये कि जहां लिट् लकार को मान कर अभ्यास को कुछ आदेश होता है वहीं (१२५) सूत्र से 'अनादेशादि' निषेध लगता है कि जैसे—बभणतुः, बभणुः। और जहां धातु के आदि षकार को स और णकार को न हो जाता है वहां निषेध नहीं लगता, इसीसे 'सेनतुः, सेनुः' यहाँ एत्वाभ्यासलोप (१२५) से होता है। सनिता, सनिष्यति, सानिषति, सानिषाति, सनतु, असनत्, सनेत्।

१८५—ये विभाषा ॥ ६ । ४ । ४३ ॥

यकारादि कित् ङित् प्रत्यय परे हो तो जन, सन और खन धातुओ को आकार आदेश विकल्प करके हो। अलोन्त्य परिभाषा के आश्रय से अन्त्य अल् नकार के स्थान मे होता है। (८५) से यासुट् होता है। सन्+यासुट्+सुट्+तिप्=सायात्, सन्यात्, असानीत्, असनीत्, असनिष्यत् ॥ ४७३ [अम] गत्यादिषु। गति आदि (गति, शब्द और सम्भक्ति) अर्थों मे अम् धातु है। अमति, आम, आमतु, आमु, अमिता, अमिष्यति, आमिषति, आमिषाति, अमतु, आमत्, अमेत्, अम्यात्, आमीत्, आमिष्यत् ॥ ४७४—४७६ [द्रम हम्म, मीमृ] गतौ। द्रमति, दद्राम; हम्मति, जहम्म; मीमति, मिमीम। द्रम धातु मकारान्त अकारोपध है। इस मे विकल्प से वृद्धि (१४४) से प्राप्त है सो (१६२) सूत्र से नही होती। अद्रमीत्, अद्रमिष्यत् ॥ [मीमृ] शब्दे च। यहां चकार, गति और शब्द दोनों अर्थ का बोध होने के लिये है ॥ ४७७—४८० [चमु, छमु, जमु, झमु] अदने=खाना।

१८६—ष्ठिवुक्लमुचमां शिति ॥ ७ । ३ । ७५ ॥

ष्ठिवु, क्लमु और चमु धातुओं के अच् को दीर्घ आदेश हो शित् प्रत्यय परे हो तो। इस सूत्र से इन धातुओं को सामान्य कर के दीर्घ प्राप्त है।

१८७—वा०-दीर्घत्वमाङि चम इति वक्तव्यम् ॥ ७ । ३ । ७५ ॥

आङ्पूर्वक ही चम धातु को दीर्घ हो, सर्वत्र नहीं। आचामति, आचामतः, आचामन्ति। आङ् का नियम इसलिये किया है कि—'उच्चमति, विचमति' यहां दीर्घ न हो। चचाम, चेमतुः, चेमुः, आचचाम, आचेमतुः, आचेमुः, चमिता, चमिष्यति, चामिषति, चामिषाति, चमतु, आचामतु, अचमत्, आचामत्, चमेत्, आचामेत्, चम्यात्, आचमीत् (१६२), आचमिष्यत्; छमति, चच्छाम, चच्छमतुः, अच्छमीत्; जमति, जजाम, जेमतुः, जेमुः, जमिता, जमिष्यति, जामिषति, जामिषाति, जमतु, अजमत्, जमेत्, जम्यात्, अजमीत्; झमति, जझाम, जझमतुः। [जिमु] इत्येके। जेमति जिजेम, । ४८१ [क्रमु] पादविक्षेपे = पग फेंकना।

१८८-वा—भ्राशभ्लाशभ्रमुक्रमुक्लमुत्रसित्रुटिलषः ॥ ३ । १ । ७० ॥

भ्राश, भ्लाश, भ्रमु, क्रमु, क्लमु, त्रसि, त्रुटि और लष धातुओं से विकल्प करके श्यन् प्रत्यय हो कर्तावाची सार्वधातुक परे हो तो, और पक्ष मे शप् हो जाता है। इस सूत्र मे प्राप्ताप्राप्त विभाषा है। क्योंकि इन मे जो धातु दिवादिगण के हैं उनसे तो श्यन् प्रत्यय नित्य ही प्राप्त है और अन्य गणों के धातुओं से अप्राप्त है और श्यन् प्रत्यय तथा अन्य सब विकरण प्रत्यय (स्य, तास्, सिप्) आदि शप् प्रत्यय के अपवाद हैं।

१८९—क्रमः परस्मैपदेषु ॥ ७ । ३ । ७६ ॥

परस्मैपदसंज्ञक प्रत्यय परे हो [जिस शित् प्रत्यय के, उसके परे रहने पर] क्रम धातु के अच् को दीर्घ होवे । क्रम्+श्यन्+तिप्=क्राम्यति, क्रम+शप्+तिप्=क्रामति । और परस्मैपद का ग्रहण इसलिये है कि 'आक्रमत आदित्यः' यहां आत्मनेपद मे दीर्घ न होवे । चक्राम, चक्रमतुः, चक्रमुः, क्रमिता, क्रमिष्यति क्रामिषति, क्रामिषाति, क्राम्यतु, क्रामतु, अक्राम्यत्, अक्रामत्, क्रामेत्, क्राम्येत्, क्रम्यात्, अक्रमीत्, अक्रमिष्यत् ॥ इत्यणादय उदात्ता उदात्तेतस्त्रिंशत् परस्मैभाषाः समाप्ता । ये ३० (तीस) धातु परस्मैपदी समाप्त हुए ॥

अथ यवर्गीयान्ता द्वात्रिंशदधिकं शतम् । [तत्रायादयः षट्त्रिंशदात्मनेपदिन ।] अब एकसौ बत्तीस (१३२) धातु यवर्गीयान्त कहते हैं [इनमें अय आदि ३६ छत्तीस आत्मनेपदी हैं] । ४८२—४८८ [अय, वय, पय, मय, चय, तय, णय,] गतौ । अय्+शप्+त=अयते ।

१९०—दयायासश्च ॥ ३ । १ । ३७ ॥

दय, अय और आस धातुओं से आम् प्रत्यय हो लिट् लकार परे हो तो । अय्+आम्+कृ+कृ+एश्=अयाञ्चक्रे, अयाञ्चक्राते, अयाञ्चक्रिरे, अयितासे, अयिष्यते, आयिषतै, आयिषातै, अयताम्, आयत, अयेत, अयिषीष्ट, अयिषीयास्ताम्, अयिषीरन्, अयिषीष्ठाः, अयिषीयास्थाम् । अय्+इट्+सीध्वम्—

१९१—विभाषेटः ॥ ८ । ३ । ७९ ॥

इण् से परे जो इट् उससे परे जो सीध्वं, लुङ् और लिट का धकार उसको मूर्धन्य आदेश विकल्प करके होजावे । धकार

के स्थान मे अन्तरतम आदेश ढकार हो जाता है। अयिषीढ्वम्, अयिषीध्वम्, अयिषीय, अयिषीवहि, अयिषीमहि, आयिष्ट, आयिषाताम् आयिषत, आयिष्ठाः, आयिषाथाम्, आयिढ्वम्, आयिध्वम्, आयिषि, आयिष्वहि, आयिष्महि, आयिष्यत।

१६२—उपसर्गस्यायतौ ॥ ८। २। १६ ॥

अय धातु के परे पूर्व जो उपसर्ग उसके रेफ को लकार आदेश हो। जैसे—प्र+अयते=प्लायते, पलायते, पलायाञ्चक्रे। निस् और दुस् उपसर्गों के सकार को रुत्व त्रिपादी मे होता है उसको असिद्ध मानने से 'निरयते, दुरयते' प्रयोग होते हैं [अर्थात् लत्व नही होता]। और जहां निर्, दुर् उपसर्ग हों वहां 'निलयते, दुलयते' रूप बनते हैं। वयते, ववये, (१२९), वयिता, वयिष्यते, वायिषतै, वायिषातै, वयताम्, अवयत, वयेत, वयिषीष्ट, वयिषीढ्वम्, वयिषीध्वम्, अवयिढ्वम्, अवयिध्वम्, अवयिष्यत। पयते, पेये, पेयात, पेयिरे, पयिषीढ्वम्, पयिषीध्वम्, अपयिढ्वम्, अपयिध्वम्। इसी प्रकार मय आदि के जानो। [णय] रक्षणे च। णय धातु के गति और रक्षा दोनो अर्थ है। नयते, नेये, नयिता, नायिषतै, नायिषातै, नयताम्, अनयत, नयेत, नयिषीष्ट, नयिषीढ्वम्, नयिषीध्वम्, अनयिढ्वम्, अनयिध्वम्, अनयिष्यत ॥ ४८९ [दय] दानगतिरक्षणहिंसादानेषु = देना, गति, रक्षा, मारना और लेना। दयते, दयाञ्चक्रे (१९०), दयिता, दयिष्यत ॥ ४९० [रय] गतौ। रयते, रेये ॥ ४९१ [ऊयी] तन्तुसन्ताने = सूत का फैलाना। ऊयते, ऊयाञ्चक्रे ॥ ४९२ [पूयी] विशरणे दुर्गन्धे च = मारना और दुर्गन्ध करना। पूयते, पुपूये, पूयिता ॥ ४९३ [क्नूयी] शब्दे उन्दे च = शब्द और गीलापन। क्नूयते, चुक्नूये ॥ ४९४ [क्ष्मायी] विधूनने = कम्पाना। क्ष्मायते।

चक्ष्माये ॥ ४६५, ४९६ [स्फायी, ओप्यायी] वृद्धौ= बढ़ना। स्फायते, पस्फाये। ऊयी आदि धातुओं मे दीर्घ ईकार इत् जाता है और प्यायी धातु मे ओकार और ईकार दोनो की इत्संज्ञा होती है। प्यायते।

१६३—लिड्यङोश्च ॥ ६ । १ । २९ ॥

लिट् लकार और यङ् प्रत्यय परे हो तो प्यायी धातु को पी आदेश हो। "प्याय्+लिट्" इस अवस्था मे प्रथम द्विर्वचन प्राप्त है, उसको बाधकर पी आदेश हो जाता है। पीछे इस[1] की प्राप्ति बनी रहने से[2] द्वित्व होता है। पी+पी+एश्=पिप्ये (१५६) से यणादेश होता है। पिप्याते, पिप्यिरे, पिप्यिषे, प्यायिता, प्यायिष्यत, प्यायिषतै, प्यायिषातै, प्यायताम्, अप्यायत, प्यायेत, प्यायिषीष्ट, प्यायिषीढ्वम्, प्यायिषीध्वम् (१९१)।

१६४—दीपजनबुधपूरितायिप्यायिभ्योऽन्यतरस्याम् ॥ ३ । १ । ६१ ॥

दीपी, जनी, बुध, ताय् और प्यायी धातुओं से परे जो च्लि प्रत्यय उस के स्थान में विकल्प कर के चिण् आदेश होवे, त शब्द परे हो तो। यहां प्यायी धातु से परे होता है, अन्य धातु आगे आवेगे। अट्+प्याय्+चिण्+त, इस अवस्था मे—

१६५—चिणो लुक् ॥ ६ । ४ । १०४ ॥

चिण् से परे जो प्रत्यय उसका लुक् हो। यहां चिण् से परे 'त' का लुक् होता है। अट्+प्याय+चिण्=अप्यायि।

---

१. अर्थात् द्विर्वचन की।

२. पुनः प्रसङ्गविज्ञानात् सिद्धम् (पारि० ३९) इस परिभाषा के नियम से।

यहां (च् ण्) की इत्संज्ञा और लोप होजाता है। और जिस पक्ष में च्लि के स्थान मे चिण् नहीं होता वहां—अप्यायिष्ट, अप्यायिषाताम्, अप्यायिषत, अप्यायिष्ठाः, अप्यायिषाथाम्, अप्यायिढ्वम्, अप्यायिध्वम् (१९१), अप्यायिषि, अप्यायिष्वहि, अप्यायिष्महि, अप्यायिष्यत ॥ ४९७ [तायृ] सन्तानपालनयोः = अपत्य और रक्षा। तायते, तायेते, तायन्ते, तताये, ततायिध्वे, ततायिढ्वे, तताये, ततायावहे, ततायामहे, तायितासे, तायिष्यते, तायिषतै, तायिषातै, तायताम्, अतायत, तायेत, तायिषीष्ट, अतायिष्ट, अतायिष्यत ॥ ४९८ [शल] चलनसंवरणयोः = चलना और ढांकना। शलते, शेले, शेलाते, शेलिरे, शलितासे, शलिष्यते, शालिषतै, शालिषातै, शलताम्, अशलत, शलेत, शलिषीष्ट, शलिषीढ्वम्, शलिषीध्वम्, अशलिष्ट, अशलिढ्वम्, अशलिध्वम्, अशलिष्यत ॥ ४९९, ५०० [वल, वल्ल] संवरणे, संचरणे च = संवरण और सम्यक् विचरना। वलते, वल्लते, ववले (१२९), ववल्ले, वलिता वलिष्यते, वालिषतै, वालिषातै, वलताम्, अवलत, वलेत, वलिषीष्ट, अवलिष्ट, अवलिष्यत ॥ ५०१, ५०२ [मल, मल्ल] धारणे = पदार्थों का धारण करना। मलते, मल्लते, मेले, मेलाते, मेलिरे, ममल्ले, मलिता, मलिष्यते, मालिषतै, मालिषातै, मलताम्, अमलत, मलेत, मलिषीष्ट, अमलिष्यत ॥ ५०३, ५०४ [भल, भल्ल] परिभाषणहिंसादानेषु = बहुत बोलना, मारना और देना। भलते, भल्लते, बभले, बभल्ले, भलितासे, भलिष्यते, भालिषतै, भालिषातै, भलताम्, अभलत, भलेत, भलिषीष्ट, अभलिष्ट, अभलिष्यत ॥ ५०५ [कल] शब्दसंख्यानयोः = शब्द और गणना। कलते, चकले, चकलिढ्वे, चकलिध्वे, कलितासे, कलिष्यते, कालिषतै, कालिषातै, कल-

ताम्, अकलत, कलेत, कलिषीष्ट, कलिषीढ्वम्, कलिषीध्वम्, अकलिष्ट, अकलिढ्वम्, अकलिध्वम्, अकलिष्यत ॥ ५०६ [कल्ल] अव्यक्ते शब्दे = अप्रकट बोलना। कल्लते, चकल्ले ॥ ५०७, ५०८ [तेवृ, देवृ] देवने = खेलना। तेवते, देवते, तितेवे, दिदेवे, तितेविढ्वे (१९१) तितेविध्वे, तेवितासे, तेविष्यते, तेविषतै, तेविषातै, तेवताम्, अतेवत, तेवेत, तेविषीष्ट, तेविषीढ्वम्, तेविषीध्वम्, अतेविष्ट, अतेविढ्वम्, अतेविध्वम् ॥ ५०९—५१४ [षेवृ, गेवृ, ग्लेवृ, पेवृ, मेवृ, म्लेवृ] सेवने = सेवन। सेवते, सिषेवे, गेवते, जिगेवे, ग्लेवते, जिग्लेवे, पेवते, पिपेवे, मेवते, मिमेवे, म्लेवते, मिम्लेवे ॥ ५१५—५१७ [शेवृ, खेवृ, केवृ] इत्यप्यके। शेवते, शिशेवे, खेवते, चिखेवे, केवते, चिकेवे ॥ ५१८ [रेवृ] प्लवगतौ = शीघ्र चलना[1]। रेवते, रिरेवे, रेवितासे, रेविष्यते, रेविषतै, रेविषातै, रेवताम्, अरेवत, रेवेत, रेविषीष्ट, अरेविष्ट, अरेविष्यत ॥ इत्ययादय उदात्ता अनुदात्तेत आत्मनेभाषाः सप्तत्रिंशत् समाप्ताः। ये अय आदि ३६ धातु समाप्त हुए ॥

अथ [मव्यादयः] परस्मैपदिनः पञ्चनवतिः। अब यवर्गान्तो मे [मव्यादि] ९५ (पिच्यानवे) धातु परस्मैपदी कहते हैं। ५१९ [मव्य] बन्धने = बांधना। मव्यति, ममव्य, ममव्यतुः, मव्यिता, मव्यिष्यति, मव्यिषति, मव्यिषाति, मव्यतु, अमव्यत्, मव्येत्, मव्यात्, अमव्यीत्, अमव्यिष्यत् ॥ ५२०—५२२ [सूर्क्ष्य, ईर्क्ष्य, ईर्ष्य] ईर्ष्यार्थाः = ईर्षा। सूर्क्ष्यति, ईर्क्ष्यति, ईर्ष्यति, ईर्क्ष्याञ्चकार, ईर्ष्याञ्चकार, ईर्ष्याम्बभूव, ईर्ष्यामास, ईर्ष्यिता, ईर्ष्यिष्यति, ईर्ष्यिषति, ईर्ष्यिषाति, ईर्ष्यतु, ऐर्ष्यत्, ईर्ष्येत्, ईर्ष्यात्, ऐर्ष्यीत्,

1. इस का अर्थ कूदना भी होता है।

ऐर्ष्यिष्यत् ॥ ५२३ [हय] गतौ । हयति, जहाय, जहयतुः, हयिता, हयिष्यति, हायिषति, हायिषाति, हयतु, अहयत्, हयेत्, हय्यात्, अहयीत् (१६२) वृद्धि नहीं होती ॥ ५२४, ५२५ [शुच्य, चुच्य] अभिषवे = यन्त्र से साररूप रस खींचना । शुच्यति, चुच्यति ॥ ५२६ [हर्य] गतिकान्त्योः = गति और इच्छा । हर्यति, जहर्य ॥ ५२७ [अल][1] भूषणपर्याप्तिवारणेषु = भूषण, सामर्थ्य और निषेध । अलति, आल, आलतुः, आलुः, अलिता, अलिष्यति, आलिषति, आलिषाति, अलतु, आलत्, अलेत्, अल्यात् ।

१६६–अतो ल्रान्तस्य ॥ ७ । २ । २ ॥

अकार के समीप जो रेफ और लकार तदन्त अङ्ग के अकार को वृद्धि हो परस्मैपद विषय में सिच् प्रत्यय परे हो तो । (१४४) सूत्र से विकल्प करके वृद्धि प्राप्त है उसका यह अपवाद है । मा भवनालीत्, आलिष्टाम्, आलिषु । अकार के समीप रेफ लकार इसलिये कहे है कि "अवभ्रीत्" यहां अकार के समीप भकार है रेफ नहीं [इसलिये यहां वृद्धि नहीं होती] ॥ ५२८ [ञिफला] विशरणे = मरना । इस धातु में 'ञि' और 'आ' दो वर्ण इत् होते हैं । फलति, पफाल, फेलतु, फेलुः । यहां अभ्यास के झल् फकार को चर् पकार होता है इस कारण अनादेशादि के न होने से (१२५) एत्वाभ्यासलोप प्राप्त नहीं है, सो (१६४) सूत्र से हो

1 इस धातु पर धातुप्रदीपकार मैत्रेय लिखता है—'कई वैयाकरण इस धातु का अनुनासिक स्वरित अकार इत्संज्ञक मानते है इसलिये यह धातु उभयपदी है । अन्तस्थ प्रकरण के अनुरोध से उभयपदी धातु को भी यहां पढ़ा है ।' वस्तुत मैत्रेय का कथन अयुक्त है । सब धातु-वृत्तिकार इसे परस्मैपदी मानते हैं । यदि यह धातु स्वरितेत् होता तो इसे धावु धातु के समीप पढने से अन्तस्थप्रकरण का व्याघात भी नहीं होता । इससे प्रतीत होता है कि 'अल' का स्वरितेत्त्व ठीक नहीं है ।

जाता है। फलिता, फलिष्यति, फालिषति, फालिषाति, फलतु, अफलत्, फलेत्, फल्यात्, अफालीत् (१९६), अफलिष्यत् ॥ ५२९—५३२ [मील, श्मील, स्मील, क्ष्मील] निमेषणे = नेत्रो को शीघ्र खोलना मीचना। मीलति, मिमील, मीलिता, मीलिष्यति, मीलिषति, मीलिषाति, मीलतु, अमीलत्, मीलेत्, मील्यात्, अमीलीत्, अमीलिष्यत्; श्मीलति, शिश्मील, स्मीलति, सिस्मील, क्ष्मीलति; चिक्ष्मील ॥ ५३३ [पील] प्रतिष्टम्भे = रोकना। पीलति, पिपील॥ ५३४ [नील] वर्णे = नीला रंग। नीलति, निनील ॥ ५३५ [शील] समाधौ = निरन्तर योगाभ्यास करना। शीलति, शिशील ॥ ५३६ [कील] बन्धने = बांधना। कीलति, चिकील ॥ ५३७ [कूल] आवरणे = ढाकना। कूलति, चुकूल, कूलिता, कूलिष्यति, कूलिषति, कूलिषाति कूलतु, अकूलत्, कूलेत्, कूल्यात्, अकूलीत्, अकूलिष्यत् ॥ ५३८ [शूल] रुजायां सङ्घाते च = पीड़ा और समूह। शूलति ॥ ५३९ [तूल] निष्कर्षे = बाहर निकालना। तूलति, तुतूल, ॥ ५४० [पूल] सङ्घाते = पूलति, पुपूल ॥ ५४१ [मूल] प्रतिष्ठायाम्। मूलति॥ ५४२ [फल] निष्पत्तौ = सिद्ध होना। फलति, पफाल, फेलतु, फेलु (१६४), अफालीत् (१९६)॥ ५४३ [चुल्ल] भावकरणे = अभिप्राय जानना। चुल्लति, चुचुल्ल ॥ ५४४[फुल्ल] विकसने = फूलना। फुल्लति, पुफुल्ल ॥ ५४५ [चिल्ल] शैथिल्ये भावकरणे च = शिथिलता और अभिप्राय जानना। चिल्लति, चिचिल्ल, चिल्लिता, चिल्लिष्यति, चिल्लिषति, चिल्लिषाति, चिल्लतु, अचिल्लत्, चिल्लेत्, चिल्ल्यात्, अचिल्लीत्, अचिल्लिष्यत् ॥ ५४६ [तिल] गतौ। तलति, तितेल, तितिलतु, तेलिता, तेलिष्यति, तेलिषति, तेलिषाति, तेलतु, अतेलत्, तेलेत्, तिल्यात्, अतेलीत्, अतेलिष्यत् ॥ [तिल्ल] इत्यन्ये। तिल्लति ॥ ५४७—५५२ [वेलृ, चेलृ, केलृ, खेलृ,

द्वेलृ, वेल्ल] चलने = चलना । वेलति, विवेल, विवेलतु:, वेलिता, वेलिष्यति, वेलिषति, वेलिषाति, वेलतु, अवेलत्, वेलेत्, वेल्यात्, अवेलीत्, अवेलिष्यत्; चेलति, चिचेल; केलति, चिकेल; खेलति, चिखेल; क्ष्वेलति; चिक्ष्वेल, वेल्लति, विवेल्ल ॥ ५५३—५५६ [पेलृ, फेलृ, खेलृ, शेलृ, षलृ,] गतौ । खेलृ धातु दूसरी बार अर्थ भिन्न होने से पढ़ा है । पेलति, पिपेल; फेलति, पिफेल, शेलति, शिशेल; सेलति, सिषेल ॥ ५५७ [स्खल] सञ्चलने = चलायमान होना । स्खलति, चस्खाल, (१२५), स्खलिता, स्खलिष्यति, स्खालिषति, स्खालिषाति, स्खलतु अस्खलत्, स्खलेत्, स्खल्यात्, अस्खालीत् (१९६), अस्खलिष्यत् ॥ ५५८ [खल] सञ्चये । खलति, चखाल, अखालीत् ॥ ५५९ [गल] अदने = खाना । गलति, जगाल, अगालीत् ॥ ५६० [षल] गतौ । सलति, ससाल, सेलतु:, सेलु:, असालीत् ॥ ५६१ [दल] विशरणे = मारना । दलति, ददाल देलतु:, दलिता, दलिष्यति दालिषति, दालिषाति, दलतु, अदलत्, दलेत्, दल्यात्, अदालीत्, अदलिष्यत् ॥ ५६२, ५६३ [श्वल, श्वल्ल] आशुगमने = शीघ्र चलना । श्वलति, शश्वाल, अश्वालीत्; श्वल्लति, शश्वल्ल ॥ ५६४, ५६५ [खोलृ, खोर्ऋ] गतिप्रतिघाते = चलने से रुक जाना । खोलति, चुखाल; खोरति, चुखार, अखोलीत्, अखोरीत् ॥ ५६६ [धोर्ऋ] गतिचातुर्ये = चतुराई से चलना । धोरति, दुधोर, अधोरीत् ॥ ५६७ [त्सर] छद्मगतौ = टेढ़ा चलना । त्सरति, तत्सार, तत्सरतु:, त्सरिता, त्सरिष्यति, त्सारिषति, त्सारिषाति, त्सरतु, अत्सरत्, त्सरेत्, त्सर्यात्, अत्सारीत् (१९६), अत्सरिष्यत् ॥ ५६८ [क्मर] हूर्च्छने = कुटिलता । क्मरति, चक्मार, चक्मरतु:, अक्मारीत् ॥ ५६९-५७२ [अभ्र, वभ्र, मभ्र, चर,] गत्यर्था: । अभ्रति, वभ्रति, मभ्रति, चरति, आचरति,

प्रचरति, विचरति; आनभ्र, यहां अभ्यास को दीर्घ (११२) और उस से परे द्विहल् धातु को नुट् का आगम (१४७) इत्यादि सूत्रों से होता है। ववभ्र, आभ्रीत्, अवभ्रीत्, अमभ्रीत्, यहां अकार के समीप रेफ के न होने से (११६) सूत्र से वृद्धि नहीं होती। चचार, चेरतुः, चरिता, चरिष्यति, चारिषति, चारिषाति, चरतु, अचरत्, चरेत्, चर्यात्, अचारीत् (१९६), अचरिष्यत् ॥ [चर] भक्षणे च। चर धातु का यह दूसरा अर्थ होने से पुनः पढ़ा है॥ ५७३ [ष्ठिवु] निरसने = थूकना। इस धातु के आदि षकार को (१५२) वार्तिक से सकार नहीं होता, और (१८६) सूत्र से इकार को दीर्घ होकर—ष्ठीवति, तिष्ठेव, तिष्ठिवतुः, तिष्ठिवुः। और इस धातु का दूसरा वर्ण किन्हीं आचार्यों के मत में ठकार ही है अर्थात् जब ठकार है तो षोपदेश नहीं और जब थकार है तब षोपदेश है। ठकार पक्ष मे—टिष्ठेव, टिष्ठिवतुः, टिष्ठिवुः, टिष्ठेविथ, टिष्ठिवथुः, टिष्ठिव, टिष्ठेव, टिष्ठिविव, टिष्ठिविम इत्यादि प्रयोग अभ्यास ही मे विशेष होगे। ष्ठेविता, ष्ठेविष्यति, ष्ठेविषति, ष्ठेविषाति, ष्ठीवति, ष्ठीवाति, ष्ठीवतु, अष्ठीवत्, ष्ठीवेत्।

१६७—हलि च ॥ ८। २। ७७॥

हल् प्रत्याहार में कोई वर्ण परे हो तो रेफान्त और वकारान्त धातु की उपधा का जो इक् उस को दीर्घ आदेश होवे। ष्ठिव्+यासुट्+सुट्+तिप् = ष्ठीव्यात्। यहां यासुट् का यकार हल् प्रत्याहार में है। अष्ठेवीत्, अष्ठेविष्टाम्, अष्ठेविष्यत्॥ ५७४ [जि] जये[1] = उन्नति को प्राप्त होना। यह धातु अनिट् और

---

1 उत्तर धातु की समानता के कारण अजन्त को भी इसी प्रकरण में पढ़ा है यह मैत्रेय का मत है। अन्य वैयाकरणों का कहना है कि इसे अजन्त प्रकरण में ही पढ़ना चाहिये।

अकर्मक है. क्योकि इवर्णान्तो मे जो सेट् पढ़े हैं उनमे इसका पाठ नहीं, और इस धातु का स्वार्थ कृतो से भिन्न अन्य किसी मे नहीं घटता, इस कारण अकर्मक है। जि+शप्+तिप् = जयति, (२१) सूत्र से गुण और (२२) से अय् आदेश होता है। जयतः, जयन्ति।

१९८—सन्लिटोर्जेः ॥ ७ । ३ । ५७ ॥

सन् और लिट् प्रत्यय परे हो तो जि धातु के अभ्यास से परे उत्तर भाग को कवर्गादेश हो। जि-णल्। इस अवस्था मे प्रथम (६१) सूत्र से वृद्धि होकर द्वित्व होता है। जै+जै+णल् = जिगाय, यहां परभाग के जकार को गकार हो जाता है। जिग्यतुः, जिग्युः (१५६) सूत्र से यणादेश होता है। जिगेथ, (१५७) सूत्र से थल् में इट का निषेध और—जिगयिथ (१४९) सूत्र से भारद्वाज के मत में ऋकारान्तो के निषेध का नियम होने से इडागम हो जाता है। जिग्यथुः, जिग्य, जिगाय (१४३) जिगय, जिग्यिव, जिग्यिम। 'लुट्'—जेता, जेतारौ, जेतारः, जेतासि, जेतास्थ', जेतास्थ, जेतास्मि, जेतास्वः, जेतास्म। 'लृट्'—जेष्यति, जेष्यत , जेष्यन्ति, जेष्यसि जेष्यथ', जेष्यथ, जेष्यामि, जेष्यावः, जेष्यामः। 'लेट्'—जैषति, जैषाति, जैषत्, जैषात्, जैषद्, जैषाद्, जेषति, जेषाति, जेषत्, जेषात्, जेषद्, जेषाद्, जयति, जयाति, जयत्, जयात्, जयद्, जयाद्, इत्यादि। इसी प्रकार तस् आदि मे जानो। ['लोट्'—] जयतु, जयतात्, जयताम्, जयन्तु, जय, जयतात्, जयतम्, जयत, जयानि जयाव, जयाम। ['लङ्'—] अजयत्, अजयताम्, अजयन्, अजयः, अजयतम्, अजयत, अजयम्, अजयाव, अजयाम। ['लिङ्'-] जयेत्. जयेताम्, जयेयु', जये, जयेतम्, जयेत्, जयेयम्,

जयेव, जयेम। ['आशीर्लिङ्'—] (१६०) सूत्र से दीर्घ होकर—जीयात्, जीयास्ताम्, जीयासुः, जीयाः, जीयास्तम्, जीयास्त, जीयासम्, जीयास्व, जीयास्म। ['लुङ्'—] अट्+जि+सिच्+तिप्=अजैषीत् (१५८) सूत्र से इकार को वृद्धि हो जाती है, अजैष्टाम्, अजैषुः, अजैषीः, अजैष्टम्, अजैष्ट, अजैषम्, अजैष्व, अजैष्म। ['लृङ्'—] अजेष्यत्, अजेष्यताम्, अजेष्यन्।
५७५ [जीव] प्राणधारणे=प्राणों का धारण करना। जीवति, जिजीव, जीविता, जीविष्यति, जीविषति, जीविषाति, जीवतु, अजीवत्, जीवेत्, जीव्यात्, अजीवीत्, अजीविष्यत्। जीव धातु के गुरूपध होने से (५२) सूत्र से गुण नहीं होता॥
५७६—५७९ [पीव, मीव, तीव, णीव] स्थौल्ये=मोटापन। पीवति, मीवति, तीवति, नीवति॥ ५८०, ५८१ [क्षिवु,[1] क्षेवु] निरसने=फेंकना। क्षेवति, चिक्षेव, चिक्षिवतुः, चिक्षिवुः, क्षेविता, क्षेविष्यति, क्षेविषति, क्षेविषाति, क्षेवतु, अक्षेवत्, क्षेवेत्, क्षीव्यात्, (१९७) सूत्र से वकार की उपधा को दीर्घ होता है। अक्षेवीत्, अक्षेविष्यत्॥ ५८२—५८६ [उर्वी, तुर्वी, थुर्वी, दुर्वी, धुर्वी] हिंसार्थाः। (१३१) सूत्र से रेफ की उपधा उकारों को दीर्घ आदेश हो जाता है। ऊर्वति, ऊर्वाञ्चकार, ऊर्वाञ्चक्रतुः, ऊर्वाञ्चक्रुः, ऊर्वाञ्चकर्थ, ऊर्वाम्बभूव, ऊर्वामास, ऊर्विता, ऊर्विष्यति, ऊर्विषति, ऊर्विषाति, ऊर्वतु, और्वत्, ऊर्वेत्, ऊर्व्यात्, और्वीत्, और्विष्यत्; तूर्वति, तुतूर्व, थूर्वति, तुथूर्व, दूर्वति, दुदूर्व; धूर्वति, दुधूर्व॥ ५८७ [गुर्वी] उद्यमने=उद्यम। गूर्वति,

---

१. सायण, क्षीरस्वामी और भट्टोजि दीर्घोपध 'क्षीवु' धातु मानते हैं, केवल मैत्रेय ह्रस्वोपध मानता है। दीर्घोपध पक्ष में—"क्षीवति, चिक्षीव, क्षीविता क्षीविष्यति, क्षीविषति, क्षीविषाति, क्षीवतु, अक्षीवत्, क्षीवेत्, क्षीव्यात्, अक्षीवीत्, अक्षीविष्यत्" प्रयोग बनते हैं।

जुगूर्वे ॥ ५८८ [मुर्वी] बन्धने=बाधना । मूर्वति, मुमूर्व, ॥ ५८९—५९१ [पुर्व, पर्व, मर्व] पूरणे=पूरा करना । पूर्वति, पुपूर्व; पर्वति, पपर्व, पर्विता, पर्विष्यति, पर्विषति, पर्विषाति, पर्वतु, अपर्वत्, पर्वेत्, अपर्वीत्, अपर्विष्यत्, [मर्वति, ममर्व] ॥ ५९२ [चर्व] अदने=खाना। चर्वति, चचर्व ॥ ५९३ [भर्व] हिंसायाम् । भर्वति, बभर्व ॥ ५९४—५९६ [कर्व, खर्व, गर्व] दर्पे=अहंकार करना । कर्वति, चकर्व; खर्वति, चखर्व, गर्वति, जगर्व ॥ ५९७—५९९ [अर्व, शर्व, षर्व] हिंसायाम् । अर्वति, आनर्व, आनर्वतुः, शर्वति, सर्वति ॥ ६०० [इवि] व्याप्तौ= व्याप्त होना । इन्वति । इस धातु मे नुम् के नकार को परसवर्ण की प्राप्ति न होने से वकार मे मिल जाता है । इन्वाञ्चकार, इन्वाम्बभूव, इन्वामास, इन्विता, इन्विष्यति, इन्विषति, इन्विषाति, इन्वतु, ऐन्वत्, इन्वेत्, इन्व्यात्, ऐन्वीत्, ऐन्विष्यत् ॥ ६०१—६०३ [पिवि, मिवि, णिवि] सेवने सेचने च=सेवन करना और सीचना । पिन्वति, पिपिन्व; मिन्वति, मिमिन्व; निन्वति, निनिन्व ॥ ६०४,६०७ [हिवि, दिवि, धिवि, जिवि] प्रीणनार्थाः=तृप्ति होना । हिन्वति, जिहिन्व; दिन्वति, दिदिन्व, दिन्विता, दिन्विष्यति, दिन्विषति, दिन्विषाति, दिन्वतु, अदिन्वत्, दिन्वेत्, दिन्व्यात्, अदिन्वीत्, अदिन्विष्यत् ।

१६६-धिन्विकृण्व्योर च[1] ॥ ३ । १ । ८० ॥

कर्तावाची सार्वधातुक प्रत्यय परे हो तो धिन्वि और कृण्वि धातु से उ प्रत्यय और इन धातुओ को अकार आदेश हो जावे ।

---

१. इस सूत्र पर अर्वाचीन वैयाकरण कहते हैं कि इस सूत्र में वकार का लोपमात्र करदेने से कार्य चल सकता था, क्योंकि वकारलोप करने पर गुण का निषेध 'न धातुलोप आर्धधातुके' (आ० ५५४)

अकार आदेश सामान्य विधान होने से अलोन्त्यपरिभाषा के बल से अन्त्य अल् वकार के स्थान मे होता है, और यह उप्रत्यय शप्

सूत्र से हो ही जाता, पुन अकार का विधान करके उसका लोप और स्थानिवद्भाव के द्वारा गुणनिषेध करना इस बात का ज्ञापक है कि वार्तिककार द्वारा भावी मे होने वाला 'न धातुलोप०' का प्रत्याख्यान सूत्रकार पाणिनि को भी ज्ञात और अभीष्ट था, अत एव इसी ज्ञापक के आधार पर अर्वाचीन वैयाकरण 'यथोत्तर मुनीना प्रामाण्यम्' (पाणिनि की अपेक्षा कात्यायन और उसकी अपेक्षा पतञ्जलि अधिक प्रामाणिक है) ऐसा स्वकल्पित परिभाषारूप वचन पढते हैं । परन्तु यह सब प्रलापमात्र है । 'न धातुलोप' सूत्र से गुण का निषेध वहीं होता है जहां आर्धधातुक को मानकर धातु का लोप हुआ हो, परन्तु यहा आर्ध-धातुक प्रत्यय 'उ' की उत्पत्तिकाल में ही वलोप का विधान होगा। एक काल में उत्पन्न हुए दो साथियों में निमित्तनिमित्ती भाव की कल्पना नहीं होती। यदि कहा जाय कि उप्रत्यय की उत्पत्ति के अनन्तर वलोप का विधान करेंगे, तो ऐसा करने पर पुनः 'धिन्विकृण्व्यो॰' का ग्रहण करना होगा और वह बहुत गौरवास्पद होगा।

इस विषय में यह भी ध्यान रखना चाहिये कि महाभाष्यकार पतञ्जलि पाणिनि के जिन सूत्रों या सूत्रांशों का प्रत्याख्यान करते हैं वहा पाणिनि का खण्डन अर्थात् दोषदर्शन कराना इष्ट नहीं है अपितु प्रकारान्तर से प्रयोगसिद्धि दर्शाना ही अभीष्ट है। अन्यथा—"सामर्थ्ययोगान्नहि किञ्चिदस्मिन्, पश्यामि शास्त्रे यदनर्थकं स्यात् ।" महा० ६ । १ । ७७ ॥ अर्थात्—सूत्रों के पारस्परिक सम्बन्ध रूपी सामर्थ्य से मैं इस शास्त्र में कुछ भी अनर्थक नहीं देखता इत्यादि महाभाष्यकार का वचन प्रमत्तगीतवत् अयुक्त होगा। महाभाष्यकारप्रदर्शित प्रकारान्तर से दर्शाई शब्दसिद्धि से उत्तरकालीन चन्द्रादि वैयाकरणों ने अत्यन्त लाभ उठाया है। यह उनके ग्रन्थों के तुलनात्मक अध्ययन से स्पष्ट है।

का अपवाद है। उ प्रत्यय की तिङ् और शित् से भिन्न होने के कारण (५०) सूत्र से आर्धधातुक संज्ञा होती है। 'धि-न्-अ-उ' (१७२) सूत्र से अकार का लोप होकर-'धिन्+उ+तिप्' इस अवस्था मे 'उ' आर्धधातुक प्रत्यय को मानकर धि के इकार को (५२) सूत्र से गुण प्राप्त है, सो 'अचः परस्मिन् पूर्वविधौ[१]' इस परिभाषा सूत्र से अकारलोप के स्थानिवत् होने से गुण नहीं होता। फिर उ प्रत्यय को (२१) सूत्र से गुण होकर—धिन्+उ+तिप्=धिनोति, धिन्+उ+तस्=धिनुतः। यहां (९९) सूत्र से तस् की ङित् संज्ञा होकर (३४) से गुण का निषेध होता है। धिन्वन्ति, धिनोषि, धिनुथः, धिनुथ, धिनोमि।

२००-लोपश्चास्यान्यतरस्यां म्वोः ॥ ६।४।१०७॥

संयोग जिसके पूर्व न हो ऐसा जो प्रत्यय का उकार उसका विकल्प करके लोप हो व और म परे हों तो। धिनु+वस्=धिन्वः, धिन्मः, धिनुवः, धिनुमः, दिधिन्व, दिधिन्वतुः, धिन्विता, धिन्विष्यति, धिन्विषति, धिन्विषाति, धिनवति, धिनवाति,। यहां (२१) सूत्र से गुण होकर ओकार को अट् आट् निमित्त अव् आदेश होता है। धिनोतु, धिनुतात्, धिनुताम्, धिन्वन्तु।

२०१-उतश्च प्रत्ययादसंयोगपूर्वात् ॥ ६।४।१०६।

सयुक्त अक्षर जिसके पूर्व न हो ऐसा जो प्रत्यय का उकार तदन्त अङ्ग से परे जो हि उसका लुक् होवे। धिनु+हि=धिनु, धिनुतात्, धिनुतम्, धिनुत, धिनु+मिप्=धिनवानि। यहां (७३) सूत्र से (नि) आदेश, और (७४) सूत्र से आट् का आगम पित् होकर वस् मस् मे भी गुण होजाता है—धिनवाव, धिनवाम;

---

१ सन्धि० ९१।

अधिनोत्, अधिनुताम् अधिन्वन्, अधिनोः, अधिनुतम्, अधिनुत, अधिनवम्, अधिन्व, अधिनुव, अधिन्म, अधिनुम। 'विधिलिङ्' में अदन्त अङ्ग से परे यासुट् के न होने से (८३) सूत्र से इय् आदेश नहीं होता। धिनुयात्, धिनुयाताम्, धिनुयुः, धिनुयाः, धिनुयातम्, धिनुयात, धिनुयाम्, धिनुयाव, धिनुयाम। और यहां (८०) से यासुट् के ङित् होने से (३४) सूत्र से गुण का निषेध होता है, और आशिष् लिङ् की (८६) सूत्र से आर्धधातुक संज्ञा होने से उ प्रत्यय नहीं होता। धिन्व्यात्, धिन्व्यास्ताम्, धिन्व्यासुः, अधिन्वीत्, अधिन्विष्टाम्, अधिन्विषुः, अधिन्विष्यत्; जिन्वति, जिजिन्व, जिन्विता, जिन्विष्यति, जिन्विषति, जिन्विषाति, जिन्वतु, अजिन्वत्, जिन्वेत्, जिन्व्यात्, अजिन्वीत्, अजिन्विष्यत्॥ ६०८—६१० [रिवि, रवि, धवि] गत्यर्थाः। रिण्वति, रिरिण्व, रण्वति, ररण्व। यहां नुम् के नकार को णत्व होता है। धन्वति, दधन्व॥ ६११ [कृवि] हिंसाकरणयोश्च = हिंसा और करना। चकार से यह धातु गत्यर्थ भी है। और धिवि धातु में जो सूत्र लगते हैं वे सब इस में भी जानो, परन्तु—

२०२—वा०—ऋवर्णाच्चेति वक्तव्यम्॥

महा० ८।४।१॥

ऋवर्ण से परे जो नकार उस को णकार आदेश हो। इस वार्तिक से नुम् के नकार को सर्वत्र ऋकार से परे णत्व होता है। कृ+नुम्+व+उ+तिप्=कृणोति, कृणुतः, कृण्वन्ति, कृणोषि, कृणुथः, कृणुथ, कृणोमि, कृण्वः, कृणुव, कृण्मः, कृणुमः, चकृण्व, चकृण्वतुः, कृण्विता, कृण्विष्यति, कृण्विषति, कृण्विषाति, कृणवति, कृणवाति, कृणोतु, अकृणोत्, अकृण्व, अकृणुव, अकृण्म,

अकृणुम, कृणुयात्, कृण्व्यात्, अकृणवीत्, अकृणिवष्यत्॥ ६१२ [मव] बन्धने = बांधना। मवति, ममाव, मेवतु', मेवुः, मविता, मविष्यति, माविषति, माविषाति; मवतु, अमवत्, मवेत्, मव्यात्, अमावीत्, अमवीत्, अमविष्यत्॥ ६१३ [अव] रक्षणगतिकान्तिप्रीतितृप्त्यवगमप्रवेशश्रवणस्वाम्यर्थयाचनक्रियेच्छादीप्त्यवाप्त्यालिङ्गनहिंसादानभागवृद्धिषु = गति, रक्षा, शोभा, प्रीति, तृप्ति, बोध होना, प्रवेश करना, सुनना, अध्यक्ष का कार्य साधना, मागना, चेष्टा, इच्छा, प्रकाश, प्राप्ति, लिपटना, हिंसा, देना, विभाग करना और बढ़ाना। अवति, आव, आवतुः, आवुः, अविष्यति, अविषति, अविषाति, अवतु, आवत्, अवेत्, अव्यात्, आवीत्, आविष्यत्॥ इति मव्यादय उदात्ता उदात्तेतो जयतिवर्ज परस्मैभाषाः पञ्चनवतिः। ९५ मव्य आदि धातु समाप्त हुए॥

[अथैको वकारान्त उभयतोभाषः।] अब एक वकारान्त उभयपदी धातु कहते हैं। ६१४[धावु] गतिशुद्ध्योः = गति और शुद्धि। यह धातु स्वरितेत् है, अर्थात् इसका अन्त्य वर्ण स्वरित इत्संज्ञक होता है, (१०५) सूत्र से क्रिया का फल कर्त्ता के लिये हों तो आत्मनेपद, अन्यत्र परस्मैपद होता है, इसलिये उभयपद के प्रयोग होते है। धावते, धावेते, धावन्ते, धावति, धावतः, धावन्ति, दधावे, दधाव, धावितासे, धावितासि, धाविष्यते, धाविष्यति, धाविषतै, धाविषातै, धाविषति, धाविषाति, धावताम्, धावतु, अधावत, अधावत्, धावेत, धावेत्, धाविषीष्ट, धाव्यात्, अधाविष्ट, अधावीत्, अधाविष्यत, अधाविष्यत्॥

अथोष्मान्ता [एकोनचत्वारिंशदधिकं शतम्। तत्र घुक्षादय] आत्मनेपदिन एकपञ्चाशत्। अब ऊष्मान्त अर्थात् श, ष, स, ह, ये वर्ण जिनके अन्त मे है ऐसे [१३९ एक सौ उनतालीस धातुएं कहते हैं उनमे घुक्ष आदि] ५१ (इक्यावन) धातु कहते

है। ६१५, ६१६ [धुक्ष, धिक्ष] सन्दीपनक्लेशनजीवनेषु =प्रकाश, दुःख और जीवन। धुक्षते, दुधुक्षे, धिक्षते, दिधिक्षे, धुक्षितासे, धुक्षिष्यते, धुक्षिषतै, धुक्षिषातै, धुक्षताम्, अधुक्षत, धुक्षेत, धुक्षिषीष्ट, अधुक्षिष्ट, अधुक्षिष्यत ॥ ६१७ [वृक्ष] वरणे = ग्रहण करना । वृक्षते, ववृक्षे ॥ ६१८ [शिक्ष] विद्योपादाने = विद्या का ग्रहण करना । शिक्षते, शिशिक्षे ॥ ६१९ [भिक्ष] भिक्षायामलाभे लाभे च = भीख मागना मिले वा न मिले । भिक्षते, बिभिक्षे ॥ ६२० [क्लेश] अव्यक्तायां वाचि = अस्पष्ट बोलना, वाधन इत्यन्ये = और किसी किसी के मत मे दुःख देने अर्थ मे भी है । क्लेशते, चिक्लेशे, क्लेशितासे, क्लेशिष्यते, क्लेशिषतै, क्लेशिषातै, क्लेशताम्, अक्लेशत, क्लेशेत, क्लेशिषीष्ट, अक्लेशिष्ट, अक्लेशिष्यत ॥ ६२१ [दक्ष] वृद्धौ शीघ्रार्थे च = बढना और शीघ्रता करना । दक्षते, ददक्षे ॥ ६२२ [दीक्ष] मौण्ड्येज्योपनयननियमव्रतादेशेषु = मुण्डन, यज्ञ, यज्ञोपवीतधारण, नियम, सत्यभाषण आदि वा चान्द्रायण तथा ब्रह्मचर्यादि का उपदेश । दीक्षते, दिदीक्षे ॥ ६२३ [ईक्ष] दर्शने = विचारपूर्वक देखना । ईक्षते, ईक्षाञ्चक्रे, ईक्षाम्बभूव, ईक्षामास ॥ ६२४ [ईष] गतिहिंसादर्शनेषु = गति, हिंसा और देखना । ईषते, ईषाञ्चक्रे, ईषाम्बभूव, ईषामास, ईषितासे, ईषिष्यते, ईषिषतै, ईषिषातै, ईषताम्, ऐषत, ईषेत, ईषिषीष्ट, ऐषिष्ट, ऐषिष्यत ॥ ६२५ [भाष] व्यक्तायां वाचि = स्पष्ट बोलना । भाषते, बभाषे, भाषिता, भाषिष्यते, भाषिषतै, भाषिषातै, भाषताम्, अभाषत, भाषेत, भाषिषीष्ट, अभाषिष्ट, अभाषिष्यत ॥ ६२६ [वर्ष] स्नेहने = चिकनाई । वर्षते, ववर्षे ॥ ६२७ [गेषृ] अन्विच्छायाम् = खोजना । गेषते, जिगेषे ॥ [ग्लेषृ] इत्येके । ग्लेषते, जिग्लेषे ॥ ३२८ [पेषृ] प्रयत्ने । पेषते,

पिपेषे, पेषिता, पेषिष्यते, पेषिषतै, पेषिषातै, पेषताम्, अपेषत, पेषेत, पेषिषीष्ट, अपेषिष्ट, अपेषिष्यत ॥ ६२९—६३२ [जेषृ, णेषृ, एषृ प्रेषृ] गतौ । जेषते, नेषते, एषते, एषाञ्चक्रे, एषाम्बभूव, एषामास, प्रेषते ॥ ६३३—६३५ [रेषृ, हेषृ, ह्रेषृ] अव्यक्ते शब्दे[1] = गड़बड शब्द होना । रेषते, रिरेषे, हेषते, जिहेषे, ह्रेषते, जिह्रेषे ॥ ६३६ [कासृ] शब्दकुत्सायाम् = निन्दित शब्द करना । कासते, कासाञ्चक्रे, कासाम्बभूव, कासामास (१६९) सूत्र से यहां आम् प्रत्यय होता है । कासितासे, कासिष्यते, कासिषतै, कासिषातै, कासताम्, अकासत, कासेत, कासिषीष्ट, अकासिष्ट, अकासिष्यत ॥ ६३७ [भासृ] दीप्तौ । भासते, बभासे ॥ ६३८, ६३९ [णासृ, रासृ] शब्दे । नासते, रासते, ररासे, रासितासे, रासिष्यते, रासिषतै, रासिषातै, रासताम्, अरासत, रासेत, रासिषीष्ट, अरासिष्ट, अरासिष्यत ॥ ६४० [णस] कौटिल्ये = कुटिलता । नसते, नेसे, नेसाते ॥ ६४१ [भ्यस] भये = डरना । भ्यसते, बभ्यसे ॥ ६४२ [आङः शासि] इच्छायाम् । इस धातु के पूर्व आङ् उपसर्ग इसलिये पढ़ा है कि इसी आङ् उपसर्ग का नियम रहे अन्य उपसर्ग इसके पूर्व न लगे । आशंसते, आशशंसे, आशंसिता, आशंसिष्ट ॥ ६४३, ६४४ [ग्रसु, ग्लसु] अदने = खाना । ग्रसते, ग्लसते, जग्रसे, जग्लसे, ग्रसिता, ग्रसिष्यते, ग्रासिषतै, ग्रासिषातै, ग्रसताम्, अग्रसत, ग्रसेत, ग्रसिषीष्ट, अग्रसिष्ट, अग्रसिष्यत ॥ ६४५ [ईह] चेष्टायाम् = क्रिया । ईहते, ईहाञ्चक्रे, ईहाम्बभूव, ईहामास, ईहितासे, ईहिष्यते, ईहिषतै, ईहिषातै, ईहताम्, ऐहत, ईहेत, ईहिषीष्ट, ऐहिष्ट, ऐहिष्यत ॥

---

१ प्रथम धातु भेड़िये के शब्द में और द्वितीय तृतीय अश्व के शब्द (हिनहिनाने) में प्रयुक्त होता है ।

६४६, ६४७ [वहि, महि] वृद्धौ = बढ़ना। वंहते, महते, ववंहे, वंहिता, वंहिष्यते, वंहिषतै, वंहिषातै, वहताम्, अवहत, वंहेत, वंहिषीष्ट, अवंहिष्यत॥ ६४८ [अहि] गतौ। अंहते, आनंहे, आनंहाते, अंहिता, अंहिष्यते, अंहिषतै, अहिषातै, अंहताम्, आहत, अहेत, अहिषीष्ट, आंहिष्ट, आंहिष्यत॥ ६४९, ६५० [गर्ह, गल्ह] कुत्सायाम् = निन्दा। गर्हते, गल्हते, जगर्हे, जगल्हे॥ [बर्ह बल्ह] प्राधान्ये = श्रेष्ठता। बर्हते, बबर्हे, बल्हते, बबल्हे॥ ६५३, ६५४ [वर्ह, वल्ह] परिभाषणहिंसाच्छादनेषु = बहुत बोलना, हिंसा और दबाना। वर्हते, वल्हते, पूर्व दोनो धातुओ और इन दोनो मे इतना ही भेद है कि पहिले दोनो मे पवर्गीय बकार और इन दोनो मे यवर्गीय वकार है॥ ६५५ [प्लिह] गतौ = चलना। प्लेहते, पिप्लिहे, प्लेहिता, प्लेहिष्यते, प्लेहिषतै प्लेहिषातै, प्लेहताम्, अप्लेहत, प्लेहेत, प्लेहिषीष्ट, अप्लेहिष्ट, अप्लेहिष्यत॥ ६५६–६५८ [वेहृ जेहृ बाहृ] प्रयत्ने = पुरुषार्थ। वेहते, विवेहे, विवेहिढ्वे, विवेहिध्वे, वेहिता, वेहिष्यते, वेहिषतै, वेहिषातै, वेहताम्, अवेहत, वेहेत, वेहिषीष्ट, वेहिषीढ्वम्, वेहिषीध्वम्, अवेहिष्ट, अवेहिढ्वम्, अवेहिध्वम्, अवेहिष्यत, जेहते, जिजेहे, अजेहिष्ट, बाहते, बबाहे॥ ६५९ [द्राहृ] निद्राक्षये = जागना। द्राहते, दद्राहे, दद्राहिढ्वे, दद्राहिध्वे, द्राहितासे, द्राहिषतै, द्राहिषातै, द्राहताम्, अद्राहत, द्राहेत, द्राहिषीष्ट, अद्राहिष्ट, अद्राहिढ्वम्, अद्राहिध्वम्, अद्राहिष्यत॥ निक्षेप इत्यन्ये। किन्ही लोगो के मत मे यह धातु धन रखने अर्थ मे है॥ ६६० [काशृ] दीप्तौ = प्रकाश होना। काशते, चकाशे, काशितासे, काशिष्यते, काशिषतै, काशिषातै, काशताम्, अकाशत, काशेत, काशिषीष्ट, अकाशिष्ट, अकाशिष्यत॥ ६६१ [ऊह] वितर्के = अनेक प्रकार के तर्क उठाना। ऊहते, ऊहाञ्चक्रे, ऊहाम्बभूव, ऊहामास,

ऊहिता, ऊहिष्यते, ऊहिषतै, ऊहिषातै, ऊहताम्, औहत, ऊहेत, ऊहिषीष्ट औहिष्ट, औहिढ्वम्, औहिध्वम्, औहिष्यत ॥ ६६२ [गाहू] विलोडने = बिलोना । यह भी धातु ऊदित् है । गाहते, गाहेते, गाहन्ते, गाहसे, गाहेथे, गाहध्वे, गाहे, गाहावहे, गाहामहे, जगाहे, जगाहाते, जगाहिरे, जगाहिषे, और जिस पक्ष मे (१४०) से इट नही होता वहा 'जगाह्+से' इस अवस्था मे—

२०३—हो ढः ॥ ८ । २ । ३१ ॥

झल् जिससे परे हो वा पदान्त मे जो हकार उस को ढकार आदेश हो । यहा गाह् धातु के हकार को ढकार होकर—

२०४–एकाचो बशो भष् झषन्तस्य स्ध्वोः ॥ ८ । २ । ३७ ॥

झलादि स और ध्व परे हो वा पदान्त मे धातु का अवयव जो झषन्त एकाच् [उसका अवयव] बश् प्रत्याहार मे कोई वर्ण हो उस को भष् आदेश हो । यहां गाह् धातु के 'बश्' गकार को 'भष्' घकार हो जाता है । बश् प्रत्याहार मे 'ब, ग, ड, द्' चार वर्ण हैं और भष् प्रत्याहार मे भी 'भ, घ, ढ, ध' चार वर्ण हैं इनका यथासंख्य क्रम[1] तो लगता है परन्तु 'ड' स्थानी के न होने से 'ढ' आदेश कहीं नहीं आता । अब 'जघाढ्+से' इस अवस्था मे+

२०५—षढोः कः सि ॥ ८ । २ । ४१ ॥

सकारादि प्रत्यय परे हो तो षकार और ढकार को ककार आदेश हो जावे । यहां ककार होकर—जघाक्+से = जघाक्षे, (५७) से षत्व होजाता है और इसी ककार षकार के सयाग को 'क्ष' बोलते हैं, परन्तु यह लिखने और बोलने की परिपाटी यथार्थ

१. यथासख्यमनुदेश. समानाम् (सन्धि ११२) सूत्रोक्त । स्थानेऽन्तरतम (सन्धि० ८४) से भी यह कार्य हो सकता है ।

नहीं, [1] ठीक तो यही है कि लिखने और बोलने में 'क्+ष्' के स्वरूप स्पष्ट विदित हों। जगाह्राथे, जगाहिढ्वे (१९१), जगाहिध्वे। और जिस पक्ष मे (१४०) से इट् का आगम नहीं होता वहां 'जघाढ्+ध्वे' इस अवस्था में तवर्ग 'ध्वे' के धकार को ढकार हो जाता है [2] पीछे—

२०६—ढो ढे लोपः ॥ ८ । ३ । १३ ॥

ढकार का लोप हो ढकार परे हो तो। इस से गाह् धातु के ढकार का लोप हो कर—जघाढ्वे, जगाहे, जगाहिवहे, जगाह्वहे, जगाहिमहे, जगाह्महे। 'लुट्'-गाहिता, गाहितारौ, गाहितारः, गाहितासे। अनिट् पक्ष म—गाह्+तास्+डा=गाढा, यहां (१४१) से तास् के तकार को धकार और (२०३) से ढत्व "ष्टुना ष्टुः" [2] से धकार को ढकार और प्रथम ढकार का (२०६) से लोप होता है। गाढारौ, गाढारः, गाढासे, गाढासाथे, गाढाध्वे, गाढाहे, गाढास्वहे, गाढास्महे, गाहिष्यते, गाहिष्येते, गाहिष्यन्ते। अनिट् पक्ष में —गाह्+स्य+ते=घाक्ष्यते, घाक्ष्येते, घाक्ष्यन्ते। गाहिषतै, गाहिषातै, गाह्+स्+अट्+त=घाक्षतै, घाक्षातै, गाहतै, गाहातै, गाहते, गाहाते, गाहताम्, अगाहत, गाहेत गाहिषीष्ट, घाक्षीष्ट, गाहिषीढ्वम्, गाहिषीध्वम्, घाक्षीध्वम्, अगाहिष्ट, अगाहिषाताम, अगाहिषत, [अगाहिष्ठाः, अगाहिषाथाम्,] अगाहिढ्वम्, अगाहिध्वम्। अनिट् पक्ष मे—अट्+गाह्+सिच्+त=अगाढ। यहा (१४२) से सिच्

१ हमारे विचार में 'क्ष' के लिखने और उच्चारण में जो दोष दर्शाया है वह ठीक नहीं है, 'क्ष' के उच्चारण मे स्पष्टतया 'क् ष्' वर्ण सुने जाते हैं, लिपि सारी सांकेतिक है अतः उसमे दोष दर्शाना भी उचित नही है।

२ ष्टुना ष्टुः (सन्धि० २१४) सूत्र से।

के सकार का लोप (१४१) से तकार को धकार और पूर्वोक्त रीति से सब काम जानो। अगाह्+सिच्+आताम्=अघाक्षा-ताम्, अघाक्षत, अगाह्+सिच्+थास्=अगाढाः, आघाक्षाथाम्, अघाढ्वम्, अघाक्षि, अघाक्ष्वहि, अघाक्ष्महि, अगाहिष्यत, अघा-क्ष्यत, अघाक्ष्येताम्, अघाक्ष्यन्त॥ ६६३ [गृहू] ग्रहणे = ग्रहण। गर्हते, जगृहे, जगृहाते, जगृहिरे। यह भी ऊदित् है; और गाहू के समान सब काम हकारान्त के होंगे। जगृहिषे, जघृक्षे, जगृहाथे, जगृहिढ्वे, जगृहिध्वे, जघृढ्वे, जगृहे, जगृहिवहे, जगृहि-महे, जगृह्महे, गर्हिता, गर्ढा, गर्ढारौ, गर्ढार, गर्ढासे, गर्हिष्यते, घर्क्ष्यते, घर्क्ष्येते, घर्क्ष्यन्ते, गर्हिषतै, गर्हिषातै, घर्क्षतै, घर्क्षातै, गर्हतै, गर्हातै, गर्हताम्, अगर्हत, गर्हत, गर्हिषीष्ट, घृक्षीष्ट (१६३) से कित्वत् हो जाने से गुण नहीं होता। गर्हिषीढ्वम्, गर्हिषीध्वम्, घृक्षीध्वम्, अगर्हिष्ट, अगर्हिषाताम्, अगर्हिषत, [अगर्हिष्ठाः, अगर्हिषाथाम्,] अगर्हिढ्वम्, अगर्हिध्वम्। अनिट् पक्ष में—'अट्+गृह+च्लि+त' इस अवस्था में—

२०७—शल इगुपधादनिटः क्सः॥ ३। १। ४५॥

इक् जिसकी उपधा में हो ऐसा जो शलन्त धातु उससे परे जो च्लि, प्रत्यय उसके स्थान में क्स आदेश हो। यह सूत्र (९०) का अपवाद है। क्स में से ककार की इत्सञ्ज्ञा होकर—अट्+गृह+स+त=अघृक्षत, अट्+गृह+स+आताम्, इस अवस्था में—

२०८—क्सस्याचि॥ ७। ३। ७२॥

क्स प्रत्यय का लोप हो अजादि प्रत्यय परे हो तो। यहां लोप-रूप आदेश अन्त्य अल् के स्थान में होता है। अट्+गृह+स्+आताम्=अघृक्षाताम्, अघृक्षन्त, अघृक्षथाः, अघृक्षाथाम्, अघृक्ष-ध्वम्, अट्+गृह+क्स+इट्=अघृक्षि। यहां भी अजादि इट्

प्रत्यय के परे क्स के अकार का लोप होजाता है। अघृक्षावहि, अघृक्षामहि, अगर्हिष्यत, अघक्ष्यत ॥ ६६४ [ग्लह] च। यह धातु भी ग्रहण अर्थ में ही है। ग्लहते, जग्लहे, ग्लहिता, ग्लहिष्यते, ग्लाहिषतै, ग्लाहिषातै, ग्लहताम्, अग्लहत, ग्लहेत, ग्लहिषीष्ट, अग्लहिष्ट, अग्लहिष्यत ॥ ६६५ [घुषि] कान्तिकरणे =इच्छा करना। घुषते, जुघुंषे, घुषिता, घुषिष्यते, घुषिषतै, घुंषिषातै, घुषताम्, अघुंषत, घुषेत, घुषिषीष्ट, अघुषिष्यत ॥ इति धुक्षादय उदात्ता अनुदात्तेत आत्मनेभाषा एकपञ्चाशत् समाप्ताः। ये धुक्ष आदि आत्मनेपदी ५१ (इक्यावन) धातु समाप्त हुए ॥

अथ [घुषिरादय.] परस्मैपदिनोऽष्टाशीतिः। अब ८८ (अट्ठासी) धातु परस्मैपदी कहते हैं। ६६६ [घुषिर्] अविशब्दने। इस शब्द का तीन प्रकार का अर्थ होता है। एक तो विशब्दन = प्रतिज्ञा, उसका निषेध, दूसरा अवि = भेड का शब्द होना और तीसरा वि = पक्षी के शब्द का निषेध अर्थात् अन्य प्राणी का शब्द होना। घोषति, जुघोष, घोषितासि, घोषिष्यति, घोषिषति, घोषिषाति, घोषतु, अघोषत्, घोषेत्, घुष्यात्, और इस धातु में इर् भाग की इत्संज्ञा होती है इस कारण (१३८) से च्लि के स्थान में अङ् विकल्प करके होता है—अघुष्+अङ्+तिप्=अघुषत्, अघुषाताम्, अघुषन्, अघुषः, अघुषतम्, अघुषत, अघुषम्, अघुषाव, अघुषाम। सिच् पक्ष में—अघोषीत्, अघोषिष्टाम्, अघोषिषु, अघोषिष्यत् ॥ ६६७ [अक्षू] व्याप्तौ = व्यापकता।

२०६—अक्षोऽन्यतरस्याम् ॥ ३ । १ । ७५ ॥

कर्तावाची सार्वधातुक परे हो तो अक्ष् धातु से श्नु प्रत्यय विकल्प करके होवे। यह सूत्र (१९) का अपवाद है, इस कारण पक्ष

में शप् ही होता है। श्नु प्रत्यय के शकार की इत्संज्ञा होकर—अक्ष्+नु+तिप्=अक्ष्णोति। यहां नु के उकार को (२१) से गुण होता है। अक्ष्णुतः, अक्ष्णुवन्ति। यहां (१५९) से श्नु प्रत्यय को उवङ् आदेश होता है। अक्ष्णोषि, अक्ष्णुथः, अक्ष्णुथ, अक्ष्णोमि, अक्ष्णुवः, अक्ष्णुमः, (२००) संयोग पूर्व होने से उकार का लोप विकल्प से नहीं होता। जिस पक्ष में श्नु प्रत्यय नहीं होता वहां शप्—अक्षति, अक्षतः, अक्षन्ति; आनक्ष, आनक्षतुः, आनक्षुः। यह भी धातु ऊदित् है इस कारण इट् का विकल्प होता है। आनक्षिथ। अनिट् पक्ष में—'आनक्ष्—थल्' इस अवस्था में—

२१०—स्कोः संयोगाद्योरन्ते च॥ ८। २। २९॥

पदान्त में वा झल् जिस से परे हो ऐसा जो संयोग उसके आदि के जो स् और क् हैं उनका लोप होवे। यहां संयोग का आदि ककार है और झल् थकार परे है, उस 'क्' का लोप होकर थल् के थकार को "ष्टुना ष्टुः"[1] सूत्र से ठकार हो जाता है—आनष्ठ, आनक्षथुः, आनक्ष, आनक्ष, आनक्षिव, आनक्ष्व, आनक्षिम, आनक्ष्म, अक्षिता, अक्षितारौ। अनिट् पक्ष में—अक्ष्+तास्+डा = अष्टा, अष्टारौ, अष्टारः; अक्षिष्यति, 'अक्ष्+स्य+तिप्' यहां (२१०) संयोगादि ककार का लोप मूर्धन्य ष् को (२०५) क और षत्व होकर—अक्ष्यति, अक्ष्यतः, अक्ष्यन्ति, अक्षिषति, अक्षिषाति, अक्षति अक्षाति, अक्ष्णवति, अक्ष्णवाति इत्यादि, अक्ष्णोतु, अक्ष्णुतात्, अक्ष्णुताम्, अक्ष्णुवन्तु (१५९), अक्ष्णुहि, यहां संयोगपूर्वक उकार के होने से हि का लुक् (२०१) से नहीं होता। अक्ष्णुतात्, अक्ष्णुतम्, अक्ष्णुत, अक्ष्णवानि, अक्ष्णवाव, अक्ष्णवाम। यहां आट् आगम के पित् (७४) होने से श्नु को

१. सन्धि० २१४॥

गुण होजाता है। अक्षतु, आक्ष्णोत्, आक्ष्णुताम्, आक्ष्णुवन्, आक्ष्णोः, आक्ष्णुतम्, आक्ष्णुत, आक्ष्णवम्, आक्ष्णुव, आक्ष्णुम; आक्षत्, अक्ष्णुयात्, अक्ष्णुयाताम्, अक्ष्णु+यासुट्+जस= अक्ष्णुयुः; यहां (८३) से इय् आदेश की प्राप्ति न होने से (८५) सूत्र से पररूप एकादेश होजाता है। अक्ष्णुयाः, अक्ष्णुयातम्, अक्ष्णुयात, अक्ष्णुयाम्, आक्ष्णुयाव, अक्ष्णुयाम, अक्षेत्, अक्षेताम् अक्षेयुः, अक्ष्यात्, अक्ष्यास्ताम्, अक्ष्यासुः, माभवानक्षीत्, अक्षिष्टाम्, अक्षिषुः। (१३३) से वृद्धि नहीं होती, और अनिट् पक्ष मे तो वृद्धि (१३२) से हो जाती है—[1] आकष्+सिच्+ईट+तिप्=आक्षीत्, आक्ष्+सिच्+तस्=आष्टाम्, यहां स्योगादि ककार का लोप (२१०) और सिच् के सकार का लोप (१४२) से होता है। [आक्षत,] आक्ष्+सिच्+ईट्+सिप्=आक्षीः, आष्टम्, आष्ट, आक्षम्, आक्ष्व, आक्ष्म, आक्षिष्यत्, आक्ष्यत्, आक्ष्य-

---

१ वदव्रजहलन्तस्याच (आ० १३२) सूत्र में योगविभाग करने से 'हलन्त' ग्रहण के विना भी कार्य चल सकता है। कैसे? 'वदिव्रज्यो' सूत्र मे पूर्व सूत्र से 'अत' की अनुवृत्ति आती है, अर्थ होगा—वद, व्रज धातु के अकार को सिच् परे वृद्धि हो। दूसरा सूत्र होगा—'अच', यहा अच् का विशेषण अङ्ग होगा। अर्थ होगा—अङ्ग के अच् को सिच् परे रहने पर वृद्धि होती है। इस प्रकार 'हलन्त' ग्रहण के विना भी कार्य चल सकता था, पुन हलन्त ग्रहण यहा हल् समुदाय की प्रतिपत्ति के लिये है। अन्यथा 'येन नाव्यवधानं तेन व्यवहितेऽपिवचनप्रामाण्यात्' नियम से अच् और सिच् के बीच मे जहां एक हल् का व्यवधान होता वहीं 'वृद्धि' हो सकती थी। अब हल्समुदाय का ग्रहण होने से "अरांक्षीत्, अभाक्षीत्" के सदृश 'माभवान् आक्षीत्, आष्टाम्, आक्षु' मे भी वृद्धि हो जाती है।

ताम्। आक्ष्यन्॥ ६६८, ६६९ [तक्षू, त्वक्षू] तनूकरणे = सूक्ष्म करना।

२११—तनूकरणे तक्षः॥ ३। १। ७६॥

कर्तावाची सार्वधातुक परे हो तो तनूकरण अर्थ मे वर्तमान तक्ष धातु से श्नु प्रत्यय विकल्प करके हो। यह सूत्र भी शप् का ही अपवाद है, और यह भी ऊदित् है, इसलिये सब लकारो मे इसका साधुत्व अक्षू धातु के समान जानना चाहिये। तक्ष्णोति, तक्ष्णुतः, तक्ष्णुवन्ति, तक्षति, ततक्ष, ततक्षतुः, ततक्षु, ततक्षिथ, ततष्ठ, तक्षिता, तष्टा, तष्टारौ, तष्टारः, तक्षिष्यति, तक्ष्यति, तक्षिषति, तक्षिषाति, तक्षति, तक्षाति, तक्ष्णवति, तक्ष्णवाति, तक्ष्णोतु, तक्षतु, अतक्ष्णोत्, अतक्षत्, तक्ष्णुयात्, तक्षेत्, तक्ष्यात्, अतक्षीत्, अतक्षिष्टाम्, अतक्षिषु, अताक्षीत्,[1] अताष्टाम्, अताक्षु, अतक्षिष्यत, अतक्ष्यत। "त्वक्षू" धातु के प्रयोग आर्धधातुक विषय मे ऊदित् के होने से तक्षू के तुल्य होते है, और सार्वधातुक मे कुछ विशेष नही। त्वक्षति, तत्वक्ष, तत्वक्षिथ, तत्वष्ट, त्वक्षिता, त्वष्टा, त्वक्षिष्यति, त्वक्ष्यति, त्वक्षिषति, त्वक्षिषाति, त्वक्षति, त्वक्षाति, त्वक्षतु, अत्वक्षत्, त्वक्षेत्, त्वक्ष्यात्, अत्वक्षीत्, अत्वाक्षीत्, अत्वाष्टाम्, अत्वाक्षुः, अत्वक्षिष्यत्, अत्वक्ष्यत्॥ ६७० [उक्ष] सेचने = सींचना। उक्षति, उक्षाञ्चकार, उक्षाम्बभूव, उक्षामास, उक्षिता, उक्षिष्यति, उक्षिषति, उक्षिषाति, उक्षतु, औक्षत्, उक्षेत्, उक्ष्यात्, औक्षीत्, औक्षिष्यत्॥ ६७१ [रक्ष] पालने। रक्षति, ररक्ष, रक्षिता, रक्षिष्यति, रक्षिषति, रक्षिषाति, रक्षतु, अरक्षत्, रक्षेत्, रक्ष्यात्, अरक्षीत्, अरक्षिष्यत्,॥ ६७२ [णिक्ष] चुम्बने = चूमना। निक्षति, निनक्ष॥ ६७३-६७५ [तृक्ष, ष्टृक्ष, णक्ष]

---

1. देखो, पृष्ठ १२३ की टिप्पणी।

गतौ । तृक्षति, ततृक्ष, स्तृक्षति, तस्तृक्ष, नक्षति, ननक्ष ॥ ६७६ [वक्ष] रोषे = रिसाना । वक्षति, ववक्ष, वक्षिता, वक्षिष्यति, वक्षिषति, वक्षिषाति, वक्षतु, अवक्षत्, वक्षेत्, वक्ष्यात्, अवक्षीत्, अवक्षिष्यत् । सङ्घात इत्यन्ये । किन्हीं लोगो के मत मे यह धातु संघात अर्थ में है ॥ ६७७ [मृक्ष] सङ्घाते । मृक्षति, ममृक्ष ॥ [म्रक्ष] इत्येके । किन्ही के मत मे यह धातु रेफवान् है, ऋकारवान् नही ६७८ [तक्ष] त्वचने = ढांपना । तक्षति ॥ [पक्ष] परिग्रह इत्येके = हठ करना । किन्ही का मत है । पक्षति, पपक्ष ॥. ६७९ [सूर्क्ष्य] आदरे = मान्य करना । सूर्क्ष्यति, सुसूर्क्ष्य ॥ ६८०–६८२ [काक्षि, वाक्षि, माक्षि] काङ्क्षायाम् = अभिलाषा । काङ्क्षति, वाङ्क्षति, माङ्क्षति ॥ ६८३–६८५ [द्राक्षि, ध्राक्षि, ध्वाक्षि] घोरवासिते च = पाप में वसना[1] द्राङ्क्षति, दद्राङ्क्ष, ध्राङ्क्षति, दध्राङ्क्ष, ध्वाङ्क्षति, दध्वाङ्क्ष ॥ ६८६ [चूष] पाने = चूसना । चूषति, चुचूष, चूषिता, चूषिष्यति, चूषिषति, चूषिषाति, चूषतु, अचूषत्, चूष्यात्, अचूषीत्, अचूषिष्यत् ॥ ६८७ [तूष] तुष्टौ = सन्तोष करना । तूषति, तुतूष ॥ ६८८ [पूष] वृद्धौ = बढ़ाना । पूषति, पुपूष ॥ ६८९ [मूष] स्तेये = चोरी । मूषति, मुमूष ॥ ६९१, ६९१ [लूष, रूष] भूषायाम् = शोभा । लूषति, रूषति, लुलूष, रुरूष ॥ ६९२ [शूष] प्रसवे = उत्पत्ति । शूषति, शुशूष ॥ ६९३ [यूष] हिंसायाम् । यूषति, युयूष ॥ ६९४ [जूष] च । जूषति, जुजूष ॥ ६९५ [भूष] अलङ्कारे = गहना । भूषति,

---

१. अन्य वृत्तिकार इसका अर्थ 'घोरवाशिते' पढ़ते है जिसका भाषार्थ 'क्रूर शब्द करना' है । कौवा का वाचक ध्वाक्ष शब्द इसी ध्वांक्षि धातु से बनता है ।

बुभूष, भूषिता, भूषिष्यति, भूषिषति, भूषिषाति, भूषतु, अभूषत्, भूषेत्, भूष्यात्, अभूषीत्, अभूषिष्यत् ॥ ६९६ [ऊष] रुजायाम् = रोग । ऊषति, ऊषाञ्चकार; ऊषाम्बभूव, ऊषामास ॥ ६९७ [ईष] उञ्छे = ऊछना । ईषति, ईषाञ्चकार, ईषाम्बभूव, ईषामास ॥ ६९८—७०७ [कष, खष, शिष, जष, झष, शष, वष, मष, रुष, रिष] हिंसार्थाः । इन सब मे शिष धातु अनिट् है[1] । कषति, चकाष, चकषतु, कषिता, कषिष्यति, काषिषति, काषिषाति, कषतु, अकषत्, कषेत्, कष्यात्, अकाषीत्, अकषीत्, अकषिष्यत्, खषति, चखाष, शेषति, शिशेष, शिशिषतु., शिशेषिथ, यहा (१४८) सूत्र के नियम से इट् हो जाता है नही तो प्राप्ति नही थी। शेष्टा, शेष्टारौ, शेष्टार', शेक्ष्यति, शेक्षति, शेक्षाति, शेषति, शेषाति, शेषतु, अशेषत्, शेषेत्, शिष्यात्। अट्+शिष+क्स+तिप्=अशिक्षत्, अशिक्षताम्, अशिक्षन्, अशिक्षः, अशिक्षतम्, अशिक्षत, अशिक्षम्, अशिक्षाव, अशिक्षाम,। यहा च्लि के स्थान मे क्स आदेश (२०७) से हो जाता है । अशिक्ष्यत् । जषति, जजाष, जेषतुः, जेषुः, जषिता, जषिष्यति, जाषिषति, जाषिषाति, जषतु, अजषत्, जषेत्, जष्यात्, अजाषीत्, अजषीत् । झषति, जझाष; शषति, शशाष, शेषतुः, वषति, ववाष, ववषतु., (१२८) से एत्वाभ्यासलोप का निषेध होता है। मषति, ममाष, मेषतु., रोषति, रुरोष, रेषति, रिरेष। य दोनो धातु सेट् ही है, परन्तु तकारादि आर्धधातुक मे विशेष है।

२१२—तीषसहलुभरुषरिषः ॥ ७ । २ । ४८ ॥

इषु, सह, लुभ, रुष और रिष धातुओ से परे जो तादि आर्ध-

---

१ सेट् धातुओ मे अनिट् शिष धातु का पाठ षान्त और परस्मैपद प्रकरण के अनुरोध से किया है ।

आतुक उसको इट् का आगम विकल्प करके हो। इस सूत्र मे प्राप्तविभाषा इसलिये है कि सर्वत्र नित्य इट् प्राप्त है उसका विकल्प विशेष विषय मे किया है। रोषिता, रोष्टा, रोष्टारौ, रोष्टारः, रेषिता, रेष्टा, रेषिष्यति, रेषिषति, रेषिषाति, रेषतु, अरेषत्, रेषेत, रिष्यात्, अरेषीत्, अरेषिष्यत् ॥ ७०८ [भष] भर्त्सने = धमकाना भषति, बभाष ॥ ७०९ [उष] दाहे = जलन । ओषति, ओषतः, ओषन्ति ।

२१३—उषविदजागृभ्योऽन्यतरस्याम् ॥ ३ । १ । ३८॥

उष, विद् और जागृ धातुओ से आम् प्रत्यय विकल्प करके हो लिट् लकार परे हो तो वेदविषय को छोडकर। यह बात सर्वत्र के लिये ध्यान मे रखनी चाहिये कि जिन-जिन एध आदि धातुओ से आम् प्रत्यय किया है वहा वहा सर्वत्र वेद मे आम् प्रत्यय का निषेध है, जैसे—एध् + एध् + एश् = इयेधे (१५३) इत्यादि प्रयोगो की योजना वैदिक प्रयोगो मे समझ लेना चाहिये । ओषाञ्चकार, उवोष, ऊषतु, और वेद मे भी "उवोष" ही होगा । ओषिता, ओषिष्यति, ओषिषति, ओषिषाति, ओषतु, औषत्, ओषेत्, उष्यात्, औषीत्, औषिष्यत्। ७१०—७१२ [जिषु, विषु, मिषु] सेचने = सीचना । जेषति, जिजेष । विष धातु अनिट् है[1] । वेषति, विवेष, विवेषिथ, विवेषिव, विवेषिम, वेष्टा, वेक्ष्यति, वेक्षति, वेक्षाति, वेषति, वेषाति, वेषतु, अवेषत्, वेषेत्, विष्यात्, अविष् + क्स + तिप् = अविक्षत्, अविक्षताम्, अविक्षन्, अवेक्ष्यत् ॥ ७१३

---

१. यह धातु भी शिष के सदृश षान्त प्रकरण के अनुरोध से यहां पढ़ी है ।

७१३ [पुष] पुष्टौ । अनिट् कारिका मे दिवादिगण[1] के पुष धातु का निर्देश किया है, इस कारण यह सेट् है । पोषति, पुपोष, पोषिता, पोषिष्यति, पोषिषति, पोषिषाति, पोषतु, अपोषत्, पोषेत्, पुष्यात्, अपोषीत्, अपोषिष्यत् ॥ ७१४—७१७ [श्रिषु, श्लिषु, प्रुषु, प्लुषु] दाहे । श्रेषति, श्लेषति, शिश्रेष, शिश्लेश, प्रोषति, पुप्रोष, प्लोषति, पुप्लोष, श्लिष धातु भी अनिट् व्यवस्था मे दिवादिगण[1] का ही पढ़ा है ॥ ७१८—७२० [पृषु, वृषु, मृषु] सेचने । पर्षति, वर्षति, मर्षति, पपर्ष, पपृषतुः, पपृषुः, पर्षिता, पर्षिष्यति, पर्षिषति, पर्षिषाति, पर्षति, पर्षाति, पर्षतु, अपर्षत्, पर्षेत्, पर्ष्यात्, अपर्षीत्, अपर्षिष्यत् । मृषु सहने च, इतरौ हिंसासंक्लेशनयोश्च । मृषु धातु के सहना और सीचना तथा पृषु, वृषु धातुओ के सींचना, हिंसा और संक्लेशन तीनो अर्थ है ॥ ७२१ [वृषु] संघर्षे = घिसना । घर्षति, जघर्ष ॥ ७२२ [हृषु] अलीके = झूठ । हर्षति, जहर्ष ॥ ७२३–७२६ [तुस, ह्रस, ह्लस, रस] शब्दे । तोसति, तुतोस, तोसिता, तोसिष्यति, तोसिषति, तोसिषाति, तोसतु, अतोसत्, तोसेत्, तुस्यात्, अतोसीत्, अतोसिष्यत्; ह्रसति, जह्रास; ह्लसति, जह्लास, रसति, ररास, रेसतु, रेसुः, रसिता, रसिष्यति, रासिषति, रासिषाति, रसतु, अरसत्, रसेत्, रस्यात्, अरसीत्, अरासीत्, अरसिष्यत्, ॥ ७२७ [लस] श्लेषणक्रीडनयो = मिलना और खेलना । लसति, ललास,

१ 'शिषि पिषि शुष्यति पुष्यति' मे श्यन् से निर्देश होने से । देखो भूमिका

लेसतु. ॥ ७२८ [घस्लृ] अदन = खाना । घसति,[3] जघास ।
जघस्—अतुस्, इस अवस्था मे—

३. काशिका ७ । २ । ६१ के "यो हि तासावसन्, असत्वाच्च नित्यानिट्" इत्यादि वचन से ज्ञात होता है कि घस् धातु का पाठ भ्वादि मे नही था । क्षीरस्वामी ने 'घस्लृ अदने इति केचित्' लिखा है इससे उसके मत में भी घस् का पाठ यहा नहीं है । भट्टभास्कर ने भी घास शब्द की सिद्धि मे 'बहुलं छन्दसि' से घस्लादेशका विधान किया है । अत जहा घस् धातु का प्रतिपदपाठ है वहीं इसका प्रयोग होता है । सायण के मतानुसार लिट् और आशिषिलिङ् में इस के प्रयोग नहीं होते । वह लिखता है—"इस धातु के सब प्रत्ययो में प्रयोग नहीं होते । अन्यथा 'लिट्यन्यतरस्याम्' (आ० २९९) से अद् को विकल्प से घस्लृ आदेश का विधान करना व्यर्थ हो जावे, क्योकि 'आद आदतु· आदु.' और 'जघास, जक्षतु. जक्षु" दो रूप बनाने इष्ट हैं । ये दोनों स्वतन्त्र धातुओ के बन ही जावेंगे फिर विकल्प विधान व्यर्थ है । अत जिस विषय में कोई ज्ञापक है या प्रतिपद विधान है वहीं इसका प्रयोग होता है । भ्वादिगण में पाठ शप् अर्थात् लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् मे, लृदित् करण अङ् मे और 'घसिश्च सान्तेषु' इत्यादि अनिट् कारिका में पाठ वलादि आर्धधातुक अर्थात् लुट्, लृट्, लृङ् मे ज्ञापक है ।" परन्तु सायण का यह लिखना अयुक्त है । लृदित् करण 'लुङ् सनोर्घस्लृ' (आ० ३०२) से विहित आदेश में और अनिट् कारिका मे पाठ 'क्मरच्' प्रत्यय मे चरितार्थ है । अत. ये दोनों 'लुङ्, लुट्, लृट्, लृङ्' के प्रयोगो मे ज्ञापक नही हो सकते । भ्वादि में पाठ पूर्वाचार्यों के मत मे नहीं है, इसलिये शप् में भी इसके प्रयोग नहीं होते । वस्तुत. वैयाकरण सिद्धान्त के अनुसार भाषा में लिट्, लुङ्, सन्, घञ्, अप्, अच् और क्मरच् प्रत्ययों में ही घस्लृ के प्रयोग होते हैं ।

२१४—गमहनजनखनघसां लोपः क्ङिन्त्यनङि ॥ ६ । ४ । ९८ ॥

गम, हन, जन, खन और घस् धातुओं के उपधा आकार का लोप हो अङ्भिन्न अजादि कित् ङित् प्रत्यय परे हो तो। यहां घकारस्थ अकार का लोप होकर (एकाच् न होने से द्विर्वचन की प्राप्ति नहीं होती, इसलिये ' द्विर्वचनेऽचि'' (२४५) से स्थानीरूप मानकर द्विर्वचन होता है तत्पश्चात्) ''खरि च''[1] सूत्र से 'घ्' को 'क्' करते समय ''अच परस्मिन् पूर्वविधौ''[2] सूत्र से अकार को स्थानिवत् होने से चर् आदेश न हो सके, सो ''न पदान्त०''[3] सूत्र से चर्विधि में स्थानिवत् का निषेध होकर चर् होता है। पीछे षत्व[4] होकर—जक्षतुः, जक्षुः। जघस्-थल्, इस अवस्था में—

२१५—उपदेशेऽत्वतः ॥ ७ । २ । ६२ ॥

तास् प्रत्यय के परे नित्य अनिट् उपदेश में जो अकारवान् धातु है उस से परे जो थल् उसको इट् का आगम न हो। (१४८) सूत्र के नियम से लिट् मात्र में इट् प्राप्त है उसका विशेष विषय में यह अपवाद है। जघस्थ। और भारद्वाज के मत में ऋकारान्तों को तास्वत्कार्य के नियम (१४९) से उपदेश में अकारवान् और अजन्तों को इडागम हो जाता है। जघसिथ, जक्षथुः, जक्ष, जघास, जघस, जक्षिव, जक्षिम, घस्ता, घस्तारौ, घस्तारः। घस् + स्य + तिप्, इस अवस्था में—

२१६—सः स्यार्धधातुके ॥ ७ । ४ । ४९ ॥

सकारादि आर्धधातुक प्रत्यय परे हो तो सकार को तकार आदेश हो। यहां घस् के सकार को तकार होकर—घत्स्यति,

१ सन्धि० २३५। २ सन्धि० ९१। ३ सन्धि० ९२।
४ यहां ''शासिवसिघसीनां च'' (आ० २८४) से षत्व होता है।

घत्स्यतः, घत्स्यन्ति, घत्स्यसि, घात्सति, घात्साति, घत्सति, घत्साति, घसति, घसाति, घसतु, अघसत्, घसेत्, घस्यात् ।

२१७–पुषादिद्युताद्यॢदितः परस्मैपदेषु* ॥३।१।५५॥

दिवादिगण के पुष आदि, द्युतादि और ॡ जिनका इत् गया हो उन धातुओं से परे जो च्लि प्रत्यय उसके स्थान में अङ् आदेश हो परस्मैपद विषय में कर्ता विषय मे लुङ् लकार परे हो तो । यहां ॡदित् घस् धातु से अङ् होकर—अट्+घस्+अङ्+तिप्= अघसत्, अघसताम्, अघसन्, अघसः, अघसतम्, अघसत, अघसम्, अघसाव, अघसाम; अघत्स्यत्, अघत्स्यताम्, अघत्स्यन् ।

७२९—७३१. [जर्ज, चर्च, झर्झ] [1] परिभाषणहिंसातर्जनेषु=

* इस सूत्र मे इस भ्वादिगण के पुषादि धातुओं का ग्रहण इस कारण नहीं होता कि पुषादि के अन्तगत द्युतादि धातु भी आजाते फिर द्युतादि ग्रहण ज्ञापक से दिवादिगण के पुषादिको का ग्रहण होता है ।

१ ऊष्मान्त प्रकरण में इन चवर्गीयान्तो का पाठ अयुक्त है । सायण लिखता है—'ऊष्मान्तों में पाठ अर्थ के अनुरोध से है यह मैत्रेय का मत है ।' अर्थानुरोध हेतु तभी उपपन्न हो सकता है जब इन्ही अर्थों में उष्मान्त के साथ अन्य धातुए पढी जावें । यहां इस अर्थ वाली ऊष्मान्त धातु कोई नही । क्षीरस्वामी ने यहा पर अनेक पाठान्तर लिखे हैं उनमे चान्द्र और दुर्ग के मत में 'जर्त्स' पाठ लिखा है । यदि 'जर्ज' के स्थान पर 'जर्त्स' पाठ ठीक मान लिया जाय तो ऊष्मान्त प्रकरण की संगति और अर्थानुरोध से अन्य दो धातुओ का पाठ यहां पर उपपन्न हो सकता है । क्षीरस्वामी पाठान्तरो का निर्देश करके लिखता है—"किमत्र सत्यम्? देवा ज्ञास्यन्ति" । यहां अर्थनिर्देश भी भिन्न-भिन्न उपलब्ध होता है । क्षीरस्वामी केवल 'परिभाषण' अर्थ लिखता है, मैत्रेय 'परिभाषण, संतर्जन' दो अर्थ मानता है और सायणादि अर्वाचीन 'परिभाषण, हिंसा, तर्जन' तीन अर्थ लिखते हैं ।

अधिक बोलना, हिसा और धमकाना। जर्जति, जजर्ज, जर्जिता जर्जिष्यति, जर्जिषति, जर्जिषाति, जर्जतु, अजर्जत्, जर्जेत्, जर्ज्यात्, अजर्जीत्, अजर्जिष्यत्, चर्चति, झर्झति, जझर्झ॥ ७३२, ७३३ [पिसृ, पेसृ] गतौ। पेसति, पिपेस, पिपिसतुः, पिपेसतुः, पेसिता, पेसिष्यति, पेसिषति, पेसिषाति, पेसतु, अपेसत्, पेसेत्, पिस्यात्, अपेसीत्, अपेसिष्यत् ॥ ७३४ [हसे] हसने = हँसना। इस धातु का एकार इत् जाता है। हसति, जहास, जहसतुः, हसिता, हसिष्यति, हासिषति, हासिषाति, हसतु, अहसत्, हसेत्, हस्यात्, अहसीत् (१६२), अहसिष्यत्॥ ७३५ [णिश] समाधौ = समाहित होना। नेशति, निनेश, नेशिता, नेशिष्यति, नेशिषति, नेशिषाति, नेशतु, अनेशत्, नेशेत्, निश्यात्, अनैशीत्, अनेशिष्यत् ॥ ७३६, ७३७ [मिश, मश] शब्दे रोषकृते च = शब्द और रिस करना। मेशति, मशति, ममाश, मेशतुः, मशिता, मशिष्यति, माशिषति, माशिषाति, मशतु, अमशत, मशेत्, मश्यात्, अमाशीत्, अमशीत्, अमशिष्यत् ॥ ७३८ [शव][1] गतौ। शवति[2], शशाव, शेवतुः, अशावीत्, अशवीत्, अशविष्यत्॥ ७३९ [शश] प्लुतगतौ = कूद कूद कर चलना। शशति, शशाश, शेशतुः, अशाशीत्, अशशीत् ॥ ७४० [शसु] हिंसायाम्। शसति, शशास,

१. शकारवान् धातुओ का प्रकरण होने से ऊष्मान्तो में शव धातु पढी है ऐसा मैत्रेय का मत है।

२. शव धातु के तिङन्त प्रयोग आर्य नही करते, कम्बोज में इन का प्रयोग होता है। देखो महाभाष्य अ० १, पाद १, आ० १—शवति गति कर्मा कम्बोजेष्वेव भाष्यते। विकार एवेनमार्या भाषन्ते शव इति। ऐसा ही निरुक्त २। २ में भी लिखा है।

शशसतुः, (१२८) एत्वाभ्यास लोप का प्रतिषेध हो जाता है। शशसुः, शशसिथ, अशासीत्, अशसीत्॥ ७४१ [शंसु] स्तुतौ = गुणो का वर्णन[1]। शंसति, शशंस, अशंसीत्॥ ७४२ [चह] परिकल्कने = सर्वथा मूर्खपन। चहति, चचाह, चेहतुः, चेहु, चहिता, चहिष्यति, चाहिषति, चाहिषाति, चहतु, अचहत्, चह्यात्, अचहीत् (१६२), अचहिष्यत्॥ ७४३ [मह] पूजायाम् = सत्कार। महति, ममाह, ममेहतुः, अमहीत्॥ ७४४ [रह] त्यागे = छोडना। रहति, रराह, रेहतुः, रहिता, रहिष्यति, राहिषति, राहिषाति, रहतु, अरहत्, रहेत्, रह्यात्, अरहीत् (१६२), अरहिष्यत्॥ ७४५ [रहि] गतौ। रंहति, ररंह, रह्यात्॥ ७४६—७४९ [दृह, दृहि, बृह, बृहि] वृद्धौ। दर्हति, दृंहति, बर्हति, बृंहति, ददर्ह, ददृहतुः, दर्हिता, दर्हिष्यति, दर्हिषति, दर्हिषाति, दर्हतु, अदर्हत्, दर्हेत्, दृह्यात्, अदर्हीत्, अदर्हिष्यत्। [बृहि] शब्दे च। बृंहति॥ [बृहिर्] इत्येके। बर्हति, बबर्ह, अबृहत्। (१३८), अबर्हीत्॥ ७५०—७५२ [तुहिर्, दुहिर्, उहिर्] अर्दने = गति और मांगना। तोहति, तुतोह, तुतुहतुः, तोहिता, तोहिष्यति, तोहिषति, तोहिषाति, तोहतु, अतोहत्, तोहेत्, तुह्यात्, अतुहत्, अतोहीत्, अतोहिष्यत्, दोहति, दुदोह, अदुहत्, अदोहीत्। अनिट्व्यवस्था मे जो दुह धातु पढा है वह दिह धातु के साहचर्य से अदादि का समझना चाहिये। ओहति, उवोह, ऊहतु, ओहिता, मा भवानुहत्, ओहीत्, औहिष्यत्॥ ७५३ [अह] पूजायाम् = सत्कार।

---

१. सत्यार्थप्रकाश मे स्तुति का लक्षण 'गुणेषु गुणारोपण, दोषेषु दोषारोपण च स्तुति' किया है। समु० ४, पृ० ६१। आर्योद्देश्यरत्नमाला स० २१ और स्वमन्तव्यामन्तव्यप्रकाश स० ४८ मे भी स्तुति का लक्षण देखना चाहिये।

अर्हति, आनर्ह, आनर्हतुः, आनर्हुः, अर्हिता, अर्हिष्यति, अर्हिषति, अर्हिषाति, अर्हतु, आर्हत्, अर्हेत्, अर्ह्यात्, आर्हीत्, आर्हिष्यत् ॥ इति घुषिरादय उदात्ता उदात्तेत. परस्मैभाषाः समाप्ताः। ये घुषिर् आदि ८८ धातु समाप्त हुए ॥

अथ [द्युतादयः] कृपू-पर्यन्ताः पञ्चविंशत्यात्मनेपदिनः । अब २५ धातु आत्मनेपदी कहते है ॥ ७५४ [द्युत] दीप्तौ = प्रकाश होना । द्योतते । द्युत्—द्युत्—एश् । इस अवस्था मे—

२१८—द्युतिस्वाप्योः संप्रसारणम् ॥

७ । ४ । ६७ ॥

द्युति और स्वापि धातु के अभ्यास को सम्प्रसारण हो। इस सूत्र मे णिच् प्रत्ययान्त स्वापि धातु का ग्रहण है। सो णिजन्त-प्रक्रिया मे आवेगा। द्यु–द्युत–एश्, यहा प्रथम द्यु के यकार के स्थान मे 'इ' संप्रसारण होकर—'द्+इ+उ+द्युत्+एश्'—

२१९—संप्रसारणाच्च ॥ ६ । १ । १०६ ॥

संप्रसारण से अच् परे हो तो पूर्व पर के स्थान मे पूर्वरूप एकादेश होवे। यहा 'इ' संप्रसारण से परे उकार को पूर्वरूप होकर—दि+द्युत्+एश् = दिद्युते, दिद्युताते, दिद्युतिरे, द्योतितासे, द्योतिष्यते, द्योतिषतै, द्योतिषातै, द्योतताम्, अद्योतत, द्योतत, द्योतिषीष्ट ।

२२०—द्युद्भ्यो लुङि ॥ १ । ३ । ९१ ॥

द्युत आदि धातुओ से परे जो लुङ् लकार उसके स्थान में परस्मैपद सज्ञक प्रत्यय विकल्प करके हो। ये द्युत आदि धातु सामान्य करके आत्मनेपदी हैं, लुङ् मे परस्मैपद किसी से प्राप्त नहीं, इस कारण इस सूत्र मे अप्राप्त विभाषा है। फिर परस्मैपद विषय मे अङ् होकर—अद्युतत्, अद्युतताम्, अद्युतन्, अद्युतः, अद्युत-

तम्, अद्युतत, अद्युतम्, अद्युताव, अद्युताम। आत्मनेपद पक्ष में—अद्योतिष्ट, अद्योतिषाताम्, अद्योतिषत, अद्योतिष्यत। यहां से लेकर कृपू धातु पर्यन्त सब धातुओं में (२२०) (२१७) ये दोनों सूत्र लुङ् लकार में लगा करेंगे॥ ७५५ [ष्विता] वर्णे = श्वेतवर्ण। इस धातु का आकार इत्संज्ञक होता है उसका फल कृदन्त, मे आवेगा। श्वेतते, शिश्विते, श्वेतितासे, श्वेतिष्यते, श्वेतिषतै, श्वेतिषातै, श्वेतताम्, अश्वेतत, श्वेतेत, श्वेतिषीष्ट, अश्वितत्, अश्वेतिष्ट, अश्वेतिष्यत॥ ७५६ [ञिमिदा]* स्नेहने = प्रीति। यहा (१५०) सूत्र से ञि की इत्सञ्ज्ञा और आकार भी इस धातु का इत् जाता है। मेदते, मिमिदे, मिमिदाते, मिमिदिरे, मेदिता, मेदिष्यते, मेदिषतै, मेदिषातै, मेदताम्, अमेदत, मेदेत, मेदिषीष्ट, अमिदत्, अमेदिष्ट, अमेदिष्यत॥ ७५७ [ञिष्वि-

* इस धातु पर जो भट्टोजिदीक्षित ने "मिदेर्गुणः" सूत्र लगाया है सो सर्वथा व्यर्थ है, क्योंकि यह सूत्र दिवादिगण के मिद धातु से श्यन् प्रत्यय के अपित् होने से (५१) गुण प्राप्त नहीं होता, वहां लगता है। और काशिकाकार ने भी दिवादिगण के ही उदाहरण इस सूत्र पर दिये हैं। और लिट् लकार प्रथमपुरुष एकवचन "एश" मे शित्करण सर्वादेशार्थ है, गुण होने के लिये नहीं[1]। और यह बात कभी नहीं हो सकती कि जो अन्त मे शित् हो उसको शित् कार्य न हो, क्योंकि चानश् आदि की सार्वधातुक सञ्ज्ञा होती है। इस कारण एश् मे भी गुण की प्राप्ति नहीं हो सकती फिर यह सूत्र इस धातु पर लिखना अत्यन्त विरुद्ध है।

१ वस्तुत. 'एश्' में उक्त सूत्र से गुण की प्राप्ति ही नहीं होती, क्योंकि यहा 'शिति' पद की अनुवृत्ति है। यस्मिन् विधिस्तदादावल्ग्रहणे (पारि० ३३) नियम से शित् जिसके प्रारम्भ में होगा उसी के परे गुण होगा। एश् में शित् आदि में नहीं है, अन्त मे है।

दा] स्नेहनमोचनयोः = प्रीति और छोड़ देना। यहां भी पूर्ववत् ञि और आ इत् जाते हैं। स्वेदते, सिष्विदे, अस्विदत्, अस्वेदिष्ट, अस्वेदिष्यत ॥ [ञिक्ष्विदा] इत्येके। क्ष्वेदते, चिक्ष्विदे, अक्ष्विदत्, अक्ष्वेदिष्ट ॥ ७५८ [रुच] दीप्तावभिप्रीतौ च = प्रकाश और अत्यन्त प्रीति। रोचते, रुरुचे, रुरुचाते, रुरुचिरे, रोचितासे, रोचिष्यते, रोचिषतै, रोचिषातै, रोचताम्, अरोचत, रोचेत, रोचिषीष्ट, अरुचत्, अरोचिष्ट, अरोचिष्यत ॥ ७५९ [घुट] परिवर्तने = सब ओर से वर्तना। घोटते, जुघुटे, घोटितासे, घोटिष्यते, घोटिषतै, घोटिषातै, घोटताम्, अघोटत, घोटेत, घोटिषीष्ट, अघुटत्, अघोटिष्ट, अघोटिष्यत ॥ ७६०–७६३ [रुट, लुट, लुठ, उठ] उपघाते = मारना रोटते, रुरुटे, लोटते, लुलुटे, लोठते, लुलुठे, ओठते, ऊठे, ऊठाते, ऊठिरे, अरुटत्, अरोटिष्ट, अलुटत्, अलोटिष्ट, अलुठत्, अलोठिष्ट, औठत्, औठिष्ट ॥ ७६४ [शुभ] दीप्तौ। शोभते, शुशुभे, शोभितासे, शोभिष्यते, शोभिषतै, शोभिषातै, शोभताम्, अशोभत, शोभेत, शोभिषीष्ट, अशुभत, अशोभिष्ट, अशोभिष्यत॥ ७६५ [क्षुभ] संचलने = चलायमान होना। क्षोभते चुक्षुभे, अक्षुभत्, अक्षोभिष्ट॥ ७६६, ७६७ [णभ, तुभ] हिंसायाम्। नभते, नेभे, नेभाते, नेभिरे, नभितासे, नभिष्यते, नाभिषतै, नाभिषातै, नभताम्, अनभत, नभेत, नभिषीष्ट, अनभत्, अनभिष्ट, अनभिष्यत्, अतुभत्, अतोभिष्ट ॥ ७६८—७७० [स्रंसु, ध्वंसु, भ्रंसु] अवस्रंसने = गिरना। ध्वसु गतौ च। स्रंसते, सस्रंसे, ध्वंसते, दध्वंसे, भ्रंसते, बभ्रंसे। लुङ् लकार मे अङ् प्रत्यय के परे (१३९) सूत्र से नकार के अनुस्वार का लोप होकर—अस्रसत्, अस्रंसिष्ट, अध्वसत्, अध्वंसिष्ट, अभ्रसत्, अभ्रंसिष्ट ॥ ७७१, ७७२ [भ्रशु, भ्रंशु] अधःपतने = नीचे गिरना। भ्रशते, भ्रंशते, बभ्रशे, बभ्रंशे, भ्रशितासे, भ्रशिष्यते, भ्राशिषतै, भ्राषिशातै, भ्रशताम्,

अभ्रशत, भ्रशेत, भ्रशिषीष्ट, अभ्रशत्, अभ्रशिष्ट, अभ्रशत्, अभ्रंशिष्ट, अभ्रशिष्यत ॥ ७७३ [स्रंभु] विश्वासे । स्रम्भते, सस्रम्भे, अस्रभत्, अस्रम्भिष्ट ॥ ७७४ [वृतु] वर्तने = वर्तना । वर्तते, वर्तेते, वर्तन्ते, वर्तसे, वर्तेथे, वर्तध्वे, वर्ते, वर्तावहे, वर्तामहे; ववृते, ववृताते, ववृतिरे, ववृतिषे, ववृताथे, ववृतिध्वे, ववृते, ववृतिवहे, ववृतिमहे, वर्तितासे ।

२२१—वृद्भ्यः स्यसनोः ॥ १ । ३ । ९२ ॥

वृतु आदि पाच धातुओं से परे स्य और सन् प्रत्यय के विषय मे परस्मैपद सञ्ज्ञक प्रत्यय विकल्प करके हो । यहा लृट् लकार मे परस्मैपद तिप् आदि होकर—'वृत्+स्य+तिप्' इस अवस्था मे इट् का आगम प्राप्त है इसलिये—

२२२—न वृद्भ्यश्चतुर्भ्यः ॥ ७ । २ । ५९ ।

वृतु आदि चार धातुओं से परे जो सकारादि आर्धधातुक उसको इट् का आगम न हो परस्मैपद विषय मे । फिर (५२) से गुण होकर—वर्त्स्यति, वर्त्स्यतः, वर्त्स्यन्ति । जिस पक्ष मे परस्मैपद प्रत्यय नही होते वहा—वर्त्तिष्यते, वर्तिष्येते, वर्तिष्यन्ते, वर्तिषतै, वर्तिषातै, वर्तताम्, वर्तेताम्, वर्तन्ताम्, अवर्तत, वर्तेत, वर्तिषीष्ट, अवृतत्, अवर्तिष्ट, अवर्त्स्यत्, अवर्तिष्यत ॥ ७७५ [वृधु] वृद्धौ = बढना । ७७६ [शृधु] शब्दकुत्सायाम् = निन्दित शब्द होना । इन दोनो धातुओं मे वृतु के समान साधुत्व जानो । वर्धते, वर्धेते, वर्धन्ते, ववृधे, वर्धितासे, वर्त्स्यति । यहा दन्त्योष्ठ्य वकार के होने से भकार (२०४) नही होता । वर्धिष्यते, वर्धिषतै, वर्धिषातै, वर्धताम्, अवर्धत, वर्धेत, वर्धिषीष्ट, अवृधत्, अवर्धिष्ट, अवर्त्स्यत्, अवर्धिष्यत, शर्धते, शशृधे, शर्त्स्यति, शर्धिष्यते, अशृधत्, अशर्धिष्ट, अशर्त्स्यत्, अशर्धिष्यत ॥ ७७७ [स्यन्दू]

प्रस्रवणे=झरना। यह धातु ऊदित् है इस कारण वलादि आर्धधातुक विषय मे इट् का आगम विकल्प से (१४०) होता है। स्यन्दते, स्यन्देते, सस्यन्दे, सस्यन्दाते, सस्यन्दिरे, सस्यन्दिषे, सस्यन्त्से, सस्यन्दाथे, सस्यन्दिध्वे, सस्यन्ध्वे, सस्यन्द्ध्वे। यहां "झरो झरि सवर्णे[1]" इस सूत्र से 'न्' से परे दकार का लोप विकल्प करके होता है। सस्यन्दे, सस्यन्दिवहे, सस्यन्दिमहे, सस्यन्द्वहे, सस्यन्महे। यहां दकार को अनुनासिक "यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा [प्रत्यये भाषायां नित्यवचनम्"][2] वार्तिक से नित्य करके होता है। स्यन्दिता, स्यन्दितारौ, स्यन्दितारः, स्यन्दितासे, स्यन्ता। यहां भी "झरो झरि०" सूत्र से दकार लोप होता है, और लृट् मे स्य प्रत्यय के परे परस्मैपद (२२१) होकर (१४०) सूत्र अन्तरङ्ग भी है तो भी उस के विकल्प का बाधकर (२२२) सूत्र मे चतुर्ग्रहण सामर्थ्य से परस्मैपद विषय मे निषेध ही होता है। स्यन्त्स्यति, स्यन्दिष्यते, स्यन्त्स्यते, स्यन्दिषतै, स्यन्दिषातै, स्यन्त्सतै, स्यन्त्सातै, स्यन्दताम्, अस्यन्दत, स्यन्देत, स्यन्दिषीष्ट, स्यन्त्सीष्ट, अट्+स्यन्द्+अङ्+तिप्=(२२०)(२१७)(१३६) अस्यदत्, अस्यदताम्, अस्यदन्। आत्मनेपद विषय में—अस्यन्दिष्ट, अस्यन्दिषाताम्; अनिट्पक्ष मे—अस्यन्त, अस्यन्त्साताम्, अस्यन्त्सत, अस्यन्थाः, अस्यन्त्साथाम्, अस्यन्ध्वम्, अस्यन्त्सि, अस्यन्त्स्वहि, अस्यन्त्स्महि, अस्यन्त्स्यत्, अस्यन्दिष्यत, अस्यन्त्स्यत॥ ७७८ [कृपू] सामर्थ्ये=समर्थ होना।

२२३—कृपो रो लः॥ ८। २। १८॥

कृप धातु के गुण हुए और ऋकारान्तर्गत जो रेफ है उन दोनों को लकार आदेश होता है। यहां ऋकार में जितना अंश रेफ का

---

1 सन्धि० २४३। 2 सन्धि० २२०।

है उसको ल होकर क्लृप् धातु होता है। फिर गुण (५२) होकर—कल्पते, कल्पेते, कल्पन्ते, चक्लृपे, चक्लृपाते, चक्लृपिरे। यह भी धातु ऊदित् है, इस कारण इडागम भी विकल्प से होता है। चक्लृपिषे, चक्लृप्से, चक्लृपिध्वे, चक्लृब्ध्वे, चक्लृपिवहे, चक्लृप्वहे, चक्लृपिमहे, चक्लृप्महे।

२२४—लुटि च क्लृपः ॥ १ । ३ । ९३ ॥

लुट् लकार स्य और सन् प्रत्यय परे हो तो क्लृप् धातु से परस्मैपद संज्ञक प्रत्यय विकल्प करके होवें। यहां परस्मैपद पक्ष में—

२२५—तासि च क्लृपः ॥ ७ । २ । ६० ॥

क्लृप् धातु से परे जो तास् और सकारादि आर्धधातुक प्रत्यय उन को इट् का आगम न होवे परस्मैपद विषय में। कल्प्ता, कल्प्तारौ, कल्प्तारः, कल्प्तासि, [आत्मनेपद इट् पक्ष में—कल्पिता, कल्पितारौ, कल्पितारः,] कल्पितासे। [अनिट् पक्ष में—कल्प्ता, कल्प्तारौ, कल्प्तारः,] कल्प्तासे, कल्प्स्यति, कल्पिष्यते, कल्प्स्यते, कल्पिषतै, कल्पिषातै, कल्प्सतै, कल्प्सातै, कल्पताम्, अकल्पत, कल्पेत, कल्पिषीष्ट, कल्प्सीष्ट, अक्लृपत्, अकल्पिष्ट, अक्लृप्त (१४२) सकार का लोप होता है। अकल्प्स्यत्, अकल्पिष्यत, अकल्प्स्यत। "वृत्" सम्पूर्णो द्युतादिर्वृतादिश्च। ये द्युत आदि और वृतु आदि २५ धातु समाप्त हुए॥

अथ [घटादयस्] त्वरत्यन्ता [त्रयोदश] आत्मनेपदिनः। अब त्वर धातु पर्यन्त १३ धातु आत्मनेपदी कहते हैं॥ ७७९ [घट] चेष्टायाम्। घटते, जघटे, जघटाते, घटितासे, घटिष्यते, घटिषतै, घटिषातै, घटताम्, अघटत, घटेत, घटिषीष्ट, अघटिष्ट, अघटिष्यत॥ ७८० [व्यथ] भयसञ्चलनयोः= डरना और चंचल होना। व्यथते, व्यथेते, व्यथन्ते।

२२६—व्यथो लिटि ॥ ७ । ४ । ६८ ॥

व्यथ धातु के अभ्यास को सम्प्रसारण हो लिट् लकार परे हो तो । व्यथ् के 'य्' को इ सम्प्रसारण होके (२१९) से पूर्वरूप एकादेश होता है । विथ्+व्यथ्+एश्=विव्यथे, विव्यथाते, विव्यथिरे, व्यथितासे, व्यथिष्यते, व्याथिषते, व्याथिषाते, व्यथताम्, अव्यथत, व्यथेत, व्यथिषीष्ट, अव्यथिष्ट, अव्यथिष्यत ॥ ७८१ [प्रथ] प्रख्याने [1]=प्रसिद्धि । प्रथते, पप्रथे, अप्रथिष्ट ॥ ७८२ [प्रस] विस्तारे । प्रसते, पप्रसे ॥ ७८३ [म्रद] मर्दने= मलना । म्रदते, मम्रदे ॥ ७८४ [स्खद] स्खदने=दौड़ना । स्खदते, चस्खदे ॥ ७८५ [क्षजि] गतिदानयो =गति और देना । क्षञ्जते, चक्षञ्जे ॥ ७८६ [दक्ष] गतिहिंसनयो.= गति और मारना । दक्षते, ददक्षे, दक्षितासे, दक्षिष्यते, दक्षिषते, दक्षिषाते, दक्षताम्, अदक्षत, दक्षेत, दक्षिषीष्ट, अदक्षिष्यत ॥ ७८७ [क्रप] कृपायां गतौ च । क्रपते, क्रपेते, क्रपन्ते, चक्रपे ॥ ७८८—७९० [कदि, क्रदि, क्लदि] वैक्लव्ये । वैकल्य इत्यन्ये=विविध प्रकार की गति और सख्या [2]। ये तीनो धातु तवर्गान्तो मे परस्मैपदी आह्वान और रोदन अर्थ मे लिख चुके है

---

१ सत्यार्थप्रकाश प्रथम समुल्लास मे पृथिवी शब्द के निर्वचन और उणादिकोष १ । १३७, १५० की वृत्ति मे 'प्रथ' धातु का विस्तार अर्थ लिखा है । उणादिकोष के प्रथम सस्करण मे सूत्र १ । २८ की वृत्ति में 'प्रथते कीर्ति वा विस्तारयति विस्तृत. पदार्थो वा' पाठ था, परन्तु द्वितीय सस्करण मे किसी मूढ़ सशोधक ने ' प्रख्यापयति प्रख्यात. पदार्थो वा' पाठ बना दिया ।

२ 'निर्बलता और घबराहट' अर्थ होना चाहिये ।

फिर इन का यहां लिखना मित्सञ्ज्ञा, अर्थभेद और आत्मनेपद[1] आदि के लिये है और इस प्रकरण मे 'घट धातु से लेकर फण, गतौ पर्यन्त' मे बहुत ऐसे धातु लिखे है जिन मे से किन्ही को पूर्व लिख चुके, कोई आगे के गणो मे आवेंगे और बहुतेरे ऐसे भी हैं जो कही नही आवेगे। मित् सञ्ज्ञा का गण सूत्र इसी प्रकरण मे आगे लिखा है। कन्दते, क्रन्दते, क्लन्दते, चकन्दे, चक्रन्दे, चक्लन्दे, कन्दितासे, कन्दिष्यते, कन्दिषतै, कन्दिषातै, कन्दताम्, अकन्दत, कन्देत, कन्दिषीष्ट, अकन्दिष्ट, अकन्दिष्यत ॥ [कद, क्रद, क्लद] इत्यन्ये। कदते, क्रदते, क्लदते, चकदे, चक्रदे, चक्लदे, कदितासे, कदिष्यते, कादिषतै, कादिषातै, कदताम्, अकदत, कदेत, कदिषीष्ट, अकदिष्ट, अकदिष्यत ॥ ७९१ [ञित्वरा] सम्भ्रमे = सम्यक् भ्रान्ति[2]। त्वरते, तत्वरे, त्वरिता, त्वरिष्यते, त्वारिषतै, त्वारिषातै, त्वरताम्, अत्वरत, त्वरेत, त्वरिषीष्ट, अत्वरिष्ट, अत्वरिष्यत ॥ इति घटादयः षित उदात्ता अनुदात्तेत आत्मनेभाषा त्रयोदश। ये घट आदि १३ धातु षित्-सञ्ज्ञक समाप्त हुए, षित् का प्रयोजन कृदन्त मे आवेगा[3]।

अथ [ज्वरादयः] फणान्ताः [द्वापञ्चाशत्] परस्मैपदिनः। अब [ज्वरादि] फण धातु पर्यन्त ५२ परस्मैपदी कहते हैं ॥ ७९२ [ज्वर] रोगे। ज्वरति, जज्वार ॥ ७९३ [गड] सेचने = सीचना। गडति, जगाड, जगडतुः, गडितासि, गडिष्यति, गाडिषति, गाडिषाति, गडतु, अगडत्, गडेत्, गड्यात्, अगाडीत्, अगडीत्, अगडिष्यत् ॥ ७९४ [हेड] वेष्टने = लपेटना।

---

१ 'किन्त्वात्मनेपदिषु पाठसामर्थ्यात् तदर्थमपि' इति सायणः।

२ यहा सम्भ्रम का अर्थ शीघ्रता है।

३. षिद्भिदादिभ्योऽङ् (आ० १४६३) से अङ् प्रत्यय होता है। जैसे घटा, व्यथा।

हेडति, जिहेड । यह धातु अनादर अर्थ मे आत्मनेपद विषय मे आ चुका[1] है, इस धातु की अनादर अर्थ मे मित सञ्ज्ञा नहीं होगी वहा 'हेडयति' और मित्सञ्ज्ञा मे ह्रस्व होकर, 'हिडयति' ॥ ७९५, ७९६ [वट, भट[2]] परिभाषणे । वटति, ववाट, ववटतुः, वटितासि, वटिष्यति, वाटिषति, वाटिषाति, वटतु, अवटत्, वटेत्, वट्यात्, अवटीत्, अवाटीत्, अवटिष्यत्; भटति, बभाट ॥ ७९७ [णट] नृतौ[3] = नाचना । नटति, ननाट । यह धातु इसी अर्थ मे परस्मैपदी आ चुका है फिर यहा पढने मे यही प्रयोजन है कि नृति मे भी दो भेद हैं एक नाटक दूसरा नाचना । सो यहा नाचने अर्थ मे मित्संज्ञा होती है ॥ ७९८ [ष्टक] प्रतिघाते = मारना । स्तकति, तस्ताक ॥ ७९९ [चक] तृप्तौ[4] । चकति, चचाक, चेकतुः, चेकु, अचाकीत्, अचकीत् ॥ ८०० [कखे] हसने । कखति, अकखीत् (१६२) ॥ ८०१ [रगे] शङ्कायाम् । रगति, रराग, रेगतुः, रेगुः, रगिता, रगिष्यति, रागिषति, रागिषाति, रगतु, अरगत्, रगेत्, रग्यात्, अरगीत्, अरगिष्यत् ॥ ८०२ [लगे] सङ्गे = मिलना । लगति, अलगत् ॥ ८०३—८०६

---

१. यहा परस्मैपद प्रकरण में पाठसामर्थ्य से परस्मैपद होता है ।

२ वट वेष्टने (३०७) भट भृतौ (३१५) इन का मित्सञ्ज्ञा के लिये यहा अनुवाद है ।

३. नृति शब्द का अर्थ पूर्व पृष्ठ ७५ की टि० १ में नाटक, नृत्य और नृत्त तीन के लिखे हैं । यहा नृत्य और नृत्त को समान्यरूप से 'नाच' के अन्तर्गत माना है, क्योंकि दोनों में अङ्गविक्षेप अर्थ समान है ।

४. यह धातु तृप्ति और प्रतिघात अर्थ में आत्मनेपदी पहले (क्रमाङ्क ९४) पढ़ी है । उसकी तृप्ति अर्थ मे मित्संज्ञा होती है, और परस्मैपद प्रकरण में पाठ होने से हेड धातु के सदृश परस्मैपद होता है ।

[ह्नगे, ह्लगे, षगे, ष्टगे] संवरणे = ढांकना। ह्नगति, ह्लगति, सगति, स्तगति, अह्नगीत्, अह्लगीत्, असगीत्, अस्तगीत्॥ ८०७ [कगे) नोच्यते [1]। कग धातु की विशेष अर्थ मे मित्सञ्ज्ञा नही कहते, क्योकि यह धातु सामान्यार्थवाची है। कगति, चकाग, अकगीत्॥ ८०८, ८०९ [अक, अग] कुटिलायां गतौ = टेढ़ा चलना। अकति, अगति॥ ८१०, ८११ [कण, रण] गतौ। कणति, चकाण, रणति, रराण, रेणतुः, अकाणीत्, अकणीत्, अराणीत्, अरणीत्॥ ८१२—८१४ [चण, शण, श्रण] दाने च, [शण] गतावित्यन्ये। किन्ही के मत मे शण धातु केवल गत्यर्थ ही है दानार्थ नहीं, चण और श्रण धातुओ के दान और गति दोनों अर्थ हैं॥ ८१५—८१८ [श्रथ, श्लथ, क्रथ, क्लथ] हिंसार्थाः। श्रथति, श्लथति, क्रथति, क्लथति॥ ८१९ [चन] च। चकार से हिसा अर्थ का सम्बन्ध होता है। चनति, चचान, चेनतुः, चनिता, चनिष्यति, चानिषति, चानिषाति, चनतु, अचनत्, चनेत्, चन्यात्, अचानीत्, अचनीत्, अचनिष्यत्॥ ८२० [वनु] च नोच्यते। एक वनु धातु तनादिगण मे भी पढ़ा है, परन्तु उसका पाठ यहा मित्संज्ञा क लिये नही, इसी कारण इसके अपूर्व होने से इसका विशेष अर्थ यहां मित्सञ्ज्ञा प्रकरण मे नही कहते, और तनादिगण का वनु धातु इसी ग्रन्थ मे आगे पढ़ा है। वनति, ववान, अवानीत्, अवनीत्॥ ८२१ [ज्वल] दीप्तौ [2]। ज्वलति,

---

१. कुछ वैयाकरणो का मत है—अनेकार्थ होने से इस धातु का अर्थनिर्देश नही किया।

२ यह धातु आगे (क्रमाङ्क ८४५) इसी अर्थ में पढ़ी है, यहां मित्संज्ञा के लिये अनुवाद है।

लभसे, लेभे, लेभाते, लेभिरे, लेभिषे, लब्धासे, लप्स्यते, लाप्सतै, लाप्सातै, लभताम्, अलभत, लभेत, लप्सीष्ट, अलब्ध, अलप्साताम्, अलप्स्यत ॥ १००१ [ष्वञ्ज] परिष्वङ्गे = लपेटना ॥

२७०-दंशसञ्जस्वञ्जां शपि ॥ ६ । ४ । २५ ॥

दंश, सञ्ज और स्वञ्ज धातुओं के उपधा नकार का लोप होवे शप् प्रत्यय परे हो तो। स्वजत, स्वजेते, स्वजन्ते। यह धातु संयोगान्त है इस कारण इस से परे लिट् की कित्संज्ञा (४६) नहीं प्राप्त है और कित्संज्ञा के न होने से उपधा नकार का लोप भी नहीं पाता, इसलिये—

२७१-वा०-श्रन्थिग्रन्थिदम्भिस्वञ्जीनामिति वक्तव्यम् ॥ [काशिका १ । २ । ६]

श्रन्थ, ग्रन्थ, दम्भ, स्वञ्ज इन धातुओं से परे जो लिट् सो कितवत् हो। यहां स्वञ्ज धातु से परे कित्त्व होकर उपधा नकार का लोप (१२९) होकर—सस्वजे। सस्वजाते, सस्वजिरे। इस धातु के अनिट् होने से—स्वञ्ज+तास्+डा = स्वङ्क्ता, कुत्व चत्वं और परसवर्ण। स्वङ्क्तासे, स्वङ्क्ष्यते, स्वङ्क्तै, स्वङ्क्तातै, स्वजताम्, अस्वजत, स्वजेत, स्वङ्क्षीष्ट, अस्वङ्क्त, अस्वङ्क्ष्यत ॥ १००२ [हद] पुरीषोत्सर्गे = हगना। हदते, जहदे, जहदाते, जहदिरे, हत्ता, हत्स्यते, हात्सतै, हात्सातै, हदताम्, अहदत, हदेत, हत्सीष्ट, अहत्त, अहत्साताम्, अहत्सत, अहन्त्स्यत। रभादयश्चत्वारोऽनुदात्ता अनुदात्तेत आत्मनेभाषाः। ये रभ आदि अनिट् आत्मनेपदी चार धातु समाप्त हुए ॥

अथ [ष्विदादयः] परस्मैपदिनः पञ्चदश। अब पन्द्रह (१५) धातु परस्मैपदी कहते हैं ॥ १००३ [ञिष्विदा] अव्यक्ते शब्दे। उदात्तः परस्मैपदी। स्वेदति, सिस्वेद, सिस्वि-

दतु:, सिस्विदु:, स्वेदिता, स्वेदिष्यति, स्वेदिषति, स्वेदिषाति, स्वेदतु, अस्वेदत्, स्वेदेत्, स्विद्यात्, अस्वेदात्, अस्वेदिष्यत् ॥ १००४ [स्कन्दिर्] गतिशोषणयोः = गति और सोखना । स्कन्दति, चस्कन्द, चस्कन्दतुः, चस्कन्दिथ ।

२७२—झरो झरि सवर्णे ॥ ८ । ४ । ६४ ॥

हल् से परे जो झर् उसका लोप हो सवर्णी झर् परे हो तो । स्कन्द्+थल्=स्कन्थ । यहां नकार से परे दकार का लोप होता है । स्कन्तासि, स्कन्त्स्यति, स्कन्त्सति, स्कन्त्साति, स्कन्दतु, अस्कन्दत्, स्कन्देत, स्कद्यात्, (१३९) नकार का लोप । लुङ् में इरित् होने से अङ् (१३८) विकल्प—अस्कदत् (१३९) नलोप, पक्ष में—अस्कान्त्सीत्, अस्कान्ताम्, अस्कान्त्सुः (१३२) वृद्धि, अस्कान्त्सीः, अस्कान्तम्, अस्कान्त, अस्कान्त्सम्, अस्कान्त्स्व, अस्कान्त्स्म ॥ १००५ [यभ] मैथुने = स्त्रीसंग करना । यभति, यभतः, यभन्ति, ययाभ, येभतुः, येभुः, येभिथ, (२१५), ययब्ध, यब्धासि, यप्स्यति, याप्सति, याप्साति, यभति, यभाति, यभतु, अयभत्, यभेत्, यभ्यात्, अयाप्सीत्, अयाब्धाम्, अयाप्सुः, अयाप्सीः, अयाब्धम्, अयाब्ध, अयाप्सम्, अयाप्स्व, अयाप्स्म, अयप्स्यत् ॥ १००६ [णम] प्रह्वत्वे शब्दे = नम के बोलना । नमति, ननाम, नमतुः, नेमुः, नेमिथ, ननन्थ, नेमथुः, नेम, ननाम, ननम, नेमिव, नेमिम, नन्तासि, नंस्यति, नांसति, नासाति, नमति, नमाति, नमतु, अनमत्, नमेत्, नम्यात् । यह धातु अनिट् तो है परन्तु लुङ् लकार में इट् और सक् का आगम (२५१) हो जाता है—अनंसीत्, अनंसिष्टाम्, अनंसिषुः, अनंस्यत् ॥ १००७, १००८ [गम्लृ, सृप्लृ] गतौ ।

२७३—इषुगमियमां छः ॥ ७ । ३ । ७७ ॥

इषु, गम, यम धातुओं को छकारादेश होवे शित् प्रत्यय परे हो तो। यहां अन्त्य अल् गम के मकार को छकार होकर—गच्छति, गच्छतः, गच्छन्ति, जगाम, जग्मतुः, जग्मुः (२१४) उपधालोप, जगमिथ, जगन्थ (२१५), गन्ता, गन्तारौ, गन्तारः, गन्तासि।

२७४—गमेरिट् परस्मैपदेषु ॥ ७। २। ५८॥

परस्मैपदविषय में गम धातु से परे सकारादि आर्धधातुक को इट् का आगम होवे। गमिष्यति, गमिष्यतः, गमिष्यन्ति, [गांसति, गांसाति, गंसति, गंसाति] गच्छति, गच्छाति, गच्छत्, गच्छात्, गच्छतु, अगच्छत्, गच्छेत्, गम्यात्। लुङ् लकार में (२१७) सूत्र से अङ् और अङ् के परे उपधालोप का निषेध (२१४) होने से उपधालोप नहीं होता। अगमत्, अगमताम्, अगमन्, अगमः, अगमतम्, अगमत, अगमम्, अगमाव, अगमाम, अगमिष्यत्। सर्पति, सर्पतः, सर्पन्ति, ससर्प, सस्रृपतुः, ससर्पिथ, ससृपथुः।

२७५-अनुदात्तस्य चर्दुपधस्यान्यतरस्याम् ॥ अ० ६। १। ५९॥

कित्भिन्न झलादि प्रत्यय परे हो तो ऋकार जिसकी उपधा में हो ऐसा जो उपदेश में अनुदात्त (अनिट्) धातु उसको अम् का आगम होवे विकल्प करके। मित् आगम अन्त्य अच् से परे होता है। सृ+अम्+प्+तासि+डा=स्रप्ता, सर्प्ता, स्रप्तासि, सर्प्तासि। अम् के अकार का मान के यण् होता और पक्ष में गुण (५२) होजाता है। स्रप्स्यति, सर्प्स्यति, स्रप्सति, स्रप्साति, सर्प्सति, सर्प्साति, सर्पति, सर्पाति, सर्पतु, असर्पत्, सर्पेत्, सृप्यात्, असृपत् (२१७) अङ्, असृपताम्, असृपन, असृपः, असृपतम्, असृपत, असृपम्, असृपाव, असृपाम, अस्रप्स्यत्, असर्प्स्यत् ॥ १००९

[यम] उपरमे=शान्त होना। (२७३) छकारादेश होकर—

यच्छति, यच्छत, यच्छन्ति। ययाम, येमतुः, येमिथ, ययन्थ, येमिव, यन्तासि, यंस्यति, यांसति, यांसाति, यच्छतु, अयच्छत्, यच्छेत्, यम्यात्। लुङ् मे (२५१) इट् और सक्—अयंसीत्, अयंसिष्टाम्, अयंसिषुः, अयंस्यत् ॥ १०१० [तप] सन्तापे =दुःख भोगना। तपति, तताप, तेपतु, तप्ता, तप्स्यति, ताप्सति, ताप्साति, तपति, तपाति, तपतु, अतपत्, तपेत्, तप्यात्, अताप्सीत्, अताप्ताम्, अताप्सुः, अताप्सी, अतपस्यत् ॥ १०११ [त्यज] हानौ=छोडना। त्यजति, त्यजतः, त्यजन्ति, तत्याज, तत्यजिथ, तत्यक्थ, तत्यजिव। वैदिक प्रयोगविषय मे त्यज आदि निम्नलिखित धातुओं के प्रयोग कुछ विशेष होते हैं। यद्यपि प्रथम स्पर्ध धातु पर ही इस सूत्र को लिखना था तो भी सर्वत्र समझ लेना चाहिये।

२७६–अपस्पृधेथामानृचुरानृहुश्चिच्युषेतित्याजश्राताःश्रितमाशीराशीर्ताः ॥ ६ । १ । ३६ ॥

अपस्पृधेथाम्—इस प्रयोग मे लङ् लकार उत्तम पुरुष के द्विवचन मे "स्पर्ध संघर्षे" धातु का द्विर्वचन, रेफ को सम्प्रसारण और अनभ्यास के अकार का लोप निपातन से किया है। अट्+स्पर्ध स्पर्ध+आथाम्=अपस्पृधेथाम्। और दूसरा प्रकार यह भी है कि अप उपसर्गपूर्वक स्पर्ध धातु के रेफ को सम्प्रसारण और अकार का लोप ही निपातन है वेद मे माङ् का योग न हो तो भी अट् का निषेध है।[1] आनृचु और आनृहु यहां "अर्च पूजायाम्" और "अर्ह पूजायाम्" इन दोनो धातुओं से लिट् लकार प्रथम पुरुष बहुवचन "उस्" में रेफ को संप्रसारण, अकार का लोप, तत्पश्चात् द्वित्व निपातन से और (१०६) सूत्र से अभ्यास के ऋकार को अकार होता है।

१. बहुलं छन्दस्यमाङ्योगेऽपि। अष्टा० ६। ४। ७५॥

चिच्युषे—यहां "च्युङ् गतौ" धातु से लिट् लकार मध्यम पुरुष के एक वचन मे अभ्यास को सम्प्रसारण और इट् का अभाव निपातन से किया है ॥ नित्यांज—यहा इसी त्यज धातु के अभ्यास को सम्प्रसारण निपातन से किया है । श्राताः—"श्रीञ् पाके" धातु को कृदन्त क्त प्रत्यय के परे श्रीभाव निपातन किया है । और "श्रितम्"—यहाँ भी उक्त धातु को क्त के परे श्रिभाव है । आशीः, आशीर्तः—यहा भी आङ् पूवक उक्त श्रीञ् धातु को क्विप् और क्त प्रत्यय के परे शीर् आदेश हुआ है ।

त्यक्तासि, त्यक्ष्यति, त्यक्षति, त्यक्षाति, त्यजतु, अत्यजत्, त्यजेत्, त्यज्यात्, अत्याक्षीत्, अत्याक्ताम्, अत्याक्षुः, अत्याक्षीः, अत्याक्तम्, अत्याक्त, अत्याक्षम्, अत्याक्ष्व, अत्याक्ष्म; अत्यक्ष्यत् ॥ १०१२ [षञ्ज] सङ्ग=मेल । (२७०) सूत्र से उपधा नकार का लोप होकर—सजति, सजतः, ससञ्ज, ससञ्जतुः, ससञ्जिथ, ससङ्क्थ, सङ्क्तासि, सङ्क्ष्यति, सङ्क्षति, सङ्क्षाति, सजतु, असजत्, सजेत्, सज्यात्, असाङ्क्षीत्, असाङ्क्ताम्, असाङ्क्षुः (१३५) वृद्धि, असङ्क्ष्यत् ॥ १०१३ [दृशिर्] प्रेक्षणे=अच्छे प्रकार देखना । पश्य आदेश (२३१) सूत्र से होकर—पश्यति, पश्यतः, पश्यन्ति, ददर्श, ददृशतुः, ददृशुः ।

२७७-विभाषा सृजिदृशोः ॥ ७ । २ । ६५ ॥

सृज और दृश धातु से परे जो थल् उस को विकल्प करके इडागम होवे । इट् पक्ष मे—ददर्शिथ । अनिट् पक्ष में—ददृश्+थल्, यहा—

२७८-सृजिदृशोर्झल्यमकिति ॥ ६ । १ । ५८ ॥

कित्भिन्न झलादि प्रत्यय परे हो तो सृज और दृश धातुओ को अम् आगम होवे । यह सूत्र (२७५) सूत्र का अपवाद है,

क्योंकि (२७५) सूत्र में सामान्य ऋदुपध धातुओं को अम् आगम विकल्प से कहा है उस का यह विशेष है। दद+अ+श्+थल्=दद्रष्ठ। ऋकार को यण और (२३३) सूत्र मे शकार को षकार होता है। ददृशथुः, ददृश, ददर्श, ददर्शिव, ददर्शिम, द्रष्टासि, द्रक्ष्यति, द्राक्षति, द्राक्षाति, पश्यति, पश्याति, पश्यतु, अपश्यत्, पश्येत्, दृश्यात्। (१३८) सूत्र से अङ् का विकल्प होकर अङपक्ष मे— अदर्शत् (२५७) गुण, और जिस पक्ष मे अङ् नहीं होता वहां (२०७) सूत्र से च्लि के स्थान में क्स प्राप्त है, इसलिये—

२७९–न दृशः ॥ ३ । १ । ४७ ॥

दृश धातु से परे च्लि के स्थान मे क्स आदेश न होवे। फिर अम् (२७८) और वृद्धि (१३५) होकर—अद्राक्षीत्, अद्राष्टाम्, अद्राक्षुः, अद्राक्षीः, अद्राष्टम्, अद्राष्ट, अद्राक्षम्, अद्राक्ष्व, अद्राक्ष्म, अद्रक्ष्यत्॥ १०१४ [दंश] दशने=काट खाना। नकारलोप (२७०) दशति, दशत, दशन्ति, ददंश, ददंशतुः, ददंशिथ, ददंष्ठ (२३३) श को ष, दंष्टासि, दंक्ष्यति, दङ्क्षति, दङ्क्षाति, दशति, दशाति, दशतु, अदशत्, दशेत्, दश्यात् (१२९), अदाङ्क्षीत्, अदांष्टाम्, अदाङ्क्षुः, अदङ्क्ष्यत्॥ १०१५ [कृष] विलेखने=जोतना, खींचना वा खोदना। कर्षति, चकर्ष, चकृषतुः, चकर्षिथ, क्रष्टासि, यहां विकल्प से अम् (२७५) और पक्ष मे गुण होता है कर्ष्टासि, क्रक्ष्यति, कर्क्ष्यति, क्रक्षति, क्रक्षाति, कर्क्षति, कर्क्षाति, कर्षति, कर्षाति, कर्षतु, अकर्षत्, कर्षेत्, कृष्यात्। लुङ् मे च्लि के स्थान मे नित्य क्स (२०७) प्राप्त है, इसलिये—

२८०–वा-स्पृशमृशकृषतृपदृपां च्लेः सिज् वा ॥ ३ । १ । ४४ ॥

स्पृश, मृश, कृष, तृप और दृप धातुओं से परे च्लि के स्थान में सिच् विकल्प करके हो, अर्थात् एक पक्ष में क्स और दूसरे पक्ष मे सिच् भी रहे जिस पक्ष मे सिच् हुआ वहां अम् और वृद्धि (१३२) होकर—अक्राक्षीत्, अक्राष्टाम्, अकार्क्षीत्, अकार्ष्टाम्, अकार्क्षुः। और जिस पक्ष मे क्स होता है वहां—अकृक्षत्, अकृक्षताम्, अकृक्षन्, अकर्क्ष्यत्॥ १०१६ [दह] भस्मीकरणे= भस्म कर देना[2]। दहति, ददाह, देहतुः, देहिथ, ददग्ध, दग्धासि, धक्ष्यति, धाक्षति, धाक्षाति, दहति, दहाति, दहतु, अदहत्, दहेत्, दह्यात्, अधाक्षीत्, अदाग्धाम्, अधाक्षुः, अधाक्षीः, अदाग्धम्, अदाग्ध; अधाक्षम्, अधाक्ष्व, अधाक्ष्म; अधक्ष्यत्॥ १०१७ [मिह] सेचने=सींचना। मेहति, मिमेह, मिमेहिथ, मेढा, मेक्ष्यति, मेक्षति, मेक्षाति, मेहति, मेहाति, मेहतु, अमेहत्, मेहेत्, मिह्यात्, अमिक्षत् (२०७) क्स, अमिक्षताम्, अमिक्षन्, अमेक्ष्यत्। स्कन्दादयोऽनुदात्ताः। [इति शिवदादय. पञ्चदश] उदात्तेतः परस्मैभाषाः। ये १५ (पन्द्रह) परस्मैपदी धातु समाप्त हुए॥

१०१८ [कित] निवासे रोगापनयने च=निवास और रोगो को हटाना। (२६७) सूत्र से सन् और द्वित्व (२६८) होकर—चिकित्सति। इस धातु का सन्नन्त मे केवल रोगापनयन ही अर्थ घटता है। और विपूर्वक सन्नन्त केवल संशय अर्थ मे ही आता है। विचिकित्सति—सदेह करोतीत्यर्थः। और निवास अर्थ मे चुरादिस्थ होने से णिक् होकर "केतयति" प्रयोग बनता है। चिकित्साञ्चकार,

१. सिच् के विकल्प मे स्पृश मृश, कृश इन तीन में क्स होता है और तृप, दृप से पुषादि होने से अङ् होता है।

२. यह धातु 'जलाना' अर्थ में सकर्मक है और 'जलना' अर्थ मे अकर्मक है। यथा—मिथिलाया दह्यमानाया न मे दहति किचन।

संप्रसारण होवे। इस सूत्र मे अभ्यास को सम्प्रसारण कहने से द्वित्व होने के पश्चात् सम्प्रसारण होता है। यह सूत्र अकित् विषय मे सम्प्रसारण होने के लिये है। यज्+यज्+णल्=इयाज। यहां अभ्यास के यकार को "इ" हुआ है, और कित् विषय मे—

२८३-वचस्वपियजादीनां किति॥

६।१।१७॥

वच, स्वप और यजादि धातुओं को संप्रसारण होवे। यज धातु से लेकर भ्वादिगण के अन्तपर्यन्त यजादि समझने चाहियें। यहा द्वित्व होने से प्रथम ही संप्रसारण होता है। इ+अज्+अतुस् (२१९) पूर्वरूप एकादेश होकर द्वित्व की पुनः प्राप्ति[1] होने से इज मात्र को द्वित्व होता है। इज्+इज्+अतुस्=ईजतु। सवर्णदीर्घ एकादेश होता है। ईजु:, इयजिथ, इयष्ट (२३३) ष आदेश, ईजथु:, ईज, इयाज, इयज, ईजिव, ईजिम, ईजे, ईजाते, ईजिरे, यष्टासे, यष्टासि, यक्ष्यते, यक्ष्यति, याक्षतै, याक्षातै, यजतै, यजातै, याक्षति, याक्षाति, यजति, यजाति, यजताम्, यजतु, अयजत, अयजत्, यजेत, यजेत्, यक्षीष्ट, इज्यात् (२८३) सम्प्रसारण; अयष्ट, अयक्षाताम्, अयक्षत, अयष्ठाः, अयाक्षीत्, अयाष्टाम्, अयाक्षुः, अयक्ष्यत, अयक्ष्यत्॥ १०२८ [डुवप्] बीजसन्ताने=बीज बोना

---

१ 'यज्+अतुस्' इस अवस्था मे द्वित्व और सम्प्रसारण दोनो प्राप्त होते हैं। सम्प्रसारण सम्प्रसारणाश्रयं च कार्यं बलवत् (पारि० १०१) नियम से द्वित्व को बाधकर पहिले संप्रसारण होता है। तदनन्तर "पुनः प्रसगविज्ञानात् सिद्धम्" (पारि० ३९) नियम से पुन प्राप्ति होने पर द्विर्वचन होजाता है।

खेत में वा स्त्री मे। छेदने च[1] यह धातु काटने अर्थ मे भी है। वपते, वपति। पूर्ववत् लिट् मे संप्रसारण (२८२) होकर—उवाप, ऊपतुः (२८३), ऊपुः, उवपिथ, उवप्थ, ऊपे, ऊपाते, ऊपिरे, वप्तासे, वप्तासि, वप्स्यति, वप्स्यते, वाप्सतै, वाप्सातै, वाप्सति, वाप्साति, वपति, वपाति, वपताम्, वपतु अवपत, अवपत् अपेत, वपेत्, वप्सीष्ट, उप्यात् (२८३) सम्प्रसारण, अवाप्सीत्, अवाप्ताम्, अवाप्सुः, अवप्त, अवप्साताम्, अवप्सत, अवप्स्यत, अवप्स्यत्॥ १०२९ [वह] प्रापणे = पहुंचाना। वहति, वहते, उवाह (२८२), ऊहतुः (२८३), ऊहुः, उवहिथ, उवोढ (२३०) अवर्ण को ओकार, ऊहथुः, ऊह, उवाह, ऊवह, उहिव, ऊहिम, ऊहे, ऊहाते ऊहिरे, वोढासि, वोढासे, वक्ष्यति, वक्ष्यते, वाक्षतै, वाक्षातै, वक्षतै, वक्षातै, वाक्षते, वाक्षाते, वक्षते, वक्षाते, वहतै, वहातै, वाक्षति, वाक्षाति, वक्षति, वक्षाति, वहति, वहाति, वहतु, वहताम्, अवहत, अवहत्, वहेत, वहेत् वक्षीष्ट उह्यात् (२८२) सम्प्रसारण, अवाक्षत्, अवोढाम्, अवाक्षुः, अवाक्षीः, अवोढम्, अवोढ, अवाक्षम्, अवाक्ष्व, अवाक्ष्म, अवोढ, अवक्षाताम्, अवक्षत, अवोढाः, अवक्षाथाम्, अवोढ्वम्, अवक्षि, अवक्ष्वहि, अवक्ष्महि, अवक्ष्यत, अवक्ष्यत॥ पचादयोऽनुदात्ताः स्वरितेत उभयपादिनः सचतिवर्जम्। सच धातु को छोड़ के पच आदि सेट् उभयपद धातु है।

---

१. 'छेदने च' इतना अंश धातुपाठ में प्रक्षिप्त है। महाभाष्य में लिखा है—'वपिः प्रकिरणे दृष्ट, छेदने चापि वर्तते' (१।३।१) अर्थात् वप धातु धातुपाठ में प्रकिरण = बिखरना = बोना अर्थ मे देखी गई है, परन्तु धातुओ के बह्वर्थ होने से यह छेदन = काटना अर्थ में भी है।

[अथैकः परस्मैपदी । अब एक परस्मैपदी धातु कहते हैं ।]
१०३० [वस] निवासे = वसना । वसति, वसतः, वसन्ति, उवास ।

२८४-शासिवसिघसीनां च ॥ ८ । ३ । ६० ॥

इण् और कवर्ग से परे शास, वस और घस धातु के सकार को षकार आदेश होवे । घस धातु का "जक्षतुः" प्रयोग लिख चुके हैं [1] । वहां आदेश का सकार न होने से (५७) सूत्र की प्राप्ति नहीं है, इसलिये इस का सम्बन्ध वहां भी समझना चाहिये । यहां "ऊषतुः" वस् के सकार को षकार होता है । ऊषुः, उवसिथ, उवस्थ, वस्तासि, वत्स्यति (२१६) 'स' को 'त' होता है । वात्सति, वात्साति, वसति, वसाति, वसतु, अवसत्, वसेत्, उष्यात्, अवात्सीत्, अवात्ताम्, अवात्सुः, अवत्स्यत् ॥

[अथ व्येञादयस्त्रय उभयपदिनः] अब व्येञ् आदि तीन उभयपदी धातु कहते हैं ।] १०३१ [वेञ्] तन्तुसन्ताने = वस्त्र बिनना । वयते, वयति, एकार को अय् आदेश हो जाता है ।

२८५—वेञो वयिः ॥ २ । ४ । ४१ ॥

वेञ् धातु को वयि आदेश विकल्प करके हो, लिट् लकार परे हों तो । वयि आदेश में इकार उच्चारणार्थ है उस की इत्संज्ञा होकर—वय्+वय्+णल् = उवाय (२८२) अभ्यास को सम्प्रसारण—

२८६-ग्रहिज्यावयिव्यधिवष्टिविचतिवृश्चतिपृच्छतिभृज्जतीनां ङिति च ॥ ६ । १ । १६ ॥

ग्रह, ज्या, वयि, व्यध, वश, व्यच, व्रश्चू, प्रच्छ और भ्रस्ज धातुओं को संप्रसारण हो क्ङित् और चकार से कित्संज्ञक प्रत्यय परे हों तो । वेञ् धातु को वयि आदेश (२८५) होता है, उस में

---

१. देखो पूर्व पृष्ठ १२९ ।

व और य दोनो संप्रसारण के स्थानी हैं। वय्+अतुस्। यहां परत्व से यकार को प्राप्त है इसलिये—

२८७–लिटि वयो यः ॥ ६ । १ । ३७ ॥

लिट् लकार परे हो तो वय धातु के यकार को संप्रसारण न होवे, किन्तु—

२८८–वश्चास्याऽन्यतरस्यां किति ॥ ६ । १ । ३९ ॥

कित् लिट् परे हो तो इस वय धातु के यकार को वकार आदेश विकल्प करके होवे। जिस पक्ष मे वकार हुआ वहां प्रथम अभ्यास के वकार को संप्रसारण होकर—उव्+उव्+अतुस्=ऊवतुः, ऊवुः। तास् प्रत्यय के परे वयि आदेश के न होने से (१५७) और (१४९) सूत्रों से थल् मे इट् का विकल्प नहीं होता, किन्तु नित्य इट्—उवयिथ, ऊवथुः। और जिस पक्ष मे यकार को वकार (२८८) नहीं हुआ वहां—ऊयतु, ऊयुः, [उवयिथ,] ऊयथुः, ऊय, उवाय, उवय, ऊयिव, ऊयिम। वयि आदेश को स्थानिवत् होने से ञित् होकर आत्मनेपद (१०५) होते हैं। यकार को वकारपक्ष मे—ऊवे, ऊवाते, ऊविरे। अब जिस पक्ष मे वेञ् को वयि आदेश (२८५) नही होता वहा एकार को आकारादेश (२४२) होकर अकित्विषय में (२८२) और कित्विषय में (२८३) से संप्रसारण प्राप्त है इसलिये—

२८९—वेञः ॥ ६ । १ । ४० ॥

लिट् लकार परे हो तो वेञ् धातु को सम्प्रसारण न होवे। फिर धेट् आकारान्त के समान—ववौ, ववतुः, ववुः, वविथ, ववाथ, ववथुः, वव, ववौ, वविव, वविम, ववे, ववाते, वविरे; वातासि, वातासे, वासति, वासाति, वयति, वयाति, वासतै, वासातै, वयतु,

वयताम्, अवयत्, अवयत, वयेत्, वयेत, ऊयात्, वासीष्ट, अवासीत् (२५१), अवासिष्टाम्, अवासिषु, अवास्त, अवासाताम्, अवासत, अवास्यत्, अवास्यत ॥ १०३२ [व्येञ्] संवरणे। व्ययति, व्ययते। 'आर्धधातुक विषय में व्यञ् धातु को भी आकारादेश (२४२) प्राप्त है इसलिये—

२६०—न व्यो लिटि ॥ ६ । १ । ४६ ॥

व्येञ् धातु को आकार आदेश न होवे लिट् लकार परे हो तो। व्ये+व्ये+णल्=विव्याय। यहां अभ्यास के यकार को सम्प्रसारण (२८२) प्राप्त [है] और उसी का लोप परत्व से (४०) सूत्र से प्राप्त है। यद्यपि लोपविधि सब विधियों से बलीय है[1] तथापि "उभयेषाम्" (२८२) ग्रहण का यही प्रयोजन होने से कि (४०) से प्राप्त लोप को भी बाध के सम्प्रसारण ही होवे। अभ्यास के यकार को सम्प्रसारण होता है—[विव्यौ]। कित् विषय में प्रथम सम्प्रसारण होकर—वि+वि+अतुस्=विव्यतु (१५६) यण्, विव्यु:, विव्ययिथ (१४९) नित्य इट्, विव्यथु:, विव्य, विव्याय, विव्यय, विव्यिव, विव्यिम, विव्ये, विव्याते, विव्यिरे, व्यातासि (२४२) आकारादेश, व्याताসे, व्यास्यति, व्यास्यते, व्यासतै, व्यासातै, व्ययतै, व्ययातै, व्यासति, व्यासाति, व्ययति, व्ययाति, व्ययतु, व्ययताम्, अव्ययत्, अव्ययत, व्ययेत्, व्ययेत वीयात्, (२८३) सम्प्रसारण होकर दीर्घ (१६०), व्यासीष्ट, अव्यासीत्, अव्यासिष्टाम्, अव्यास्त, अव्यास्यत्, अव्यास्यत ॥ १०३३ [ह्वेञ्] स्पर्धायां शब्दे च = ईषा और बुलाना। ह्वयति, ह्वयते।

२६१—अभ्यस्तस्य च ॥ ६ । १ । ३३ ॥

अभ्यस्त होने वाले ह्वा धातु को द्वित्व होने से प्रथम ही

---

१. सर्वविधिभ्यो लोपविधिर्बलीयान्। पारि० ९९।

सम्प्रसारण होवे। अकित् विषय मे अभ्यास ही को संप्रसारण प्राप्त है इसलिये यह सूत्र है। संप्रसारण होकर द्वित्व होता है। जुहाव, जुहुवतुः, जुहुवुः (१५९) [सूत्र से] संप्रसारण किये उकार को उवङ् होता है। जुहोथ, जुहविथ, जुहुवथुः, जुहुव, जुहाव, जुहव, जुहुविव, जुहुविम, जुहुवे, जुहुवान, ह्वातासि, ह्वातास, ह्वास्यति, ह्वास्यते, ह्वासतै, ह्वासातै, ह्वयतै, ह्वयातै, ह्वासति, ह्वासाति, ह्वयति, ह्वयाति, ह्वयतु, ह्वयताम्, अह्वयत्, अह्वयत, ह्वयेत्, ह्वयत, हूयात् (२८३) संप्रसारण और दीर्घ (१६०), ह्वासीष्ट।

२६२—लिपिसिचिह्वश्च ॥ ३। १। ५३ ॥

लिप, सिच और ह्वा धातु से परे जो च्लि प्रत्यय उसके स्थान मे अङ् आदेश होवे। अह्वत (२४४) आकारलोप, अह्वताम्, अह्वन्।

२६३-आत्मनेपदेष्वन्यतरस्याम् ॥ ३। १। ५४ ॥

लिप, सिच और ह्वेञ् धातु से परे च्लि के स्थान मे अङ् विकल्प करके हो आत्मनेपद विषय मे। अह्वत, अह्वेताम्, अह्वन्त, अह्वथाः; अह्वास्त, अह्वासाताम्, अह्वास्यत्, अह्वास्यत॥ वेञादयस्त्रयोऽनुदात्ता उभयपदिनः। ये वेञ् आदि तीन धातु अनिट् उभयपदी है॥

अथ द्वौ परस्मैपदिनौ। अब दो धातु सेट् परस्मैपदी कहते हैं॥ १०३४ [वद] व्यक्तायां वाचि = स्पष्ट बोलना। वदति, वदतः, वदन्ति, उवाद (२८२), ऊदतुः, ऊदुः, उवदिथ, वदितासि, वदिष्यति, वादिषति, वादिषाति, वदति, वदाति, वदतु, अवदत्, वदेत्, उद्यात् (२८३), अवादीत् (१३२) वृद्धि, अवादिष्टाम्, अवादिषुः, अवादिष्यत्॥ १०३५ [टुओश्वि] गतिवृद्ध्योः = गति और बढ़ना। इस मे से टु और ओकार की इत्सञ्ज्ञा होती है। श्वयति, श्वयतः, श्वयन्ति।

२६४—विभाषा श्वेः ॥ ६ । १ । ३० ॥

लिट् और यङ् परे हो तो श्वि धातु को विकल्प करके संप्रसारण होवे। यङ् के परे सम्प्रसारण किसी से प्राप्त नहीं है और कित् लिट् मे (२८३) से और अकित् विषय में (२८२) से संप्रसारण नित्य प्राप्त है उस का विकल्प करने से "प्राप्ताप्राप्त-विभाषा" इस सूत्र मे जानो। सो जिस पक्ष मे इस सूत्र से संप्रसारण होता है वहां [द्विर्वचन से पूर्व] धातु को ही होता है निषेध पक्ष मे अभ्यास का भी नहीं होता। शुशाव, शुशुवतुः (१५९), शुशुवु., शुशविथ, शुशुवथुः, शुशुव, शुशाव, शुशव, शुशुविव, शुशुविम। सम्प्रसारण के निषेधपक्ष मे—शिश्वाय, शिश्वियतुः (१५९) इयङ्, शिश्वियिथ, श्वयितासि। यहा गुण होकर अयादेश होता है। श्वयिष्यति, श्वायिषति, श्वायिषाति, श्वयति, श्वयाति, श्वयतु, अश्वयत्, श्वयत्, शूयात् (२८३) सम्प्रसारण होकर दीर्घ (१६०)। लुङ् मे अङ् का विकल्प (१५४) होकर अङ्पक्ष मे—

२६५—श्वयतेरः ॥ ७ । ४ । १८ ॥

श्वि धातु के इकार को अकार आदेश होवे अङ् परे हो तो। अट्+श्वि+अङ्+तिप्=अश्वत्। यहा अङ् के अकार के साथ पररूप होता है। अश्वताम्, अश्वन्, अश्वः, अश्वतम्, अश्वत, अश्वम्, अश्वाव, अश्वाम। जिस पक्ष मे अङ् (१५४) न हुआ वहां [विकल्प से] चङ् (२४८) और द्वित्व (१८०) होकर—अशिश्वियत् (१५९) इयङ्, अशिश्वियताम्, अशिश्वियन्। अब जिस पक्ष मे चङ् भी (२४८) न हुआ वहां वृद्धि का निषेध (१६२) होकर—अश्वयीत्, अश्वयिष्टाम्, अश्वयिषुः, अश्वयिष्यत्। वृत्। ये यजादि धातु समाप्त हुए, और भ्वादिगण को आकृतिगण

मानते हैं इसी से "चुलुम्पति" आदि प्रयोग समझने चाहियें। इति शब्विकरणा भ्वादयः समाप्ताः। ये शप्विकरणवाले भू आदि धातु समाप्त हुए॥

२६६—ऋतेरीयङ्॥ ३। १। २९॥

ऋत धातु से ईयङ् प्रत्यय हो स्वार्थ में। इस धातु का स्वार्थ निन्दा वा कृपा है और यह सौत्रधातु है अर्थात् किसी गण का नहीं। ऋत्+ईय। इस की धातुसंज्ञा (१६७) होकर शप् होता है। ऋतीयत, ऋतीयेते, ऋतीयन्ते। यहां ईयङ् प्रत्यय के ङित् होने से गुण नहीं होता और ईयङ् प्रत्यय के ङित् होने से ही ऋतीय धातु से आत्मनेपद होता है। ऋतीयाञ्चक्रे, ऋतीयामास, ऋतीयाम्बभूव। आर्धधातुक की विवक्षा में ईयङ् प्रत्यय (१६८) विकल्प करके होता है। जिस पक्ष में ईयङ् न हुआ वहां—ऋत्+ऋत्+णल्=आनर्त (१०८) अकार, (११२) अभ्यास को दीर्घ, (१४७) नुट्, यहां शेष होने से परस्मैपद। आनृततुः, आनृतुः, आनर्तिथ, आनृतथुः, ऋतीयितासे, अर्तितासि, ऋतीयिष्यते, अर्तिष्यति, ऋतीयिषतै, ऋतीयिषातै, अर्तिषति, अर्तिषाति, ऋतीयताम्, आर्तीयत, ऋतीयेत. ऋतीयिषीष्ट, ऋत्यात्, आर्तीयिष्ट, आर्तीत्। आर्तिष्टाम्॥

॥ इति भ्वादिगणः समाप्तः॥

अथ अदादिगणारम्भः

१ [अद] भक्षणे = खाना । [अद् + शप् + तिप्, इस अवस्था में—]

२९७—अदिप्रभृतिभ्यः शपः ॥ २ । ४ । ७२॥

अद आदि धातुओं से परे जो शप् उस का लुक् होवे । जहां-जहां लुक् कहते हैं वहां-वहां प्रत्ययमात्र का होता है । अद् + तिप् = अत्ति, अत्तः, अदन्ति, अत्सि, अत्थः, अत्थ, अद्मि, अद्वः, अद्मः ।

२९८—बहुलं छन्दसि ॥ २ । ४ । ७३ ॥

वेदविषय में अद आदि धातुओं से परे शप् का लुक् बहुल करके होवे । बहुल के कहने से जिन से परे कहा है उन से परे नहीं भी होता—अदति, हनति इत्यादि । और जिन से नहीं कहा वहां भी हो जाता है—त्राध्वं नो देवाः । यहां 'त्रैङ्' भ्वादिस्थ धातु से शप् का लुक् हुआ है 'त्रायध्वम्' लोक में होता है ।

२९९—लिट्यन्यतरस्याम् ॥ २ । ४ । ४० ॥

लिट् लकार परे हो तो अद धातु को घस्लृ आदेश विकल्प करके होवे । जघास । घस् + अतुस् (२१४) उपधालोप होकर उस उपधालोप को चर्विधि के प्रति स्थानिवत् का निषेध होने से घकार को चर् क् होता है उस ककार से परे षत्व (२८४) होकर—जक्षतुः, जक्षुः, जघसिथ, जक्षथुः, जक्ष, जघास, जघस, जक्षिव, जक्षिम, आद, आदतुः, आदुः, थल् में नित्य इट् (२५९) आदिथ, आदथुः, आद, आद, आदिव, आदिम; अत्ता, अत्तासि, अत्स्यति, अत्सति, अत्साति, अदति, अदाति, अत्तु, अत्तात्, अत्ताम्, अदन्तु ।

३००—हुझल्भ्यो हेर्धिः ॥ ६ । ४ । १०१ ॥

हु और झलन्त धातुओं से परे जो हि उस को धि आदेश होवे। यहां झलन्त अद् से परे धि होकर—अद् + हि = अद्धि, अत्तात्, अत्तम्, अत्त, अदानि, अदाव, अदाम।

३०१—अदः सर्वेषाम् ॥ ७ । ३ । १०० ॥

अद धातु से परे जो अपृक्त हलादि सार्वधातुक उस को अट् का आगम हो, सब आचार्यों के मत में। यह अपृक्त हलादि सार्वधातुक लङ् लकार के तिप और सिप् दो ही में मिलता है। आट् + अद् + अट् + तिप् = आदत्, आत्ताम्, आदन्, आदः, आत्तम्, आत्त, आदम्, आद्व, आद्म, अद्यात्, अद्याताम्, अद्या + उस् = अद्युः (८५) पररूप एकादेश, अद्याः, अद्यातम्, अद्यात अद्याम्, अद्याव, अद्याम, अद्यात्, अद्यास्ताम्, अद्यासुः।

३०२—लुङ् सनोर्घस्लृ ॥ २ । ४ । ३७ ॥

लुङ् लकार और सन् प्रत्यय परे हों तो अद धातु को घस्लृ आदेश होवे। लृदित् घस्लृ आदेश के पढ़ने से च्लि के स्थान में अङ् (२१७) अघसत्, अघसताम्, अघसन्, आत्स्यत् ॥ २ [हन] हिंसागत्योः = मारना और गति। शप् का लुक् (२९७) हन्ति।

३०३—अनुदात्तोपदेशवनतितनोत्यादीनामनुनासिकलोपो झलि क्ङिति ॥ ६ । ४ । ३७ ॥

उपदेश में जो अनुदात्त = अनिट् धातु, वन और तनु से लेकर जो धातु हैं उन सब के अनुनासिक का लोप होवे, झलादि कित् ङित् प्रत्यय परे हों तो। अनुदात्तोपदेश अनुनासिकान्त यम, रम, नम, गम, हन और दिवादिगण का मन ये छः धातु हैं और तनोत्यादि अनुनासिकान्त तनु, षणु, क्षणु, क्षिणु, ऋणु, तृणु, घृणु, वनु

और मनु ये नौ धातु है और वनति धातु भ्वादिगण का लिया है इन सब के अन्त्य अनुनासिक का लोप जहां-जहां झलादि कित् ङित् हो वहां वहां होता है। यहा हन धातु से परे तस् की ङित् सज्ञा (९९) होने से—हन्+तस्=हतः; यहा अनुनासिकलोप हुआ है। हन्+झि—

३०४—हो हन्तेर्ञ्णिन्नेषु ॥ ७ । ३ । ५४ ॥

हन् धातु के हकार को कवर्ग आदेश होवे, ञित् णित् और नकार परे हो तो। यहा झि के झकार को अन्त आदेश होने के पश्चात् उपधा अकार का लोप (२१४) होकर केवल नकार के परे 'ह' को 'घ'—घ्नन्ति, हसि, हथ हथ, हन्मि, हन्वः, हन्मः, हन्+हन्+णल्=जघान (३०४) णित् के परे ह को कुत्व, जघ्नतु (२१४) उपधालोप और न के परे ह को कुत्व (३०४), जघ्नुः ।

३०५—अभ्यासाच्च ॥ ७ । ३ । ५५ ॥

अभ्यास से परे हन धातु के हकार को कुत्व होवे। जघनिथ, जघन्थ, यहां कुत्व (३०४) नहीं प्राप्त है। जघ्नथुः, जघ्न, जघान, जघन, जघ्निव, जघ्निम, हन्ता, हन्तारौ, हन्तारः हन्तासि, हनिष्यति, हनिष्यत. (२३८) अप्राप्त इट्, हासति, हांसाति, हसति, हसाति, हनति, हनाति; हन्तु, हतात्, हताम्, घ्नन्तु ।

३०६—हन्तेर्जः ॥ ६ । ४ । ३६ ॥

हन धातु को 'ज' आदेश होवे 'हि' परे हो तो। अब हन् धातु के स्थान मे 'ज' आदेश होने के पश्चात् 'हि' का लुक् (७२) प्राप्त है उस 'ज' आदेश को असिद्ध (४४) मानकर नही होता। जहि, हतात्, हतम्, हत, हनानि, हनाव, हनाम, अहन्। यहा हल

नकार से परे अपृक्त तिप् के तकार का लोप होता है। अहताम्, अघ्नन्, अहन्, अहतम्, अहत, अहनम्, अहन्व, अहन्म; हन्यात्, हन्याताम्, हन्युः, हन्याः।

३०७—आर्धधातुके ॥ २। ४। ३५ ॥

यह अधिकारसूत्र है।

३०८—हनो वध लिङि ॥ २। ४। ४२ ॥

हन धातु को वध आदेश होवे आर्धधातुकविषय में लिङ् परे हो तो। वध अकारान्त होता है। वध्यात् (१७२) अकारलोप, वध्यास्ताम्, वध्यासुः, वध्याः, वध्यास्तम्।

३०९—लुङि च ॥ २। ४। ४३ ॥

आर्धधातुक विषयक लुङ् परे हो तो भी हन धातु को वधादेश होवे। इस सूत्र का पृथक् निर्देश इस से अगले सूत्र में अनुवृत्ति के लिये है। अवधीत्। वध आदेश के अदन्त होने से सिच् के परे अकारलोप (१७२) होकर उसके स्थानिवत् होने से वृद्धि (१३२) नहीं होती। अवधिष्टाम्, अवधिषुः, अवधीः, अहनिष्यत् (२३८), अहनिष्यताम्, अहनिष्यन्। अदिहनी अनुदात्तावुदात्तेतौ परस्मैपदिनौ। अद और हन दोनो धातु अनिट् परस्मैपदी है॥

अथ [द्विषादयश्] चत्वार स्वरितेत। अब [द्विष आदि] चार धातु उभयपदी कहते है। ३ [द्विष] अप्रीतौ = वैर करना। द्वेष्टि, द्विष्टः, द्विषन्ति, द्वेक्षि, द्विष्ठः, द्विष्ठ, द्वेष्मि, द्विष्वः, द्विष्मः, द्विष्टे, द्विषाते, द्विषते, द्विक्षे, [द्विषाथे,] द्विड्ढ्वे, द्विषे, द्विष्वहे, द्विष्महे; दिद्वेष, दिद्विषतुः, दिद्विषे, द्वेष्टासि, द्वेष्टासे, द्वेक्ष्यति, द्वेक्ष्यते, द्वेक्षतै, द्वेक्षातै, द्वेषतै, द्वेषातै, द्वेक्षति, द्वेक्षाति, द्वेषति, द्वेषाति, द्वेष्टु, द्विष्टात्, द्विष्टाम्, द्विषन्तु, द्विड्ढि, द्विष्टात्, द्विष्टम्, द्विष्ट, द्वेषाणि,

द्वेषाव, द्वेषाम; द्विष्टाम्, द्विषाताम्, द्विषताम्, द्विक्ष्व, द्विषाथाम, द्विड्ढ्वम्, द्वेषै, द्वेषावहै, द्वेषामहै, अद्वेट्, तिप् के तकार का लोप "हल्ङ्या०"[1] होता है। अद्विष्टाम्।

३१०—द्विषश्च ॥ ३ । ४ । ११२ ॥

शाकटायन आचार्य ही के मत मे द्विष धातु से परे लङ् लकार के झि को जुस् आदेश होवे। अद्विषु', अन्य लोगो के मत में—अद्विषन्, अद्वेट्, अद्विष्टम्, अद्विष्ट, अद्विषम्, अद्विष्व, अद्विष्म, अद्विष्ट अद्विषाताम्, अद्विषत, द्विष्यात्, द्विष्याताम्, द्विष्यु, द्विषात, द्विषीयाताम्, द्विषीरन्, द्विषीथा, द्विष्यात्, द्विष्यास्ताम्, [द्विष्यासुः]; द्विक्षीष्ट, द्विक्षायास्ताम्, द्विक्षीरन् (१६३) किस्व; अद्विक्षत् (२०७) क्स, अद्विक्षताम्, अद्विक्षन्, अद्विक्षत, अद्विक्षाताम् (२०८) क्सलोप, अद्वेक्ष्यत्, अद्वेक्ष्यत ॥ ४ [दुह] प्रपूरणे = तृप्त करना[2]।

३११—दादेर्धातोर्घः ॥ ८ । २ । ३२ ॥

दकारादि धातुओ के हकार को घकार आदेश हो झल् परे हो वा पदान्त मे। दुह् + तिप् = दोग्धि (१४१) त को ध और घ को जश्त्व। दुग्धः, दुहन्ति, धोक्षि (२०४), दुग्धः, दुग्ध, दोह्मि, दुह्वः, दुह्मः, दुग्धे, दुहाते, दुहते, धुक्षे, दुहाथे, धुग्ध्वे, दुहे, दुह्वहे, दुह्महे, दुदोह, दुदुहतुः, दुदोहिथ; दुदुहे; दोग्धा; धोक्ष्यति; धोक्ष्यते; धोक्षतै, धोक्षातै, दोहतै, दोहातै, धोक्षति, धोक्षाति, दोहति, दोहाति, दोग्धु,

---

१. नामिक ४८।

२. क्षीरस्वामी के मत में 'खाली करना' अर्थ है। वह लिखताहै—प्रपूरणं पूरणाभाव। उपसर्गोऽत्र धात्वर्थं बाधते प्रस्थानवत्। क्षीरतरङ्गिणी पृष्ठ १०३।

दुग्धात्, दुग्धाम् दुहन्तु, दुग्धि, दुग्धात्, दुग्धम्, दुग्ध, दोहानि, दोहाव, दोहाम, दुग्धाम्, दुहाताम्, दुहताम्, धुक्ष्व, दुहाथाम्, धुग्ध्वम्, दोहै, दोहावहै, दोहामहै; अधोक्, यहां पदान्त मे संयोगान्त हल् तकार का लोप होकर कुत्व हो जाता है। अदुग्धाम्, अदुहन्, अधोक्, अदोहम्; अदुग्ध, अदुहाताम्, अधुग्ध्वम्; दुह्यात्, दुह्याताम्, दुह्यु; दुहीत, दुहीयाताम्, दुहीरन्; दुह्यात्, दुह्यास्ताम्; धुक्षीष्ट (१६३), धुक्षीयास्ताम्, धुक्षीरन्, अधुक्षत् (२०७) क्स, अधुक्षताम्, अधुक्षन्, अधुक्ष; अधुक्षत, अधुक्षाताम् (२०८), अधुक्षन्त; विकल्प से क्स लुक् (२२७) अदुग्ध, अदुग्धाः, अधुक्षथा, अधुग्ध्वम्, अधुक्षध्वम्, [अदुह्वहि, अधुक्षावहि]; अधोक्ष्यत्, अधोक्ष्यत ॥ ५ [दिह] उपचये = बढ़ना। सब कार्य और प्रयोग दुह के तुल्य जानो। देग्ध, अधिक्षत्; अदिग्ध, अधिक्षत ॥ ६ [लिह] आस्वादने = स्वाद लेना[1]। लिह्+तिप=लेढि (२८२, १४१ २०६), लीढः (२३६), लिहन्ति, लेक्षि (२०५), लीढ, लीढ, लेह्मि, लिह्व, लिह्मः; लीढे, लिहाते, लिहते, लिक्षे, लिहाथे, लीढ्वे, लिहे, लिह्वहे, लिह्महे; लिलेह, लिलिहतुः, लिलेहिथ, लिलिहे, लिलिहाते, लिलिहिरे, लीढास्मि, लीढास; लेक्ष्याति, लेक्ष्यते, लेक्षतै, लेक्षातै, लेक्षाति, लेक्षानि, लेढु, लीढात्, लीढाम्, लिहन्तु, लीढि, लीढात्, लीढम्, लीढ, लेहानि, लेहाव, लेहाम, अलेट्, अलीढाम्, लिह्यात्, लिक्षीष्ट, अलिक्षत्, अलिक्षत (२०७) अलीढ, अलिक्षाताम्, अलिक्षन्त, अलिक्षथा, अलीढा, अलेक्ष्यत्, अलेक्ष्यत। द्विषादयोऽनुदात्ता स्वरितेत उभयपदिनः। ये द्विष आदि अनिट उभयपदी धातु हैं।

---

1. यहा 'चाटना' अर्थ है।

[अथैक आत्मनेपदी । अब एक आत्मनेपदी धातु कहते हैं ।]
७ [चक्षिङ्] व्यक्तायां वाचि, अयं दर्शनेऽपि = स्पष्ट बोलना और देखना । इस धातु में जो अनुदात्त इकार है उस की इत् सञ्ज्ञा हो जाती है, फिर अनुदात्तेत् के होने से आत्मनेपद हो ही जाता, फिर ङकार पढ़ने से अनुदात्तेत् धातुओं से आत्मनेपदविधान के अनित्यत्व का ज्ञापक होता है । और इस का इकार अन्त में इत् नहीं गया इस कारण नुम् नही होता । चक्ष्+ते = चष्टे (२१०) संयोगादि ककार का लोप । चक्षाते, चक्षते, चक्षे, चक्षाथे, चड्ढ्वे, चक्षे, चक्ष्वहे, चक्ष्महे ।

३१२—चक्षिङः ख्याञ् ॥ २ । ४ । ५४ ॥

सामान्य आर्धधातुकविषय मे चक्षिङ् [को] ख्याञ् आदेश होवे ।

३१३-वा लिटि ॥ २ । ४ । ५५ ॥

लिट् लकार मे चक्षिङ् धातु को ख्याञ् विकल्प करके होवे । पूर्व सूत्र से सर्वत्र नित्य प्राप्त है उस का विकल्प करने से प्राप्त विभाषा है । ख्याञ् होकर आकारान्त के समान प्रयोग और ञित् होने से उभयपद (१०५), चख्यौ (२४३), चख्यतु (२४४, २४५), चख्युः, चख्यिथ, चख्याथ, चख्ये, चख्याते ।

३१४-वा ख्शादिर्वा ॥ २ । ४ । ५४ ॥

यह ख्याञ् आदेश जो कहा है सो ख्शाञ् आदेश कहना चाहिये । फिर ख्याञ् धातु के प्रयोग किस प्रकार बनने चाहियें—

३१५-वा०-असिद्धे शस्य यवचनं विभाषा ॥ २ । ४ । ५४ ॥

असिद्ध अर्थात् अष्टमाऽध्याय के अन्त के तीन पादों[1] मे ख्शाञ् के शकार को विकल्प करके यकार होवे। सो जब यकार होगा तब ख्याञ् के प्रयोग और ख्शाञ् रहेगा वहा ख् को चर्त्व क् होकर—चक्शौ, चक्शतुः, चक्शे, चक्शाते। ख्शाञ् आदेश विधान करके असिद्धप्रकरण मे शकार को यकार कहने से जो-जो कार्य सपादसप्ताध्यायी मे ख्या धातु को कहे हैं वे इस को नही होते, क्योकि सपादसप्ताऽध्यायी मे वह ख्याञ् नही किन्तु ख्शाञ् है। इस प्रकार के कई प्रयोजन महाभाष्यकार ने (३१२) सूत्र पर गिनाये है। अब जिस पक्ष मे ख्शाञ् आदेश (३१३) नही हुआ वहां—चचक्षे, चचक्षाते, चचक्षिरे, ख्यातासि, ख्यातासे, क्शातासि, क्शातासे, ख्यास्यति, ख्यास्यते, क्शास्यति, क्शास्यते, ख्यासति, ख्यासाति, क्शासति, क्शासाति, ख्यासतै, ख्यासातै, क्शासतै, क्शासातै, चक्षतै, चक्षातै, चक्षते, चक्षाते, चष्टाम्, चक्षाताम्, [चक्षताम्,] चक्ष्व, चक्षाथाम्, चड्ढ्वम्, चक्षै, चक्षावहै, चक्षामहै; अचष्ट, अचक्षाताम्, अचक्षत, अचष्ठाः, अचक्षाथाम्, अचड्ढ्वम्, अचक्षि, अचक्ष्वहि, अचक्ष्महि, चक्षीत, चक्षीयाताम्, चक्षीरन्, ख्यायात्, ख्येयात्, क्शायात्, क्शेयात् (२५२) एत्वविकल्प। ख्यासीष्ट, क्शासीष्ट।

३१६—अस्यतिवक्तिख्यातिभ्योऽङ् ॥३।१।५२॥

असु दिवादिगण का, वच और ख्या अदादिगण के धातुओ से परे च्लि के स्थान मे अङ् होवे। सो जिस पक्ष मे यकार

---

१ कई वैयाकरण यत्वविधान को णत्व प्रकरण (अष्टा० ८। ४। ३९) के अनन्तर मानते हैं, अन्य 'यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा' (अष्टा० ८। ४। ४५) के बाद मानते है।

होता है[1] वहां अङ् जानो। अख्यत्, अख्यताम्, अख्यन्, अख्यत, अख्येताम्, अख्यन्त, ख्शाञ् पक्ष में अक्शासीत्[2] (२५१), अक्शास्त, अख्यास्यत्, अख्यास्यत, [अक्शास्यत्,] अक्शास्यत।

३१७-वा०—वर्जने प्रतिषेधः ॥ २ । ४ । ५४ ॥

वर्जन अर्थ में चक्षिङ् धातु को ख्शाञ् आदेश न होवे। संचक्षितासे, संचक्षिष्यते, संचक्षिषीष्ट, समचक्षिष्ट। सम् उपसर्गपूर्वक इस धातु का वर्जन अर्थ होता है।

अथ [ईरादयः] पृच्यन्ता अनुदात्तेतस्त्रयोदश। अब पृची धातु पर्यन्त १३ धातु आत्मनेपदी कहते हैं। ८ [ईर] गतौ कम्पने च = गति और कांपना। ईर्त्ते, प्रेर्त्ते, ईराते [ईरत,] ईर्षे, ईराथे, ईर्ध्वे, ईरे, ईर्वहे, ईर्महे, ईराञ्चक्रे ईरितासे, ईरिष्यते, ईरिषतै, ईरिषातै, ईरतै, ईरातै, ईर्ताम्, ईराताम्, ईरताम्, ऐर्त, ईरीत, ईरीयाताम्, ईरीरन्, ईरिषीष्ट, ऐरिष्ट, ऐरिष्यत॥ ९ [ईड] स्तुतौ = स्तुति करना॥ १० [ईश] ऐश्वर्ये = मालिक का होना। ईट्टे-चर्त्व, ईडाते, ईडते। ईष्टे (२३३) षत्व, ईशाते, ईशते।

३१८—ईशः से ॥ ७ । २ । ७७ ॥

---

१ भट्टोजिदीक्षित और नागोजीभट्ट आदि का मत है कि स्वतन्त्र 'ख्या प्रकथने' धातु के आर्धधातुक में प्रयोग नहीं होते। देखो सि० कौ० ख्या धातु, महाभाष्यप्रदीपोद्योत २।४।५४॥ अतः उनके मत में इस अङ् विधायक सूत्र में यत्व आश्रयसामर्थ्य से असिद्ध नहीं होता। अष्टाध्यायी भाष्य २।४।५४॥ ३।१।५२ में यत्व को असिद्ध मान कर इस आदेश वाली ख्या धातु का ग्रहण नहीं माना, स्वतन्त्र ख्या धातु का ग्रहण किया है।

२. वस्तुतः ख्शाञ् पक्ष में भी अङ् होता है। अन्वग्निरुषसामग्रमक्शत् (मै० स० १।८।९) में अङ् देखा जाता है।

ईश धातु से परे जो सार्वधातुक उस का इट् का आगम होवे। ईशिसे।

३१९–ईड्जनोर्ध्वे च ॥ ७ । २ । ७८ ॥

ईश, ईड और जन धातुओं से परे जो से और ध्वे वलादि सार्वधातुक उनको इट् आगम हो। पूर्व सूत्र की यहां सब अनुवृत्ति आती है, इन दोनों सूत्रों से बराबर कार्य होता है फिर एक सूत्र पढ़ते, पृथक्-पृथक् पढ़ने से आचार्य की विचित्र क्रिया दीख पडती है। ईडिषे, ईडाथे, ईडिध्वे, ईडे, [ईड्वहे, ईड्महे; ईशिषे, ईषाथे, ईशिध्वे,] ईशे, [ईश्वहे, ईश्महे,] ईडाञ्चक्रे, ईशाञ्चक्रे, ईडामास, ईडाम्बभूव, ईशामास, ईशाम्बभूव, ईडितासे, ईशितासे, ईट्टाम्, ईडाताम्, ईडताम्, ईडिष्व। (३१९), ईशिष्व, ईडिध्वम्, ईशिध्वम्। यहां एकार को 'व' और 'अम्' आदेश होता है। अत. एकदेश को विकृत मान कर इट् हो जाता है,[1] और से ध्वे, (३१८, ३१९) एकारान्त पढ़ने से ही लङ् लकार में इट् नहीं होता[2]। ऐट्ट, ऐडाताम्, ऐडत, [ऐट्ठा॰, ऐडाथाम्,] ऐड्ढ्वम्, ईडीत, ईशीत् ॥ ११ [आस] उपवेशने = बैठना। आस्ते, आसाते, आसते, आसाञ्चक्रे। (१९०) आम्, आसाम्बभूव, आसामास, आसितासे, आसिष्यते, आसिषतै, आसिषातै, आस्ताम्, आस्स्व, आध्वम्, आस्त, आसीत, आसिषीष्ट, आसिष्ट, आसिष्यत ॥ १२ [आङ्· शासु] इच्छायाम्। बहुधा आङ्पूर्वक ही इस धातु के प्रयोग आते हैं इसलिये आङ् इसके साथ लगा दिया है। आशास्ते, आशासाते, आशासते, आशशासे, अशशा-

---

१ एकदेशविकृतमनन्यवद् भवति (पारि॰ ३७) नियम से।

२. ' न च विकृतिः प्रकृतिं गृह्णाति ' नियम से।

साते, आशासितासे, आशास्ताम्, आशास्व, आशाध्वम्[1] आशासै, आशासावहै, आशासामहै, आशास्त, आशासीत, आशासिषीष्ट, आशासिष्ट ॥ १३ [वस] आच्छादने = ढांकना। वस्ते, वसाते, वसते, ववसे, ववसाते—(१२९) एत्वाभ्यासलोप निषेध। वसितासे, वसिष्यते, वासिषतै, वासिषातै, वसतै, वसातै, वस्ताम्, वसाताम्, वस्व, वध्वम्, अवस्त, वसीत, वसिषीष्ट, अवसिष्ट, अवसिष्यत ॥ १४ [कसि] गतिशासनयोः = गति और शिक्षा। कंस्ते, कंसाते, कंसते, कन्ध्वे, चकंसे, कंस्ताम्, कंस्व, कन्ध्वम्, अकंस्त, कंसीत ॥ [कस] इत्यन्ये। कस्ते, कसाते, चकसे, चकसाते, कस्ताम्, कस्व, कध्वम्, अकस्त, कसीत, अकसिष्ट ॥ [कश] इत्यके। कष्टे (२३३) षत्व, कशाते, चकशे, चकशाते, कशितासे, कशिष्यते, काशिषतै, काशिषातै, कष्टाम्, कशाताम्, कशताम्, कक्ष्व, कड्ढ्वम्, अकष्ट, कशीत, कशिषीष्ट, अकशिष्ट, अकशिष्यत ॥ १५ [णिसि] चुम्बने = चूंबना। निंस्ते, निंसाते, निनिंसे, निंसितासे, निंसिष्यते, निंसिषतै, निंसिषातै, निंस्ताम्, निंस्व, निन्ध्वम्, अनिंस्त, निंसीत, निंसिषीष्ट, अनिंस्त, अनिंसिष्यत ॥ [णिजि] शुद्धौ। निङ्क्ते, निञ्जाते, निङ्क्ते, निनिञ्जे, निञ्जितासे ॥ १७ [शिजि] अव्यक्ते शब्दे। शिङ्क्ते, शिशिञ्जे ॥ १८ [पिजि] वर्णे = श्वेत आदि। पिङ्क्ते। सम्पर्चन इत्येके। यह धातु किसी के मत में स्पर्श[2]

---

१ जब 'धि च' (आ० ११३) से सकारमात्र का लोप होता है, तब 'आशाध्वम्' प्रयोग बनता है। जब सिच् के सकार का ही लोप माना जाता है तब यहां सकार का लोप नहीं होता। उस को 'झला जश् झशि' (सन्धि० २३४) से जश्त्व होकर 'आशाद्ध्वम्' प्रयोग होता है। देखो महाभाष्य ८। २। २५ ॥

२. औचित्यात मिलाना।

करने अर्थ मे है। उभयत्रेत्यन्ये। कोई कहते हैं कि वर्ण और सम्पर्चन दोनो अर्थ है। अवयव इत्यपरे, अव्यक्ते शब्द इतीतरे। किन्ही के मत मे अवयव और कोई के मत मे अव्यक्त शब्द अर्थ मे पिजि धातु है। [पृजि] इत्येके। पूर्वोक्त सब अर्थों मे पिजि के स्थान मे कोई लोग पृजि धातु कहते है। पृङ्क्ते॥ १९[वृजी] वर्जने=निषेध करना। वृक्ते, वृजाते, वृजते, वृक्षे, वृग्ध्वे, ववृजे, वर्जिता, वर्जिष्यते, वर्जिषतै, वर्जिषातै, वृजतै, वृजातै, वृक्ताम्, वृक्ष्व, वृग्ध्वम्, अवृक्त, वृजीत, वर्जिषीष्ट, अवर्जिष्ट, अवर्जिष्यत॥ २० [पृची] सम्पर्चने=सम्बन्ध। पृक्ते, पृचाते। ईरादय उदात्ता अनुदात्तेत आत्मनेभाषाः। ये ईर आदि धातु समाप्त हुए॥

२१ [षूङ्] प्राणिगर्भविमोचने=गर्भस्थ प्राणियों का जन्म। सूते, सुवाते (१५९) उवङ्, सुवते, सुषुवे, (१४०) सूत्र मे सूति करके इसी सू धातु का ग्रहण है, इस कारण इट् का विकल्प होता है—सुषुविषे, सुसूषे, सुषुविढ्वे, सुषुविध्वे, सुषूढ्वे, सवितासे, सोतासे, सविष्यते, सोष्यते, साविषतै, साविषातै, सविषतै, सविषातै, साविषते, साविषाते, सविषते, [सविषाते] सौषतै, सौषातै, सोषतै, सोषातै, सौषते, सौषाते, सोषते, सोषाते, सुवतै, सुवातै, सुवते, सुवाते, सूताम्, सुवाताम्, सुवताम्, सुवै (९३) गुणनिषेध, सुवावहै, सुवामहै, असूत, सुवीत, सविषीष्ट। सोषीष्ट, सविषीढ्वम्, सविषीध्वम्, सोषीढ्वम्, असविष्ट, असोष्ट, असविढ्वम्, असविध्वम्, असोढ्वम्, असविष्यत असोष्यत॥ २२ [शीङ्] स्वप्ने=सोना। ङिद्वत् (९७) होने से गुण नहीं प्राप्त है इसलिये—

३२०—शीङः सार्वधातुके गुणः॥७।४।२१॥

शीङ् धातु को गुण होवे सामान्य सार्वधातुक परे हो तो।

यह सूत्र (३४) के निषेध का अपवाद है। शेते, शी+आताम्=शयाते, गुण होकर अयादेश होता है।

३२१—शीङो रुट् ॥ ७ । १ । ६ ॥

शीङ् धातु से परे झकार के स्थान मे जो अत् आदेश उस को रुट् का आगम होवे। टित् आगम [होने से] उस की आदि मे होकर—शेरते, शेषे, शयाथे, शेध्वे, शये शेवहे, शेमहे, शिश्ये—(१५६) यण्, शिश्यिढ्वे, शिश्यिध्वे, शयितासे, शयिष्यते, शायिषतै, शायिषातै, शेताम्, शयाताम्, शेरताम्, शेष्व, शयाथाम्, शेध्वम्, शयै, शयावहै, शयामहै, अशेत, अशयाताम्, अशेरत, शयीत, शयियाताम्, शयीरन्, शयिषीष्ट, शयिषीढ्वम्, शयिषीध्वम्, अशयिष्ट, अशयिढ्वम्, अशयिध्वम्, अशयिष्यत। आत्मनेभाषावुदात्तौ। पूङ् और शीङ् दोनो धातु सेट् आत्मनेपदी हैं॥

अथ स्नौत्यन्ताः परस्मैपदिन. षट्। अब स्नु धातु पर्यन्त ६ (छः) धातु परस्मैपदी कहते हैं॥ २३ [यु] **मिश्रणे अमिश्रणे च**=मिलना वा पृथक् करना।

३२२—उतो वृद्धिर्लुकि हलि ॥ ७ । ३ । ८६ ॥

हलादि पित् सार्वधातुक परे हो तो लुक् विषय [मे] उकारान्त अङ्ग को वृद्धि होवे, परन्तु अभ्यस्तसंज्ञक उकारान्त को पूर्वोक्त लक्षणों मे भी वृद्धि न होवे। यु+तिप्=यौति, युत., युवन्ति, (१५९), यौषि, युथः, युथ, यौमि, युव ; युम ; युयाव, युयुवतुः, युयविथ, यवितासि, यविष्यति, याविषति, याविषाति, यविषति, यविषाति, यवति, यवाति, यौतु, युतात्, युहि, यवानि, यवाव, यवाम; अयौत्, अयुताम्, अयुवन्, अयौः, अयुतम्, अयुत, अयवम्; युयात्। यहां विशेष विधायक जो यासुट् को ङित्त्व

(८०) है वह पित् का बाधक होने से वृद्धि (३२२) नहीं होती। युयाताम्, युयुः, यूयात् (१६०) दीर्घ, अयावीत् अयाविष्टाम्, अयाविषुः, (१५८), अयविष्यन् ॥ २४ [णु] स्तुतौ। नौति, नौषि, नौमि, नवितासि, नाविषति, नाविषाति, नौतु, अनौत्, नुयात्, नूयात्, अनावीत्, अनविष्यन् ॥ २५ [रु] शब्दे।

३२३—तुरुस्तुशम्यमः सार्वधातुके ॥७।३।९५॥

तु, रु, स्तु, शम और अम धातुओ से परे जो हलादि सार्वधातुक उसको विकल्प करके ईट् का आगम होवे। "अम गत्यादिषु" यह धातु भ्वादिगण मे लिख चुके है[1]। उससे परे वेद मे शप् का लुक् (२९८) होने [के] पश्चात् हलादि सार्वधातुक मिलता है। अभ्यमीति, अभ्यमति, प्रयोग होगे। और शम धातु दिवादिगण का है। रु+ईट्+तिप्=रवीति, रौति, रुवीतः-उवङ् (१५९), रुतः, रुवन्ति। यहा हलादि के न होने से ईट् न हुआ। और इस सूत्र में सार्वधातुक की अनुवृत्ति पूर्व से चली आती थी, फिर सार्वधातुक ग्रहण का यही प्रयोजन है कि अपित् सार्वधातुक मे भी हो जावे। रवीषि, रौषि, रुवीथः, रुथः, रुवीथ, रुथ, रवीमि, रौमि, [रुवीवः, रुवः,] रुवीमः, रुमः; रवीतु, रौतु, अरवीत्, अरौत् ॥ २६ [टुक्षु] शब्दे। क्षौति, क्षुतः, चुक्षाव, [चुक्षुवतु,] क्षौतु, क्षूयात्। शेष यु के समान ॥ २७ [क्ष्णु] तेजने = तीक्ष्ण करना। क्ष्णौति, क्ष्णुतः, चुक्ष्णाव, क्ष्णूयात्, अक्ष्णावीत् ॥ २८ [ष्णु] प्रस्रवणे = झरना, स्नौति, सुस्नाव, स्नविता[2], स्नौतु, स्नूयात् ॥ उदात्ताः परस्मैपदिनः। यु आदि धातु सेट् परस्मैपदी हैं।

---

१. देखो पृष्ठ ९७, प० १७।

२. स्नुक्रमोरनात्मनेपदनिमित्ते (अष्टा० ७।२।३६) से इडागम होता है।

[अथैक उभयतोभाष । अब एक उभयपदी कहते हैं]
२९ [ऊर्णुञ्] आच्छादने = ढांकना ।

३२४—ऊर्णोतेर्विभाषा ॥ ७ । ३ । ९० ॥

हलादि पित् सार्वधातुक परे हो तो ऊर्णु धातु को विकल्प करके वृद्धि होवे । (३२२) सूत्र से नित्य वृद्धि प्राप्त है इसलिये यह प्राप्तविभाषा जानो । ऊर्णौति, ऊर्णोति, ऊर्णुतः, ऊर्णुवन्ति, यहां हलादि के न होने में वृद्धि नहीं होती । ऊर्णौषि, ऊर्णोषि, ऊर्णुथ, ऊर्णुवात्व ऊर्णुवन । ऊर्णु धातु के इजादि गुरुमान् होने से लिट् में आम् प्रत्यय (१००) प्राप्त है, इसलिये—

३२५—का०—

वाच्य ऊर्णोर्णुवद्भावो यङ्प्रसिद्धिः प्रयोजनम् । आमश्च प्रतिषेधार्थमेकाचश्चेडुपग्रहात् ॥३।१।३६॥

ऊर्णुञ् धातु को णुवद्भाव कहना चाहिये । अर्थात् जैसे एकाच् हलादि "णु स्तुतौ" धातु को कार्य होते हैं वैसे इसको भी होवे । प्रयोजन यह है कि एक तो यङ् प्रत्यय एकाच् हलादि से होता है वह इससे भी होवे और इजादि गुरुमान् के न होने से आम् प्रत्यय (१०२) न होवे । और "श्र्युकः किति[1]" सूत्र में उगन्त एकाच् धातुओं से परे कित् आर्धधातुक को इट् का निषेध कहा है सो इसको भी एकाच् मानकर निषेध हो जावे, ऊर्णुतः, ऊर्णुतवान्, इत्यादि में । अब यहां आम् का निषेध होकर—ऊर्णु+णल् । यहां णु को वृद्धि होकर [स्थानिरूप होकर] अजादि धातु के द्वितीय एकाच् अवयव 'णु' मात्र को द्वित्व (३७, ३८) प्राप्त है इसलिये—

---

१. आ० २५५ ।

३२६—न न्द्राः संयोगादयः ॥ ६ । १ । ३ ॥

अच् से परे संयोग के आदि जो न्, द्, और र् इनको द्वित्व न होवे। इसमें रेफ को द्वित्व का निषेध होकर णु शब्द का द्वित्व होता है। ऊर्णुनाव। रेफ को द्वित्व हो जाता तो अभ्यास का आदि हल् वहां रेफ है उससे परे अन्य हल् णकार की निवृत्ति (४०) हो जाती। ऊर्णुनुवतुः, ऊर्णुनुवुः।

३२७—विभाषोर्णोः ॥ ७ । २ । ३ ॥

ऊर्णु धातु से परे जो इडादि प्रत्यय सो विकल्प करके ङिद्वत् हो। ऊर्णुनुविथ। ङित् पक्ष में गुण का निषेध (३४), ऊर्णुनविथ, ऊर्णुनुवे, ऊर्णुनुवाते, [ऊर्णुनुविरे,] ऊर्णुनुविषे ऊर्णुनविषे, ऊर्णुविताsसि, ऊर्णवितासि, ऊर्णुवितास्मि ऊर्णवितास्मि, ऊर्णुविष्यति ऊर्णविष्यति, ऊर्णुविष्यत, ऊर्णविष्यत, ऊर्णुविषत्, ऊर्णुविषाति, ऊर्णुविषत्, ऊर्णुविषात्, ऊर्णविषति, ऊर्णविषाति, ऊर्णविषात्, ऊर्णोविषाति, ऊर्णोवात, ऊर्णोवाति, ऊर्णुविषतै, ऊर्णुविषातै, ऊर्णुविषत, ऊर्णुविषात, ऊर्णविषतै ऊर्णविषातै, ऊर्णोविषतै, ऊर्णोविषातै ऊर्णौतु, ऊर्णोतु, ऊर्णुतात्, ऊर्णुताम्, ऊर्णुवन्तु, ऊर्णुहि, ऊर्णुतात्, ऊर्णुतम् ऊर्णुत, ऊर्णवानि, ऊर्णवाव ऊर्णवाम, ऊर्णुताम्, ऊर्णुवाताम्, ऊर्णुवताम्, ऊर्णुष्व, ऊर्णवै, ऊर्णवावहै ऊर्णवामहै।

३२८—गुणोऽपृक्ते ॥ ७ । ३ । ९१ ॥

ऊर्णुञ् धातु को गुण हो अपृक्त हलादि सार्वधातुक परे हो तो। अपृक्त विषय में भी वृद्धि (३२२) प्राप्त है उसका अपवाद यह सूत्र है। और्णोत्, और्णोः और्णवम्, और्णुत, और्णुवाताम्, और्णुवत, ऊर्णुयात् ऊर्णुयाताम्, ऊर्णुयुः ऊर्णुवीत, ऊर्णुवायाताम्, ऊर्णूयात् (१६०) दीर्घ, ऊर्णुविषाष्ट ऊर्णविषष्ट, [ऊर्णुविषीढ्वम्, ऊर्णुविषीध्वम्,] ऊर्णविषाढ्वम्, ऊर्णविषाध्वम्।

३२६—ऊर्णोतेर्विभाषा ॥ ७ । २ । ६ ॥

परस्मैपदविषय में इडादि सिच् परे हो तो ऊर्णु धातु को विकल्प करके वृद्धि होवे। पक्ष में गुण हो जाता है। और्णावीत्, और्णाविष्टाम्, और्णाविषु:, और्णवीत्, और्णुविष्ट, और्णविष्ट, और्णुविष्यत्, और्णविष्यत्, और्णुविष्यत, और्णविष्यत ॥

[अथ त्रयः परस्मैपदिनः । अब तीन धातु परस्मैपदी कहते हैं।] ३० [द्यु] अभिगमने = सन्मुख चलना। (३२२) वृद्धि—द्यौति, द्युतः, दुद्याव, दुद्युवतु, दुद्यविथ, द्योतासि, द्योष्यति, द्योषति, द्योषाति, द्यवति, द्योषात; द्यवति, द्यवाति, द्यौतु द्युहि, द्यवानि, अद्यौत्, द्युयात्, द्यूयात्, अद्यौषीत् (१५८) वृद्धि, अद्योष्यत् ॥ ३१ [षु] प्रसवैश्वर्ययोः = उत्पत्ति और संपत्ति का होना। सौति, सोता, सौतु।

३३०—स्तुसुधूञ्भ्यः परस्मैपदेषु* ॥७।२।७२॥

स्तु, सु और धूञ् धातु से परे जो सिच् उसको इट् का आगम होवे परस्मैपद विषय में। असावीत्, असाविष्टाम्, असाविषुः, असावी. (१५८) वृद्धि ॥ ३२ [कु] शब्दे। कौति, चुकाव, कोता, कोष्यति, कौषति, कौषाति, कौतु, अकौत्, कुयात्, कूयात्, अकौषीत्, अकोष्यत् ॥ [तु] गतिवृद्धिहिंसासु [यह सौत्र[1] धातु है। इसके गति, वृद्धि और हिंसा अर्थ है।] तौति, तवीति

* इस सूत्र को भट्टोजिदीक्षित ने भ्वादिगणस्थ सु धातु पर लिखा है सो स्तु धातु के साहचर्य से लुग्विकरण अदादि के सु धातु का ग्रहण होना चाहिये, इसलिये वहां लिखना ठीक नहीं है। [धूञ् के साहचर्य से स्वादि का भी ग्रहण होता है।]

१. आख्यातिक सूत्र ३२३ में यह धातु पढी है, धातुपाठ में नहीं है। लुग्विकरण और अनिट् होने से इसकी यहां व्याख्याकी है।

(३२३), तुवीतः, तुतः, तुवन्ति, तुताव, तुतुविथ, तुतोथ, तोतासि, तोष्यति, तौषति, तौषाति, तवीतु, तौतु, तुवीतात्, तुतात्, तुवीताम्, तुताम्, अतवीत्, अतौत्, अतवी:, अतौः, तुयात्, तुवीयात्, तुवीयाताम्, तुवीयुः, तूयात्, तूयास्ताम्, अतौषीत्, अतौष्टाम्, अतोष्यत् ॥ ये द्यु आदि तीन[1] धातु अनिट् परस्मैपदी हैं ॥

[अथ द्वावुभयपदिनः। अब दो उभयपदी कहते हैं।]

३३ [ष्टुञ्] स्तुतौ। स्तवीति (३२३), स्तौति, स्तुवीत, स्तुत, स्तुवीत, स्तुवाते, स्तुवते, स्तुवीषे, स्तुषे, स्तुवीध्वे, स्तुध्वे, स्तुवे, स्तुवीवहे, स्तुवहे, स्तुवीमहे, स्तुमहे, तुष्टाव, तुष्टुवतु, तुष्टुवु., तुष्टोथ (१४८) इट् निषेध, स्तोतासि, स्तोतासे, स्तोष्यति, स्तोष्यते, स्तौपति, स्तौषाति, स्तोषति, स्तोषाति, स्तौषतै, स्तौषातै, स्तोषते, स्तोषात, स्तौतु, स्तवीतु, स्तुवीताम्, स्तुताम्, अस्तवीत्, अस्तौत्, अस्तुवीत, अस्तुत, स्तुवीयात्, स्तुयात्, स्तुवीत, स्तुवीयाताम्, स्तूयात्, स्तूयास्ताम्, स्तोषीष्ट, स्तोषीढ्वम्, अस्तावीत् (३३०) इट्, अस्ताविष्टाम्, अस्ताविषु:, अस्तावीः। (३३०) सूत्र मे परस्मैपद के कहने से आत्मनेपद मे इट् नही होता—अस्तोष्ट, अस्तोषाताम्, अस्तोषत, अस्तोष्यत्, अस्तोष्यत ॥ ३४ [ब्रूञ्] व्यक्तायां वाचि = स्पष्ट बोलना।

३३१—ब्रुवः पञ्चानामादित आहो ब्रुवः ॥३।४।८४॥

ब्रूञ् धातु मे परे लट् लकार के परस्मैपद संज्ञक आदि के तिप् आदि पांच वचनो को णल् आदि पांच आदेश यथासंख्य करके होवें और इन्हीं आदेशो के सम्बन्ध मे 'ब्रूञ्' धातु को 'आह' आदेश होवे। इस सूत्र मे दूसरी वार ब्रू धातु इसलिये पढ़ा है कि आह आदेश किसी प्रत्यय के स्थान मे न हो जावे। ब्रू + तिप् = आह, आहतुः, आहुः, प्राहुः, आह + थल्—

---

1. सौत्र धातु को गिन कर चार होती हैं।

३३२—आहस्थः ॥ ८ । २ । ३५ ॥

आह धातु के हकार को थकार आदेश होवे झल् परे हो तो। 'आथ्+थ' पुनः थकार को चर्त्व तकार हो जाता है। [आत्थ,] आहथुः (३३१) सूत्र मे आदि के पाच वचनों के कहने से—"ब्रूथ" यहां प्रत्यय और धातु को आदेश नही होते।

३३३—ब्रुव ईट् ॥ ७ । ३ । ९३ ॥

ब्रूञ् धातु से परे जो हलादि पित् सार्वधातुक उसको ईट् का आगम होवे। ब्रवीति। "आत्थ" यहां ब्रूञ् को स्थानिवत् मानने से इट् प्राप्त है, परन्तु (३३२) सूत्र से [झल्परे] हकार को थकार विधान सामर्थ्य से नही होता। ब्रूत., ब्रुवन्ति, ब्रवीषि, ब्रूथः, ब्रूथ, ब्रवीमि, ब्रूवः, ब्रूमः, ब्रूते, ब्रूवाते, ब्रुवते।

३३४—ब्रुवो वचिः ॥ २ । ४ । ५३ ॥

आर्धधातुक विषय मे ब्रूञ् धातु को वचि आदेश होवे। इकार व्यञ्जन की सहायता के लिये है। वच्+वच्+णल्=उवाच (२८२) सम्प्रसारण, ऊचतु., ऊचु' (२८३), उवचिथ, उवक्थ, ऊचे, ऊचाते, ऊचिरे, वक्तासि, वक्तासे, वक्ष्यति, वक्ष्यते, वाद्गात, वाद्गाति, वद्गति, वद्गाति, ब्रवति. ब्रवाति, वाद्गतै, वाद्गातै, वद्गतै, वद्गातै, वद्गते, वद्गाते, ब्रुवतै, ब्रुवातै, ब्रुवते, ब्रुवाते, ब्रवीतु, ब्रूतात्, ब्रूताम्, ब्रुवन्तु, ब्रूहि, ब्रूतात्, ब्रूतम्, ब्रूत, ब्रवाणि, ब्रवाव, ब्रवाम्, ब्रूताम्, ब्रुवाताम्, ब्रुवताम्, ब्रवै, ब्रवावहै, ब्रवामहै; अब्रवीत्, अब्रूताम्, अब्रुवन्, अब्रूत, ब्रूयात्, ब्रूयाताम्, ब्रूयुः, ब्रुवीत, ब्रुवीयाताम्, ब्रुवीरन्, उच्यात् (३३४) वच्यादेश, (२८३) सम्प्रसारण, उच्यास्ताम्, वक्षीष्ट। लुङ् मे अङ् (३१६) होकर—

३३५—वच उम् ॥ ७ । ४ । २० ॥

अङ् परे हो तो वच् धातु को उम् का आगम होवे मित्

आगम अन्त्य अच् से परे[1] होकर—अट्+व+उम्+च्+अङ्+तिप्=अवोचत्, अवोचताम्, अवोचन्, अवोचत, अवोचेताम्, अवोचन्त, अवक्ष्यत्, अवक्ष्यत।

आशिषि लिङ् में वच आदि कई धातुओं के प्रयोग वैदिक विषय में कुछ विशेष होते हैं—

३३६—लिङ्याशिष्यङ् ॥ ३ । १ । ८६ ॥

आशीर्वाद अर्थ में लिङ् परे हो तो वेदविषय में सामान्य धातुओं से अङ् प्रत्यय होवे।

३३७—छन्दस्युभयथा ॥ ३ । ४ । ११७ ॥

वेदविषय में जिन प्रत्ययों की सार्वधातुक संज्ञा कही है उन की आर्धधातुक और जिन की आर्धधातुक संज्ञा कही है उन की सार्वधातुक संज्ञा भी होवे। प्रकृत में आशीर्वाद अर्थ में लिङ् की आर्धधातुक संज्ञा (८६) कह चुके हैं उसकी सार्वधातुक संज्ञा भी होवे। भा०—स्थागागमिवचिविदिशकिरुहयः प्रयोजनम्। स्था, गा, गम, वच, विद, शक और रुह, इन धातुओं से बहुधा आशिष लिङ् में अङ् होता है। यह नियम नहीं है कि इन्हीं धातुओं से होवे अन्य से नहीं। स्था—उपस्था+अङ्+यासुट्+मिप्=उपस्थेयम्, (२४४) आकारलोप और सार्वधातुक संज्ञा मान के इय् आदेश (८३)। गा—गै धातु भ्वादिगण में लिख चुके हैं[2] उसी को यहां जानो। उपगा+अङ्+यासुट्+मिप्=उपगेयम्, पूर्ववत्। गम—गम्+अङ्+यासुट्+मस्=गमेम। यहां लिङ् की सार्वधातुक संज्ञा होने से इय् और अङ् की आर्धधातुक संज्ञा मान के गम् का छकारादेश (२७३) नहीं होता। वच—व उम् च्+अङ्+यासुट्+मस्=वोचेम। विद—विद्+

---

१. मिदचोऽन्त्यात्परः। सन्धि० ८१। २. पृष्ठ १६६, पं० ३।

अङ्+यासुट्+मिप्=विदेयमेनां मनसि प्रविष्टाम्[1] । शाकि—शक्+अङ्+इय्+मिप्=शकेयम् । रुह—रुह्+अङ्+इय्+मिप्=रुहेयम् ।

३३८—वा०—दृशेरग्वक्तव्यः ॥ महा० ३।१।८६॥

दृश धातु से अक् प्रत्यय कहना चाहिये । दृश्+अक्+यासुट्+मिप्=दृशेयम् । जो यहां (३३६) सूत्र से अङ् होता तो अकित् होने से अम् (२७८) हो जाता, इसलिये अक् पढ़ा है ।

अथ शास्त्यन्ताः परस्मैपदिनः, इङ्त्वात्मनेपदी । अब शासु धातुपर्यन्त परस्मैपदी कहते हैं, परन्तु एक इङ् धातु आत्मनेपदी है ॥ ३५ [इण्] गतौ । एति, इतः ।

३३९—इणो यण् ॥ ६ । ४ । ८१ ॥

इण् धातु को यण् आदेश होवे अच् परे हो तो । यन्ति । यह सूत्र इयङ् (१५९) का अपवाद है । इ+णल्=इयाय । यहां इकार को ऐकार वृद्धि और ऐ को द्वित्व [और ह्रस्व (४१)] होकर इयङ् (१५२) होता है ।

३४०—दीर्घ इणः किति ॥ ७ । ४ । ६९ ॥

इण् धातु के अभ्यास को दीर्घ आदेश होवे कित् लिट् परे हो तो । इ-अतुस् । इस अवस्था में यण् होकर, यण् को स्थानिरूप (२४५) मानकर द्वित्व होता है । ईयतु, ईयुः, इययिथ, इयेथ, ईयथुः, ईय, इयाय, इयय, ईयिव, ईयिम, एतासि, एष्यति, ऐषति, ऐषाति, एषति, एषाति, अयति, अयाति; एतु, इतात्, इताम्, यन्तु (३३९) यण्, इहि, इतात्, इतम्, इत, अयानि, अयाव, अयाम; ऐत्, ऐताम्, आयन्, ऐः, ऐतम्, ऐत, आयम्,

---

1. अथर्व० १९ । ४ । २ ॥

ऐव, ऐम; इयात्, इयाताम्, इयुः; ईयात् (१६०) दीर्घ, ईयास्ताम्।

३४१—एतेर्लिङि ॥ ७ । ४ । २४ ॥

उपसर्ग से परे इण् धातु के अण् को ह्रस्व होवे यकारादि कित् लिङ् परे हो तो। उदियात्, समियात्, अन्वियात्। सम+आ+इ+यासुट्+तिप्=समेयात्, यहां एकार अण् नहीं है इसलिये ह्रस्व नहीं होता।

३४२—इणो गा लुङि ॥ २ । ४ । ४५ ॥

इण् धातु को गा आदेश होवे लुङ् लकार के विषय में। गा होकर सिच् का लुक्, (९१) सूत्र मे गाति करके यही गा आदेश लिया जाता है[1]। अगात्, अगाताम्, अगुः। ३६ [इङ्] अध्ययन=पढ़ना। इस धातु के प्रयोग नित्य अधि उपसर्गपूर्वक ही आते है। अधि+इ+त=अधीते। सवर्णदीर्घ एकादेश होता है। अधीयाते, अधीयत इयङ् (१५९), अधीषे, अधीयाथे, अधीध्वे, अधीये, अधीवहे, अधीमहे।

३४३—गाङ् लिटि ॥ २ । ४ । ४९ ॥

इङ् धातु को गाङ् आदेश होवे लिट् लकार की विवक्षा मे। अधि+गा+एश्=अधिजगे। यहा प्रथम आकारलोप (२४४) होकर स्थानिरूप (२४५) मान के द्वित्व होता है। अधिजगाते, अधिजगिरे, अधिजगिषे, अध्येतासे, यहां अधि के इकार को यण् होजाता है[2]। अध्येष्यते, अध्यैषतै, अध्यैषातै, अध्येषतै,

---

१. 'गोपोर्ग्रहणे इण्पिबत्योर्ग्रहणम्' (वा० २ । ४ । ७७) इस नियम से।

२. धातु का पहले साधन (प्रत्यय) के साथ सबन्ध होता है या उपसर्ग के साथ, इसमें दो मत हैं। जब 'पूर्वं धातु साधनेन

अध्येषातै, अध्यैषते, अध्यैषाते, अध्येषते, अध्येषाते, अधीताम्, अधीयाताम्, अधीयताम्, अध्ययै, अध्ययावहै, अध्ययामहै; अध्यैत, अध्यैयाताम्, यहां परत्व से प्रथम इयङ् (१५९) और पीछे आट् होकर उसके साथ वृद्धि होती है। अध्यैयत, अध्यैथाः, अध्यैयाथाम्, अध्यैध्वम्, अध्यैयि, अध्यैवहि, अध्यैमहि; अधीयीत, अधीयीयाताम, अधीयीरन्, अधीयीध्वम्, अधीयीय; अध्यषीष्ट, अध्यषीयास्ताम्, अध्येषीढ्वम्।

३४४—विभाषा लुङ्लृङोः ॥ २ । ४ । ५० ॥

इङ् धातु को गाङ् आदेश विकल्प करके होवे लुङ् और लृङ् लकार की विवक्षा हो तो। गाङ् आदेश पक्ष में—

३४५—गाङ्कुटादिभ्योऽञ्णिन्ङित् ॥ १ । २ । १ ॥

गाङ् और कुटादि धातुओं से परे जो ञित णित् भिन्न प्रत्यय वे ङिद्वत् हों। यहां लुङ् में सिच् और लृङ् में स्य ङिद्वत् होकर—

३४६—घुमास्थागापाजहातिसां हलि ॥ ६ । ४ । ६६ ॥

युज्यते पश्चादुपसर्गेण' मत स्वीकार किया जाता है तब पहले प्रत्यय को को मानकर धातु को गुण होता है पीछे उपसर्ग के इकार को यणादेश होता है। जब 'पूर्वं धातुरुपसर्गेण युज्यते पश्चात् साधनेन' मत माना जाता है तब 'अधि+इ' इस अवस्था में पहले सवर्णदीर्घत्व की प्राप्ति होती है। प्रथम सवर्ण दीर्घ करने पर 'अध्यता' आदि प्रयोग उपपन्न नहीं होते। इसलिये 'णेरध्ययने वृत्तम्' (आ० १२०५) सूत्र में 'अध्ययन' पद प्रयोग के ज्ञापन से सवर्णदीर्घ को बाधकर गुण होकर यणादेश होता है। उपर्युक्त दोनों पक्षों मे प्रथम पक्ष ही प्रामाणिक है।

घुसंज्ञक (२४६) मा, स्था, गा, पा, ओहाक् और षो धातु के आकार का ईकारादेश होवे हलादि कित् ङित् आर्धधातुक परे हो तो। अध्यगीष्ट अध्यगीषाताम, अध्यगीषत, अध्यगीष्ठाः, अध्यगीढ्वम्. जिस पक्ष मे गाङ् (२४४) न हुआ वहां—अध्यैष्ट, अध्यैषाताम्, अध्यैढ्वम, अध्यगीष्यत. अध्यगीष्येताम्, अध्यगीष्यन्त, अध्यैष्यत ॥ ३७ [इक्] स्मरणे = स्मरण करना। यह भी धातु अधि उपसर्गपूर्वक ही है इस मे कारकविषयक 'अधीगर्थदयेशां कर्माण'' सूत्र का प्रमाण है। अध्येति, अधीतः, अधीयन्ति, अध्येषि, अधीयाथ, अधीयतुः, अधीयुः, अध्येतासि, अध्येष्यति, अध्यैषीत, अध्यैषात अध्येषति, अध्येषाति, अध्येतु, अधीतात्, अधीताम्, अधीयन्तु, अधीहि, अध्ययानि, अध्ययाव, अध्ययाम, अध्यैत्, [अध्यैताम्,] अध्यायन्, अध्यैः, अध्यायम्, अधीयात्, अधीयाताम्, अधीयुः, अधीयात्, अधीयास्ताम्।

३४७-वा०-इण्वदिक इति वक्तव्यम् * ॥ २।४।४५ ॥

* इस वार्तिक को भट्टोजिदीक्षित ने लट् लकार मे लगा के और "अधियन्ति" प्रयोग इक धातु को यण (३३२) करके बनाया और पीछे यह भी लिखा है कि कोई लोग इस को आर्धधातुक विषय मे कहते हैं, उनके मत मे "अधीयन्ति" होगा। सो यह महाभाष्य से विरुद्ध होने के कारण माननीय नहीं। भाष्यकार ने इस वार्तिक को (३४२) सूत्र पर लिखकर लुङ लकार के उदाहरण दिये हैं और (३४२) सूत्र भी आर्धधातुक अधिकार मे होने से लट् लकार में इक् धातु को इण्वत् कार्य कदापि नहीं हो सकता। फिर "अधियन्ति" प्रयोग सर्वथा अशुद्ध है ॥

१. अष्टा० २।३।५२ ॥

आर्धधातुक अधिकार मे इक् धातु को इण् के तुल्य कार्य होवें अर्थात् लुङ् लकार मे जो इण् धातु को गा आदेश (३४२) कहा है सो इक् को भी होवे । अध्यगात्, अध्यगाताम्, अध्यगुः, अध्यैष्यत ॥ ३८ [वी] गतिव्याप्तिप्रजनकान्त्यसनखादनेषु = गति, व्याप्ति, गर्भ होना, इच्छा, फेंकना और खाना । वेति, वीतः, वियन्ति (१५९) इयङ्, वेषि, विवाय, विव्यतुः,[1] विव्युः, विवयिथ, विवेथ, वेता, वेष्यति, वैषति, वैषाति, वेषति, वेषाति, वयति, वयाति, वेतु, वीतात्, वीहि, वयानि, अवेत्, अवीताम्, अवियन्,[2] अवेः, वीयात्, वीयाताम्, वीयुः; [वीयात्,] वीयास्ताम्,

१ 'वि+अतुस्' इस अवस्था मे द्विर्वचन और इयङादेश दोनों प्राप्त होते है । परत्व से इयङादेश होना चाहिये, परन्तु 'विप्रतिषेधे परं कार्यम्' (सन्धि० ११४) में पर शब्द को इष्ट वाची मानकर प्रथम द्विर्वचन होता है तदनन्तर इयङ् को बाधकर परत्व से 'एरनेकाचो०' (आ० १५६) से यणादेश होता है ।

धातुवृत्तिकार सायण ने पहले इयङादेश करके 'द्विर्वचनेऽचि' (आ० २४५) से स्थानिवत् मानकर द्विर्वचन किया है, तदनन्तर पुनः इयङ् की प्राप्ति होने पर परत्व से यणादेश होना लिखा है । इस लेख में दो भूले हैं । प्रथम-'द्विर्वचनेऽचि' सूत्र से जो स्थानिरूप होता है वह केवल द्विर्वचन कार्य करने के लिये होता है न कि वस्तुतः वैसा रूप बन जाता है । अत पुनः इयङ् की प्राप्ति ही नहीं होती तो यणादेश परत्व से किस को बाधेगा । दूसरा-महाभाष्यकारने 'द्विर्वचनेऽचि' सूत्र के जितने प्रयोजनों की गणना की है उनमे इयङ् को स्थानिरूप करना प्रयोजन नहीं लिखा, अतः द्विर्वचन से पूर्व इयङ् करना ठीक नहीं है

२. 'वि+अन्ति' इस अवस्था में अट् और इयङ् दोनो की प्राप्ति होती है । परत्व से प्रथम इयङ् होता है पुनः अडागम । यदि किसी

अवैषीत्, अवैष्टाम्, अवैषुः, अवेष्यत् ॥ इस वी धातु में मिला उन्हीं अर्थों मे "ई" धातु भी मानते हैं। एति, ईत, इयन्ति, इयाय, ईयतुः, एता, एष्यति, ऐषति, ऐषाति ॥ ३९ [या] प्रापणे = प्राप्त होना। याति, यातः, यान्ति, ययौ, ययतुः, ययुः, ययिथ, ययाथ, यातासि, यास्यति, यासति, यासाति, यातु, अयात्, अयाताम्।

३४८—लङः शाकटायनस्यैव ॥ ३।४।१११ ॥

आकारान्त धातु से परे जो लङ् लकार का झि उसको जुस् आदेश होवे शाकटायन आचार्य ही के मत मे। अयुः (८५) पररूप एकादेश, अयाः, अयातम्, अयात, अयाम्, अयाव, अयाम; यायात्, यायाताम्, यायास्ताम्, अयासीत्, अयासिष्टाम्, अयासिषुः, अयास्यत् ॥ ४० [वा] गतिगन्धनयोः = गति और सूचना [1]। वाति, वातः, वान्ति, वासि, ववौ, वातासि, वास्यति, वासति, वासाति, वातु, वाहि, अवात्, अवासीत्, अवास्यत् ॥ ४१ [भा] दीप्तौ = प्रकाश। भाति, बभौ ॥ ४२ [ष्णा] शौचे। स्नाति, सस्नौ, स्नेयात् (२५२) स्नायात्, अस्नासीत् ॥ ४३ [श्रा] पाके। श्रेयात्, श्रायात् ॥ ४४ [द्रा] कुत्साया गतौ = निन्दित गति [2]। द्रेयात्, [द्रायात्] ॥

प्रकार अडागम की प्राप्ति पहले भी मानलें तब भी अडागम को असिद्ध मानकर इयङादेश ही होगा न कि यणादेश।

१ गन्धन का अर्थ वृत्तिकार ने 'अपकारप्रयुक्त हिंसात्मकं सूचनम्' माना है (काशिका १। ३। ३२)। महर्षि दयानन्द ने वेदभाष्य में गन्धन शब्द का अर्थ 'हिंसा' और 'सूचना' किया है। यथा—वायो दुष्टाना हिंसक ! (ऋ० भा० १। १३५। ४), वायो वाति जानाति सूचयति सदसत्पदार्थानिति वायुः, तत्सम्बुद्धौ (यजु० भा० ६। १६)।

२. द्रातीति गतिकुत्सना। निरुक्त २। ३ ॥

४५ [प्सा] भक्षणे = खाना। प्साति, पप्सौ, प्सेयात्, प्सायात् ॥ ४६ [पा] रक्षणे। [पायात्,] पायास्ताम् (२५२) सूत्र मे पा धातु से पिबति[1] का ग्रहण होने से इस धातु को एकारादेश (२५२) नहीं होता। अपासीत् (९१) सूत्र मे भी पिबति का ही ग्रहण होने से सिच्लुक् नहीं होता॥ ४७ [रा] दाने। राति॥ ४८ [ला] आदाने। लाति, लायात्॥ ४९ [दाप्] लवन = काटना। दाति, दायास्ताम्। घुसञ्ज्ञा के (२४६) न होने से एकार आदेश और 'अदासीत्' सिच्लुक् (९१) नहीं होता॥ ५० [ख्या] प्रकथने = अच्छे प्रकार कहना। इस धातु के प्रयोग सार्वधातुकविषय मे ही समझने चाहियें, क्योंकि आर्धधातुक विषय मे चक्षिङ् धातु का ख्याञ् आदेश (३१२) कह चुके हैं उसी के प्रयोग आते हैं[2]। ख्याति, ख्येयात्, ख्यायात्॥ ५१ [प्रा] पूरणे = तृप्त करना। प्राति, प्रेयात्, प्रायात्, अप्रासीत्॥ ५२ [मा] माने = समा जाना[3]। माति, ममौ, ममिथ, ममाथ, मातासि, मास्यति, मासति, मासाति, मातु, माहि, अमात्, मेयात् (२४७), मेयास्ताम्, अमासीत्, अमास्यत्॥ ५३ [वच] परिभाषण = व्याख्यान करना। वक्ति, वक्तः, वचन्ति[4], वक्षि, वक्थः, वच्मि, उवाच (२८२) सम्प्रसारण।

---

१. गापोर्ग्रहण इण्पिबत्योर्ग्रहणम् (वा० २। ४। ७७) नियम से।

२. इस विषय में पृष्ठ २०६ की टिप्पणी १, २ देखो।

३ इस अर्थ में 'माति घृत पात्रे' वाक्य में प्रयोग होता है।

४. इस धातु का 'अन्ति' परे रहते प्रयोग नहीं होता, ऐसा किन्हीं वैयाकरणों का मत है। कई एक 'झि' परे सर्वत्र प्रयोगाभाव मानते हैं। कुछ एक तीनों पुरुषो के बहुवचनों में इसका प्रयोग स्वीकार नहीं करते। आत्रेय केवल एकवचन के प्रयोग लिखकर द्विवचन और बहुवचन मे

ऊचतुः (२८३), ऊचु, उवचिथ उवक्थ, वक्तासि, वक्ष्यति, वाक्षति, वाक्षाति, वक्तु, वग्धि, वचानि अवक्, अवक्ताम्, अवचन्, अवक्, वच्यात्, उच्यात् (२८३), उच्यास्ताम्, अवोचत्, अङ् और (३३५) उम् आगम। ये इण् आदि अनिट् परस्मैपदी धातु समाप्त हुए॥ ५४ [विद] ज्ञाने।

३४९—विदो लटो वा ॥ ३ । ४ । ८३ ॥

विद् धातु से परे लट् लकार सबन्धी परस्मैपदसञ्ज्ञक प्रत्ययो के स्थान मे णल् आदि ९ आदेश यथासंख्यक और विकल्प करके होवें। वेद, विदतुः, विदुः, वेत्थ: विदथुः, विद, वेद, विद्व, विद्म। पक्ष मे—वेत्ति, वित्तः, विदन्ति। आम्प्रत्ययविधायक (२१३) सूत्र में विद् धातु का अकारान्त निपातन भाष्यकार ने माना हैं, आम् प्रत्यय के परे विद् धातु के अकार का लोप (१७२) होकर स्थानिवत् होने से आम् प्रत्यय को मानकर गुण नहीं होता। विदाञ्चकार, विदाञ्चक्रतुः, विदाञ्चक्रु। पक्ष मे—विवेद, विविदतुः, विविदु, विवेदिथ। वेदतासि, वेदष्यति, वेदिषति, वेदिषाति, वेदति, वेदाति, वेत्तु, वित्तात् वित्ताम्।

३५०—विदाङ्कुर्वन्त्वित्यन्यतरस्याम्* ॥ ३ । १ । ४१ ॥

अन्यों के मत से अप्रयोग मानता है। वस्तुत ये सब मत अयुक्त हैं, महाभाष्य आदि प्रामाणिक ग्रन्थों में इसका उल्लेख नहीं मिलता। महाभारतादि में 'ऊचतुः, ऊचुः' प्रयोग बहुधा मिलते हैं। स्कन्द स्वामी ने ऋग्वेदभाष्य में 'प्रवचन्ति' का प्रयोग किया है।

* इस सूत्र मे जो इति शब्द पढा है उस से शब्द के स्वरूप का बोध होता है, और इति शब्द का यही प्रयोजन सर्वत्र आता है। काशिकाकार और भट्टोजिदीक्षित

लोट् लकार प्रथम पुरुष बहुवचन मे "विदाङ्कुर्वन्तु" विकल्प से निपातन किया है। विद् धातु से आम् प्रत्यय कृञ् का अनुप्रयोग और उ प्रत्यय विकरण आदि निपातन से होते हैं। और पक्ष में—'विदन्तु' भी होता है। विद्धि, वित्तात्, वित्तम्, वित्त, वेदानि, वेदाव, वेदाम; अवेत्, अवित्ताम्, अविदुः (१३७) झिको जुस्।

३५१—दश्च ॥ ८ । २ । ७५ ॥

धातु के पदान्त दकार को रु आदेश विकल्प करके होवे सिप् परे हो तो। अवेः, रु को विसर्जनीय। पक्ष में—अवेत्, अवित्तम्, अवित्त, अवेदम्, अविद्व, अविद्म; विद्यात्, [विद्याताम्,] विद्युः, [विद्यात्,] विद्यास्ताम्, अवेदीत्, अवेदिष्टाम्, अवेदिषुः, अवेदिष्यत्॥ ५५ [अस] भुवि। यह धातु भू धातु के अर्थ में है। अस्ति।

३५२—श्नसोरल्लोपः । ६ । ४ । १११ ॥

श्न प्रत्यय और अस् धातु के अकार का लोप होवे कित् ङित् सार्वधातुक परे हो तो। अस्+तस्=स्तः, सन्ति, असि, (५५), स्थः, स्थ, अस्मि, स्वः, स्मः।

३५३—अस्तेर्भूः ॥ २ । ४ । ५२ ॥

आदि ने लिखा है कि इति शब्द पढने से पुरुष और वचन की विवक्षा नहीं कि लोट् के प्रथम पुरुष बहुवचन का ही प्रयोग निपातन किया होवे, किन्तु लोट् लकार के सब प्रयोगों में निपातन किया है 'विदाङ्करोतु' आदि भी प्रयोग होते हैं, सो यह व्याख्यान माननीय नहीं है, क्योंकि मूल और महाभाष्य से विरुद्ध हैं। इससे अगले "अभ्युत्सादया०" सूत्र में ऐसे ही आम्प्रत्ययान्त निपातन किये हैं वहां भी इति शब्द पढा है उसका व्याख्यान इन लोगों ने भी स्वरूपबोधक ही रक्खा है। इस से इनका व्याख्यान पूर्वापर विरुद्ध भी है।

अस धातु को भू आदेश होवे सामान्य आर्धधातुक विषय मे अर्थात् आर्धधातुक लकारो मे भू धातु के ही प्रयोग होते हैं अस के के नहीं। बभूव, बभूवतु., बभूविथ, भवितासि, भविष्यति, भाविषति, भाविषाति, असति, असाति, असत्, असात्, अस्तु, स्तात्, स्ताम्, सन्तु (३५२), अस्+हि—यहा—

३५४—घ्वसोरेद्धावभ्यासलोपश्च ॥६।४।११९॥

घुसंज्ञक और अस धातु को एकारादेश और घुसज्ञक के अभ्यास का लोप होवे हि परे हो तो। अस धातु के अन्त्य अल् सकार के स्थान मे एकारादेश होता है। पीछे एकारादेश को असिद्ध (४४) मानकर हि को धि (३००) और अकार का लोप (३५२) होता है। एधि, स्तात्, स्तम्, स्त, असानि, असाव, असाम, लङ् मे ईट् (१३४) आसीत्। यहा भी तस् आदि मे लोपके के बलीय होने से अकार लोप (३५२) होकर अजादि के न होने से आट् (१२०) नही प्राप्त है सो अकार लोप को असिद्ध (४४) मानकर आट् हो जाता है। आस्ताम्, आसन्, आसीः, आस्तम्, आस्त, आसम्, आस्व, आस्म, स्यात्, स्याताम्, स्युः, स्याः; भूयात्, भूयास्ताम्, अभूत्, अभूताम्, अभूवन्, अभविष्यत् ॥ ५६ [मृजूष्[1]] शुद्धौ = पवित्रता। यह धातु ऊदित्[2] है।

---

१. कई वैयाकरण 'मृजा' शब्द का पाठ भिदादिगण में नहीं मानते। उनके मत मे अङ् करने के लिये षित् करण है। अन्य वैयाकरण षकार नहीं पढते।

२. ऊदित् पढने से इट का विकल्प होता है। कई अनिट् कारिका (५) में 'सृजिमृजि' पढ़ते हैं, वह अशुद्ध है। यह भूमिकान्तर्गत अनिट् कारिका की टिप्पणी में लिख चुके हैं।

३५५—मृजेर्वृद्धिः ॥ ७ । २ । ११४ ॥

मृज धातु के इक् को वृद्धि होवे सामान्य प्रत्ययों के परे। ऋकार को आर् वृद्धि । मार्ष्टि (२३३) षत्व, मृष्ट. ।

३५६—वा०—इहान्ये वैयाकरणा मृजेरजादौ संक्रमे विभाषा वृद्धिमारभन्ते ॥ १ । १ । १८ ॥

यह वार्तिक " इको गुणवृद्धी " सूत्र पर है । इस व्याकरण शास्त्र में बहुतेरे वैयाकरण लोग मृज धातु को अजादि कित् ङित् प्रत्ययों के परे विकल्प करके वृद्धि कहते हैं । मार्जन्ति, मृजन्ति, मार्क्षि, मृष्ठः, मृष्ठ, मार्ज्मि, मृज्व, मृज्मः; ममार्ज, ममार्जतुः, ममृजतुः, ममार्जुः, ममृजुः । ऊदित् होने से इट् का विकल्प (१४०)—ममार्जिथ, ममार्ष्ठ, ममार्जथुः, ममृजथुः, ममार्ज, ममृज, ममार्ज, ममर्ज, ममार्जिव, ममृजिव, ममृज्व, ममार्जिम, ममृजिम, ममृज्म; मार्जितासि, मार्ष्टासि; मार्जिष्यति, मार्क्ष्यति, मार्जिषति, मार्जिषाति, मार्क्षति, मार्क्षाति, मार्जति, मार्जाति, मार्ष्टु, मृष्टात्, मृष्टाम्, मार्जन्तु, मृजन्तु, मृड्ढि, यहां षत्व (२३३) होने के पश्चात् जश्त्व ष्टुत्व होते हैं । मार्जानि, मार्जाव, मार्जाम; अमार्ट्, अमृष्टाम्, अमार्जन्, अमृजन्, अमार्जम्; मृज्यात्, मृज्याताम्, [मृज्यात्,] मृज्यास्ताम्. अमार्जीत्, अमार्जिष्टाम्, अमार्क्षीत्, अमार्ष्टाम्, अमार्क्षुः; अमार्जिष्यत्, अमार्क्ष्यत् ॥ ५७ [रुदिर्] अश्रुविमोचने = रोना ।

३५७-रुदादिभ्यः सार्वधातुके ॥ ७ । २ । ७६ ॥

रुद्, स्वप्, श्वस्, अन और जक्ष, इन पांच धातुओं से परे वलादि सार्वधातुक को इट् का आगम होवे । रोदिति, रुदितः, रुदन्ति; रोदिषि, रुदिथः, रुदिथ, रोदिमि, रुदिवः, रुदिमः; रुरोद, रुरुदतुः, रुरुदु, रुरोदिथ; रोदितासि, रोदिष्यति, रोदिषति,

रोदिषाति, रोदति, रोदाति, रोदितु, रुदिहि, रोदानि, रोदाव, रोदाम।

३५८—रुदश्च पञ्चभ्यः ॥ ७। ३। ९८ ॥

रुद आदि उक्त पांच धातुओ से परे हलादि पित् अपृक्त सार्वधातुक को ईट् का आगम होवे। अरोदीत्, अरोदीः।

३५९—अड् गार्ग्यगालवयोः ॥ ७। ३। ९९ ॥

गार्ग्य और गालव आचार्यों के मत मे रुद आदि पाच धातुओं से परे उक्त सार्वधातुक को अट् का आगम होवे। यह ईट् और अट्, इट् के आगम का निषेधक हैं। अरोदत्, अरुदिताम्, अरुदन्, अरोदः, अरुदितम्, अरुदित, अरोदम्, अरुदिव, अरुदिम। प्रकृति और प्रत्यय की विशेष अपेक्षा रखने वाले अट् और ईट् आगमो मे अन्तरङ्ग होने के कारण यासुट् प्रथम हो जाता है, फिर ईट् और अट् की प्राप्ति नहीं है। रुद्यात्, रुद्याताम्, [रुद्यात्,] रुद्यास्ताम्। इरित् होने से अङ् विकल्प (१३८) अरुदत्, अरुदताम्, अरुदन्, अरोदीत्, अरोदिष्टाम्, अरोदिषु. ॥ ५८ [ञिष्वप्] शये = सोना। स्वपिति (३५७) इट्, स्वपितः, स्वपन्ति, सुष्वाप (२८२) सम्प्रसारण, सुषुपतुः (२८३), सुषुपु, सुष्वपिथ, सुष्वप्थ, स्वप्तासि, स्वप्स्यति, स्वाप्सति, स्वाप्साति, स्वप्सति, स्वप्साति, स्वपति, स्वपाति, स्वपितु, स्वपितात्, स्वपिहि, अस्वपीत् (३५८), अस्वपत् (३५९), अस्वपिताम्, अस्वपन्, अस्वपीः, अस्वपः, अस्वपम्, स्वप्यात्, स्वप्याताम्, सुप्यात्, (२८३) सुप्यास्ताम्, अस्वाप्सीत्, अस्वाप्ताम्, अस्वाप्सुः, अस्वाप्सीः, अस्वाप्तम्, अस्वाप्त, अस्वाप्सम्, अस्वाप्स्व, अस्वाप्स्म, अस्वप्स्यत् ॥ ५९ [श्वस] प्राणने = ऊपर का श्वास। श्वसिति, श्वसितः, श्वसन्ति, शश्वास, शश्वसतुः,

शश्वसुः, शश्वसिथ, श्वसितासि, श्वसिष्यति, श्वासिषति, श्वासिषाति, श्वसितु, श्वसिहि, अश्वसीत्, अश्वसत्, अश्वसीः, अश्वस, श्वस्यात्, अश्वसीत् (१६२) वृद्धि का का निषेध, अश्वसिष्यत् ॥ ६० [अन] च । यह धातु भी प्राणन अर्थ मे है । अनिति, आन, आनतु, अनितु, आनीत्, आनत्, आनीः, आनः, अन्यात्, आनीत्, आनिष्टाम्, आनिष्यत् ॥　६१ [जक्ष] भक्षहसनयोः = खाना और हसना । जक्षिति, जक्षितः ।

३६०—जक्षित्यादयः षट् ॥ ६ । १ । ६ ॥

जक्ष धातु से लेकर वेवीङ् पर्यन्त सात धातुओ की अभ्यस्त संज्ञा होवे । इस सूत्र मे अतद्गुणसंविज्ञान बहुव्रीहि है । अर्थात् जक्ष धातु जिन के आदि मे हो ऐसे अन्य छः धातु और जक्ष सातवां हुआ । अभ्यस्त का फल—

३६१—अदभ्यस्तात् ॥ ७ । १ । ४ ॥

अभ्यस्तसंज्ञक धातुओ से परे जो प्रत्यय का आदि झकार उस को अत् आदेश होवे । यह अन्त आदेश का बाधक है । जक्षति, जक्षिषि, जजक्ष, जजक्षिथ, जक्षितासि, जक्षिष्यति, जक्षिषति, जक्षिषाति, जक्षति, जक्षाति, जक्षितु, जक्षतु, जक्षिहि, अजक्षीत्, अजक्षत्, अजक्षिताम्, अजक्षुः (१३७) अभ्यस्त होने से जुस्, अजक्षीः, अजक्षः, जक्ष्यात्, जक्ष्याताम्, [जक्ष्यात्,] जक्ष्यास्ताम्, अजक्षीत्, अजक्षिष्यत् । ये रुदादि पाच धातु समाप्त हुए ।

६२ [जागृ] निद्राक्षये = जागना । इस धातु के अन्त्य ऋकार का लोप नहीं होता, क्योकि वह उपदेश मे अनुनासिक नही पढ़ा है । जागर्त्ति, जागृतः जाग्रति, अभ्यस्त संज्ञा (३६०) होने से प्रत्ययादि झकार को अत् । जागर्षि, जागृथः, जागृथ, जागर्मि,

जागृवः, जागृमः। लिट् मे विकल्प से आम् (२१३)—जागराञ्चकार, जागराम्बभूव, जागरामास। पक्ष मे यह धातु दो स्वरवाला है इसलिये प्रथम एकाच् अवयव 'जा' मात्र को द्वित्व होता है—जजागार।

३६२—जाग्रोऽविचिण्णल्ङित्सु॥ ७। ३। ८५॥

जागृ धातु को गुण होवे वृद्धि विषय और निषेध विषय मे, परन्तु वि, चिण्, णल् और ङित् प्रत्ययो के परे न होवे। वि करके उणादि का विन्[1] प्रत्यय लिया है। इस सूत्र से तीन प्रकार का नियम निकलता है। १—एक तो कित् ङित् प्रत्ययो मे गुण नही प्राप्त है वहां कित् मे होना ङित् मे नही, २—विन् प्रत्यय मे गुण प्राप्त है वहां न होना—जागृविः, ३—चिण् और णल् को छोड़ के अन्यत्र वृद्धि विषय मे गुण होना, वृद्धि नही। फिर चिण् और णल मे वृद्धि हो होती है। जजागरतुः, जजागरुः, जजागरिथ, जागरितासि, जागरिष्यति, जागरिषति, जागरिषाति, जागर्तु, जागृतात्, जागृताम्, जाग्रतु, जागृहि, जागराणि, जागराव, जागराम; अजागः, अजागृताम्। अभ्यस्त होने से जुस् (१३४)—

३६३—जुसि च॥ ७। ३। ८३॥

अजादि[2] जुस् परे हो तो इगन्त अङ्ग को गुण होवे। अजागरुः। यहां ङित् होने से गुण नही प्राप्त है इसलिये यह सूत्र है। अजाग, अजागरम्, जागृयात्, जागृयाताम्, जागृयु। अजादि[2] के कहन से यहां जुस् मे गुण नही होता—जागर्यात्, जागर्या-

1. जशस्तजागृभ्यः क्विन्। उणादि० ४। ५४॥

2. काशिकाकार आदि अजादि की अनुवृत्ति नहीं मानते। महाभाष्यकार ने मानी है—अथवा अचीति वर्तते (७। ३। ७२), तेन जुसं विशेषयिष्याम, अजादौ जुसीति। महा० ७। ३। ८३॥

स्ताम्, जागर्यासुः। लुङ् में—'अट्+जागृ+इस्+इट्+तिप्' इस अवस्था मे जागृ धातु क ऋकार का १ यणादेश प्राप्त है उसका बाधक २ गुण (२१) प्राप्त और गुण का अपवाद ३ वृद्धि (१५८) प्राप्त है उसका भी अपवाद ४ गुण (३६२) होता है फिर अर् गुण होकर हलन्त होने से ५ वृद्धि (१३२) प्राप्त है उसका ६ निषेध (१३३) होकर ७ विकल्प से वृद्धि (१४४) प्राप्त है उसका बाधक ८ नित्य वृद्धि (१९६) प्राप्त है उसका भी ९ निषेध (१६२) हो जाताहै[1]। अजागरीत्, अजागरिष्टाम्, अजागरिष्यत्॥ ६३ [दरिद्रा] दुर्गता=बुरा हाल। दरिद्राति।

३६४—इद्दरिद्रस्य॥ ६। ४। ११४॥

हलादि कित् ङित् सार्वधातुक परे हो तो दरिद्रा धातु को इकारादेश हो। अन्त्य अल् आकार का होता है। दरिद्रित।

३६५—श्नाभ्यस्तयोरातः॥ ६। ४। ११२॥

श्ना प्रत्यय और अभ्यस्तसञ्ज्ञक धातुओं के आकार का लोप हो कित् ङित् सार्वधातुक परे हो तो। दरिद्रति, दरिद्रासि, दरिद्रिथः, दरिद्रिथ, दरिद्रामि, दरिद्रिवः, दरिद्रिमः। (१६९, १७०) सूत्रों[2] से दरिद्रा धातु को अनेकाच् होने से आम् प्रत्यय होता है—दरिद्रा-

---

१. 'अजागरीत्' में ऋकार को उपर्युक्त ९ कार्य क्रमशः प्राप्त होते हैं। कैयट लिखता है— "गुणो वृद्धिर्गुणो वृद्धि प्रतिषेधो विकल्पनम्। पुनर्वृद्धिर्निषेधोऽतो यणपूर्वा प्राप्तयो नव॥" महाभाष्यप्रदीप ७। २। ५॥

२. संख्या १७० वार्तिक है। वार्तिक के लिये भी सूत्र शब्द का व्यवहार होता है। यथा—नह्याचार्याः सूत्राणि कृत्वा निवर्तयन्ति। महाभाष्य अ० १ पा० १ आ० १।

अकार, दरिद्राम्बभूव, दरिद्रामास। वेद में आम् प्रत्यय नहीं होता[1] वहां—

३६६—वा०-दरिद्रातेरार्धधातुके लोपो वक्तव्यः ॥ ६ । ४ । ११४ ॥

आर्धधातुक प्रत्ययों की विवक्षा मे दरिद्रा धातु के आकार का लोप होवे। प्रयोजन यह है कि इट् और अजादि कित् ङित् आर्धधातुक मे आकारलोप (२४४) [से] होता है इस वार्तिक से हलादि [तथा] कित् ङित् [रहित अजादि] आर्धधातुक मे भी होजाता है। ददरिद्रौ, ददरिद्रतुः, ददरिद्रुः, ददरिद्रिथ, दरिद्रितासि, दरिद्रिष्यति, दरिद्रियाति, दरिद्रातु, दरिद्रितात्, दरिद्रिताम्, दरिद्रतु, दरिद्रिहि, दरिद्राणि; अदरिद्रात्, अदरिद्रिताम्, अदरिद्रुः,

१ कैयट आदि वैयाकरण 'वस्वेकाजाद्घसाम्' (आ० १२४०) के महाभाष्य से दरिद्रा धातु से आम् के अनित्यत्व का ज्ञापन करते हैं अर्थात् भाषा में भी आम् रहित के प्रयोग मानते हैं। ज्ञापक इस प्रकार है—'आत औ णल.' (आ० २४३) में ओकार का विधान करने से 'ययौ' आदि में वृद्धि होकर औत्व हो ही जायगा पुन औकार विधान करना अनर्थक होकर ज्ञापन करता है कि दरिद्रा से आम् नही होता। जब आम् नहीं हुआ तब उस पक्षमें (३६६) सूत्र से आर्धधातुक विषय में आकार का लोप होकर 'ददरिद्रौ' प्रयोग की सिद्धि के लिये सूत्रकार ने औत्व विधान किया है।

हमारी मति में कैयट आदि का ऐसा लिखना अशुद्ध है, क्योंकि महाभाष्य से भाषा में आम् का अभाव सूचित नहीं होता। वेद मे आम् नहीं होता अत वेद मे आम् का अभाव होने पर औत्व विधान सार्थक है। सार्थक होन पर ज्ञापक नहीं हो सकता। इसलिये आख्यातिक का लेख ठीक है।

दरिद्रियात्, दरिद्रियाताम्, दरिद्रियुः; दरिद्र्यात्, दरिद्र्यास्ताम् यहां हलादि कित् आर्धधातुक मे लोप (३६६) होता है।

३६७–वा०–अद्यतन्यां वेति वक्तव्यम् ॥६।४।११४॥

लुङ् लकार मे दरिद्रा धातु के आकार का लोप विकल्प करके होवे। पूर्व आचार्यों के मत मे अद्यतनी संज्ञा लुङ् लकार की है। अदरिद्रीत्, अदरिद्रिष्टाम्, अदरिद्रासीत् (२५१), अदरिद्रिष्यत्।

३६८–का०–न दरिद्रायके लोपो दरिद्राणे च नेष्यते। दिदरिद्रासतीत्येके दिदरिद्रिषतीति वा ॥६।४।११४॥

आर्धधातुक में सामान्य करके जो लोप (३६६) कहा है सो 'दरिद्रायकः' यहां कृदन्त ण्वुल् प्रत्यय मे तथा 'दरिद्राणम्' यहां ल्युट् प्रत्यय मे आकारलोप न होवे, और सन् प्रत्यय के परे विकल्प करके होवे—दिदरिद्रासति, दिदरिद्रिषति॥ ६४ [चकासृ] दीप्तौ = प्रकाश। चकास्ति, चकास्तः, चकासति, चकासाञ्चकार, (१७०) आम्, चकासाम्बभूव, चकासामास, चकासितासि, चकासिष्यति, चकासिषति, चकासिषाति, चकास्तु, चकासतु, "चकास्+हि"—यहां प्रथम हि को धि आदेश (२००) होकर धकार के परे सलोप (११३) हो जाता है—चकाधि[1], चकासानि। अचकास्+त् -यहां "हल्ङ्याब्भ्यो दीर्घात्[2]" स तकार का लोप होकर—

---

१. महाभाष्यकार के मत मे 'धि च' (आ० ११३) से सकार मात्र का लोप होकर 'चकाधि' प्रयोग बनता है। जो लोग सिच् के सकार का ही लोप मानते हैं उनके मत में 'चकाद्धि' प्रयोग होता है।

२. ना० ४८।

३६९—तिप्यनस्तेः ॥ ८ । २ । ७३ ॥

अस धातु को छोड़ के अन्य धातु के पदान्त सकार को दकार आदेश होवे तिप् परे हो तो। अचकात्, अचकाद्, अचकास्ताम्, अचकासुः।

३७०—सिपि धातो रुर्वा ॥ ८ । २ । ७४ ॥

सिप् परे हो तो धातु के पदान्त सकार को विकल्प करके रु हो, पक्ष में दकार हो। अचकाः, अचकात्, चकास्यात्, चकास्यास्ताम्, अचकासीत्, अचकासिष्टाम्, अचकासिष्यत्॥ ६५ [शासु] अनुशिष्टौ = शिक्षा देना। शास्ति।

३७१—शास इदङ्हलोः ॥ ६ । ४ । ३४ ॥

शास धातु की उपधा को इकार आदेश होवे अङ् और हलादि कित् ङित्, आर्धधातुक परे हो तो। शिष्टः (२८४) षत्व, शासति, शास्सि, शिष्ठः, शिष्ठ, शास्मि, शिष्वः, शिष्मः; शशास, शशासतुः, शशासुः, शासितासि, शासिष्यति, शासिषति, शासिषाति, शास्तु, शिष्टात्, शिष्टाम्, शासतु।

३७२—शा हौ ॥ ६ । ४ । ३५ ॥

शास धातु को शा आदेश होवे हि परे हो तो। शा आदेश अनेकाल् होने से सम्पूर्ण के स्थान मे होता है। शा आदेश को असिद्ध (४४) मानकर हि को धि आदेश (३००) हो जाता है। शाधि, शिष्टात्, शिष्टम्, शिष्ट, शासानि, अशात्, (३६९) अशिष्टाम्, अशासुः, अशा, (३७०), अशात्, शिष्यात्, शिष्याताम्, [शिष्यात्,] शिष्यास्ताम्। लुङ् मे (२५६) सूत्र से अङ् होकर इकार (३७१)—अशिषत्, अशिषताम्, अशिषन्, अशासिष्यत्। इति विदादय उदात्ताः परस्मैपदिनः, [स्वपिस्त्वनुदात्तः]। ये विद आदि सेट् परस्मैपदी धातु हैं परन्तु स्वप धातु अनिट् है।

अब आगे पांच धातु वेद विषयक कहते हैं, उनके प्रयोग लोक में नहीं आते। ६६ [दीधीङ्] दीप्तिदेवनयोः = प्रकाश और क्रीड़ा आदि। ६७ [वेवीङ्] वेतिना तुल्ये। 'वी गति-व्याप्ति०'[1] इस लिखित धातु के अर्थों मे वेवीङ् धातु भी है। दीधीते, दीध्याते (१५६) यण्, दीध्यते, दीधीषे, दीध्याथे, दीधीध्वे, दीध्ये, दीधीवहे, दीधीमहे, वेवीते, वेव्याते, दिदीध्ये,। वेद में निषेध होने के कारण आम् प्रत्यय (१६९) लिट् मे नही होता। दिदीध्याते, दिदीध्यिरे।

३७३—यीवर्णयोर्दीधीवेव्योः ॥ ७ । ४ । ५३ ॥

दीधी और वेवी धातु के अन्त्य वर्ण का लोप होवे यकारादि और इवर्ण परे हो तो। दिदीधिषे, विवीव्ये, विवीविषे, दिदीधिवहे, विवीविवहे, दीधितासे, (५३) गुणनिषेध, वेवितासे, दीधिष्यते, दीधिषतै, दीधिषातै, दीध्यतै, दीध्यातै, दीधीताम्, दीध्यै, अदीधीत, दीधीत, दीधिषीष्ट, अदीधिष्ट, अदीधिष्यत। उदात्तावात्मनेपादिनौ। ये दोनो धातु सेट् आत्मनेपदी हैं।

अथ त्रयः परस्मैपदिनः। [अब तीन परस्मैपदी कहते हैं।] ६८, ६९ [षस, षस्ति] स्वप्ने = सोना। सस्ति, सस्तः, ससन्ति, सस्सि, ससास, सेसतुः, ससितासि, ससिष्यति, सासिषति, सासिषाति, सस्तु, असत् (३६९), अस्ताम्, अससन्, असः, (३७०), असत्, अससम्, सस्यात्, सस्याताम्, सस्युः, [सस्यात्,] सस्यास्ताम्, असासीत्, अससीत्, अससिष्यत्। सस्ति धातु में इदित् होने से नुम्, 'संस्त्+ति' इस अवस्था मे संयोगादि सकार का लोप (२१०) होकर हल् से परे तकारलोप

१. आ० पृष्ठ २२२, पंक्ति ४।

(२७२) होता है। सन्ति[1], सन्तः, संस्तन्ति, सन्त्सि, सन्थः, सन्थ, सन्त्मि, सन्त्व, सन्त्म; ससस्त, ससंस्तिथ, सस्तितासि, संस्तिष्यति, सांस्तषति, संस्तिषाति, सन्तु, सस्तात्, संस्ताम्, संस्तन्तु असन्, असन्ताम्, असंस्तन्, असन्, सस्त्यात्, मंस्त्याताम्, [संस्त्यात्,] संस्त्यास्ताम्, असस्तीत्, असंस्तिष्टाम्, असस्तिष्यत् ॥ ७० [वश] कान्तौ = इच्छा वा शोभा। वष्टि (२३३) षत्व, ऊष्ट (२८६) सम्प्रसारण, उशन्ति, वक्षि, उष्ठ उष्ठ, वश्मि, उश्व, उश्मः उवाश (२८२), ऊशतुः, (२८३), ऊशुः। उवशिथ, वशिता, वशिष्यति, वाशिषति, वाशिषाति, वेष्टु, उष्टात्, उष्टाम्, उशन्तु, उड्ढि, वशानि, अवट्, औष्टाम्, औशन्, अवशम्, उश्यात्, उश्याताम्, [उश्यात्,] उश्यास्ताम्, अवाशीत्, अवशीत्, अवशिष्यत्। ये षस आदि तीन धातु परस्मैपदी समाप्त हुए ॥

चर्करीतञ्च इस गणसूत्र से यङ्लुगन्त धातुओं से परस्मैपद[2] और शप् का लुक् होता है। सो यङ्लुगन्त, प्रक्रिया का विषय है ॥

---

१. जहां अनेक हलो का समूह हो वहा दो हलो की संयोग सञ्ज्ञा नहीं होती, सयोग सञ्ज्ञा न होने से सकार का लोप (२१०) नहीं होता, अतः उस पक्ष में 'सस्ति, सस्तः, सस्तु, संस्तात्' आदि प्रयोग बनते।

२. महाभाष्य ७। १। ६५ से ज्ञापन होता है कि इस गण सूत्र से केवल अदादित्व धर्म का विधान किया जाता है। अत एव भाष्यकार ने ७। १। ६५ में 'तेतिक्ते' पद से नियम किया है कि यङ्लुगन्त से आत्मनेपद हो तो 'तेतिक्ते' में ही हो। यदि इस गणसूत्र से परस्मैपद का भी विधान मानें तो 'तेतिते' पद नियमार्थ नहीं होगा, आत्मनेपद की विधि के लिये होगा।

७१ [ह्नुङ्] अपनयने=दूर करना। ह्नुते ह्नुवाते, ह्नुषे, जुह्नुवे, जुह्नुविषे, जुह्नुविढ्वे, जुह्नुविध्वे, ह्नोतासे ह्नोष्यते, ह्नोषतै, ह्नोषातै, ह्नुताम्, ह्नवै, अह्नुत, ह्नुवीत, ह्नोषीष्ट, अह्नोष्ट, अह्नोष्यत। अनुदात्त आत्मनेपदी। यह धातु अनिट् आत्मनेपदी है।

॥ इति लुग्विकरणा अदादयः समाप्ताः ॥

॥ यह लुग् विकरणवाला अदादिगण समाप्त हुआ ॥

अथ जुहोत्यादिगणः

[हु] दानादनयोः, आदाने चेत्येके = देना, खाना और ग्रहण करना। यहां दान अर्थ से अग्नि मे हवन करना भी लिया जाता है और इस धातु को भाष्यकार ने तृप्ति अर्थ मे माना है[1] ॥

३७४—जुहोत्यादिभ्यः श्लुः ॥ २ । ४ । ७५ ॥

हु आदि धातुओं से शप् के स्थान मे श्लु होवे। श्लु संज्ञा भी प्रत्यय के अदर्शन की ही होती है, इस कारण शप् का लोप हो जाता है। हु+तिप्, यहां—

३७५—श्लौ ॥ ६ । १ । १० ॥

अनभ्यास धातु के प्रथम एकाच् अवयव और आजादि धातु के द्वितीय एकाच् अवयव को द्वित्व हो श्लु परे हो तो। जुहोति, जुहुतः,। अभ्यस्त होने से प्रत्ययादि झ को अत् (३६१) और यण (२६१) होकर+जुह्वति, जुहोषि, जुहुथः, जुहुथ, जुहोमि, जुहुवः, जुहुम।

३७६—बहुलं छन्दसि ॥ २ । ४ । ७६ ॥

वेद विषय मे शप् के स्थान में श्लु आदेश बहुल करके होवे। प्रयोजन यह है कि [जब श्लु न हो तब] 'हवति, भरति' आदि भी प्रयोग हो जावें।

३७७—भीह्रीभृहुवां श्लुवच्च ॥ ३ । १ ३९ ॥

भी, ह्री, भृ और हु धातुओं से आम् प्रत्यय विकल्प करके होवे लोक विषय मे, लिट् लकार परे हो तो और आम् के परे श्लुवत् कार्य द्विर्वचन भी होवे। जुहवाञ्चकार, जुहवाञ्चक्रतुः, जुहवाम्ब-

---

1. जुहोतिश्चास्त्येव प्रक्षेपणे वर्तते, अस्ति प्रीणात्यर्थे वर्तते। तद्यथा यवाग्वाऽग्निहोत्र जुहोति, अग्निं प्रीणाति। महाभाष्य २ । ३ । ३ ॥

भूव, जुहवामास, होतासि, होष्यति, हौषति, हौषाति, जुहवति, जुहवाति, हवति, हवाति, जुहोतु, जुहुतात्, जुह्वतु, जुहुधि (३००) हि को धि, जुहवानि, अजुहोत्, अजुहुताम्, अजुहवुः (१३७) जुस् होकर गुण (३६३), जुहुयात्, जुहुयाताम्, जुहुयु, हूयात्, (१६०) दीर्घ, अहौषीत् (१५८) वृद्धि, अहौष्टाम्, अहौषुः, अहोष्यत् ॥ २ [ञिभी] भये = डरना । ञि की इत् सञ्ज्ञा (१५०)—बिभेति ।

३७८--भियोऽन्यतरस्याम् ॥ ६ । ४ । ११५ ॥

भी धातु को इकार आदेश विकल्प करके होवे हलादि कित् ङित् सार्वधातुक परे हो तो । दीर्घ ईकार को एक पक्ष में ह्रस्व हो जाता है । बिभितः बिभीतः, बिभ्यति (३६१), बिभेषि, बिभिथः, बिभीथः; बिभयाञ्चकार, बिभयामास, बिभयाम्बभूव; पक्ष मे— बिभाय, बिभ्यतुः, बिभ्युः, बिभेथ, बिभयिथ, भेतासि, भेष्यति, भैषति, भैषाति, बिभयति, बिभयाति, भयति, भयाति, बिभेतु, बिभितात्, बिभीतात्, बिभिताम्, बिभीताम्, बिभ्यतु, अबिभेत्, अबिभिताम्, अबिभीताम्, अबिभयु, बिभियात्, बिभियाताम्, बिभीयाताम्, भीयात्, अभैषीत्, अभेष्यत् ॥ ३ [ह्री] लज्जायाम् = लज्जा । जिह्रेति, जिह्रीतः, जिह्रियति, जिह्रयाञ्चकार, जिह्रयाम्बभूव, जिह्रयामास, जिह्राय, जिह्रियतुः, जिह्रेथ, जिह्रयिथ, ह्रेतासि, ह्रेष्यति, ह्रैषति, ह्रैषाति, जिह्रेतु, जिह्रीतात्, [जिह्रीताम्,] जिह्रियतु, जिह्रीहि; अजिह्रेत्, जिह्रीयात्, ह्रीयात्, अह्रैषीत्, अह्रेष्यत् ॥ जुहोत्यादयोऽनुदात्ताः परस्मैपदिन । हु आदि धातु अनिट् परस्मैपदी हैं ।

४ [पॄ] पालनपूरणयोः = पालन और समाप्ति, उदात्तः परस्मैभाषः । यह धातु सेट् परस्मैपदी है । श्लु के परे द्वित्व (३७५) होकर—

३७९—अर्तिपिपर्त्योश्च ॥ ७ । ४ । ७७ ॥

ऋ और पृ धातु के अभ्यास को इकार आदेश होवे श्लु परे हो तो। पिपर्ति। यहा अभ्यास के ऋकार को उकार आदेश (३८०) प्राप्त है उसका बाधक गुण (२१) होता है।

३८०—उदोष्ठ्यपूर्वस्य ॥ ७ । १ । १०२ ॥

ओष्ठस्थानी वर्ण जिस के पूर्व हो ऐसा जो ऋकार तदन्त अङ्ग को उकार आदेश होवे। ऋ के स्थान में रपर उकार होकर—पिपूर्तः (१९७) दीर्घ, पिपुरति, पिपर्षि, पिपूर्थ, पिपूर्थ, पिपर्मि, पिपूर्वः, पिपूर्मः; पपार। कित् लिट् अतुस् आदि मे गुण (२५८) प्राप्त है उसका बाधक—

३८१—शृदॄप्रां ह्रस्वो वा ॥ ७ । ४ । १२ ॥

शॄ, दॄ और पॄ धातुओं को विकल्प करके ह्रस्व होवे कित् लिट् परे हो तो। पक्ष मे गुण (२५८) होता है, ह्रस्व पक्ष मे गुण नहीं। पप्रतुः, यण, पप्रुः, यण, पपरतुः, पपरुः, पपरिथ, पप्रथुः, [पपरथु] पप्र, पपर, पपार, पपर, पप्रिव, पपरिव, पप्रिम, पपरिम, परीतास्मि, परितासि (२६४) इट् को दीर्घ विकल्प। परीष्यति, परिष्यति, परीपति, परीषाति, परिषति, परिषाति, परीषति, परीषाति, परिषति; परिषाति, पिपरति, पिपराति; पिपर्तु, पिपूर्तात्, पिपूर्ताम्, पिपुरतु, पिपूर्हि, पिपराणि, पिपराव, पिपराम; अपिपः, अपिपूर्ताम्, अपिपरुः, यहा अभ्यस्त संज्ञा होने से जुस् (१३७) होकर गुण (३६३) होता है। अपिपः, अपिपूर्तम्, अपिपूर्त अपिपरम्, अपिपूर्व, अपिपूर्म, पिपृयात्, पिपूर्यात् पिपूर्याताम्, पूर्यात्, पूर्यास्ताम्, यहा भी (३८०) उत्व होकर दीर्घ (१९७) होता है। अपारीत्, अपारिष्टाम्, अपरीष्यत्, अपरिष्यत्। ह्रस्वान्तोऽयमित्येके। किन्हीं लोगो के मत मे यह पृ धातु ह्रस्व ऋकारान्त है। पिपर्ति,

पिपूत, यहां दीर्घ ॠकार के न होने से उत्व नहीं होता। पिप्रति, पपार, पप्रतुः, पप्रुः, [पपरतुः,] पपरुः, पर्त्ता। ह्रस्वान्त पक्ष में अनिट् है। परिष्यति (२३८) इट्, पिप्रूयात्, प्रियात् (२३९), प्रियास्ताम्, अपार्षीत्, अपार्ष्टाम्, अपरिष्यत्॥ ५ [डुभृञ्] धारणपोषणयोः। डु की इत् संज्ञा (१५०)—

३८२—भृञामित्॥ ७। ४। ७६॥

भृञ्, माङ् और ओहाङ् इन तीनों धातुओं के अभ्यास को इकार आदेश होवे श्लु परे हो तो। बिभर्ति, बिभृत, बिभ्रति, बिभृते, बिभ्राते, बिभ्रते, बिभृध्वे, बिभराञ्चकार (३७७) आम् प्रत्यय और आम् के परे श्लुवत् होने से द्वित्व होता है। पक्ष में—बभार, बभ्रतुः, बभर्थ (१४८) इट् का निषेध, बभृव, बभृम, [बिभराञ्चक्रे, बिभराम्बभूव, बिभरामास, बभ्रे, बभ्राते, बभ्रिरे,] भर्तासि, भरिष्यति, [भरिष्यते,] भार्षति, भार्षाति, बिभरति, बिभराति, [भार्षतै, भार्षातै, बिभ्रतै, बिभ्रातै,] बिभर्तु, बिभृहि, बिभराणि, [बिभृताम्,] अबिभः, अबिभृताम्, अबिभरुः, [अबिभृत, अबिभ्राताम्,] बिभृयात्, बिभृयाताम्, [बिभ्रीत, बिभ्रीयाताम्] भ्रियात्, भ्रियास्ताम्, भृषीष्ट (२४०), अभार्षीत्, अभृत, अभरिष्यत्, अभरिष्यत।

६ [माङ्] माने शब्दे च = तोल और शब्द।

३८३—ई हल्यघोः॥ ६। ४। ११३॥

घुसंज्ञक धातुओं को छोड कर श्ना और अभ्यस्त संज्ञक धातुओं के आकार को ईकारादेश होवे हलादि कित् ङित् सार्वधातुक परे हो तो। मिमीते, मिमाते, मिमते। यहां अजादि सार्वधातुक में आकारलोप हो जाता है और अभ्यास को इकारादेश (३८२) होता है। मिमीषे, मिमाथे, ममे, ममाते, ममिरे, मातासे, मास्यते,

मासतै, मासातै, मिमीताम्, मिमाताम्, मिमताम्, मिमै, अमिमीत, मिमीत, मिमीयाताम्, मासीष्ट, अमास्त, अमास्यत ॥ ७ [ओहाङ्] गतौ। माङ् के समान इसके भी प्रयोग होते हैं। जिहीते, जिहाते, जिहते, जहे, जहाते, जहिरे, हातासे, हास्यते, हासतै, हासातै, जिहीताम्, अजिहीत, जिहीत, हासीष्ट, अहास्त, अहास्यत ॥ अनुदात्तावात्मनेपदिनौ। ये दोनो धातु अनिट् आत्मनेपदी हैं ॥ ८ [ओहाक्] त्यागे। यह परस्मैपदी है। (३८२) सूत्र यहा नहीं लगता क्योकि यहां से पूर्व ही भृञ् आदि तीन धातु पूरे हो गये। जहाति।

३८४—जहातेश्च ॥ ६। ४। ११६ ॥

हलादि कित् ङित् सार्वधातुक परे हो तो जहाति धातु के आकार को इकार आदेश विकल्प करके होवे। और पक्ष मे ईकार (३८३) होता है। यह सूत्र (३८३) सूत्र का अपवाद है। जहितः, जहीतः, जहति, जहासि, जहिथः, जहीथः, जहिथ, जहीथ, जहामि, जहिवः, जहीवः, जहिमः, जहीमः, जहौ, जहतुः, जहिथ, जहाथ; हातासि, हास्यति, हासति, हासाति, जहाति, जहातु, जहितात्, जहीतात्, जहिताम्, जहीताम्, जहतु।

३८५--आ च हौ ॥ ६। ४। ११७ ॥

जहाति धातु को आकारादेश हो हि परे हो तो और चकार[1]

[1] चकार से 'इत्' और 'अन्यतरस्याम्' इन दो पदों का अनुकर्षण होता है। पक्ष में (३८३) सूत्र से ईकार होता है, यह भाव उपर्युक्त वाक्य का है। बालमनोरमाकार ने चकार से 'ईत्' और 'इत्' का अनुकर्षण माना है, वह अयुक्त है क्योंकि 'ईत्' विधायक सूत्र मे तीन सूत्रो का व्यवधान है। अनुकर्षण मानने पर मध्य के सूत्रों मे भी 'ईत्' का संबध मानना होगा जो कि अनिष्ट है।

से इत् और ईत् भी होवे। जहाहि, जहिहि, जहीहि, जहानि, अजहात्, अजहिताम्, अजहीताम्, अजहु.।

३८६–लोपो यि॥ ६। ४। ११८॥

यकारादि कित् ङित् सार्वधातुक परे हो तो जहाति धातु के आकार का लोप होवे। जह्यात्, जह्याताम्, जह्यु, हेयात् (२४७), हेयास्ताम्, अहासीत् (२५१), अहासिष्टाम्, अहास्यत्॥ ९ [डुदाञ्] दाने=देना। ददाति, दत्त., यहां (३८३) सूत्र मे घुसञ्ज्ञक धातुओं को ईकारादेश का निषेध होने से आकारलोप (३६५) होता है। ददति, ददासि, दत्थ., दत्थ, ददामि, दद्वः, दद्मः; दत्ते, ददाते, ददते, दद्ध्वे, ददे, ददौ, ददतु, ददे, ददाते, दातासि, दातासे, दास्यति, दास्यते, दासति, दासाति, दासतै, दासातै।

३८७–घोर्लोपो लेटि वा॥ ७। ३। ७०॥

घुसंज्ञक धातुओं के आकार का लोप विकल्प करके होवे लेट् लकार परे हो तो। ददति, ददाति, ददत्, ददात्, यहा आट् के आगम पक्ष मे लोप होने पर भी "ददाति" होता है जो लोप न कहते तो अट् आट् दोनो पक्ष मे "ददाति" प्रयोग बनता और विकल्प कहने से यह प्रयोजन है कि किसी को ऐसी शंका न हो कि ददाति प्रयोग नित्य प्राप्त है उस का लोप कहने से बाधक होगा। ददातु, दत्तात्, दत्ताम्, ददतु, देहि (३५४) एत्वाभ्यासलोप, ददानि, [अददात्] अदत्ताम्, अददु:, दद्यात्, दद्याताम्, दद्यु:, देयात् घुसंज्ञा (२४६) होने से एत्व (२४७), देयास्ताम्, अदात् (८९) सिच्लुक्, अदाताम्, अदु:, दत्ताम् ददाताम्, ददताम्, दत्स्व, ददै, अदत्त, ददीत, दासीष्ट, अदित (२६३) इत्व और कित्त्व, अदिषाताम्, अदिषत्, अदास्यत्, अदास्यत॥ १० [डुधाञ्

धारणपोषणयोः [1] । इस के प्रयोग डुदाञ् के तुल्य जानो। दधाति ।

३८८—दधस्तथोश्च ॥ ८ । २ । ३८ ॥

द्वित्व किये झषन्त वा धातु के बश को भष् आदेश होवे त, थ, स् और ध्व परे हो तो। यहां अनभ्यास के आकार का लोप (३६५) किये पश्चात् अभ्यास के दकार को धकार हो जाता है। धत्त, दधति, दधासि, धत्थः, धत्थ, दधामि, दध्वः, दध्मः; धत्ते, दधाते, दधत, धत्से, धद्ध्वे, दधौ, दधतुः, धातासि, धातासे, धास्यति, धास्यते, धास्तै, धासातै, धासति, धासाति, दधति (३८७) दधाति, दधत्, दधान्, दधातु, धत्तात्, धत्ताम्, दधतु, धेहि (३५४) दधानि, धत्ताम्, दधाताम्, धत्स्व, धद्ध्वम्, अदधात्, अधत्ताम्, अदधुः, अधत्त, अदधाताम्, अदधत, अधत्थाः, अधद्ध्वम्, दध्यात्, दधीत, धेयात् (२४७), अधात्, अधाताम्, अधुः (८९), अधित (२६३), अधिषाताम्, अधिषत, अधास्यत्, अधास्यत। अनुदात्तावुभयतोभाषौ । ये दोनो धातु अनिट् उभयपदी है।

अथ त्रयः स्वरितेतः। अब तीन धातु स्वरितेत् (उभयपदी) कहते हैं॥ ११ [णिजिर्] शौचपोषणयोः = शुद्धि और पुष्टि।

३८९—निजां त्रयाणां गुणः श्लौ ॥ ७ । ४ । ७५ ॥

निज आदि (निज्, विज्, विष्) तीन धातुओं के अभ्यास को गुण होवे श्लु परे हो तो। नेनेक्ति। यहां तिप् के आश्रय से अनभ्यास को भी गुण होता है। नेनिक्तः, नेनिजति, नेनेक्षि,

---

१. प्राचीन आचार्य 'डुधाञ् दानधारणयोः' पढते हैं। दशपादी उणादिवृत्ति में सर्वत्र 'दानधारणयोः' पाठ है, निरुक्तकार यास्कमुनि 'रत्नधातमम्' का अर्थ 'रमणीयानां दातृतमम्' (निरुक्त ७ । १५) किया है।

नेनिक्थः, नेनिक्थ, नेनेज्मि, नेनिज्वः, नेनिज्मः, नेनिक्ते, नेनिजाते, नेनिजत; निनेज, निनिजतुः, निनिजे, निनिजाते, नेक्तासि, नेक्तासे, नेक्ष्यति, नेक्ष्यते, नेच्हति, नेच्हाति, नेच्हतै, नेच्हातै।

३६०—नाभ्यस्तस्याचि पिति सार्वधातुके ॥७।३।८७॥

अभ्यस्तसञ्ज्ञक लघूपध धातु को गुण न होवे अजादि पित् सार्वधातुक परे हो तो। यह सूत्र (५२) सूत्र का अपवाद है अर्थात् लघूपध गुण का निषेधक है। नेनिजति, नेनिजाति, नेनिजत्, नेनिजात्, नेनिजतै, नेनिजातै, नेनेक्तु, नेनिग्धि, नेनिजानि, नेनिक्ताम्, नेनिजानाम्, नेनिजै, नेनिजावहै, अनेनेक्, अनेनिक्ताम्, अनेनिजुः, अनेनेक अनेनिजम् (३९०), अनेनिक्त, अनेनिजाताम्, अनेनिजत, नेनिज्यात्, नेनिजात, निज्यात्, निज्यास्ताम्, निक्षीष्ट (१६३), अनिजत् (१३८), अनैक्षीत्, अनैक्ताम्, अनिक्त, अनिक्षाताम्, अनेक्ष्यत्, अनेक्ष्यत ॥ १२ [विजिर्] पृथग्भावे = अलग होना। णिजिर् धातु के समान सिद्धि। वेवेक्ति, वेविक्त, वेविक्ते, वेविजाते, विवेज, विविजतुः, विवेजिथ, विविजे, वेक्तासि, वेक्तासे, वेविजति, वेविजाति, वेविजतै, वेविजातै, वेवेक्तु, वेविग्धि, वेविजानि, वेविक्ताम्, वेविजै, अवेवेक्, अवेविक्ताम्, अवेविजुः, अवेविजम्, वेविज्यात्, वेविजीत, विज्यात्, विक्षीष्ट (१६३), अविजत्, अवैक्षीत्, अविक्त, अवेक्ष्यत्, अवेक्ष्यत ॥ १३ [विष्लृ] व्याप्तौ = व्यापक होना। पूर्ववत्। वेवेष्टि, वेविष्टः, वेविषति, वेवेक्षि, वेविष्टे, वेविषाते, वेविषते, विवेष, विविषे, वेष्टासि, वेष्टासे, वेक्ष्यति, वेक्ष्यते, वेच्हति, वेच्हाति, वेच्हतै, वेच्हातै, वेविषति, वेविषाति (३९०) गुणनिषेध, वेवेष्टु, वेविष्टात्, वेविष्टाम्, वेविषतु, वेविड्ढि, वेविषाणि, वेविष्टाम्, वेविषाताम्, वेविषताम्, वेविड्ढ्वम्, अवेवेट्, अवेविष्टाम्, अवेविषुः, अवेवि-

षम्, अवेविष्ट, अवेविषाताम्, अवेविषत, वेविष्यात्, वेविषीत, विष्यात्, विष्यास्ताम्, विक्षीष्ट (१६३), विक्षीयास्ताम्, अविषत् (२१७), अविक्षत (२०७), अविक्षाताम् (२०८), अविक्षन्त, अवेक्ष्यत्, अवेक्ष्यत। ये णिज् आदि अनिट् उभयपदी तीन धातु समाप्त हुए॥

अथाऽऽगणान्तात् परस्मैपदिनश्छान्दसाश्चैकादश। अब इस गण के अन्त तक परस्मैपदी वेदविषयक ११ (ग्यारह) धातु कहते हैं॥

१४ [घृ] क्षरणदीप्त्योः = अच्छे प्रकार चलना और प्रकाश।

३६१—बहुलं छन्दसि॥ ७। ४। ७८॥

वेदविषय में श्लु परे हो तो अभ्यास को इकारादेश बहुल करके होवे। जिघर्त्ति[1], जघर्त्ति, जिघृतः, जघृत, जिघ्रति, जिघर्मि, जघार, जघ्रतु, घर्तासि, घरिष्यति (२३८)। यह नियम नहीं है कि केवल वैदिक प्रयोगों में लोक वेद के सामान्य सूत्र न लगें किन्तु केवल एक विषय के सामान्य विषय में नहीं लगते। घार्षति, घार्षाति, जिघ्रति, जिघ्राति, जघ्रति, जघ्राति, जिघर्तु, जघर्तु, अजिघः, अजघः, अजिघरुः, जिघृयात्, घ्रियात् (२३९), अघार्षीत्, अघरिष्यत्॥ १५ [हृ] प्रसह्यकरणे = हठ करना।

३६२—वा०—हृग्रहोर्भश्छन्दसि हस्य भत्वम्॥ ८। २। ३२॥

हृ और ग्रह धातु के हकार को भकारादेश होवे वेद विषय में। जिभर्त्ति[2], जभर्त्ति, जभार, जहार, भर्ता, भरिष्यति, भार्षति, भार्षाति, जिभर्तु, जभर्तु, जभ्रतु, जभृहि, अजभः, अजभृताम्, अजभरुः,

---

१. जिघर्म्यग्निं हविषा घृतेन। ऋ० २। १०। ४॥

२ जब भकार नहीं होता तब 'जिहर्ति' आदि प्रयोग भी होते हैं। यथा—अयं स्रुवोऽभिजिहर्त्ति। आपस्तम्ब श्रौत ४। ७। २॥

जभृयात्, भ्रियात्, अभार्षीत्, अभरिष्यत् । सर्वत्र वैदिक प्रयोगों मे यह बात समझ लेनी चाहिये कि वेद मे जिस प्रकार का प्रयोग जिस धातु का आजाता है उसके अनुकूल सूत्र वार्तिकों से सिद्धि समझ ली जाती है सूत्रों वा वार्त्तिको के अनुकूल सब वैदिक प्रयोग नही लिखने चाहियें, इसलिये यहां इन धातुओं के प्रयोग सूक्ष्म ही लिखते हैं ॥ १६, १७ [ऋ, सृ] गतौ । ऋ धातु को द्वित्व होने पश्चात् अभ्यास के ऋकार को अकार (१०८) होकर (३९१) सूत्र से अभ्यास को इकार हो जाता फिर (३७९) सूत्र मे अर्त्ति ग्रहण सामर्थ्य से यह धातु लोक मे भी समझा जाता है । सो इकारादेश भी नित्य होता है । फिर इ+ऋ+तिप्=इयर्त्ति (१५३), अभ्यास को इयङ् और अनभ्यास को गुण हो जाता है । इयृतः, इयृति, आर, आरतुः, आरिथ (२५९), अर्तासि, अरिष्यति, आर्षति, आर्षाति, इयरति, इयराति, इयर्तु, इयृतात्, इयृताम्, इयृतु, इयृहि, इयराणि, इयराव, इयराम; ऐयः, ऐयृताम्, ऐयरु, ऐयः, ऐयृतम्, ऐयृत, ऐयरम्, ऐयृव, ऐयृम; इयृयात्, अर्यात् (२५४), आरत्, आरताम् (२५६, २५७), आरिष्यत्; ससर्त्ति, सिसर्त्ति, इत्यादि । घ्रादयश्चत्वारोऽनुदात्ता । ये घृ आदि चार धातु अनिट् है ॥ १८ [भस] भर्त्सनदीप्त्यो[1] = धमकाना और प्रकाश । बिभस्ति, बभस्ति[2] ।

१. यहा 'भर्त्सन' अर्थ अशुद्ध है । 'भर्त्सन' के स्थान में 'भक्षण' पाठ होना चाहिये । ऋषि दयानन्द ने ऋग्वेदभाष्य १ । २८ । ७ मे लिखा है—"भसधातो. भर्त्सन इत्यर्थो नवीन॰, भक्षण इति तु प्राचीनोऽर्थः ।" सायण (ऋग्भाष्य १ । २८ । ७) तथा दशपादी उणादिवृत्तिकार (८ । ८४) दोनों "भस भक्षणदीप्त्यो " पढते हैं । निरुक्तकार ने भी "बप्सता" का अर्थ "भुञ्जाने" किया है । देखो निरुक्त ९ । ३६ ॥

२. कपिर्बभस्ति तेजनम् । अथर्व ६ । ४९ । १ ॥

३६३—घसिभसोर्हलि च ॥ ६ । ४ । १०० ॥

घस और भस धातु के उपधा अकार का लोप होवे हलादि और अजादि कित् ङित् प्रत्यय परे हो तो वेद विषय में । ब+भस्+तस्=बब्ध[1] (१४२), बप्सति, बभास, बभस्तु, बब्धाम्, बभसानि, अबभः, अबब्धाम्, अबभसुः, बप्स्यात्, बप्स्याताम्, भस्यात्, भस्यास्ताम्, अभासीत्, अभसीत्, अभसिष्यत् ॥ १९ [कि] ज्ञाने । चिकेति, चिकितः; चिकयति, चिकयाति, चिकेतु, चिकिहि, चिकयानि, अचिकेत्, अचिकयुः, चिकियात्, कीयात्, अकैषीत् । यह धातु अनिट् है ॥ २० [तुर] त्वरणे=शीघ्रता । तुतोर्ति, तुतूर्तः, तुतुरति, तुतुराति, (३९०), तुतोर्तु, तुतुराणि, अतुतोः, अतुतुरुः, तुतूर्यात्, तूर्यात्, अतोरीत् ॥ २१ [धिष] शब्दे । दिधेष्टि, दिधिष्टः, दिधिषति, अदिधेट् ॥ २२ [धन] धान्ये । दिधन्ति, दधन्ति, दधनति, दधान, दधनतुः, धनितासि, धनिष्यति, दधनति, दधनाति, धानिषति, धानिषाति, दिधन्तु, दिधनानि, अदिधन्, अदिधनुः, दधन्यात्, धन्यात्, अधानीत्, अधनीत्, अधनिष्यत् ॥ २३ [जन] जनने । जजन्ति ।

३६४—जनसनखनां सञ्झलोः ॥ ६ । ४ । ४२ ॥

जन, सन और खन धातुओं के अन्त को आकारादेश होवे झलादि सन् और झलादि कित् ङित् परे हो तो । जजातः, जज्ञति (२१४), पश्चात् न् को ञ् श्चुत्व होता है । जजंसि,

1. झषस्तथोर्धोऽधः (अ० १४१) से ध होता है । जिस पक्ष में "झलो झलि" (अ० १४२) से सिच् के सकार का ही लोप होता है उस पक्ष में "बब्ध" इत्यादि में सकार लोप छान्दस समझना चाहिये ।

जजाथः, जजन्मि, जजान, जज्ञतुः (२१४), जानिषति, जानिषाति, जजनति, जजनाति, जजन्तु, जजातात्, जजाहि ।

३९५–वा छन्दसि ॥ ३ । ४ । ८८ ॥

वेद विषय मे सिप् के स्थान मे हि आदेश विकल्प करके पित् होवे । जिस पक्ष मे पित् होता है वहा " जजन्हि " आकार नही होता । जजनानि, अजजत्, अजजाताम्, अजज्ञुः, अजजनम्, जजायात्, जजन्यात् (१८५), अजानीत्, अजनीत् ॥ ये तुर आदि धातु सेट् परस्मैपदी हैं ॥ २४ [गा] स्तुतौ = प्रशसा । जिगाति[1], जिगीत, जिगति (३६५) जगौ, गातासि, गास्यति, गासति, गासाति, जिगातु, जिगीहि, जिगाहि, अजिगात्, अजिगीताम्, अजिगुः, जिगीयात्, गायात्, अगासीत्, अगास्यत् । यह धातु अनिट् परस्मैपदी है ॥

॥ इति श्लुविकरणो जुहोत्यादिगण. समाप्त ॥

---

१. देवान् जिगाति सुम्नयुः । ऋ० ३ । २७ । १ ॥

अथ दिवादिगणः

[अथ दिवादयः षड्विंशतिः परस्मैपदिनः । अब दिवादि] भृष् धातु पर्यन्त २६ (छब्बीस) सेट् परस्मैपदी धातु कहते हैं ॥ १ [दिवु] क्रीडाविजिगीषाव्यवहारद्युतिस्तुतिमोदमदस्वप्नकान्तिगतिषु = खेलना, जीतने की इच्छा, लेना, देना, प्रकाश, प्रशंसा, आनन्द, अहंकार, निद्रा, शोभा और गति अर्थात् ज्ञान गमन प्राप्ति ।

३८६ दिवादिभ्यः श्यन् ॥ ३ । १ । ६६ ॥

दिव आदि धातुओं से शप् (१९) का बाधक श्यन् प्रत्यय होवे कर्त्ता में सार्वधातुक परे हो तो । दीव्यति (१९७) दीर्घ, दीव्यतः, दीव्यन्ति, दिदेव, दिदिवतुः, दिदेविथ, देवितासि, देविष्यति, देविषति, देविषाति, दीव्यति, दीव्याति, दीव्यतु, अदीव्यत्, दीव्येत्, दीव्यात्, अदेवीत्, अदेविष्यत् ॥ २ [षिवु] तन्तुसन्ताने = सीना । सीव्यति, सिसेव, असेवीत् ॥ ३ [स्रिवु] गतिशोषणयोः = गति और सूखना । स्रीव्यति ॥ ४ [ष्ठिवु] निरसने = थूकना । ष्ठीव्यति (१५२), सत्व निषेध, तिष्ठेव, टिष्ठेव[1], टिष्ठिवतु ॥ ५ [ष्णुसु] अदने, आदान इत्यके, अदर्शन इत्यपरे । स्नुस्यति, सुष्णोस ॥ ६ [ष्णसु] निरसने । स्नस्यति, सस्नास, सस्नसतुः ॥ ७ [क्नसु] ह्वरणदीप्त्योः = कुटिलता और प्रकाश । क्नस्यति, चक्नास ॥ ८ [व्युष] दाहे = जलना । व्युष्यति, वुव्योष ॥ ९ [प्लुष] च । प्लुष्यति, पुप्लोष ॥ १० [नृती] गात्रविक्षेपे = नाचना । नृत्यति, ननर्त, ननृततुः, ननृतु, ननर्तिथ, नर्तितासि ।

---

१ देखो ' ष्ठिवु निरसने ' धातु, भ्वादि० ५७३, पृष्ठ १०७ ।

३६७—सेऽसिचि कृतचृतच्छृदतृदनृतः ॥७।२।५७॥

कृत, चृत, छृद, तृद और नृत धातुओं से परे जो सिच् भिन्न सकारादि आर्धधातुक उसको विकल्प करके इट् का आगम होवे। नर्तिष्यति, नर्त्स्यति, नर्तिषति, नर्तिषाति, नर्त्सति, नर्त्साति नृत्यति, नृत्याति, नृत्यतु, नृत्य, नृत्यानि, अनृत्यत्, नृत्येत्, नृत्यात्, अनर्तीत्, अनर्तिष्यत्, अनर्त्स्यत् ॥ ११ [त्रसी] उद्वेगे = भय होना। (१८८) सूत्र से श्यन् विकल्प, पक्ष मे शप्। त्रस्यति, त्रसति, तत्रास, विकल्प मे एत्वाभ्यास लोप (२२९) होकर—त्रेसतुः, तत्रसतु, त्रेसुः, तत्रसुः, त्रसितासि, त्रसिष्यति, त्रासिषति, त्रासिषाति, त्रस्यति, त्रस्याति, त्रसति, त्रसाति, त्रस्यतु, त्रसतु, अत्रस्यत्, अत्रसत्, त्रस्येत्, त्रसेत्, त्रस्यात्, अत्रासीत्, अत्रसीत्, अत्रसिष्यत् ॥ १२ [कुथ] पूतीभावे = दुर्गन्ध। कुथ्यति, चुकोथ ॥ १३ [पुथ] हिंसायाम्। पुथ्यति, पुपोथ ॥ १४ [गुध] परिवेष्टने = लपटेना। गुध्यति, जुगोध, जुगुधतुः, गोधितासि, गोधिष्यति, गोधिषति, गोधिषाति, गुध्यतु, अगुध्यत्, गुध्येत्, गुध्यात्, अगोधीत्, अगोधिष्यत् ॥ १५ [क्षिप] प्रेरणे = फेंकना। यह धातु अनिट् है। क्षिप्यति, चिक्षेप, चिक्षेपिथ, चिक्षेप्थ, क्षेप्तासि, क्षेप्स्यति, क्षेप्सति, क्षेप्साति, क्षिप्यतु, अक्षिप्यत्, क्षिप्येत्, क्षिप्यात्, अक्षैप्सीत्, अक्षैप्ताम्, अक्षैप्सुः, अक्षेप्स्यत् ॥ १६ [पुष्प] विकसने = विभाग होना। पुष्प्यति, पुपुष्प ॥ १७—२० [तिम, तीम, ष्टिम, ष्टीम] आर्द्राभावे = गीला होना। तिम्यति, तीम्यति, स्तिम्यति, स्तीम्यति, तितेम, तितिमतुः, तितीम, तिस्तेम, तिस्तीम ॥ २१ [व्रीड] चोदने लज्जायां च = प्रेरणा और लज्जा। व्रीड्यति, विव्रीड ॥ २२ [इष] गतौ। इष्यति, इयेष (१५३) इयङ्, ईषतुः, ईषुः, इयेषिथ, एषितासि, एषिष्यति, एषिषति, एषिषाति, इष्यति,

इष्याति, इष्यतु, ऐष्यत्, इष्येत्, इष्यात्, ऐषीत्, ऐषिष्यत्॥ २३ २४ [षह षुह] चक्यर्थे = तृप्त होना वा मारना। सह्यति, सुह्यति, ससाह, सेहतु, सेहुः, सेहिथ, सुसोह, सहिता, सोढा (२४२, २३०), सहिष्यति, साहिषति, साहिषाति, सह्यति, सह्याति, सह्यतु, असह्यत्, सह्येत्, सह्यात्, असहीत् (१६२) वृद्धि का निषेध, असहिष्यत्॥ २५, २६ [जृष् झृष्] वयोहानौ = अवस्था की हानि। इन दोनो धातुओं के अन्त्य षकार की इत्संज्ञा होती है। जीर्यति (२६५, १९७) जजार, जृ + अतुस् = जेरतुः (२२९) एत्वाभ्यासलोप का विकल्प, और जजरतुः (२५८) अप्राप्त गुण, जेरुः, जजरुः, जेरिथ, जजरिथ, जेरथुः, जजरथुः, जरीतास्मि, जरितास्मि (२६४), जरीष्यति, जरिष्यति, जारीषति, जारीषाति, जारिषति, जारिषाति, जरीषति, जरीषाति, जरिषति, जरिषाति, जीर्यति, जार्याति, जीर्यतु, अजीर्यत्, जीर्येत्, जीर्यात्। लुङ् मे विकल्प से अङ् (१५४) और ऋवर्णान्त को अङ् के परे गुण (५७) होकर—अजरत्, अजरताम्, अजरन्। अङ् के निषेधपक्ष मे—अजारीत्, अजारिष्टाम् (२६६), अजरीष्यत्, अजरिष्यत्, झीर्यति, जझार, जझरतु', अझारीत्, अझारिष्टाम्॥ दिवादय उदात्ता उदात्तेतः क्षिपिवर्ज परस्मैपादिनः। ये दिव आदि धातु क्षिप को छोड़ के सेट् परस्मैपदी हैं।

२७ [षूङ्] प्राणिप्रसवे = प्राणियो की उत्पत्ति। सूयते, सूयेते, सूयन्ते, सुषुवे। वलादि लिट् मे विकल्प से इट् (१४०) प्राप्त है उसका बाधक = निषेधक "श्र्युकः किति[1]" है उसका भी अपवाद नियामक (१४८) होने से नित्य इट् होता है। सुषुविषे, सुषुविवहे, सुषुविमहे, सोतासे, सवितासे, (१४०), सविष्यते, सोष्यते, सावि-

१. अष्टा० ७। २। ११॥

षतै, साविषातै, सौषतै. सौषातै, सूयतै, सूयातै, सूयताम् , असूयत, सूयेत, सविषीष्ट, सोषीष्ट, असविष्ट, असोष्ट, असविष्यत, असोष्यत ॥ २८ [दूङ्] परितापे=दुःख होना । दूयते, दुदुवे, दवितासे । आत्मनेभाषावुदात्तौ । ये दोनो धातु सेट् आत्मनेपदी हैं ॥ २९ [दीङ्] क्षये=नाश होना वा वसना । दीयते ।

३९८-दीङो युडचि क्ङिति ॥ ६ । ४ । ६३ ॥

दीङ् धातु से परे जो अजादि कित् ङित् आर्धधातुक उस को युट् का आगम होवे । दिदीये, (४५) वार्तिक से युट् के आगम को सिद्ध मान कर यण् (१५६) नहीं होता । दिदीयिषे, दिदीयिढ्वे, दिदीयिध्वे, दिदीयिवहे ।

३९९-मीनातिमिनोतिदीङां ल्यपि च ॥६।१।५०॥

एच् का निमित्त अशित् वा ल्यप् का विषय[1] हो तो मीनाति, मिनोति और दीङ् धातुओ को आकारादेश होवे । दातासे, दास्यते, दासतै, दासातै, दीयताम् , अदीयत, दीयेत, दासीष्ट, अदास्त, अदास्था , इस दीङ् धातु की घुसञ्ज्ञा (२४६) नहीं होती, क्योंकि यह न दा धा और न उनकी प्रकृति है । अदास्यत ॥ ३० [डीङ्] विहायसा गतौ=आकाश मे उडना । डीयते, डीयेते, डिड्ये (१५६) यण्, डयितासे, डयिष्यते, डायिषतै, डायिषातै, डीयताम्, अडीयत, डीयेत, डयिषीष्ट, अडयिष्ट, अडयिष्यत ॥ ३१ [धीङ्] आधारे । धीयते, दिध्ये ॥ ३२ [मीङ्] हिंसायाम् । मीयते ॥ ३३ [रीङ्] श्रवणे=सुनना । रीयते, रिर्ये, रेतासे, रेष्यते, रैषतै, रैषातै, रीयतै, रीयातै, रीयताम्, अरीयत, रीयेत, रेषीष्ट, अरेष्ट, अरेष्यत ॥ ३४ [लीङ्] श्लेषणे= मिलना । लीयते ।

---

1. विषय सप्तमी मानने से प्रत्ययोत्पत्ति से पूर्व ही आत्व हो जाता है ।

४००—विभाषा लीयतेः ॥ ६ । १ । ५१ ॥

एच् निमित्तक शित्भिन्न[1] प्रत्यय और ल्यप् के विषय मे लीयति धातु को आकारादेश विकल्प करके होवे। लातासे, लेतासे, लास्यते, लेष्यते। एच् विषय के कहने से—"लिल्ये, लिल्याते" आदि मे आकारादेश नही होता। लासतै, लासातै, लैषतै, लैषातै, लीयताम्, अलीयत, लीयेत, लासीष्ट, लेषीष्ट, अलास्त, अलेष्ट, अलास्यत, अलेष्यत॥ ३५ [व्रीङ्] वृणोत्यर्थे=स्वीकार। व्रीयते, विव्रिये, यहा सयोगपूर्वक के होने से यण् (१५६) से नही होता। वृत्। स्वादय ओदितः। षूङ् धातु से लेकर यहा तक ओदित् धातु हैं, ओदित् होने का फल कृदन्त मे आवेगा[2]॥ ३६ [पीङ्] पाने=पीना। पीयते, पिप्ये, पेतासे, पेष्यते, पैषतै, पैषातै, पीयताम्, अपीयत, पीयेत, पेषीष्ट, अपेष्ट, अपेष्यत॥ ३७ [माङ्] माने=तोलना। मायते, ममे॥ ३८ [ईङ्] गतौ। ईयते, अयाञ्चक्रे, अयाम्बभूव, अयामास, एतासे, एष्यते, ऐषतै, ऐषातै, ईयताम्, ऐयत, ईयेत, एषीष्ट, ऐष्ट, ऐष्यत॥ ३९ [प्रीङ्] प्रीणने=तृप्ति। प्रीयते, पिप्रिये। दीङादय आत्मनेपदिनो डीङ्-वर्जमनुदात्ताः। दीङ् आदि धातु आत्मनेपदी डीङ् को छोड़कर अनिट् हैं॥

अथ परस्मैपादिनश्चत्वारः। अब चार परस्मैपदी कहते हैं। ४० [शो] तनूकरणे=महीन करना।

४०१–ओतः श्यनि ॥ ७ । ३ । ७१ ॥

श्यन् प्रत्यय परे हो तो धातु के अन्त्य ओकार का लोप होवे। श्यति, श्यतः, श्यन्ति, शशौ, शशतुः, शशिथ, शशाथ, शातासि,

---

१ द्रष्टव्य पृष्ठ १६२, टि० १। २. ओदितश्च (आ० ११५६) से निष्ठा के तकार को नकार होता है। यथा—दीनः, दीनवान्।

शास्यति, श्यतु, श्य, अश्यत्, श्येत्, शायात्। लुङ्विषय मे विकल्प से सिच्लुक् (२४९)—अशात्, अशाताम्, अशु; पक्ष मे—अशासीत् (२५१), अशास्यत् ॥ ४१ [छो] छेदने = छेदना। ओकारलोप (४०१)—छ्यति, चच्छौ, छातासि, अन्य पूर्ववत्॥ ४२ [षो] अन्तकर्मणि = कर्म की समाप्ति। स्यति, ससौ, सातासि, सास्यति, सासति, सासाति, स्यतु, अस्यत्, स्येत्, सेयात् (२४७), असात् (२४९), असासीत् (२५१), असास्यत ॥ ४३ [दो] अवखण्डने = काटना। द्यति, (४०१), ददौ, दातासि, दास्यति, दासति, दासाति, द्यतु, अद्यत्, द्येत्, देयात्, घुसञ्ज्ञा के होने से (२४७) से एकार। अदात्, (९१) सिच्लुक्, अदाताम्, अदुः, अदास्यत्। श्यतिप्रभृतयोऽनुदात्ता। शो आदि चार धातु अनिट् हैं॥

अथ [जन्यादय] आत्मनेपदिनः पञ्चदश। अब पन्द्रह धातु आत्मनेपदी कहते हैं। ४४ [जनी] प्रादुर्भावे = उत्पत्ति वा अवस्थान्तर से प्रकट होना।

४०२—ज्ञाजनोर्जा ॥ ७। ३। ७९ ॥

शित् प्रत्यय परे हो तो ज्ञा और जन धातु को जा आदेश होवे। होवे। अनेकाल् होने से सब के स्थान मे होता है। जायते, जन्+एश् = जज्ञे (२१४) उपधा अकार का लोप होकर जन् के संयोग में तवर्ग नकार को चवर्ग ञकार हो जाता है। जज्ञाते, जज्ञिरे, जनितासे, जनिष्यते, जानिषतै, जानिषातै, जायतै, जायातै, जायते, जायाते, जायताम्, अजायत, जायेत, जनिषीष्ट। लुङ् मे च्लि के स्थान मे चिण् (१९४) और चिण् से परे प्रत्यय का लुक् (१९५) होकर—"जन्-चिण्"—यहां वृद्धि प्राप्त है इसलिये—

४०३—जनिवध्योश्च ॥ ७। ३। ३५ ॥

जन और वध धातु की उपधा को वृद्धि न होवे ञित् णित् कृत् और चिण् परे हो तो। अजनि। और जिस पक्ष मे चिण् (१९४) से न हुआ वहां—अजनिष्ट, अजनिषाताम्, अजनिषत॥ ४५ [दीपी] दीप्तौ। दीप्यते, दिदीपे, दिदीपाते, दीपितासे, दीपिष्यते, दीपिषतै, दीपिषातै, दीप्यताम्, अदीप्यत, दीप्येत, दीपिषीष्ट, अदीपि (१९४, १९५) अदीपिष्ट, अदीपिष्यत॥ ४६ [पूरी] आप्यायने=बढ़ना। पूर्यते, पुपूरे, अपूरि (१९४, १९५) अपूरिष्ट॥ ४७ [तूरी] गतित्वरणहिंसनयोः=शीघ्र चलना और मारना। तूर्यते, तुतूरे, अतूरिष्ट॥ ४८, ४९ [धूरी, गूरी] हिंसागत्योः। धूर्यते, दुधूरे, गूर्यते, जुगूरे॥ ५०, ५१ [घूरी, जूरी] हिंसावयोहान्योः=हिंसा और अवस्था की की हानि। घूर्यते, जुघूरे, जूर्यते, जुजूरे॥ ५२ [शूरी] हिंसास्तम्भनयोः=मारना और रोकना। शूर्यते, शुशूरे॥ ५३ [चूरी] दाहे। चूर्यते, चुचूरे, चूरितासे, चूरिष्यते, चूरिषतै, चूरिषातै, चूर्यताम्, अचूर्यत, चूर्येत, चूरिषीष्ट, अचूरिष्ट, अचूरिष्यत॥ ५४ [तप] ऐश्वर्ये=सम्पत् का होना। यह धातु अनिट् है। तप्यते, तेपे, तेपाते, तेपिरे, तेपिषे, तप्तासे, तप्स्यते, ताप्सतै, ताप्सातै, तप्यताम्, अतप्यत, तप्येत, तप्सीष्ट, अतप्त, अतप्साताम्, अतप्सत, अतप्स्यत॥ ५५ [वावृतु[1]] वरणे=स्वीकार। यह धातु अनेकाच् है। वावृत्यते, अनेकाच् होने से लिट् मे आम् (१७०) वावर्ताञ्चक्रे, वावर्ताम्बभूव, वावर्तामास, वेद

---

१ कई वैयाकरण धात्वादि 'वा' को पूर्व धातु के साथ लगाकर 'तप ऐश्वर्ये वा' ऐसा पढते हैं, अर्थात् तप धातु से ऐश्वर्य अर्थ मे विकल्प से श्यन् होता है, पक्ष में शप। उनके मत में यह धातु 'वृतु वरणे' इतनी ही है। वृत्यते, ववृते—अनेकाच् न होने से आम् नहीं हुआ।

मे—ववाघृते, ववावृताते, वावर्तितासे, वावर्तिष्यते, अवावर्त्तिष्ट ॥ ५६ [क्लिश] उपतापे=दुःख । क्लिश्यते, चिक्लिशे, क्लेशितासे, अक्लेशिष्ट ॥ ५७ [काशृ] दीप्तौ । काश्यते, चकाशे, अकाशिष्ट, अकाशिष्यत ॥ ५८ [वाशृ] शब्दे । वाश्यते, ववाशे, वाशितासे, वाशिष्यते, वाशिषतै, वाशिषातै, वाश्यताम्, अवाश्यत, वाश्येत, वाशिषीष्ट, अवाशिष्ट, अवाशिष्यत । जन्यादयोऽनुदात्तेत आत्मनेपदिनस्तपिवर्जमुदात्ताः । जनी आदि सब धातु आत्मनेपदी और तप को छोड कर सेट् हैं ।

अथ पञ्च स्वरितेतः । अब पाच धातु उभयपदी कहते हैं ॥ ५९ [मृष] तितिक्षायाम्=सहन । मृष्यति, मृष्यते, ममर्ष, ममृषे, मर्षिता, मर्षिष्यति, [मर्षिष्यते, मर्षिषति, मर्षिषाति] मर्षिषतै, मर्षिषातै, मृष्यतु, मृष्यताम्, अमृष्यत्, अमृष्यत, मृष्येत्, मृष्येत, मृष्यात्, मर्षिषीष्ट, अमर्षीत्, अमर्षिष्ट, अमर्षिष्यत्, अमर्षिष्यत ॥ ६० [ईशुचिर्] पूतीभावे=पवित्रता । इस धातु का ई और इर् भाग इत्संज्ञक होता है । शुच्यति, शुच्यते, शुशोच, शुशुचे, अशुचत् (१३८) इरित् होने से [विकल्प से] अङ्, अशोचीत्, अशोचिष्ट । ये दोनो धातु सेट् उभयपदी हैं ॥ ६१ [णह] बन्धने=बांधना । नह्यति, नह्यते, ननाह, नेहतुः, नेहुः, नेहिथ, 'नह्—थल्' यहां अनिट् पक्ष मे नह धातु के ह को (२०३) से ढकार पाता है इसलिये—

४०४—नहो धः ॥ ८ । २ । ३४ ॥

नह धातु के हकार को धकार आदेश होवे झल् परे वा पदान्त मे । ननद्ध, नेहथुः, नेह, नेहे, नेहाते, नद्धासि, नद्धासे, नत्स्यति, नात्सति, नात्साति, नह्यताम्, अनह्यत, नह्येत, नत्सीष्ट, नह्यात्, अनात्सीत् (१३२), अनाद्धाम्, अनात्सुः, अनात्सीः, अनाद्धम्,

अनाद्ध, अनात्सम्, अनात्स्व, अनात्स्म; अनद्ध, अनत्साताम्, अनत्सत, अनद्धाः, अनत्स्यत्, अनत्स्यत ॥ ६२ [रञ्ज] रागे = रंगना वा अतिप्रीति। उपधा अनुनासिक का लोप (१३९) होकर—रज्यति, रज्यते, ररञ्ज, ररञ्जे, रङ्क्तासि, रङ्क्तासे, रङ्क्ष्यति, रङ्क्ष्यते, [रज्यात्] रङ्क्षीष्ट, अरङ्क्त, अरङ्क्षाताम्, अरङ्क्षत, अराङ्क्षात्, अराङ्क्ताम्, अराङ्क्षुः ॥ ६३ [शप] आक्रोशे = कोसना। शप्यति, शप्यते, शशाप, शेपतु, शेपिथ, शशप्थ, शेप, शेपाते, शप्तासि, शप्स्यति, [शप्स्यते,] शाप्सति, शाप्साति, शाप्सतै, शाप्सातै, शप्यतु, शप्यताम्, अशप्यत्, अशप्यत, शप्येत्, शप्येत, शप्यात्, शप्सीष्ट, अशाप्सीत्, अशाप्ताम्, अशाप्सुः, अशप्त, अशप्साताम्, अशप्स्यत्, अशप्स्यत ॥ णहादयस्त्रयोऽनुदात्ता स्वरितेत उभयपदिनः। णह आदि तीन धातु अनिट् उभयपदी हैं।

अथ [पदादय] एकादशानुदात्तेतः। अब ११ (ग्यारह) धातु आत्मनेपदी कहते हैं ॥ ६४ [पद] गतौ ॥ पद्यते, प्रतिपद्यते, प्रपद्यते, पेदे, पेदाते, पेदिरे, पत्तासे, पत्स्यते, पात्सतै, पात्सातै, पद्यताम्, अपद्यत, पद्येत, पत्सीष्ट।

४०५—चिण् ते पदः ॥ ३ । १ । ६० ॥

पद धातु से परे जो च्लि उसके स्थान में चिण् होवे त शब्द परे हो तो। अपादि (१९५), अपत्साताम्, अपत्सत, अपत्स्यत ॥ ६५ [खिद] दैन्ये = दीनता। खिद्यते, चिखिदे, खेत्तासे, खित्सीष्ट (१६३), अखित्त ॥ ६६ [विद] सत्तायाम् = होना। विद्यते, विविदे, वेत्तासे, वेत्स्यते, वेत्सतै, वेत्सातै, विद्यताम्, अविद्यत, विद्येत, वित्सीष्ट (१६३), अवित्त, अवित्साताम्, अवेत्स्यत ॥ ६७ [बुध] अवगमने = ज्ञान होना। बुध्यते, बुबुधे, बोद्धासे, भोत्स्यते (२०४), भोत्सतै, भोत्सातै, बुध्य-

नाम्, अबुध्यत, बुध्येत, भुत्सीष्ट (१६३), अबोधि (१९४), अबुद्ध, अभोत्स्यत ॥ ६८ [युध] सम्प्रहारे=युद्ध करना। युध्यते, युयुधे, योद्धासे, योत्स्यते, युध्येत, युत्सीष्ट, अयुद्ध, अयुत्साताम्॥ ६९ [अनो रुध] कामे=कामना। इस धातु के प्रयोग बहुधा अनुपूर्वक आते हैं इसलिये इसके पूर्व अनु उपसर्ग पढ़ा है। अनुरुध्यत, अनुरुरुधे, अनुरोद्धासे, अन्वरुध्यत, अनुरुत्सीष्ट, अन्वरुद्ध, अन्वरुत्साताम्॥ ७० [अण] प्राणने=श्वास का चलना। यह धातु सेट् है। अण्यते, आणे, आणाते, आणिरे, अणितासे, अणिष्यते, आणिषतै, आणिषातै, अण्यताम्, आण्यत, अण्येत, अणिषीष्ट, आणिष्ट, आणिष्यत॥ ७१ [मन] ज्ञाने। मन्यते मेन, मन्तासे, मंसीष्ट, अमस्त॥ ७२ [युज] समाधौ=चित्त की वृत्तियों को रोकना। युज्यते, युयुजे, योक्तासे, योक्ष्यते, योक्षतै, योक्षातै, युज्यताम्, अयुज्यत, युज्येत, युक्षीष्ट, अयुक्त, अयुक्षाताम्, अयोक्ष्यत॥ ७३ [सृज] विसर्गे=रचना वा त्यागना। सृज्यते, ससृजे, स्रष्टासे (२३३) ज को षत्व और अम् आगम (२७८), स्रक्ष्यते, स्रक्षतै, स्रक्षातै, सृज्यताम्, असृज्यत, सृज्येत, सृक्षीष्ट, असृक्त, असृक्षाताम्, असृक्षत, अस्रक्ष्यत॥ ७४ [लिश] अल्पीभावे=थोड़ा होना। लिश्यते, लिलिशे, लेष्टाशे (२३३) षत्व, लेक्ष्यते, लेक्षतै, लेक्षातै, लिश्यताम्, अलिश्यत, लिश्येत, लिक्षीष्ट, (१६३) अलिष्ट, अलेक्ष्यत॥ पदादयोऽनुदात्तेत आत्मनेभाषा अण्वर्जमनुदात्ताः। पद आदि सब धातु आत्मनेपदी और अण् को छोड़ कर अनिट् हैं॥

अथ [राधादय] आगणान्तात् परस्मैपदिन सप्तषष्टिः। अब इस दिवादिगण के अन्तपर्यन्त ६७ (सडसठ) धातु परस्मैपदी कहते हैं॥ ७५ [राधोऽकर्मकाद् वृद्धावेव] अकर्मक राध धातु से वृद्धि अर्थ में ही श्यन् प्रत्यय [होता है]। राध्यति, रराध,

रराधतुः, यहां हिंसा अर्थ के न होने से (४२३) सूत्र नहीं लगता । रराधिथ, राद्धासि, रात्स्यति, रात्सति, रात्साति, राध्यतु, अराध्यत्, राध्येत्, राध्यात्, अरात्सीत्, अराद्धाम्, अरात्सुः, अरात्स्यत् ॥ ७६ [व्यध] ताड़ने = पीडा देना । विध्यति (२८६) सम्प्रसारण, विध्यतः, विध्यन्ति, विव्याध, (२८२), विविधतुः, विविधु, विव्यधिथ, विव्यद्ध, व्यद्धासि, व्यत्स्यति, व्यत्सति, व्यत्साति, विध्यतु, अविध्यत् , विध्येत्, विध्यात् , अव्यात्सीत्, अव्याद्धाम् , अव्यात्सुः, अव्यात्स्यत् ॥ ७७ [पुष] पुष्टौ = पुष्ट करना । पुष्यति, पुपोष, पुपोषिथ, पोष्टासि, पोक्ष्यति, पोक्षति, पोक्षाति, पुष्यतु, अपुष्यत्, पुष्येत्, पुष्यात्, अपुषत् (२१७) अङ्, इस सूत्र में पुषादि करके इसी पुष से इस गण के अन्तपर्यन्त धातुओं का ग्रहण होता है। अपुषताम्, अपुषन्, अपोक्ष्यत् ॥ ७८ [शुष] शोषणे = सोखना । शुष्यति, अशुषत् ॥ ७९ [तुष] प्रीतौ = प्रसन्नता । तुष्यति, तुष्यतु, अतुषत् ॥ ८० [दुष] वैकृत्ये = विकार को प्राप्त होना। दुष्यति, अदुषत् ॥ ८१ [श्लिष] आलिङ्गने = मिलना । श्लिष्यति, शिश्लेष, श्लेष्टासि, श्लेक्ष्यति, श्लेक्षति, श्लेक्षाति, श्लिष्यतु, अश्लिष्यत्, श्लिष्येत्, श्लिष्यात् ।

४०६—श्लिष आलिङ्गने ॥ ३ । १ । ४६ ॥

श्लिष धातु से परे जो अनिट् च्लि उसके स्थान में क्स आदेश होवे आलिङ्गन ही अर्थ में अन्यत्र नहीं। यह सूत्र (२१७) सूत्र का अपवाद है। और आलिङ्गन अर्थ से यहां स्त्री पुरुष का संयोग समझना चाहिये, किन्हीं जड़ पदार्थों वा अन्य सम्बन्धियों का मिलना नहीं। अश्लिक्षत्। और जहां आलिङ्गन अर्थ नहीं है वहां 'अश्लिषत्' प्रयोग होगा। अश्लिक्षताम्, अश्लिक्षन्, अश्लेक्ष्यत् ॥ ८२ [शक] विभाषितो मर्षणे ।

सहन अर्थ मे शक धातु मे विकल्प करके श्यन् प्रत्यय होवे, पक्ष मे शप् होता है। शक्यति, शकति, शशाक, शेकतुः, शेकिथ, शशकथ, शक्तासि, शक्ष्यति शाक्षति, शाक्षाति, शक्यतु, अशक्यत्, शक्येत्, शक्यात्, अशकत् (२१७), अशक्ष्यत् ॥ ८३ [ञिष्विदा] गात्रप्रक्षरणे = पसीना छूटना । स्विद्यति, सिष्वेद, सिष्वेदिथ, स्वेत्तासि, स्वेत्स्यति, स्वेत्सति, स्वेत्साति, स्विद्यतु, अस्विद्यत्, स्विद्येत्, स्विद्यात्, अस्विदत्, अस्वेत्स्यत् ॥ ८४ [क्रुध] क्रोधे। क्रुध्यति, चुक्रोध, क्रोद्धासि, अक्रुधत् ॥ ८५ [क्षुध] बुभुक्षायाम् = भोजन की इच्छा। क्षुध्यति, चुक्षोध, अक्षुधत् ॥ ८६ [शुध] शौचे = शुद्धि। शुध्यति शुशोध, शोद्धा, अशुधत् ॥ ८७ [षिधु] संराधौ = सिद्धि होना। सिध्यति, सिषेध, सिषिधतुः, सिषेधिथ, सेद्धासि, सेत्स्यति, सेत्सति, सेत्साति, सिध्यति, सिध्याति, सिध्यतु, असिध्यत्, सिध्येत्, सिध्यात्, असिधत्, असेत्स्यत्। राधादयोऽनुदात्ता उदात्तेन परस्मैपदिनः। राध आदि धातु अनिट् परस्मैपदी है।

८८ [रध] हिंसासंराध्योः = हिंसा और सिद्धि। रध्यति, ररन्ध (१६५) नुम्, ररन्धतु, ररन्धिथ।

४०७—रधादिभ्यश्च ॥ ७ । २ । ४५ ॥

रध आदि (रध, नश, तृप, दृप, द्रुह, मुह, ष्णुह, ष्णिह) धातुओं से परे वलादि आर्धधातुक को विकल्प करके इट् का आगम होवे। ररद्ध, ररन्धिव, रेध्व, ररन्धिम, रेध्म।

४०८—नेट्यलिटि रधेः ॥ ७ । १ । ६२ ॥

लिट् लकार से भिन्न इडादि प्रत्यय परे हो तो रध धातु को नुम् का आगम न होवे। इस सूत्र के नियम से इडादि लिट् में तो नुम् होता है। जो कदाचित् ऐसा नियम करते कि इडादि लिट्

में ही नुम् होवे तो इससे विपरीत नियम का सम्भव था कि लिट् मे जो नुम् हो तो इडादि मे ही होवे इस नियम से " ररन्धतुः " आदि मे भी निषेध हो जाता। रधितासि, रद्धासि, रधिष्यति, रत्स्यति, राधिषति, राधिषाति, रधिषति रधिषाति, रात्सति, रात्साति, रध्यति रध्याति रध्यतु, अरध्यत्, रध्येत्, रध्यात्, अरधत्, यहां अङ् के परे प्रथम नुम् (१६●) होकर नलोप (१३९) होता है। अरधताम्, अरधिष्यत्, अरत्स्यत् ॥ ८९ [णश] अदर्शने = नेत्र से न दीखना। नश्यति, ननाश, नेशतुः, नेशुः। थल् के परे (१४९, २१५) नियम से सेट् पक्ष में—नेशिथ। अनिट् पक्ष में—

४०६—मस्जिनशोर्झलि ॥ ७ । १ । ६० ॥

झलादि प्रत्यय परे हो तो मस्ज और नश धातु को नुम् का आगम होवे। ननंष्ठ (२३३) पत्व, नेशथुः, नेश, ननाश, ननश, नेशिव, नन्श्व नेशिम नन्श्म, नशितासि, नष्टासि (४०७), नशिष्यति, नङ्क्ष्यति, नङ्क्ष्याति, नश्यतु, अनश्यत्, नश्येत्, नश्यात्, अनशत्, अनशिष्यत्, अनङ्क्ष्यत् ॥ ९० [तृप] प्रीणने = तृप्ति। यह धातु अनिट् है। तृप्यति, ततर्प, ततृपतुः, थल् मे इट् पक्ष में (४०५) ततर्पिथ, तत्रप्थ (२७५) ततर्प्थ, इसी प्रकार सर्वत्र झलादि आर्धधातुक मे जानो। तर्पिता, त्रप्ता, तर्प्ता, तर्पिष्यति, त्रप्स्यति, तर्प्स्यति, तर्पिषति, तर्पिषाति, त्रप्सति, त्रप्साति, तर्प्सति, तर्प्साति तृप्यति, तृप्याति, तृप्यतु, अतृप्यत्, तृप्येत्, तृप्यात्। लुङ् मे प्रथम सिच् पक्ष (२८०) मे इट् का विकल्प (४०७) होने से—अतर्पीत्, अत्राप्सीत् (२७५), अतार्प्सीत्। और जिस पक्ष मे च्लि के स्थान मे सिच् (२८०) न हुआ वहां—अङ् (२१७) अतृपत्। इस प्रकार चार रूप होते है। अतर्पिष्यत्, अत्रप्स्यत्, अतर्प्स्यत् ॥ ९१ [दृप] हर्षमोहनयोः =

आनन्द और गर्व। इसके प्रयोग तृप के समान जानो। दृप्यति, अदर्पीत्, अद्राप्सीत्, अदार्प्सीत्, अदृपत्। तृप और दृप दोनो धातु अनिट् हैं परन्तु रधादि मे होने से यहां विकल्प से इट् होता है॥ ९२ [द्रुह] जिघांसायाम् = मारने की इच्छा। द्रुह्यति, दुद्रोह, दुद्रोहिथ (४०७), अनिट् पक्ष मे—

४१०—वा द्रुहमुहष्णुहष्णिहाम् ॥ ८। २। ३३ ॥

द्रुह, मुह, ष्णुह और ष्णिह धातुओं के हकार को घकारादेश विकल्प करके होवे झल् परे हो वा पदान्त मे। पक्ष मे ढकार हो जाता है। यह सूत्र भी (२०३) सूत्र का अपवाद है। दुद्रोग्ध घ को जश्त्व, ढकार पक्ष में—दुद्रोढ, द्रोहिता, द्रोग्धा, द्रोढा, द्रोहिष्यति, ध्रोक्ष्यति। यहां घ और ढ दोनो आदेश का एक ही प्रकार का प्रयोग होता है। घकार पक्ष मे उसको चर् ककार और ढकार में भी (२०५) ढ को क हो जाता है। द्रोहिषति, द्रोहिषाति, ध्रोक्षति, ध्रोक्षाति, द्रुह्यतु, अद्रुह्यत्, द्रुह्येत्, द्रुह्यात्, अद्रुहत्, अद्रोहिष्यत्, अध्रोक्ष्यत् ॥ ९३ [मुह] वैचित्त्ये = विचार-शून्य। मुह्यति, मुमोह, मुमोहिथ, मुमोग्ध, मुमोढ, मोहिता, मोग्धा, मोढा, मोहिष्यति, मोक्ष्यति, अमुहत् ॥ ९४ [ष्णुह] उद्गिरणे = उगलना। स्नुह्यति, सुष्णोह, सुष्णोहिथ, सुष्णोग्ध, सुष्णोढ, सुष्णुहिव, सुष्णुह्व, स्नोहिता, स्नोग्धा, स्नोढा, स्नोहिष्यति, स्नोक्ष्यति, अस्नुहत् ॥ ९५ [ष्णिह] प्रीतौ = प्रीति करना। स्निह्यति, सिष्णेह, अस्निहत्। वृत् रधादयः समाप्ताः। ये रध आदि (४०७) सूत्र में कहे धातु समाप्त हुए। पुषादि तो इस गण की समाप्ति पर्यन्त हैं॥ ९६ [शम] उपशमे = शान्ति।

४११—शमामष्टानां दीर्घः श्यनि ॥ ७। ३। ७४ ॥

शम आदि आठ धातुओं के अच् को दीर्घ होवे श्यन् परे हो तो। शाम्यति, शाम्यतः, शाम्यन्ति, शशाम, शेमतुः, शेमिथ, शमिता, शमिष्यति, शामिषति, शामिषाति, शाम्यतु, अशाम्यत्, शाम्येत्, शम्यात्, अशमत् (२१७), अशमिष्यत् ॥ ९७ [तमु] काङ्क्षायाम् = अभिलाषा। ताम्यति (४११), तताम, तेमतु, तमितासि, अतमत् ॥ ९८ [दमु] उपशमे। दाम्यति, अदमत् ॥ ९९ [श्रमु] तपसि खेदे च = तप करना और क्लेश भोगना। श्राम्यति, अश्रमत् ॥ १०० [भ्रमु] अनवस्थाने = स्थिति न होना। (१८८) भ्राम्यति, भ्रमति, बभ्राम, भ्रेमतुः, भ्रेमुः,—(२२९) एत्वाभ्यास लोप। विकल्प पक्ष मे—बभ्रमतुः। लुङ् में अङ् (२१७)—अभ्रमत्। अन्य सब प्रयोग भ्वादि[1] के समान जानो ॥ १०१ [क्षमूष्] सहने। यह धातु ऊदित् और षित् है। क्षाम्यति, चक्षाम, चक्षमतुः, चक्षमिथ (१४०) चक्षन्थ, चक्षमिव, चक्षण्व, चक्षमिम, चक्षण्म, क्षमिता, क्षन्ता, क्षमिष्यति, क्षंस्यति, क्षासति, क्षांसाति, क्षाम्यतु, अक्षाम्यत्, अक्षमत् ॥ १०२ [क्लमु] ग्लानौ = आनन्द का नाश। क्लाम्यति (१८८), क्लामति (१८६) सूत्र से ही शप् और श्यन् दोनो मे दीर्घ हो जाता फिर इसका शमादिको में यहा पाठ कृदन्त मे घिनुण्[2] प्रत्यय होने के लिये है। चक्लाम, चक्लमतुः, क्लमिता, क्लमिष्यति, क्लाम्यतु, क्लामतु, अक्लमत् ॥ १०३ [मदी] हर्षे = आनन्द। माद्यति. ममाद, मेदतुः, मेदिथ, मदिता, मदिष्यति, मादिषति, मादिषाति, माद्यतु, अमाद्यत्, माद्येत्, मद्यात्, अमदत्, अमदिष्यत् ॥ इत्यष्टौ शमादय। ये (४११) सूत्र मे कहे शम

---

१. द्रष्टव्य पृष्ठ १४९, पङ्क्ति १६।

२. शमित्यष्टाभ्यो घिनुण् (आ० १२७२) सूत्र से।

आदि आठ धातु समाप्त हुए ॥ १०४ [असु] क्षेपणे = फेंकना। अस्यति, आस, असितासि, अस्यतु।

४१२—अस्यतेस्थुक् ॥ ७। ४। १७ ॥

अङ् परे हो तो अस्यति धातु को थुक् का आगम होवे। आस्थत् आस्थाताम्, इस धातु से लुङ् मे (२१७) सूत्र से अङ् सिद्ध ही है फिर (३१६) सूत्र मे असु धातु का ग्रहण आत्मनेपद विषय के लिये है ॥ १०५ [यसु] प्रयत्ने = पुरुपार्थ।

४१३—यसोऽनुपसर्गात् ॥ ३। १। ७१ ॥

उपसर्गरहित यस धातु [से] परे श्यन् प्रत्यय विकल्प करके होवे कर्तावाची सार्वधातुक परे हो तो, पक्ष मे शप् होता है। यस्यति, यसति।

४१४—संयसश्च ॥ ३। १। ७२ ॥

संपूर्वक यस धातु से भी श्यन् प्रत्यय विकल्प करके होवे। संयस्यति. संयसति, ययास, येसतुः यसिता, यसिष्यति, यासिषति, यासिषाति, यस्यतु, अयस्यत्, यस्येत्, यस्यात्, अयसत्, अयसिष्यत् ॥ १०६ [जसु] मोक्षणे = छूटना। जस्यति, अजसत् ॥ १०७ [तसु] उपक्षये = नाश। तस्यति, अतसत् ॥ १०८ [दसु] च—पूर्व धातु के अर्थ मे। दस्यति, अदसत् ॥ १०९ [वसु] स्तम्भे = रोकना। वस्यति, ववास, ववसतुः (१२९), अवसत् ॥ वादिरित्येके। किन्हीं के मत मे यह धातु पवर्गादि है वहां (१२९) सूत्र न लगने से 'बेसतु', बेसुः' प्रयोग बनते हैं ॥ ११० [व्युष] विभागे। व्युष्यति, अव्युषत्। ओष्ठ्यादिर्दन्त्यान्तोऽयमित्येके। किन्हीं के मत मे यह धातु व्युस है। व्युस्यति, अव्युसत्। अयकारो वुस इत्यपरे। कोई के मत में यकाररहित वुस है। वुस्यति, वुवोस, अवुसत् ॥

१११ [प्लुष] दाहे। प्लुष्यति, अप्लुषत्॥ ११२ [विस] प्रेरणे = प्रेरणा। विस्यति, विवेस, अविसत्॥ ११३ [कुस] संश्लेषणे। कुस्यति, अकुसत्॥ ११४ [वुस] उत्सर्गे = त्याग। वुस्यति, अवुसत्॥ ११५ [मुस] खण्डने = काटना। मुस्यति मुमोस, मुमुसतु, मोसिता, मोसिष्यति, मोसिषति, मोसिषाति, मुस्यतु, अमुस्यत्, मुस्येत्, मुस्यात्, अमुसत्, अमोसिष्यत्,॥ ११६ [मसी] परिणामे = विकार। मस्यति, ममास, मेसतु, अमसत्। [समी] इत्येके। कोई के मत मे मसी नहीं समी है। सम्यति, असमत्॥ ११७ [लुठ] विलोडने = विलोना। लुठ्यति, अलुठत्॥ ११८ [उच] समवाये = नित्य सम्बन्ध। उच्यति, उवोच, ऊचतु, ऊचु, ओचिता, ओचिष्यति, ओचिषति, ओचिषाति. उच्यतु, औच्यत्, उच्येत्, उच्यात्, औचत्, मा भवानुचत्, औचिष्यत्॥ ११९, १२० [भृशु, भ्रंशु] अधःपतने = नीचे गिरना। भृश्यति, बभर्श, अभृशत्, भ्रश्यति, बभ्रंश, अभ्रशत् (१३९)॥ १२१ [वृश] वरणे = स्वीकार। वृश्यति, अवृशत्॥ १२२ [कृश] तनूकरण = सूक्ष्म करना। कृश्यति, अकृशत्॥ १२३ [ञितृष्] पिपासायाम् = पीने की इच्छा। तृष्यति, अतृषत्॥ १२४ [हृष] तुष्टौ = सन्तोष। हृष्यति, अहृषत्॥ १२५, १२६ [रुष, रिष] हिंसायाम् = मारना। रुष्यति, रिष्यति, रुरोष, रिरेष, रोषिता (२१२) रोष्टा, रेषिता, रेष्टा, अरुषत्, अरिषत्॥ १२७ [डिप] क्षेपे = फेकना। डिप्यति, अडिपत्॥ १२८ [कुप] क्रोधे = कुप्यति, अकुपत्॥ १२९ [गुप] व्याकुलत्वे = व्याकुलता। गुप्यति, अगुपत्॥ १३०—१३२ [युप, रुप, लुप] विमोहने—मोहित करना। युप्यति, रुप्यति, लुप्यति, अयुपत्, अरुपत्। यहां लुप धातु सेट् ही है और अनिट् धातुओं

में जो लुप गिनाया है वह [लिप धातु के] साहचर्य से तुदादिगण का समझा जाता है। अलुपत्॥ १३३ [लुभ] गार्ध्ये= आकाङ्क्षा । लुभ्यति, लुलोभ, लुलुभतुः, लोभिता (२१२) लोब्धा, अलुभत्॥ १३४ [क्षुभ] सञ्चलने=चलायमान होना। क्षुभ्यति, अक्षुभत्॥ १३५, १३६ [णभ, तुभ] हिंसायाम्=नभ्यति, ननाभ, नेभतुः, अनभत्, तुभ्यति, अतुभत्॥ १३७ [क्लिदू] आर्द्रीभावे=गीलापन । क्लिद्यति, चिक्लेद, चिक्लेदिथ, ऊदित् होने से इट् विकल्प (१४०) चिक्लेत्थ, चिक्लिदिव, चिक्लिद्व, क्लेदिता, क्लेत्ता, अक्लिदत्॥ १३८ [ञिमिदा] स्नेहने=प्रीति वा चिकनाई।

४१५-मिदेर्गुणः ॥ ७ । ३ । ८२ ॥

मिद् धातु के इक् भाग को गुण होवे शित् प्रत्यय परे हो तो। मेद्यति, मेद्यतः, मेद्यन्ति। यहां श्यन् के ङित् होने से गुण प्राप्त नहीं था। मिमेद, मिमिदतुः, अमिदत्॥ १३९ [ञिक्ष्विदा] स्नेहनमोचनयोः। क्ष्विद्यति, अक्ष्विदत्॥ १४० [ऋधु] वृद्धौ। ऋध्यति, आनर्ध, आनृधतुः[1] (१४७, ११२), अर्धिता, अर्धिष्यति, अर्धिषति, अर्धिषाति, ऋध्यतु, आर्ध्यत्, ऋध्येत्, ऋध्यात्, आर्धत्, आर्धिष्यत्॥ १४१ [गृधु] अभिकाङ्क्षायाम्=मिलने की इच्छा। गृध्यति, जगर्ध, जगृधतुः, अगृधत्।

१. 'ऋ' में श्रूयमाण 'र्' स्वतन्त्र रवर्ण के ग्रहण से गृहीत होता है इस पक्ष में 'ऋध' को द्विहल् मानकर सूत्र (१४७) से नुडागम होता है। जिस पक्ष में 'र्' का पृथग्ग्रहण नहीं होता तब द्विहल् ग्रहण को हटाकर तथा 'अश्नोति' ग्रहण को नियमार्थ मानकर नुडागम होता है। अथवा ऋकार का उपसंख्यान मानकर नुडागम होता है। ये तीनों पक्ष 'एओङ्, ऐऔच्' (अष्टा० १।१।४, ५) सूत्र के भाष्य में लिखे हैं।

जो मिद वा णभ आदि धातु भ्वादिगण मे पढ़ चुके हैं उनका पाठ श्यन् वा अङ् आदि विशेष कार्यों के लिये किया है, इसी प्रकार अन्य सब गणो मे जानो। वृत् पुषादयः। (२१७) सूत्र में कहे पुषादि धातु पूरे हुए। दिवादिगण भी भ्वादिगण के समान आकृतिगण है। जिससे—'क्षीयते, मृष्यति' आदि प्रयोग बनते हैं॥

इति श्यन्विकरणो दिवादिगणः समाप्तः।

यह श्यन् विकरणवाला दिवादिगण समाप्त हुआ।

अथ स्वादिगणः

१ [षुञ्] अभिषवे = यन्त्र से रस खींचना वा राज्याधिकार देना ।

४१६–स्वादिभ्यः श्नुः ॥ ३ । १ । ७३ ॥

सु आदि धातुओं से शप् का बाधक श्नु प्रत्यय होवे कर्तावाची सार्वधातुक परे हो तो । विकरणस्थ उकार को गुण होकर—सुनोति, सुनुतः, सुन्वन्ति (२६१), सुनोषि, सुनुथः, सुनुथ, सुनोमि, सुन्वः (२००), सुनुवः, सुन्मः, सुनुमः, सुनुते, सुन्वाते, सुन्वते, सुषाव, सुषुवे, सोता, सोष्यति, सोष्यते, सौषति, सौषाति, सौषतै, सौषातै, सुनोतु, सुनुतात्, सुनु (२०१), सुनवानि, सुनवाव, सुनवाम, सुनुताम, असुनोत्, [असुनुत,] सुनुयात्, सुन्वीत, सूयात्, सोषीष्ट, असावीत्,[1] (३३०) असोष्ट, असोष्यत्, असोष्यत ॥ २ [षिञ्] बन्धने = बांधना । सिनोति, सिषाय, सिष्ये, सेता, सेष्यति ॥ ३ [शिञ्] निशाने = तीक्ष्ण करना । शिनोति, शिनुते ॥ ४ [डुमिञ्] प्रक्षेपणे = फेंकना । मिनोति, मिनुते, ममौ (३९९), आकारादेश होकर आकारान्तों के तुल्य रूप जानो । एच्विषय में आकारादेश के कहने से 'मिम्यतुः, मिम्युः' आदि में नहीं होता, ममिथ, ममाथ, मिम्ये, मिम्याते, मिम्यिरे, माता, मिनोतु, मीयात् (१६०) दीर्घ, मासीष्ट, अमासीत्, अमासिष्टाम्, अमास्त, [अमास्यत्] अमास्यत ॥ ५ [चिञ्] चयने = जोडना । चिनोति, चिनुतः, चिनुते ।

४१७–विभाषा चेः ॥ ७ । ३ । ५८ ॥

सन् और लिट् परे हो तो अभ्यास से परे चिञ् धातु को

---

१ द्रष्टव्य पृष्ठ १७२ टि० १ ।

विकल्प करके कुत्व होवे। चिकाय, चिक्यतु., चिकयिथ, चिचाय, चिच्यतु, चिक्ये. चिच्ये, चेता, चेष्यति, चेष्यते, चैषति, चैषाति, चैषतै, चैषातै, चिनोतु, चिनुताम्, अचिनोत्, अचिनुत, चिनुयात्, चिन्वीत. चीयात्, चेषीष्ट, अचैषीत्, अचेष्ट, अचेष्यत्, अचेष्यत॥ ६ [स्तृञ्] आच्छादने। स्तृणोति, स्तृणुते, तस्तार, तस्तरतु. (२५३), तस्तरु, तस्तरिथ, तस्तर्थ, तस्तरे, तस्तराते, स्तर्ता. स्तयात् (२५४). स्तर्यास्ताम।

४१८–ऋतश्च संयोगादेः॥ ७। २। ४३॥

सयोगादि ऋकारान्त धातु से परे आत्मनेपद विषय मे जो लिङ् सिच् उसको विकल्प करके इट् का आगम होवे। स्तरिषीष्ट, स्तृषीष्ट (२४०), अस्तरिष्ट, अस्तृत, अस्तार्षीत्, अस्तार्ष्टाम्॥ ७ [कृञ्] हिंसायाम्। कृणोति, कृणुते, चकार, चकर्थ (१४८), चक्रे, कर्ता, करिष्यति. करिष्यते, कार्षति, कार्षाति, कार्षतै, कार्षातै, कृणोतु, कृणुताम्. अकृणोत्, अकृणुत, कृणुयात्, कृण्वीत, क्रियात्, (२३९), कृषीष्ट (२४०), अकार्षीत्, अकृत, अकरिष्यत्. अकरिष्यत॥ ८ [वृञ्] वरणे = स्वीकार। वृणोति, वृणुते, ववार, वव्रतु।

४१९–बभूथाततन्थजगृम्भववर्थेतिनिगमे॥ ७। २। ६४॥

बभूथ, आततन्थ, जगृम्भ, ववर्थ इन शब्दो मे थल् के परे वेद विषय मे इट् का अभाव निपातन किया है। 'भू' धातु का वेद मे 'बभूथ', लोक मे 'बभूविथ'। आङ् पूर्वक 'तनु' धातु का वेद में 'आततन्थ', लोक मे 'आतेनिथ'। 'ह्व प्रसह्यकरणे' जुहोत्यादि धातु का लिट् लकार उत्तमपुरुष के बहुवचन मे 'जगृम्भ' वेद मे, 'जगृहिम' लोक में, तथा इसी 'वृञ्' धातु का 'ववर्थ' वेद मे, और

इसी प्रमाण से लोक मे इट् होता है 'ववरिथ' । ववृव (१४८) ववृम, वव्रे, ववृषे, ववृवहे, ववृमहे, वरिता, वरीता, (२६४), वरिष्यति, वरीष्यति, वरिष्यते, वरीष्यते, वारीषति, वारीषाति, वारिषति, वारिषाति, वृणोतु, वृणुताम्, अवृणोत्, अवृणुत, वृणुयात्, वृणवीत, व्रियात्, व्रियास्ताम् ।

४२०–लिङ्सिचोरात्मनेपदेषु ॥ ७ । २ । ४२ ॥

वृङ्, वृञ् और ॠकारान्त धातुओं से परे जो आत्मनेपदविषयक लिङ सिच् उसको विकल्प करके इट् का आगम होवे । वृङ्, वृञ् [और] ॠकारान्त सब धातु सेट् हैं इसलिये प्राप्तविभाषा है । अब इट् को दीर्घ (२६४) प्राप्त है उसका निषेध ।

४२१–न लिङि ॥ ७ । २ । ३९ ॥

वृङ्, वृञ् और ॠकारान्तो से परे लिङ् के इट् को दीर्घ न होवे । वरिषीष्ट, वरिषीयास्ताम्, अनिट् पक्ष में—वृषीष्ट, अवारीत्, अवारिष्टाम्, अवारिषुः (२६६), अवरिष्ट, अवरीष्ट, अवरीष्यत्, अवरिष्यत् ॥ ९ [धुञ्] कम्पने = कांपना । धुनोति, धुनुते, दुधाव, दुधविथ, दुधुवे, धोता, अधौषीत्, अधोष्ट, अधोष्यत् । दीर्घान्तोऽपीत्येके * । यह धुञ् धातु किन्ही आचार्यों के मत में दीर्घ ऊकारान्त भी है । धूनोति, धूनुते, दुधाव, दुधुवे, दुधविथ, दुधोथ (१४०) इट् विकल्प । किन्तु लिट् में क्र्यादि नियम (१४८) से नित्य इट् होता है । दुधुविव, दुधुविम, धविता, धोता, धविष्यति, धोष्यति, धाविषति, धाविषाति, धौषति, धौषाति, धाविषतै, धावि-

* लोक वेद में सर्वत्र दीर्घान्त धूञ् धातु के प्रयोग बहुधा आते हैं और पाणिनीय "स्तुसुधूञ्" (आ० ३३०) आदि सूत्रों में दीर्घान्त ही आता है फिर यह ठीक नहीं बनता कि किन्हीं के मत में दीर्घान्त हो किन्तु दीर्घान्त सार्वत्रिक और अल्पप्रयुक्त किन्ही के मत में ह्रस्वान्त होना चाहिये ॥

षातै, धोषतै, धोषातै, धूनोतु, धूनुताम्, अधूनोत्, अधूनुत, धूनु-यात्, धून्वीत, धूयात्, धविषीष्ट, धोषीष्ट, अधविष्ट, अधोष्ट, अधावीत् (३३०) नित्य इट्, अधाविष्टाम्, अधविष्यत्, अधोष्यत्
स्वादय उभयतोभाषा वृञ्वर्जमनुदात्ताः। सु आदि धातु उभय-पदी वृञ् को छोड़ कर सब अनिट् हैं।

अथ परस्मैपदिनो नव। अब परस्मैपदी नव (९) कहते हैं। १० [टुदु] उपताप=क्लेश भोगना। टु की इत्संज्ञा (१५०)। दुनोति, दुदाव, दुदविथ, दोतासि, दोष्यति, दोषति, दोषाति, दुनोतु, अदुनोत्, दुनुयात्, दूयात्, अदौषीत्, अदो-ष्यत्॥ ११ [हि] गतौ वृद्धौ च। हिनोति।

४२२— हेरचङि॥ ७। ३। ५६॥

अभ्यास से परे हि धातु के हकार को कुत्व होवे परन्तु चङ् पर न होता। हकार का अन्तरतम घकार होकर—जिघाय, जिघ्यतु', जिघयिथ, जिघेथ, हिनोतु, अहैषीत्॥ १२ [पृ] प्रीतौ। पृणाति, पर्ता, परिष्यति, प्रियात्, अपार्षीत्॥ १३ [स्पृ] प्रीतिसेवनयो, प्रीतिचलनयोरित्यन्ये। स्पृणोति, पस्पार, पस्परतु (२५३), पस्परिथ, पस्पर्थ, स्पर्यात्। (२५४), अस्पा-र्षीत्॥ [स्मृ]'इत्येके। स्मृणोति, सस्मार, सस्मरिथ, सस्मर्थ, स्मर्यात् (२५४)॥ १४ [आप्लृ] व्याप्तौ=व्यापक होना आप्नोति, आप्नुत, आप्नुवन्ति। यहां संयोगपूर्व के होने से श्नु प्रत्यय के उकार का यण (२६१), तथा 'आप्नुत' [संयोग पूर्व होने से] (२००) लोप नहीं होता। आप्ता, आप्स्यति, आप्सति, आप्साति, आप्नोतु, आप्नुहि (२०१), संयोग पूर्व के होने से हि

१. पृ, स्पृ, स्मृ ये धातुएं किन्हीं वैयाकरणों के मत में छान्दस हैं।

का लुक् नहीं होता । आप्नोत्, आप्नुयात्, आप्यात्, आपत् (२१७) अङ्, आप्स्यत् ॥ [शक्लृ] शक्तौ । शक्नोति, शशाक, शेकतुः, शेकिथ, शशकथ, शक्ता, शक्ष्यति, शक्तति शक्नाति शक्नोतु, अशक्नोत्, शक्नुयात्, शक्यात्, अशकत् (२१७), अशक्ष्यत् ॥ १६, १७ [राध, साध] संसिद्धौ । राध्नोति साध्नोति ।

४२३—राधो हिंसायाम् ॥ ६ । ४ । १२३ ॥

कित् ङित् लिट् और सेट् थल् परे हो तो हिंसा अर्थ में वर्तमान राध धातु को एकार आदेश और अभ्यास का लोप होवे । रराध, रेधतुः, अपरेधतुः, अपरेधुः, रेधिथ, अपपूर्वक राध धातु का हिंसा अर्थ होता है । [अन्यत्र-रराध, रराधतुः] राद्धा, साद्धा, रात्स्यति, सात्स्यति, रात्सति, रात्माति, असात्सीत्, असाद्धाम्, असात्स्यत् ॥ दुनोतिप्रभृतयोऽनुदात्ताः परस्मैभाषाः । दु आदि धातु अनिट् परस्मैपदी है ।

अथ द्वावनुदात्तेतौ । अब दो धातु आत्मनेपदी कहते हैं ।

१८ [अशूङ्] व्याप्तौ सङ्घाते च = व्याप्ति और इकट्ठा करना । अश्नुते, अश्नुवाते ।

४२४—अश्नोतेश्च ॥ ७ । ४ । ७२ ॥

दीर्घ किये अभ्यास के अवर्ण से परे अश धातु को नुट् का आगम होवे । आनशे, आनशाते । ऊदित् होने से इट् विकल्प (१४०) आनशिषे, आनक्षे, आनशिवहे, आनश्वहे, अशितासे, अष्टासे (२३३) षत्व, अशिष्यते, अक्ष्यते, आशिषतै, आशिषातै, आक्षतै, आक्षातै, अश्नुताम्, अश्नवै, आश्नुत, अश्नुवीत, अशिषीष्ट, अक्षीष्ट, आशिष्ट, आष्ट, आक्षाताम्, आशिष्यत, आक्ष्यत ॥

१९ [ष्टिघ] आस्कन्दने = सूखना । स्तिघ्नुते, तिष्टिघे, स्तेघितासे, अस्तेघिष्ट ।

अथागणान्तात् परस्मैपदिनः। अब इस गण के अन्त पर्यन्त परस्मैपदी धातु कहते हैं। २०, २१ [तिक, तिग] गतौ च, चादास्कन्दने। यहां चकार से आस्कन्दन अर्थ की अनुवृत्ति आती है। तिक्नोति, तिग्नोति, तितेक, [तितेग, तेकितासि,] तेगितासि, तेगिष्यति, तेगिषति, तेगिषाति, तिग्नोतु, अतिग्नोत्, तिग्नुयात्, तिग्यात्, अतेगीत्, अतेगिष्यत् ॥ २२ [षघ] हिंसायाम्। सघ्नोति ॥ २३ [ञिधृषा] प्रागल्भ्ये = अतिदृढ होना। धृष्णोति, दधर्ष, धर्षिता ॥ २४ [दम्भु] दम्भने = अहङ्कार। (१३९) दभ्नोति, ददम्भ, (२७१) कित्त्व होकर दम्भ धातु के अनुनासिक का लोप (१३९) होकर न लोप को (४४) असिद्ध मानने से (१२६) एत्वाभ्यास लोप नहीं पाता इसलिये—

४२५—वा०—दम्भ एत्वं वक्तव्यम् ॥महा० ६।४।१२०॥

दम्भ धातु को एत्व और अभ्यास का लोप हो कित् लिट् परे हो तो। देभतुः, देभुः, ददम्भिथ, दम्भिता, दभ्यात् (१३९) ॥ २५ [ऋधु] वृद्धौ। ऋध्नोति, आनर्ध, अर्धिता, अर्धिष्यति, अर्धिषति अर्धिषाति, ऋध्नोतु, आर्ध्नोत्, ऋध्नुयात्, ऋध्यात्, आर्धीत्, आर्धिष्यत् ॥

१ श्रन्थिग्रन्थिदम्भि० (आ० २७१) इत्यादि व्याकरणान्तर का सूत्र अपिद् विषय में ही कित्त्व का विधान करता है इस से पिद्वचनो मे 'ददम्भ, ददम्भिथ' इत्यादि प्रयोग बनते हैं। कई वैयाकरण इस सूत्र को पित् और अपित् दोनों विषयों मे कित्त्व का विधायक मानते हैं। उन के मत में पिद् विषय मे 'देभ, देभिथ' आदि प्रयोग होते हैं अन्य वैयाकरण इस सूत्र से कित्त्व का विकल्प मानते हैं। इस लिये 'देभ, ददम्भ, देभतु, ददम्भतुः, इत्यादि दो दो प्रयोग सिद्ध होते हैं। महाभाष्यकार ने सं० ४२५ के वार्तिक पर 'देभतु, देभु.,' अपिद् विषय के उदाहरण दिये हैं। इस से प्रतीत होता है कि भाष्यकार को अपिद् विषय में ही कित्त्वविधान अभिप्रेत है।

छन्दसि ।[१] इस गणसूत्र का अधिकार है, यहां से आगे इस गण के अन्तपर्यन्त सब धातु वेदविषयक हैं । २६ [तृप] प्रीणन इत्येके[२] । किसी के मत मे प्रीणनार्थ तृप धातु वैदिक है । तृप्नोति । क्षुभ्नादि[३] गण में पाठ होने से णत्व [नही] होता है । अतर्पीत् ॥ २७ [अह] व्याप्तौ । अह्नोति । मा भवानहीत् (१६२) ॥ २८ [दघ] घातने पालने च = मारना और रक्षा । दघ्नोति, ददाघ, देघतु:, देघिथ, दघिता, दघिष्यति, दाघिषति, दाघिषाति, दघ्नोतु, दघ्नवानि, अदघ्नोत्, दघ्नुयात्, दघ्यात्, अदाघीत्, अदघीत्, अदघिष्यन् ॥ २९ [चमु] भक्षणे । चम्नोति ॥ ३०-३५ [रि, क्षि, चिरि, जिरि, दाशृ, दृ] हिंसायाम् । रिणोति, क्षिणोति । अयं भाषयामपीत्येके । कोई के मत मे क्षि धातु लौकिक भी है । ऋक्षीत्येक एवाजादिरित्यन्ये । किन्ही के मत में रि और क्षि दो नहीं किन्तु ऋक्षि अजादि अजन्त एक ही दो अक्षर का धातु है । ऋक्षिणोति, चिरिणोति, जिरिणोति, दाश्नोति, दृणोति, चिचिराय, चिचिरियतु: इत्यादि वैदिक प्रयोगो मे जैसा प्रयोग आ जावे उसके अनुकूल सूत्रो मे सिद्धि समझनी चाहिये । तिकादय उदात्ता उदात्तेत: परस्मैपादिन: । ये तिक आदि धातु सेट् परस्मैपदी हैं ।वृत् ।

इति श्नुविकरण स्वादिगणः समाप्तः ।
यह श्नु विकरणवाला स्वादिगण समाप्त हुआ ॥

---

१. छन्दसि' गणसूत्र को अन्य व्याख्याता 'तृप्नोति' के अनन्तर पढ़ते हैं।

२. यद्यपि किन्हीं के मत में इस का स्वादि में पाठ नहीं है तथापि क्षुभ्नादि गण (अ० ८ । ४ । ३१) में 'तृप्नोति' शब्द का पाठ होने से पाणिनि को स्वादिगण मे पाठ अभिप्रेत है अतएव इस पर धात्वङ्क लगाया है ३. अ० ८ । ३ । ३९ ॥

अथ तुदादिगणः।

१ [तुद] व्यथने = पीडा।

४२६-तुदादिभ्यः शः ॥ ३ । १ । ७७ ॥

तुदादि धातुओं से परे शप् का बाधक श प्रत्यय होवे कर्तावाची सार्वधातुक परे हो तो। अपित् श के ङित् होने से गुणनिषेध सर्वत्र। तुदति, तुदते, तुतोद, तुतोदिथ, तुतुदे, तोत्ता, तोत्स्यति तोत्स्यते, तुदतु, तुदताम्, अतुदत्, अतुदत, तुदेत्, तुदेत, तुद्यात्, तुत्सीष्ट (१६३), अतौत्सीत् (१३२,) अतौत्ताम्, अतुत्त, अतुत्साताम्, अतोत्स्यत्, [अतोत्स्यत]॥ २ [णुद] प्रेरणे = आज्ञा करना। नुदति, नुदते, नुनोद, नुनुदे॥ ३ [दिश] अतिसर्जने = देना। दिशति, दिशते, देष्टा, देक्ष्यति, देक्ष्यते, देक्षति, देक्षाति, देक्षतै, देक्षातै, दिक्षीष्ट, अदिक्षत्, अदिक्षत (२०७)॥ ४ [भ्रस्ज] पाके = पकाना। भृज्जति, भृज्जते॥ (२८६) सम्प्रसारण, सकार को श्चुत्व शकार और शकार को जश्त्व हो जाता है।

४२७-भ्रस्जोरोपधयो रमन्यतरस्याम् ॥

६ । ४ । ४७ ॥

भ्रस्ज धातु के रेफ और उपधा के स्थान में रम् का आगम विकल्प करके होवे आर्धधातुकविषय में। रम् मित् होने से अन्त्य अच् से परे होता है। और स्थानषष्ठी का निर्देश होने से रेफ और उपधा की निवृत्ति हो जाती है। बभर्ज, बभर्जतुः, बभर्जिथ, बभर्ष्ठ (२३३) षत्व और जिस पक्ष में रम् का आगम न हुआ वहां बभ्रज्ज, बभ्रज्जतुः बभ्रज्जिथ, बभ्रष्ठ (२१०) संयोगादि सलोप और षत्व (२३३), बभर्जे, बभर्जाते, बभर्जिषे, बभ्रज्जे, भर्ष्टा, भ्रष्टा, भर्क्ष्यति, भ्रक्ष्यति, भर्क्षति, भर्क्षाति, भार्क्षतै, भार्क्षातै, भ्रक्षति, भ्रक्षाति भ्रक्षतै, भ्रक्षातै, भृज्जतु, भृज्जताम्, अभृज्जत्, अभृज्जत, भृज्जेत्, भृज्जेत,

भृज्ज्यात्, किन्तु ङित् विषय मे रमागम (४२७) का बाध कर और पूर्वविप्रतिषेध मानकर सम्प्रसारण (२८६) होता है। भृज्ज्यास्ताम्, भर्क्षीष्ट, भ्रक्षीष्ट, अभार्क्षीत्, अभ्राक्षीत्, अभर्ष्ट, अभर्क्षाताम्, अभ्रष्ट, अभ्रक्षाताम्, अभर्क्ष्यत्, अभ्रक्ष्यत्, अभर्क्ष्यत, अभ्रक्ष्यत ॥ ५ [क्षिप] प्रेरणे । क्षिपति, क्षिपते, क्षेप्ता, क्षिप्सीष्ट, अक्षैप्सीत्, अक्षिप्त ॥ ६ [कृष] विलेखने = लिखना वा जोतना। कृषति, कृषते, क्रष्टा, कर्ष्टा (२७५), क्रक्ष्यति। कर्क्ष्यति, कृष्यात्, कृक्षीष्ट, सिच् (२८०) पक्ष मे अम् (२७५), अक्राक्षीत्, अकार्क्षीत्, पक्ष मे क्स (२०७)—अकृक्षत्, अकृक्षताम्, आत्मनेपद मे [सिच्] कित् (१६३) होने से अम् (२७५) नहीं होता। सिच् पक्ष (२८०) मे—अकृष्ट, अकृक्षाताम्, अकृक्षत। क्स (२०७) पक्ष मे—अकृक्षत, अकृक्षाताम्, अकृक्षन्त, अक्रक्ष्यत्, अक्रक्ष्यत, अकर्क्ष्यत्, अकर्क्ष्यत। षट् तुदादयोऽनुदात्ता: स्वरितेत उभयतोभाषाः। ये तुद आदि छः धातु अनिट् उभयपदी है ॥

७ [ऋषी] गतौ। यह धातु सट् परस्मैपदी है। ऋषति, आनर्ष, आनृषतुः, आर्षीत् ॥

[अथ जुषादयश्चत्वार आत्मनेपदिन: । अब जुषादि चार आत्मनेपदी धातुएं कहते हैं] ॥ ८ [जुषी प्रीतिसेवनयो:। जुषते, जुजुषे, जोषितासे, जोषिष्यते, जोषिषते, जोषिषातै, जुषताम्, अजुषत, जुषेत, जोषिषीष्ट, अजोषिष्ट, अजोषिष्यत ॥ ९ [ओविजी] भयचलनयो:। बहुधा इस धातु के प्रयोग उद् उपसर्गपूर्वक ही आते हैं। उद्विजते, उद्विविजे, उद्विजिता।

४२८—विज इट् ॥ १ । २ । २ ॥

विज धातु से परे जो इडादि प्रत्यय सो ङित्वत् हो। उद्विजिता, उद्विजिष्यते, ङित् होने से लघूपध गुण नहीं होता। उद्विजिषीष्ट,

त्रदविजिष्ट॥ १०, ११ [ओलजी, ओलस्जी] व्रीडायाम् = प्रेरणा और लज्जा। लजते, लेजे, लजितासे, लजिष्यते, लाजिषतै, लाजिषातै, लजताम्, अलजत, लजेत, लजिषीष्ट, अलजिष्ट, अलजिष्यत। लज्जते, ललज्जे, भ्रस्ज धातु के समान श्चुत्व और जश्त्व। जुषादय उदात्ताश्चत्वारोऽनुदात्तेत आत्मनेपदिनः। ये जुष आदि चार धातु सेट् आत्मनेपदी हैं॥

अथ परस्मैपदिनो द्व्युत्तरशतम्। अब एकसौ दो (१०२) धातु परस्मैपदी कहते हैं १२ [ओव्रश्चू] छेदने = काटना-वृश्चति (२८६) सम्प्रसारण, वव्रश्च यहां अभ्यास के रेफ को ऋ सम्प्रसारण (२८२) होकर ऋ को अकार (१०८) होता है उस ऋकार को स्थानिवत् मानने से सम्प्रसारण के परे पूर्व वकार को सम्प्रसारण नहीं होता। वव्रश्चतु[1], वव्रश्चु, वव्रश्चिथ, वव्रष्ठ, ऊदित् होने से इट् विकल्प (१४०)—व्रश्चिता, व्रष्टा, व्रश्चिष्यति, व्रक्ष्यति, व्रश्चिषति, व्रश्चिषाति, व्रक्षति, व्रक्षाति, वृश्चतु, अवृश्चत्, वृश्चेत्, वृश्च्यात्, अव्रश्चीत्, अव्राक्षीत्॥ १३ [व्यच] व्याजीकरणे = छल करना। विचति (२८६), विव्याच (२८२), विविचतुः (२८६), व्यचितासि, व्यचिष्यति, व्याचिषति, व्याचिषाति, विचतु, अविचत्, विचेत्, विच्यात्, अव्याचीत्, अव्यचीत्॥ १४ [उछि] उञ्छे[2] = ऊछना। उञ्छति, उञ्छाञ्चकार, उञ्छाम्बभूव, उञ्छामास, उञ्छिता॥ १५ [उछी] विवासे = परदेशवास। उच्छति॥ १६ [ऋछ] गतीन्द्रियप्रलयमूर्त्तिभावेषु = गति, इन्द्रियों का प्रलय और शरीर का बनना। ऋच्छति, आनर्छ, (२५८) गुण, आनर्छतुः,

१. संयोगान्त होने से लिट् कित् नहीं होता, अत एव सम्प्रसारण भी नहीं होता। २. उञ्छ शब्द का अर्थ एक एक दाना उठाना है।

आनर्छ, आनर्छिथ, ऋच्छिता ॥ १७ [मिछ] उत्क्लेशे=पीड़ा । मिच्छति, मिमिच्छ, अमिच्छीत् ॥ १८—२० [जर्ज, चर्च, झर्झ] परिभाषणभर्त्सनयोः=बहुत बोलना व धमकाना । जर्जति, चर्चति, झर्झति ॥ २१ [त्वच] संवरणे=ढांकना । त्वचति, तत्वाच ॥ २२ [ऋच] स्तुतौ=गुणकथन । ऋचति, आनर्च, आनृचतु. ॥ २३ [उब्ज] आर्जवे=कोमलता । उब्जति, उब्जाञ्चकार ॥ २४ [उज्झ] उत्सर्ग=त्याग । उज्झति, उज्झाञ्चकार ॥ २५ [लुभ] विमोहने=व्याकुलता । लुभति, लुलोभ, लोभिता (२१२), लोब्धा, लोभिष्यति, लोभिषति, लोभिषाति, लुभतु, अलुभत्, लुभेत्, लुभ्यात्, अलोभीत्, अलोभिष्यत् ॥ २६ [रिफ] कत्थनयुद्धनिन्दाहिंसादानेषु=अपनी प्रशंसा, युद्ध, निन्दा, हिंसा और ग्रहण करना वा देना । रिफति, रिरेफ, रेफिता, रेफिष्यति, रेफिषति, रेफिषाति, रिफतु, अरिफत्, रिफेत्, रिफ्यात्, अरेफीत्, अरेफिष्यत् ॥ [रिह] इत्येके । रिहति, रिरेह ॥ २७, २८ [तृप, तृम्प] तृप्तौ । तृपति, ततर्प, तर्पिता ।

४२६–वा०—शे तृम्पादीनामुपसंख्यानम् ॥ ७ । १ । ५९ ॥

तृम्प आदि धातुओं को नुम् हो श प्रत्यय परे होता । यह वार्तिक (७ । १ । ५९) सूत्र पर है । तृम्प आदि धातुओं में जो अनुनासिकसहित हैं उनके भी अनुनासिक का लोप श के परे (१३९) होजाता है । और नुमविधानसामर्थ्य से फिर लोप नहीं होता है । तृम्पति, तृप्यात्, तृप्यात् (१३९) उपधाऽनुनासिकलोप, अतर्पीत् । यहां (२८०) वार्त्तिक में अङ का अपवाद होने से दिवादि के अन्तर्गत पुषादि

के तृप का ग्रहण होता है, इसलिये नित्य सिच् होता है। [तृफ, तृम्फ] इत्येके। तृम्फति, ततृम्फ, तृम्फिता, तृफ्यात् (१३९)॥ २६—३२ [तुप, तुम्प, तुफ, तुम्फ] हिंसायाम्। तुम्पति, तुम्फति, तुप्यात्, तुफ्यात्॥ ३३, ३४ [दृप, दृम्फ] उत्क्लेशे=पीड़ा। दृम्पति, दृम्फति, दृप्यात्, दृफ्यात्॥ ३५,३६ [ऋफ, ऋम्फ] हिंसायाम्। ऋफति ऋम्फति, आनर्फ, ऋम्फाञ्चकार, ऋफ्यात्॥ ३७, ३८ [गुफ, गुम्फ] ग्रन्थे=बन्धन। गुफति, गुम्फति, जुगुम्फ॥ ३९, ४० [उभ, उम्भ] पूरणे=पूर्त्ति। उभति, उम्भति, उवोभ, उम्भाञ्चकार, उभ्यात्॥ ४१, ४२ [शुभ, शुम्भ] शोभार्थे। [शुभति,] शुम्भति, शुशोभ, शुशुम्भ, शुभ्यात्। (४२९) वार्त्तिक मे कहे तृम्पादि धातु पूरे हुए॥ ४३ [दृभी] ग्रन्थे। दृभति, ददर्भ, अदर्भीत्, अदर्भिष्यत्॥ ४४ [चृती] हिंसाग्रन्थनयोः। चृतति, चचर्त, चचृततु, चचर्तिथ, चर्तिता, चर्तिष्यति (३९७), चर्त्स्यति, चर्तिषति, चर्तिषाति, चर्त्सति, चर्त्साति, चृततु, अचृतत्, चर्तेत्, चृत्यात्, अचर्तीत्, अचर्तिष्यत्॥ ४५ [विध] विधाने। विधति, विवेध, विविधतु, वेधिता, वेधिष्यति, वेधिषति, वेधिषाति॥ ४६ [जुड] गतौ। जुडति, अजोडीत्॥ [जुन] इत्येके। जुनति॥ ४७ [मृड] सुखने। मृडति, अमर्डीत्॥ ४८ [पृड] च। पृडति॥ ४९ [पृण] प्रीणने=तृप्ति। पृणति, पपर्ण॥ ५० [वृण] च। वृणति, अवर्णीत्, अवर्णिष्यत्॥ ५१ [मृण] हिंसायाम्। मृणति, मर्णिता॥ ५२ [तुण] कौटिल्ये। तुणति, तोणिष्यति॥ ५३ [पुण] कर्मणि शुभे=शुभ कर्म। पुणति, पोणिषति, पोणिषाति॥ ५४ [मुण] प्रतिज्ञाने=प्रतिज्ञा। मुणति, मुणतु॥ ५५ [कुण] शब्दोपकरणयोः=शब्द और उप-

कार। कुणाति, अकुणात् ॥ ५६ [शुन] गतौ। शुनति, शुनेत् ॥ ५७ [द्रुण] हिंसागतिकौटिल्येषु = हिंसा, गति और कुटिलता। द्रुणति, द्रुण्यात् ॥ ५८, ५९ [घुण, घूर्ण] भ्रमणे = डोलना। घुणति, घूर्णति, जुघोण, जुघूर्ण ॥ ६० [षुर] ऐश्वर्यदीप्त्योः = धन और प्रकाश। सुरति, सुषोर, सोरिता, सोरिष्यति, सोरिषति, सोरिषाति, सुरतु, असुरत्, सुरेत्, सूर्यात् (१९७) दीर्घ ॥ ६१ [कुर] शब्दे। कुरति।

४३०–न भकुर्छुराम् ॥ ८। २। ७९ ॥

रेफान्त और वकारान्त भसञ्ज्ञक तथा कुर् और छुर् इन की उपधा इक् को दीर्घ न होवे। (१९७) सूत्र से दीर्घ प्राप्त है उसका अपवाद यह सूत्र है। कुर्यात् * ॥ ६२ [खुर] छेदने = दो भाग करना। खुरति, चुखोर, खूर्यात् ॥ ६३ [मुर] संवेष्टने। मुरति, मूर्यात् ॥ ६४ [क्षुर] विलेखने = क्षौर कर्म। क्षुरति, क्षूर्यात् ॥ ६५ [घुर] भीमार्थशब्दयोः = भयंकर पदार्थ और शब्द। घुरति, घूर्यात् ॥ ६६ [पुर] अग्रगमने = आगे चलना। पुरति, पूर्यात् ॥ ६७ [वृहू] उद्यमने = उद्यम करना। वृहति, ववर्ह, ववृहतु., ऊदित् होने से

* यहां भट्टोजिदीक्षित ने लिखा है कि (४३०) सूत्र यहां नहीं लगता क्योंकि वहां कुर् कहने से कुञ् धातु का ग्रहण होता है इससे 'कूर्यात्' प्रयोग होता है सो संदिग्ध है, क्योंकि जो "लक्षणप्रतिपदोक्तयो.०" (पारि० ६१) इस परिभाषा का आश्रय करें तब तो कुञ् का ग्रहण ही न हो क्योंकि कुञ् का कुर् लाक्षणिक और कुर् धातु प्रतिपदोक्त है इसलिये इस परिभाषा का आश्रय न करें तो भी लाक्षणिक और प्रतिपदोक्त दोनों का ग्रहण होवे फिर ऐसी परिभाषा कौन है कि जिससे लाक्षणिक कुञ् का ग्रहण होजावे और प्रतिपदोक्त कुर् का न हो ॥

इट् विकल्प ववर्हिथ, ववर्ढ, ववृर्हिव, ववृह्व, वर्हिता, वर्ढा, वर्हिष्यति, वर्क्ष्यति, वर्हिषति, वर्हिषाति, वर्क्षति, वर्क्षाति, वृहतु, अवृहत्, वृहेत्, वृह्यात्, अवर्हीत्, अवृक्षत्। (२०७) क्स, अवर्हिष्यत्। अवर्क्ष्यत्॥ [बृह्ह] इत्येके। इस मे इतना विशेष है कि— भर्क्ष्यति (२०४) भर्क्षति, भर्क्षाति, अभृक्षत्, अभर्क्ष्यत् ॥ ६८—७० [तृह्ह, ष्टृह्ह, तृह्ह] हिंसार्थाः। तृहति, स्तृहति, तृंहति, ततर्ह, तस्तर्ह, ततृंह, तर्हिता, तर्ढा, स्तर्हिता, स्तर्ढा, तृंहिता, तृण्ढा, तृह्यात्, [अतर्हीत्,] अतृक्षत्, [अस्तर्हीत्,] अस्तृक्षत् [अतृंहीत्, अताङ्क्षीत्, अताण्ढाम्]॥ ७१ [इष] इच्छायाम्। इच्छति, इयेष, एषिता, [एष्टा,] एषिषति, एषिषाति, इच्छतु, ऐच्छत्, इच्छेत्, इष्यात्, ऐषीत्, ऐषिष्यत्॥ ७२ [मिष] स्पर्धायाम्=ईर्षा। मिषति, मिमेष॥ ७३ [किल] श्वैत्यक्रीडनयो=श्वेताई और क्रीडा। किलति, केलिता॥ ७४ [तिल] स्नेहने=चिकनाई। तिलति, तेलिष्यति॥ ७५[चिल] वसने=वस्त्र। चिलति, चेलिषति, चेलिषाति, चिलतु॥ ७६ [चल] विलसने=शोभा। चलति, अचलत्॥ ७७ [इल] स्वप्नक्षेपणयोः—सोना और फेंकना। इलति, इयेल, इलतु, ऐलत्, इलेत्॥ ७८ [विल] संवरणे=आच्छादन। विलति, विल्यात्॥ ७९ [बिल] भेदने=खोदना। बिलति, अबेलीत्॥ ८० [णिल] गहने=गाढ़। निलति. अनेलिष्यत्॥ ८१ [हिल] भावकरणे=प्रीति करना। हिलति॥ ८२, ८३ [शिल, षिल] उञ्छे। शिलति, सिलति॥ ८४ [मिल] सश्लेषणे=मिलना। मिलति॥ ८५ [लिख] अक्षरविन्यासे=अक्षर बनाना। लिखति, लिलेख, लेखिता, लेखिष्यति, लेखिषति, लेखिषाति, लिखतु, अलिखत्, लिखेत्, लिख्यात्, अलेखीत्, अलेखिष्यत्॥ ८६ [कुट] कौटिल्ये=

कुटिलाई। कुटति, चुकोट, चुकुटतुः, (३४५) ङित्त्व होकर—चुकुटिथ, कुटिता, कुटिष्यति, कोटिषति, कोटिषाति, कुटिषति, कुटिषाति, यहा णित्पक्ष में ङित्त्व (३४५) न होने से गुण होता है। और ङित् होने से सब कुटादिकों मे गुण का निषेध जानो। कुटतु, अकुटत्, कुटेत्, कुट्यात्, अकुटीत्, अकुटिष्यत्। (३४५) सूत्र मे कहे कुटादि धातु इसी कुट् से कूड् धातुपर्यन्त जानो॥ ८७ [पुट] संश्लेषणे। पुटति, पुपोट, पुटिता॥ ८८ [कुच] संकोचने = इकट्ठा होना। कुचति, चुकुचिथ॥ ८९ [गुज] शब्दे। गुजति, गुजिष्यति॥ ९० [गुड] रक्षायाम्। गुडति गोडिषति, गोडिषाति, गुडिषति गुडिषाति॥ ९१ [डिप] क्षेपे = फेंकना। डिपति, डिपतु॥ ९२ [छुर] छेदने। छुरति, अच्छुरत्, छुर्यात् (४३०)॥ ९३ [स्फुट] विकसने = खिलना। स्फुटति, पुस्फुटिथ॥ ९४ [मुट] आक्षेपमर्दनयो = खण्डन और मलना। मुटति, मुटिता॥ ९५ [त्रुट] छेदने। (१८८) विकल्प से श्यन्—त्रुट्यति, त्रुटति, त्रुटिष्यति, त्रुट्यतु, त्रुटतु, अत्रुट्यत्, अत्रुटत्, त्रुट्येत्, त्रुटेत्॥ ९६ [तुट] कलहकर्मणि = विरोध करना। तुटति, तोटिषति, तोटिषाति, तुटिषति, तुटिषाति॥ ९७, ९८ [चुट, छुट] छेदने। चुटति, छुटति॥ ९९ [जुड] बन्धने = जोडना। जुडति, जुडतु॥ १०० [कड] मदे = अहङ्कार। कडति॥ १०१ [लुट] संश्लेषणे = मिलना। लुटति, अलुटत्॥ लुठ इत्येके। लुठति, लुठेत्॥ १०२ [कुड] घनत्वे = सघन। कुडति, अकर्डीत्॥ १०३ [कुड] बाल्ये = बालकपन। कुडति॥ १०४ [पुड] उत्सर्गे = त्याग। पुडति॥ १०५ [घुट] प्रतिघाते = घोटना। घुटति, जुघुटिथ, घुटिता॥ १०६ [तुड] तोडने = तोडना। तुडति, तुडिष्यति॥ १०७, १०८ [थुड,

स्थुड] संवरणे। थुडति, स्थुडति, तुस्थुडिथ ॥ [स्फुड] इत्येके। स्फुडति ॥ [खुड, छुड] इत्यन्ये। खुडति, छुडति ॥ [कुड] सघाते इत्येके। कुडति ॥ १०९ [स्फुर] स्फुरणे=चेतनता स्फुरति, पुस्फार ॥ [स्फर] इत्येके। स्फरति ॥ ११० [स्फुल] संचलने=चञ्चलता। स्फुलति ॥ १११—११३ [स्फुड, चुड, व्रुड] संवरणे। स्फुडति, चुडति, व्रडति ॥ [क्रुड, भ्रुड] निमज्जन इत्येके। क्रुडति भ्रुडति, भ्रुडिता। व्रश्चादय उदात्ता उदात्तेत परस्मैभाषा द्व्युत्तरशतम्। व्रश्च आदि एकसौ दो (१०२) धातु सेट् परस्मैपदी हैं॥

११४ [गुरी] उद्यमने। उदात्तोऽनुदात्तेदात्मनेपदी। यह धातु सेट् आत्मनेपदी है। गुरते, जुगुरे, गुरिता, गुरिष्यते, गोरिषतै, गोरिषातै, गुरिषतै, गुरिषातै, गुरताम्, अगुरत, गुरेत, गुरिषीष्ट, अगुरिष्ट, अगुरिष्यत।

इतश्चत्वार परस्मैपादिन। यहाँ से आगे चार धातु परस्मैपदी है। ११५ [णू] स्तवने=स्तुति। नुवति, नुनाव, अनुवीत् ॥ ११६ [धू] विधूनने=कंपाना। धुवति, दुधाव, दुधुवतु, धुविता, अधुवीत्। ये दोनों सेट् हैं॥

११७ [गु] पुरीपोत्सर्गे=मल त्यागना। गुवति, जुगाव, जुगुविथ, जुगुथ, गुता, गुष्यति, गौषति, गौषाति, गुषति, गुषाति, गुवतु, अगुवत्, गुवेत्, गूयात् (१६०) अगुषीत्, अगुताम् (२४१) सिच्लोप, अगुषुः। ११८ [ध्रु] गतिस्थैर्ययोः=चलना और स्थिति। [ध्रुव] इत्येके। ध्रुवति, इत्यादि गु के समान रूप जानो। और ध्रुव धातु तो सेट् है। दुध्रुविथ, ध्रुविता, ध्रूयात् (१९७) दीर्घ, अध्रुवीत् ॥

११९ [कूङ्] शब्दे, [कुङ्] शब्द इत्येके। यह धातु दीर्घान्त पक्ष मे सेट् और ह्रस्वान्त पक्ष मे अनिट् है। कुवति, चुकुविथ, कुविता, अकुविष्ट, पक्षमें—चुकु-

विथ, चुकुथ, कुता, अकुत । वृत् । इति कुटादयः समाप्ताः । ये (३४५) सूत्र मे कहे कुटादि धातु समाप्त हुए ॥

१२० [पृङ्] व्यायामे = कसरत । यह धातु बहुधा वि और आङ् उपसर्गपूर्वक ही प्रयुक्त आता है । व्याप्रियते (२३९, १५९) व्याप्रियेते, व्याप्रियन्ते, व्यापप्रे, व्यापप्राते, व्यापप्रिषे, पर्तासे, परिष्यते, पार्षतै, पार्षातै, प्रियताम्, अप्रियत, प्रियेत, पृषीष्ट (२४०), अपृत (२४१), अपृषाताम्, अपृषत ॥ १२१ [मृङ्] प्राणत्यागे = शरीर छूटना ।

४३१—म्रियतेर्लुङ्लिङोश्च ॥ १ । ३ । ६१ ॥

मृङ् धातु से परे लुङ् लिङ् और शित् विषय मे आत्मनेपद-संज्ञक प्रत्यय हो, अन्यत्र नहीं । मृङ् धातु के ङित् होने से सर्वत्र आत्मनेपद सिद्ध ही है फिर विशेष विषय मे कहने से यह नियम हुआ कि लुङ् लिङ् और शित् से भिन्न लकारों मे परस्मैपद ही हो । म्रियते, ममार, मम्रतु, मम्रुः, ममर्थ, मम्रिव, मम्रिम, मर्तासि, मरिष्यति, मार्षति, मार्षाति, म्रियताम्, अम्रियत, म्रियेत, मृषीष्ट, अमृत, अमृषाताम्, अमरिष्यत् ।

अथ परस्मैपदिनः सप्त । अब सात (७) धातु परस्मैपदी कहते हैं ॥ १२२, १२३ [रि, पि] गतौ । रियति, पियति, रिराय, पिपाय, रिरियतुः, पिपेथ, पेता, पेष्यति, पैषति, पैषाति, पियतु, अपियत्, पियेत्, पीयात्, अपैषीत्, अपैष्टाम्, अपेष्यत् ॥ १२४ [धि] धारणे । धियति, दिधयिथ, दिधेथ, धेता ॥ १२५ [क्षि] निवासगत्योः । क्षियति, क्षीयात्, अक्षैषीत् । र्यादयोऽनुदात्ताः । ये रि आदि अनिट् हैं ॥ १२६ [षु] प्रेरणे = आज्ञा । सुवति, सुषाव, सुषविथ; सविता, सविष्यति, साविषति, साविषाति, सुवतु, असुवत्, सुवेत्, सूयात्,

असावीत्, असाविष्टाम्, असविष्यत् ॥ १२७ [कॄ] विक्षेप = फैलाना। किरति (२६५), किरतः, चकार, चकरतुः, चकरुः (२०८) गुण, करीता (२६४) करिता, करीष्यति, करिष्यति, कारीषति, कारीषाति, कारिषति, कारिषाति, किरतु, अकिरत्, किरेत्, कीर्यात् (२६५, १९७), अकारीत्, (२६६), अकारिष्टाम्, अकरीष्यत्, अकरिष्यत् ॥ १२८ [गॄ] निगरणे = खाना वा उपदेश करना।

४३२–अचि विभाषा ॥ ८ । २ । २१ ॥

अजादि प्रत्यय परे हो तो गॄ धातु के रेफ को विकल्प करके लकारादेश होवे। गिरति, गिलति, जगाल, जगार, जगलतुः, जगरतुः, गलीता, गलिता, गरीता, गरिता, गीर्यात्, अगालीत्, अगारीत्, अगालिष्टाम्, अगारिष्टाम्। उदात्ताः परस्मैपदिनः। सू आदि धातु सेट् परस्मैपदी हैं॥

१२९ [दृङ्] आदरे = सत्कार। यह धातु आङ्पूर्वक बहुधा आता है। आद्रियते (२३९) रिङ्, आद्रियेते, आदद्रे, आदद्रिषे, आदर्तासे, आदरिष्यते, आदार्षतै, आदार्षातै, आद्रियताम्, आद्रियत, आद्रियेत, आदृषीष्ट (२४०), आदृत, आदृषाताम्, आदरिष्यत। १३० [धृङ्] अवस्थाने = स्थिति। ध्रियते, दध्रे, दध्रिषे ॥ अनुदात्तावात्मनेपदिनौ। ये दोनों धातु अनिट् आत्मनेपदी हैं॥

अथ परस्मैपदिनः षोडश। अब सोलह धातु परस्मैपदी कहते हैं॥ १३१ [प्रच्छ] ज्ञीप्सायाम् = जानने की इच्छा। पृच्छति, पृच्छतः (२८६) संप्रसारण, पप्रच्छ, पप्रच्छतुः, पप्राच्छथ, अनिट् पक्ष में—पप्रष्ठ (२३३) षत्व, प्रष्टा, प्रक्ष्यति, प्राक्षति, प्राक्षाति, पृच्छतु, अपृच्छत्, पृच्छेत्, पृच्छ्यात्, अप्राक्षीत्, अप्राष्टाम्,

अप्राक्षु, अप्रक्ष्यत् ॥ वृत्[1] । किरादयः समाप्ताः । ये किरति आदि पाच धातु पूरे हुए, इनसे सन्नन्त प्रक्रिया मे विशेष कार्य होते है ॥ १३२ [सृज] विसर्गे = रचना वा त्यागना । सृजति, ससर्ज, ससृजतु., ससर्जिथ (२७७), सस्रष्ठ (२३३, २७८), स्रष्टा, स्रक्ष्यति, स्राक्षति, स्राक्षाति, सृजतु, असृजत्, सृजेत्, सृज्यात्, अस्राक्षीत्, अस्राष्टाम्, अस्रक्ष्यत् ॥ १३३ [टुमस्जो] शुद्धौ । टु और ओकार की इत्संज्ञा, 'स्तो श्चुना श्चुः'[2] सूत्र से स को श और श को ज होकर—मज्जति, ममज्ज, ममज्जिथ, अनिट् पक्ष मे (४०९) नुम् प्राप्त है सो मित् होने से अन्त्य अच् से पर होवे तो सकार के मध्यपाती होने से सयोगादि लोप (२१०) नहीं हो सकता । इसलिये

४३३–वा०–मस्जेरन्त्यात्पूर्वो नुम्वक्तव्यः

॥ महा० १ । १ । ६१ ॥

मस्ज धातु के अन्त्य वर्ण जकार से पूर्व नुम् कहना चाहिये । फिर सकार के सयोगादि होने से लोप (२१०) होकर + मस् न् ज् + थल् = ममङ्क्थ, मङ्क्ता, मङ्क्ष्यति, मङ्क्षति, मङ्क्षाति, मज्जतु, अमज्जत्, मज्जेत्, मज्ज्यात्, अमाङ्क्षीत्, अमाङ्क्ताम्, अमाङ्क्षुः, अमङ्क्ष्यत् ॥ १३४ [रुजो] भङ्गे = टूटना । रुजति, रोक्ता,

१ कई वैयाकरण 'किरश्च पञ्चभ्य.' (अ० ५०८) में पञ्च ग्रहण सामर्थ्य से यहा 'वृत्' करण को अनार्ष मानते हैं क्योंकि किरादि की समाप्ति के द्योतन के लिये वृत् करने पर सूत्र में पञ्च ग्रहण करना व्यर्थ होजाता है । वस्तुतः यह मत ठीक नहीं है । सूत्र में पञ्च ग्रहण 'रुदादिभ्य. सार्वधातुके' (अ० ३५७) इस उत्तरसूत्र के लिये है । अतः धातुपाठ में किरादि की समाप्ति के लिये वृत् करण अनार्ष नहीं है ।

२. सन्धि० २१३ ।

रोक्ष्यति, अरौक्षीत्, अरौक्ताम् ॥ १३५ [भुजो] कौटिल्ये = कुटिलता। भुजति, बुभोज, बुभोजिथ, बुभोक्थ, भोक्ता, अभौक्षीत्, अभौक्ताम् ॥ १३६ [छुप] स्पर्शे। छुपति, छोप्ता, अच्छौप्सीत् ॥ १३७, १३८ [रुश, रिश] हिंसायाम्। रुशति, रिशति, रोष्टा, रेष्टा, अरुक्षत्, अरिक्षत् (२०७) ॥ १३९ [लिश] गतौ। लिशति, लेक्ष्यति, लिशतु, अलिक्षत् ॥ १४० [स्पृश] संस्पर्शे = छूना। स्पृशति, पस्पर्श, पस्पर्शिथ, स्प्रष्टा (२७५), स्पर्ष्टा, स्प्रक्ष्यति, स्पर्क्ष्यति, स्प्रक्षति, स्प्रक्षाति, स्पर्क्षति, स्पर्क्षाति, स्पृशतु, अस्पृशत्, स्पृशेत्, स्पृश्यात्, अस्प्राक्षीत्, अस्पार्क्षीत्, अस्प्राष्टाम्, (२८०) अस्पृक्षत्, अस्प्रक्ष्यत्, अस्पर्क्ष्यत् ॥ १४१ [विच्छ] गतौ। (१६६) आय प्रत्यय (१६७) धातुसंज्ञा। विच्छायति, विच्छायत, आम् प्रत्यय (१६९)–विच्छायाञ्चकार, विच्छायाम्बभूव, विच्छायामास, (१६८) विविच्छ, विविच्छतुः, विच्छायितासि, विच्छितासि, विच्छायिष्यति, विच्छिष्यति, विच्छायिषति, विच्छायिषाति, विच्छिषति, विच्छिषाति, विच्छायतु, अविच्छायत्, विच्छायेत्, विच्छाय्यात्, विच्छ्यात्, अविच्छायीत्, अविच्छीत्, अविच्छायिष्यत्, अविच्छिष्यत् ॥ १४२ [विश] प्रवेशने। विशति, वेष्टा, अवैक्षीत्, अवैष्टाम् ॥ १४३ [मृश] आमर्शने = विचारना। मृशति, म्रष्टा (२७५), मर्ष्टा, अम्राक्षीत्, (२८०) अमार्क्षीत्, अमृक्षत् ॥ १४४ [णुद] प्रेरणे। इस धातु को प्रथम इसी गण मे लिख चुके है दूसरी वार यहां कर्त्रभिप्राय क्रियाफल मे भी परस्मैपद होने के लिये पढ़ा है ॥ १४५ [षद्लृ] विशरणगत्यवसादनेषु। इस धातु को इसी प्रकार का भ्वादि (पृष्ठ १५८) मे लिख चुके हैं वही के तुल्य रूप भी जानो कुछ विशेष नही, फिर यहां लिखने का यह प्रयोजन है कि कृदन्त शतृ प्रत्यय मे

शप् विकरण वाले को नित्य नुम्[1] और श विकरण वाले को विकल्प[2] होता है और शप् और श विकरण का स्वर भी पृथक् पृथक् होता है[3] ॥ १४६ [शद्लृ] शातने । इसको भी भ्वादि (पृष्ठ १५१) में लिख चुके हैं फिर इसका पाठ केवल स्वर के पृथक् होने के लिये है[4] । **प्रच्छादयो विच्छिवर्जमनुदात्ताः** । ये प्रच्छ आदि धातु विच्छ को छोड के अनिट् और सब परस्मैपदी हैं ॥

अथ षट् स्वरितेतः । अब छः (६) धातु स्वरितेत् (उभयपदी) कहते हैं। १४७ [मिल] सङ्गमे = समागम । 'मिल संश्लेषणे' धातु प्रथम लिख चुके हैं, उसको फिर दूसरीवार कर्त्रभिप्राय अर्थ में आत्मनेपद होने के लिये पढ़ा है । मिलति, मिलते, मिमेल, मिमिले, मेलिता, मेलिष्यते, मेलिषतै, मेलिषातै, मिलताम्, मिलतु, अमिलत्, मिलेत्, मिल्यात्, अमेलीत्, अमेलिष्यत् । यह धातु सेट् है ॥

१४८ [मुच्लृ] मोक्षणे = छूटना ।

४३४–शे मुचादीनाम् ॥ ७ । १ । ५९ ॥

श प्रत्यय के परे मुचादि धातुओं को नुम् का आगम होवे । मुञ्चति, मुञ्चते, मुमोच, मुमुचे, मोक्ता, मोक्ष्यते, मोक्ष्यति, मोक्षतै, मोक्षातै, मोक्षति, मोक्षाति, मुञ्चतु, मुञ्चताम् अमुञ्चत्, अमुञ्चत, मुञ्चेत् मुञ्चेत, मुच्यात्, मुक्षीष्ट, अमुचत् (२१७) अङ्, अमुक्त, अमुक्षाताम्, अमोक्ष्यत्, अमोक्ष्यत ॥ १४९ [लुप्लृ] छेदने । लुम्पति, लुम्पते, लुप्यात्, अलुपत्, अलुप्त ॥ १५० [विद्लृ]

---

१ शप्श्यनोर्नित्यम् (अष्टा० ७।१।८१) सूत्र से । २. आच्छीनद्योर्नुम् (अष्टा० ७।१।८०) सूत्र से । ३. शप् पक्ष में शप् के अनुदात्त होने से धातुस्वर होकर "सीदति" आद्युदात्त होगा । श पक्ष में 'सुदति' मध्योदात्त होता है । ४. यहा भी पूर्ववत् शप् पक्ष में 'शीयते' आद्युदात्त और श पक्ष में 'शीयते' मध्योदात्त होगा ।

लाभे = प्राप्ति। विन्दति, विन्दते, विवेद, विविदे, वेत्ता[1], वेत्स्यति, परिवेत्ता ॥ १५१ [लिप] उपदेहे = लीपना वा वृद्धि। लिम्पति, लिम्पते, लेप्ता, अलिपत् (२९२ अङ्), अलिपत, अलिप्त, (२९३) ॥ १५२ [षिच] क्षरण = सींचना। सिञ्चति, सिञ्चते, सिच्यात्, असिचत् (२९२), असिचत (२९३), असिक्त। मुचादयोऽनुदात्ताः स्वरितेत उभयपदिनः। ये मुच आदि धातु अनिट् उभयपदी हैं ॥

अथ परस्मैपदिन। १५३ [कृती] छेदने। कृन्तति, चकर्त, कर्तिता, कर्तिष्यति (२९७), कर्त्स्यति, कर्तिषति, कर्त्सति, कर्त्साति, कृन्ततु, अकृन्तत्, कृत्यात्, अकर्तीत्, अकर्तिष्यत्, अकर्त्स्यत् ॥ १५४ [खिद] परिघाते = पीडा। यह धातु दीनता अर्थ में दिवादि (पृष्ठ २५९) और रुधादिकों (पृष्ठ २९४) में पढ़ा है। खिन्दति, चिखेद, खेत्ता, खेत्स्यति, खिद धातु अनिट् है। १५५ [पिश] अवयवे। पिंशति, पिपेश, पेशिता, पेशिष्यति, पेशिषति, पेशिषाति, पिंशतु, अपिंशत्, पिंशेत्, पिश्यात्, अपेशीत्, अपेशिष्यत् ॥ वृत् मुचादयः। ये (४३४) सूत्र में कहे मुच आदि धातु पूरे हुए ॥

॥ इति शविकरणस्तुदादिगणः समाप्तः ॥

[यह शविकरण वाला तुदादिगण समाप्त हुआ]

---

१. महाभाष्यकार के मत में यह धातु अनिट् है। अनिट्कारिकाकार के मत में सेट् है अतः पक्ष में 'वेदिता' रूप भी होता है।

अथ रुधादिगणः

अथ नव स्वरितेत इरितश्च । अब नौ धातु उभयपदी कहते हैं। १ [रुधिर्] आवरणे = आच्छादन । इर् भाग की इत्संज्ञा होकर—

४३५—रुधादिभ्यः श्नम् ॥ ३ । १ । ७८ ॥

रुध आदि धातुओं से शप् का अपवाद श्नम् प्रत्यय हो कर्तावाची सार्वधातुक परे हो तो । श्नम् मित् प्रत्यय होने से अन्त्य अच् रु से परे धकार से पूर्व होता है । रु+श्नम्+ध्+तिप्= रुणद्धि । शकार मकार की इत्सञ्ज्ञा और णत्व होता है । रुन्धः (३५२) अकारलोप णत्व को असिद्ध मानकर नकार को अनुस्वार और अनुस्वार को परसवर्ण करने मे अकारलोप को स्थानिवद्भाव प्राप्त है[1] उसका अनुस्वार और परसवर्णविधि मे निषेध हो जाता है[2] । रुन्धन्ति, रुणत्सि, रुन्धे, रुन्धाते, रुन्धते, रुरोध, रुरुधतुः, रुरोधिथ, रुरुधे, रोद्धा, रोत्स्यति, रोत्स्यते, रोत्सति, रोत्साति, रोत्सतै, रोत्सातै, रुणधति, रुणधाति, रुणधतै, रुणधातै, रुणद्धु, रुन्धात्, रुन्धाम्, रुन्धन्तु, रुन्धि, रुणधानि, रुणधाव, रुन्धाम, रुन्धाताम्, रुणधै, अरुणत्, अरुन्धाम्, अरुन्धन्, अरुणत्, अरुण., यहां पदान्त धकार को प्रथम जश्त्व होकर (३५१) सूत्र की दृष्टि मे जश्त्व सिद्ध होने से दकार को रु विकल्प से (३५१) होता है । [अरुन्द्धम्, अरुन्द्ध] अरुणधम्, रुन्ध्यात्, रुन्ध्याताम्, रुध्यात्, इरित् होने से अङ् विकल्प (१३८) अरुधत्, अरुधताम्, अरौत्सीत्, अरुद्ध, अरुत्साताम्, अरोत्स्यत्,

---

१. अचः परस्मिन् पूर्वविधौ (सन्धि० ९१) सूत्र से ।

२. न पदान्तद्विर्वचन० (सन्धि० ९२) सूत्र से ।

[अरोत्स्यत] ॥ २ [भिदिर्] विदारणे = भेद । भिनत्ति, भिन्ते, बिभेद, बिभिदे, भेत्ता, भेत्स्यति, भेत्सति, भेत्साति, भिनत्तु, अभिनत् अभिनः, अभिनदम्, अभिन्त, भिन्द्यात्, भिद्यात्, अभिद्‌त्, अभैत्सीत्, अभैत्ताम्, अभित्त ॥ ३ [छिदिर्] द्वैधीकरणे = दो भाग करना । छिनत्ति, अच्छिनत्, अच्छिनः, अच्छिदत्, अच्छैत्सीत्, आच्छत्त ॥ ४ [रिचिर्] विरेचने = खाली करना । रिणक्ति, रिङ्क्ते, रिरेच, रिरिचे, रेक्ता, रेक्ष्यते, रेक्तै, रेक्षातै, रिणक्तु, रिङ्क्ताम, अरिणक्, अरिचत्, अरिक्त ॥ ५ [विचिर्] पृथग्भावे = अलग होना । विनक्ति, विङ्क्ते, अविनक्, अविचत्, अवैक्षीत् अविक्त ॥ ६ [क्षुदिर्] संपेषण = पीसना । क्षुणत्ति, क्षुन्ते, क्षोत्ता, अक्षुणत्, अक्षुणः, अक्षुदत्, अक्षौत्सीत्, अक्षुत्त ॥ ७ [युजिर्] योग = समाधि । युनक्ति, युङ्क्ते, अयुनक्, अयुजत्, अयौक्षीत्, [अयुक्त], अयोक्ष्यत् ॥ रुधादयोऽनुदात्ताः स्वरितेत. । रुध आदि धातु अनिट् उभयपदी हैं ॥

८ [उच्छृदिर्] दीप्तिदेवनयो = प्रकाश और क्रीड़ा आदि । छृणत्ति, छृन्ते, चच्छर्द, चच्छृदतु, छर्दिता, छर्दिष्यति, छर्त्स्यति (३९७) छर्दिषति, छर्दिषाति, छर्त्सति, छर्त्साति, छृणत्तु, अच्छृणत्, अच्छृणः, छृन्द्यात्, छृद्यात्, छृत्सीष्ट, अच्छृदत्, अच्छर्दीत्, अच्छर्दिष्ट, अच्छर्दिष्यत्, अच्छर्त्स्यत् ॥ ९ [उतृदिर्] हिंसाऽनादरयो = हिंसा और अनादर । तृणत्ति, इत्यादि, छृदि के समान जानो । ये दोनो धातु उभयपदी सेट् हैं ॥

१० [कृती] वेष्टने = लपेटना । कृणत्ति । यह धातु तुदादिगण (पृष्ठ २९१) मे आचुका है आर्धधातुक मे वैसे ही प्रयोग जानो ॥ ११ [ञिइन्धी] दीप्तौ । उदात्तोऽनुदात्तेदात्मनेपदी । यह धातु सेट् आत्मनेपदी है ञि और इकार की इत्संज्ञा होकर—

४३६—श्नान्नलोपः ॥ ६ । ४ । २३ ॥

श्नम् प्रत्यय से परे नकार का लोप हो अर्थात् [श्नम् का विधान] इकार से परे होने के कारण धकार से पूर्व जो न उसका लोप होता है। इन्धे (३५२) अकारलोप, इन्धाते, इन्धते, इन्त्से, इन्धाञ्चक्रे, इन्धाम्बभूव, इन्धामास, (१६९) सूत्र से वेद में आम् प्रत्यय का निषेध होने से (३३) सूत्र में लिट् को कित्व होकर ईधे (१३९) नलोप, ईधाते, ईधिरे, इन्धिता, इन्धिष्यते, इन्धिषते, इन्धिषातै, इन्धाम्, इन्धाताम्, इन्धै, ऐन्ध, ऐन्धा, इन्धीत, इन्धिषीष्ट, ऐन्धिष्ट, ऐन्धिष्य ॥ १२ [खिद] दैन्ये = दीनता। खिन्ते, खेत्ता, खिन्ताम्, अखिन्त, खिन्दीत, खित्सीष्ट, अखित्त ॥ १३ [विद] विचारणे = विचारना। विन्ते, विविदे, वेत्ता, वेत्स्यते, वेत्सतै, वेत्सातै, विन्ताम्, अविन्त, विन्दीत, वित्सीष्ट, अवित्त, अवेत्स्यत। खिदिविदी अनुदात्तावात्मनेपादिनौ। खिद और विद दोनों धातु अनिट् आत्मनेपदी हैं ॥

अथ परस्मैपादिना द्वादश। अब बारह (१२) धातु परस्मैपदी कहते हैं। १४ [शिषॢ] विशेषणे = विशेषण। शिनष्टि, शिष्टः, शिषन्ति, शिशेष, शिशेषिथ, शेष्टा, शेक्ष्यति, शेक्षति, शेक्षाति, शिनष्टु, 'शि-न्-ष्-हि' यहां प्रथम हि को धि और षकार का जश्त्व ड [तथा धि का ष्टुत्व] होकर (७७२) सूत्र से विकल्प करके डकार लोप होता है— शिण्ढि, शिण्ड्ढि, शिनषाणि, अशिनट्, शिष्यात्, शिष्यात्, लृदित् होने से अङ् (२१७)-अशिषत्, अशेक्ष्यत् ॥ १५ [पिषॢ] सञ्चूर्णने = पीसना। पिनष्टि, पिपेष, पेष्टा, पेक्ष्यति, पेक्षति, पेक्षाति, पिनष्टु, पिण्ढि, अपिनट्, अवेत्स्यात्, अपिषत् ॥ १६ [भञ्जो] आमर्दने = बल से मलना। भनक्ति, बभञ्ज, बभञ्जिथ, बभङ्क्थ, भङ्क्ता, भङ्-

क्ष्यति, अभाङ्क्षीत्, अभाङ्क्ताम् ॥ १७ [भुज] पालनाभ्यवहारयोः = रक्षा और भोजन । भुनक्ति, भोक्ता, भोक्ष्यति, अभुनक्, अभौक्षीत्, अभोक्ष्यत् । अनुदात्ता उदात्तेतश्चत्वार ये शिष आदि चार धातु अनिट् परस्मैपदी है ॥ १८, १९ [तृह, हिसि] हिंसायाम् ।

४३७—तृणह इम् ॥ ७ । ३ । ९२ ॥

श्नम् प्रत्ययान्त तृह धातु को इम् का आगम होवे हलादि पित् सार्वधातुक परे हो तो । तृणेढि, तृण्ढः, ततर्ह, तर्हिता, तर्हिष्यति, तर्हिषति, तर्हिषाति, तृणेढु, अतृणेट्, तृह्यात्, तृह्यात्, अतर्हीत्, हिनस्ति, हिंस्तः, हिंसन्ति, जिहिंस, हिंसिता ॥ २० [उन्दी] क्लेदने = गीलापन । उनत्ति, उन्तः, उन्दन्ति, उन्दाञ्चकार, उन्दाम्बभूव, उन्दामास, उन्दिता, उनत्तु, उन्धि, औनत्, औन्ताम्, औन्दन्, औन (३५१) औनत्, औनदम्, उन्द्यात्, उद्यात्, (१२९), औन्दीत् ॥ २१ [अञ्जू] व्यक्तिम्रक्षणकान्तिगतिषु = मनुष्यादि की स्थूलव्यक्ति, भोजन, शोभा और गति । अनक्ति, अङ्क्तः, अञ्जन्ति, आनञ्ज, आनञ्जिथ, आनङ्क्थ, ऊदित् होने से इट् विकल्प (१४०), अञ्जिता, अङ्क्ता, अञ्जिषति, अञ्जिषाति, अङ्क्षति, अङ्क्षाति, अनक्तु, अङ्ग्धि, अनजानि, आनक्, आङ्क्ताम्, आञ्जन्, अञ्ज्यात्, अज्यात् ।

४३८—अञ्जेः सिचि ॥ ७ । २ । ७१ ॥

अञ्ज धातु से परे जो सिच् उसको नित्य इट् का आगम होवे । ऊदित् होने से इट् का विकल्प (१४०) प्राप्त है, उसका यह अपवाद है । आञ्जीत्, आञ्जिष्टाम् ॥ २२ [तञ्चू] संकोचने = दही जमाना । तनक्ति, ततञ्चिथ, ततङ्क्थ, तञ्चिता, तङ्क्ता, तनक्तु, अतनक्, अतञ्चीत्, अताङ्क्षीत्,

अताङ्क्ताम् ॥ २३ [ओविजी] भयचलनयोः । विनक्ति विङ्क्तः, विवेज, विविजिथ, (४२८), विजिता, विजिष्यति, वेजिषति, वेजिषाति, विनक्तु, अविनक्, अविजीत् ॥ २४ [वृजी] वर्जने । वृणक्ति, वर्जिता ॥ २५ [पृची] संपर्के = स्पर्श करना । पृणक्ति, पपर्च, पपर्चिथ, पर्चिष्यति, पर्चिषति, पर्चिषाति, पृणक्तु, अपृणक्, पृञ्च्यात्, पृच्यात्, अपर्चीत्, अपर्चिष्यत् ॥ वृत ॥

॥ इति श्नम्विकरणो रुधादिगणः समाप्तः ॥

[यह श्नम् विकरणवाला रुधादिगण समाप्त हुआ ।]

अथ तनादिगणः

अथ सप्त स्वरितेतः। अब सात धातु उभयपदी कहते हैं।

१ [तनु] विस्तारे।

४३९–तनादिकृञ्भ्य उः ॥ ३ । १ । ७९ ॥

तनादि और कृञ् धातु से उ प्रत्यय हो कर्तावाची सार्वधातुक परे हो तो। यह भी सूत्र शप् का अपवाद है। कृञ् धातु भी तनादिगण मे ही पढ़ा है इस कारण कृञ् से भी उ प्रत्यय हो ही जाता फिर कृञ् का पृथक् ग्रहण इसलिये है कि तनादिगण के अन्य कार्य कृञ् को न हो। जैसे तनादिको से परे सिच् का लुक (४४०) विकल्प से होता है सो कृञ् से न होवे [1]। तनोति, तनुवः, तन्वः

---

१ वस्तुत. यह ठीक नहीं है। कृञ् से लुक् के अभावपक्ष मे भी 'ह्रस्वादङ्गात्' (आ० २४१) से सिच् का लोप हो जायगा, अत. महाभाष्यकार के मत मे कृञ् ग्रहण व्यर्थ है। हमारा विचार है 'कृञ्' का तनादि में पाठ अपाणिनीय है। इस का वास्तविक पाठ भ्वादि मे था। क्षीरस्वामी, हेमचन्द्र, दैव-ग्रन्थकार, दशपादी-उणादिवृत्तिकार आदि अनेक प्राचीन वैयाकरण इसे भ्वादि मे पढते हैं। भ्वादि से कृञ् का बहिष्कार सायण ने किया है। वह ऋग्भाष्य १ । ८२ । १ मे लिखता है—अनेन प्रकारेणास्माभिर्धातुवृत्तावय धातुर्निराकृत "। दीक्षित ने भी सायण का अनुसरण किया, अत धातुपाठ के नये हस्तलेखो मे इसका भ्वादि में पाठ नहीं मिलता। वस्तुत कृञ् के 'करति, करत', करन्ति' और 'करोति, कुरुत., कुर्वन्ति' दो प्रकार के रूप बनाने के लिये पाणिनि ने भ्वादिगण और इस (४३९) सूत्र मे कृञ् का पाठ किया था। भ्वादि पाठ सामर्थ्य से शप् और ४३९ सूत्र मे पाठ होने से उ प्रत्यय होता है। स्वामी दयानन्द का भी यही मत है वे लिखते है—"डुकृञ् करणे इत्य-

(२००), तनुत, ततान, तेन, तनिता, [तनिष्यति] तनिष्यत, तानिषति, तानिषाति, [तानिषतै, तानिषातै] तनोतु, तनु (२०१), तनवानि, तनुताम्, अतनोत्, अतनुत, तनुयात्, तन्वीत, तन्यात्, तनिषीष्ट, अतानीत्, अतनीत्।

४४०—तनादिभ्यस्तथासोः ॥ २ । ४ । ७९ ॥

तनादि धातुओं से परे जो सिच् उसका [विकल्प से] लुक् होवे त और थास् परे हो तो। थास् आत्मनेपद प्रत्यय के साहचर्य से त भी आत्मनेपद का एकवचन लिया जाता है, इससे 'यूयमतनिष्ट' यहां परस्मैपद के मध्यम पुरुष बहुवचन में सिच् लुक नहीं होता। अतत (३०३) अनुनासिकलोप, अतनिष्ट, अतनिषाताम्, अतनिषत, अतथाः, अतनिष्ठाः, अतनिषि, अतनिष्यत्, अतनिष्यत ॥ २ [षणु] दाने। सनोति, सनुते, सायात् (१८५) सन्यात्, [सनिषीष्ट, असानीत्, असनीत्] असात (३९४) असनिष्ट, असाथाः, असनिष्ठाः ॥ ३ [क्षणु] हिंसायाम्।

स्य भ्वादिगणान्तर्गतपठितत्वाच्छब्विकरणोऽत्र गृह्यते, तनादिभि. सहपाठाद् उविकरणोऽपि। यजुर्वेदभाष्य ३ । ५८।" यहां 'तनादिभि. सह पाठात्' का अभिप्राय सूत्र (४३९) पाठ मे 'तनादिकृञ्भ्य' पाठ से है। डी. ए वी कालेज लाहौर के लालचन्द पुस्तकालय मे धातुपाठ का एक हस्तलेख है जिसकी सख्या १७६९ है यह हस्तलेख स्वामी विरजानन्द सरस्वती के शिष्य हरिवंश के हाथ का लिखा हुआ है। इस हस्तलेख में कृञ् धातु का तनादि में पाठ नहीं है। इस से प्रतीत होता है कि कृञ् के तनादिगण मे पाठ मानने से पाणिनि के ऊपर जो दोष आता है उसके निराकरण का श्रेय स्वामी विरजानन्द सरस्वती को है।

२ धातुपारायण में पूर्णचन्द्र ने 'क्षणु, क्षिणु, ऋणु, तृणु' धातुओं में ण को नैमित्तिक अर्थात् ष और ऋ के योग में बना हुआ माना है।

क्षणोति, क्षणुते, अक्षणीत् (१६२) वृद्धि का निषेध । अक्षत, अक्षणिष्ट, अक्षथा, अक्षणिष्ठाः ॥ ४ [क्षिणु] च । क्षेणोति[1] यहां उ प्रत्यय के आर्धधातुक होने से लघूपधगुण (५२) होता है । क्षेणुते, चिक्षेण, चिक्षिणे, क्षेणितासि, क्षेणितासे, क्षेणिषति, क्षेणिषाति, अक्षेणीत्, अक्षित, अक्षेणिष्ट, अक्षिथाः, अक्षेणिष्ठा ॥ ५ [ऋणु] । गतौ अर्णोति, अर्णुतः, अर्णुवन्ति, आनर्ण, आनृणतुः, आनृणे, अर्णितासि, आर्णीत्, आर्त्त, आर्णिष्ट, आर्थाः, आर्णिष्ठाः ॥ ६ [तृणु] अदने । तर्णोति, तर्णुते, अतृत, अतर्णिष्ट ॥ ७ [घृणु] दीप्तौ । घर्णोति, घर्णुते, जघर्ण, जघृणे । तनादय उदात्ताः स्वरितेत उभयतोभाषाः । ये तन आदि धातु सेट् उभयपदी है ॥

८ [वनु] याचने = मांगना । वनुते । ववने (१२९),

अत उसके मत में यङ्लुक् में 'क्षणु' का 'चङ्क्षन्ति', 'क्षिणु' का 'चेक्षिन्ति' और 'तृणु' का 'तरीतृन्ति' प्रयोग बनता है । इसी प्रकार 'ऋणु' का सन् में 'अर्णिनिषति' प्रयोग होता है । अर्थात् णकार के योग में यङ्लुक् के प्रयोगो मे तकार को टकार नही होता और सन् के प्रयोग में अभ्यास से उत्तर नकार रहता है ।

१ कई वैयाकरण 'सञ्ज्ञापूर्वको विधिरनित्यः' इस नियम से गुण का अभाव मानते हैं इसलिये उन के मत में 'क्षिणोति, ऋणोति' आदि प्रयोग बनते है । आपिशलि आचार्य ने "शब्विकरणे गुणः, करोतेश्च, मिदेश्च" ये तीन सूत्र रचे है । उनके मत मे 'करोतेश्च' सूत्र के नियमार्थक होने से उविकरण मे केवल कृञ् को ही गुण होता है अन्य को नही । अत क्षिणोति आदि प्रयोग ही साधु है । अर्वाचीन वैयाकरण अष्टाध्यायी में गुणनिषेधक सूत्र के विद्यमान न होने से गुण मान कर 'क्षेणोति' प्रयोग मानते हैं, परन्तु ऐसे प्रयोग न मिलने से वे चिन्त्य हैं ।

वनितासे, वनिष्यति, वानिषतै, वानिषातै, वनुताम्, वनवै, अवनुत, वन्वीत, वनिषीष्ट, अवत, अवनिष्ट, अवथाः, अवनिष्ठाः, अवनिष्यत ॥ ९ [मनु] अवबोधने = निश्चित ज्ञान। मनुते, मेने, अमत, अमनिष्ट। उदात्तावनुदात्तेतावात्मनेपदिनौ। ये दोनों धातु सेट् आत्मनेपदी हैं ॥

१० [डुकृञ्] करणे = करना । अनुदात्त उभयतोभाषः । यह धातु अनिट् उभयपदी है । करोति । तस् के परे भी उ प्रत्ययनिमित्त कृञ् को अर् गुण होकर—

४४१—अत उत्सार्वधातुके ॥ ६ । ४ । ११० ॥

कृञ् धातु के अकार को उकारादेश होवे कित् ङित् सार्वधातुक परे हो तो । कुरुतः, कुर्वन्ति । यहां भी यणादेश के अनन्तर (१९७) सूत्र से दीर्घ प्राप्त है उसका निषेध (४३०) हो जाता है । करोषि, कुरुथः, कुरुथ, करोमि ।

४४२—नित्यं करोतेः ॥ ६ । ४ । १०८ ॥

करोति धातु से परे जो प्रत्यय का उकार उसका नित्य ही लोप होवे व, म परे हो तो । यह सूत्र (२००) का अपवाद है । कुर्वः, कुर्मः, कुरुते, कुर्वाते, चकार, चक्रतुः, चकर्थ (१४८), चकृव, चक्रे, चकृषे, कर्ता, करिष्यति, करिष्यते (२३८), कार्षति, कार्षाति, कार्षतै, कार्षातै, करोतु, कुरुतात्, कुरु (२०१), करवाणि, करवाव, कुरुताम्, अकरोत्, अकुरुत ।

४४३—ये च ॥ ६ । ४ । १०९ ॥

कृञ् धातु से परे प्रत्यय के उकार का लोप हो यकारादि प्रत्यय परे हो तो । कुर्यात्, क्रियात् (२३९), कृषीष्ट (२४०), अकार्षीत्, अकार्ष्टाम्, अकृत, अकृथाः । यहां सिच्लुक् (२४१) नित्य होता है । अकरिष्यत्, अकरिष्यत ।

४४४—मन्त्रे घसह्वरणशवृदहाद्वृच्कृगमिजनिभ्यो लेः ॥ २ । ४ । ८० ॥

वेदविषय मन्त्रभाग मे घस, ह्वर, णश, वृ, दह, आकारान्त, वृज्, कृ, गमि और जन धातुओ से परे जो लि उसका लुक् होवे। लि करके यहा लुङ् का च्लि प्रत्यय समझा जाता है। 'घस्लृ, अदने—अक्षन्नमीमदन्त पितर, अक्षन्। अघसन्—लोक मे होता है। ह्वर से 'ह्वृ कौटिल्ये' समझना चाहिये। मा ह्वाः, अह्वाः। लोक मे—अह्वार्षीत्। 'णश अदर्शने'—प्रणङ् मर्त्यस्य, प्रणक्। यहा अट् का अभाव है। लोक में—अनशत्। वृ करके 'वृङ्' और 'वृञ्' दोनो का ग्रहण होता है। सुरुचो वेन आवः, आवः। आवारीत्—आङ्पूर्वक लोक मे। 'दह भस्मीकरणे'—अधक्। लोक मे—अधाक्षीत्। [आकारान्त—] 'प्रा पूरणे'—आप्रा द्यावापृथिवी, अप्रा। अप्रासीत्—लोक मे। [वृज् से 'वृजी वर्जने'—मा नो अस्मिन् धने परा] वर्क्। लोक मे—अवर्जीत्। 'कृ'धातु का—'अक्रन्' बहुवचन में और 'अकः' एकवचन मे। 'गम्' का—अग्मन्। लोक मे—अगमन्। 'जन' का—अज्ञत वा अस्य दन्ताः। लोक मे—अजनि, अजनिष्ट।

४४५—अभ्युत्सादयांप्रजनयांचिकयांरमयामकः पावयांक्रियाद्विदामक्रन्निति छन्दसि ॥ ३ । १ । ४२ ॥

अभ्युत्सादयाम् आदि वेदविषय मे विकल्प से निपातन किये हैं। सद, जन और रम इन णयन्त धातुओ से लुङ् लकार मे आम् प्रत्यय निपातन किया है। और चिञ् धातु से भी लुङ् मे आम् प्रत्यय द्विर्वचन और कुत्व निपातन किया है। 'अकः' यह कृञ्

धातु का पूर्वसूत्र (४४४) से सिद्ध प्रयोग का सद् आदि चारों धातुओं के अन्त में अनुप्रयोग किया है । जैसे—अभ्युत्सादयामकः । और लोक में—अभ्युदसीषदत् । प्रजनयामकः । लोकमें प्राजीजनत् । चिकयामकः । लो०—अचैषीत् । रमयामक । लोकमें अरीरमत् । पावयांक्रियात् । यहां णयन्त पूङ् धातु से लिङ् में आम् प्रत्यय और कृञ् धातु का अनुप्रयोग निपातन किया है । लोक में—पाव्यात् । विदामक्रन् । यहां लुङ् लकार के प्रथम पुरुष बहुवचन में विद धातु से आम् प्रत्यय कृञ् का अनुप्रयोग और च्लि का लुक् (४४८) निपातन किया है । लोक में—अवेदिषुः । होता है । वृत् ॥

॥ इति [उविकरण] तनादिगण समाप्त ॥

[यह उ विकरणवाला तनादिगण समाप्त हुआ]

अथ क्र्यादिगणः

[अथ क्र्यादय षोडशोभयपदिन । अब १६ सोलह[1] उभयपदी धातु कहते हैं ।] १ [डुक्रीञ्] द्रव्यविनिमये=द्रव्य का लेना देना ।

४४७—क्र्यादिभ्यः श्ना ॥ ३ । १ । ८१ ॥

कर्तावाची सार्वधातुक परे हो तो क्री आदि धातुओं से श्ना प्रत्यय हो । क्रीणाति, क्रीणीतः (३८३), पर नित्य और अन्तरङ्ग होने से ईकारादेश । (३८३) का बाधक झि को अन्ति और झ का अन्त आदेश होकर—क्रीणन्ति (३६५), क्रीणासि; क्रीणीते, क्रीणाते, क्रीणत, चिक्राय, चिक्रियतुः, चिक्रयिथ, चिक्रेथ, चिक्रियिव, क्रेता, क्रेष्यति, क्रेष्यते, क्रैषति, क्रैषाति, क्रैषतै, क्रैषातै, क्रीणातु, क्रीणीहि, क्रीणानि, क्रीणीताम्, [अक्रीणात्,] अक्रीणीत, क्रीणीयात्, क्रीणीत, क्रीयात्, क्रेषीष्ट, अक्रैषीत्, अक्रेष्ट, अक्रेष्यत्, अक्रेष्यत ॥ २ [प्रीञ्] तर्पणे कान्तौ च=तृप्ति और शोभा । प्रीणाति, प्रीणीते ॥ ३ [श्रीञ्] पाके=पकाना । श्रीणाति, श्रीणीते ॥ ४ [मीञ्] हिंसायाम् । मीनाति, मीनीतः, मीनीते । एच् विषय में आकारादेश (३९९)—ममौ, मिम्यतुः, ममिथ, ममाथ, मिम्ये, माता, मास्यति, मास्यते, मासति, मासाति, मीयात्, मासीष्ट, अमासीत्, अमासिष्टाम्, अमास्त, अमासाताम् ॥ ५ [षिञ्] बंधने । सिनाति, सिनीते, सिषाय, सिष्ये, सेता ॥ ६ [स्कुञ्] आप्रवणे=कूदना ।

---

[1] क्र्यादि अनिट् ७ + क्नूजादि सेट् ९ = १६ ।

४४७—स्तम्भुस्तुम्भुस्कम्भुस्कुम्भुस्कुञ्भ्यः श्नुश्च ॥ ३ । १ । ८२ ॥

स्तम्भु आदि पांच धातुओं से श्नु और चकार से श्ना प्रत्यय हो कर्तावाची सार्वधातुक परे हो तो। स्कुनोति, स्कुनुते, स्कुनाति, स्कुनीते, चुस्काव, चुस्कविथ, चुस्कोथ, स्कोता, अस्कौषीत्, अस्कोष्ट। स्तम्भ आदि चार धातु सौत्र हैं, इनका पाठ किसी गण में नहीं है, और सब रोकने अर्थ मे परस्मैपदी हैं। स्तभ्नोति, स्तभ्नाति (१३९) नलोप. तस्तम्भ, अस्तभत् (१५४) अङ्विकल्प, अस्तम्भीत्, स्तुभ्नोति, स्तुभ्नाति, स्कभ्नोति, स्कभ्नाति, स्कुभ्नोति, स्कुभ्नाति, चस्कम्भ, स्कम्भिता, स्कम्भिष्यति।

४४८—हलः श्नः शानज्झौ ॥ ३ । १ । ८३ ॥

हलन्त धातु से परे जो श्ना प्रत्यय उसको शानच् आदेश होवे हि परे हो तो। स्तभान, स्तुभान, स्कभान, स्कुभान। श्नुपक्ष मे—स्तभ्नुहि इत्यादि। अस्कभ्नात्, अस्कभ्नोत्, स्कभ्नीयात्, स्कभ्नुयात्, स्कभ्यात्, अस्कम्भीत्, अस्कम्भिष्यत्।

४४९—छन्दसि शायजपि ॥ ३ । १ । ८४ ॥

वेद विषय मे हि परे हो तो श्ना प्रत्यय के स्थान मे शानच् और शायच् दोनो आदेश हों। गृभाय, स्तभाय, स्कभाय, स्तभान, बधान देव सवितः॥ ७ [युञ्] बन्धने। युनाति, युनीते, युयाव, युयुवे। क्र्यादयोऽनुदात्ता उभयपदिनः सप्त। क्री आदि सात धातु अनिट् उभयपदी हैं॥

८ [क्नूञ्] शब्दे। क्नूनाति, क्नूनीते, क्नविता, क्नविष्यति, अक्नावीत्, अक्नविष्ट॥ ९ [द्रूञ्] हिंसायाम्। द्रूणाति, द्रूणीते, दुद्राव, दुद्रुवे॥ १० [पूञ्] पवने=पवित्रता।

४५०—प्वादीनां ह्रस्वः ॥ ७ । ३ । ८० ॥

शित् प्रत्यय परे हो तो पू आदि धातुओं के अच् को ह्रस्व होवे । पुनाति, पुनीते, पुपाव, पुपुवे, पविता, पविष्यति ॥ ११ [मूञ्] बन्धने । मुनाति, मुनीते, माविषति, माविषाति ॥ १२ [लूञ्] छेदन = काटना । लुनाति, लुनीते, लुनातु, लुनीताम् ॥ १३ [स्तॄञ्] आच्छादन । स्तृणाति, स्तृणाते, तस्तार, तस्तरतु:, स्तरीता, स्तरिता, अस्तृणात्, [अस्तृणीत,] स्तृणीयात्, स्तृणीत, स्तीर्यात्, स्तरिषीष्ट, (४२०, ४२१), स्तृषीष्ट, अस्तारीत्, अस्तारिष्टाम् । अस्तरिष्ट, अस्तरीष्ट, (४२०) अस्तीर्ष्टे ॥ १४ [कॄञ्] हिंसायाम् । कृणाति, कृणीते, चकार, चकरतु:, चकरे (२५८) ॥ १५ [वॄञ्] वरणे = स्वीकार । वृणाति, वृणीते, ववार, ववरे, वरिता, वरीता, वूर्यात् (३८०, १९७), वरिषीष्ट (४२०) वूर्षीष्ट, अवारीत्, अवारिष्टाम्, अवरिष्ट, अवरीष्ट, अवूर्ष्टे ॥ १६ [धूञ्] कम्पने । धुनाति, धुनीते, दुधाव, दुधुवतु:, दुधविथ, दुधोथ (१४०) इट् विकल्प, धविता, धोता, धविष्यति, धोष्यति, अधावीत् (३३०) नित्य इट्, अधविष्ट, अधोष्ट । उदात्ता उभयतोभाषा नव । क्नूञ् आदि नव (९) धातु सेट् उभयपदी हैं ॥

अथ [आदयो] बध्नात्यन्ता. [द्वाविंशतिः] परस्मैपदिनः । अब [श आदि] बध धातुपर्यन्त [२२] परस्मैपदी कहते हैं। १७ [शॄ] हिंसायाम् । शृणाति, शशार, शश्रतुः, शश्रुः (३८१), दीर्घ पक्ष मे शशरतुः (२५८) गुण, शशरिथ, शश्रिव, शशरिव, शरीता, शरिता, शरिष्यति, शरीष्यति, शारीषति, शारीषाति, शारिषति, शारिषाति, शृणातु, शृणीहि, अशृणात्, शृणीयात्, शीर्यात्, अशारीत्, अशारिष्टाम्, अशरीष्यत्, अशरिष्यत् ॥ १८ [पॄ] पालनपूरणयोः ।

पृणाति, पप्रतुः, पपरतुः, पूर्यात् (३८०)। १९ [वॄ] वरणे। भरण इत्येके। वृणाति, वूर्यात्॥ २० [भॄ] भर्त्सने। भरण इत्यन्ये॥ २१ [मॄ] हिंसायाम्। मृणाति, ममार,॥ २२ [दॄ] विदारणे। दृणाति। दद्रतुः, ददरतुः,॥ २३ [जॄ] वयोहानौ। [झॄ] इत्येके। जृणाति, जीर्यात्॥ [धॄ] इत्यन्ये। धृणाति॥ २४ [नॄ] नये = ले चलना। नृणाति, नन्रतुः, ननरतु॥ २५ [कॄ] हिंसायाम्। कृणाति,॥ २६ [ॠ] गतौ। ऋणाति, अराञ्चकार, अराम्बभूव, अरामास, आरता, अरीता, आर्णात्, आर्णीताम्, इयात्, आरीत्, आरिष्टाम्॥ २८ [गॄ] शब्दे। गृणाति, जग्रतु, जगरतु गरीता, गरिता, गरिष्यति, गरीष्यति, गारीषति, गारीषाति, गृणातु, गृणीहि, अगृणात्, गृणीयात्, अगारीत्। [आदय उदात्ता एकादश। ये श आदि ११ धातु उदात्त हैं॥] २८ [ज्या] वयोहानौ (२८६) य को इ सम्प्रसारण और पूर्वरूप एकादेश होता है।

४५१—हलः॥ ६।४।२॥

अङ्ग का अवयव हल् से परे जो सम्प्रसारण उस को दीर्घ होवे। जिनाति, यहा जि को दीर्घ होकर फिर ह्रस्व (४५०) हो जाता है। जिज्यौ (२८२), जिज्यतुः (२८६), ज्याता, ज्यास्यति, ज्यासति, ज्यासाति, जिनातु, अजिनात्, जिनीयात्, जीयात्, (२८६), अज्यासीत्, अज्यास्यत्,॥ २९ [व्री] वरणे। व्रिणाति, विव्राय, विव्रियतुः, व्रेता, व्रीयात्॥ ३० [री] गतिरेषणयोः = गति और भेडिये का शब्द। रिणाति॥ ३१ [ली] श्लेषणे। लिनाति, (४००) आत्वविकल्प। ललौ, लिलाय, लिल्यतुः, ललिथ, ललाथ, लिलयिथ, लाता, लेता, लास्यति, लेष्यति, लासति, लासाति, लैषति, लैषाति, लिनातु, लिनीहि, अलिनात्, लिनीयात्,

लायात्, लेयात्, अलासीत्, अलैषीत्, अलास्यत्, अलेष्यत्॥ ३२ [व्ली] वरणे = स्वीकार। व्लिनाति॥ ३३ [प्ली] गतौ। वृत्। य (४५०) सूत्र मे कहे प्वादि[1] धातु पूरे हुए॥

३४ [व्री] वरणे। व्रीणाति।] ३५ [भ्री] भये = डर। [भरणे] इत्येके। भ्रीणाति॥ ३६ [क्षीष्] हिंसायाम्। षित् का प्रयोजन कृदन्त[2] मे आवेगा। क्षीणाति॥ ३७ [ज्ञा] अवबोधने। जानाति (४०२), जानीतः, जानन्ति, जानामि, जज्ञौ, जज्ञतुः, जज्ञिथ, जज्ञाथ, ज्ञाता, ज्ञास्यति, ज्ञास्यन्ति, ज्ञास्यामि, जानातु, जानीहि, जानानि, अजानात्, जानीयात्, ज्ञेयात्, ज्ञायात्, अज्ञासीत्, अज्ञास्यत्॥ ३८ [बन्ध] बन्धने = बाँधना। बध्नाति, बबन्धिथ, बबन्ध, बन्धा, बन्धारौ, बन्धारः, भन्त्स्यति, भन्त्स्यन्ति, भन्त्स्यामि, बध्नातु, बधान (४४८, ४४९) बधाय, अबध्नात्, बध्नीयात्, बध्यात्, अभान्त्सीत्, अबान्धाम्—यहाँ भष्भाव से पूर्व सिच्लोप (१४२) हो जाता है, पीछे प्रत्ययलक्षण सूत्र की अपेक्षा मे त्रिपादी सिच्लोप के असिद्ध होने से प्रत्यय के न रहने से भष्भाव नही होता। अभान्त्सुः। ज्याद्याऽनुदात्ताः परस्मैभाषाः। ये ज्यादि [११] धातु अनिट् परस्मैपदी है॥

३९ [वृङ्] संभक्तौ = अच्छी भक्ति। उदात्त आत्म-

१ यही पर ल्वादि की परिसमाप्ति भी होती है। देखो आख्या० ११५२। अन्य वैयाकरण इस वृत् करण को केवल ल्वादि की समाप्ति के लिये मानते हैं, और प्वादि आगणान्त मानते हैं। उन के मत मे 'व्री' भ्री, क्षीष्, इन को भी ह्रस्व होता है, अर्थात् क्रमशः—'व्रिणाति, भ्रिणाति, क्षिणाति' रूप बनते हैं।

२ षिद्भिदादिभ्योऽङ् (आ० १४६३) से अङ् प्रत्यय होता है।

नेपदी। वृणीते, वव्रे, ववृषे, ववृढ्वे, वरीता, वरिता, वृणीनाम्, अवृणीत, वृणीत, वरिषीष्ट (४२०, ४२१) वृषीष्ट, अवरीष्ट, अवरिष्ट, अवृत, अवरीष्यत, अवरिष्यत ॥

इत परस्मैपदिनः। अब यहां से आगे परस्मैपदी धातु कहते हैं ॥ ४० [श्रन्थ] विमोचनप्रतिहर्षयोः = छूटना और आनन्द। श्रथ्नाति, शश्राथ[1] (२७१), श्रेथतुः, श्रेथुः, श्रेथिथ, शश्रथ, शश्राथ, श्रन्थिता, श्रन्थिष्यति, श्रन्थिषति, श्रन्थिषाति, श्रथ्नातु, श्रथान, श्रथाय, अश्रथ्नात्, श्रथ्नीयात्, श्रथ्यात् (१३९), अश्रन्थीत्, अश्रन्थिष्टाम्, अश्रन्थिष्यत् ॥ ४१ [मन्थ] विलोडने। मथ्नाति, मथान, मथाय ॥ [श्रन्थ, ४२ ग्रन्थ] सन्दर्भे। ग्रथ्नाति, ग्रथान, ग्रथ्यात्, अर्थ भिन्न होने से श्रन्थ फिर पढ़ा है ॥ ४३ [कुन्थ] संश्लेषणे। कुथ्नाति, कुथान ॥ ४४ [मृद] क्षोदे = पीसना। मृद्नाति, मृदान ॥ ४५ [मृड] च। अयं सुखेऽपि। मृड्नाति, मृडान ॥ ४६ [गुध] रोषे = रिसाना। गुध्नाति, गुधान ॥ ४७ [कुष] निष्कर्षे = खींचना। कुष्णाति, चुकोष, चुकुषतु, कोषिता, कोषिष्यति, कोषिषति, कोषिषाति, कुष्णातु, कुषाण, अकोषीत्।

४५२-निरः कुषः ॥ ७। २। ४६ ॥

निर् उपसर्ग पूर्वक कुष धातु से परे वलादि आर्धधातुक को इट् का आगम विकल्प करके होवे। निष्कोषिता, निष्कोष्टा, निरकोषीत्, निरकुक्षत् (२०७) क्स ॥ ४८ [क्षुभ] संचलने = चलायमान होना। यहां षकार से परे णत्व प्राप्त है इसलिये—

---

१. दम्भु धातु पर सूत्र २७१ से किरव का विधान अपिद् वचनों में माना है। यहां पक्षान्तर से पिद्वचन में भी किस्व का विधान किया है। विशेष देखो, आख्या० पृष्ठ २७५, टि० १।

४५३–क्षुभ्नादिषु च ॥ ८ । ४ । ३८ ॥

क्षुभ्ना आदि शब्दों में नकार को णकारादेश न होवे । क्षुभ्नाति, क्षुभ्नीत., क्षोभिता, क्षुभाण,[1] क्षुभाय ॥ ४९, ५० [णभ, तुभ] हिंसायाम् । नभ्नाति, तुभ्नाति, नभान, नभाय । ये दोनो धातु भ्वादि और दिवादिगण मे भी आ चुके है ॥ ५१ [क्लिशू] विबाधने = दुख होना । क्लिश्नाति, चिक्लेश, क्लेशिता, क्लेष्टा (१४०), अक्लेशीत्, अक्लिक्षत् ॥ ५२ [अश] भोजने । अश्नाति, आश, आशतु, अशान ॥ ५३ [उध्रस] उञ्छे । उकार की इत्सञ्ज्ञा[2] । ध्रस्नाति, दध्रास, ध्रसिता, ध्रसान ॥ ५४ [इष] आभीक्ष्ण्ये = बार-बार वा शीघ्र होना । इष्णाति, इयेष, ईषतुः एषिता[3], एषिष्यति, इषाण, ऐष्णात्, इष्णीयात्,

१ क्षुभ्नादिषु च (अ० ४५३) सूत्र में 'क्षुभ्ना' स्वरूप का ग्रहण है अत यहा णत्व का निषेध नही होता । इसी प्रकार 'क्षोभणम्' मे भी समझना चाहिये । भट्टोजिदीक्षित ने 'क्षुभान' णत्व का निषेध माना है । वह अशुद्ध है (क्वचित क्षुभाण इत्यपि पाठ) 'क्षुभ्नीत , क्षुभ्नन्ति ' इत्यादि प्रयोगों में 'एकदेशविकृतमनन्यवत्' (पारि० ३७) नियम से णत्व का प्रतिषेध हो जाता है

२ कई वैयाकरण उकार की इत्सञ्ज्ञा नहीं मानते । उनके मत में—उध्रस्नाति, उध्रसाञ्चकार आदि प्रयोग बनते हैं । अन्य 'उद्ध्रस् पढते है । उनके मत मे 'उद्ध्रस्नाति, उद्ध्रसाञ्चकार' आदि प्रयोग होते हैं ।

३ अनेक वैयाकरणो का मत है कि 'तीषसहलुभ०' सूत्र (आ० २१२) में सह धातु के साहचर्य से अकार विकरणवाली तौदादिक इष का ही ग्रहण होता है अत' इसको इड्विकल्प नही होता । वस्तुत इषेस्तकारे श्यन्प्रत्ययात् प्रतिषेध.' (वा० ७ । २ । ४८) इस वार्तिक के प्रमाण से इस 'इष' धातु से भी इट का विकल्प होता है । अतः 'एषिता, एष्टा' दोनो रूप होंगे ।

इष्यात्, ऐषीत् ॥ ५५ [विष] विप्रयोगे = विरुद्धसयोग विष्णाति, वेष्टा। यह धातु अनिट् है ॥ ५६, ५७ [प्रुष, प्लुष] स्नेहनसेवनपूरणेषु। प्रुष्णाति, प्लुष्णाति ॥ ५८ [पुष] पुष्टौ। पोषिता, पुषाण ॥ ५९ [मुष] स्तेये = चोरी। मुष्णाति, मोषिता, मुषाण ॥ ६० [खच] भूतप्रादुर्भावे = हो चुके का फिर होना। खच्नाति, खचान। वान्तोऽयमित्येके। कोई के मत मे यह खव धातु है वहां—

४५४—च्छ्वोः शूडनुनासिके च ॥ ६। ४। १६॥

तुक् आगम के सहित जो छ और व उनका श और ऊठ् आदेश यथासंख्य करके हो अनुनासिक, क्विप् और झलादि कित् ङित् प्रत्यय परे हो तो। पीछे ऊठ् के साथ वृद्धि एकादेश होकर—खौनाति, खौनीतः, चखाव, चखवतु., खविता, खौनीहि। यहां परत्व से प्रथम ऊठ् होकर हलन्त के न रहने से हि को धि न हुआ। ६१ [हेठ] च। चकार से पूर्वोक्त अर्थ लिया जाता है। ष्टुत्व होकर—हेठ्णाति, हेठान ॥ अन्थादय द्वाविंशतिरुदात्ता उदात्तेत [विष्णातिस्त्वनुदात्तः]। [ये] श्रन्थ आदि बाईस (२२) धातु सेट् परस्मैपदी है [और विष अनिट् है।] ६२ [ग्रह] उपादाने = लेना ॥उदात्त स्वरितेत्। यह धातु सेट् उभयपदी है। गृह्णाति। (२८६) सम्प्रसारण। गृह्णीत, जग्राह, जगृहतु, जगृहु ॥

४५५—ग्रहोऽलिटि दीर्घः ॥ ७। २। ३७॥

एकाच् ग्रह धातु मे विहित जो इट् उसको दीर्घ होवे परन्तु लिट् परे न हो तो। ग्रहीता। लिट् मे निषेध होने से 'जग्रहिथ' यहां दीर्घ न हुआ। ग्रहीष्यति, ग्रहीष्यते, ग्राहिषति, ग्राहिषाति, गृह्णातु, गृहाण, अगृह्णात्, गृह्णीयात्, गृह्यात्, ग्रहीषीष्ट, अग्रहीत् (१६२), अग्रहीष्टाम्, अग्रहीष्ट, अग्रहीषाताम्, अग्रहीषत, अग्रहीष्यत्, अग्रहीष्यत। वृत् ॥

॥ इति श्नाविकरणः क्र्यादिगण समाप्तः ॥

अथ चुरादिगणः

१ [चुर] स्तेये = चोरी करना ।

४५६—सत्यापपाशरूपवीणातूलश्लोकसेनालोमत्वचवर्मवर्णचूर्णचुरादिभ्यो णिच् ॥३।१।२५॥

सत्याप, पाश, रूप, वीणा, तूल, श्लोक, सेना, लोम, त्वच, वर्म, वर्ण, चूर्ण [सुबन्तों] और चुरादि धातुओं से णिच् प्रत्यय होवे। सत्याप आदि चूर्णपर्यन्त प्रातिपदिकों का वर्णन नामधातु-प्रक्रिया में करेंगे। चुरादि धातुओं से स्वार्थ में णिच् होकर 'चुर्—णिच्' की धातु संज्ञा (१६७), णिच् को मानकर गुण (५२), तिप्, शप्, को मान कर गुण और अयादेश होकर—चोरयति, चोरयतः, चोरयन्ति ।

४५७—णिचश्च ॥ १ । ३ । ७४ ॥

क्रिया का फल कर्ता के लिये हो तो णिजन्त धातु से आत्मने-पद सञ्ज्ञक प्रत्यय हों। चोरयते[1], चोरयाञ्चकार, चोरयाञ्चक्रे, चोरयामास, चोरयाम्बभूव, चोरयिता, चोरयिष्यति, चोरयिष्यते, चोरयिषति, चोरयिषाति, चोरयतु, चोरयताम्, अचोरयत, चोरयेत्, चोर्यात्, चोरयिषीष्ट, लुङ् में (१७६) चङ् (१७९) उपधा को ह्रस्व (१८०) द्वित्व (१८२) अभ्यास को दीर्घ—अचूचुरत्, अचूचुरत ॥

२ [चिति] स्मृत्याम् = स्मरण। चिन्तयति, अचिचिन्तत्। इस चिति धातु को इदित् पढ़ने से यह ज्ञापक होता है कि

---

१ चन्द्र और श्रीभद्र आदि कतिपय वैयाकरण 'णिचश्च' सूत्र में चौरादिक णिच् का ग्रहण नहीं मानते, इसलिये उनके मत में आत्मनेपद नहीं होता। पाणिनीय वैयाकरण दोनों पद मानते हैं ।

चुरादि धातुओ से णिच् प्रत्यय विकल्प[1] से होवें, पक्ष मे चुरादिको से शप् भी होवे अन्यथा चिन्त धातु पढ़ देते । चिति पढ़ने से 'चिन्त्यात्' आदि प्रयोगो मे नकारलोप (१३९) नहीं होता ॥ ३ [यत्रि][2] सकोचने । यन्त्रयति, अययन्त्रत् ॥ ४

१ ज्ञापक इस प्रकार का होता है—चिति धातु का आशीर्लिङ् में 'चिन्त्यात्' और भावकर्म प्रक्रिया में 'चिन्त्यते' प्रयोग होता है । यदि यहा 'चिन्त' धातु पढ़ते तो भी उपयुक्त प्रयोग सिद्ध हो ही जाते, क्योंकि यासुट् या यक् के परे णि का लोप हुआ, पुन न-लोप करने में णिलोप (आ० ४४ सूत्र से) के असिद्ध हो जाने से न लोप प्राप्त ही नहीं होता । पुन नकार की रक्षा के लिये इदित् पढ़ना व्यर्थ है । अत. इदित् करना इस बात का ज्ञापक है कि कोई ऐसी अवस्था भी होती है जहां विना इदित् किये नलोप का प्रतिषेध नहीं हो सकता । वह अवस्था तभी मिलेगी जब णिच् न हो और चिन्त से सीधे आशीर्लिङ् या यक् आदि की उत्पत्ति हो तब बिना इदित् किये न-लोप को कोई रोक नहीं सकता । कई वैयाकरण इस ज्ञापक से सब धातुओं से सामन्यतया णिच् विकल्प मानते हैं जैसा कि ऊपर लिखा है । परन्तु महाभाष्य ७।२।२३ से तथा चुरादिगण मे णिज्विकल्प करने के लिये 'आधृषाद्वा' गणसूत्र पढने से प्रतीत होता है कि यह सामान्य ज्ञापक नहीं हो सकता, अन्यथा 'आधृषाद्वा' वचन व्यर्थ होगा । अत' जिस धातु से कोई लिङ्ग होगा या जिसके लिये विशेष वचन होगा उसी धातु से णिच् का विकल्प होगा, सब से नहीं ।

२. सायण ने धातुवृत्ति मे 'यत्रि, कुद्रि, तत्रि, मत्रि, धातुओं से भी इदित्करण सामर्थ्य से पक्ष में शप माना है, वह अयुक्त है क्योंकि यहां 'यन्त्र, कुन्द्, आदि पढते तब भी नकार का लोप प्राप्त नहीं होता, क्योंकि यहा इन में नकार उपधा में नहीं है । अतः यह इकार उच्चारणार्थ है ।

[स्फुडि] परिहासे = ठट्ठा करना। स्फुण्डयति, अपुस्फुण्डत्। [स्फुटि] इत्येके। स्फुण्टयति॥ ५ [लक्ष] दर्शनाङ्कनयोः देखना और चिह्न। लक्षयति, अललक्षत्॥ ६ [कुद्रि][1] अनृतभाषण = झूठ बोलना। कुन्द्रयति, अचुकुन्द्रत्॥ ७ [लड] उपसेवायाम् = लाड। लाडयति (१२७) वृद्धि, अलीलडत्॥ ८ [मिदि] स्नेहने। मिन्दयति, अमिमिन्दत्, मिन्द्यात्॥ ९ [ओलडि] उत्क्षेपे = ऊपर को फेंकना। लण्डयति, किन्हीं के मत में आकार की इत्सञ्ज्ञा नहीं होती वहां 'ओलण्डयति'। उकारादिरयामित्यन्ये। कोई इस धातु को उकारादि कहते हैं। उलण्डयति॥ १० [जल] अपवारणे = जाल। जालयति, अजीजलत्। [लज] इत्येके। लाजयति, अलीलजत्॥ ११ [पीड] अवगाहने = पीडा। पीडयति॥

४५८-भ्राजभासभाषदीपजीवमीलपीडामन्यतरस्याम्॥ ७। ४। ३॥

भ्राज आदि धातुओं की उपधा को विकल्प करके ह्रस्व हो, चङ्परक णि परे हो तो। अपीपिडत्, अपिपीडत्, यहां जिस पक्ष में ह्रस्व नहीं होता है वहां लघुपरक अभ्यास के न होने से अभ्यास को दीर्घ (१८३) नहीं होता॥ १२ [नट] अवस्यन्दने = नाचना। नाटयति, अनीनटत्॥ १३ [श्रथ] प्रयत्ने। प्रस्थान इत्येके। कोई के मत में श्रथ धातु प्रस्थान अर्थ में है॥ १४ [वध] संयमने = बन्धन। बाधयति, अबीबधत्॥ १५ [पॄ] पूरणे। पारयति, पारयते, पारयाञ्चकार, पारयिता, अपीपरत्। इस धातु को दीर्घ ॠकारान्त पढ़ा है सो ह्रस्व कहते तो भी णिच् में वृद्धि हो ही जाती, फिर यह ज्ञापक होता है कि इससे शप् भी होवे। परति, परतः, पपार, पपरतुः, पप्रतुः, (३८१)॥ १६ [ऊर्ज]

बलप्राणनयोः = बल और जीवन । ऊर्जयति ॥ १७ [पक्ष] परिग्रहे = लेना । पक्षयति, अपपक्षत् ॥ १८,१९ [वर्ण, चूर्ण] प्रेरणे । वर्णयति, चूर्णयति,॥ [वर्ण] वर्णन इत्येके = व्याख्यान ॥ २० [प्रथ] प्रख्याने = प्रकट करना । प्रथयति ।

४५९—अत् स्मृदृत्वरप्रथम्रदस्तृस्पशाम् ॥ ७ । ४ । ९५ ॥

स्मृ आदि धातुओं के अभ्यास को अकारान्त आदेश हो चङ्परक णि परे हो तो । यह सूत्र सन्वद्भाव (१८१) से प्राप्त इत्व (१८२) का अपवाद है । अपप्रथत् ॥ २१ [पृथ] प्रक्षेपे = पर्थयति, पर्थयत, पर्थयाञ्चकार ।

४६०—उर्ऋत् ॥ ७ । ४ । ७ ॥

धातु की उपधा ऋकार के स्थान से ऋत् आदेश विकल्प से होवे चङ्परक णि परे हो तो । यह सूत्र गुण वृद्धि आदि का बाधक है । अपीपृथत्, अपपर्थत्, अपीपृथत, अपपर्थत ॥ [पथ] इत्येके । पाथयति ॥ २२ [षम्ब] सम्बन्धने = मेल । सम्बयति, अससम्बत् ॥ २३ [शम्ब] च । अशशम्बत् ॥ [साम्ब] इत्येके । अससाम्बत् ॥ २४ [भक्ष] अदने । भक्षयति ॥ २५ [कुट्ट] छेदनभर्त्सनयोः । पूरण इत्येके । कुट्टयति, अचुकुट्टत ॥ २६, २७ [पुट्ट, चुट्ट] अल्पीभावे = थोडा होना । पुट्टयति, चुट्टयति ॥ २८, २९ [अट्ट, षुट्ट] अनादरे । अट्टयति । इस धातु को दकारोपध मानने से उस दकार को ट के संयोग में टकार ही होकर उसके असिद्ध होने से संयोगादि दकार को द्वित्व नहीं होता । आट्टिटत् ॥ ३० [लुण्ठ] स्तेये । लुण्ठयति ॥ ३१, ३२ [शठ, श्वठ] असंस्कारगत्योः । [श्वठि] इत्येके । शाठयति, श्वाठयति, श्वण्ठयति, ॥ ३३,—३८ [तुज, तुजि, पिज, पिजि

लजि, लुजि] हिंसाबलादाननिकेतनेषु = हिंसा, बल, आदान और स्थान। ताजयति, अतूतुजत्, तुञ्जयति, अतुतुञ्जत्, पेजयति, अपापिजत्, [पिञ्जयति, अपिपिञ्जत्, लञ्जयति, अललञ्जत्, लुञ्जयति, अलुलुञ्जत्] ॥ ३९ [पिस] गतौ । पेसयति ॥ ४० [षान्त्व] सामप्रयोगे = शान्ति करना । सान्त्वयति ॥ ४१, ४२ [श्वल्क, वल्क] परिभाषणे । श्वल्कयति ॥ ४३ [ष्णिह] स्नेहने = प्रीति । स्नेहयति, असिष्णिहत्॥ [स्फिट] इत्यके । स्फेटयति ॥ ४४ [स्मिट] अनादरे । असिस्मिटत् ॥ ४५ [स्मिङ्] अनादर इत्येके । इसमें णिच् को छोड़कर केवल स्मिङ् धातु में ङित्करण निष्प्रयोजन होने से णिजन्त से आत्मनेपद ही होते हैं ॥ ४५ [श्लिष] श्लेषणे । श्लेषयति, अशिश्लिषत् ॥ ४६ [पथि] गतौ । पन्थयति ॥ ४७ [पिच्छ] कुट्टने = कूटना । पिच्छयति ॥ ४८ [छदि] संवरणे । छन्दयति ॥ ४९ [श्रण] दाने । श्राणयति ॥ ५० [तड] आघाते = ताडना । ताडयति, अतीतडत् ॥ ५१—५३ [खड, खडि, कडि] भेदने । खाडयति, खण्डयति, कण्डयति ॥ ५४ [कुडि] रक्षणे ॥ ५५ [गुडि] वेष्टने । रक्षण इत्येके ॥ [कुठि, गुठि] चेत्यन्ये । कुण्ठयति, गुण्ठयति, अचुकुण्ठत् ॥ ५६ [खुडि] खण्डने = काटना । खुण्डयति ॥ ५७ [वठि] विभाजने = बांटना । वण्ठयति ॥ [वडि] इत्येके ॥ ५८ [मडि] भूषायाम् = शोभा । मण्डयति, मण्डयत, मण्डयाञ्चकार, मण्डयिता, मण्डयिष्यति मण्डयिषति मण्डयिषाति, मण्डयतु, मण्डयताम्, अमण्डयत्, मण्डयेत्, मण्ड्यात्, अममण्डत्, अमण्डयिष्यत् ॥ ५९ [भडि] कल्याणे । भण्डयते,[1] ॥

१. यहां से आगे कुछ धातुओं के आत्मनेपद तथा उत्तरोत्तर लकार के प्रयोग दर्शाये हैं ।

६० [छर्द] वमने । छर्दयाञ्चक्रे ॥ ६१, ६२ [पुस्त, बुस्त] आदरानादरयोः । पुस्तयितासे ॥ ६३ [चुद] सञ्चोदने । चोदयिष्यते ॥ ६४, ६५ [नक्क, धक्क] नाशने । नक्कयिषतै, नक्कयिषातै ॥ ६६, ६७ [चक्क, चुक्क] व्यथने । चक्कयताम् ॥ ६८ [क्षल] शौचकर्मणि = शुद्धि करना । क्षालयति ॥ ६९ [तल] प्रतिष्ठायाम् । अतालयत ॥ ७० [तुल] उन्माने तोलना । तोलयति, अतूतुलत् ॥ ७१ [दुल] उत्क्षेपे = फेंकना । दोलयति ॥ ७२ [पुल] महत्त्वे । पोलयेत ॥ ७३ [चुल] समुच्छ्राये । चोलयिषीष्ट, अचूचुलत ॥ ७४ [मूल] रोहणे । मूलयति ॥ ७५ [बुल] निमज्जने = डूबना । अबूबुलत् ॥ ७६, ७७ [कल, विल] क्षेपे = निन्दा । कालयति, वेलयति ॥ ७८ [बिल] भेदने । बेलयति ॥ ७९ [तिल] स्नेहने । तेलयति ॥ ८० [चल] भृतौ । चालयति ॥ ८१ [पाल] रक्षणे । पालयति ॥ ८२ [लूष] हिंसायाम् । लूषयति ॥ ८३ [शुल्ब] माने । शुल्बयति ॥ ८४ [शूर्प] च । शूर्पयति ॥ ८५ [चुट] छेदने । चोटयति ॥ ८६ [मुट] सञ्चूर्णने । मोटयति ॥ ८७, ८८ [पडि पसि] नाशने । पण्डयति, पंसयति ॥ ८९, ९० [व्रज, मार्ग]-संस्कार गत्यो. । व्राजयति, मार्गयति] ॥ ९१ [शुल्क] अतिस्पर्शने । शुल्कयति ॥ ९२ [चपि] गत्याम् । चम्पयति, अचचम्पत् ॥ ९३ [क्षपि] क्षान्त्याम् = सहना । क्षम्पयति, अचक्षम्पत् ॥ ९४ [क्षजि] कृच्छ्रजीवने = कठिनता से जीना ॥ ९५ [श्वर्त] गत्याम् । श्वर्तयति ॥ ९६ [श्वभ्र] च । श्वभ्रयति ॥ ९७ [ज्ञप] मिच्च । ज्ञप धातु से णिच् प्रत्यय और उसकी मित् सञ्ज्ञा हो ।

४६१—मितां ह्रस्वः ॥ ६ । ४ । ६२ ॥

मित्संज्ञक धातुओं की उपधा को ह्रस्व हो णिच् परे हो तो। ज्ञपयति ॥ ९८ [यम] च परिवेषणे। परोसने अर्थ में यम धातु से णिच् प्रत्यय और उसकी मित्संज्ञा होती है। यमयति (४६१) ह्रस्व ॥ ९९ [चह] परिकल्कने = मूर्खता। चहयति, अचीचहत् ॥ [चप] इत्येके। चपयति, अचीचपत् ॥ १०० [रह] त्यागे। रहयति, अरीरहत् ॥ १०१ [बल] प्राणने = जीवन। बलयति ॥ १०२ [चिञ्] चयने = इकट्ठा करना।

४६२—चिस्फुरोर्णौ ॥ ६ । १ । ५४ ॥

चि और स्फुर धातु के एच् का आकारादेश विकल्प से हो णिच् परे हो तो आकारादेश होने के पश्चात्—

४६३—अर्त्तिह्रीव्लीरीक्नूयीक्ष्माय्यातां पुङ् णौ ॥ ७ । ३ । ३६॥

ऋ, ह्री, व्ली, री, क्नूयी, क्ष्मायी और आकारान्त धातुओं को पुक् का आगम हो णि परे हो तो। चपयति[1], अचीचपत्। जिस पक्ष में आकार न हुआ वहां चययति। इस धातु में ञित् करने से णिच् प्रत्यय का विकल्प होता है क्योंकि ञित् करने का प्रयोजन आत्मनेपद होना है णिजन्त से भी उसी अर्थ में हो जाता फिर णिच् से अलग भी आत्मनेपद होने के लिये ञित् पढ़ा है। चयते, चयति। नान्ये मितोऽहेतौ। स्वार्थ णिच् में ज्ञप आदि धातुओं से अन्य धातु मित्संज्ञक न हो। इस नियम के करने में प्रयोजन यह है कि जिन शम आदि अमन्त धातुओं की भ्वादिगण में मित्संज्ञा कर चुके हैं उनमें से जिस किसी धातु से इस चुरादिगण में स्वार्थ में

१ मिता ह्रस्वः (आ० ४६१) से ह्रस्व होता है।

णिच् करें तो भी मित्संज्ञा न हो केवल ज्ञप आदि धातुओं की ही हो। १०३ [घट्ट] चलने॥ १०४ [मुस्त] संघाते॥ १०५ [खट्ट] संवरणे॥ १०६—१०८ [षट्ट, स्फिट्ट, चुबि] हिंसायाम्। चुम्बयति॥ १०९ [पूल] संघाते—पूर्ण इत्येके। [पुण] इत्येके। पूलयति॥ ११० [पुंस] अभिवर्द्धने = बढ़ना। पुंसयति, अपुपुंसत्॥ १११ [टकि] बन्धने। टङ्कयति॥ ११२ [धूस] कान्तिकरणे = इच्छा करना। धूसयति, अदूधुसत्॥ ११२ [धूष्] इत्येके। [धूश्] इत्यपरे॥ ११३ [कीट] वरणे। कीटयति, अचीकिटत्॥ ११४ [चूर्ण] संकोचने। चूर्णयति॥ ११५ [पूज] पूजायाम्। अपुपूजत्॥ ११६ [अर्क] स्तवने = स्तुति। तपन इत्येके। अर्कयति, आर्चिकत्॥ ११७ [शुठ] आलस्य। अशूशुठत्॥ ११८ [शुठि] शोषणे। शुण्ठयति॥ ११९ [जुड] प्रेरणे॥ १२०, १२१ [गज, मार्ज] शब्दार्थौ। गाजयति, मार्जयति, अममार्जत्॥ १२२ [मर्च] च। मर्चयति। १२३ [घृ] प्रस्रवणे। घारयति, अजीघरत्॥ १२४ [पचि] विस्तारवचने = विस्तार से करना। पञ्चयति॥ [तिज] निशाने = तीक्ष्णता। तजयति॥ १२६ [कृत] संशब्दने = कीर्ति।

४६४—उपधायाश्च॥ ७। १। १०१॥

धातु की उपधा का जो ॠकार उसको इकारादेश हो। रपर इर् होकर (१३०) सूत्र से दीर्घ होता है। कीर्त्तयति, कीर्तयाचकार, अचीकृतत्, अचिकीर्तत्॥ १२७ [वर्ध] छेदनपूरणयोः। वर्धयति॥ १२८ [कुबि] आच्छादने। कुम्बयति॥ [कुभि] इत्येके। कुम्भयति॥ १२९, १३० [लुबि, तुबि] अदर्शने। अर्दन इत्येके॥ १३१ [ह्लप] व्य-

क्तायां वाचि । ह्लापयति ॥ [क्लप] इत्येके । क्लापयति ॥ १३२ [चुटि] छेदने । चुण्टयति, अचुचुण्टत् ॥ १३३ [इल] प्ररणे । एलयति, एलिलत् ।

४६५—नोनयतिध्वनयत्येलयत्यर्दयतिभ्यः ॥ ३ । १ । ५१ ॥

ऊन, ध्वन, इल और अर्द इन णिजन्त धातुओं से परे च्लि के स्थान में चङ् आदेश न हो वेदविषय में । यहां (१७६) से चङ् प्राप्त था उसका निषेध है । ऐलयीत् ॥ १३४ [म्रच्छ] म्लेच्छन = अशुद्ध बोलना । म्रच्छयति, अमम्रच्छत् ॥ १३५ [म्लेच्छ] अव्यक्तायां वाचि ॥ १३६, १३७ [ब्रूस, बर्ह] हिंसायाम् । ब्रूसयति, बर्हयति ॥ १३८ १३९ [गर्ज, गर्द] शब्दे । गर्जयति गर्दयति ॥ १४० [गर्ध] अभिकाङ्क्षायाम् गर्धयति ॥ १४१, १४२ [गुर्द, पुर्व निकेतने = स्थान । गुर्दयति, पुर्वयति, अजुगूर्दत्, अपुपूर्वत् ॥ १४३ [जसि] रक्षणे । मोक्षण इत्येके । जसयति अजजसत् ॥ १४४ [ईड] स्तुतौ । ईडयति, ऐडिडत् ॥ १४५ [जसु] हिंसायाम् । जासयति, अजीजसत्, ॥ १४६ [पिडि] संघाते । पिण्डयति, अपिपिण्डत् ॥ १४७ [रुप] रोषे । [रुट] इत्येके ॥ १४८ [डिप] क्षेपे । अडीडिपत् ॥ १३९ [ष्टुप] समुच्छ्राये स्तोपयति, अतुष्टुपत् । सट एकशतमेकोनपञ्चाशच्च । ये चुर आदि १४९ धातु परस्मैपदी हैं ।

आकुस्मादात्मनेपदिनः । अब यहां से कुस्म धातु पर्यन्त आत्मनेपदी कहते हैं, अर्थात् कर्तृगामी क्रियाफल से अन्यत्र भी आत्मनेपद ही हो । १५० [चित] संचेतने । चेतयते, अचीचितत ॥ १५१ [दशि] दंशनदर्शनयोः

= काटना और देखना । [दंशयते, अददंशत्] [दस, दसि] इत्येके । दासयत, दसयत, अदीदसत, अददसत ॥ १५२, १५३ [डप, डिप] संघाते । डापयत, डेपयते । अडीडपत् ॥ १५४ [तत्रि] कुटुम्बधारणे । तन्त्रयते, अततन्त्रत ॥ १५५ [मत्रि] गुप्तभाषणे । मन्त्रयते, अममन्त्रत ॥ १५६ [स्पश] ग्रहण-संश्लेषणयोः स्पाशयत, अपस्पशत ॥ १५७, १५८ [तर्ज, भर्त्स] तर्जने = डरना । तर्जयत । अततर्जत, भर्त्सयत, अबभर्त्सत ॥ १५९, १६० [वस्त, गन्ध] अर्दने = मागना । बस्तयते, गन्धयते ॥ १६१ [विष्क] हिंसायाम् । [हिष्क] इत्येके । १६२ [निष्क] परिमाणे = तोल । निष्कयत ॥ १६३ [लल] ईप्सायाम् = लेने की इच्छा । लालयते, लालयाञ्चक्रे, लालयांबभूव, लालयामास ॥ १६४ [कूण] संकोचने । कूणयत, अचूकुणत ॥ १६५ [तूण] पूरणे ॥ १६६ [भ्रूण] आशाविशङ्कयोः = इच्छा और संदेह । भ्रूणयत ॥ १६७ [शठ] श्लाघायाम् = अपनी प्रशंसा । शाठयते, शाठयाञ्चक्रे, शाठयाम्बभूव शाठयामास ॥ १६८ [यक्ष] पूजायाम् । यक्षयत ॥ १६९ स्यम] वितर्के । स्यामयत ॥ १७० [गुर] उद्यमने । गोरयत, अजूगुरत ॥ १७१, १७२ [शम, लक्ष] आलोचने = देखना । शामयते, लक्षयत ॥ १७३ [कुत्स] अवक्षेपणे । कुत्सयते, अचुकुत्सत ॥ १७४ [त्रुट] छेदने । त्रोटयते, अतुत्रुटत ॥ [कुट] इत्येके ॥ १७५ [गल] स्रवणे = झरना । गालयते, अजीगलत, अगालयिष्यत ॥ १७६ [भल] भण्डने बहुत बोलना । भालयते ॥ १७७ [कूट] आप्रदाने । आसादन इत्येके । कूटयते, अचुकूटत ॥ १७८ [कुट्ट] प्रतापने = तपाना । कुट्टयते, अचुकुट्टत ॥ १७९ [वञ्च] प्रलम्भने = ठगना । वञ्चयते, अववञ्चत् ॥ १८० [वृष] शक्तिबन्धने =

सन्तानोत्पत्ति का सामर्थ्य। वर्षयते, अवीवृषत, अववर्षत (४६०)॥ १८१ [मद] तृप्तियोगे। मादयते, अमीमदत॥ १८२ [दिवु] परिकूजने = शब्द॥ देवयते अदीदिवत॥ १८३ [गॄ] विज्ञाने। गारयते, अजीगरत॥ १८४ [विद] चेतनाख्याननिवासेषु। वेदयते, अवीविदत॥ १८५ [मान] स्तम्भे = रोकना। मानयते, अमीमनत॥ १८६ [यु] जुगुप्सायाम् = निन्दा। यावयते, अयीयवत॥ १८७ [कुस्म] नाम्नो वा। यह कुस्म प्रातिपदिक अथवा धातु है और इस का अर्थ बुरा हंसना है। कुस्मयते, अचुकुस्मत॥ चितादयोऽष्टात्रिंशत्। ये चित आदि ३८ धातु पूरे हुए॥

१८८ [चर्च] अध्ययने = पढ़ना। चर्चयति, अचचर्चत्॥ १८९ [बुक्क] भषणे। बुक्कयते॥ १९० [शब्द] उपसर्गादाविष्कारे च, चाद्भाषणे। उपसर्गपूर्वक शब्द धातु से परे प्रकट करने और बोलने अर्थ मे णिच् होता है। परिशब्दयति॥ १९१ [कण] निमीलने = मीचना। काणयति, काणयते।

४६६—वा०—काण्यादीनां वा॥ ७। ४। ३॥

चङ् परक णिच् परे हो तो काणि आदि धातुओं की उपधा को ह्रस्व विकल्प करके हो। अचीकणत्, अचकाणत॥ १९२ [जभि] नाशने। जम्भयति, अजजम्भत्॥ १९३ [षूद] क्षरणे = झरना। सूदयति॥ १९४ [जसु] ताडने। जासयति॥ १९५ [पश] बन्धने। पाशयति॥ १९६ [अम] रोगे। आमयति, आमिमत्॥ १९७, १९८ [चट, स्फुट] भेदने। चाटयते, स्फोटयते, अचीचटत्, अचीचटत, अपुस्फुटत्, अपुस्फुटत॥ १९९ [घट] संघाते = समूह। घाटयति, घाटयते, अजीघटत्॥ हन्त्यर्थाश्च। चुरादि से पहिले नव गणों मे जो हिंसार्थक धातु कहे हैं उन सब से स्वार्थ मे णिच् होता है। हिंसयति,

त्रिहयति, इत्यादि ॥ २०० [दिवु] मर्दने । देवयति, अदीदिवत् ॥ २०१ [अर्ज] प्रतियत्ने = सञ्चय । अर्जयति, ॥ २०२ [घुषिर्] विशब्दने । घोषयति, अजूघुषत । इस धातु में इरित् करने का यह प्रयोजन है कि णिच् प्रत्यय विकल्प से होवे, जहा णिच् नहीं होता वहा अङ् (१३८) से हो जाता है । अघुषत्, अघोषीत् ॥ २०३ [आङ क्रन्द] सातत्ये । आङ्पूर्वक क्रन्द धातु से निरन्तर अर्थ मे णिच् होता है । आक्रन्दयति, आचक्रन्दत्, आचक्रन्दत ॥ २०४ [लस] शिल्पयोगे = कारीगरी मे युक्त । लासयति, लासयते, अलीलसत्, अलासयिष्यत्, अलासयिष्यत ॥ २०५, २०६ [तसि, भूष] अलकारे । तंसयति, भूषयति ॥ २०७ [अर्ह] पूजायाम् । अर्हयति ॥ २०८ [ज्ञा] नियोगे = नियुक्त करना । आज्ञापयति, आज्ञापयते (४६३) ॥ २०९ [भज] विश्राणने = बहुत सुनाना । भाजयति ॥ २१० [शृधु] प्रसहने । शर्धयति, अशीशृधत्, अशशर्धत् ॥ २११ [यत] निकारोपस्कारयो: = स्थान और जोडना । यातयति ॥ २१२, २१३ [कल, गल] आस्वादने । कालयति ॥ [रघ] इत्येके, [रग] इत्यन्ये ॥ २१४ [अञ्चु] विशेषणे । अञ्चयति ॥ २१५ [लिगि] चित्रीकरणे = चिह्न करना । लिङ्गयति, अलिलिङ्गत्, अलिलिङ्गत ॥ २१६ [मुद] संसर्गे = मिलना । मोदयति, मोदयते, अमूमुदत, अमूमुदत, अमोदयिष्यत्, अमोदयिष्यत ॥ २१७ [त्रस] धारणग्रहणवारणेषु । त्रासयति, अतत्रसत् ॥ २१८ [उध्रस] उञ्छे । ध्रासयति, उध्रासयति । इस धातुमे किन्ही के मत मे उकार की इत्सञ्ज्ञा हो जाती है ॥ २१९ [मुच] प्रमोचनमोदनयो । मोचयति, मोचयते ॥ २२० [वस] स्नेहच्छेदापहरणेषु = प्रीति, काटना और छीन लेना । वासयति, वासयते ॥ २२१ [चर] संशये । चारयति, अचीचरत्,

अचीचरत ॥ २२२ [च्यु] हसने। सहन इत्येके। च्यावयति, च्यायते ॥ [च्युस] इत्येके। च्योसयति । च्योसयते ॥ २२३ [भुवो] अवकल्कने = मिलना वा विचारना[1] । भावयति ॥ २२४ [कृपेश्च] कृपू धातु से भी सामर्थ्य[2] अर्थ में णिच् प्रत्यय हो। कल्पयति ॥ आस्वद. सकर्मकात्। यहां से लेकर स्वद् धातु पर्यन्त सकर्मक धातुओं से ही णिच् प्रत्यय कहेंगे[3]। २२५ [ग्रस] ग्रहणे। ग्रासयति, ग्रासयते ॥ २२६ [पुष] धारणे। पोषयति, अपूपुषत् ॥ २७ [दल] विदारणे = खण्ड करना ॥ २२८—२५७ [पट, पुट, लुट, तुजि, मिजि, पिजि, भजि, लघि, त्रसि, पिसि, कुसि, दशि, कुशि, घट, घटि, बृहि, बर्ह, बल्ह, गुप, धूप, विच्छ, चीव, पुथ, लोकृ, लोचृ, णद, कुप, तर्क, वृतु, वृधु] भाषार्थ = बोलना। पाटयति, पोटयति, लोटयति, तुञ्जयति, लोकयति, लोचयति।

४६७-नाग्लोपिशास्वृदिताम् ॥ ७ । ४ । २ ॥

णिच् प्रत्यय के परे जिन के अक् का लोप हुआ हो उन तथा शासु और ऋकार जिन का इत् गया हो उन धातुओं की उपधा

१ अवकल्कन का अर्थ कई वैयाकरण मिश्रीकरण मानते हैं, कई चिन्तन। अत एव भाषार्थ में वा शब्द का प्रयोग किया है।

२ कई वैयाकरण चकार से पूर्वनिर्दिष्ट 'अवकल्कन' अर्थ का निर्देश मानते हैं। क्षीरस्वामी 'कृपेस्तादर्थ्ये' ऐसा पढ कर तादर्थ्य अर्थात् प्रस्तुत भुव धातुके मिश्रीकरण अर्थ मे णिच् मानता है, पक्षान्तर मे तत् शब्द से कृप धातु का निर्देश मान कर सामर्थ्य अर्थ भी स्वीकार करता है।

३. धातुओं के अनेक अर्थ होने से जिस अर्थ मे कर्म का सम्बन्ध सम्भव होगा (चाहे कर्म का प्रयोग न भी हो) उस अर्थ मे णिच् प्रत्यय होगा, अन्य में नहीं।

को ह्रस्व न हो चङ्परक णिच् परे हो तो । अलुलोकत्, अलुलोचत् ॥ २५८—२७२ [रुट, लजि, अजि, दसि, भृशि, रुशि, शीक, नट पुटि, जिवि, रघि, लघि, अहि, रंहि, नहि] च, २७३-२७५ [लडि, तड, नल] च । रोटयति, लञ्जयति, नाटयति, जिन्वयति ॥ २७६ [पूरी] आप्यायने = बढ़ना । पूरयति ॥ २७७ [रुज] हिंसायाम् । रोजयति, अरूरुजत् ॥ २७८ [ष्वद] आस्वादने । स्वादयति, असिस्वदत् ॥ [स्वाद] इत्येके । इस मे विशेष यह है कि षोपदेश के न होने से अभ्यास से परे षत्व नहीं होता । असिस्वदत् । इत्यास्वदीयाः । स्वदपर्यन्त जो सकर्मक धातु कह चुके हैं सो पूरे हुए ।

आधृषाद्वा । अब यहां से आगे धृष धातु पर्यन्त सब धातुओं से णिच् प्रत्यय विकल्प करके होगा. पक्ष में सब धातुओं से भ्वादिगण के प्रयोग होंगे । २७९, २८० [युज, पृच] संयमने । योजयति, योजति, अयूयुजत्, अयौक्षीत् पर्चयति, अपीपृचत्, अपपर्चत्, पर्चति, पर्चिता, पर्चिष्यति, अपर्चीत् ॥ २८१ [अर्च] पूजायाम् । अर्चयति, अर्चति, आर्चिचत्, आर्चीत् ॥ २८२ [षह] मर्षणे = सहना । साहयति, असीसहत्, सहति, असहीत् (१६२) ॥ २८३ [ईर] क्षेपे । ईरयति, ऐरिरत् ॥ २८४ [ली] द्रवीकरणे = गीला करना । लाययति, लयति ॥ २८५ [वृजी] वर्जने । वर्जयति, वर्जति, अवीवृजत्, अववर्जत्, अवर्जीत् ॥ २८६ [वृञ्] आवरणे = ढाकना । वारयति, वरति, वरते ॥ २८७ [जॄ] वयोहानौ । जारयति, जरति, जरिता, जरीता ॥ २८८ [ज्रि] च । ज्राययति, ज्रयति, ज्रेता, ॥ २८९ [रिच] वियोजनसम्पर्चनयोः = पृथक् होना और सम्बन्ध । रेचयति, रेचति, रेक्ता, अरीरिचत् ॥

२९० [शिष] असर्वोपयोगे = बाकी होना । शेषयति, शेषति, शेष्टा, अशीशिषत् ॥ २९१ [तप] दाहे । तापयति, तपति, तप्ता, अतीतपत्, अताप्सीत् ॥ २९२ [तृप] तृप्तौ । तर्पयति, तप्ता, त्रप्ता ॥ २९३ [छृदी] सन्दीपने = प्रकाश होना । छर्दयति, छर्दति, अचीछृदत्, अचच्छर्दत्, छर्दिष्यति । यहां इट् का विकल्प (३९७) कृतादि रौधादिक के साहचर्य से नहीं होता ॥ [चृप, छृप, दृप] सन्दीपन इत्येके । चर्पयति, छर्पयति, दर्पयति, दर्पति, अदीदृपत्, अददर्पत् ॥ २९४ [दृभी] भये । दर्भयति, दर्भति, दर्भिता ॥ २९५ [दृभ] सन्दर्भे = गांठना ॥ २९६ [छद] संवरणे । छादयति, छदति ॥ २९७ [श्रथ] मोक्षणे । हिंसायामित्येके । श्राथयति ॥ २९८ [मी] गतौ । माययति, मयति, मेता ॥ २९९ [ग्रन्थ] बन्धने । ग्रन्थयति, ग्रन्थति ॥ ३०० [क्रथ] हिंसायाम् । स्वरितेदित्येके । यह धातु शप् पक्ष में स्वरितेत् है । क्राथयति, क्रथति, क्रथते ॥ ३०१ [शीक] आमर्षणे = सहना ॥ ३०२ [चीक] च । चीकयति, चीकति, अचीचिकत् ॥ ३०३ [अर्द] हिंसायाम् । स्वरितेत् । अर्दयति, आर्दिदत्, अर्दति, अर्दते ॥ ३०४ [हिसि] हिंसायाम् । हिंसयति, हिंसति ॥ ३०५ [अर्ह] पूजायाम् ॥ ३०६ [आङः षद] पद्यर्थे = गति । आसादयति, असीदति (२३१) सीद आदेश, आसत्ता, असात्सीत् ॥ ३०७ [शुन्ध] शौचकर्मणि । शुन्धयति ॥ ३०८ [छद] अपवारणे = बुरे प्रकार हटाना । स्वरितेत् ॥ ३०९ [जुष] परितर्कणे[1] = इकट्ठा होना वा मारना । परितर्पण इत्यन्ये । जोषयति, जोषति ॥ ३१० [धूञ] कम्पने ।

---

१. धातुवृत्तिकार परितर्कण का अर्थ 'ऊहा' या 'हिंसा' करता है ।

४६८-वा०-धूञ्प्रीञोर्नुग्वक्तव्यः ॥ ७ । ३ । ३७ ॥

णिच् परे हो तो धूञ् और प्रीञ् धातु को नुक् का आगम हो। धूनयति, धवति, धवते। इस वार्तिक को कोई आचार्य 'धूञ्प्रीणोः' ऐसा पढ़के क्र्यादिस्थ प्रीञ् धातु के साहचर्य से क्र्यादि का जो धूञ् धातु है उसी को हेतुमान् णिच् के परे नुक् कहते हैं। धावयति ॥ ३११ [प्रीञ्] तर्पणे। प्रीणयति, प्रयति, प्रयते ॥ ३१२, ३१३ [श्रन्थ, ग्रन्थ] सन्दर्भे=गाठना ॥ ३१४ [आप्लृ] लम्भने=प्राप्ति करना। आपयति, आपति, आपत् (२१७), आप्ता। स्वरितेदयमित्येके। आपते ॥ ३१५ [तनु] श्रद्धोपकरणयोः=श्रद्धा और उपकार करना। उपसर्गाच्च दैर्घ्ये। विस्तार अर्थ में उपसर्ग से परे णिच् होता है। तानयति, वितानयति, तनति, वितनति ॥ [चन] श्रद्धोपहननयोरित्येके। चानयति, चनति ॥ ३१६ [वद] सदेशवचने। संदेशा कहना। स्वरितेत्। वादयति, वदति, वदते ॥ ३१७ [वच] परिभाषणे=अधिक बोलना। वाचयति, वचति, वक्ता, अवीवचत्, अवाक्षीत् ॥ ३१८ [मान] पूजायाम्। मानयति, मानति, मानिता ॥ ३१९ [भू] प्राप्तावात्मनेपदी। भावयते, भवति। इस धातु से णिच् के संयोग में ही आत्मनेपद होता है, अन्यत्र नहीं ॥ ३२० [गर्ह] विनिन्दने=निन्दा। गर्हयति ॥ ३२१ [मार्ग] अन्वेषणे=खोजना। मार्गयति ॥ ३२२ [कठि] शोके। कण्ठयति ॥ ३२३ [मृजू] शौचालंकारयोः। मार्जयति, मार्जति, मार्जिता, मार्ष्टा ॥ ३२४ [मृष] तितिक्षायाम्। स्वरितेत्। मर्षयति, मर्षति, मर्षते ॥ ३२५ [धृष] प्रसहने। धर्षयति, धर्षति। इत्याधृषीयाः। धृषपर्यन्त धातुओं से णिच् का विकल्प कह चुके है, सो पूरे हुए।

अथादन्ताः । अब अदन्त धातु कहते हैं अर्थात् उनके अकार का लोप (१७२) से णिच् के परे होगा, इसीसे ये अग्लोपी कहाते हैं। ३२६ [कथ] वाक्यप्रबन्धने = प्रबन्ध से कहना। कथयति, अचकथत् । यहां अग्लोप के होने से वृद्धि नहीं होती ॥ ३२७ [वर] ईप्सायाम् = मिलने की इच्छा। वरयति, अववरत् ॥ ३२८ [गण] सङ्ख्याने = गणना। गणयति ।

४६६—ई च गणः ॥ ७ । ४ । ९७ ॥

गण धातु के अभ्यास को ईकारादेश और चकार से अकारादेश भी हो चङ्परक णिच् परे हो तो । अजीगणत, अजगणत् ॥ ३२९, ३३० [शठ, श्वठ] सम्यगवभाषणे = अच्छे प्रकार कहना। शाठयति, श्वाठयति, अशशठत्, अशश्वठत् ॥ ३३१, ३३२ [पट वट] ग्रन्थे । पटयति, वटयति ॥ ३३३ [रह] त्यागे। अररहत् । ३३४, ३३५ [स्तन, गदी] देवशब्दे । स्तनयति, गदयति ॥ ३३६ [पत] गतौ वा । यह धातु विकल्प करके णिजन्त है । पतयति, पतयाचकार, [अपपतत्] पतति, अपतीत् । वाऽदन्त इत्येके । कोई लोग विकल्प करके अदन्त कहते है । पातयति, अपीपतत् ॥ ३३७ [पष] अनुपसर्गात् । यहां पूर्व से गति अर्थ की अनुवृत्ति आती है । पषयति ॥ ३३८ [स्वर] आक्षेपे = निन्दा । स्वरयति ॥ ३३९ [रच] प्रतियत्ने । रचयति ॥ ३४० [कल] गतौ संख्याने च । कलयति ॥ ३४१ [चह] परिकल्कने = अभिमान और मूर्खता । चहयति, अचचहत् ॥ ३४२ [मह] पूजायाम् । महयति ॥ ३४३—३४५ [सार, कृप, श्रथ] दौर्बल्ये = निर्बलता । सारयति, कृपयति, श्रथयति ॥ ३४६ [स्पृह] ईप्सायाम् । स्पृहयति ॥ ३४७ [भाम] क्रोधे । अबभामत् । अग्लोपी होने से उपधा ह्रस्व

का निषेध (४६७) ॥ ३४८ [सूच] पैशुन्ये = चुगुली करना । सूचयति, असुसूचत् ॥ ३४९ [खेट] भक्षणे । खेटयति, अचिखेटत् । तृतीयान्त इत्येके । कोई के मत मे डकारान्त 'खेड' धातु है । खेडयति, अचिखेडत् ॥ [खोट] इत्यन्ये ॥ ३५० [क्षोट] क्षेपे = निन्दा । अचुक्षोटत् ॥ ३५१ [गोम] उपलेपने = लीपना । गोमयति, अजुगोमत् ॥ ३५२ [कुमार] क्रीडायाम् । कुमारयति, अचुकुमारत् ॥ ३५३ [शील] उपधारणे = अच्छे गुणों का अभ्यास करना । शीलयति, अशिशीलत् ॥ ३५४ [साम] सान्त्वप्रयोगे । अससामत् ॥ ३५५ [वेल] कालोपदेशे = नियत समय का उपदेश । वेलयति ॥ [काल] इति पृथक् धातुरित्येके । कालयति, अचकालत् ॥ ३५६ [पल्पूल] लवनपवनयो. = खेत काटना और पवित्र करना । पल्पूलयति, अपपल्पूलत् ॥ ३५७ [वात] सुखसेवनयोः ॥ गतिसुखसेवनेष्वित्येके । वातयति, अववातत् ॥ ३५८ [गवेष] मार्गणे = खोजना । गवेषयति, अजगवेषत् ॥ ३५९ [वास] उपसेवायाम् । वासयति ॥ ३६० [निवास] आच्छादने । निवासयति, अनिनिवासत् ॥ ३६१ [भाज] पृथक्कर्माणि = अलग करना । भाजयति, अबभाजत् ॥ ३६२ [सभाज] प्रीतिदर्शनयोः । प्रीतिसेवनयोरित्येके । सभाजयति, अससभाजत् ॥ ३६३ [ऊन] परिहाणे । ऊनयति, औननत् । वेद में—औनयीत् (४६५) चङ् नहीं होता ॥ ३६४ [ध्वन] शब्दे । अदध्वनत्, अध्वनयीत् (४६४) ॥ ३६५ [कूट] परितापे । परिदाह इत्यन्ये । कूटयति, अचुकूटत् ॥ ३६६–३६९ [सङ्केत, ग्राम, कुण, गुण] चामन्त्रणे । चकार से कूट धातु की अनुवृत्ति है । सङ्केतयति, ग्रामयति, कुणयति, गुणयति ॥ ३७० [कूण] संकोचने । अचुकूणत् ॥ ३७१ [स्तेन] चौर्ये = चोरी । अतिस्तेनत् ॥

आगर्वादात्मनेपदिनः । यहां से आगे गर्व धातुपर्यन्त आत्मनेपदी हैं ॥ ३७२ [पद] गतौ । पदयते, अपपदत ॥ ३७३ [गृह] ग्रहणे । अजगृहत ॥ ३७४ [मृग] अन्वेषणे । मृगयते, ॥ ३७५ [कुह] विस्मापने = सन्देह कराना । कुहयते ॥ ३७६, ३७७ [शूर, वीर] विक्रान्तौ = पराक्रम दिखाना । शूरयते, अशुशूरत, वीरयते ॥ ३७८ [स्थूल] परिबृंहणे = मोटापन । स्थूलयते ॥ ३७९ [अर्थ] उपयाच्ञायाम् = चाहना । अर्थयते, आर्तथत ॥ ३८० [सत्र] सन्तानक्रियायाम् = विस्तार । सत्रयते, अससत्रत ॥ ३८१ [गर्व] माने । गर्वयते, अजगर्वत ॥ इत्यागर्वीयाः ॥

३८२ [सूत्र] वेष्टने = लपेटना । विमोचन इत्यन्ये = छोडना सूत्रयति ॥ ३८३ [मूत्र] प्रस्रवणे । मूत्रयति, अमुमूत्रत् ॥ ३८४ [रूक्ष] पारुष्ये = कठोरपन । रूक्षयति, अरुरूक्षत् ॥ ३८५, ३८६ [पार, तीर] कर्मसमाप्तौ । पारयति, तीरयति, अपपारत्, अतितीरत् ॥ ३८७ [पुट] संसर्गे = मिलाना । पुटयति ॥ [धेक] दर्शन इत्येके । अदिधेकत् ॥ ३८८ [कत्र] शैथिल्ये । कत्रयति, अचकत्रत् ॥ [कर्त] इत्यप्येके । कर्तयति ॥

प्रातिपदिकाद्धात्वर्थे बहुलमिष्ठवच्च । प्रातिपदिक से सामान्य धातु के अर्थ में णिच् प्रत्यय हो और जैसे इष्ठन् तद्धित प्रत्यय के परे कार्य होते हैं वैसे णिच् प्रत्यय के परे हो । जैसे—पटुमाचष्टे पटयति । यहां इष्ठन् प्रत्यय के समान टिलोप होता है । अपपटत् ।

तत्करोति तदाचष्टे । द्वितीयान्त कर्मवाची प्रातिपदिक से 'करोति' और 'आचष्टे' अर्थ में णिच् होता है । मृदुं करोत्याचष्टे वा म्रदयति । यह तथा अगले सूत्र प्रथम सूत्र के ही प्रपञ्च हैं ।

तेनाऽतिक्रामति । तृतीयान्त प्रातिपदिक से अतिक्रमण =

उल्लङ्घन अर्थ मे णिच् प्रत्यय हो। अश्वेनातिक्रामति अश्वयति, हस्तिना अतिक्रामति हस्तयति इत्यादि ।

धातुरूपं च । जिस प्रातिपदिक से णिच् प्रत्यय करें वह जिस धातु से बना हो उसी का रूप णिच् प्रत्यय मे हो जावे और चकार से अन्य कार्य भी णिच् प्रत्यय के अनुकूल हो जावें । कंसवधमाचष्टे कस घातयति। यहां वध शब्द हन धातु से बना है वह णिच् प्रत्यय के परे धातुरूप होकर हन धातु का प्रयोग होता है इस विषय की विशेष व्याख्या आगे नामधातु प्रक्रिया मे लिखेंगे।

कर्तृकरणाद्धात्वर्थे। कर्ता के व्यापार के लिये जो साधन हैं उससे धातु के अर्थ मे णिच् प्रत्यय हो। असिना हन्ति, असयति, परशुना वृश्चति परशयति ॥ ३८९ [वल्क] दर्शने। वल्कयति ॥ ३९० [चित्र] चित्रीकरणे। कदाचिद्दर्शने। किसी समय देखने अर्थ म भी चित्र धातु से णिच् हाता है। चित्रयति, अचिचित्रत् ॥ ३९१ [अस] समाघाते। असयति ॥ ३९२ [वट] विभाजने ॥ ३९३ [लज] प्रकाशने। लजयति ॥ [वटि, लजि] इत्येके। वण्टयति, लञ्जयति ॥ ३९४ [मिश्र] संपर्क = संयोग करना। मिश्रयति ॥ ३९५ [संग्राम] युद्धे। अनुदात्तेत्। सग्रामयते, अससग्रामत ॥ ३९६ [स्तोम] श्लाघायाम्, स्तोमयति ॥ ३९७ [छिद्र] कर्णभेदने । = कान का छेदना। छिद्रयति । करणभेदन इत्येके = साधनो का भेद। [कर्ण] इति धात्वन्तरमित्यन्ये। कर्णयति ॥ ३९८ [अन्ध] दृष्ट्युपघाते = नेत्र फूटना । उपसहार = इत्यन्ये समाप्ति अन्धयति ॥ ३९९ [दण्ड] दण्डनिपातने = दण्ड देना। दण्डयति, अददण्डत् ॥ ४०० [अङ्क] पदे लक्षणे च = पग और चिन्ह। अङ्कयति। आञ्चकत् ॥ ४०१ [अङ्ग] च। आञ्जगत् ॥ ४०२,४०३ [सुख, दुःख] तत्क्रियायाम्

=सुख और दुःख करना । सुखयति, दुःखयति ॥ ४०४ [रस] आस्वादस्नेहनयो । रसयति ॥ ४०५ [व्यय] वित्तसमुत्सर्गे = खर्च करना । व्यययति, अवव्ययत् ॥ ४०६ [रूप] रूपक्रियायाम् = रूप को देखना वा करना । रूपयति, अरुरूपत् ॥ ४०७ [छेद] द्वैधीकरणे = दो भाग करना । अचिच्छेदत् ॥ [छद] अपवारण इत्यक । छदयति ॥ ४०८ [लाभ] प्रेरणे = आज्ञा करना । लाभयति, अललाभत् ॥ ४०९ [व्रण] गात्रविचूर्णने = घाव । व्रणयति, अवव्रणत् ॥ ४१० [वर्ण] वर्णक्रियाविस्तारगुणवचनेषु = रंगना, फैलाव, स्तुति करना । वर्णयति, अववर्णत् ॥

बहुलमेतन्निदर्शनम् । कथ आदि अदन्त धातुओं का पाठ बहुल से जानो अर्थात् बहुल कहने से अन्य धातुओं से भी यहां णिच् होता है जैसे—[पर्ण] हरितभावे = हरा होना । पर्णयति, अपपर्णत् ॥ [विष्क] दर्शने = देखना । विष्कयति, अविविष्कत् ॥ [क्षप] प्रेरणे । क्षपयति ॥ [वस] निवासे । वसयति ॥ [तुत्थ] आवरणे । तुत्थयति ॥ तथा गण्डयति, आन्दोलयति, प्रेङ्खोलयति, विडम्बयति, अवधीरयति इत्यादि प्रयोग भी बहुल ग्रहण से होते हैं । तथा कोई ऐसा कहते हैं कि दशो गण के धातुओं के लिये बहुल ग्रहण है इससे सौत्र, लौकिक और वैदिक धातु अपठित (जो दश गणों में नहीं पढ़े) उनसे भी उन गणों के प्रयोग होते हैं । और कोई मत में नव गणों में पढ़े धातुओं के लिये बहुल है इससे चुरादिगण में अपठित धातुओं से भी स्वार्थ में णिच् हो जाता है । जैसे—अर्चीकरत् । और कोई के मत में चुरादि धातुओं से ही णिच् बहुल करके होता है ॥

णिङङ्गान्निरसने । अङ्गवाची प्रातिपदिक से फेंकने अर्थ में णिङ् प्रत्यय हो । ङित् करने से आत्मनेपद होता । हस्तौ निरस्यति—हस्तयते, पादौ निरस्यति—पादयते, इत्यादि ।

श्वेताश्वाश्वतरगालोडिताह्वरकाणामश्वतरेतकलोपश्च । श्वेताश्व, अश्वतर, गालोडित, आह्वरक, इन प्रातिपदिको से अतिक्रमण अर्थ मे णिङ् प्रत्यय और इनके अश्व, तर, इत और ककार का लोप हो जावे । श्वेताश्वमाचष्टे, अतिक्रामति वा—श्वेतयते, अश्वतरमाचष्टे—अश्वयते, गालोडितं वाग्विमर्षमाचष्टे तत्करोत्यतिक्रामति वा—गालोडयते, आह्वरकं करोत्यतिक्रामति वा—आह्वरयते ।

पुच्छादिषु धात्वर्थ इत्येव सिद्धम् । पुच्छ आदि प्रातिपदिको से "पुच्छभाण्डचीवराण्णिङ्"[1] इस सूत्र मे णिङ् प्रत्यय कहा है वहा भी धात्वर्थ मे प्रातिपदिकमात्र के कहने से णिच् होकर बहुलवचन सामर्थ्य से आत्मनेपद भी हो जावेगा फिर पुच्छ आदि से णिङ् कहने का कुछ प्रयोजन नहीं । और यहा सिद्ध शब्द के मङ्गलार्थ होने से इस चुरादिगण की समाप्ति जानो । इन दश गणो मे भ्वादिगण सब का उत्सर्ग है और नौ गण सब शप् के बाधक ही हैं । जब नव गणो मे पढ़े भ्वादि के धातु को अवकाश मिलता है तब शप् ही होता है । जितने धातु इन दश गणो मे लिखे हैं वे ही औपदेशिक हैं और इन्हीं से सब प्रकार के शब्द बनते है और आगे १२ प्रक्रियां लिखेंगे उन प्रत्येक में इन सब धातुओ का काम पड़ा करेगा ॥

॥ इति चुरादिगणः समाप्तः ॥

---

१ आ० ६०८ ।

अथ णिजन्तप्रक्रिया

४७०—तत्प्रयोजको हेतुश्च ॥ १ । ४ । ५५ ॥

स्वतन्त्र कर्ता को प्रेरणा करनेहारे की हेतु और कर्ता दोनों संज्ञा हो।

४७१—हेतुमति च ॥ ३ । १ । २६ ॥

प्रयोजक कर्ता के भेजने आदि व्यवहार अर्थ मे धातु से णिच प्रत्यय हो। सो दश गणो में जितने धातु लिख चुके है उन सब से णिच् आदि प्रक्रिया के प्रत्यय होंगे, उन सब धातुओ के प्रयोग सर्वत्र नही लिखेंगे, किन्तु जिनमे कुछ विशेष कार्य सूत्रों से होते हैं वे लिखे जावेंगे। भवतीति भवन्, भवन्तं प्रेरयति—भावयति, भावयते। यहां क्रिया का फल कर्ता के लिये होने मे आत्मनेपद (४५८) होता है, और शप् आदि की उत्पत्ति होती है। भावयाञ्चकार, भावयाम्बभूव, भावयामास, भावयिता, भावयिष्यति, भावयिषति, भावयिषाति, भावयतु, अभावयत्, भावयेत्, भाव्यात् (१७७) णिलोप।

४७२—ओः पुयण्ज्यपरे ॥ ७ । ४ । ८० ॥

अवर्णपरक पवर्ग, यण और जकार परे हो तो सन् प्रत्यय के परे जो अङ्ग उसके अवयव अभ्यास के उवर्ण को इकारादेश हो। अबीभवत्, अपीपवत्, अमीमवत्, अयीयवत्, अरीरवत्, अलीलवत्, अजीजवत्। यहां सर्वत्र यद्यपि सन् प्रत्यय परे नहीं है तो भी (१८१) से सन्वद्भाव मानकर कार्य होता है।

४७३—स्रवतिशृणोतिद्रवतिप्रवतिप्लवतिच्यवतीनां वा ॥ ७ । ४ । ८१ ॥

स्रवति आदि धातुओं के अभ्यासस्थ उकार को विकल्प करके इकारादेश हो सन् प्रत्यय के परे अवर्णपरक धातु का अक्षर परे हो तो। असिस्रवत्, असुस्रवत्, अशिश्रवत्, अशुश्रवत्, अदिद्रवत्, अदुद्रवत्, अपिप्रवत्, अपुप्रवत्, अपिप्लवत्, अपुप्लवत्, अचिच्यवत्, अचुच्यवत्॥ अडुढौकत्, अचीचकासत्, यहां (४५७) सर्वत्र उपाध को ह्रस्व नहीं होता ॥ चुरादिगण में स्वार्थ णिच् से भी हेतुमान् णिच् प्रत्यय होता है। चारयन्त प्रेरयति, चोरयति, अचूचुरत्[1]।

४७४—णौ च संश्चङोः ॥ ६ । १ । ३१ ॥

सन् और चङ् जिससे परे हों ऐसा णि परे हो तो श्वि धातु को सम्प्रसारण विकल्प करके हो, सम्प्रसारण और उसके आश्रय जो कार्य है उनके बलवान् होने से सम्प्रसारण[2] और पूर्वरूप होकर—अशूशुवत्। पक्ष में—अशिश्वियत्॥ आटिटत्। यहां उपधा को

१. 'अ+चोर्+इ+इ+अ+त्' इस अवस्था में णिच् के परे प्रथम णिच का लोप होता है। उपधाह्रस्वत्व करते समय पूर्व णिच् स्थानिवत् हो जाता है। इसलिये जिस णिच् से परे चङ् है उसे पूर्व ह्रस्वभावी अङ्ग नहीं, बीच में णिच् का व्यवधान है। जो णिच् (प्रथम) ह्रस्वभावी अङ्ग से परे है उससे पर चङ् नहीं, द्वितीय णिच् का व्यवधान है, अतः यहां ह्रस्वत्व की प्राप्ति नहीं होती। ऐसी अवस्था में 'णेणिच्युपसङ्ख्यानम्' (महा० ७।४।१) इस वार्तिक से या 'व्याकृतिनिर्देशात् सिद्धम्' (महा० ७।४।।१) इस आकृतिग्रहण से ह्रस्वत्व होता है।

२. सम्प्रसारणं सम्प्रसारणाश्रयं च कार्यं बलीयो भवति। पारि० १०६।

ह्रस्व बहिरङ्ग[1] है परन्तु ओण धातु में, ऋदित्करणसामर्थ्य[2] मान द्वित्व से पहिले ही ह्रस्व हो जाता है। औन्दिदत्, आड्डिडत्, आचिचत्। यहां सयोग के आदि न द और र को द्वित्व (३२६) से नहीं होता। [उब्ज] आर्जवे धातु उपदेश में दकारोपध है और "भुजन्युब्जौ[3]" सूत्र में निपातन करने से दकार को बकार हो जाता है, वह अन्तरङ्ग भी है परन्तु द्वित्वविषय में औपदेशिक का ग्रहण होने से दकारस्थानी बकार को द्वित्व नहीं होता। औब्जिजत्।

४७५—रभेरशब्लिटोः ॥ ७ । १ । ६३ ॥

रभ धातु को नुम् का आगम हो शप् और लिट् भिन्न अजादि प्रत्यय परे हो तो। रम्भयति, अररम्भत्।

४७६—लभेश्च ॥ ७ । १ । ६४ ॥

---

१. 'आट्+इ+अ+त्' इस अवस्था मे द्विर्वचन और उपधा ह्रस्त्व दोनों की प्राप्ति है। उपधा ह्रस्वत्व में णिच, चङ् दोनों निमित्त हैं, द्विर्वचन में केवल चङ्। इस प्रकार उपधा ह्रस्वत्व बह्वपेक्ष होने से बहिरङ्ग है। वस्तुत द्विर्वचन और उपधा-ह्रस्वत्व दोनों समान कोटि मे हैं, क्योंकि द्विर्वचन मे यद्यपि चङ्मात्र की अपेक्षा है तथापि चङ् बिना णिच् के उत्पन्न नहीं होता। अत द्विर्वचन को अन्तरङ्ग नहीं मान सकते। द्विर्वचन उपधा-ह्रस्वत्व की अपेक्षा नित्य है और उपधा-ह्रस्वत्व अनित्य है, क्योंकि द्विर्वचन करने पर उपधा मे आकार न होने से ह्रस्वत्व प्राप्त नहीं होता। अत एव प्रथम द्विर्वचन की प्राप्ति होती। महाभाष्य ७ । ४ । १ ॥

२. 'ओण्+इ+अ+त्' इस अवस्था में यदि पहले द्विर्वचन हो जावे तो ओकार उपधा में नहीं रहता। अत एव ह्रस्वत्व की प्राप्ति भी नहीं होती, ऋदित् करना व्यर्थ है। व्यर्थ होकर इस बात का ज्ञापक है कि द्विर्वचन से पूर्व ह्रस्वत्व होता है।

३. अष्टा० ७ । ३ । ६१ ॥

पूर्वसूत्रोक्त कार्य लभ धातु को भी हो। लम्भयति, अललम्भत्॥ अजीहयत्। यहां (४२२) से चङ् के परे अभ्यास को कुत्व का निषेध हो जाता है। स्मारयति, असस्मरत्, दारयति, अददरत्, अतत्वरत्, अमम्रदत्, अतस्तरत्। यहां सर्वत्र स्मृ आदि धातुओं के अभ्यास को अकारादेश (४५९) से हो जाता है।

४७७—विभाषा वेष्टिचेष्ट्योः॥ ७। ४। ९६॥

चङ्परक णिच् परे हो तो वेष्ट और चेष्ट धातु के अभ्यास को अकारादेश विकल्प करके होवे। अववेष्टत्, अविवेष्टत्, अचचेष्टत्, अचिचेष्टत्। भ्राज आदि धातुओं की उपधा को विकल्प करके ह्रस्व (४५८) सूत्र से होकर—अबिभ्रजत्, अबभ्राजत्, अबीभसत्, अबभासत्, अबीभषत्, अबभाषत्, अदीदिपत्, अदिदीपत् अजीजिवत्, अजिजीवत्, अपीपिडत्, अपिपीडत्। कण आदि णिजन्त धातुओं की उपधा को चङ्परक णिच् मे (४६६) से विकल्प करके ह्रस्व हो जाता है। कण, रण, भण, श्रण, लुप, हेठ ये छः धातु महाभाष्य में काण्यादि गिनाये गये हैं। अचीकणत्, अचकाणत् इत्यादि।

४७८—स्वापेश्चङि॥ ६। १। १८॥

णिजन्त स्वापि धातु को संप्रसारण हो चङ् परे हो तो। स्वापयति, असूषुपत्।

४७९—शाच्छासाह्वाव्यावेपां युक्॥ ७। ३। ३७॥

शा आदि धातुओं को युक् का आगम हो णिच् परे हो तो। (४६३) सूत्र से पुक् प्राप्त है उसका यह अपवाद है। शाययति, छाययति, साययति, ह्वाययति, संव्याययति, वाययति, पाययति, अशीशयत्॥ ह्वा धातु मे विशेष है—

४८०—ह्वः सम्प्रसारणम् ॥ ६ । १ । ३२ ॥

सन् और चङ् जिससे परे हो ऐसा णिच् परे हो तो ह्वा धातु को सम्प्रसारण हो। अजूहवत्, अजुहावत्[1]। यहां (४६६) वार्तिक से उपधाह्रस्व [का] विकल्प होता है ॥ पा धातु मे यह विशेष है—

४८१—लोपः पिबतेरीच्चाभ्यासस्य ॥ ७ । ४ । ४ ॥

चङ्परक णिच् परे हो तो पिबति अङ्ग की उपधा का लोप और अभ्यास को ईकारादेश हो। अपीप्यत् ॥ अर्पयति, ह्रेपयति, ब्लेपयति, रेपयति, क्नोपयति, क्ष्मापयति, स्थापयति, दापयति, धापयति, घ्रापयति। यहां सर्वत्र (४६३) सूत्र से णिच् के परे पुक् होता है ॥ स्था धातु में यह विशेष है—

४८२—तिष्ठतेरित् ॥ ७ । ४ । ५ ॥

चङ्परक णिच् परे हो तो स्था अङ्ग की उपधा को इकारादेश हो। अतिष्ठिपत्, अतिष्ठिपताम् ॥ घ्रा धातु मे यह विशेष है—

४८३—जिघ्रतेर्वा ॥ ७ । ४ । ६ ॥

चङ्परक णिच् परे हो तो घ्रा धातु की उपधा को इकारादेश विकल्प करके हो। अजिघ्रिपत्, अजिघ्रपत् ॥ कर्तयति इत्यादि ऋवर्णोपध धातुओं मे (४६०) सूत्र से विकल्प करके ऋत् हो जाता है। अचीकृतत्, अचकर्तत्, कीर्तयति, अचीकृतत्, अचिकीर्तत्; वर्तयति, अवीवृतत्, अववर्तत्, अमीमृजत्, अममार्जत् ॥ पाति धातु मे यह विशेष है—

---

१. न्यासकार ने 'ह्लेञ्, वण, लुठ, लप' इन चार को भी काण्यादि माना है। महाभाष्यकार ने पूर्व पृष्ठ ३३६ पङ्क्ति १४ पर लिखी छ धातुएं ही काण्यादि मानी हैं। अतः यह रूप न्यासकार के मतानुसार है। महाभाष्यकार के अनुसार नित्य ह्रस्व होता है।

४८४—वा०-पातेर्लुग्वचनम् ॥ ७ । ३ । ३७ ॥

णिच् परे हो तो पाति धातु को लुक् आगम हो। पालयति।

४८५—वो विधूनने जुक् ॥ ७ । ३ । ३८ ॥

णिच् परे हो तो कपाने अर्थ मे वर्तमान 'वा' धातु को जुक आगम हो। वाजयति। और जहा कंपाना अर्थ नही है वहां—केशान् वापयति।

४८६-लीलोर्नुग्लुकावन्यतरस्यां स्नेहविपातने॥ ७ । ३ । ३९ ॥

णिच् परे हो तो चिकनाई गिराने अर्थ मे ली और ला धातु को नुक् और लुक् का आगम यथासंख्य और विकल्प करके हो। घृतं विलीनयति, घृतं विलालयति। जहां स्नेहविपातन नही है वहां-विलाययति, विलापयति। इस सूत्र मे ईकारान्त ली धातु * का ग्रहण इसलिये है कि जिस पक्ष मे (४००) सूत्र से आकारादेश होता है वहां नुक् का आगम न हो।

४८७—लियः सम्माननशालीनीकरणयोश्च ॥ १ । ३ । ७० ॥

सत्कार, तिरस्कार और ठगने अर्थ मे णिजन्त ली धातु से आत्मनेपद हो। जटाभिरालापयते। अर्थात् जटाओ से सत्कार को प्राप्त होता है। श्येनो वर्तिकामुल्लापयते। बाज़ पखेरू बतक का तिरस्कार करता है। कस्त्वामुल्लापयते। कौन तुझको ठगता है।

---

*ईकारान्त कहने से प्रयोजन यह है कि (ली–इ) ऐसा भाष्यकार ने प्रश्लेष करके व्याख्यान दिखाया है॥

४८८–बिभेतेर्हेतुभये ॥ ६ । १ । ५६ ॥

णिच् प्रत्यय परे हो तो हेतु से भय अर्थ मे 'भी' धातु के एच् को विकल्प से आकार आदेश हो।

४८९–भीस्म्योर्हेतुभये ॥ १ । ३ । ६८ ॥

हेतुभय अर्थ से णिजन्त 'भी' और 'स्मि' धातु से आत्मनेपद हो। आकारादेश पक्ष मे—मुण्डो भापयते। और जहा आकारादेश न हुआ वहा यह विशेष है—

४९०–भियो हेतुभये षुक् ॥ ७ । ३ । ४० ॥

णिच् परे हो तो हेतुभय अर्थ मे 'भी' धातु को षुक् का आगम हो। जटिलो भीषयते। जटाधारी डरपाता है। यहा [सूत्रस्थ] 'भी' धातु मे महाभाष्यकार ने ईकार का प्रश्लेष माना है, इससे आकारान्त 'भी' धातु को षुक् नहीं होता है। "स्मि" धातु मे यह विशेष है—

४९१–नित्यं स्मयतेः ॥ ६ । १ । ५७ ॥

णिच् परे हो तो हेतुभय अर्थ मे स्मि धातु को नित्य ही आकारादेश हो। जटिला विस्मापयते। और जहां हेतुभय अर्थ नही है वहां—कुञ्चिकयैनं विस्माययति। यहा कूची से भय है, किन्तु हेतु प्रयोजक कर्ता से नहीं है।

४९२–स्फायो वः ॥ ७ । ३ । ४१ ॥

णिच् परे हो तो स्फायि अङ्ग को वकारादेश हो। स्फावयति।

४९३–शदेरगतौ तः ॥ ७ । ३ । ४२ ॥

णिच् परे हो तो गतिभिन्न अर्थ मे वर्तमान शद अङ्ग को तकारादेश हो। पुष्पाणि शातयति। और गति अर्थ मे तो—गोपालो गाः शादयति। यहां चलाना अर्थ है।

४६४—रुहः पोऽन्यतरस्याम् ॥ ७ । ३ । ४३ ॥

णिच् परे हो तो रुह् अङ्ग को पकारादेश विकल्प करके होवे। रोपयति।

४६५—क्रीङ्जीनां णौ ॥ ६ । १ । ४८ ॥

णिच् प्रत्यय परे हो तो क्री, इङ् और जि धातुओं के एच् को आकारादेश हो। आकारादेश होकर पुक् (४६२)—क्रापयति, अध्यापयति, जापयति। इङ् धातु में कुछ विशेष है—

४६६—णौ च संश्चङोः ॥ २ । ४ । ५१ ॥

सन् और चङ् जिससे परे हो ऐसा णिच् परे हो तो इङ् धातु को गाङ् आदेश विकल्प करके होवे। अध्यजीगपत्, अध्यापिपत्।

४६७—सिध्यतेरपारलौकिके ॥ ६ । १ । ४९ ॥

णिच् परे हो तो सांसारिक पदार्थों की सिद्धि करने अर्थ में वर्तमान जो सिध्यति धातु है उसके एच् को आकारादेश हो। अन्नं साधयति। अलौकिक ग्रहण इसलिये है कि "तपस्तापसं सेधयति" [आकारादेश न हो]॥

"चापयति, स्फारयति" यहां (४६२) इस सूत्र से आकारादेश होता है।

४६८—प्रजने वीयतेः ॥ ६ । १ । ५५ ॥

णिच् परे हो तो गर्भधारण कराने अर्थ में वर्तमान वी धातु के एच् को आकारादेश विकल्प करके हो। पुरोवातो गाः प्रवापयति, प्रवाययति वा।

"गूहयति" (२३५) सूत्र से उपधा को ऊकार होता है।

४९९—दोषो णौ ॥ ६ । ४ । ९० ॥

णिच् परे हो तो दुष् धातु के उपधा ओकार को ऊकारादेश हो। दूषयति।

५००—वा चित्तविरागे ॥ ६ । ४ । ९१ ॥

णिच् परे हो तो चित्त बिगाड़ने अर्थ मे दुष् धातु के ओकार को विकल्प करके ऊकारादेश हो। चित्तं दूषयति, दोषयति वा कामः ॥ जितने मित्सञ्ज्ञक धातु भ्वादि और चुरादिगण मे लिख चुके हैं उन सब की उपधा को ह्रस्व (४६१) से होता है। जैसे—घटमान प्रयोजयति, घटयति, जनयति, जरयति। रञ्ज धातु मे यह विशेष है—

५०१-वा०-रञ्जेर्णौ मृगरमणे ॥ ६ । ४ । २४ ॥

णिच् परे हो तो मृगरमण[1] अर्थ मे रञ्ज धातु के उपधा नकार का लोप हो। मृगान् रजयति। अन्यत्र—रञ्जयति वस्त्राणि ॥ गच्छन्त प्रयोजयति गमयति, अजीगमत्, ज्वलयति, ज्वालयति।

५०२-णौ गमिरबोधने ॥ २ । ४ । ४६ ॥

णिच् परे हो तो अबोधन अर्थ मे वर्तमान इण् धातु को गमि आदेश हो। यन्तं प्रयोजयति गमयति। बोधन अर्थ मे तो—प्रत्या-

---

१. मृगरमण का अर्थ आखेट = शिकार खेलना है। सस्कृत मे मृग शब्द व्याघ्रादि हिसक प्राणियों के लिये भी प्रयुक्त होता है। यथा—मृगो न भीम कुचरो गिरिष्ठा. (ऋ० १० । १८० । २)। यहा मृग का विशेषण 'भीम' = भयानक लिखा है। कागडा जिले के ग्रामीण लोग चीते के लिये मृग शब्द का व्यवहार करते हैं। अत एव सस्कृत भाषा मे शिकार के लिये मृगया शब्द का व्यवहार होता है। प्रजा और कृषि की रक्षा के लिये मृगया = हिसक प्राणियो का आखेट क्षत्रियो का धर्म है।

ययति। इक् धातु को भी इण्वत् कार्य (३४७) वार्तिक से होता है—अधिगमयति।

५०३-हनस्तोऽचिण्णलोः ॥ ७ । ३ । ३२ ॥

चिण् और णल्भिन्न ञित् णित् प्रत्यय परे हो तो हन् धातु को तकारादेश हो। घातयति। यहां (३०४) से कुत्व हो जाता है॥ ईर्ष्ययति—

५०४-वा०-ईर्ष्यतेस्तृतीयस्य द्वे भवत इति वक्तव्यम् ॥ ६ । १ । ३

ईर्ष्य धातु के द्वित्वप्रसंग मे तृतीय व्यञ्जन वा तृतीय एकाच् अवयव को द्वित्व आदेश हो। ऐर्ष्यियत्, ऐर्षिष्यत्[1]। यहा तृतीय के कहने से षकार को द्वित्व नही होता है। नाथयति, अननाथत्॥

॥ इति णिजन्तप्रक्रिया समाप्ता ॥

१ जिस पक्ष में 'तृतीय' पद का सबन्ध एकाच् के साथ होता है उस पक्षमें तृतीय एकाच् के न होने से उत्सर्ग प्राप्त द्वितीय एकाच् को ही द्वित्व होता है।

अथ सन्नन्तप्रक्रिया

५०५–धातोः कर्मणः समानकर्तृकादिच्छायां वा ॥ ३ । १ । ७ ॥

जो धातु इष धातु का कर्म हो और इष धातु के साथ समान-कर्तृक हो उस धातु से इच्छा अर्थ में विकल्प करके सन् प्रत्यय हो। पठितुमिच्छति, पिपठिषति। कर्म ग्रहण इसलिये है कि 'गमनेनेच्छति' यहां करण से न हो। समानकर्ता इसलिये कहा है कि—देवदत्तस्य भोजनमिच्छति यज्ञदत्त। विकल्पग्रहण से एक पक्ष में वाक्य भी होता है। पिपठिषांचकार, पिपठिषिता, पिपठिषिष्यति, पिपठिषिषति, पिपठिषिषाति, पिपठिषति, पिपठिषाति, पिपठिषतु, अपिपठिषत्, पिपठिषेत्, पिपठिष्यात्, अपिपठिषीत्, अपिपठिषिष्यत्। अद् धातु को घस्लृ आदेश (३०२) से होता है। अत्तुमिच्छति–जिघत्सति। ईर्ष्य धातु के तृतीय एकाच् (५०४) को द्वित्व होता है।[1] ईर्ष्यिषिषति।

५०६–रुदविदमुषग्रहिस्वपिप्रच्छः संश्च ॥ १ । २ । ८ ॥

रुदादि धातुओं से परे जो सन् और क्त्वा सो किद्वत् हो। रुरुदिषति, विविदिषति, मुमुषिषति। इन में कित् मानकर गुणादेश नहीं होता।

५०७—सनि ग्रहगुहोश्च ॥ ७ । २ । १२ ॥

ग्रह, गुह और उगन्त धातुओं से परे जो सन् उसको इट् का

१ देखो आ० ५०४ सूत्र।

आगम न हो। जिघृत्तति। यहां (२८६) से संप्रसारण होता है। सुषुप्सति (२८३) से संप्रसारण।

५०८—किरश्च पञ्चभ्यः ॥ ७ । २ । ७५ ॥

कृ गृ दृङ् धृङ् और प्रच्छ इन पांच धातुओं से परे सलादि सन् आर्धधातुक को इट् का आगम हो। पिपृच्छिषति, चिकरिषति, जिगरिषति, जिगलिषति,[1] दिदरिषते, दिधरिषते।

५०९—इको झल् ॥ १ । २ । ९ ॥

इगन्त से परे जो झलादि सन् वह कित् हो। भवितुमिच्छति—बुभूषति, पुपूषति, पुपूषते; लुलूषति, लुलूषते।

५१०—हलन्ताच्च ॥ १ । २ । १० ॥

इक्समीपवर्ती हल् से परे झलादि सन् कित् हो। तितिप्सते, जुघुत्तति, बिभित्सति। इग्ग्रहण इसलिये है कि 'यियत्तते' यहां कित् के न होने से संप्रसारण न हुआ। झल् इसलिये है कि 'विवर्द्धिषते'। हल्ग्रहण यहां जातिपरक है इससे—तितृत्तति[2], तितृंहिषति।

५११—अज्झनगमां सनि ॥ ६ । ४ । १६ ॥

---

१. अचि विभाषा (आ० ४३२) से लत्व का विकल्प होता है।

२. तृहू धातु के उदित् होने से इडभाव (१४०) पक्ष में सन् को कित् होकर अनुनासिक लोप और लघूपध गुण का अभाव होता है।

अजन्त, हन और अजादेश[1] गम धातु को दीर्घ हो झलादि सन् परे हो तो। जेतुमिच्छति–जिगीषति। चिकीषति, चिचीषति। यहां (४१७) से कुत्वविकल्प। हन्तुमिच्छति जिघांसति।

५११–सनि च ॥ २। ४। ४७ ॥

सन् परे हो तो इङ् धातु को गमि आदेश हो। अधिजिगांसते। यहां (५११) से दीर्घ होगया। अजादेश ग्रहण से गम् धातु को दीर्घ नहीं होता है इससे 'सजिगंसते' यहां उपधादीर्घ न हुआ।

५१४–रलो व्युपधाद्धलादेः सश्च ॥ १। २। २६ ॥

इकार और उकार जिसकी उपधा और हल् आदि तथा रल् अन्त मे हो उस से परे सेट् क्त्वा और सन् [विकल्प से] कित्सञ्ज्ञक हो। दिद्युतिषते, दिद्योतिषते (२१८), रुरुचिषते, रुरोचिषते; लिलिखिषति, लिलेखिषति। रल्ग्रहण इसलिये है कि 'दिदेविषति'। इ, उ, उपधा मे इसलिये कहा कि–विवर्त्तिषते। हलादि इसलिये है कि 'एपिषिषति'। यहा नित्य द्वित्व को भी बाधकर पूर्व गुणादेश होता है।

---

१. महाभाष्यकार ने इस सूत्र का योगविभाग करके उक्त अर्थ दर्शाया हे। "अच."—अजन्त अग को दीर्घ होता है झलादि सन् परे रहने पर। यथा—चिचीषति। "हनिगम्योश्च"—'अच.' की अनुवृत्ति है। अजादेश जो हन और गम उस को दीर्घ होता है। यहां अजादेश केवल गम का विशेपण है, हन का नही, असम्भव होने से। इक् और इण् के स्थान में जो गमादेश होता है उस को दीर्घ नही होता, क्योंकि 'जिगमिषति, अधिजिगमिषति' में सन् को इडागम होता है।

५१५—सनीवन्तर्धभ्रस्जदम्भुश्रिस्वृयूर्णुभरज्ञपिसनाम् ॥ ७ । २ । ४६ ॥

इवन्त, ऋधु, भ्रस्ज, दम्भु, श्रि, स्वृ, यु, ऊर्णु, भर, ज्ञपि और सन् इन अङ्गो से परे वलादि सन् आर्धधातुक को विकल्प करके इट् का आगम हो। दिदेविषति, दुद्यूषति, सिसेविषति, सुस्यूषति, अर्दिधिषति। अनिट् पक्ष मे—

५१६—आप्ज्ञप्यृधामीत् ॥ ७ । ४ । ५५ ॥

सकारादि सन् प्रत्यय परे हो तो आप, ज्ञपि और ऋध अङ्गो के अच् को ईकारादेश होवे।

५१७—अत्र लोपोऽभ्यासस्य ॥ ७ । ४ । ५८ ॥

इस (अ० ७ । ४ । ५४) से लेकर (अ० ७ । ४ । ५७) इस सूत्र पर्यन्त जिन धातुओं से इस् आदि का विधान किया है उनके अभ्यास का लोप होवे। आप्तुमिच्छति, ईप्सति, अर्धितुमिच्छति, ईर्त्सति। यहां धकार को चर्त्व और ईकार को रपरभाव होता है। बिभ्रज्जिषति, बिभर्जिषति (४२७) रेफ और उपधा को रम् आगम का विकल्प। अनिट् पक्ष मे बिभ्रक्षति, बिभर्क्षति।

५१८—दम्भ इच्च ॥ ७ । ४ । ५६ ॥

सकारादि सन् परे हो तो दम्भ धातु के अच् को इकार और ईकार होवे। पूर्व सूत्र से अभ्यासलोप और (५१०) सूत्र में हल् करके हल्जाति का ग्रहण होने से सन् को कित्त्व होकर नकारलोप (१३९) होता है। धिप्सति, धीप्सति। सेट् पक्ष मे—दिदम्भिषति। शिश्रीषति, शिश्रयिषति, सुस्वूर्षति (५११, ३८०) ऋ को उर् आदेश। सिस्वरिषति, यियविषति (४७२) अभ्यास को इत्। युयूषति। कित्त्व (५०९) होकर दीर्घ (५११) होजाता है। ऊर्णुनु-

विषति (३२७) ङित्त्व का विकल्प। ऊर्णुनुविषति, ऊर्णुनूषति।(५१५) सूत्र में भर कहने से भ्वादिगण के भृञ् धातु का ग्रहण है-बिभरिषति, बुभूर्षति (३८०), जिज्ञपयिषति, ज्ञीप्सति (५१६) से ईकार और अभ्यास का लोप। (५१७) सिसनिषति, सिषासति (३८४) आकारादेश।

५१६-वा०-तनिपतिदरिद्राणामुपसंख्यानम् ॥ ७।२।४६॥

तन, पत और दरिद्रा धातुओं से परे जो वलादि सन् आर्धधातुक उसको विकल्प से इट् का आगम होवे।

५२०-तनोतेर्विभाषा ॥ ६।४।१७॥

झलादि सन परे हो तो तन अङ्ग की उपधा को विकल्प करके दीर्घ होवे। तितनिषति, तितांसति, तितंसति।

५२१—वा०—आशङ्कायामुपसंख्यानम् ॥ ३।१।७॥

संदेह करने अर्थ में धातु से सन् प्रत्यय हो। पतितुमिच्छति कूलं—पिपतिषति, श्वा मुमूर्षति।

५२२—सनि मीमाघुरभलभशकपतपदामच इस् ॥ ७।४।५४॥

सकारादि सन् परे हो तो मी, मा, घु, रभ, लभ, शक, पत और पद इन धातुओं के अच् को इस् आदेश होवे। पिस्त्+सन् तिप्=पित्सति (२१०) से सलोप और (५१७) अभ्यास का लोप हो जाता है। दिदरिद्रिषति, दिदरिद्रासति। 'मी' से डुमिञ् और मीङ् दोनो का ग्रहण है। मित्सति, (२१६) इस के स को तकार। मा माने—मित्सति, माङ्, मेङ्—मित्सते। दा, दाण्—

दित्सति, देङ्—दित्सते, दाञ्—दित्सति, दित्सते। धेट्—धित्सति, धाञ्—धित्सति, धित्सते। रभ—रिप्सते। लभ—लिप्सते। शक्लृ—शिक्षति। शक्—शिक्षति, शिक्षते। पद—पित्सते।

५२३–वा०–इस्त्वं सनि राधो हिंसायाम्॥ ७।४।५६॥

सन् परे हो तो हिंसा अर्थ में वर्तमान राध धातु के अच् को इस् आदेश और अभ्यास का लोप होवे। प्रतिरित्सति। हिंसा अर्थ से अन्यत्र—आरिरात्सति।

५२४—मुचोऽकर्मकस्य गुणो वा॥ ७।४।५७॥

सकारादि सन् परे हो तो अकर्मक मुच धातु को विकल्प से गुण और अभ्यास का लोप होवे। प्रयोजन यह है कि (५१०) सूत्र से किन्त्व नित्य प्राप्त है उस का विकल्प हो जावे। मोक्षते, मुमुक्षते वा वत्सः स्वयमेव। अकर्मक ग्रहण इसलिये है कि 'मुमुक्षति वत्सं देवदत्तः' यहां गुण न होवे॥ वृतु आदि चार धातुओं से परे सादि आर्धधातुक को इट् का निषेध (२२२) विवृत्सति (२२१) परस्मैपदविधि। निनर्त्तिषति, निनृत्सति (३९७) से इट् का विकल्प। चिकर्त्तिषति, चिकृत्सति, चिचर्तिषति, चिचृत्सति, चिछर्दिषति, चिछृत्सति।

५२५—इट् सनि वा॥ ७।२।४१॥

वृङ् वृञ् और ॠकारान्त धातुओं से सन् को इडागम विकल्प करके हो। तितरिषति, तितरीषति (२६४) इट् को दीर्घ विकल्प। अनिट् पक्ष में—तितीर्षति। विवरिषति, विवरीषति, वुवूर्षति, विवरिषते, विवरीषते, वुवूर्षते। वृङ्—विवरिषते, विवरीषते, वुवूर्षते इत्यादि।

५२३—स्मिपूङ्रञ्ज्वशां सनि ॥ ७।२। ७४ ॥

सन् परे हो तो स्मिङ्, पूङ्, ऋ, अञ्जू, अशू इन धातुओं को इट् का आगम होवे। स्मेतुमिच्छति सिस्मयिषते, पिपविषते "ओ. पुयणज्यपरे"[1] सूत्र से अभ्यास को इकारादेश होता है। पिपावयिषति, अरिरिषति, अञ्जिजिषति, अशिशिषते, पूञ्-पुपूषति, उच्छ—उचिच्छिषति। चुरादिगण तथा अन्य सब धातु हेतुमान् णिजन्तों से भी इच्छा अर्थ में सन् प्रत्यय होता है। जैसे—पाठयितुमिच्छति-पिपाठयिषति, अध्यापयितुमिच्छति--अधिजिगापयिषति (४९६) इङ् को गाङ् आदेश विकल्प-अध्यापिपयिषति, शिश्वापयिषति, शुशावयिषति (४७४) श्वि को सम्प्रसारण। जुहावयिषति, सम्प्रसारण। पुस्फारयिषति, चुच्चावयिषति, यियावयिषति, बिभावयिषति, रिरावयिषति, लिलावयिषति, जिजावयिषति (४७२)। पु, यण्, जि ग्रहण[2] इसलिये है कि 'नुनावयिषति'। अकार परे इसलिये कहा है कि 'बुभूषति'। (४७३) सूत्र से स्रव आदि के अभ्यास को इत्व का विकल्प होकर—सिस्रावयिषति, सुस्रावयिषति इत्यादि। तुष्टूषति, सुष्वापयिषति, सिषाधयिषति, तिष्ठासति, सुषुप्सति, प्रतीषिषति, अर्धीषिषति, एधितुमिच्छति एदिधिषति, इस प्रक्रिया में भी सामान्य और विशेष सूत्रों में सब धातुओं का सम्बन्ध करके प्रयोग व्यवस्था जानो।

॥ इति सन्नन्तप्रक्रिया समाप्ता ॥

---

१. आ० ४७२। २ ओ पुयणज्यपरे (आ० ४७२) सूत्र में।

अथ यङन्तप्रक्रिया

५२७—धातोरेकाचो हलादेः क्रियासमभिहारे यङ् ॥ ३ । १ । २२ ॥

क्रिया के वार वार शीघ्र वा निरन्तर अर्थ मे हलादि एकाच् धातुओं से यङ् प्रत्यय होवे। (१६७) से धातुसंज्ञा और (२६८) से द्वित्व होकर—

५२८—गुणो यङ्लुकोः ॥ ७ । ४ । ८२ ॥

यङ् और यङ्लुक् परे हो तो अङ्ग के इगन्त अभ्यास को गुणादेश हो। पुनः पुनरतिशयेन भृशं वा भवतीति बोभूयते, बोभूयांचक्रे, बोभूयांबभूव, बोभूयामास, बोभूयिता, बोभूयिष्यते, बोभूयिषतै, बोभूयिषातै, बोभूयताम्, अबोभूयत, बोभूयेत, बोभूयिषीष्ट, अबोभूयिष्ट, अबोभूयिष्यत। धातुग्रहण आर्धधातुक सञ्ज्ञा होने के लिये है। एकाच्ग्रहण इसलिये है कि 'पुन. पुनर्जागर्ति' यहा यङ् न हो। हलादिग्रहण इसलिये है कि 'भृशमीक्षते'। जिस धातु* के यङन्त प्रयोग से शीघ्र आदि अर्थ विदित नहीं होते है उससे यङ् प्रत्यय नहीं होता। जैसे—भृशं शोभते, भृश रोचते।

---

* तच्चावश्यमनभिधानमाश्रयितव्य क्रियमाणेऽपि ह्येकाज्झलादिग्रहणे यत्रैकाचो हलादेश्चोत्पद्यमानेन यङार्थस्याभिधान न भवति, न भवति तत्रोत्पत्तिः। तद्यथा—भृशं शोभते, भृशं रोचते। महाभाष्य अ० ३। पा० १। सू० २२ ॥

५२९—वा०—सूचिसूत्रिमूत्र्यट्यर्त्यशूर्णोतीनां ग्रहणं यङ्विधावनेकाजहलाद्यर्थम् ॥ ३।१।२२॥

यङ्विधान में अनेकाच् और अहलादि धातुओं के अर्थ सूचि, सूत्रि, मूत्रि, अटि, अर्ति, अशू, ऊर्णु इन धातुओं का ग्रहण कर्तव्य है। अर्थात् (५२७) सूत्र में एकाच् और हलादिग्रहण से सूचि आदि धातुओं से यङ् नहीं प्राप्त है वह हो। सोसूच्यते, सोसूत्र्यते, मोमूत्र्यते।

५३०—यस्य हलः ॥ ६।४।४९॥

आर्धधातुक विषय में हल् से परे यकार का लोप हो। सोसूच्य+अम्+कृ+एश्=सोसूचाञ्चक्रे, सोसूचिता, सोसूत्रिता, मोमूत्रिता।

५३१—दीर्घोऽकितः ॥ ७।४।८३॥

यङ् और यङ्लुक् परे हो तो अङ्ग के अकित् अभ्यास का दीर्घ हो। अट् आदि अजादि धातुओं में यङन्त द्वितीय एकाच् अवयव 'ट्य' मात्र को द्वित्व होता है। अटाट्यते, अटाटाञ्चक्रे, अटाटिष्यते।

५३२—यङि च ॥ ७।४।३०॥

यङ् परे हो तो ऋ और संयोगादि ऋकारान्त धातु को गुणादेश होवे। अरार्यते[1], अशाश्यते, अराराञ्चक्रे, अरारिता, अशाशिता,

---

१. यहा 'न न्द्रा. संयोगादय.' (अ० ३२६) मे रेफ को द्विर्वचन का निषेध प्राप्त होता है। परन्तु महाभाष्यकार के वचन सामर्थ्य (ऐसा उदाहरण देने) से द्विर्वचन का निषेध प्रवृत्त नही होता। काशिकाकार ने 'यकारपरस्य रेफस्य प्रतिषेधो न भवतीति वक्तव्यम्' (काशिका ६। १।३) ऐसा स्पष्ट वचन पढा है।

ऊर्णोनूयते, बेभिद्यते, बेभिदिता । यहां अकारलोप को स्थानिवत् मानने से उपधा को गुण नहीं होता[२] ।

५३३—नित्यं कौटिल्ये गतौ ॥ ३ । १ । २३ ॥

कुटिलता अर्थ मे गत्यर्थक धातुओं से नित्य ही यङ् प्रत्यय हो, अर्थात् क्रियासमभिहार अर्थ मे जो यङ् (५२७) कहा है वहां उसी अर्थ में लकारार्थ प्रक्रिया में पाक्षिक लोट् भी होगा, परन्तु गत्यर्थ धातुओ से कुटिलगति मे यङ् ही होगा लोट् नही । कुटिलं व्रजति, वाव्रज्यते, वावज्यते ।

५३४—लुपसदचरजपजभदहदशगॄभ्यो भावगर्हायाम् ॥ ३ । १ । २४ ॥

धात्वर्थ की निन्दा मे लुप् आदि धातुओ मे यङ् प्रत्यय हो। लुप् आदि से क्रियासमभिहार मे यङ् नही होता, किन्तु निन्दा मे ही होता है। गर्हितं लुम्पति लोलुप्यते, निन्दितं सीदति सासद्यते ।

५३५—चरफलोश्च ॥ ७ । ४ । ८७ ॥

यङ् और यङ्लुक् परे हो तो चर और फल धातु के अभ्यास को नुक् आगम होवे ।

५३६—वा०-अनुस्वारागमः पदान्तवच्च ७ । ४ । ८५ ॥

नुक् के स्थान मे अनुस्वार आगम कहो और उसको पदान्त के समान कार्य हों ।

---

२. अथवा 'न धातुलोप आर्धधातुके' (आ० ५५४) सूत्र से गुण का प्रतिषेध समझना चाहिये ।

५३७—उत्परस्यातः ॥ ७ । ४ । ८८ ॥

यङ् और यङ्लुक् परे हो तो चर और फल धातु के अभ्यास से पर अकार को उकारादेश हो। चञ्चूर्यते[1], चंचूर्यते (१९७) दीर्घ। पम्फुल्यते, पंफुल्यते।

५३८—जपजभदहदशभञ्जपशां च ॥ ७ । ४ । ८६ ॥

यङ् और यङ्लुक् परे हो तो जप, जभ, दह, दश, भञ्ज और पश धातुओं के अभ्यास को नुक् का आगम होवे। कुत्सितं जपति, जञ्जप्यते, जजप्यते, जंजभ्यते, दंदह्यते, दन्दश्यते, [बंभज्यते,] पश धातु सौत्र है किसी गण का नहीं—पंपश्यते।

५३९—ग्रो यङि ॥ ८ । २ । २० ॥

यङ् परे हो तो गृ धातु के रेफ को लकारादेश हो। गर्हितं गिरति जेगिल्यते। अतिशयेन पुनः पुनर्वा ददाति देदीयते, देधीयते, मेमीयते, तेष्ठीयते, जेगीयते, पेपीयते, जेहीयते, अवसेषीयते। यहां सर्वत्र (३४६) से द्वित्व से पूर्व ईकारादेश होता है। शोशूयते, शेश्वीयते, यहां (२९४) से सम्प्रसारण विकल्प। अतिशयेन प्यायते पेपीयते, यहां (१९३) सूत्र प्यायी धातु को पी आदेश। सास्मर्यते, सास्वर्यते (२५४) से ऋकार को गुण होता है।

५४०—रीङ् ऋतः ॥ ७ । ४ । २७ ॥

कृत् और सार्वधातुकभिन्न यकारादि और च्वि प्रत्यय परे हों तो ऋकारान्त अङ्ग को रीङ् आदेश हो। चेक्रीयते, जेह्रीयते, देध्रीयते, वेव्रीयते।

---

1. पदान्तवद्भाव का विधान (आ० ५३६) होने से 'वा पदान्तस्य' (सन्धि० १९८) से विकल्प से परसवर्णादेश होता है।

५४१—न कवतेर्यङि ॥ ७ । ४ । ६३ ॥

यङ् परे हो तो कुङ् धातु के अभ्यास को चुत्व न हो। अतिशयेन—कवते कोकूयते, अतिशयेन कुवति—चोकूयते।

५४२—कृषेश्छन्दसि ॥ ७ । ४ । ६४ ॥

यङ् परे हो तो वेदविषय मे कृष् धातु के अभ्यास को चुत्व न हो। करीकृष्यते यज्ञकुणपः। अन्यत्र लोक मे—चरीकृष्यते कृषीवलः।

५४३—नीग्वञ्चुस्रंसुध्वंसुभ्रंसुकसपतपदस्कन्दाम् ॥ ७ । ४ । ८४ ॥

यङ् और यङ्लुक् परे हो तो वञ्चु, स्रसु, ध्वसु, भ्रसु, कस, पत, पद और स्कन्द के अभ्यास को नीक् आगम हो। वनीवच्यते। (५३१) इस सूत्र मे अकित् कहने से दीर्घ नही होता। सनीस्रस्यते, दनीध्वस्यते, बनीभ्रस्यते। यहा (१३९) से नलोप होता है। चनीकस्यते, पनीपत्यते, पनीपद्यते, चनीस्कद्यते।

५४४—नुगतोऽनुनासिकान्तस्य ॥७।४।८५॥

यङ् और यङ्लुक् परे हो तो अनुनासिकान्त अङ्ग के अकारान्त अभ्यास को नुक् आगम हो। तन्तन्यते, जंगम्यते, यंयम्यते। तपरग्रहण से पूर्व दीर्घ अभ्यास को नुक् नही होता। यथा—बाभाम्यते, जाजायते, जञ्जन्यते, यहां (१८५) सूत्र से आकारादेश विकल्प से होता है।

५४५—हन्तेर्हिंसायां यङि घ्नीभावो वक्तव्यः ॥ ७ । ४ । ३० ॥

यङ् प्रत्यय परे हो तो हिसा अर्थ में हन् धातु को घ्नी आदेश हो। अतिशयेन हन्ति जेघ्नीयते। हिसा से अन्यत्र—जंघन्यते।

५४६—रीगृदुपधस्य च ॥ ७ । ४ । ६० ॥

यङ् और यङ्लुक् परे हों तो ऋदुपध धातु के अभ्यास को रीक् का आगम हो अतिशयेन वर्तते, वरीवृत्यते, वरीवृध्यते, नरीनृत्यते । यहां (४५३) इस सूत्र से णत्व का निषेध होता है । चलीक्लृप्यते । यहां २२३) से लत्व होता है ।

५४६—रीगृत्वत इति वक्तव्यम् ॥७।४।६०॥

(रीगृदु०) यहां ऋकारवान् धातु के अभ्यास को रीक् कहना चाहिये । पुनः पुनर्वृश्चति वरीवृश्च्यते, परीपृच्छ्यते ।

५४८—स्वपिस्यमिव्येञां यङि ॥ ६।१।१६ ॥

यङ् परे हो तो स्वपि, स्यमि और व्येञ् धातु को सम्प्रसारण हो। सोषुप्यते, सेसिम्यते, वेवीयते ।

५४६—न वशः ॥ ६ । १ । २० ॥

यङ् परे हो तो वश धातु को संप्रसारण न हो । वावश्यते ।

५५०—चायः की ॥ ६ । १ । २१ ॥

यङ् परे हो तो चाय् धातु का की आदेश हो । अतिशयेन चायते, चेकीयते ।

५५१—ई घ्राध्मोः ॥ ७ । ५ । ३१ ॥

यङ् परे हो तो घ्रा, ध्मा धातुओं को इकारादेश हो । अतिशयेन पुन. पुनर्वा जिघ्रति जेघ्रीयते, देध्मीयते ।

५५२—अयङ् यि क्ङिति ॥ ७ । ४ । २२ ॥

यकारादि किन् ङित् प्रत्यय परे हो तो शीङ् धातु को अयङ् आदेश हो । भृश शेते शाशय्यते, डोढौक्यते, तोत्रौक्यते । यहां अभ्यास को ह्रस्व होकर गुण हो जाता है । अतिशयेन प्रीणाति, पेप्रीयते ।

इति यङन्तप्रक्रिया समाप्ता ॥

अथ यङ्लुगन्त प्रक्रिया

५५३—यङोऽचि च ॥ २ । ४ । ७४ ॥

अच् प्रत्यय परे हो तो यङ् का लुक् हो, तथा चकार से उसके विना भी बहुल करके लुक् हो ।

५५४—न धातुलोप आर्धधातुके ॥ १ । १ । १६ ॥

आर्धधातुक को निमित्त मान कर जहां धात्ववयव का लोप हुआ हो, वहां इक् के स्थान में गुण वृद्धि न हो । अतिशयेन यो लोलूयते स लोलुवः, पापुवः, सनीस्रसः, दनीध्वसः । "दाधर्त्ति०" इस अगले (५५६) सूत्र में 'तेतिक्ते' इस प्रयोग में यद्यपि प्रत्ययलक्षण मानकर आत्मनेपद सिद्ध है तथापि आत्मनेपद निपातन से यह ज्ञापन है कि अन्यत्र यङ्लुगन्त धातुओं से परस्मैपद[1] होता है । यहाँ अन्तरङ्गत्व मानकर द्वित्व से पूर्व यङ्लुक् होता है । प्रत्ययलक्षण से द्वित्व, लट् आदि लकारों की उत्पत्ति परस्मैपद और विकरणों का उत्सर्ग शप् विकरण होता है । [अदादिगण में "चर्करीतं च" गणसूत्र का पाठ होने यङ्लुक् को आदादिक मानकर शप् का लुक् होता है] ।

५५५—यङो वा ॥ ७ । ३ । ९४ ॥

यङ् से परे हलादि पित् सार्वधातुक को ईट् का आगम विकल्प करके हो । शाकुनिको लालपीति, दुन्दुभिर्वावदीति, त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति ।

---

१. देखो पूर्व पृष्ठ २३७, टि० २ ।

५५६—दाधर्तिदर्धर्तिदर्धर्षिबोभूतुतेतिक्तेऽलर्ष्यापनीफणत्संसनिष्यदत्करिक्रत्कनिक्रदद्भरिभ्रद्दविध्वतोदविद्युतत्तरित्रतःसरीसृपतंवरीवृजन्मर्मृज्यागनीगन्तीति च ॥ ७ । ४ । ६५ ॥

दाधर्ति, दर्धर्ति, दर्धर्षि बोभूतु, तेतिक्ते, अलर्षि, आपनीफणत्, संसनिष्यदत्, करिक्रत्, कनिक्रदत्, भरिभ्रत्, दविध्वतः, दविद्युतत्, तरित्रतः, सरीसृपतम्, वरीवृजत्, मर्मृज्य और आगनीगन्ति ये अष्टादश वेद में निपातन हैं। दाधर्ति—यहाँ धारि और धृञ् धातु से श्लु वा यङ्लुक् में अभ्यास का दीर्घ और णिच्लोप निपातन है। दर्धर्ति—में प्रत्यय के श्लु होने पर अभ्यास को रुक आगम, तथा दर्धर्षि में भी। बोभूतु—में यङ्लुगन्त भू धातु से लोट् प्रथमैकवचन में गुण का निषेध निपातन है। यद्यपि (९३) सूत्र से गुण का निषेध हो जाता, फिर यहाँ गुण के अभाव निपातन से 'बोभवीति' आदि में (९३) सूत्र से गुण का निषेध नहीं होता। तेतिक्ते—में यङ्लुगन्त तिज धातु से आत्मनेपद निपातन किया है। अलर्षि—यहाँ जुहोत्यादि ऋ धातु से लट् मध्यमैकवचन में अभ्यास के हलादि शेष रेफ को लत्व निपातन है। यहाँ सिप् निर्देश उपलक्षणमात्र है, इससे 'अलर्ति दक्षः' इत्यादि में उक्त कार्य होता है। आपनीफणत् में आङ्पूर्वक यङ्लुगन्त फण धातु के अभ्यास को नीक् आगम शतृ प्रत्यय में निपातन है। संसनिष्यदत्—में सम्पूर्वक यङ्लुगन्त स्यन्दू धातु को शतृ परे हो तो अभ्यास को निक् आगम [तथा धातु के सकार को षत्व] निपातन है। यहाँ सम्पूर्वक होना अतन्त्र है, इससे 'आसनिष्यदत्' यहाँ भी उक्त कार्य होता है। करिक्रत्—यहाँ कृञ् धातु के अभ्यास का चुत्व न होना तथा उसके ककार को रिक् आगम [शतृ प्रत्यय के रहते] निपातन है।

कनिक्रदत्—मे लुङ् मे क्रन्द से परे च्लि को अङ् आदेश, धातुद्विर्वचन अभ्यास को चुत्व न होना और निक् आगम निपातन है। भरिभ्रत्—में यङ्लुगन्त भृञ् धातु के अभ्यास को जश्त्व और इत्व का होना और रिक् आगम निपातन है। दविध्वत.—में यङ्लुगन्त ध्वृ धातु के अभ्यास को विक् आगम और ऋलोप शतृपूर्वक जस् विभक्ति के परे निपातन है। दविध्वतो रश्मय सूर्यस्य। दविद्युतत्—में यङ्लुगन्त द्युत् धातु के अभ्यास को सम्प्रसारण निषेध, अकारादेश और विक् आगम निपातन है। तरित्रतः—मे तृ धातु को श्लु, शतृ प्रत्यय के परे षष्ठी के एकवचन मे अभ्यास को रिक् आगम निपातन है। सरीसृपतम्—मे सृप् धातु को श्लु, शतृ प्रत्यय क परे द्वितीया के एकवचन मे अभ्यास को रीक् आगम निपातन है। वरीवृजत्—मे वृजी धातु को श्लु, शतृ प्रत्यय के परे अभ्यास को रीक् आगम निपातन है। मर्मृज्य—में मृज धातु से लिट् णल् परे हो तो अभ्यास को रुक्, धातु को युक् निपातन है यहां मृज को लघूपध के अभाव से वृद्धि नहीं होती। आगनीगन्ति—मे आङ्पूर्वक गम धातु का श्लु होने मे लट् मे अभ्यास को चुत्व निषेध और नीक् आगम निपातन किया है। वक्ष्यन्ति वेदागनीगन्ति कर्णम्। "दाध०" इस सूत्र मे इति शब्द पढ़ने से इस प्रकार के अन्य प्रयोगो का भी संग्रह हाता है।

(२६१) इस सूत्र मे हु श्नु ग्रहण का मुख्य प्रयोजन यही है कि यङ्लुगन्त मे अजादि सार्वधातुक के परे इन को यणादेश न हो। इससे हु श्नु ग्रहण ज्ञापक है कि लोक मे भी सब लकारो के विषय में यङ्लुक होता है। यथा—अतिशयन पुनः पुनर्वा भिनत्ति बेभिदीति। यहा (३९०) से गुणनिषेध होता है। बेभेत्ति, बेभित्तः, बेभिदति, बेभिदीषि, बेभेत्सि, बेभित्थः, बेभित्थ, बेभिदीमि, बेभेद्मि, बेभिद्वः, बेभिद्म, बेभेदाञ्चकार, बेभेदामास, बेभेदाबभूव, बेभेदिता,

बेभेदिष्यति, बेभेदिषति, बेभेदिषाति, बेभिदति, बेभिदाति, बेभिदीतु, बेभेत्तु, अबेभिदीत्, अबेभेत्, अबेभेः, यहां (३५१) से रुत्वविकल्प होता है। अबेभेदीः, बेभिद्यात्, बेभिद्यास्ताम्, अबेभेदीत्, अबेभेदिष्टाम्, अबेभेदिष्यत्, चेच्छिदीति, चेछेत्ति इत्यादि। बोभवीति, बोभोति, बोभूतः, बोभुवति, बोभवाञ्चकार, बोभविता, अबोभवीत्, अबोभूताम्, अबोभवुः। यहां (३६३) से गुणादेश होता है। बोभूयात्, बोभूयाताम्, बोभूयास्ताम्, अबोभूवीत्। (९१) से सिच्लुक् तथा (३५) नित्यत्व मानकर वुक्। अबोभोत्, अबोभूताम्, अबोभवुः, अबोभविष्यत्।

अतिशयेन स्पर्द्धते, पास्पर्द्धीति। पास्पर्द्धि। पास्पर्द्धः। पास्पर्द्धति। पास्पर्त्सि, पास्पर्द्धि। यहां (३००) से हि को धि हुआ है। अपास्पर्त्, अपास्पाः, यहां सिप् के परे (३५१) से रुत्वविकल्प हुआ। अपास्पर्त्, अपास्पर्द्॥ अतिशयेन गाधते जागाद्धि, जागाधीति, जागात्सि, अजागात्, अजागाः। यहां (२०४) से भ०॥ पुनः पुनर्नाथते नानात्ति, नानाथीति, नानात्तः, चास्कुन्दीति, चोस्कुन्ति, अचोस्कुन्, अचास्कुन्ताम्, अचोस्कुन्दुः॥ अतिशयेन मोदते मोमुदीति, मामोदाञ्चकार, मामोदिता, अमामुदीत्, अमामोत्, अमामुत्ताम्, अमामुदुः, अमामुदीः, अमामाः, अमामोत्, अमामोदीत्॥ पुनः पुनः कूर्दते चोकूर्दीति, चोकूर्त्ति, चाकूर्त्तः, चोकूर्दति, अचोकूर्त्, अचोकूर्दीत्, अचोकूः, अचोखूः[1], अजोगूः[2]॥ अतिशयेन वञ्चति वनीवञ्चीति, वनीवञ्चीति, वनीवक्तः, वनीवचति, अवनीवञ्चीत्, अवनीवन्॥ अतिशयेन गच्छति जंगमीति, जगन्ति, जंगतः। यहां (३०३) से अनुनासिक लोप होता है। जंगमति, जगन्मि, जंगन्वः। यहां (१७३) से म को न आदेश होता है। जगमिता, यहां

१. खुर्द धातु का रूप। २. गुर्द धातु का रूप।

एकाच् से निषेध होने से इट् निषेध नही होता। जंगहि, [अजंगन्,] "मो नो धातोः"[1] इस सूत्र से ककार को नकार होता है। अजगमीत् अजंगमिष्टाम्। यहा लृदित् कार्य 'च्लि' को 'अङ्' आदेश नहीं होता, [(१६२) सूत्र से वृद्धि का निषेध हो जाता है]॥ भृश हन्ति जंघनीति, जंघन्ति, जंघत॰, जंघ्नति, जघनिता, जघहि, अजघनीत्, अजंघन्, [जंघन्यात्, आशिषि—] वध्यात्। यहां द्वित्व आदेश होकर वध आदेश होता है फिर आदेश को स्थानिवत् मानकर अनभ्यास निषेध से वधादेश को द्वित्व नहीं होता। आङ् पूर्व से "आङो यमहनः"[2] से आत्मनेपद होगा— आजघत इत्यादि॥ अतिशयेन चरति, चचुरीति, चञ्चूर्ति, चञ्चूर्त्तः, चञ्चुरति, अचञ्चुरीत्, अचञ्चू॥ चह्वनीति, चह्वन्ति, चह्वातः। यहा (२९४) सूत्र से आकारादेश। चह्वाहि, अचह्वनीत्, अचह्वन्, अचह्वाताम्, अचंखनुः, चंखन्यात्, चह्वायात्। यहां (१८५) से आकारादेश विकल्प। अचह्वनीत् [अचह्वानीत्]॥ अतिशयेन यौति, योयोति, योयवीति। यहा "उतो वृद्धि॰"[3] इस सूत्र मे "नाभ्यस्त॰"[4] इस सूत्र की अनुवृत्ति होने से वृद्धि न हुई। अयोयवीत्, अयोयोत्, योयुयात्। आशीलिङ् मे (१६०) दीर्घ— योयूयात्, अयोयावीत्। नोनवीति, नोनाति॥ अतिशयेन जहाति जाहेति, जाहाति, जाहीतः। यहा (३८३) से ईकारादेश। जाहति, जाहेषि, जाहासि, जाहीथः। यहाँ "जहातेश्च"[5] "आ च हौ"[6] "लोपो यि"[7] "घुमास्था॰"[8] "एर्लिङि"[9]—ये पाच सूत्र श्तिप्

---

१. अष्टा॰ ८। २। ६४॥ २. आ॰ ६५४।
३. आ॰ ३२२। ४. आ॰ ३९०।
५. आ॰ ३८४। ६ आ॰ ३८५। ७. आ॰ ३८६।
८. आ॰ ३४६। ९. आ॰ २४७।

के निर्देश से प्रवृत्त नहीं होते हैं। जाहीहि, अजाहेत्, अजाहात्, अजाहीताम्, अजाहुः, जाहीयात्, जाहायात्, अजाहासीत्, अजाहासिष्टाम्, अजाहिष्यत् ॥ अतिशयेन स्वपिति—सास्वपीति, सास्वप्ति। यहा यङ् का लुक् होने से "न लुमताङ्गस्य"[1] इस निषेध से "स्वपिस्यमि" सम्प्रसारण और गण के उच्चारण से "रुदादिभ्यः०[3]" यह इट् नहीं होता। सास्वप्तः, सास्वपति, असास्वपीत्, असास्वप्, सास्वप्यात्। आशीर्लिङ् में—सासुप्यात्। यहा "वचिस्वपि०[4]" इससे सम्प्रसारण होता है। असास्वापीत्, असास्वपीत्।

५५७—रुग्रिकौ च लुकि ॥ ७। ४। ९१ ॥

यङ्लुक परे हो तो ऋकारोपध धातु के अभ्यास को रुक्, रिक् और रीक् आगम हो। अतिशयेन वर्त्तते, वर्वृतीति, वरिवृतीति, वरीवृतीति, वर्वर्त्ति, वरिवर्त्ति, वरीवर्त्ति, वर्वृत्तः, वर्वृतति, वर्वर्तामास, वर्वर्त्तिता, वर्वर्त्तिष्यति, वर्वृतीत, वरिवृतति, वरीवृतति, वर्वृताति, वरिवृताति, वरीवृताति, वर्वर्त्तिषति, वरिवर्त्तिषति, वरीवर्त्तिषति, वर्वर्त्तिषाति, वरिवर्तिषाति, वरीवर्त्तिषाति, अवर्वृतीत्, अवर्वर्त्, अवर्वाः, अवर्वर्तीत् ॥ अतिशयेन गर्हते जर्ग्रहीति, जर्गेढि, जर्गृढः, जर्गृहति, अजर्घट्, अजर्घड् ॥ अतिशयेन गृह्णाति जागृहीति, जाग्राढि। तस् आदि मे ङित् मानकर संप्रसारण होता है, वह बहिरङ्ग है, इससे यहा अभ्यास को रुक् आदि नही होते। जागृढ, जागृहति, जाग्रहीषि, जाग्रक्षि, जाग्रहिता। यहा "ग्रहो लिटि दीर्घः[5]" यह नही होता, क्योकि वहा एकाच की अनुवृत्ति है। जगृधीति, जर्गद्धि, जर्गृद्ध, जर्गृधति, जर्गृधीषि,

१. आ० ९८। २ आ० ५४८। ३ आ० ३५७।
४ आ० २८३। ५ आ० ४५५।

जर्घर्त्सि, अजर्गृधीत्, अजर्घत् । यहां इट् के अभाव पक्ष में गुण, हलङ्यादिलोप, भष् भाव, जश्त्व और चर्त्व होता है। अजर्गृद्धाम्, अजर्घाः, अजर्गर्धीत्, अजर्गर्धिष्टाम्, अजर्गर्धिषुः ।

५५८—ऋतश्च ॥ ७ । ४ । ६२ ॥

यङ्लुक परे हो तो ऋकारान्त धातु के अभ्यास को रुक्, रिक् और रीक् का आगम हो। अतिशयेन करोति चर्कर्ति, चरिकर्त्ति, चरीकर्त्ति, चर्करीति, चरिकरीति, चरीकरीति, चर्कृतः, चर्क्रति, चर्कराञ्चकार, चर्करिता, चर्करिषति, चर्करतु, अचर्करीत्, अचर्कः, चर्क्रियात्, चक्रियात् । यहा (२३९) से ऋ को रिङ् हो गया। अचर्कारीत्॥ ऋ धातु को यङ्लुक् में द्वित्व हुए पीछे "उरत्[1]" इस से अभ्यास को अत्व, रपरत्व, हलादिशेष, रुक् और रिक् तथा रीक् के स्थान मे (१५३) इयङ् होता है॥ अतिशयेन ऋच्छति अररीति, अरियरीति, अरर्त्ति, अरियर्त्ति, अर्ऋतः, अरियृतः। झि मे यण् और रुक् के रेफ का "रो रि"[2] करके लोप होता है "रो रि" से लोप करने मे अजादेश स्थानिवत् नहीं होता। क्योंकि इसका पूर्वत्रासिद्धीय ॐ कार्य मे निषेध है । आरति, अरियृति, अरराचकार, आरिता, आरियात्। अरियियात् । अरीयियात्। "ऋतश्च"[3] यहा तपरकरण से कॄ, तॄ आदि दीर्घ ऋकारान्तो में रुक् रिक् रीक् नहीं होते। अतिशयेन किरति, चाकर्त्ति, चाकरीति ॥ पुनः पुनस्तरति तातरीति, तातर्ति, तातीर्तः, तातिरति, तातरिता, तातरीता, तातीर्हि, अतातरीत्, अतातः, अतातीर्ताम्, अतातरुः,

* वा०—पूर्वत्रासिद्धे च (सन्धि ६५) इस वर्तिक से स्थानिवत् का निषेध है।

१. आ० १०८ । २. सन्धि २५६ । ३ आ० ५५८ ।

अतातारीत्, अतातारिष्टाम् इत्यादि ॥ पुनः पुनः पृच्छति, पाप्रच्छिति, पाप्राष्टि, पाप्रष्टः, पाप्रच्छति, पाप्रश्मि, पाप्रश्मः । यहां "छ्वोः शूड-नुनासिके च"[1] इस सूत्र से छ् को श् हो गया है । अतिशयेन ह्वयति जाह्वयीति, जाहोति, जाहुतः । "लोपो व्यो०"[2] इस से लोप० । जाह्वयति, जाह्वयीषि, जाहोषि, जाहामि । यहां (२८) से दीर्घ ॥ पुनः पुनर्ह्वयति जाह्वयीति, जाहोति, जाहुतः जाह्वयति, जाहुहि, अजाहः, अजाहयुः ।

५५९—ज्वरत्वरस्रिव्यविमवामुपधायाश्च ॥ ६ । ४ । २० ॥

क्विप्, झलादि कित ङित् और अनुनासिकादि प्रत्यय परे हों तो ज्वरादि धातुओं की उपधा और वकार को ऊठ् आदेश हो । अतिशयेन ज्वरति जाज्वरीति, जाजूर्ति, जाजूर्तः ॥ तात्वरीति, तातूर्त्ति ॥ अतिशयेन स्राव्यति, सेस्रिवीति, सस्रूति, सेस्रूतः ॥ आवीति, औति, औतः ॥ मामवीति, मामोति, मामूतः, मामवति, मामोषि, मामोमि, मामावः, मामूमः, मामोतु, मामूतात्, मामूहि, मामवानि, अमामान्, अमामोः, अमामवम्, अमामाव, अमामूम ॥ अतिशयेन तूर्वति, तातूर्वीति ॥

५६०—राल्लोपः ॥ ६ । ४ । २० ॥

रेफ से परे छकार और वकार का लोप हो क्विप्, झलादि कित् ङित् और अनुनासिकादि प्रत्यय परे हों तो । तोतोर्त्ति, तोतूर्त्तः, तातूर्वति, नोधार्त्ति, दोदोर्त्ति, दोधोर्त्ति । अतिशयेन मूर्च्छति मामोर्ति, मामूर्तः । अतिशयेन वेत्ति वेविदीति, वेवित्तः, वेविदीति वेवित्तः, वेविदति, अवेविदीत्, अवेवेत्, अवेवेः ॥

इति यङ्लुगन्तप्रक्रिया समाप्ता ॥

---

१ आ० ४५४ । २ अष्टा० ६ । १ । ६६ ॥

अथ नामधातुप्रक्रिया

५६१—सुप आत्मनः क्यच् ॥ ३ । १ । ८ ॥

इच्छा करनेवाले के संबन्धी इच्छा के कर्मरूप सुबन्त से इच्छा अर्थ मे विकल्प करके क्यच् प्रत्यय हो।

५६२—क्यचि च ॥ ७ ॥ ४ । ३३ ॥

क्यच् परे हो तो अवर्णान्त अङ्ग को इकारादेश हो। यह सूत्र (१६०) सूत्र का अपवाद है। आत्मन: पुत्रमिच्छति पुत्रीयति। यहां "सुपो धातुप्रातिपदिकयो."[1] सूत्र से पुत्र शब्द की द्वितीया विभक्ति का लुक् हो जाता है। आत्मनो गामिच्छति, गव्यति, (सन्धि० १८२) सूत्र से वान्तादेश। आत्मनो नावमिच्छति, नाव्यति। यहां (५६३) से पदान्त के न होने से अवर्णपूर्वक वकार का लोप (सन्धि० २५१) सूत्र से नही होता। गव्याञ्चकार, गव्यिता, नाव्याञ्चकार, नाव्यिता। यहा सन्निपातपरिभाषा के आश्रय से क्यच् के यकार का लोप नही होता।

५६३—नः ॥ १ । ४ । १५ ॥

क्यच्, क्यङ् और क्यष् परे हो तो नकारान्त की ही पदसज्ञा हो अन्य की नहीं आत्मना राजानमिच्छति, राजीयति। यहा पद सज्ञा होने से राजन् शब्द के नकार का लोप होता है। राजीयाञ्चकार, राजीयिता, राजीयिष्यति, राजीयिषति, राजीयिषाति, राजीयतु, अराजीयत्, राजीयेत्, राजीय्यात्, अराजीयीत्, अराजीयिष्यत्।

---

१ अष्टा० २।४।७१।

५६५—प्रत्ययोत्तरपदयोश्च॥ ७ । २ । ६८॥

प्रत्यय और उत्तरपद परे हो तो एक वचन में वर्तमान मपर्यन्त युष्मद् अस्मद् शब्दों को त्व म आदेश हो । आत्मनस्त्वामिच्छति, त्वद्यति, मद्यति । एकवचन के कहने से "युष्मद्यति, अस्मद्यति" यहां त्व म, आदेश नहीं होते । आत्मनो गिरमिच्छति गीर्यति । (१९७) दीर्घादेश पूर्यति । दिवमिच्छति दिव्यति । धातु को दीर्घ कहा है [इसलिये अव्युत्पन्न] दिव् शब्द के इकार को नहीं होता । अथ इच्छति अवस्यति । आत्मनः कर्तारमिच्छति कर्त्रीयति (२३९) ऋ को रिङ् आदेश० ।

५६५—क्यच्व्योश्च॥ ६ । ४ १६२ ॥

क्य और च्वि प्रत्यय परे हों तो हल् से परे अपत्यसम्बन्धी यकार का लोप हो । आत्मनो गार्ग्यमिच्छति गार्गीयति, वात्सीयति । आत्मन कविमिच्छति. कवीयति (१६०) दीर्घ आत्मनो वाच-मिच्छति वाच्यति, समिधमिच्छति समिध्यति ।

५६६—क्यस्य विभाषा॥ ६ । ४ । ५० ॥

हल् से परे जो क्य प्रत्यय का यकार उसका विकल्प करके लोप हो आर्धधातुक विषय में । समिधाञ्चकार । यहां प्रथम अका-रलोप (१७२) से होकर उसको स्थानिवत् मानकर लघूपध गुण नहीं होता । समिध्याञ्चकार, समिधिता, समिध्यिता इत्यादि ।

(५६१) सूत्र में सुप्ग्रहण इसलिये है कि वाक्य में क्यच् न हो । जैसे—महान्त पुत्रमिच्छति । और आत्मग्रहण इसलिये है कि 'राज्ञः पुत्रमिच्छति' यहां क्यच् न हो ।

५६७—वा०—क्याचि मान्ताऽव्ययप्रतिषेधः॥ ३ । १ । ८॥

मकारान्त और अव्यय शब्दों से क्यच् प्रत्यय न हो। इदमिच्छति, किमिच्छति, उच्चैरिच्छति, नीचैरिच्छति, स्वरिच्छति इत्यादि।

५६८—अशनायोदन्यधनायाबुभुक्षापिपासागर्द्धेषु ॥ ७। ४। ३४ ॥

बुभुक्षा, पिपासा अभिलाषा इन अर्थों में अशनाय, उदन्य और धनाय ये यथासंख्य करके तीनों निपातन हैं। अशनाय यहां 'अशन' शब्द को आत्व क्यच् प्रत्यय के परे निपातन है। आत्मनाऽशनमिच्छति, अशनायति। बुभुक्षा से अन्यत्र—आत्मनाऽशनं सवातमिच्छति, अशनीयति। उदन्य यहां 'उदक' शब्द को उदन् आदेश निपातन है। उदकमिच्छति—उदन्यति। पीने की इच्छा से अन्यत्र-उदकीयति। धनाय यहां 'धन' शब्द को आकारादेश निपातन है। धनायति। अभिलाष से अन्यत्र-धनीयति।

५६९—न छन्दस्यपुत्रस्य ॥ ७। ४। ३५ ॥

वेदविषय में क्यच् परे हो तो पुत्रभिन्न अवर्णान्त अङ्ग को ईत्व न हो। मित्रयति। पुत्र शब्द के ग्रहण से यहां न हुआ—पुत्रीयन्तः सुदानवः। अत्यल्पमिदमुच्यते अपुत्रस्यति, अपुत्रादीनामिति वक्तव्यम्। इहापि यथास्यात्—जनीयन्तोऽन्वग्रव ।

५७०—क्याच्छन्दसि ॥ ३। २। १७० ॥

वेद में क्य प्रत्ययान्त धातुओं से तच्छील, तद्धर्म, तत्साधुकारि इन अर्थों में उ प्रत्यय हो। मित्रयुः, संस्वेदयुः, देवान्जिगाति सुम्नयुः।

५७१—दुरस्युर्द्रविणस्युर्वृषण्यतिरिषण्यति ॥ ७। ४। ३६ ॥

वेद में क्यच् प्रत्ययान्त दुरस्यु, द्रविणस्यु, वृषण्यति, रिषण्यति, ये शब्द निपातन किये हैं। दुरस्यु—यहां दुष्ट शब्द को दुरस् आदेश

निपातन है। अवियोना दुरस्यु। 'दुष्टीयति' यह लोक मे होता है। द्रविण शब्द को द्रविणस्भाव निपातन है। द्रविणस्युर्विपन्यया। 'द्रविणीयति' यह लोक मे होता है। वृष शब्द का वृषण् निपातन है। वृषण्यति। लोक मे—वृषीयति। रिष्ट शब्द को रिषण्भाव निपात है। रिषण्यति। लोक मे—रिष्टीयति।

५७२—अश्वाघस्यात् ॥ ७ । ४ । ३७ ॥

वेदविषय मे क्यच् परे हो तो अश्व और अघ अङ्ग को आकारादेश हो। अश्वायन्तो मघवन्। मा त्वा वृका अघायवो विदन्। लोक मे—अश्वीयति, अघीयति। यह अश्व और अघ अङ्ग का आत्वविधान ज्ञापक है कि इस प्रकरण मे (१६०) सूत्र से दीर्घ नहीं होता।

५७३—देवसुम्नयोर्यजुषि काठके ॥७।४।३८॥

यजुर्वेद की काठक शाखा मे देव और सुम्न अङ्ग को आकारादेश हो क्यच् परे हो तो। देवायन्तो यजमानाय, सुम्नायन्तो-हवामहे। यजुर्ग्रहण से 'देवान् जिगाय सुम्नयुः' यहां नहीं होता। काठकग्रहण से 'सुम्नयुरिदमासीत्' [यहां नहीं होता]।

५७४—कव्यध्वरपृतनस्यर्चि लोपः ॥७।४।३९॥

वेदविषय मे क्यच् परे हो तो कवि, अध्वर और पृतना अङ्ग का लोप हो। कव्यन्तः सुमनसः, अध्वर्यन्तः, पृतन्यन्तस्तिष्ठन्ति।

५७५—अश्वक्षीरवृषलवणानामात्मप्रीतौ क्यचि ॥ ७ । १ । ५१ ॥

क्यच् परे हो तो अश्व, क्षीर, वृष, लवण इन अङ्गो को आत्मप्रीति अर्थ मे असुक् आगम हो। अश्वस्यति वडवा, क्षीरस्यति माणवकः, आत्मनो वृषमिच्छति वृषस्यति गौः, लवणमिच्छति

लवणस्यत्युष्टः। आत्मप्रीति अर्थ से अन्यत्र—'अश्वीयति' क्षीरीयति वृषायति, लवणीयति' इत्यादि मे नही होता।

५७६—वा० अश्ववृषयोर्मैथुनेच्छायाम् ॥ ७ । १ । ५१ ॥

(अश्वक्षीर०) सूत्र मे जो असुक् कहा है वह अश्व और वृष शब्दो से मैथुन की इच्छा मे हो। उदाहरण पूर्वोक्त जानो।

५७७—वा० क्षीरलवणयोर्लालसायाम् ॥ ७ । १ । ५१ ॥

क्षीर और लवण शब्द से लालसा (अत्यन्त भोजन की इच्छा) मे असुक् होता है। यहां भी उदाहरण पूर्वोक्त जानो।

५७८—वा०-अपर आह-सर्वप्रातिपदिकेभ्यो लालसायामिति वक्तव्यम् ॥ ७ । १ । ५१॥

किन्ही लोगो के मत मे क्यच् परे हो तो सब प्रातिपदिकों को असुक् हो। आत्मनो दधीच्छति, दध्यस्यति, मध्वस्यति इत्यादि।

५७९-वा०-अपर आह-सुग्वक्तव्यः ॥७।१।५१

कोई आचार्य कहते हैं कि क्यच् के परे सब प्रातिपदिकों को सुक् का आगम हो। दधिस्यति, मधुस्यति।

५८०-काम्यच्च ॥ ३ । १ । ९ ॥

सुबन्त कर्म से आत्मा की इच्छा मे काम्यच् प्रत्यय होवे। आत्मनः पुत्रमिच्छति पुत्रकाम्यति, वस्त्रकाम्यति। यह सूत्र (५६१) सूत्र से पृथक् इसलिये किया है कि इससे अगले सूत्रों में क्यच् की अनुवृत्ति जावे काम्यच् की नही। यशस्काम्यति, सर्पिष्काम्यति। और काम्यच् प्रत्यय मान्त तथा अव्ययों से भी होता है—इदङ्काम्यति, किङ्काम्यति, स्वःकाम्यति, उच्चैःकाम्यति।

५८१–उपमानादाचारे ॥ ३ । १ । १० ॥

आचार अर्थ में उपमानवाची सुबन्त कर्म से विकल्प करके क्यच् प्रत्यय हो। आचाररूप क्रिया प्रत्यय का अर्थ होने से उसी की अपेक्षा से उपमान का कर्मत्व बनता है। पुत्रमिवाचरति, पुत्रीयति शिष्यम्; मित्रमिवाचरति मित्रीयति शत्रुम्, इत्यादि।

५८२–वा०–अधिकरणाच्च ॥ ३ । १ । १० ॥

अधिकरणवाची प्रातिपदिक से भी आचार अर्थ में क्यच् प्रत्यय होवे। कुट्यामिवाचरति कुटीयति प्रासादे, प्रासादीयति कुट्याम्, पर्यङ्कीयति मञ्चके।

५८३–कर्त्तुः क्यङ् सलोपश्च ॥ ३ । १ । १० ॥

आचार अर्थ में उपमानवाची कर्ता सुबन्त से विकल्प करके क्यङ् प्रत्यय और सकार का लोप हो। जो सकारान्त शब्द हैं उनके लिये सकार का लोप कहा है।

५८४—वा०–सलोपो वा ॥ ३ । १ । ११ ॥

सकारान्त शब्दों के सकार का लोप विकल्प करके होवे।

५८५–वा०–ओजोऽप्सरसोर्नित्यम् ॥३।१।११॥

ओजस् और अप्सरस् शब्द के सकार का लोप नित्य हो। श्येन इवाचरति—श्येनायते काकः। यहाँ सर्वत्र क्यङ् के ङित्त्व से आत्मनेपद होता है। पण्डित इवाचरति—पण्डितायते मूढः, राजेवाचरति—राजायते, पय इवाचरति पयायते, पयस्यते वा तक्रम् (५८४) सलोप, यशायते, यशस्यते, विद्वायते, विद्वस्यते, त्वद्यते, मद्यते, ओज इवाचरति ओजायते, अप्सरायते, हंसायते सारसायते, इत्यादि में अन्त्य सकार के न होने से सलोप नहीं होता।

५८६—वा०—आचारेऽवगल्भक्लीबहोडेभ्यः क्विब् वा ॥ ३ । १ । ११ ॥

अवगल्भ, क्लीब और होड शब्दों से आचार अर्थ में विकल्प करके क्विप् प्रत्यय होवे। पक्ष में क्यङ् होता है। क्विप् का सब लोप होकर—अवगल्भते, अवगल्भायते, विक्लीबते, विक्लीबायते, विहोडते, विहोडायते, अवगल्भाञ्चक्रे, अवगल्भिष्यते, इत्यादि। इन शब्दों में क्विबन्तों से आत्मनेपद प्राप्त नहीं, इसलिये अवगल्भादि शब्दों को भाष्यकार ने अनुदात्तेत् माना है ॥

५८७-वा०—अपर आह-सर्वप्रातिपदिकेभ्य आचारे क्विब् वा वक्तव्यः ॥ ३ । १ । ११ ॥

किन्हीं के मत में सब प्रतिपदिकों से आचार अर्थ में क्विप होता है। अश्व इवाचरति, अश्वति, गर्दभति, अश्वायते, गर्दभायते अ इवाचरति अति, अतः, अन्ति। लिट् में—औ, अतुः, उः। मालेवाचरति, मालाति, मालाञ्चकार, अमालात्, अमालासीत्। कविरिवाचरति कवयति, कवीयात्, अकवयीत्। विरिवाचरति-वयति, विवाय, विव्यतुः, अवयीत्, श्रीरिव-श्रयति, शिश्राय, शिश्रियतुः, शिश्रियुः, श्रीयात्। पितेवाचरति-पितरति, पित्रियात् (२२९) से रिङ् आदेश। भूरिवाचरति भवति, बुभाव, अभावीत्। द्रुरिवाचरति—द्रवति, अद्रावीत्।

५८८-अनुनासिकस्य क्विझलोः क्ङिति ॥ ६ । ४ । १५ ॥

क्विप् और झलादि कित् ङित् परे हों तो अनुनासिकान्त अङ्ग की उपधा को दीर्घ हो। इदमिवाचरति, इदामति, राजेवाचरति राजानति, पन्था इवाचरति, पथीनति, ऋभुक्षीणति। द्यौरिवाचरति

द्यवति। यहाँ वकार को ऊठ्, यणादेश और शबाश्रय गुण होता है।

५८९—क्यङ्मानिनोश्च ॥ ६ । ३ । ३६ ॥

क्यङ् प्रत्यय और मानिन् शब्द परे हो तो ऊङ्रहित भाषित-पुंस्क स्त्रीलिङ्ग शब्द को पुंवद्भाव होवे। एनी इवाचरति—एतायते, श्येनी इवाचरति श्येतायते यहाँ स्त्री प्रत्यय के निमित्त से हुए तकार को नकार आदि कार्य भी निवृत्त हो जाते हैं। कुमारी-वाचरति कुमारायते, हरिणीवाचरति हरिणायते, गुर्वीवाचरति-गुरूयते। पट्वीमृद्व्याविवाचरति पटूमृदूयते।

५९०—न कोपधायाः ॥ ६ । ३ । ३७ ॥

ककारोपध स्त्री को पुंवद्भाव न हो क्यङ् और मानिन् शब्द परे हो तो। पाचिका इवाचरति पाचिकायते, मद्रिकायते इत्यादि।

५९१—भृशादिभ्यो भुव्यच्वेर्लोपश्च हलः ॥ ३ । १ । १२ ॥

भू धातु के अर्थ में अभूततद्भावविषयक भृशादि शब्दों से क्यङ् प्रत्यय होवे और भृशादिकों में जो हलन्त हैं उनके अन्त्य हल् का लोप हो। अभृशो भृशो भवति, भृशायते। इस सूत्र में च्विप्रत्ययान्त के निषेध से अभूततद्भाव समझा जाता है। अभूत-तद्भाव ग्रहण से 'क दिवा भृशा भवन्ति' यहां क्यङ् नहीं होता। सुमनस्—सुमनायते, सकारलोप, सुमनायाञ्चक्रे, सुमनायिता, सुमनायिष्यते, सुमनायिषतै, सुमनायिषातै, सुमनायाताम्, स्वम-नायत। यहां मनस् शब्दमात्र से क्यङ् प्रत्यय है इससे मनस

के पूर्व अट् होता है। क्योंकि चुरादिगणपठित "संग्राम युद्धे" * यह नियमार्थ है कि सोपसर्ग प्रातिपदिक से जो क्यजादि प्रत्यय हो तो संग्राम ही से हो औरों से न हो।

५९२–लोहितादिडाज्भ्यः क्यष् ॥३।१।१३॥

भू धातु के अर्थ में अभूततद्भावविषयक लोहितादि और डाच्प्रत्ययान्त प्रातिपदिकों से क्यष् प्रत्यय हो।

५९३—वा क्यषः ॥ १ । ३ । ९० ॥

क्यष् प्रत्ययान्त धातु से परस्मैपद विकल्प करके हो। अलोहितो लोहितो भवति लोहितायते, लोहितायति, अपटपटा पटपटा भवति पटपटायति, पटापटयते।

५९४–वा०–लोहितडाज्भ्यः क्यष्वचनं भृशादिष्वितराणि ॥ ३ । १ । १३ ॥

(५९२) सूत्र में जो क्यष् प्रत्यय कहा है वह लोहित और डाच् प्रत्ययान्तो से ही कहना चाहिये। किन्तु लोहितादिगण के नील आदि शब्द भृशादिकों में पढ़ने चाहिये। अनीलो नीलो भवति नीलायते पटः। यहां क्यषन्त से जो उभयपद होना है वह न हुआ। अलोहिनी लोहिनी भवति लोहिनीयति, लोहिनीयते। यहां "प्रातिपदिकग्रहणे लिङ्गविशिष्टस्यापि ग्रहणम्" [पारि० ६२] इस परिभाषा से लोहिनी शब्द का भी ग्रहण होता है॥

---

* अवश्य संग्रामयते सोपसर्गादुत्पत्तिर्वक्तव्या। असंग्रामयत शूर इत्येवमर्थम्। तन्नियमार्थं भविष्यति, संग्रामयतेरेव सोपसर्गान्नान्यस्मात् सोपसर्गादिति॥ महाभाष्ये ३ । १ । २२॥

५९५—कष्टाय क्रमणे ॥ ३ । १ । १४ ॥

चतुर्थ्यन्त कष्ट शब्द से क्रमण अर्थात् उत्साह अर्थ में क्यङ् प्रत्यय हो। कष्टाय क्रमते कष्टायते।

५९६-वा०-सत्रकष्टकक्षकृच्छ्रगहनेभ्यः कण्वचिकीर्षायाम् ॥ ३ । १ । १४ ॥

कण्वचिकीर्षा अर्थात् पाप करने की इच्छा में सत्र, कष्ट, कक्ष, कृच्छ्र और गहन शब्दों से क्यङ् प्रत्यय हो। कण्व चिकीर्षति—सत्रायते, कष्टायते, कक्षायते, कृच्छ्रायते। इन में स्वपदविग्रह नहीं होता है। कण्वचिकीर्षा से अन्यत्र—कष्ट क्रामति।

५९७—कर्मणो रोमन्थतपोभ्यां वर्तिचरोः ॥ ३ । १ । १५ ॥

वर्ति और चर धातु के अर्थ में यथाक्रम से जो रोमन्थ और तपःकर्म उनसे क्यङ् प्रत्यय हो। रोंथाना रोमन्थ कहाता है।

५९८-वा०-हनुचलन इति वक्तव्यम् ॥ ३।१।१५॥

ठोड़ा चलाने अर्थ में क्यङ् प्रत्यय कहना चाहिये। रोमन्थं वर्तयति, रोमन्थायते।

५९९-वा०-तपसः परस्मैपदं च ॥ ३ । १ । १५ ॥

क्यङन्त तप शब्द से परस्मैपद भी हो जावे। तपश्चरति तपस्यति।

६००—बाष्पोष्मभ्यामुद्वमने ॥ ३ । १ । १६ ॥

उगलने अर्थ में बाष्प और ऊष्म कर्मवाची शब्दों से क्यङ् प्रत्यय हो। बाष्पमुद्वमति बाष्पायते, ऊष्मायते।

६०१–वा०–फेनाच्च ॥ ३ । १ । १६ ॥

फेन शब्द से भी उगलने अर्थ मे क्यङ् हो। फेनमुद्वमति फेनायते।

६०२–शब्दवैरकलहाभ्रकण्वमेघेभ्यः करणे ॥ ३ । १ । १७ ॥

करने अर्थ मे शब्द, वैर, कलह, अभ्र, कण्व और मेघ प्रातिपदिक से क्यङ् प्रत्यय हो। शब्दं करोति शब्दायते, वैरायते, कलहायते, अभ्रायते, कण्वायते, मेघायते।

६०३–वा०–सुदिनदुर्दिनाभ्यां च ॥ ३ । १ । १७ ॥

सुदिन और दुर्दिन शब्द से करने अर्थ मे क्यङ् प्रत्यय हो। सुदिनं करोति सुदिनायते, दुर्दिनं करोति दुर्दिनायते।

६०४–वा०–नीहाराच्च ॥ ३ । १ । १७ ॥

नीहार करोति नीहारायते।

६०४—वा०—अटाट्टाशीकाकोटापोटासोटाकष्टाप्रुष्टाप्लुष्टाग्रहणम् ॥ ३ । १ । १७५ ॥

करने अर्थ मे अटा, अट्टा, शीका, कोटा, पोटा, सोटा, कष्टा, प्रुष्टा और प्लुष्टा शब्दों से क्यङ् प्रत्यय हो। अटा करोति अटायते, अट्टायते, शीकायते, कोटायते, पोटायते, सोटायते, कष्टायते, प्रुष्टायते, प्लुष्टायते।

६०६—सुखादिभ्यः कर्तृवेदनायाम् ॥ ३ । १ । १८ ॥

वेदना अर्थ मे ज्ञाता के संबन्धी सुख आदि कर्मवाची प्रातिपदिकों से क्यङ् प्रत्यय हो। सुखं वेदयते सुखायते, दुःखायते, करुणायते, कृपणायते इत्यादि। इस सूत्र मे कर्तृग्रहण इसलिये है कि 'सुखं वेदयति प्रसाधको देवदत्तस्य' यहां सुख शब्द से क्यङ् न हो।

६०७—नमोवरिवश्चित्रङः क्यच् ॥ ३ । १ । १९ ॥

नमस्, वरिवस् और चित्रङ् प्रातिपदिकों से सत्कार करने आदि अर्थों में क्यच् प्रत्यय हो। नमसः पूजायाम्, वरिवसः परिचर्यायाम्, चित्रङ आश्चर्ये। नमः करोति नमस्यति गुरुम्, वरिवः करोति वरिवस्यति पितरम्, चित्रं करोति चित्रीयते। चित्रङ् शब्द में ङित् अनुबन्ध आत्मनेपद होने के लिये है।

६०८—पुच्छभाण्डचीवराण्णिङ् ॥ ३ । १ । २० ॥

करणविशेष में पुच्छ, भाण्ड और चीवर प्रातिपदिक से णिङ् प्रत्यय हो। पुच्छादुदसने व्यसने पर्यसने च। पुच्छमुदस्यति उत्क्षिपति उत्पुच्छयते, पुच्छं व्यस्यति विविधं विरुद्धं वा क्षिपति विपुच्छयते, पुच्छं पर्यस्यति परितः क्षिपति परिपुच्छयते। भाण्डात् समाचयने। भाण्डानि समाचिनोति सम्भाण्डयते, राशीकरोतीत्यर्थः। चीवरादर्जने परिधाने च। चीवराण्यर्जयति परिधत्ते वा संचीवरयते भिक्षुः।

६०९—मुण्डमिश्रश्लक्ष्णलवणव्रतवस्त्रहलकलकृततूस्तेभ्यो णिच् ॥ ३ । १ । २१ ॥

करण अर्थ में मुण्ड, मिश्र, श्लक्ष्ण, लवण, व्रत, वस्त्र, हल, कल, कृत और तूस्त से णिच् प्रत्यय हो। मुण्डं करोति मुण्डयति, मिश्रं करोति मिश्रयति, श्लक्ष्णयति, लवणयति, व्रतयति, वस्त्रयति। हलिकल्योरदन्तनिपातनं सन्वद्भावप्रतिषेधार्थम्। हलिं करोति हलयति, कलयति, अजहलत्, अचकलत्, कृपयति, वितूस्तयति * केशान्, विशदीकरोति ॥

---

* तूस्ता. जटीभूताः केशाः तूस्तं पापं वा।

सत्यापपाशरूपवीणातूलश्लोकसेनालोमत्वच-वर्मवर्णचूर्ण०

यह सूत्र पीछे (४५६) सख्या मे लिख चुके है इसका शेष विवरण लिखने के लिये यहा लिखा है।

६१०—वा०—णिविधावर्थवेदसत्यानामापुक् च ॥ ३ । १ । २५ ॥

णिच् विधि मे अर्थ, वेद और सत्य शब्द को आपुक् आगम हो। अर्थमाचष्टे अर्थापयति वेदापयति सत्य करोति आचष्टे वा सत्यापयति, पाश विमुञ्चति, विपाशयति, रूप पश्यति रूपयति, वीणयोपगायति उपवीणयति, तूलेनानुकुष्णाति अनुतूलयति, श्लोकैरुपस्तौति उपश्लोकयति, सेनया अभियाति अभिषेणयति, उपसर्गात्सुनोति०[1]* इस सूत्र से षत्व होता है। अभ्यषेणयत्, प्राक् सिता०[2] इस सूत्र से षत्व। अभिषेणयितुमिच्छति अभिषेणयिषति, स्थादिष्वभ्या०[3] इस सूत्र से षत्व। लोमान्यनुमार्ष्टि अनुलोमयति, त्वचं गृह्णाति त्वचयति, वर्मणा सनह्यति संवर्मयति, वर्णं गृह्णाति वर्णयति, चूर्णैरवध्वंसयति अवचूर्णयति।

६११—वा०—प्रातिपदिकाद्धात्वर्थे बहुलमिष्ठवच्च ॥ ३ । १ । २६ ॥

प्रातिपदिक से धात्वर्थ मे णिच् प्रत्यय है और वह बहुल करके

---

* (उपसर्गात् सुनोति०, प्राक्सितादड्व्य०, स्थादिष्वभ्य०, इन सूत्रों को षत्वप्रकरण में लिखेंगे।

---

1. आ० ८१५। 2. आ ८१३। 3 आ० ८१४।

इष्ठन प्रत्यय के तुल्य हो । पृथुमाचष्टे-प्रथयति (स्त्रैण० ८९६)[1] से ऋ का र आदेश। म्रदयति, भ्रशयति, क्रशयति, ऊढिमाख्यत् औजिढत्। यहां ढत्वादिकों के असिद्ध होने से ह शब्द को द्वित्व होकर अभ्यास के हकार को चुत्व होता है। अथवा 'पूर्वत्रासिद्धीयमद्विर्वचने'[2] इस वचन से ढत्वादि सिद्ध मानकर ढि शब्द को द्वित्व होता है—औडिढत् । ऊढमाख्यत् औजढत्, औडढत् । 'ओः पुयण्'[3] यह यहां नहीं प्रवृत्त होता है क्योंकि इस सूत्र में पवर्ग और प्रत्याहार के वर्णों का ग्रहण है। स्वमाचष्टे, स्वापयति । यहां (स्त्रैण० ८९९)[4] प्रकृतिभाव (६०) वृद्धि और (४६३) पुक् हो जाता है। त्वामाऽऽचष्टे त्वापयति, मामाचष्टे मापयति । यहां पररूप से पूर्व ही नित्यत्व मानकर (स्त्रैण० ८८९)[5] टिलोप होता है। युवामावां वाचष्टे युष्मयति, अस्मयति, उदञ्चमाचष्टे उदीचयति, उदैचिचत्; प्रत्यञ्चमाचष्टे प्रतीचयति, प्रत्यचिचत्, 'इकोऽसवर्णे शा०'[6] इससे प्रकृतिभावपक्ष में प्रतिअचिचत्, सम्यञ्चमाचष्टे समीचयति, सम्यचिचत्, समिअचिचत्, भुवमाचष्टे भावयति, अबीभवत् ; भ्रुवमाचष्टे भ्रावयति, अबुभ्रवत्, श्रियमाचष्टे श्राययति, अशिश्रियत्, गामाख्यत् अजूगवत्; रायमाख्यत् अरीरयत्; स्वमाचष्टे स्वयति, असस्वत्, असिस्वत्, बहून्भावयति बहयति[7], श्रीमती श्रीमन्त वा स्तौति श्राययति, अशिश्रयत्;

---

1. र ऋतो हलादेर्लघोः । 2 पारि० १०४।

3. आ० ४७२। 4 प्रकृत्यैकाच् ।

5. टेः । 6 सन्धि० १७३ ।

7. इष्ठस्य यिट् च (स्त्रै० ८९४) सूत्र से 'यिट्' के सन्नियोग में ही भू आदेश होता है ऐसा जिन वैयाकरणों का मत है, उन के मत में 'बहयति' रूप होता है। अन्यों के मत में 'भावयति' रूप होता है।

पयस्विनीमाचष्टे पयसयति। यहां टिलोप नहीं होता क्योंकि टिलोपापवाद 'विनमतोर्लुक्' (स्त्रैण० ७८८) इससे विन् प्रत्यय का लुक् हो जाता है। स्थूलमाचष्टे स्थवयति, दूरं गच्छति दवयति, इत्यादि प्रयोगो मे जो जो कार्य (स्त्रैण० ८९१)[1] सूत्र में जिन जिन शब्दो को कहे है वे उन शब्दो को होते है। युवान-युवयति, कनयति वा, (स्त्रैण० ७८७)[2] से कन् आदेश विकल्प मे होता है। अन्तिकं प्राप्नोति-नेदयति, बाढ-साधयति, प्रशस्य-प्रशस्यति यहां (श्र, ज्य) ये आदेश न होंगे, क्योंकि नामधातुओ मे उपसर्ग पृथक् माने हैं और पृथक् होने से 'शस्य' शब्द प्रकृति रह जायगा 'शस्य' का आदेश विधान नहीं है। वृद्धं सेवयते-ज्यापयति, प्रियमाचष्टे, प्रापयति, स्थिर-स्थापयति, स्फिर-स्फापयति, उरु-वरयति, बहुल-बहयति, गुरु-गरयति, [वृद्धं-वर्षयति,] तृप्रं-त्रपयति, दीर्घं-द्राघयति, वृन्दारकं,-वृन्दयति।

६१२—वा०—तत्करोतीत्युपसंख्यानं सूत्रयत्याद्यर्थम्॥ ३। १। २६॥

सूत्रयति, इत्यादि प्रयोगो के लिये द्वितीयासमर्थ प्रातिपदिक से करने अर्थ मे णिच् प्रत्यय कहना चाहिये। सूत्रं करोति सूत्रयति, व्याकरणस्य सूत्र करोति व्याकरणं सूत्रयति। यहा वाक्य मे जो षष्ठी है उसके स्थान मे प्रत्ययोत्पत्ति मे द्वितीया हो जाती है क्योंकि जो वह सूत्र और व्याकरण शब्द का सम्बन्ध है उसकी प्रत्ययोत्पत्ति में निवृत्ति हो जाती है।

---

१. स्थूलदूरयुवह्रस्वक्षिप्रक्षुद्राणां यणादिपरं पूर्वस्य च गुणः।

२. युवाल्पयोः कनन्यतरस्याम्।

६१३–वा०–आख्यानात् कृतस्तदाचष्टे कृल्लुक् प्रकृतिप्रत्ययापत्तिः प्रकृतिवच्च कारकम् ॥ ३ । १ । २६ ॥

द्वितीयासमर्थ आख्यान कृदन्त से कहने अर्थ मे णिच् प्रत्यय हो, कृत् का लुक्, प्रकृति का पूर्वरूप और प्रकृति के तुल्य कारक हो। कंसवधमाचष्टे कंसं घातयति। यहां अप् जो कृत प्रत्यय है उसका लुक्, 'वध' का पूर्वरूप [हन] और कंस कारक प्रकृति के तुल्य होता है। बलिबन्धमाचष्टे बलिं बन्धयति। राजागमनमाचष्टे राजानमागमयति।

६१४–वा०–दृश्यर्थायां च प्रवृत्तौ ॥ ३।१।२६॥

जिस मे देखना प्रयोजन है ऐसी जहां प्रवृत्ति हो वहा आख्यान कृदन्त से णिच और पूर्वोक्त समस्त कार्य हो। मृगरमणमाचष्टे मृगान् रमयति। दृश्यर्थाप्रवृत्ति क्यों कही ? 'ग्रामे मृगरमणमाचष्टे' यहा न हो।

६१५–वा०–आङ्लोपश्च कालात्यन्तसंयोगे मर्यादायाम् ॥ ३ । १ । २६ ॥

समय के अत्यन्तसंयोग अर्थ मे मर्यादा प्राप्त हो तो द्वितीयासमर्थ प्रातिपदिक से णिच्, पूर्वोक्त कार्य और आङ् का लोप हो। आरात्रिविवासमाचष्टे रात्रिं विवासयति। जब तक रात्रि व्यतीत होती है तब तक किसी प्रसङ्ग को कहता है।

६१६—वा०–चित्रीकरणे प्रापि ॥ ३ । १ । २६ ॥

आश्चर्य करने अर्थ मे प्राप्ति अर्थ हो तो द्वितीयासमर्थ प्रातिपदिक से णिच और पूर्वोक्त कार्य हो। उज्जयिन्याः प्रस्थितो माहिष्मत्यां

सूर्योद्गमन सम्भावयते सूर्यमुद्गमयति। कोई पुरुष उज्जयिनी नगरी से चला हुआ और माहिष्मती नगरी में सूर्य के उदय को प्राप्त होता है। यहां अति दूर देश पहुंचने से आश्चर्य की प्रतीति होती है।

६१७—वा०—नक्षत्रयोगे ज्ञि ॥ ३ । १ । २६ ॥

नक्षत्र के योग में जानना अर्थ हो तो द्वितीयान्त प्रातिपदिक से णिच् प्रत्यय तथा पूर्वोक्त कार्य अर्थात् कृत्प्रत्यय का लुक् प्रकृति का पूर्वरूप और प्रकृति के तुल्य कारक हो। पुष्ययोगं जानाति पुष्येण योजयति, मघाभिर्योजयति।

॥ इति नामधातुप्रक्रिया समाप्ता ॥

अथ कण्ड्वादिप्रक्रिया

६१८—कण्ड्वादिभ्यो यक् ॥ ३ । १ । २७ ॥

कण्ड्वादि धातुओं से यक् प्रत्यय नित्य हो।

६१९—का०—

धातुप्रकरणाद्धातुः कस्य चासजनादपि।
आह चायमिमं दीर्घं मन्ये धातुर्विभाषितः ॥

धातु के अधिकार होने और यक् प्रत्यय में ककार अनुबन्ध करने से मैं इन कण्ड्वादिकों को धातु मानता हूं, तथा ये आचार्य इस कण्डू शब्द को दीर्घ पढते अर्थात् दीर्घ पढ़ने[1] का मुख्य प्रयोजन

---

१ यदि कण्ड्वादि केवल धातु हों तो 'कण्डू' आदि का दीर्घ पढ़ना व्यर्थ है, क्योंकि 'कण्डु ह्रस्वान्त पढने में भी 'यक्' परे रहने पर (१६०) सूत्र से दीर्घ होकर 'कण्डूय' धातु से क्विप् होकर 'अतो लोप.' (७।०५७२) से अकार लोप, 'लोपो व्योर्वलि' (अ० ६।१।६५) से य लोप और

यही है कि एक पक्ष में यह कण्डू शब्द धातु और दूसरे पक्ष में प्रातिपदिक हो इसमें इनका विकल्प करके धातु मानता हूं। प्रयोजन यह है कि कण्डूञ् आदि धातु और प्रातिपदिक दोनों हैं जिस पक्ष में धातु मान जाते हैं वहां (६१८) सूत्र से यक् होता है, अन्यत्र नहीं।

१[कण्डूञ्] गात्रविघर्षणे = शरीर खुजाना । ञकार अनुबन्ध से उभयपद होते हैं। कण्डूयति, कण्डूयते, कण्डूयाचक्रे, कण्डूयाम्बभूव, कण्डूयामास, कण्डूयिता, कण्डूयिष्यति, कण्डूयिषति, कण्डूयिषाति, कण्डूयतु, अकण्डूयत्, कण्डूयेत्, कण्डूय्यात्, अकण्डूयीत्, अकण्डूयिष्यत् ॥ २[मन्तु] अपराधे। रोष इत्येके मन्तूयति । ३[वल्गु] पूजामाधुर्ययोः = सत्कार और मीठापन । वल्गूयति । ४[असु] उपतापे = दुःख होना । असूयति । [असू, असूञ्] इत्येके। अस्यति, असूयति, असूयते। ५-६ [लेट, लोट] धौर्त्ये, पूर्वभावे, स्वप्ने च । दीप्तावित्येके = धूर्तपन, पिछलापन और सोना तथा प्रकाश । लेट्यति, लोट्यति, लेटिता, लोटिता । ७ [लेला] दीप्तौ । लेलायति । ८-१० [इरस्, इरज्, इरञ्] ईर्ष्यायाम् । इरस्यति, इरज्यति, इर्येति, ईर्यते (१९७) से दीर्घ । ११ [उषस्] प्रभातीभावे = प्रातःकाल का

'वेरपृक्तस्य' (अ० ६।१।६६) से क्विप् का लोप होकर 'कण्डू' दीर्घान्त प्रातिपदिक सिद्ध हो जाता है । अतः कण्डूञ् का दीर्घ पाठ व्यर्थ होकर ज्ञापन करता है कि कण्डू आदि धातु और प्रातिपदिक दोनों हैं । प्रातिपदिक मानने का फल यह है कि 'कण्डू' शब्द से 'औ' विभक्ति परे रहने पर 'कण्ड्वौ' प्रयोग बनता है । अन्यथा केवल धातुपक्ष में 'क्विबन्तो धातुत्वं न जहाति' नियम से 'अचि श्नुधातु०' (आ० १५९) से उवङ् होकर 'कण्डुवौ' रूप की प्राप्ति होती । प्रातिपदिक पक्ष मानने से ज्ञापक होता है कि यगन्त से क्विप् नहीं होता । अतः 'कण्डुवौ' प्रयोग नहीं बनता ।

होना। उरस्यति। १२ [वेद] धौर्त्ये स्वप्ने च। वेदयति। १३ [मेधा] आशुग्रहणे = तुरन्त लेना। मेधायति। १४ [कुसुभ] क्षेप = निन्दा। कुसुभ्यति। १५ [मगध] परिवेष्टने, नीचदास्य इत्यन्ये = लपेटना तथा नीच की सेवा करना। मगध्यति। १६,१७ [तंतस्, पंपस्] दुःखे। तंतस्यति, पंपस्यति। १८,१९ [सुख, दुःख] तत्क्रियायाम्। सुख्यति, दुःख्यति, सुख दुःखं चानुभवति। २० [सपर] पूजायाम्। सपर्यति। २१ [अरर] आराकर्म्मणि = चाम काटना आदि। अररीयति। २२ [भिषज] चिकित्सायाम्। भिषज्यति। २३ [भिषणज्] उपसेवायाम्। भिषणज्यति। २४ [इषुध] शरधारणे = बाण धारण। इषुध्यति। २५,२६ [चरण, वरण] गतौ। चरण्यति। वरण्यति। २७ [चुरण] चौर्ये। चुरण्यति। २८ [तुरण] त्वरायाम् = शीघ्रता। तुरण्यति। २९ [भुरण] धारणपोषणयोः। भुरण्यति। ३० [गद्गद] वाक्स्खलने गिड़गिड़ाकर बोलना। गद्गद्यति। ३०-३३ [एला, केला, खेला] विलासे। एलायति। केलायति। खेलायति। [इला] इत्यन्य। इलायति। [खला][1] स्खलने च। अदन्तोऽयमित्यन्य। खेल्यति[1]। ३४ [लिट्] अल्पकुत्सनयोः। लिट्यति। ३५ [लाट्] जीवने। लाट्यति। ३६ [हृणीङ्] रोषणे लज्जायां च। हृणीयते। ३७ [महीङ्] पूजायाम्। महीयते। ३८ [रेखा] श्लाघासादनयो. = आत्मप्रशंसा, ईर्ष्या। रेखायति। ३९ [दुवस्] परितापपरिचरणयोः = कष्ट और सेवा। दुवस्यति। ४० [तिरस्] अन्तर्द्धौ।

---

[1] अन्यों के मत में 'लेखा' धात्वन्तर है किन्हीं के मत में 'लेख' अदन्त है, उसका 'लेख्यति' रूप बनता है।

तिरस्यति । ४१ [अगद] नीरोगत्वे । अगद्यति । ४२ [उरस्] बलार्थे । उरस्यति । ४३ [तरण] गतौ। तरण्यति । ४४ [पयस्] प्रसृतौ । पयस्यति । ४५ [संभूयस्] प्रभूतभावे = समर्थ होना । संभूयस्यति । ४६, ४७ [अम्बर सम्बर] सभरणे। अम्बर्यति । सम्बर्यति । आकृतिगणोऽयम् । यह कण्ड्वादि आकृतिगण अर्थात् इस गण मे अर्थानुसार अन्य शब्द भी धातु माने जाते है।

॥ इति कण्ड्वादिप्रक्रिया समाप्ता ॥

अथ प्रत्ययमालाप्रक्रिया ॥

३२०—का०—

शैषिकान्मतुबर्थीयाच्छैषिको मतुबर्थिकः ।

सरूपः प्रत्ययो नेष्टः सन्नन्तान्न सनिष्यते ॥

महा० ३ । १ । ७ ॥

शेषाधिकार के प्रत्यय से समानरूपवाला शेषाधिकारी प्रत्यय और मतुप् प्रत्यय के अर्थवाले से समान रूपवाला मतुबर्थ प्रत्यय इष्ट नहीं ; तथा इच्छा अर्थवाला सन् प्रत्यय जिसके अन्त मे हो उससे फिर इच्छार्थ सन् प्रत्यय नहीं इष्ट है । शैषिकात् - शालायां भवः, शालीया घटः, शालीये घटे भवमुदकम् । यहां 'छ' प्रत्यय फिर न हुआ । और विरूप हो जाता है, जैसे—अहिच्छत्रे भव आहिच्छत्रः, आहिच्छत्रे भव आहिच्छत्रीयो माणवक । मतुबर्थीयात्—दण्डोऽस्यास्तीति, दण्डिकः, दण्डिकोऽस्यास्तीति । यहां फिर मतुबर्थ ठन् प्रत्यय नहीं होता, और विरूप तो होता है जैसे— दण्डिमती सेना। सन्नन्तात्—चिकीर्षितुमिच्छति, जिहीर्षितुमि-

च्छति। यहां फिर सन् नहीं होता। स्वार्थे सन्नन्त से तो इच्छार्थ सन् होता है। जैसे—जुगुप्सितुमिच्छति, जुगुप्सिषते, मीमांसिषते।

६२१—वा०—कण्ड्वादीनां च ॥ ६ । १ । ३ ॥

कण्ड्वादि शब्दों के तृतीय एकाच् अवयव को द्वित्व हो। कण्डूयितुमिच्छति कण्डूयियिषति, असूयियिषति।

६२२-वा०-वा नामधातूनां तृतीयस्य द्वे भवत इति वक्तव्यम् ॥ ६ । १ । ३ ॥

नामधातुओं के तृतीय एकाच् अवयव को विकल्प करके द्वित्व हो। क्यजन्तात् सन् आत्मनोऽश्वमिच्छति अश्वीयति, अश्वीयितुमिच्छति अश्वीयियिषति, अशिश्वीयिषति।

६२३-अपर आह-यथेष्टं वा नामधातूनाम् ॥ ६ । १ । ३ ॥

पुत्रीयितुमिच्छति पुपुत्रीयिषति, पुतित्रीयिषति, पुत्रीयियिषति अजादि के आदि को छोड़कर औरों को यथेष्ट द्वित्व होता है। अध्यापनीयितुमिच्छति अदिध्यापनीयिषति, अध्यापिपनीयिषति, अध्यापनिनीयिषति, अध्यापनीयियिषति। न, द, र, ये संयुक्त हों तो इन में जो अच् से परे हो उसको द्वित्व का निषेध है[1]। आत्मन इन्द्रमिच्छति इन्द्रीयति, इन्द्रीयितुमिच्छति इन्दिद्रीयिषति, इन्द्रीयियिषति। प्रियमाचष्टे प्रापयति, प्रापयितुमिच्छति पिप्रापयिषति, प्रापिपयिषति, प्रापयियिषति उरुमाचष्टे वारयति, वारयितुमिच्छति [विवारयिषति] वारिरयिषति, वारयियिषति। बाढमाचष्टे साधयति, साधयितुमिच्छति सिसाधयिषति, सादिधयिषति, साधयियिषति।

---

१. न न्द्राः संयोगादयः। अ० ३२६ ॥

अतिशयेन पुनः पुनर्वा भवति, बोभूयते, बोभूयितुमिच्छति, बोभूयिषते, बोभूयिषमाचष्टे बोभूयिषयति, बोभूयिषयितुमिच्छति, बोभूयिषयिषति। अन्तिकमाचष्टे नेदयति, आत्मनो नेदयितुमिच्छति, नेदयीयति, नेदयीयितुमिच्छति निनेदयीयिषति, निनेदयीयिषमाचष्टे, निनेदयीयिषयति। गोमन्तमाचष्टे गवयति, आत्मनो गवयमिच्छति गवयीयति, गवयीयितुमिच्छति [जिगवायीयिषति], गविवयीयिषति, प्राचकीयितुमिच्छति, पिपाचकीयिषति। आख्यातमाचष्टे आख्यातयति, आख्यातयितुमिच्छति आचिख्यातयिषति। इत्यादि असंख्य प्रयोग प्रत्ययमाला में बन सकते हैं। सो व्याकरण में पूर्ण प्रवेश होने के अधीन हैं।

॥ इति प्रत्ययमालाप्रक्रिया समाप्ता ॥

अथात्मनेपदप्रक्रिया ॥

अनुदात्त और ङित् धातुओं से आत्मनेपद (९५) सूत्र में कह चुके हैं। आस्ते, शेत, प्रवते, प्लवते इत्यादि।

६२४-भावकर्मणोः ॥ १ । ३ । १३ ॥

भाव और कर्म में विहित जो लकार उसके स्थान में आत्मनेपद हो। भाव में-आस्यते भवता, शय्यते भवता। कर्म में-क्रियते कटः, ह्रियते भारः।

६२५-कर्तरि कर्मव्यतिहारे ॥ १ । ३ । १४ ॥

परस्पर एक दूसरे का काम करे इस अर्थ में वर्तमान धातु से कर्ता में आत्मनेपद हो। व्यतिलुनते, व्यतिपुनते, व्यतिस्ते, व्यतिषाते, व्यतिषते। [व्यतिसे] (५४) इससे सलोप व्यतिध्वे, यहां (११३) सूत्र से सलोप। व्यतिहे. (११४) सूत्र से अस् के स को ह। कर्मव्यतिहार कहने से यहां न हुआ-स्व स्वं क्षेत्रं लुनन्ति। कर्ता का ग्रहण अगले सूत्रों के लिये है।

६२६-न गतिहिंसार्थेभ्यः ॥ १ । ३ । १५ ॥

गत्यर्थक और हिंसार्थक धातुओं से कर्मव्यतिहार अर्थ में आत्मनेपद न हो। गत्यर्थ-व्यतिगच्छन्ति, व्यतिसर्पन्ति, हिंसार्थ-व्यतिहिंसन्ति, व्यतिघ्नन्ति।

६२७-वा०-प्रतिषेधे हसादीनामुपसंख्यानम् ॥ १ । ३ । १५ ॥

यहां आत्मनेपद के प्रतिषेध में हसादिकों का भी ग्रहण करना चाहिये। हस के सदृश शब्दक्रिया वाले धातु हसादि कहाते हैं। व्यतिहसन्ति, व्यतिजल्पन्ति, व्यतिपठन्ति।

६२८—वा०—हरिवह्योरप्रतिषेधः ॥ १ । ३ । १५ ॥

हृ और वह धातु से कर्मव्यतिहार अर्थ में आत्मनेपद होने का प्रतिषेध न हो। सम्प्रहरन्ते राजानः, सविवहन्ते गर्गाः।

६२९—इतरेतरान्योन्योपपदाच्च ॥ १ । ३ । १६ ॥

इतरेतर और अन्योन्य उपपद हो तो कर्मव्यतिहार अर्थ में धातु से आत्मनेपद न हो। इतरेतरस्य व्यतिलुनन्ति, अन्योन्यस्य व्यतिलुनन्ति।

६३०—वा०—परस्परोपपदाच्च ॥ १ । ३ । १६ ॥

परस्पर उपपद हो तो कर्मव्यतिहार अर्थ में धातु से आत्मनेपद न हो। परस्परस्य व्यतिलुनन्ति, परस्परस्य व्यतिपुनन्ति।

६३१—नेर्विशः ॥ १ । ३ । १७ ॥

निपूर्वक विश् धातु से आत्मनेपद हो। निविशते। नि ग्रहण से यहां न हुआ। प्रविशति "अर्थवत आगमस्तद्गुणीभूतोऽर्थवद्ग्रहणेन गृह्यते"[1] इसमें अट् के व्यवधान में भी होता है। न्यविशत "अर्थवद्ग्रहणे नानर्थकस्य"[2] इससे यहां न हुआ—मधूनि विशन्ति भ्रमराः।

६३२—परिव्यवेभ्यः क्रियः ॥ १ । ३ । १८ ॥

परि, वि और अव उपसर्गों से परे डुक्रीञ् धातु से आत्मनेपद हो। परिक्रीणीते, विक्रीणीते, अवक्रीणीते। यहां न हुआ—बहुवि-[3] क्रीणाति वनम्।

६३३—विपराभ्यां जेः ॥ १ । ३ । १९ ॥

वि और परा उपसर्ग से परे जि धातु से आत्मनेपद हो।

---

1. पारि० ११। 2. पारि० १४।
3. बहवो वयः सन्ति यस्मिन् वने तद् बहुवि वनम्।

विजयते, पराजयते। उपसर्ग ग्रहण से यहां न हुआ—बहुविजयति वनम्, परा जयति सेना।

६३४—आङो दोऽनास्यविहरणे॥ १। ३। २०॥

मुख के फैलाने अर्थ से अन्यत्र अर्थ मे आङ्पूर्वक डुदाञ् धातु से आत्मनेपद हो। विद्यामादत्ते। अनास्यविहरण कहने से यहां न हुआ—आस्यं व्याददाति। आस्यविहरण के समान जो और क्रियाएं हैं उनमे भी प्रतिषेध होता है। जैसे—विपादिका व्याददाति, कूलं व्याददाति।

६३५—वा०—स्वाङ्गकर्मकाच्चेति वक्तव्यम्॥ १। ३। २०॥

"अनास्यविहरण" यहां स्वाङ्गकर्म वाले दा धातु से आत्मनेपद प्रतिषेध कहना चाहिये। इससे यहां प्रतिषेध न हुआ। व्याददते पिपीलिका पतङ्गस्य मुखम्।

६३६—क्रीडोऽनुसंपरिभ्यश्च॥ १। ३। २१॥

अनु, सम्, परि और आङ् उपसर्गों से परे जो क्रीड धातु उससे आत्मनेपद हो। अनुक्रीडते, संक्रीडते, परिक्रीडते, आक्रीडते। उपसर्ग नियम से यहां नहीं होता—अनुक्रीडति माणवकम्, माणवकेन सह क्रीडतीत्यर्थः। यहाँ "तृतीयार्थे"[1] इससे अनु की कर्मप्रवचनीय-संज्ञा है, किन्तु उपसर्गसंज्ञा नहीं। "समोऽकूजने"[2] सम् से परे क्रीड से अकूजन अर्थ मे आत्मनेपद होना चाहिये, अर्थात् यहां न हो—संक्रीडन्ति शकटानि।

६३७—वा०—आगमेः क्षमायाम्॥ १। ३। २१॥

१. अष्टा० १। ४। ८५॥ २. वार्त्तिक १। ३। २१।

सहन अर्थ में आङ्पूर्वक णिजन्त गम धातु से आत्मनेपद हो। माणवकमागमयस्व तावत्, सहनं कुरु।

६३८—वा०-शिक्षेर्जिज्ञासायाम् ॥१।३।२१॥

जानने की इच्छा मे शिक्ष धातु से आत्मनेपद हो। विद्यासु शिक्षते, धनुषि शिक्षते। विद्या वा धनुर्विषय के ज्ञान मे समर्थ होने की इच्छा करता है।

६३९—वा०-किरतेर्हर्षजीविकाकुलायकरणेषु ॥ १।३।२१॥

हर्ष आनन्द, जीविका, कुलायकरण गड्ढा करना इन अर्थों में किरति धातु से आत्मनेपद हो। अपस्किरते वृषो हृष्टः, अपस्किरते कुक्कुटो भक्षार्थी, अपस्किरते श्वा आश्रयार्थी।

६४०—वा०-हरतेर्गतताच्छील्ये ॥१।३।२१॥

किसी प्रकार के स्वभाव होने अर्थ में हृधातु से आत्मनेपद हो। पैतृकमश्वा अनुहरन्ते, मातृकं गावोऽनुहरन्ते। घोडा पिता से पाये हुए प्रकार का अनुहार करते हैं, तथा गौ मातृस्वभाव का अनुहार करती हैं।

६४१—वा०-आशिषि नाथः॥ १।३।२१॥

आशीर्वाद अर्थ मे ही नाथृ से आत्मने पद हो। सर्पिषो नाथते मधुनो वा।

६४२—वा०-आङि नुपृच्छ्योः॥ १।३।२१॥

आङ् पूर्वक नु और पृच्छ धातु से आत्मनेपद हो—आनुते शृगालः, उत्कण्ठापूर्वक शब्दं करोतीत्यर्थः। आपृच्छते गुरुम्।

६४३—वा०-शप उपलम्भने[1] ॥ १।३।२१॥

---

१. उपलम्भन का अर्थ शाप देना भी होता है।

उलाहना देने मे शप धातु से आत्मनेपद हो—गुरवे शपते।

६४४—समवप्रविभ्यः स्थः ॥ १ । ३ । २२ ॥

सम्, अव, प्र और वि उपसर्गों से परे स्था धातु से आत्मनेपद हो। सतिष्ठते, अवतिष्ठते, प्रतिष्ठते, वितिष्ठते।

६४५—वा०-आङः स्थः प्रतिज्ञाने ॥३।१।२२॥

प्रतिज्ञा अर्थ में आङ् से परे स्था धातु से आत्मने पद हो। अस्ति सकारमातिष्ठते, आगमो गुणवृद्धी आतिष्ठते, विकारो गुण-वृद्धी आतिष्ठते।

६४६—प्रकाशनस्थेयाख्ययोश्च ॥१।३।२३॥

अपने अभिप्राय के प्रकाश और विवाद के निर्णय करने वाले की आख्या म स्था धातु से आत्मनेपद हो। भायो तिष्ठते पत्य, विदुषे तिष्टत जिज्ञासुः, संशय्य कणादिषु तिष्ठते यः।

६४७—उदोऽनूर्ध्वकर्मणि ॥ १ । ३ । २४ ॥

अनूर्ध्व कर्म मे वर्तमान उद् उपसर्ग से परे स्थाधातु से आत्मने पद हो। "उद् ईहायाम्" यहां उद् उपसर्ग से चेष्टा अर्थ मे कहना चाहिये। गेहे उत्तिष्ठते। घर की उन्नति के लिये यत्न करता है। अनू-र्ध्वकर्म कहने से यहा न हुआ—आसनादुत्तिष्ठति। ईहाग्रहण से यहां न हुआ—उत्तिष्ठति सेना, उत्पद्यत जायत इत्यर्थः।

६४८—उपान्मन्त्रकरणे ॥ १ । ३ । २५ ॥

मन्त्रकरण[1] मे उप से पर स्था धातु से आत्मनेपद हो। ऐन्द्रया गार्हपत्यमुपतिष्ठते, आग्नेय्याऽऽग्नीध्रमुपतिष्ठते। मन्त्रकरण अर्थ के ग्रहण से यहां न हुआ—पतिमुपतिष्ठति यौवनेन।

---

१. मन्त्र हैं करण, साधन जिसमें वह मन्त्रकरण अर्थात् स्तुति कहाती है।

६४९—वा०—उपाद्देवपूजासंगतिकरणमित्रक-रणपथिष्विति वक्तव्यम् ॥१।३।२५॥

देवपूजा, सङ्गतिकरण, मित्रकरण और मार्ग अर्थ में उप से परे स्था धातु से आत्मनेपद हो। देवपूजायाम्—आदित्यमुपतिष्ठते, चन्द्रमसमुपतिष्ठते। सङ्गतिकरणे—रथिकानुपतिष्ठते, अश्वारोहानुपतिष्ठते। सङ्गतिकरण समीप जाकर मित्रपन से वर्तमान और मित्रकरण तो समीप वा असमीप में केवल मित्रपन समझना चाहिए[1]। पथिषु—अयं पन्थाः स्रुघ्नमुपतिष्ठते, अयं पन्थाः साकेतमुपतिष्ठते।

६५०—वा०—वा लिप्सायाम् ॥ १ । ३ । २५ ॥

लाभ की इच्छा अर्थ में स्था धातु से आत्मनेपद हो। भिक्षुको ब्राह्मणकुलमुपतिष्ठते [उपतिष्ठति वा]

६५१—अकर्मकाच्च ॥ १ । ३ । २६ ॥

उप पूर्वक अकर्मक अर्थात् अकर्मकक्रियावचन स्था धातु से आत्मनेपद हो। यावद् भुक्तमुपतिष्ठते, यावदोदनमुपतिष्ठते। भोजन २ में सन्निहित होता है। अकर्मक ग्रहण से यहां न हुआ—राजानमुपतिष्ठति।

६५२—उद्विभ्यां तपः ॥ १ । ३ । २७ ॥

उद् और वि उपसर्ग से परे अकर्मकक्रियावचन तप धातु से आत्मनेपद हो। उत्तपते, वितपते। प्रकाशित होता है। अकर्मक ग्रहण से यहां न हुआ—उत्तपति सुवर्णं सुवर्णकार, वितपति पृष्ठं सविता।

---

[1] इसका भाव यह है—सगतिकरण में उपश्लेष (परस्पर मिलना) होता है, और मित्रकरण में उपश्लेष की आवश्यकता नहीं होती है।

६५३—वा०—स्वाङ्गकर्मकाच्च ॥ १ । ३ । २७ ॥

उद् और वि से परे स्वाङ्गकर्मक तप धातु से आत्मनेपद हो। उत्तपते पाणिम्, वितपते पाणिम्, उत्तपते पृष्ठम्, वितपते पृष्ठम्। स्वाङ्ग यहां अपने ही अङ्ग का ग्रहण है अर्थात् "स्वमङ्गं स्वाङ्गम्", किन्तु "अद्रवं मूर्त्तिमत्०[1]" इस परिभाषा से जो उक्त है वह नहीं लिया जाता है। इससे यहां नहीं हुआ—देवदत्तो यज्ञदत्तस्य पाणिमुत्तपति। उद्, वि ग्रहण से यहां न हुआ—निष्टपति।

६५४—आङो यमहनः ॥ १ । ३ । २८ ॥

आङ् से परे अकर्मकक्रियावचन यम और हन धातु से आत्मनेपद हो। आयच्छते, आयच्छेते, आयच्छन्त, आहत (३०३) अनुनासिक लोप—आघ्नाते, आघ्नत। अकर्मक ग्रहण से यहां न हुआ—आयच्छति रज्जुं कूपात्, आहन्ति वृषलं पादेन।

---

[1] अद्रवं मूर्तिमत् स्वाङ्गं प्राणिस्थमविकारजम्।
अतत्स्थं तत्र दृष्टं च तस्य चेत् तथा युतम्॥
अप्राणिनोऽपि स्वाङ्गसंज्ञं भवति। महा० ४। १। ५४॥

अर्थात्– जो द्रव = बहने वाली नहीं है, मूर्तिमान् है, प्राणी में रहने वाला है, विकार से उत्पन्न नहीं है और प्राणि से अन्यत्र भी देखा जाता है इस की स्वाङ्ग संज्ञा होती है।

द्रव का निषेध करने से कफ, लोहित, मूर्त कहने से मन बुद्धि, विकारज का निषेध करने से फोडे, फुन्सी और प्राणि से अन्यत्र भी देखा जाय कहने से शिर उर. आदि का निषेध समझना चाहिये अर्थात् इन की स्वाङ्ग संज्ञा नहीं होती।

उपर्युक्त लक्षण से जिसकी स्वाङ्ग संज्ञा की है वह अवयव यदि अप्राणिक हो तो उस की भी स्वाङ्ग संज्ञा होती है।

६५५—वा०—स्वाङ्गकर्मकाच ॥ १ । ३ । २८ ॥

आङ् से परे स्वाङ्गकर्मक यम और हन् धातु से आत्मनेपद हो। आयच्छते पाणि, आहते उदरम्।

६५६—आत्मनेपदेष्वन्यतरस्याम् ॥ २ । ४ । ४४ ॥

आत्मनेपद प्रत्यय परे हो तो लुङ्लकार मे हन् धातु को वध आदेश विकल्प करके हो। आवधिष्ट, आवधिषाताम्, आवधिषत। जिस पक्ष मे वध आदेश न हुआ वहा—

६५७—हनः सिच् ॥ १ । २ । १४ ॥

हन् धातु से परे आत्मनेपद मे झलादि सिच् किद्वत् हो। आहत, आहसाताम्, आहसत।

६५८—यमो गन्धने ॥ १ । २ । १५ ॥

दूसरे के दोष को प्रकाश करने मे यम धातु से परे जो झलादि सिच् सो किद्वत् हो आत्मनेपद मे। शत्रुमुदायत, उदायसाताम्, उदायसत। गन्धनग्रहण से यहा न हुआ—उदायस्त पादम्। यहा "समुदाङ्भ्यः[1]" इस आगामी सूत्र से आत्मनेपद हुआ।

६५९—समो गम्यृच्छिभ्याम् ॥ १ । ३ । २९ ॥

सम उपसर्ग से परे अकर्मक क्रियावचन गम और ऋच्छ धातु से आत्मनेपद हो। सगच्छते शास्त्रम्, समृच्छते वस्त्रम्। अकर्मक ग्रहण से यहा न हुआ—सगच्छति ग्रामम्।

६६०—वा गमः ॥ १ । २ । १३ ॥

गम धातु से परे आत्मनेपद विषयक झलादि लिङ् सिच् [विकल्प से] किद्वत् हो। संगसीष्ट, संगंसीष्ट, समगत, समगंस्त।

---

१ आ० ७०५।

६६१—वा०—समो गमादिषु विदिप्रच्छिस्वरतीनामुपसंख्यानम् ॥ १ । ३ । २ ॥

सम् से परे गमादिकों में विद, प्रच्छ, स्वृ इन धातुओं से आत्मनेपद कहना चाहिये। संविते, संविदाते, संपृच्छते, संस्वरते। यहाँ अकर्मक की अनुवृत्ति (६५०) सूत्र से नहीं आती है।

६६२—वेतेर्विभाषा ॥ ७ । १ । ७ ॥

विद ज्ञाने धातु से परे प्रत्ययादि झकार के स्थान में (१२३) से अत् और उसको रुट् आगम विकल्प करके हो आत्मनेपद विषय में। इस सूत्र में 'वेत्ति' को रुडागम कहा है इसी कारण पूर्व वार्त्तिक में विद् करके वेत्ति का ही ग्रहण है, अन्य विद् का नहीं। सम् विद् + रुट् + अत् + अ = संविद्रते। संविदते।

६६३—वा०—अर्त्तिश्रुदृशिभ्यश्च ॥ १।३।२९॥

सम् से परे ऋ, श्रु और दृश धातु से आत्मनेपद हो। मासमृत, मासमृषाताम्, मासमृषत*, संश्रृणुत, संपश्यते।

६६४—वा०—उपसर्गादस्यत्यूह्योर्वा वचनम्॥१।३।२९॥

---

* यहां कौमुदीकार वा काशिकाकार आदि ने ऋ धातु से आत्मनेपद विषयक लुङ् लकार में च्लि के स्थान में अङ् "सर्तिशास्त्यर्त्तिभ्यश्च[2]" सूत्र से करके 'मासमरत, मासमरेताम्, मासमरन्त[3]' इत्यादि प्रयोग बनाये हैं। सो महाभाष्य से विरुद्ध है क्योंकि महाभाष्यकार के शास इदङ् हलः" इस सूत्र के व्याख्यान[4] से निश्चित होता है कि "सर्तिशास्ति०" सूत्र में परस्मैपद की अनुवृत्ति है॥

---

१. आ० ७०५। २. आ० २५६। ३. आ० ३७१।
४. महा० ६। ४। ३२४॥

उपसर्ग से परे जो अस् और ऊह् धातु उनसे विकल्प करके आत्मने पद हो। निरस्यति, निरस्यते; समूहति, समूहते।

६६५—उपसर्गाद्ध्रस्व ऊहतेः ॥ ७ । ४ । २३॥

उपसर्ग से परे ऊह् धातु का ह्रस्व हो, यकारादि कित् ङित् प्रत्यय परे हों तो। समुह्यादग्निम्।

६६६—निसमुपविभ्यो ह्वः ॥ १ । ३ । ३० ॥

नि, सम्, उप और वि इनसे परे जो ह्व धातु उससे आत्मनेपद हो। निह्वयते, संह्वयते, उपह्वयते, विह्वयते।

६६७—स्पर्धायामाङः ॥ १ । ३ । ३१ ॥

स्पर्धा अर्थात् दूसरे के तिरस्कार करने की इच्छा में वर्तमान आङ् उपसर्ग से परे जो ह्वा धातु उससे आत्मनेपद हो। मल्लो मल्लमाह्वयते, छात्रश्छात्रमाह्वयते। स्पर्धा से अन्यत्र—गामाह्वयति गोपालः।

६६८—गन्धनावक्षेपणसेवनसाहसिक्यप्रतियत्नप्रकथनोपयोगेषु कृञः ॥१।३।३२॥

गन्धन (चुगली), अवक्षेपण (धमकाना), सेवन (सेवा), साहसिक्य (हठ), प्रतियत्न (गुणाधान), प्रकथन, उपयोग (धर्मार्थ नियम) इन अर्थों में वर्तमान कृञ् धातु से आत्मनेपद हो। गन्धन—शत्रुमुत्कुरुते। अवक्षेपण—श्येनो वर्तिकामुदाकुरुते। सेवन—आचार्यमुपकुरुते शिष्यः, परदारान् प्रकुरुते। प्रतियत्न—एधोदकस्योपस्कुरुते गुडस्योपस्कुरुते। प्रकथन—जनापवादान् प्रकुरुते। उपयोग—शतं प्रकुरुते। सहस्रं प्रकुरुते, धर्मार्थं विनियुङ्क्त इत्यर्थः। इन अर्थों से अन्यत्र—कटं करोति।

६६९—अधेः प्रसहने ॥ १ । ३ । ३३ ॥

सहन वा तिरस्कार करने अर्थ मे अधि से परे कृञ् धातु से आत्मनेपद हो। सहन—शीतमधि कुरुते। तिरस्कार—शत्रुमधिकुरुते। अन्यत्र—अर्थमधिकरोति।

६७०—वेः शब्दकर्मणः ॥ १ । ३ । ३४ ॥

वि उपसर्ग से परे शब्दकर्मवाले कृञ् धातु से आत्मनेपद हो। यहां कर्मकारक का ग्रहण है। क्रोष्टा विकुरुते स्वरान्, ध्वाङ्क्षो विकुरुते स्वरान्। अन्यत्र—विकरोति पयः।

६७१—अकर्मकाच्च ॥ १ । ३ । ३५ ॥

वि उपसर्ग से परे अकर्मक कृञ् धातु से आत्मनेपद हो। विकुर्वते सैन्धवाः, शोभनं वल्गन्तीत्यर्थः।

६७२—सम्माननोत्सञ्जनाचार्यकरणज्ञानभृतिविगणनव्ययेषु नियः ॥ १ । ३ । ३६ ॥

सम्मानन (अच्छे प्रकार मान), उत्सञ्जन (उछालना), आचार्यकरण (आचार्यक्रिया), ज्ञान, भृति (वेतन), विगणन (ऋणादि का चुकाना), व्यय (धर्मादि कामों मे खर्च करना) इन अर्थों मे वर्तमान नी धातु से आत्मनेपद हो। सम्मानन—मातरं सन्नयते। उत्सञ्जन—दण्डमुन्नयते। आचार्यकरण-माणवकमुपनयते। ज्ञान-तत्त्वं नयते। भृति-कर्मकरानुपनयते, भृतिदानेन समीपं नयत इत्यर्थः। विगणन—मद्रा करं विनयन्ते। राजा का उगाही आदि धन देते हैं। व्यय-शतं विनयते। धर्मार्थ शत मुद्रा खर्च करता है।

६७३—कर्तृस्थे चाशरीरे कर्मणि ॥ १ । ३ । ३७ ॥

कर्ता मे स्थित शरीर भिन्न कर्म उपपद हो तो नी धातु से आत्मनेपद होवे। शरीर का एकदेश भी शरीर कहाता है। क्रोधं विनयते, मन्युं विनयते। कर्तृस्थ ग्रहण इसलिये है कि—देवदत्तो यज्ञदत्तस्य

क्रोधं विनयति । अशरीर ग्रहण इसलिये है कि—हस्तं विनयति । कर्म ग्रहण इसलिये है कि—बुद्ध्या विनयति ।

६७४—वृत्तिसर्गतायनेषु क्रमः ॥१।३।३८॥

वृत्ति (अनिरोध), सर्ग (उत्साह), तायन (विस्तार) इन अर्थों मे वर्तमान क्रम धातु से आत्मनेपद हो । वृत्ति—मन्त्रेष्वस्य क्रमते बुद्धिः । सर्ग—व्याकरणाध्ययनाय क्रमते । तायन—क्रमन्तेऽस्मिन् शास्त्राणि । वृत्ति आदि मे अन्यत्र—अपक्रामति बालः ।

६७५—उपपराभ्याम् ॥ १ । ३ । ३९ ॥

वृत्ति, सर्ग, तायन अर्थों मे उप और परा उपसर्ग पूर्वक क्रम धातु से परे ही आत्मनेपद हो, अन्य उपसर्गों से नहीं । उपक्रमते, पराक्रमते । उप, परा के नियम से 'सङ्क्रामति' यहां आत्मनेपद नहीं होता । वृत्ति आदि अर्थों से अन्यत्र—उपक्रामति, पराक्रामति ।

६७६—आङ उद्गमने ॥ १ । ३ । ४० ॥

वा०—ज्योतिषामुद्गमने (१ । ३ । ४०) आङ् से परे सूर्य आदि के ऊपर को उठने अर्थ मे वर्तमान क्रम धातु से परे आत्मनेपद हो । आक्रमते सूर्यः, आक्रमते चन्द्रमाः । उद्गमन से अन्यत्र—आक्रामति माणवक कुतुपम् । ज्योतियो के ग्रहण से अन्यत्र—'आक्रामति धूमो हर्म्यतलात्' यहां आत्मनेपद न हो ।

६७७—वेः पादविहरणे ॥ १ । ३ । ४१ ॥

पादविहरण अर्थ मे वर्तमान वि उपसर्ग पूर्वक क्रम धातु से आत्मनेपद हो । साधु विक्रमते वाजी । पादविहरण से अन्यत्र—विक्रामति सन्धिः ।

६७८—प्रोपाभ्यां समर्थाभ्याम् ॥ १ । ३ । ४२ ॥

तुल्यार्थ प्र और उप से परे जो क्रम धातु है उससे आत्मनेपद हो। प्रक्रमते भोक्तुम्, उपक्रमते भोक्तुम्। प्र और उप दोनो शब्द आरम्भ अर्थ मे तुल्यार्थ हैं। समर्थ ग्रहण इसलिये है कि—'पूर्वेद्युः प्रक्रामति, अपरेद्युरुपक्रामति'' यहा आत्मनेपद न हो।

६७९—अनुपसर्गाद्वा ॥ १ । ३ । ४३ ॥

उपसर्ग रहित क्रम धातु से आत्मनेपद विकल्प करके हो। क्रमते, क्रामति। अनुपसर्ग कहने से—'सक्रामति' मे न हुआ।

६८०—अपह्नवे ज्ञः ॥ १ । ३ । ४४ ॥

मिथ्या अर्थ मे वर्तमान ज्ञा धातु से आत्मनेपद हो। शतमपजानीते। अपह्नव अर्थ से अन्यत्र—न त्व किंचिदपि जानासि।

६८१—अकर्मकाच्च ॥ १ । ३ । ४५ ॥

अकर्मक ज्ञा धातु से आत्मनेपद हो। सर्पिषो जानीते। यहा करण मे षष्ठी है। अकर्मक से अन्यत्र—'स्वरेण पुत्रं जानाति' यहां आत्मनेपद नहीं होता।

६८२—संप्रतिभ्यामनाध्याने ॥ १ । ३ । ४६ ॥

उत्कण्ठापूर्वक स्मरण से अन्य अर्थ मे सम् और प्रति उपसर्ग पूर्वक ज्ञा धातु से आत्मनेपद हो। शत संजानीते, शतं प्रतिजानीते। स्मरण का निषेध इसलिये है कि—मातुः संजानाति बालः।

६८३—भासनोपसंभाषाज्ञानयत्नविमत्युपमन्त्रणेषु वदः ॥ १ । ३ । ४७ ॥

भासन (दीप्ति), उपसभाषा (समीप से समझना), ज्ञान (सम्यग्बोध), यत्न (उत्साह), विमति (नाना प्रकार की बुद्धि), उपमन्त्रण (एकान्त मे कहना), इन अर्थों मे वद धातु से आत्मनेपद हो। भासन—शास्त्रे वदते, शास्त्र में विद्याप्रकाश

को प्राप्त हुआ कह रहा है। उपसंभाषा—कर्मकरानुपवदते । ज्ञान—व्याकरणे वदते । यत्न—क्षेत्रे वदते, गेहे वदते । विमति—सदसि विवदन्ते विद्वांसः । उपमन्त्रण—राजानमुपवदते मन्त्री । भासन आदि अर्थों मे अन्यत्र--यत् किंचिद्वदति ।

६८४—व्यक्तवाचां समुच्चारणे ॥ १ । ३ । ४८ ॥

स्पष्ट वर्ण बोलने वालो के एक साथ उच्चारण करने अर्थ मे वर्तमान वद धातु से आत्मनेपद हो । संप्रवदन्ते ब्राह्मणा । व्यक्त-वाणी वालो का ग्रहण इसलिये है कि—सम्प्रवदन्ति कुक्कुटाः । साथ उच्चारण करने से अन्यत्र—'ब्राह्मणो वदति' यहा आत्मनेप न हो ।

६८५—अनोरकर्मकात् ॥ १ । ३ । ४९ ॥

स्पष्ट वर्ण बोलने वालो के एक साथ उच्चारण करने अर्थ मे वर्तमान अनु उपसर्ग से परे वद धातु से आत्मनेपद हो। अनुवदते कठ कलापस्य । जैसे कलाप पढ़ता हुआ कहता है वैसे कठ भी । अकर्मक ग्रहण से यहा न हुआ—उक्तमनुवदति । व्यक्तवाग् ग्रहण से यहा न हुआ—अनुवदति वीणा । यहा सदृश अर्थमात्र है ।

६८६—विभाषा विप्रलापे ॥ १ । ३ । ५० ॥

विरुद्धकथन मे व्यक्तवर्ण बोलने वालो के एक साथ उच्चारण अर्थ मे वद धातु से परे आत्मनेपद विकल्प करके हो। विप्रवदन्ते, विप्रवदन्ति वा वैयाकरणाः । एक दूसरे के पक्ष का खण्डन करने से विरुद्ध बोलते है । विप्रलाप से अन्यत्र—सम्प्रवदन्ते ब्राह्मणा । व्यक्तवाणी से अन्यत्र— विप्रवदन्ति शकुनयः समुच्चारण से अन्यत्र—मेण तार्किकस्तार्किकेण सह विप्रवदति ।

६८७—आवद् ग्रः ॥ १ । ३ । ५१ ॥

अव उपसर्ग से परे जो गृ धातु उससे आत्मनेपद हो। अवगिरते, अवगिरेते। अव से अन्यत्र—गिरति।

६८८—समः प्रतिज्ञाने ॥ १। ३। ५२॥

प्रतिज्ञा अर्थ में वर्तमान सम्पूर्वक गृ धातु से आत्मनेपद हो। शत संगिरते, नित्य शब्दं संगिरते। प्रतिज्ञा अर्थ से अन्यत्र—संगिरति ग्रासम्' यहां आत्मनेपद नहीं होता।

६८९—उदश्चरः सकर्मकात् ॥ १। ३। ५३॥

उद्पूर्वक सकर्मक चर धातु से आत्मनेपद हो। धर्ममुच्चरते, गुरुवचनमुच्चरते। धर्म और गुरु के वचन का उल्लङ्घन करता है। सकर्मक से अन्यत्र—वाष्पमुच्चरति कूपात्।

६९०—समस्तृतीयायुक्तात् ॥ ३। १। ५४॥

तृतीया विभक्ति से युक्त सम्पूर्वक चर धातु से आत्मनेपद हो। रथेन संचरते, अश्वेन संचरते। तृतीया से अन्यत्र—'उभौ लोकौ संचरति' यहां न हो।

६९१—दाणश्च सा चेच्चतुर्थ्यर्थे ॥१।३।५५॥

अशिष्टव्यवहार अर्थ मे तृतीया विभक्ति से युक्त सम्पूर्वक दाण् धातु से आत्मनेपद हो परन्तु वह तृतीया विभक्ति चतुर्थी के अर्थ मे हो तो। दास्या संप्रयच्छते, वृषल्या संप्रयच्छते. कामी पुरुष दासी और वेश्या को कुछ देता है। चतुर्थ्यर्थ से अन्यत्र—पाणिना संप्रयच्छति।

६९२—उपाद्यमः स्वकरणे ॥ १। ३। ५६॥

हाथ पकड़ कर जो स्वीकार करना है उस अर्थ में वर्तमान यम धातु से आत्मनेपद हो। भार्यामुपयच्छते। स्वकरण ग्रहण करने से यहां न हुआ। पटमुपयच्छति। देवदत्ता यज्ञदत्तास्य भार्यामुपयच्छति।

६६३—ज्ञाश्रुस्मृदृशां सनः ॥ १ । ३ । ५७ ॥

ज्ञा, श्रु, स्मृ और दृश् इन धातुओं के सन् प्रत्यय से परे आत्मनेपद हो। धर्मं जिज्ञासते, गुरुं शुश्रूषते, विस्मृतं सुस्मूर्षते, नृपं दिदृक्षते। सन ग्रहण से यहां न हुआ—जानाति, शृणोति, स्मरति, पश्यति।

६६४—नानोर्ज्ञः ॥ १ । ३ । ५८ ॥

अनु उपसर्ग से परे ज्ञा धातु के सन् से आत्मनेपद न हो। पुत्रमनुजिज्ञासति। 'अनु'ग्रहण से यहां न हुआ—धर्मं जिज्ञासते।

६६५—प्रत्याङ्भ्यां श्रुवः ॥ १ । ३ । ५९ ॥

प्रति और आङ् उपसर्ग से परे सन्नन्त श्रु धातु से आत्मनेपद न हो। प्रति शुश्रूषति। आशुश्रूषति। उपसर्ग मानने सेयहां न हुआ—देवदत्तं प्रति शुश्रूषते।

६६६—पूर्ववत्सनः ॥ १ । ३ । ६२ ॥

सन्नन्त से पूर्ववत् आत्मनेपद हो। अर्थात् जिस निमित्त से प्रथम आत्मनेपद होता हो, उसी निमित्त से सन्नन्त में भी आत्मनेपद हो। जैसे—अनुदात्त ङित् से आत्मनेपद होता है। आस्ते, शेते। वैसे ही उन्हीं निमित्तों से सन्नन्त से भी आत्मनेपद हो। आसिसिषते, शिशयिषते, निविशते, निविविक्षते, आक्रमते, आचिक्रंसते। सन्नन्त शद् और मृङ् धातु से आत्मनेपद न होगा। क्योंकि उनसे आत्मनेपद विधान में सन्नन्त से निषेध है * ॥

६६७—प्रोपाभ्यां युजेरयज्ञपात्रेषु ॥१।३।६४॥

* (२३२, ४३१) सूत्रों में आत्मनेपद विधान का नियम है, सो सन्नन्त में आत्मनेपद नहीं होता क्योंकि (२३२, ४३१) सूत्रों में (६६४, ६६५) सूत्रों से सन्नन्त से निषेध की अनुवृत्ति आती है—शिशत्सति, मुमूर्षति।

अयज्ञपात्र प्रयोग मे प्र और उप से परे युज धातु से आत्मनेपद हो। प्रयुङ्क्ते, उपयुङ्क्ते। "अयज्ञपात्र" ग्रहण से यहां न हुआ— द्वन्द्वं यज्ञपात्राणि प्रयुनक्ति।

६९८—वा०—स्वराद्यन्तोपसृष्टादिति वक्तव्यम् ॥ १ । ३ । ६४ ॥

स्वर जिसके आदि तथा अन्त मे हो उस उपसर्ग से युक्त युज धातु से परे आत्मनेपद हो। अर्थात् सम्, निस्, दुर्, इन तीन उपसर्गों को छोडकर अन्य सब उपसर्गों से परे युज से आत्मनेपद हो। उद्युङ्क्ते, अनुयुङ्क्ते, नियुङ्क्ते। यहां नही होता—संयुनक्ति।

६९९—समः क्ष्णुवः ॥ १ । ३ । ६५ ॥

सम्पूर्वक क्ष्णु धातु से आत्मनेपद हो। संक्ष्णुते शस्त्रम्। क्ष्णु धातु को (६५९) सूत्र मे पढ़ देते तो यह पृथक् सूत्र बनाना न पड़ता। फिर यहां सकर्मक ही क्ष्णु का ग्रहण होने के लिये पृथक् पढ़ा है। और वहां (६५९) सूत्र मे अकर्मक की अनुवृत्ति है।

७००—भुजोऽनवने ॥ १ । ३ । ६६ ॥

अपालन अर्थ में वर्तमान भुज धातु से आत्मनेपद हो। भुङ्क्ते, भुञ्जाते, भुञ्जते। पालन के निषेध से अन्यत्र—पृथिवी भुनक्ति राजा। यहां रक्षार्थ के निषेध से जाना जाता है कि इस सूत्र में रुधादि के भुज का ग्रहण किया है तुदादि का नहीं।

७०१—णेरणौ यत्कर्म णौ चेत्स कर्ताऽनाध्याने ॥ १ । ३ । ६७ ॥

अणयन्त अवस्था में जो कर्म वही णयन्त अवस्था में कर्म तथा कर्ता भी हो तो अनाध्यान अर्थात् अत्यन्त उत्साह से जो स्मरण करना है उससे भिन्न अर्थ में णिजन्त

धातु से आत्मनेपद हो। आरोहन्ति हस्तिनं हस्तिपकाः, आरोहयते हस्ती स्वयमेव, उपसिञ्चन्ति हस्तिनं हस्तिपकाः, उपसेचयते हस्ती स्वयमेव, पश्यन्ति भृत्या राजानं, दर्शयते राजा स्वयमेव। 'णि' ग्रहण से यहां न हुआ—आरोहन्ति हस्तिनं हस्तिपका सा आरोह्यमाणो हस्ती साध्वारोहति। 'अणि' ग्रहण से यहां न हुआ—गणयति गणं गोपालकः, गणयति गणः स्वयमेव। 'कर्म' ग्रहण से यहां न हो—लुनाति दात्रेण, लावयति दात्रं स्वयमेव। 'णौ चेत्' ग्रहण समान क्रिया के लिये है। आरोह्यमाणो हस्ती भीतान् सेचयति मूत्रेण। 'यत्' ग्रहण अनन्यकर्म के लिये है—आरोह्यमाणो हस्ती स्थलमारोहयति मनुष्यान्। 'कर्ता' ग्रहण इसलिये है कि—आरोहन्ति हस्तिनं हस्तिपकाः तानारोहयति महामात्राः। अनाध्यान ग्रहण से यहां न हुआ—स्मरयत्येनं वनगुल्मः स्वयमेव। आगे कर्मकर्तृप्रक्रिया लिखेंगे उसी के सदृश उदाहरण इस सूत्र में दिये हैं सो कर्मकर्ता से आत्मनेपद हो जाना, फिर विशेष यह है कि उस प्रक्रिया में जो आत्मनेपद होता है सो कर्मस्थभावक[1] और कर्मस्थक्रियक धातुओं[2] से होता है और यह सूत्र कर्तृस्थभावक और कर्तृस्थक्रियक धातुओं के लिये है। वैसे ही कर्तृस्थक्रियक रुह और कर्तृस्थभावक दृश धातुओं के उदाहरण दिये हैं।

७०२—गृधिवञ्च्योः प्रलम्भने ॥ १ । ३ । ६९ ॥

---

१. भाव का लक्षण—अपरिस्पन्दनसाधनसाध्यो धात्वर्थो भावः। अर्थात् जो परिस्पन्दन = हिलना जुलना से रहित साधन से साध्य धात्वर्थ है वह भाव कहाता है।

२ क्रिया का लक्षण—सपरिस्पन्दन साधनसाध्यो धात्वर्थः क्रिया। अर्थात् जो परिस्पन्दन गति युक्त साधन से सिद्ध होने योग्य धात्वर्थ है वह क्रिया कहाती है।

प्रलम्भन अर्थात् झूठ साच बकने अर्थ मे वर्तमान णिजन्त गृधु और वञ्चु धातुओं से आत्मनेपद हो। माणवक गर्धयते। माणवकं वञ्चयते। प्रलम्भन ग्रहण से यहां न हुआ—श्वान गर्धयति। रोटी आदि से कुत्ते की इच्छा को उत्पादन कराता है। अहिं वञ्चयति। सर्प को हर लेता है।

७०३—मिथ्योपपदात्कृञोऽभ्यासे ॥ १।३।७१॥

बार २ काम करने मे मिथ्या शब्द जिसके उपपद हो उस णिजन्त कृञ् धातु से परे आत्मनेपद हो। पदं मिथ्या कारयते। पद का वार २ मिथ्या उच्चारण कराता है। मिथ्या शब्द के ग्रहण से यहा न हुआ—पदं सुष्ठु कारयति। कृञ् ग्रहण से यहां न हुआ—पदं मिथ्या वाचयति। अभ्यास ग्रहण से यहां न हुआ—पद मिथ्या कारयति। एक वार उच्चारण कराता है।

७०४—अपाद्वदः ॥ १ । ३ । ७३ ॥

क्रिया का फल जहाँ कर्ता के लिये हो वहा अप उपसर्ग से परे वद धातु से आत्मनेपद हो। धनकामो न्यायमपवदते। धन का लोभी न्याय को छोडे हुए कहता है। जहां कर्तृगामी क्रियाफल नहीं है वहां 'अपवदति' होगा।

७०५—समुदाङ्भ्यो यमोऽग्रन्थे ॥ १ । ३ ।७५॥

अग्रन्थ अर्थ मे सम, उद् और आङ् से परे यम धातु से आत्मनेपद हो, जो क्रिया का फल कर्ता के लिये हो तो। व्रीहीन सयच्छते, भारमुद्यच्छते, वस्त्रमायच्छते। अग्रन्थ ग्रहण से यहाँ न हुआ—वेद-मुद्यच्छति। वेद की पुस्तक को उठाता है। उद्यच्छति चिकित्सायां वैद्यः। कर्तृगामी ग्रहण से यहां न हुआ—संयच्छति शिष्यम्।

७०६—अनुपसर्गाज्ज्ञः ॥ १ । ३ । ७६ ॥

क्रिया का फल कर्ता के लिये हो तो उपसर्ग रहित ज्ञा धातु से आत्मनेपद हो। गां जानीते, अश्वं जानीते। अनुपसर्ग ग्रहण से यहां न हुआ—स्वर्गं लोकं न प्रजानाति मूढः। कर्तृगामी फल न हो तो—देवदत्तस्य गां जानाति।

७०७—विभाषोपपदेन प्रतीयमाने ॥ १।३।७७॥

समीपवर्त्ती पद के उच्चारण से कर्तृगामी क्रियाफल प्रतीत हो तो "स्वरितञितः[1], अपाद्वदः[2], णिचः[3], समुदाङ्भ्यो यः[4], अनुपर्स॰[5]" इन सूत्रों से जो आत्मनेपद कहा है वह विकल्प करके हो। स्वं यज्ञं यजति, स्वं यज्ञं यजते, स्वं पुत्रमपवदते, स्वं पुत्रमपवदति, स्वं यज्ञं कारयति, कारयते वा, स्वान् व्रीहीन् संयच्छति, संयच्छते वा, स्वां गां जानाति, जानीते वा।

इत्यात्मनेपदप्रक्रिया समाप्ता ॥

अथ परस्मैपदप्रक्रियारम्भः ॥

७०८—अनुपराभ्यां कृञः ॥ १ । ३ । ७९ ॥

अनु और परा उपसर्गों से परे कृञ् धातु से परस्मैपद हो। अनुकरोति, पराकरोति। कर्तृगामी क्रियाफल और गन्धनादि अर्थों मे भी अनु और परा पूर्वक कृञ् से परस्मैपद ही होता है।

७०९—अभिप्रत्यतिभ्यः क्षिपः ॥ १ । ३ । ८०॥

अभि, प्रति और अति उपसर्गों से परे क्षिप धातु से परस्मैपद हो। अभिक्षिपति, प्रतिक्षिपति, अतिक्षिपति। इनसे अन्यत्र—आक्षिपते।

---

१ आ॰ १०५। २ आ॰ ७०४। ३ आ॰ ४५७। ४ आ॰ ७०५। ५ आ॰ ७०६।

७१०—प्राद्वहः ॥ १ । ३ । ८१ ॥

प्र पूर्वक वह धातु से परस्मैपद हो । प्रवहति । अन्यत्र—आवहते ।

७११—परेर्मृषः ॥ १ । ३ । ८२ ॥

परि पूर्वक मृष धातु से परस्मैपद हो । परिमृष्यति । अन्यत्र—आमृष्यते ।

७१२—व्याङ्परिभ्यो रमः ॥ १ । ३ । ८३ ॥

वि, आङ् और परि उपसर्ग से परे रम धातु से परस्मैपद हो । विरमति, आरमति, परिरमति । अन्यत्र—अभिरमते ।

७१३—उपाच्च ॥ १ । ३ । ८४ ॥

उप पूर्वक रम धातु से परे परस्मैपद हो । उपरमति । यह सूत्र अलग जो किया है इससे जानना चाहिये कि अगलेसूत्र में उप उपसर्ग से ही अकर्मक रम धातु से परस्मैपद होगा ।

७१४—विभाषाऽकर्मकात् ॥ १ । ३ । ८५ ॥

उपपूर्वक अकर्मक रम धातु से परे विकल्प करके परस्मैपद हो । उपरमति, उपरमते । निवृत्ति को प्राप्त होता है ।

७१५—बुधयुधनशजनेङ्प्रुद्रुस्रुभ्यो णेः ॥ १ । ३ । ८६ ॥

बुध, युध, नश, जन, इङ, प्रु, द्रु और स्रु इन णिजन्त धातुओं से परे लकार के स्थान में परस्मैपद हो । बोधयति, योधयति, नाशयति, जनयति, अध्यापयति, प्रावयति, द्रावयति, स्रावयति । बुध आदि धातुओं में जो अकर्मक हैं उनका ग्रहण अचित्तवत्कर्तृकों के लिये है क्योंकि चित्तवत् कर्तृकों से "अणावकर्म०"[1] इस सूत्र से परस्मैपद सिद्ध है और चलनार्थक धातुओं में "निगरणचलनार्थेभ्यश्च"[2] इस सूत्र से परस्मैपद सिद्ध है फिर [उनका ग्रहण] चलनार्थ से

१ आ० ७१७ । २ आ० ७१६ ।

अन्यत्र भी परस्मैपद होने के लिये है।

७१६—निगरणचलनार्थेभ्यश्च ॥ १ । ३ । ८७ ॥

भोजन और कम्पन अर्थ वाले णिजन्त धातुओं से परे परस्मैपद हो। निगारयति, निगालयति वा। भोजन कराता है। चलयति, चापयति, कम्पयति। यह भी सूत्र सकर्मक और अचित्तवत् कर्तृको के लिये है। अत्ति ब्रह्मदत्त, आदयत देवदत्तेन। यहा इससे परस्मैपद प्राप्त है उसका निषेध कार्त्रीय वा०—३३[1] से होता है।

७१७-अणावकर्मकाच्चित्तवत्कर्तृकात ॥ १ । ३ । ८८ ॥

अणयन्त अवस्था मे जो अकर्मक और चित्तवान् कर्ता वाला धातु हो उस णयन्त मे परस्मैपद हो। आस्ते बाल, आसीन बाल माता प्रयोजयति इति माता बालमासयति। स्वापयति शाययति। अणयन्त अवस्थ ग्रहण से यहा न हुआ आरोहयमाण प्रयोजयति, आरोहयति। अकर्मकग्रहण से यहा न हुआ—कट कुर्वाण प्रयोजयति कारयत। चित्तवत्कर्ता से अन्यत्र—शुष्यन्ति व्रीहय, शोषयति व्रीहीनातप।

७१८—न पादम्याड्यमाड्यसपरिमुहरुचिनृतिवदवसः ॥ १ । ३ । ८९ ॥

पा, दमि, आङ्यम, आङ्यस, परिमुह, रुचि, नृति, वद और वस इन णयन्त धातुओं से परस्मैपद न हो। 'अणाव०[2], निगरण०[3] पूर्वोक्त इन दो सूत्रो से जो परस्मैपद प्राप्त है उसका निषेध किया है। पाययते, दमयते, आयामयते, आयासयते, परिमोहयते, रोचयते, नर्तयते, वादयते, वासयते। यहा ऐसा जानना चाहिये कि पा आदि

१ सर्वमेव प्रत्ययवसाने कार्यमदेनं भवतीति वक्तव्यम्, परस्मैपदमपि।
२ आ० ७१७। ३ आ० ७१६।

धातुओं से कर्तृगामी क्रियाफल में यह निषेध है और परगामी क्रियाफल में तो "शेषात् कर्तरि० "इससे परस्मैपद होता ही है। वर्त्तमान् पय. पाययति।

७१९—वा०—पादिषु धेट उपसंख्यानम्॥ १।३।८९॥

इन पा आदि धातुओं में धेट् धातु को भी पढ़ना चाहिये। धापयेते शिशुमेक समीची।

इति परस्मैपदप्रक्रिया समाप्ता॥

अथ भावकर्मप्रक्रिया॥

भाव, भावना क्रिया को कहते हैं। यह सब धातुओं से अपने २ धात्वर्थ को लेकर कहा जाता है। उसका अनुवाद भाववाची लकार से होता है। युष्मद् और अस्मद् से समानाधिकरण का अभाव है इससे यहां प्रथम पुरुष होता है। तथा तिङ् प्रत्ययवाच्य भाव अद्रव्य [और एक] है इससे भाव में द्विवचन और बहुवचन की प्रतीति नहीं होती इसलिये भाव में द्विवचन और बहुवचन नहीं होते हैं किन्तु एक वचन होता है। क्योंकि वह द्विवचनादिकों का उत्सर्गमात्र है। अब प्रथम पुरुष के परस्मैपद वा आत्मनेपद में कौन होना चाहिये इस विषय में (६२४) सूत्र से आत्मनेपद विधान कर चुके हैं सो यहां भाव में प्रथमपुरुष का आत्मनेपद एक वचन होगा, जैसे भू+त। इस अवस्था में—

७२०—सार्वधातुके यक्॥ ३।१।६७॥

भावकर्मवाचि सार्वधातुक परे हो तो धातु से यक् प्रत्यय हो। भू+यक्+ते। भूयते देवदत्तेन। बभूवे।

---

1. आ० ११।

७२१—स्यसिच्सीयुट्तासिषु भावकर्मणोरुपदेशेऽज्झन ग्रहदृशां वा चिण्वदिट् च ॥६।४।६२॥

भावकर्म विषय मे स्य, सिच्, सीयुट् और तासि परे हो तो उपदेश मे अजन्त हन, ग्रह और दृश अङ्गो को विकल्प करके चिण्वत् कार्य और इट् का आगम हो। यहा चिण्वद्भाव का विकल्प होने से जिस पक्ष मे चिण्वत् कार्य होता है वही इट् भी जानो। चिण् णित् है इससे जो जो कार्य णित् प्रत्ययो मे होते है वे ही स्य आदि के परे भी हो जावे। भविता। यहा चिण्वत् कार्य वृद्धि होती है। भविता, भाविष्यते, भविष्यते, भाविषतै, भाविषातै, [भविषतै], भाविष्यतै, भूयताम्, अभूयत, भूयेत, भाविषीष्ट, भविषीष्ट।

७२२—चिण् भावकर्मणोः ॥ ३ । १ । ६६ ॥

भाव कर्मवाची त शब्द परे हो तो च्लि के स्थान मे चिण् आदेश हो। अभावि, अभाविष्यत, अभविष्यत।

अनुपूर्वक भू धातु सकर्मक हो जाता है। अनुभूयते चैत्रेण त्वया मया वा आनन्दः। यहा आनन्द अनुपूर्वक भू धातु का कर्म है। उस आनन्दकर्म मे लकारादि प्रत्यय के होने से उससे द्वितीया विभक्ति नही होती, क्योकि वह अनभिहित नही रहा। अनुभूयेते, अनुभूयन्ते, त्वमनुभूयसे, अहमनुभूये, अनुबभूवे[1], त्वमनुभावितासे,

---

१ काशिकाकार ने 'भवतेः' (आख्या० ४२) सूत्र मे कर्तृनिर्देश मानकर कर्म मे अव नहीं किया उसके मत मे 'अनुबुभूवे' प्रयोग बनता है। वस्तुत काशिकाकार का मत अयुक्त है 'भवतेः', यह कर्तृप्रधान निर्देश नहीं है अपितु "इक्श्तिपौ धातुनिर्देशे" (आ० १४७६) वार्त्तिक से श्तिप प्रत्यय हुआ है। शित्करण सामर्थ्य से 'शप्' विकरण होता है।

अनुभवितासे। इत्यादि। अन्वभावि, अन्वभाविषाताम्, अन्वभविषाताम्॥ णिजन्त मे भाव कर्म मे यक्—भाव्यते, भावयाञ्चक्रे, भावयाम्बभूवे, भावयामासे, भाविता। यहा चिणवद्भाव मे इट् को (४२) सूत्र से असिद्ध मानकर (१७७)सूत्र से णि लोप हो जाता है और जहां चिणवद्भाव नहीं है वहा—भावयिता। भाविष्यते, भावयिष्यते, भाव्यताम्, अभाव्यत, भाव्येत, भाविषीष्ट, भावयिषीष्ट, अभाविषाताम्, अभावयिषाताम्॥ सन्नन्त से भाव कर्म—बुभूष्यते, बुभूषाञ्चक्रे, बुभूषिता, बुभूषिष्यते॥ यङन्त से भाव कर्म—बोभूय्यते। यङ्लुगन्त से भाव कर्म—बोभूयते, बोभवाञ्चक्र, बोभाविता, बोभविता, स्तूयते परमात्मा, तुष्टुवे, स्ताविता, स्तोता, स्ताविष्यते, स्तोष्यते, अस्तावि, अस्ताविषाताम्, अस्तोषाताम्॥ अर्यते (२५४) से गुण होकर। स्मर्यते, सस्मरे, आरिता, यहाँ परत्व और नित्यत्व मानकर प्रथम गुण तथा गुण को रपर करने से ऋ धातु अजन्त है तथापि 'स्यासच०'[1] इस सूत्र मे जो उपदेशग्रहण है इससे उसको णिवद्भाव और तत्सन्नियोग इट् होता है। अर्ता, स्मारिता, स्मर्ता, स्क्रियते। यहा (२५४) इस सूत्र से संयोगादि मान कर ऋकार को गुणादेश नहीं होता है। क्योंकि यह संयोग सुट् से हुआ है सुट् बहिरङ्ग वा कृ का अभक्त होने से असिद्ध है॥ स्रस्यते। यहा (१३९) इससे नकार का लोप हुआ। नन्द्यते। यहां इदित् मानकर नकार का लोप न हुआ। इज्यते। यहां (२८२) इससे संप्रसारण हुआ। शय्यते। यहां (५५२) से अयङ् आदेश हुआ।

७२३—तनोतेर्यकि॥ ६। ४। ४४॥

यक् प्रत्यय परे हो तो तनोति धातु को आकारादेश विकल्प करके होवे। तायते, तन्यते। जन धातु को आकारादेश विकल्प (१८५) से होता है। जायते, जन्यते।

1. आख्या० ७२१।

७२४—तपोऽनुतापे च ॥ ३ । १ । ६५ ॥

कर्म, कर्ता और अनुताप अर्थ में तप धातु से परे च्लि के स्थान में चिण् आदेश न हो। अनुताप पछतावे को कहते हैं। सो भावकर्मप्रक्रिया में ही चिण् निषेध होने के लिये अनुताप ग्रहण है। अन्वतप्त पापेन पापस्य कर्ता। यह भावकर्म का उदाहरण है। कर्मकर्ता का उदाहरण कर्मकर्तृप्रक्रिया में लिखेंगे। दीयते, धीयते (३४६) इस सूत्र से इकारादेश होता है।

७२५—आतो युक्चिण्कृतोः ॥ ७ । ३ । ३३ ॥

ञिन् णित्, कृत और चिण् परे हो तो आदन्त अङ्ग को युक् आगम हो। दायिता, दाता, धायिता, धाता, दायिषीष्ट, दासीष्ट, अदायि, अदायिषाताम्, अदिषाताम्, अधायिषाताम्, अधिषाताम्, ग्लायते, म्लायते, जग्ले, मम्ले। यहां (२४२) सूत्र के अशित् शब्द में जो कर्मधारय समास मान कर इत्संज्ञक शकारादि प्रत्यय के परे निषेध किया है उससे एश् आदि प्रत्ययों में आदि शित् न होने से आत्व निषेध नहीं होता है। ग्लायिता, ग्लाता, अग्लायि, अग्लायिषाताम्, अग्लासाताम्॥ हन्यते, घानिता। यहां (५०३) से तकारादेश नहीं होता, क्योंकि वहां चिण् विषय में निषेध है। हन्ता, घानिष्यते, हनिष्यते, हन्यते, हन्यतै, हन्यैत, हन्यैतै, घानिषते, घानिषतै, घानिषैत, घानिषैतै, हनिषते, हनिषतै, हनिषाते, हनिषातै, घानिषीष्ट। यहां (३०८) से सर्वत्र वध आदेश न हुआ। क्योंकि सीयुट् के परे विशेष विधान से चिण्वद्भाव वध आदेश का अपवाद है। वधिषीष्ट। अघानि, अघानिषाताम्, अहसाताम्। दूसरे पक्ष में—अवधि, अवधिषाताम्, अघानिष्यत, अहनिष्यत। गृह्यते, ग्राहिता। यहां (४५१) इससे इट् को दीर्घादेश न हुआ क्योंकि इस प्रकरण में जो वलादिलक्षण इट् होता है उसी इट् का दीर्घविधि

मे ग्रहण है । ग्रहीता, ग्राहिष्यते, ग्रहिष्यते, ग्राहिषीष्ट, ग्रहीषीष्ट, अग्राहि, अग्राहिषाताम् । दृश्यते, अदर्शि, अदर्शिषाताम्, अदृक्षाताम् । यहां सिच् के कित होने से (२७८) अम् न हुआ । गीर्यते, जगरे, जगले, गारिता, गालिता, गरीता, गलीता, गरिता, गलिता, गारिष्यते, गारिषतै, गारिषातै, गालिषतै, गालिषातै, गरीषतै, गरीषातै, गलीषतै, गलीषातै, गरिषतै, गरिषातै, गलिषतै, गलिषातै, गारिषते, गारिषाते, गालिषते, गालिषाते, गरीषते, गरीषाते, गलीषते, गलीषाते, गरिषते, गरिषाते, गलिषते, गलिषाते, गीर्यते, गीर्याते, गीर्यतै, गीर्यातै, गीर्येताम्, अगीर्यत, गीर्येत, गालिषीष्ट, गारिषीष्ट, गरिषीष्ट । यहां (४२१) इससे दीर्घ न हुआ । गीर्षीष्ट । यहां (४२०) से इट् विकल्प होता है । अगारि, अगारिषाताम्, अगरिषाताम्, अगीर्षाताम्, अगारिध्वम्, अगरीध्वम्, अगरिध्वम्, अगालिध्वम्, अगालीध्वम्, अगलिध्वम् (४२२) से लत्व विकल्प होकर—अगारीढ्वम्, अगरीढ्वम्, अगरिढ्वम्, अगालिढ्वम्, अगलीढ्वम्, अगलिढ्वम् । (१९१) मूर्द्धन्यादेश विकल्प से हुआ । इट् के अभाव पक्ष मे—अगीर्ढ्वम् । यहां (२४०) से सिच् कित् (१०९) से नित्य ढत्व होता है । हेतुमत् णिजन्त से कर्म मे लकार होकर । शम्यते मोहो गुरुणा ।

७२६—चिण्णमुलोर्दीर्घोऽन्यतरस्याम् ॥

६ । ४ । ९३ ॥

चिण् और णमुल् जिसमे परे हो ऐसा णिच् परे हो तो मित् अङ्गो की उपधा को विकल्प करके दीर्घ हो । शामिता, शमिता, शमयिता, शामिष्यते, शमिष्यते, शमयिष्यते । जहां णिजन्त नही है वहा भाव मे लकार होगे । शम्यते मुनिना ।

७२७—नोदात्तोपदेशस्य मान्तस्याऽनाचमेः ॥

७ । ३ । ३४ ॥

चिण और ञित् णित् कृत् परे हो तो आङ्पूर्वक चम् वर्जित मकारान्त अंग की उपधा को वृद्धि न हो। अशमि, अदमि। उदात्तोपदेशग्रहण से यहां न हुआ—अगामि। मान्त ग्रहण से यहाँ न हुआ—अवादि। अनाचमि ग्रहण से यहां न हुआ—आचामि।

७२८—वा०—अनाचमिकमिवमोनामिति वक्तव्यम् ॥

(अनाचमि) यहां आचम, कम, वम इन अङ्गों को निषेध कहना चाहिये अर्थात् चिण् और ञित् णित् कृत् परे हों तो उक्त सब अंगों की उपधा को वृद्धि का निषेध न हो। अकामि, अवामि, अजागारि यहां (३६२) से गुण न हुआ क्योंकि चिण के परे निषेध है।

७२९—भञ्जेश्च चिणि ॥ ६ । ४ । ३३ ॥

चिण परे हो तो भञ्ज धातु के नकार का लोप विकल्प करके हो। अभाजि, अभञ्जि।

७३०—विभाषा चिण्णमुलोः ॥ ७ । १ । ६९ ॥

चिण और णमुल् परे हों तो लभ धातु को नुमागम विकल्प करके हो। अलम्भि।

द्विकर्मक 'गौर्दुह्यते पयः' इत्यादिकों में अप्रधान कर्म में लकार होते हैं। तथा 'अजा नीयते ग्रामम्' इत्यादिकों में प्रधान कर्म में लकार होते हैं। यह निर्णय "कारकीय" ग्रन्थ के २० वें सूत्र[1] के व्याख्यान में कर चुके हैं। इति भावकर्मप्रक्रिया समाप्ता ॥

अथ कर्मकर्तृप्रक्रियारम्भः ॥

जब काम के अत्यन्त अच्छे प्रकार होने रूप अर्थ को प्रकट करने के लिये कर्ता का क्रिया करना न कहा जाय तब अन्य कारक

१. अकथितं च। अ० १। ४। ५१॥

भी कर्तृसञ्ज्ञा को प्राप्त होते हैं, क्योंकि वे अपने २ विषय में स्वतन्त्र हैं और स्वाधीन व्यापार वाले की कर्ता सञ्ज्ञा भी होती है। इस कारण प्रथम करण आदि सञ्ज्ञा होती हैं तथापि उन कारकों के स्वतन्त्र होने से कर्तृसञ्ज्ञा होकर उस कर्ता में भी लकार होते हैं। करण— देवदत्तोऽसिना छिनत्ति, छिन्दतो देवदत्तस्यासिः स्वयमेव छिनत्ति। देवदत्त तलवार से काटता है, काटते हुए देवदत्त की तलवार आप ही काटती है। देवदत्त काष्ठैः पचति, पचतो देवदत्तस्य काष्ठानि साधु पचन्ति। देवदत्तः स्थाल्या पचति, पचतो देवदत्तस्य स्थाली स्वयमेव पचति। और जब कर्म की कर्तृत्व विवक्षा होती है तब प्रथम से सकर्मक भी धातु प्राय अकर्मक हो जाते हैं और उनसे भाव वा कर्ता में लकार होते हैं जैसे भाव में—देवदत्त ओदन पचति, पचतो देवदत्तस्य ओदनेन स्वयमेव पच्यते, भिद्यते काष्ठेन। और कर्त्ता में तो—

७३१—कर्मवत कर्मणा तुल्यक्रियः ॥३।१।८७॥

जिसकी कर्मस्थ क्रिया के तुल्य क्रिया है वह कर्ता कर्मवत् हो। यहां कार्यातिदेश अर्थात् कर्म विषयक काम कर्त्ता में भी हो। इसका प्रयोजन यह है कि यक्, आत्मनेपद, चिण् और चिण्वद्भाव भी होवे। देवदत्तः काष्ठं भिनत्ति, भिन्दतो देवदत्तस्य काष्ठ स्वयमेव भिद्यते, देवदत्त ओदनं पचति, पचतो देवदत्तस्यौदन. स्वयमेव पच्यते, अभेदि काष्ठं स्वयमेव, अपाच्योदन स्वयमेव, पाचिष्यते ओदनः स्वयमेव। वत् ग्रहण करने से स्वाधीन कार्य भी होते हैं *। भिद्यते कुसूलेन।

---

*"कर्म्मवत्०" सूत्र में "वत्" को छोड के "कर्म कर्मणा" कहने से तुल्य क्रिया कर्ता की कर्म संज्ञा होकर उसको कर्माश्रय कार्य ही होते किन्तु जो कर्म को कर्तृत्व विवक्षा करने से सकर्मक धातु अकर्मक होकर उनसे भाव में लकार होते हैं वे न होते। वत् करण करने से तो कर्म की तुल्यता होकर स्वाश्रय कार्य भी होते हैं ॥

यहां स्वाश्रय कार्य भाव में लकार हुआ है। 'कर्मणा' ग्रहण इसलिये है कि करण और अधिकरण के तुल्य क्रिया कर्ता को कर्मवद्भाव न हो। जैसे साध्वसिश्छिनत्ति, साधु स्थाली पचति। इस प्रकरण में धातु का अधिकार है इससे एक ही धातु में कर्मवद्भाव होता है किन्तु—'पचत्योदनं देवदत्तः, राध्यत्योदनः स्वयमेव' यहां न हुआ। इस सूत्र में कर्मस्थभावक और कर्मस्थक्रियक धातुओं का कर्ता कर्मवत् होता है, किन्तु कर्तृस्थभावक तथा कर्तृस्थक्रियक धातुओं का कर्ता कर्मवत् नहीं होता। जैसे कर्तृस्थभावों में—देवदत्तः शास्त्रं चिन्तयति, शास्त्रं चिन्तयतो देवदत्तस्य शास्त्रं स्वयमेव चिन्तयति, अमात्यो राजानं मन्त्रयते, मन्त्रयमानस्यामात्यस्य राजा स्वयमेव मन्त्रयते। कर्तृस्थक्रियायों में—गच्छति ग्रामं देवदत्तः, ग्रामं गच्छतो देवदत्तस्य ग्रामः स्वयमेव गच्छति, आरोहति हस्ती स्वयमेव। कर्मस्थभावकों में—शेते बालः, शयानं बालं जनकः प्रयाजयति, जनको बालं शाययति, शाययतो जनकस्य बालः स्वयमेव शाय्यते। यहां सोना रूप भाव कर्मस्थ है। जहां कर्म में क्रिया कृत् विशेष देख पड़े वह कर्मस्थक्रिय होता है। जैसे फटी हुई लकड़ियों में काटना रूप क्रिया प्रत्यक्ष देख पड़ती है। इससे भिद धातु कर्मस्थक्रिय है।

७३२—तपस्तपः कर्मकस्यैव ॥ ३ । १ । ८८ ॥

सकर्मकों में तपः कर्म वाले ही तप का कर्ता कर्मवत् हो यह सूत्र नियमार्थ है कि सकर्मक धातुओं को कर्मवद्भाव हो तो तप धातु ही का हो। सो भी तपः कर्म वाले ही तप धातु का हो, किंतु और कर्म वाले का न हो। वेदव्रतादीनि तपांसि तापसाः तपन्ति, स तापसस्स्वर्गायस्थभूतः स्वर्गाय तपस्तप्यते। वेदव्रत आदि तप स्तापस अर्थात् तपस्या करने वाले को सताप देते हैं वह तापस अत्यन्त सुख के लिए तप को यत्न से सिद्ध करता है। पिछले सूत्र से कर्मवद्भाव प्राप्त

न था, इससे विधान किया है। अन्वतप्त तपसस्तापस । यह (७२४) इससे चिण् निषेध होकर सिच् हो जाता है । तप.कर्मक ग्रहण करने से यहा न हुआ—उत्तपति सुवर्णं सुवर्णकारः। कारुकः कटं करोति, कुर्वतस्तस्य कट स्वयमेव क्रियते।

७३३—अचः कर्मकर्त्तरि ॥ ३ । १ । ६२ ॥

कर्मकर्त्ता मे त शब्द परे हो तो अजन्त धातु से परे च्लि को [विकल्प से] चिण् आदेश हो। अकारि कटः स्वयमेव, अकृत कट. स्वयमेव, कृषीवल केदारं लुनीते, लुनतस्तस्य केदार स्वयमेव लूयते, [अलावि केदार. स्वयमेव] अलविष्ट केदार. स्वयमेव । 'अच' इस ग्रहण से यहा न हुआ—अभेदि काष्ठ स्वयमेव । कर्मकर्तृ ग्रहण से यहां न हुआ—अकारि कटो देवदत्तेन।

गोपालो गा व्रजमन्ववरुणद्धि, रुन्धतस्तस्य गौ स्वयमेवा-न्ववरुध्यते ॥ ७३२ ॥

७३४—न रुधः ॥ ३ । १ । ६४ ॥

रुधि धातु से परे कर्मकर्त्ता मे च्लि के स्थान मे चिण् आदेश न हो। अन्ववारुणद्धि गौ स्वयमेव। कर्मकर्तृ ग्रहण से यहा न हुआ—अन्ववारोधि गौर्गोपालेन ।

७३५-वा०—दुहिपच्योर्बहुलं सकर्मकयो ॥

सकर्मक दुह और पच धातु का कर्ता वहुल करक कर्मवत् हो।

७३६—न दुहस्नुनमां यक्चिणौ ॥३।१ ८९॥

दुह, स्नु और नम इन धातुओ के कर्मवद्भाव मे यक् और चिण् न हो। इससे दुह् धातु से यक् का प्रतिषेध है । और चिण् तो विकल्प से कहेगे। गोपालो गा पयो दोग्धि, दुहतस्तस्य गौ. पयः स्वयमेव दुग्धे ।

७३७—दुहश्च ॥ ३ । १ । ६३ ॥

दुह धातु से परे कर्मकर्ता में विकल्प करके च्लि को चिण् आदेश हो। अदुग्ध गौः पय स्वयमेव। कर्मकर्ता ग्रहण से—अदोहि गौर्गोपालेन। अनुरुदुंबरं सलोहितं फलं पचति. पचतस्त्स्योदुम्बर· सलोहितं फलं पच्यत। प्रस्नुत गौ स्वयमेव, प्रास्नोष्ट गौ स्वयमेव। नमत दण्डः स्वयमेव। अनंस्त दण्ड स्वयमेव।

७३८-वा०-सृजियुज्योः श्यस्तु ॥३।१।८७॥

सकर्मक सृज् और युज् धातु का कर्ता बहुल करके कर्मवत् और श्यन हो। यह श्यन् यक् प्रत्यय का अपवाद है।

७३९-वा०-सृजः श्रद्धोपपन्ने कर्त्तरि कर्मवद्भावो वाच्यश्चिणात्मनेपदार्थः ॥

श्रद्धायुक्त कर्ता में सृज धातु को कर्मवद्भाव कहना चाहिये। चिण् और आत्मनेपद होने के लिये। सृज्यत मालाम् । श्रद्धा से माला बनाता है। असर्जि मालाम्। श्रद्धा से माला बनाली। युज्यते ब्रह्मचारी योगम ॥ ३ । १ । ८७ ॥

७४०-वा०-भूषाकर्मकिरादिसनां चान्यत्रात्मनेपदात् ॥ ३ । १ । ८७ ॥

भूषण अर्थवाले, किरादि और सन्नन्त धातुओं का आत्मनेपद से अन्यत्र प्रतिषेध कहना चाहिये। अर्थात् उनको यक्, चिण और चिणवद्भाव न हो। और आत्मनेपद हो। भूषार्थ में माता कन्या भूषयति, कन्या भूषयित्र्या मातु, कन्या स्वयमेव भूषयते,

अबुभूषत कन्या स्वयमेव *, मण्डयते कन्या स्वयमेव, अममण्डत कन्या स्वयमेव, अलंकुरुते कन्या स्वयमेव, अलमकृत कन्या स्वयमेव। किरति—अवकिरते हस्ती स्वयमेव, अवाकीर्ष्ट हस्ती स्वयमेव, गीर्यते ग्रास स्वयमेव, अवागीर्ष्ट ग्रास स्वयमेव, चिकीर्षते कटः स्वयमेव, अचिकीर्ष्ट कट स्वयमेव। यहा इच्छा कर्तृस्थ भी है तथापि करोति क्रिया की अपेक्षा लेकर कर्मस्थ क्रिया जाननी चाहिये। क्योंकि करोति प्रधान है और इच्छा तो करोति के आधीन है किन्तु स्वतन्त्र नहीं है।

७४१—वा०—यक्चिणोः प्रतिषेधे हेतुमण्णिश्रिब्रूञामुपसंख्यानम् ॥

यक् और चिण् के प्रतिषेध मे हेतुमान णि, श्रि और ब्रूञ् इन का उपसंख्यान करना चाहिये। णि—कारयते कट स्वयमेव, [अचीकरत कट स्वयमेव]। श्रि—उच्छ्रयते दण्ड स्वयमेव, उदशिश्रियत दण्ड स्वयमेव। ब्रूञ्—ब्रूते कथा स्वयमेव, अवोचत कथा स्वयमेव।

* यहा स्वार्थणिच मानकर भूषार्थको के प्रतिषेध मे 'भूषयते इत्यादि उदाहरण महाभाष्यकार ने दिये है क्योंकि "यक्चिणो प्रतिषेधे' इस वार्त्तिक से केवल हेतुमत् णिच मे प्रतिषेध है। और भारद्वाजीय जो णिमात्र से प्रतिषेध पढते है वह उन्ही का मत है। इसलिये स्वमस्मत से ण्यन्त अण्यन्त दोनो पक्ष मे "भूष/कृ०" इस वार्त्तिक मे भूषार्थको का ग्रहण किया है अन्यथा महाभाष्यकार का "भूषयते कन्या स्वयमेव" इत्यादि उदाहरण देना व्यर्थ हो, इससे यहा कैयट ने जो भूषार्थको का ग्रहण अण्यन्तो ही के लिये माना है यह उनका व्याख्यान असगत है ॥

१ भारद्वाजीय आचार्यो के मत मे णिमात्र से यक् और चिण् मे ही कर्मवद्भाव का निषेध होता है चिण्वद्भाव और आत्मनेपद होता ही है। अत चिण्वद्भाव के प्रतिषेध के लिये ण्यन्त भूषादि का ग्रहण युक्त है। कैयट का भूषादि को अण्यन्त पक्ष मे ग्रहण मानना अयुक्त है।

७४२—वा०—भारद्वाजीयाः पठन्ति—यक्चिणोः प्रतिषेधे णिश्रन्थिग्रन्थिब्रूञात्मनेपदाकर्मकाणामुपसंख्यानम् ॥

पुच्छमुदस्यति उत्पुच्छयते गौः। अन्तर्भावितणयर्थ मान कर—'गामुत्पुच्छयते' यह व्यवस्था होगी। फिर कर्तृत्व की अपेक्षा में—'उत्पुच्छयते गौः' होगा। उदपुपुच्छत। यहां यक् और चिण् के प्रतिषेध में शप् और चङ् होते हैं। श्रन्थ और ग्रन्थ के क्र्यादिगणीयत्व होने से णिच् के अभाव पक्ष के लिये इनका ग्रहण है। ग्रन्थते ग्रन्थमाचार्य, श्रन्थते मेखला देवदत्त ग्रन्थते ग्रन्थः स्वयमेव श्रन्थते मेखला स्वयमेव अग्रन्थिष्ट, अश्रन्थिष्ट। विकुर्वते * सैन्धवाः। फिर अन्तर्भावितणयर्थ के प्रयोजनाभाव त्याग करने से—'विकुर्वते सैन्धवाः स्वयमेव' होगा। व्यकारिष्ट व्यकारिषाताम् व्यकारिषत। यहां चिण्वद्भाव माना है। व्यकृत, व्यकृषाताम् व्यकृषत।

७४३—कुषिरञ्जोः प्राचां श्यन् परस्मैपदं च ॥ ३। १। ९० ॥

प्राचीन आचार्यों के मत में कुष और रञ्ज धातु का कर्मवद्भाव में श्यन् प्रत्यय और परस्मैपद हो, किन्तु यक् आत्मनेपद न हो। कुष्यति, कुष्यन्ति वा पादः स्वयमेव, रज्यति, रज्यन्ति वस्त्रं स्वयमेव। यह प्राचां ग्रहण विकल्प के लिये है और यह व्यवस्था से माना जाता है। इससे लिङ् लुङ् लिट और स्यादि विषय में यह सूत्र नहीं

* यहां 'वि' [illegible] है।

1 [illegible] अनुसार सार्वधातुक की अनुवृत्ति या स्यादि प्रत्ययों [illegible] क्रियादि में श्यन और परस्मैपद का प्रतिषेध किया है।

प्रवृत्त होता। चुकुपे पादः स्वयमेव, ररञ्जे वस्त्रं स्वयमेव, कोषिषीष्ट पादः स्वयमेव, रङ्क्षीष्ट वस्त्रं स्वयमेव, कोषिष्यते पादः स्वयमेव, रङ्क्ष्यते वस्त्रं स्वयमेव, अकोषि पादः स्वयमेव, अरञ्जि वस्त्रं स्वयमेव।

॥ इति कर्मकर्तृप्रक्रिया समाप्ता ॥

अथ लकारार्थप्रक्रियारम्भः ॥

७४४—अभिज्ञावचने लृट् ॥ ३। २। ११२ ॥

अभिज्ञावचन अर्थात् स्मृतिबोधक उपपद हो तो धातु से लृट् प्रत्यय हो। यह लङ् का अपवाद है। अभिजानासि वत्स! कश्मीरेषु वत्स्यामः, स्मरसि बुध्यसे चेतयसे वा मित्र! काश्यां पठिष्यामः।

७४५—न यदि ॥ ३। २। ११३ ॥

यत् शब्द सहित अभिज्ञावचन उपपद हो तो लृट् प्रत्यय न हो। अभिजानासि देवदत्त! यत्कश्मीरेष्ववसाम। यहाँ निवास मात्र का स्मरण है। इससे यह अगले सूत्र का विषय नहीं है।

७४६—विभाषासाकाङ्क्षे ॥ ३। २। ११४ ॥

अभिज्ञावचन उपपद हो और यत् शब्द उपपद हो वा न हो तो धातु से विकल्प करके लृट् हो साकाङ्क्ष अर्थ मे। अभिजानासि देवदत्त! कश्मीरेषु वत्स्यामः, तत्र सक्तून् पास्यामः, (अभिजानासि देवदत्त! कश्मीरेष्ववसाम,) तत्र सक्तूनपिबाम, यद् अभिजानासि देवदत्त! यत् कश्मीरान् गमिष्यामः, यत् कश्मीरानगच्छाम, यत्तत्रौदनं भोक्ष्यामहे, यत् तत्रौदनमभुञ्जमहि। अयद्--अभिजानासि देवदत्त!

कश्मीरान् गमिष्यामः, कश्मीरानगच्छाम, तत्रौदनं भोक्ष्यामहे, तत्रौदनमभुञ्जमहि। लक्ष्य और लक्षण के सम्बन्ध से वक्ता की आकाङ्क्षा होती है। उक्त उदाहरणों में निवास और गमन लक्षण है और पान, भोजन लक्ष्य है।

(२९) से लिट् विधान कर चुके हैं यहां उत्तम पुरुष के विषय में विशेष कहते हैं।

७४७—सुप्तमत्तयोरुत्तमः। महाभा०॥३।२।११५॥

सुप्त और मत्त के विषय में परोक्षभाव में उत्तम पुरुष होता है। सुप्तोऽहं किल विललाप, सुप्तो न्वहं किल विललाप, मत्तो न्वहं किल विललाप।

७४८-वा०-परोक्षे लिडत्यन्तापह्नवे च ॥

"परोक्षे लिट्" यहां अत्यन्त अपह्नव अर्थात् मिथ्यापन में भी लिट् कहना चाहिये। नो खण्डिकान् जगाम, नो कलिङ्गान् जगाम।

७४९—हशश्वतोर्लङ् च ॥ ३ । २ । ११६ ॥

भूत अनद्यतन परोक्ष अर्थ में ह और शश्वत् शब्द उपपद हों तो धातु में लङ् और लिट् हो। इति ह अकरोत्, इति ह चकार, शश्वदकरोत्, शश्वच्चकार।

७५०—प्रश्ने चासन्नकाले ॥ ३ । २ । ११७ ॥

समीप काल के पूछने में जो भूत अनद्यतन[1] परोक्ष है उस अर्थ में धातु से लङ् और लिट् हो। अगच्छत् किं देवदत्तः? जगाम किं

१, महर्षि ने अष्टाध्यायी भाष्य में अनद्यतन की अनुवृत्ति नहीं मानी है। देखो इस सूत्र का अष्टाध्यायी भाष्य और उस पर मेरी टिप्पणी।

देवदत्तः ?। कोई किसी से पूछता है कि क्या देवदत्त गया ?। प्रश्नग्रहण से अन्यत्र —जगाम देवदत्तः। यहां न हुआ। आसन्न काल से अन्यत्र- भवन्तं पृच्छामि, जघान कंसं किल वासुदेव ।

७५१—लट् स्मे ॥ ३ । २ । ११८ ॥

भूत अनद्यतन परोक्ष काल में स्म उपपद हो तो धातु से लट् प्रत्यय हो। यजति स्म युधिष्ठिरः। स्म से अन्यत्र—इयाज युधिष्ठिरः ।

७५२—अपरोक्षे च ॥ ३ । २ । ११९ ॥

भूत अनद्यतन अपरोक्ष काल मे भी स्म उपपद हो तो धातु से लट् हो। एव पिता ब्रवीति स्म ।

७५३—ननौ पृष्टप्रतिवचने ॥ ३ । २ । १२० ॥

ननु शब्द उपपद हो तो प्रश्न के उत्तर देने अर्थ मे भूतकाल मे वर्तमान धातु से लट् प्रत्यय हो। अकार्षीः किम् ? ननु करोमि भोः। अवोचत् तत्र किं देवदत्तः ? ननु ब्रवीमि भोः। पृष्टप्रतिवचन से अन्यत्र—नन्वकार्षीन् माणवकः ॥

७५४—नन्वोर्विभाषा ॥ ३ । २ । १२१ ॥

न और नु उपपद हो तो प्रश्न के उत्तर देने मे भूतकाल में वर्तमान धातु से विकल्प करके लट् हो। अकार्षीः किम् ? न करोमि, नाकार्षं वा। नु करोमि, न्वकार्षं वा।

७५५—पुरि लुङ् चास्मे ॥ ३ । २ । १२२ ॥

स्म रहित पुरा शब्द उपपद हो तो भूत अनद्यतन काल में धातु से विकल्प करके लुङ् और लट् हो। वसन्तीह पुरा छात्राः। अवात्सुरिह पुरा छात्राः। पक्ष मे यथाप्राप्त हो। अवसन्निह पुरा छात्राः। ऊषुरिह पुरा छात्राः। अस्मग्रहण से यहां लुङ् न हुआ। धर्मेण स्म पुरा कुरवो युध्यन्त ।

७५६—यावत् पुरानिपातयोर्लट् ॥ ३ । ३ । ४ ॥

निपात संज्ञक यावत् और पुरा शब्द उपपद हों तो भविष्यत् काल में धातु से लट् प्रत्यय हो। यावद् भुङ्क्ते, पुरा भुङ्क्ते। निपात ग्रहण से यहां न हुआ—यावद्दास्यति तावद्भोक्ष्यते, पुरा यास्यति। यहां पुरा तृतीया का एकवचन है।

७५७—विभाषा कदाकर्ह्योः ॥ ३ । ३ । ५ ॥

कदा और कर्हि शब्द उपपद हों तो भविष्यत् काल में धातु से विकल्प करके लट् प्रत्यय हो। कदा भुङ्क्ते कर्हि भुङ्क्ते, कदा भोक्ष्यते, भोक्ता, कर्हि भोक्ष्यते, भोक्ता।

७५८—किंवृत्ते लिप्सायाम् ॥ ३ । ३ । ६ ॥

कि शब्द का प्रयोग उपपद हो तो भविष्यत्कालिक धातु से लाभ की इच्छा अर्थ में विकल्प करके लट् प्रत्यय हो। कं कतरं कतमं वा ददामि, दास्यसि, दातासि वा? कोई लाभ की इच्छा वाला पूछता है कि तुम किसको दोगे? लिप्सा अर्थ से अन्यत्र—कः पाटलिपुत्रं गमिष्यति?

७५९—लिप्स्यमानसिद्धौ च ॥ ३ । ३ । ७ ॥

अभीष्ट पदार्थ की सिद्धि गम्यमान हो तो भविष्यत्काल में धातु से विकल्प करके लट् प्रत्यय हो। यो धनं ददाति स स्वर्गं गच्छति, यो धनं दास्यति स स्वर्गं गमिष्यति, यो धनं दाता स स्वर्गं गन्ता। धन देने से स्वर्ग प्राप्त होता है इस प्रकार धन चाहता हुआ देने वाले का उत्साह कराता है।

७६०—लोडर्थलक्षणे च ॥ ३ । ३ । ८ ॥

विध्यादिक जो लोट् के अर्थ हैं वे जिससे जाने जावें उस अर्थ में वर्तमान धातु से भविष्यत् काल में विकल्प करके लट् प्रत्यय

हो। उपाध्यायश्चेदागच्छति, आगमिष्यति, आगन्ता वा अथ त्व व्याकरणमधीष्व। यहा उपाध्याय का आगम पढाने की प्रेरणा को विदित कराता है।

७६१—लिङ् चोर्ध्वमौहूर्तिके॥ ३। ३। ६॥

लोडर्थ लक्षण मे वर्तमान धातु स दो घड़ी से ऊपर जो भविष्यत् काल उसमे विकल्प करके लिङ् और लट् हो। उपाध्यायश्चेदागच्छति, आगच्छेत, आगमिष्यति, आगन्ता वा, अथ त्व छन्दोऽधीष्व।

७६२—वर्तमानसामीप्ये वर्तमानवद्वा॥३।३।१३१॥

वर्तमान के समीप का जो भूत वा भविष्यत् काल उसमे वर्तमान धातु से वर्तमानवत् प्रत्यय विकल्प करके हो। अर्थात् 'वर्त्तमाने लट्'[1] इस सूत्र स लेकर "उणादयो बहुलम्"[2] इस सूत्र पर्यन्त वर्तमानाधिकार मे जिस २ निमित्त से जो २ प्रत्यय कहे हैं। वे उन्ही निमित्तो से वर्तमानसमीप भूत वा भविष्यत् काल मे विकल्प करके हो। कदा देवदत्तागतोसि ? अयमागच्छामि, आगच्छन्तमेव मॉ विद्धि, अयमागमम्, एषोऽस्म्यागत। कदा देवदत्त गमिष्यसि ? एष गच्छामि, गच्छन्तमेव मा विद्धि, एष गमिष्यामि, गन्तास्मि। सामीप्यग्रहण से अतिकाल की विवक्षा मे न हो। परुदगच्छत्, पाटलिपुत्रम् वर्षेण गमिष्यति।

७६३—आशसायां भूतवच्च॥ ३। ३। १३२॥

आशसा गम्यमान हो तो भविष्यत् काल मे धातु से विकल्प करके भूतवत् और वर्तमानवत् प्रत्यय हो। अप्राप्तप्रियवस्तु के पाने की इच्छा करने को आशंसा कहते [है, वह भविष्यत् काल का

---

1. आ० ४। 2. आ० १३३२।

विषय] है। उपाध्यायश्चेदागमत्, आगतः, आगच्छति, आगमिष्यति वा एते वयं व्याकरणमध्यगीष्महि, एते वयं व्याकरणमधीतवन्तः, अधीमहे, अध्येष्यामहे। यहां सामान्यातिदेशे विशेषानतिदेशः[1]" इस परिभाषाबल से लङ् और लिट् नहीं होते हैं। आशंसाग्रहण से यहाँ न हुआ—आगमिष्यति।

७६४—क्षिप्रवचने लृट्॥ ३। ३। १३३॥

क्षिप्रवाची पद उपपद हो और आशंसा गम्यमान हो तो भविष्यत् काल में धातु से लृट् प्रत्यय हो। यह पिछले सूत्र का अपवाद है। उपाध्यायश्चेत् क्षिप्रमागमिष्यति, क्षिप्रं व्याकरणमध्येष्यामहे, शीघ्रमाशु त्वरितमध्येष्यामहे वा।

७६५—आशंसावचने लिङ्॥ ३। ३। १३४॥

आशंसा कहने वाला पद उपपद हो तो धातु से लिङ् प्रत्यय हो। यह (७६३) सूत्र का अपवाद है। उपाध्यायश्चेदागच्छेत् आशंसेऽधीयीय, आशंसेऽवकल्पये युक्तोऽधीयीय, आशंसे क्षिप्रमधीयीय।

७६६—नानद्यतनवत् क्रियाप्रबन्धसामीप्ययोः॥ ३। ३। १३५॥

क्रिया के प्रबन्ध और सामीप्य में अनद्यतनवत् प्रत्यय न हो। अर्थात् भूत अनद्यतन में लङ् और भविष्यत् अनद्यतन में लुट् विहित हैं वे न हों। क्रियाप्रबन्ध क्रिया का निरन्तर होना, सामीप्य तुल्य जातीय से अव्यवधान। क्रियाप्रबन्ध-यावज्जीवं भृशमन्नमदात्, भृशमन्नं दास्यति, यावज्जीवं पुत्रोऽध्यापिपत्। यावज्जीवमध्यापयिष्यति। सामीप्य—येयं पौर्णमास्यतिक्रान्ता, एतस्यामुपाध्यायोऽग्नीनाधित, सोमेनायष्ट, गामदित, येयममावस्याऽऽगामिनी, एतस्यामुपाध्यायोऽग्नीनाधास्यते, सोमेन यक्ष्यते, स गां दास्यते।

---

[1] परि० ८६

७६७—भविष्यति मर्यादावचनेऽवरस्मिन्॥३।३।१३६॥

उरले भाग को लेकर मर्यादा हो तो भविष्यत् काल मे अनद्यसनवत् प्रत्यय न हो। आपाटलिपुत्राद् योऽयमध्वा गन्तव्यस्तस्य यदवरं कौशाम्ब्यास्तत्र स्थास्यामि। भविष्यत् के ग्रहण से यहा न हुआ—आपाटलिपुत्राद् योऽयमध्वागतस्तस्य यदवरं कौशाम्ब्यास्तत्र युक्ता अध्यैमहि। मर्यादावचन से अन्यत्र - योऽयमध्वा निरवधिको गन्तव्यस्तस्य यदवरं कौशाम्ब्यास्तत्र द्विरोदन भोक्तास्महे। अवरस्मिन् ग्रहण से यहा न हुआ—आपाटलिपुत्राद् योऽयमध्वा गन्तव्यस्तस्य यत् पर कौशाम्ब्यास्तत्र द्विरोदन भोक्तास्महे।

७६८—कालविभागे चानहोरात्राणाम्॥ ३।३।१३७॥

समय की मर्यादा के विभाग मे उरले विभाग की अपेक्षा हो तो भविष्यत् काल मे अनद्यतनवत् प्रत्यय न हो। यदि वह मर्यादा-विभाग अहोरात्र संबन्धी न हो। योऽय संवत्सर आगामी तत्र यदवरमाग्रहायण्यास्तत्र युक्ता अध्येष्यामहे। भविष्यत् ग्रहण से यहा न हुआ—योऽय वत्सरोऽतीतस्तस्य यदवरमाग्रहायण्यास्तत्र युक्ता अध्यैमहि। मर्यादा से अन्यत्र—योऽय निरवधिकः काल आगामी तस्य यदवरमाग्रहायण्यास्तत्र युक्ता अध्येतास्महे। अवरभाग की अपेक्षा मे यह होगा, और परभाग मे अगले सूत्र से विधान करेंगे। अनहोरात्र ग्रहण से यहाँ न हुआ—योऽय मास आगामी तस्य योऽवरःपञ्चदशरात्रस्तत्र युक्ता अध्येतास्महे, योऽयं त्रिंशद्रात्र आगामी तस्य योऽवरोऽर्धमासस्तत्र युक्ता अध्येतास्महे, तत्र सक्तून् पातास्मः। सब प्रकार से अहोरात्र के स्पर्श मे प्रतिषेध है।

७६९—परस्मिन् विभाषा॥ ३।३।१३८॥

समय की मर्यादा के विभाग मे परभाग की अपेक्षा हो तो विकल्प करके अनद्यतनवत् प्रत्यय न हो। यदि वह मर्यादावचन अहोरात्र सम्बन्धी विभाग मे न हो। योऽय सवत्सर आगामी तस्य यत्परमाग्रहायण्यास्तत्रयुक्ता अध्येष्यामहे, अध्येतास्महे। अनहोरात्र से अन्यत्र—योऽयं त्रिशद्रात्र आगामी तस्य यः परः पञ्चदशरात्रस्तत्रयुक्ता अध्येतास्महे। भविष्यत् काल से [अन्यत्र—योऽयं सवत्सरो व्यतीतस्तस्य यत्परमाग्रहायण्यास्तत्र युक्ता अध्यैष्महि। मर्यादा से अन्यत्र—योऽयमपरिमित काल आगामी तस्य यत्परं कार्तिक्यास्तत्र युक्ता अध्येतास्महे। कालविभाग से] अन्यत्र—योऽयमध्वा गन्तव्य आपाटलिपुत्रात् तस्य यत्परं कौशाम्ब्यास्तत्र अध्येतास्महे।

(९३) सूत्र से लृङ् विधान कर चुके हैं उसका विशेष व्याख्यान करते हैं। दक्षिणेन चेदायास्यन्न शकटं पर्याभविष्यत, यदि कमलकमाह्वास्यन्न शकट पर्याभविष्यत्, अभोक्ष्यत् भवान् घृतेन यदि मत्समीपमागमिष्यत्। यहा सर्वत्र भविष्यत्काल सबन्धी कार्य का न होना हेतुमान् और दक्षिणमार्गगमन आदि हेतु है तथा भविष्यत् काल विषयक हेतु और हेतुमान् की अतिपत्ति वाक्य मे प्रतीत होती है।

७७०—भूते च ॥ ३ । ३ । १४० ॥

लिङ् निमित्त मे क्रियातिपत्ति हो तो भूतकाल मे भी लृङ् प्रत्यय हो। दृष्टो मया भवत्पुत्रोऽन्नार्थी चङ्क्रम्यमाण, अपरश्च द्विजो ब्राह्मणार्थी, यदि स तेन दृष्टोऽभविष्यत् तदाऽभोक्ष्यत, नतु भुक्तवान् अन्येन पथा स गतः।

७७१—वोताप्योः ॥ ३ । ३ । १४१ ॥

यहां से लेकर "उताप्योः समर्थयोर्लिङ्[1]" इस सूत्र पर्यन्त जो विधान करेंगे वहां भूतकाल में लिङ् के निमित्त में क्रियातिपत्ति हो तो लृङ् विकल्प करके होता, यह अधिकार समझना चाहिये। "विभाषाकथमि०[2]" यह सूत्र आगे कहेंगे, इस के विषय में— कथं नाम तत्र भवान् वृषलमयाजयिष्यत्, याजयेद् वा ?

७७२—गर्हायां लडपिजात्वोः ॥ ३ । ३ । १४२॥

कुत्सा अर्थ में अपि और जातु उपपद हो तो धातु से लट् प्रत्यय हो सामान्य काल में। कालविशेष विहित जो प्रत्यय हैं उन को यह परत्व से बाँध लेता है। अपि तत्र भवान् वृषलं याजयति, जातु तत्र भवान् वृषलं याजयति, गर्हामहे अहो अन्याय्यमेतत्। लिङ्निमित्त के अभाव से यहां क्रियातिपत्ति में लृङ् नहीं होता है।

७७३—विभाषा कथमि लिङ् च ॥३।३।१४३॥

कथम् शब्द उपपद हो और निन्दा पाई जाय तो धातु से लिङ् और लट् प्रत्यय विकल्प करके हों। कथं नाम तत्र भवान् वृषलं याजयेत् ? कथं तत्र भवान् वृषलं याजयति ? विकल्प पक्ष में—कथं नाम तत्र भवान् वृषलं याजयिष्यति? कथं नाम तत्र भवान् वृषलं याजयिता ? इत्यादि। यहां लिङ्निमित्त है इससे भूतकाल की क्रियातिपत्ति विवक्षा में विकल्प करके और भविष्यत्काल की में नित्य लृङ् होता है।

७७४—किंवृत्ते लिङ्लृटौ ॥ ३ । ३ । १४४ ॥

किम् शब्द का प्रयोग उपपद हो और गर्हा पाई जाय तो धातु से लिङ् और लृट् प्रत्यय हों। यहां लिङ् ग्रहण लट् की निवृत्ति के लिये है। को नाम वृषलो यं तत्र भवान् याजयेत् ? यं तत्र

१ आ० ७८३। २ आ० ७७३।

भवान् वृषलं याजयिष्यति । कतरो नाम तत्र भवान् वृषलं याजयेत् ? याजयिष्यति । भूतकाल की क्रियातिपत्ति में विकल्प करके लृङ् और भविष्यत् सम्बन्धी में नित्य ही लृङ् होगा । को नाम तत्र भवान् अयाजयिष्यत् ? ।

७७५—अनवक्लृप्त्यमर्षयोरकिंवृत्तेऽपि ॥ ३ । ३ । १४५ ॥

असंभावना और असहन अर्थ में किम् शब्द का प्रयोग उपपद हो वा न हो तो धातु से लिङ् और लृट् प्रत्यय हो । यहाँ अधिक अच्वाले "अनवक्लृप्ति" शब्द का पूर्वनिपात किंवृत्त और अकिंवृत्त से अर्थों के यथासंख्य न होने का प्रकाशक है । [अनवक्लृप्ति नावकल्पयामि तत्र] भवान् गुरुं [निन्देत्,] निन्दिष्यति [वा], कः कतरः कतमो वा गुरु निन्देत् ? निन्दिष्यति वा ? अमर्ष—न मर्षयामि तत्र भवान् गुरु निन्देत्, निन्दिष्यति वा, को नाम गुरु निन्देत् ? निन्दिष्यति वा । लृङ् पूर्वनियम के तुल्य होता है । जैसे—नावकल्पयामि तत्र भवान् वृषलमयाजयिष्यत् ।

७७६—किङ्किलास्त्यर्थेषु लृट् ॥ ३ । ३ । १४६ ॥

किंकिल और अस्त्यर्थक धातु उपपद हो तो अनवक्लृप्ति और अमर्ष अर्थ में धातु से लृट् प्रत्यय हो । किंकिल शब्द क्रोध का प्रकाशक है । अस्त्यर्थक—अस्ति, भवति, विद्यति । यह लृट् लिङ् का अपवाद है । किंकिल नाम तत्र भवान् वृषलं याजयिष्यति, अस्ति नाम तत्र भवान् वृषल याजयिष्यति, न श्रद्दधे, न मर्षयामि इत्यादि । यहां लिङ् के अभाव होने से लृङ् नहीं प्राप्त है ।

७७७—जातुयदोर्लिङ् ॥ ३ । ३ । १४७ ॥

जातु और यद् उपपद हो तो [अनवक्लृप्ति और अमर्ष अर्थ में]

धातु से लिङ् हो। यह लृट् का अपवाद है। जातु तत्रभवान् गुरु निन्देत्, यन्नाम तत्र भवान गुरु निन्देत् नावकल्पयामि, न मर्षयामि। लृङ् पूर्ववत्।

७७८—वा०—जातुयदोर्लिङ्विधाने यदायद्योरुपसंख्यानम्॥

यदा भवद्विधः क्षत्रिय याजयेत्, यदि भवद्विध. क्षत्रिय याजयेत्, नावकल्पयामि, न मर्षयामि। भूत, भविष्यत् क्रियातिपत्ति विवक्षा मे पूर्ववत् लृङ् होगा।

७७९—यच्चयत्रयोः॥ ३। ३। १४८॥

यच्च वा यत्र उपपद हो और अनवक्लृप्ति तथा अमर्ष गम्यमान हो तो धातु से लिङ् प्रत्यय हो। यह लृट् का अपवाद है। यच्च तत्र भवान् गुरुं निन्देत्, यत्र तत्र भवान् गुरु निन्देत्, नावकल्पयामि, न मर्षयामि। क्रियातिपत्ति मे पूर्ववत् लृङ् होता है।

७८०—गर्हायां च॥ ३। ३। १४९॥

गर्हा गम्यमान हो और यच्च, यत्र उपपद हो तो धातु से लिङ् प्रत्यय हो। यह सब लकारों का अपवाद है। यच्च यत्र वा तत्र भवान् वृषल याजयेत्, गर्हामहे, अन्याय्यमेतत्। क्रियातिपत्ति में पूर्ववत् लृङ् होता है।

७८१—चित्रीकरणे च॥ ३। ३। १५०॥

यच्च यत्र उपपद हो और चित्रीकरण [अर्थ] गम्यमान हो तो धातु से लिङ् प्रत्यय हो। चित्रीकरण आश्चर्य अद्भुत विस्मय करने योग्य को कहते है। यच्च यत्र वा भवान् वृषल याजयेत्, आश्चर्य्य-मेतत्॥ क्रियातिपत्ति मे यथाप्राप्त लृङ् होता है।

७८२—शेषे लृडयदौ॥ ३। ३। १५१॥

यदि शब्द भिन्न यच्च यत्र से अन्य उपपद हो और चित्रीकरण गम्यमान हो तो धातु से लृट् प्रत्यय हो। यह सब लकारों का अपवाद है। आश्चर्यं चित्रमद्भुतम् अन्धो नाम पर्वतमारोक्ष्यति, बधिरो नाम व्याकरणमध्येष्यते। अयदिग्रहण से यहां न हुआ— आश्चर्यं यदि सोऽधीयीत। इस विषय में लिङ् निमित्त के अभाव से लृङ् नहीं होता।

७८३—उताप्योः समर्थयोर्लिङ् ॥३।३।१५२॥

समानार्थक उत और अपि उपपद हों तो धातु से लिङ् प्रत्यय हो। अङ्गीकार अर्थ में उत, अपि समानार्थक हैं। उत कुर्य्यात्, अपि कुर्य्यात्, उताधीयीत, अप्यधीयीत। हां यह करेगा वा पढ़ेगा। समर्थग्रहण से यहां न हुआ—उत दण्डः पतिष्यति, अपि द्वारं धास्यति। दण्ड गिरेगा, द्वार को ढांप लेगा। यहां प्रश्न [और] प्रच्छादन गम्यमान है 'वोताप्योः'[1] यह नियम पूरा होगया, अब यहां से लेकर भूतकाल में भी क्रियातिपत्ति में नित्य लृङ् होगा।

७८४—कामप्रवेदनेऽकच्चिति ॥ ३ । ३ । १५३ ॥

कच्चित् शब्द उपपद न हो तो अपने अभिप्राय के प्रकाश करने में धातु से लिङ् प्रत्यय हो। यह सब लकारों का अपवाद है। कामो मे गच्छेद् भवान्, अभिलाषः इच्छा वा मम भुञ्जीत भवान्। अकच्चित् कहने से यहां न हुआ। कच्चिज्जीवति ते माता?

७८५—संभावनेऽलमिति चेत् सिद्धाप्रयोगे ॥ ३ । ३ । १५४ ॥

जो सिद्ध अलम् शब्द का प्रयोग न किया जाय तो सम्भावन अर्थ में वर्तमान धातु से लिङ् प्रत्यय हो। जहां वाक्य में अलम् शब्द का अर्थ परिपूर्णता अर्थात् प्रौढपन गम्यमान हो और उसका

प्रयोग न हो वहा सिद्ध अलम् का अप्रयोग तथा क्रियाओं में योग्यता का निश्चय करना सम्भावन समझना चाहिये। यह सब लकारो का अपवाद है। अपि पर्वत शिरसा भिन्द्यात्, अपि द्रोणपाक भुञ्जीत। अलम् ग्रहण से यहा न हुआ—विदेशस्थो देवदत्तः प्रायेण ग्राम गमिष्यति। सिद्धाप्रयोग ग्रहण से यहा न हुआ—अलं कृष्णो हस्तिन हनिष्यति। भूत वा भविष्यत्काल की क्रियातिपत्ति मे नित्य लृङ् होता है।

७८६—विभाषा धातौ सम्भावनवचनेऽयदि ॥ ३ । ३ । १५५ ॥

यद्‌शब्द वर्जित सभावन अर्थ का कहने वाला धातु उपपद हो तो धातु से विकल्प करके लिङ् प्रत्यय हो, यदि सिद्ध अलम् का अप्रयोग हो। पूर्वसूत्र से नित्य लिङ् प्राप्त था विकल्प के लिये यह सूत्र है। संभावयामि भुञ्जीत भवान्, संभावयामि भोक्ष्यते भवान्। अयद् ग्रहण से यहां न हुआ—संभावयामि यद् भुञ्जीत भवान्।

७८७—हेतुहेतुमतोर्लिङ् ॥ ३ । ३ । १५६ ॥

हेतु कारण और हेतुमान् जिसमे कारण रहे अर्थात् फल, उनमे वर्तमान जो धातु हो उससे लिङ् प्रत्यय विकल्प करके हो। दक्षिणेन चेद् यायात् न शकटं पर्याभवेत्। यहां दक्षिणमार्ग से जाना हेतु और अपर्याभवन = न गिरना फल है। लिङ् वर्तमान था पुनर्लिङ् ग्रहण विशेष काल के सग्रह करने के लिये है। इससे यह लकार भविष्यत्काल मे होता है। द्वितीय पक्ष मे लृट्—दक्षिणेन चेद्यास्यति न शकट पर्याभविष्यति। भविष्यत् के नियम से यहा न हुआ—हन्तीति पलायते, वर्षतीति धावति। क्रियातिपत्ति मे लृङ् होता है

७८८—इच्छार्थेषु लिङ्लोटौ ॥ ३ । ३ । १५७ ॥

इच्छा अर्थ वाले धातु उपपद हो तो धातु से लिङ् और लोट् प्रत्यय हो। यह सब लकारो का अपवाद है। इच्छामि भुञ्जीत भवान्, इच्छामि भुङ्क्तां भवान्, कामये, प्रार्थये, पठतु भवान्। **कामप्रवेदने चेत्। महाभाष्य। ३। ३। १५७॥** जो अत्यन्त इच्छा विदित करना गम्यमान हो तो उक्त लिङ् प्रत्यय हो, यह कहना चाहिये अर्थात् यहां न हो—इच्छन् कटं करोति।

७८९—लिङ् च ॥ ३। ३। १५९॥

समानकर्ता वाले इच्छार्थक धातु उपपद हो तो धातु से लिङ् प्रत्यय हो। भुञ्जीयेतीच्छति, अधीयीयेतीच्छति। क्रियातिपत्ति मे लृङ् होता है।

७९०—इच्छार्थेभ्यो विभाषा वर्तमाने॥ ३। ३। १६०॥

इच्छार्थक धातुओं से वर्तमान काल मे विकल्प करके लिङ् प्रत्यय होता है। इच्छति, इच्छेत्, कामयते, कामयेत, वष्टि, उश्यात्।

प्रथम (७९, ६५) से लिङ् और लोट् का विधान किया है। अब उस विषय के क्रम से उदाहरण देते है जैसे—विधि—भवान् पठेत्, ग्रामं भवानागच्छेत्। निमन्त्रण—इह भवान् भुञ्जीत। आमन्त्रण—इहभवानासीत्। अधीष्ट—भवान पुत्रमध्यापयेत्। सम्प्रश्न—कि भो वेदमधीयीय। प्रार्थन—अस्ति मे प्रार्थना व्याकरणमधीयीय। इसी प्रकार लोट् भी होगा। भवान् पठतु इत्यादि।

७९१—प्रैषातिसर्गप्राप्तकालेषु कृत्याश्च॥ ३। ३। १६३॥

प्रैष = प्रेरणा करना, अतिसर्ग = इच्छानुकूल करने की स्वीकृति, प्राप्तकाल = कार्य करने के अनुकूल अवसर पाना इन अर्थों मे धातु

से कृत्य संज्ञक और लोट् * प्रत्यय हो। कृत्य—भवता कट॰ करणीय:, कर्तव्य॰ कट:, कृत्य: कार्य इत्यादि। लोट्—करोतु कटं भवानिह प्रेषित:, भवानतिसृष्ट:, भवत: प्राप्तकाल: कटकरणे।

७६२—लिङ् चोर्ध्वमौहूर्तिके ॥३।३।१६४॥

प्रैषादि अर्थ गम्यमान हो तो दो घडी से ऊपर जो भविष्यत्-काल है उसमे वर्तमान धातु से लिङ् और यथाप्राप्त कृत्य और लोट् भी हो। मुहूर्तादुपरि भवता खलु कट कर्तव्य॰ करणीय कार्य॰, भवान् खलु कटं कुर्यात्, भवान् खलु कटं करोतु, भवानिह प्रेषित, अतिसृष्ट: प्राप्तकालो वा।

७६३—स्मे लोट् ॥ ३ । ३ । १६५ ॥

प्रैषादि अर्थ गम्यमान हो और स्म शब्द उपपद हो तो ऊर्ध्वमौहूर्तिक अर्थ मे वर्तमान धातु से लोट् प्रत्यय हो। यह लिङ् और कृत्य प्रत्ययो का अपवाद है। मुहूर्तादूर्ध्वं भवान् कटं करोतु स्म, माणवकमध्यापयतु स्म।

---

* "प्रैषातिसर्ग॰" सूत्र की व्याख्या मे जो कौमुदीकार ने लोट् का अनुकर्षण कर केवल उसको प्राप्तकाल अर्थ ही के लिये माना है यह उनका मानना असङ्गत है,[1] क्योकि उक्त सूत्र की व्याख्या जो महाभाष्यकार ने की है उससे स्पष्ट विदित होता है कि प्रैषादि तीनो अर्थों मे लोट् प्रत्यय होता है यथा—अयं प्रैषादिष्वर्थेषु लोट् विधीयते स विशेषविहित॰ सामान्यविहितान् कृत्यान् इत्यादि" महाभाष्य ३। ३। १६३॥

१. वस्तुत॰ पौर्वापर्य की सङ्गति को ध्यान मे रखते हुए असङ्गत नहीं है। क्योकि प्रैष का अर्थ विधि और अतसर्ग का अर्थ कामचारानुज्ञा है। इन अर्थों मे लोट् का विधान पूर्व (आ० ६५) कर चुके है। अत इस सूत्र में लोट् का अनुकर्षण केवल प्राप्तकाल के लिये है। कई आचार्य विधि और प्रैष मे भेद मानते हैं उनके मत मे प्रैष के लिये भी लोट का अनुकर्षण समझना चाहिये।

७६४—अधीष्टे च ॥ ३ । ३ । १६६ ॥

सत्कारपूर्विका चेष्टा गम्यमान हो और स्म उपपद हो तो धातु से लोट् प्रत्यय हो। यह लिङ् का अपवाद है। अंग स्म राजन् माणवकमध्यापय।

७६५—लिङ् यदि ॥ ३ । ३ । १६८ ॥

काल, समय और वेला तथा यद् शब्द उपपद हो तो धातु से लिङ् प्रत्यय हो। यह तुमुन् प्रत्यय का अपवाद है। कालो यद् भुञ्जीत भवान्, समयो यद् भुञ्जीत भवान्, वेला यद् भुञ्जीत भवान।

७६६—अर्हे कृत्यतृचश्च ॥ ३ । ३ । १६९ ॥

अर्ह कर्ता वाच्य वा गम्यमान हो तो धातु से कृत्य तृच् और लिङ् प्रत्यय हो। भवता खलु कन्या वोढव्या, वाह्या, वहनीया वा, भवान् खलु कन्याया वोढा, भवान खलु कन्यां वहेत्।

७६७—शकि लिङ् च ॥ ३ । ३ । १७२ ॥

शक्ति अर्थ मे धातु से लिङ् और कृत्य प्रत्यय हो। भवता खलु भारो वोढव्य., वहनीयः, भवान् खलु वहेत् भारं, भवानिह शक्तः।

७६८—माङि लुङ् ॥ ३ । ३ । १७५ ॥

माङ् उपपद हो तो धातु से लुङ्[1] प्रत्यय हो। यह सब लकारों का अपवाद है। मा कार्षीत्।

७६९—स्मोत्तरे लङ् च ॥ ३ । ३ । १७६ ॥

स्म जिससे परे हो वह माङ् शब्द उपपद हो तो धातु से लङ्

---

१. महर्षि ने इस सूत्र के अष्टाध्यायी भाष्य मे "आशिषि लिङ्लोटौ" इन पदों की अनुवृत्ति मानी है। देखो इस सूत्र का अष्टाध्यायी भाष्य और उस पर मेरी टिप्पणी।

और लुङ प्रत्यय हो। मास्म करोत्, मास्म कार्षीत्, मास्म हरत्, मास्म हार्षीत्।

८००—धातुसम्बन्धे प्रत्ययाः॥ ३। ४। १॥

धात्वर्थ [के] सम्बन्ध मे प्रत्यय हो। अर्थात् जिस जिस काल मे प्रत्यय कहे हैं उन से अन्यत्र भी हो। अग्निष्टोमयाजी तव पुत्रो जनिता, कृतः कटः श्वो भविता, भावि कृत्यमासीत्, अग्निष्टोमयाजी यह भूतकाल और जनिता यह भविष्यत्काल मे है यहा भूतकाल जनिता के भविष्यतकाल का सम्बन्ध पाकर साधु होता है। अष्टाध्यायी के क्रम से प्रत्ययाधिकार वर्तमान था तथापि यहां प्रत्ययग्रहण का यह प्रयोजन है कि धात्वधिकार से अन्य भी प्रत्यय धातु सम्बन्ध काल मे हो जावे। गोमानासीत्, गोमान् भविता। यहा "गावो विद्यन्तेऽस्य" इस विग्रह से वर्तमानकाल मे भी किया हुआ मतुप् "आसीत्, भविता" इन क्रियापदो के सम्बन्ध से भूत और भविष्यत्काल का कहने वाला होता है।

८०१—क्रियासमभिहारे लोट् लोटो हिस्वा वा च तध्वमोः॥ ३। ४। २॥

क्रियासमभिहार (वार वार होना) अर्थ मे धातु से लोट् और उस लोट् के स्थान मे परस्मैपद हि और आत्मनेपद स्व आदेश हो, तथा त और ध्वम् भावी लोट् के स्थान मे हि और स्व विकल्प करके हो। यह सब लकारो का अपवाद है क्योंकि सब लकारो के विषय मे होता है।

८०२—समुच्चयेऽन्यतरस्याम्॥ ३। ४। ४॥

अनेक क्रियाओ के अध्याहार मे धातु से विकल्प करके लोट् और उस लोट् के स्थान में यथोक्त हि और स्व आदेश हो।

८०३—यथा विध्यनुप्रयोगः पूर्वस्मिन् ॥ ३ । ४ । ४ ॥

पूर्वोक्त लोट् विधान मे यथाविधि अनुप्रयोग हो। अर्थात् जिस धातु से लोट् विहित हो। उसी धातु का संख्या, काल और पुरुष के नियम से पीछे प्रयोग हो।

८०४—समुच्चये सामान्यवचनस्य ॥३।४।५॥

समुच्चय अर्थ मे लोट् विधान हो तो सामान्य अर्थ कहने वाले धातु का अनुप्रयोग हो।

८०५—वा०-क्रियासमभिहारे द्वे भवत इति वक्तव्यम् ॥

क्रियासमभिहारार्थविहित लोट् के विषय मे द्विर्वचन हो। क्रियासमभिहार मे परस्मैपद लट् लकार—स भवान् लुनीहि लुनीहीत्येवायं लुनाति, इमौ लुनीतः, इमे लुनन्ति, लुनीहीत्येव त्वं लुनासि, युवां लुनीथः, यूयं लुनीथ, लुनीहि लुनीहीत्येवाह लुनामि, आवां लुनीवः, वयं लुनीमः, इत्यादि। आत्मनेपद—अधीष्वाधीष्वेत्येवायमधीते, इमावधीयाते, इमेऽधीयते, इत्यादि। इस प्रकार सब लकारो में उदाहरण जानना चाहिये। क्रियासमभिहार मे—दुग्धं पिब, चणकान् चर्व इत्यभ्यवहरति। अन्न भुङ्क्ष्व दाधिकमास्वादस्वेत्यभ्यवहरते। त, ध्वम् के विषय मे—दुग्धं पिब, चणकाश्चर्वेत्यभ्यवहरत, अन्नं भुङ्क्ष्व, दाधिकमास्वादस्वेत्यभ्यवहरध्वे, दुग्धं पिबत चणकाश्चर्वतेत्यभ्यवहरत, अन्न भुङ्ग्ध्वं, दाधिकमास्वादध्वम्, इत्यवहरध्वे। इसी प्रकार क्रियासमभिहार और समुच्चय अर्थ मे सब लकारो के विषय मे लोट् होता है।

८०६—छन्दसि लुङ्लङ्लिटः॥ ३ । ४ । ६ ॥

छन्दोविषयक धातुसम्बन्ध होने पर सामान्यकाल मे धातु से विकल्प करके लुङ् लङ् और लिट् प्रत्यय हो। लुङ्—शकलाङ्गुष्टकोऽकरत्, अहं तेभ्योऽकरन्नमः। लङ्—अग्निमद्यहोतारमवृणीतायं यजमान.। लिट्—अद्य ममार, अद्य म्रियते [इत्यर्थ]।

॥ इति लकारार्थप्रक्रिया समाप्ता ॥

अथ षत्वप्रक्रियाऽरम्भः ॥

८०७—अपदान्तस्य मूर्धन्यः ॥ ८। ३। ५५ ॥

अपदान्त सकार को मूर्धन्य आदेश हो। यह अधिकार करते है। अष्टाध्यायी मे इस पाद की समाप्ति पर्यन्त यह अधिकार है। सिषेव, सुष्वाप, अग्निषु, वायुषु। इत्यादि यहा सर्वत्र (८६) सूत्र से षत्व हुआ है। अपदान्त ग्रहण इसलिये है कि—"अग्निस्तत्र" यहा मूर्धन्य न हो। सकार को षकार कहते तो धकार को ढकार भी कहना पडता, इसलिये मूर्धन्य शब्द पढा है।

८०८—सहेः साडः सः ॥ ८। ३। ५६ ॥

साड् रूप सह धातु के सकार को मूर्धन्य आदेश हो। जलाषाट् तुराषाट्, पृतनाषाट्। साड्ग्रहण से "तुरासाहम्" यहा नही हाता। स को इसलिये कहा कि आकार को न हो जावे।

८०९—इण्कोः ॥ ८। ३। ५७ ॥

यह भी अधिकार सूत्र है। अपदान्त सकार को मूर्धन्यादेश कहेगे सो इण् कवर्ग से ही परे हो जैसे—कर्तृषु, हर्तृषु, वाक्+सु = वाक्षु, इण् कवर्ग से परे नियम इसलिए है कि 'दास्यति असौ' यहां न हो।

८१०—नुम्विसर्जनीयशर्व्यवायेऽपि ॥८।३।५८॥

नुम्, विसर्जनीय और शर् प्रत्याहार इन के व्यवधान मे भी इण्

कवर्ग से परे अपदान्त सकार को मूर्धन्यादेश हो। जैसे नुम् के व्यवधान में—सर्पि+नुम्+स्+जस = सर्पींषि, हवींषि, यजूंषि, इत्यादि। विसर्जनीय के व्यवधान मे—सर्पिःषु, धनुःषु, यजुःषु इत्यादि। शर्व्यवधान मे—सर्पिष्षु, यजुष्षु, हविष्षु इत्यादि। इस सूत्र मे नुम् आदि प्रत्येक के व्यवधान का पृथक् पृथक् ग्रहण है, इसलिये "निस्से, निस्स्व" यहां नुम् और शर् दो के व्यवधान मे षत्व नही होता।

८११—स्तौतिण्योरेव षण्यभ्यासात् ॥८।३।६१॥

षण्रूप सन् परे हो तो स्तु और णिजन्त धातुओ के इणन्त अभ्यास से परे जो आदेश का सकार उसको मूर्धन्य आदेश हो। स्तोतुमिच्छति तुष्टूषति। णिजन्त से-सेवयितुमिच्छति सिषेवयिषति, सुष्वापयिषति, सिषञ्जयिषति। इन धातुओ मे इण् कवर्ग से परे अन्य सूत्रो से षत्व हो जाता, फिर यह सूत्र नियमार्थ है कि [षण्रूप] सन् के परे स्तु और णिजन्त के ही अभ्यास से परे षत्व हो। इस नियम से—"सिसिक्षति, सुसूषति" यहां षत्व नही होता। स्तौति और णिजन्त के साथ एव शब्द पढ़ने से यह नियम नही होता कि स्तौति और णिजन्त को सन् होने [पर ही] षत्व हो। इससे "तुष्टाव" आदि मे षत्व हो जाता है और "सिसिक्षति" मे षत्व नही होता।

८१२—सः स्विदिस्वदिसहीनां च ॥८।३।६२॥

षण् रूप सन् परे हो तो स्विदि, स्वदि और सहि इन णिजन्त धातुओ के इणन्त अभ्यास से परे अपदान्त सकार को सकारादेश ही हो। स्वेदयितुमिच्छति, सिस्वेदयिषति, सिस्वादयिषति, सिसाहयिषति। यहां सकार को सकार कहने से मूर्धन्य नही होता।

८१३—प्राक्सितादड्व्यवायेऽपि ॥८।३।६३॥

"परिनिविभ्यः सेवासित०" इस आगामी (८२०) सूत्र के सित् शब्द से पहिले पहिले अट् के व्यवधान मे भी मूर्धन्य आदेश होता है। अपि शब्द के पढ़ने से अड्व्यवाय से अन्यत्र निषेध नही होता।

८१४—स्थादिष्वभ्यासेन चाभ्यासस्य ॥ ८। ३। ६४ ॥

"उपसर्गात् सुनो०" इस अगले (८१५) सूत्र मे "परिनिविभ्यः से०" आगामी (८२०) सूत्र [के सित् धातु] से पहिले पहिले इण् कवर्ग से परे अभ्यास के व्यवधान मे और अभ्यास के सकार को मूर्धन्यादेश होता है।

८१५—उपसर्गात्सुनोतिसुवतिस्यतिस्तौतिस्तोभतिस्थासेनयसेधसिचसञ्जस्वञ्जाम् ॥ ८। ३। ६५ ॥

उपसर्गस्थ निमित्त इण् से परे सुनोति, सुवति, स्यति, स्तौति, स्तोभति, स्था, सेनय, सेध, सिच, सञ्ज और स्वञ्ज इन के सकार को मूर्धन्यादेश हो। सुनोति-अभिषुणोति, परिषुणोति, अभ्यषुणोत्, पर्यषुणोत्। सुवति-अभिषुवति, परिषुवति, अभ्यषुवत, पर्यषुवत्। स्यति—अभिष्यति, परिष्यति, अभ्यष्यत्, पर्यष्यत्। स्तौति—अभिष्टौति, परिष्टौति, अभ्यष्टौत्, पर्यष्टौत्। स्तोभति—अभिष्टोभते, परिष्टोभते, अभ्यष्टोभत, पर्यष्टोभत। स्था—अभिष्ठास्यति, परिष्ठास्यति, अभ्यष्ठात्, पर्यष्ठात्। स्थादिको मे अभ्यास के व्यवधान मे और अभ्यास के सकार को भी मूर्धन्य कह चुके हैं। अभितष्ठौ, अभितष्ठतुः, परितष्ठौ। यहा अभ्यास मे सकार नही। सेनय—सेनया अभियाति अभिषेणयति, अभ्यषेणयत्, पर्यषेणयत्, अभिषेणयितुमिच्छति

अभिषिषेणयिषति, परिषिषेणयिषति। यहां अभ्यास के व्यवधान में और अभ्यास के सकार को भी मूर्धन्य होता है। सेध—अभिषेधति, परिषेधति, अभ्यषेधत्, अभिषिषेध। सिच्—अभिषिञ्चति, परिषिञ्चति, पर्यषिञ्चत्, अभिषिषिक्षति। सञ्ज—अभिषजति, अभ्यषजत्, अभिषिषङ्क्षति। स्वञ्ज—अभिष्वजते, अभ्यष्वजत, पर्यष्वजत, परिषिष्वङ्क्षते। सिध धातु का गुण क्रिया निर्देश है, इससे दिवादि के सिध धातु को षत्व नही होता—परिसिध्यति पर्यसिध्यत्। उपसर्ग ग्रहण इसलिये है कि—"दधि सिञ्चति" यहां षत्व न हो। निर्गतः सेचका अस्माद्ग्रामात्—निःसेचको ग्रामः। यहां निर् उपसर्ग का सम्बन्ध गमन क्रिया के साथ है सेचक शब्द के साथ नहीं।

८१६—सदिरप्रतेः ॥ ८ । ३ । ६६ ॥

प्रति भिन्न उपसर्गस्थ निमित्त से परे सद् धातु के सकार को मूर्धन्यादेश हो। निषीदति, विषीदति, न्यषीदत्, व्यषीदत्, निषसाद विषसाद। प्रति का निषेध होने से "प्रतिसीदति" यहां षत्व न हुआ।

८१७—स्तन्भेः ॥ ८ । ३ । ६७ ॥

उपसर्गस्थ इण् से परे स्तन्भ धातु के सकार को मूर्धन्यादेश होवे। अभिष्टभ्नाति, परिष्टभ्नाति, अभ्यष्टभ्नात्, अभितष्टम्भ, परितष्टम्भ। यहां प्रति के निषेध की अनुवृत्ति [नही] आती है। प्रतिष्टभ्नाति, प्रत्यष्टभ्नात, प्रतितष्टम्भ। यहा स्तम्भ धातु को ही सूत्रकार ने नकारोपध पढ़ा है।

८१८—अवाच्चालम्बनाविदूर्ययोः ॥८।३।६८॥

आश्रय और कुछ समीप होने अर्थ मे अव उपसर्ग से परे स्तम्भ धातु के सकार को मूर्धन्यादेश हो। आलम्बन—अवष्टभ्यास्ते, अवष्टभ्य तिष्ठति। सामीप्य—अवष्टब्धा सेना, अवष्टब्धा शरत्।

आलम्बन और अविदूर्य अर्थ से अन्यत्र—"अवस्तब्धो वृषलः शीतेन" यहां षत्व नही होता । अव उपसर्ग इणन्त नही है इसीलिए यह सूत्र पढा है, नही तो पूर्व सूत्र से षत्व हो ही जाता ।

८१९—वेश्च स्वनो भोजने ॥ ८ । ३ । ६९ ॥

वि और अव उपसर्ग से परे भोजन अर्थ मे स्वन धातु के सकार को मूर्धन्य हो। विष्वणति, व्यष्वणत्, विषष्वाण, अवष्वणति, अवाष्वणत्, अवषष्वाण । भोजन अर्थ से अन्यत्र—विस्वनति मृदङ्गः, अवस्वनति वीणाः, यहां शब्द अर्थ मे षत्व नही होता ।

८२०—परिनिविभ्यः सेवसितसयासिवसह-सुट्स्तुस्वञ्जाम् ॥ ८ । ३ । ७० ॥

परि, नि, वि उपसर्गों से परे सेव, सित, सय, सिवु, सह, सुट, और स्वञ्ज के सकार को मूर्धन्यादेश होवे । [सेव—'] परिषेवते निषेवते, विषेवते, पर्यषेवत, व्यषेवत, न्यषेवत, परिषिषेविषते, विषिषेविषते । सित—परिषित, विषित, निषितः । सय—परिषयः [विषयः] निषयः । सिवु—परिषीव्यति, विषीव्यति, निषीव्यति, पर्यषीव्यत्, [पर्यसीव्यत्,] व्यषीव्यत, व्यसीव्यत्, न्यषीव्यत्, न्यसीव्यत् । यहां सिव आदि मे अट के व्यवधान मे अगले सूत्र से षत्व विकल्प है । सह—परिषहते, निषहते, विषहते, पर्यषहत, न्यषहत, व्यषहत, पर्यसहत, न्यसहत, व्यसहत । सुट् – परिष्करोति, [पर्यष्करोत्] पर्यस्करोत्, स्तु—परिष्टौति, निष्टौति, विष्टौति, पर्यष्टौत्, पर्यस्तौत् । स्वञ्ज—परिष्वजते, विष्वजते, पर्यष्वजत पर्यस्वजत् । स्तु और स्वञ्ज धातु पूर्व "उपसर्गात्सुनोति" (८१६) सूत्र मे भी पढ़े है उससे षत्व हो जाता है । फिर यहा पढने का यही प्रयोजन है कि अगले सूत्र से अट के व्यवधान मे विकल्प से षत्व होवे ।

८२१—सिवादीनां वाऽड्व्यवायेऽपि ॥८।३।७१ ॥

अट् के व्यवधान मे भी परि, नि, वि इन उपसर्गों से परे पूर्व सूत्रोक्त सिवादिको के सकार को विकल्प से मूर्धन्य आदेश हो। इस सूत्र के उदाहरण पिछले सूत्र मे दे चुके है। पर्यषहत, पर्यसहत इत्यादि।

८२२—अनुविपर्यभिनिभ्यः स्यन्दतेरप्राणिषु ॥ ८ । ३ । ७२ ॥

अप्राणी अभिधेय हो तो अनु, वि, परि अभि, नि इन उपसर्गों से परे स्यन्द धातु के सकार को मूर्धन्य आदेश हो। अनुष्यन्दते, विष्यन्दत, परिष्यन्दते, अभिष्यन्दते, निष्यन्दत, तैलम् अनुस्यन्दते, विस्यन्दते, परिस्यन्दते, अभिस्यन्दते, निस्यन्दते। अप्राणिग्रहण से यहा न हुआ—अनुस्यन्दते मत्स्य उदके, अनुस्यन्दते हस्ती। "अप्राणिषु" यह पर्युदास प्रतिषेध है इससे जहा प्राणि अप्राणि दोनो का विषय है वहा भी मूर्धन्यादेश हो जाता है यहा ऐसा भाष्यकार का इङ्गित मालूम होता है। अनुष्यन्दते मत्स्योदके।

८२३—वेः स्कन्देरनिष्ठायाम् ॥ ८ । ३ । ७३ ॥

निष्ठा प्रत्यय पर न हो तो वि उपसर्ग से पर स्कन्द धातु के सकार को मूर्धन्य आदेश विकल्प करके हो। विष्कन्ता, विस्कन्ता, विष्कन्तुम्, विस्कन्तुम, विष्कन्तव्यम्, विस्कन्तव्यम्। अनिष्ठाग्रहण से यहां न हुआ—विस्कन्नः।

८२४—परेश्च ॥ ८ । ३ । ७४ ॥

परि उपसर्ग से परे स्कन्द धातु के सकार को मूर्धन्यादेश विकल्प करके हो। परिष्कन्ता, परिष्कन्तुम्, परिष्कन्तव्यम, परिस्कन्ता, परि-

स्कन्तुम्, परिस्कन्तव्यम् । यह सूत्र जो पिछले सूत्र से अलग किया है इससे जानना चाहिये कि पिछले सूत्र से यहां "अनिष्ठायाम्" इस पद की अनुवृत्ति नही आती है।

८२५—परिस्कन्दः प्राच्यभरतेषु ॥ ८ । ३ । ७५ ॥

प्राच्यभरत अभिधेय हो तो "परिस्कन्द" यहां मूर्धन्यादेश का अभाव निपातन है । परिस्कन्दः । प्राच्यभरतो से अन्यत्र— "परिष्कन्द" यह होता है ।

८२६—स्फुरतिस्फुलत्योर्निर्निविभ्यः ॥८।३।७६॥

निस्, नि, वि इनके उत्तर स्फुरति और स्फुलति के सकार को मूर्धन्यादेश विकल्प करके हो । स्फुरति—निष्ष्फुरति, निस्स्फुरति, निष्फुरति. निस्फुरति, विष्फुरति, विस्फुरति । स्फुलति—निष्ष्फुलति, निस्स्फुलति, निष्फुलति, निस्फुलति, विष्फुलति विस्फुलति ।

८२७—वेः स्कभ्नातेर्नित्यम् ॥ ८ । ३ । ७७ ॥

वि से परे स्कभ्नाति के सकार को नित्य मूर्धन्यादेश हो । विष्कभ्नाति, विष्कम्भिता, विष्कम्भितुम्, विष्कम्भितव्यम् ।

८२८—समासेऽङ्गुलेः संगः ॥ ८ । ३ । ८० ॥

समास मे अङ्गुलि शब्द से परे सङ्ग शब्द के सकार को मूर्धन्य आदेश हो । अङ्गुलेः सङ्ग. = अङ्गुलिषङ्गः समासग्रहण से यहा न हुआ—अङ्गुलेः सङ्गं पश्य ।

८२९—भीरोः स्थानम् ॥ ८ । ३ । ८१ ॥

समास मे भीरु शब्द से उत्तर स्थान शब्द के सकार को मूर्धन्यादेश हो । भीरुष्ठानम् । समासग्रहण से यहा न हुआ— भीरोः स्थानं पश्य ।

८३०—अग्नेः स्तुत्स्तोमसोमाः ॥८।३।८२॥

अग्नि शब्द से परे स्तुत्, स्तोम, सोम इनके सकार को मूर्धन्य आदेश हो समास मे। अग्निष्टुत्, अग्निष्टोम, अग्नीषोमौ। दीर्घ अग्नि शब्द से परे मूर्धन्यादेश इष्ट है। इससे यहा न हुआ—अग्नि-सोमौ माणवकौ। समासग्रहण से यहां न हुआ—अग्नि सोमं पश्य।

८३१—ज्योतिरायुषः स्तोमः ॥ ८।३।८३ ॥

समास मे ज्योतिस् और आयुस् शब्द से परे स्तोम शब्द के सकार को मूर्धन्य आदेश हो। ज्योतिष्टोमः, आयुष्टोमः। समास-ग्रहण से यहां न हुआ—ज्योतिः स्तोमं दर्शयति।

८३२—मातृपितृभ्यां स्वसा ॥ ८। ३। ८४ ॥

समास मे मातृ और पितृ से परे स्वसृ शब्द के सकार को मूर्धन्यादेश हो। मातृष्वसा, पितृष्वसा।

८३३—मातुः पितुर्भ्यामन्यतरस्याम् ॥८।३।८५॥

समास मे मातुर् और पितुर् से परे स्वसृ शब्द के सकार को मूर्धन्यादेश विकल्प करके हो। मातुःष्वसा, मातुःस्वसा, पितुःष्वसा, पितुःस्वसा। समासग्रहण से वाक्य मे न हुआ—मातुः स्वसा।

८३४—अभिनिसः स्तनः शब्दसंज्ञायाम् ॥ ८। ३। ८६ ॥

शब्दसंज्ञा गम्यमान हो तो अभि निस् से परे स्तन धातु के सकार को विकल्प करके मूर्धन्यादेश हो। अभिनिष्टानो वर्णः, अभिनिष्टानो विसर्जनीयः, अभिनिस्तानो वर्णः, अभिनिस्तानो विसर्जनीयः। शब्दसंज्ञा से अन्यत्र—अभिनिस्तनति मृदङ्गः।

८३५—उपसर्गप्रादुर्भ्यामस्तिर्यच्परः ॥८।३।८७॥

उपसर्गस्थ निमित्त और प्रादुस् शब्द से परे यकार और अच्

जिससे परे हो उस अस् धातु के सकार को मूर्धन्यादेश हो। अभिषन्ति, निषन्ति, विषन्ति, प्रादुःषन्ति, अभिष्यात्, निष्यात्, विष्यात्, प्रादुःष्यात्। उपसर्गग्रहण से यहां न हुआ—दधि स्यात्, मधु स्यात्। अस्ति ग्रहण से यहा न हुआ—अनुसृतम्। यच्परग्रहण से यहां न हुआ—निस्तः, विस्तः, प्रादुस्तः।

८३६—सुविनिर्दुर्भ्यः सुपिसूतिसमाः॥ ८।३।८८॥

सु, वि, निर् और दुर् से परे सुपि, सूति और सम के सकार को मूर्धन्यादेश हो। "सुपि" यह सम्प्रसारण किये हुए स्वप् धातु का ग्रहण है। सुषुप्ति, सुषुप्तः, विषुप्तः, निःषुप्तः, दुःषुप्तः। सूति— सुषूतिः, विषूतिः, निःषूतिः, दुःषूतिः। सम—सुषमम्, विषमम्, निःषमम्, दुःषमम्।

८३७—निनदीभ्यां स्नातेः कौशले ॥८।३।८९॥

कुशलता गम्यमान हो तो नि और नदी से परे स्नाति के सकार को मूर्धन्यादेश हो। निष्णातः शिल्पशास्त्रे, नद्यां स्नातीति नदीष्णः *। कौशलग्रहण से यहां न हुआ—निस्नातः, नद्याँ स्नातो नदीस्नातः।

८३८—सूत्रं प्रतिष्णातम् ॥ ८ । ३ । ९० ॥

सूत्र वाच्य हो तो प्रतिष्णात यह निपातन है। प्रतिष्णातं सूत्रम्। सूत्र शुद्ध है। यहां प्रति से स्ना धातु के सकार को मूर्धन्यादेश हुआ। सूत्र से अन्यत्र—"प्रतिस्नातम्" होगा।

८३९—कपिष्ठलो गोत्रे ॥ ८ । ३ । ९१ ॥

गोत्रविषयक कपिष्ठल शब्द के सकार को मूर्धन्यादेश निपातन

* "सुपिस्थः" (आ० १००४) इस सूत्र मे योग विभाग किया है उससे "नदीष्णः" यहां क प्रत्यय होता है।

है । कपिष्ठल जिस का नाम है उसका कापिष्ठलि पुत्र है । अन्यत्र—कपेः स्थलं कपिस्थलम् ।

८४०—प्रष्ठोऽग्रगामिनि ॥ ८ । ३ । ९२ ॥

अग्रगामी अभिधेय हो तो 'प्रष्ठः' यह निपातन है । प्रतिष्ठत इति प्रष्ठः । आगे चलता है । यहां प्र से परे स्था धातु के सकार को मूर्धन्यादेश निपातन किया है । अग्रगामीग्रहण से यहां न हुआ—व्रीहीना प्रस्थः ।

८४१—वृक्षासनयोर्विष्टरः ॥ ८ । ३ । ९३ ॥

वृक्ष और आसन वाच्य हो तो वि उपसर्ग से परे स्तृणाति धातु के सकार को मूर्धन्यादेश निपातन है । विष्टरो वृक्ष , विष्टरम् आसनम् । वृक्षासनग्रहण से यहा न हुआ—वाक्यस्य विस्तरः ।

८४२—छन्दोनाम्नि च ॥ ८ । ३ । ९४ ॥

छन्दोनामविषय मे वि पूर्वक स्तृञ् धातु के सकार को मूर्धन्यादेश निपातन है । विष्टारपङ्क्तिः, विष्टारबृहती । छन्दोनामग्रहण से यहां न हुआ—पटस्य विस्तारः ।

८४३—गवियुधिभ्यां स्थिरः ॥ ८ । ३ । ९५ ॥

गवि और युधि शब्द से परे स्थिर शब्द के सकार को मूर्धन्यादेश हो । गविष्ठरः, युधिष्ठिरः । इस सूत्र मे जो गवि, सप्तम्यन्त गो शब्द से मूर्धन्यादेश का विधान है इस ज्ञापन से समास मे गो शब्द से सप्तमी का अलुक् होता है ।

८४४—विकुशमिपरिभ्यः स्थलम् ॥ ८ । ३ । ९६ ॥

वि, कु, शमि, परि इन से परे स्थल शब्द के सकार को मूर्धन्य आदेश हो। विष्ठलम्, कुष्ठलम्, शमिष्ठलम्, परिष्ठलम्। अन्यत्र—कुशस्थली, मरुस्थली।

८४५—अम्बाम्बगोभूमिसव्यापद्वित्रिकुशेकुशङ्क्वङ्गुमञ्जिपुञ्जिपरमेबर्हिर्दिव्यग्निभ्यः स्थः ॥ ८। ३। ६७॥

अम्ब, आम्ब, गो, भूमि, सव्य, अप, द्वि, त्रि, कु, शेकु, शङ्कु अङ्गु, मञ्जि, पुञ्जि, परमे, बर्हिस्, दिवि, और अग्नि इनसे परे स्थ शब्द के सकार को मूर्धन्य आदेश हो। अम्बष्ठः, आम्बष्ठः गोष्ठः, भूमिष्ठः, सव्येष्ठः, अपष्ठः, द्विष्ठः, त्रिष्ठः, कुष्ठः, शेकुष्ठः, शङ्कुष्ठः, अङ्गुष्ठः, मञ्जिष्ठः, पुञ्जिष्ठः, परमेष्ठः, बर्हिष्ठः, दिविष्ठः, अग्निष्ठः।

८४६—वा—स्थास्थिन्स्थॄणामिति वक्तव्यम्॥ ८। ३। ६७।

सव्येष्ठा। परमेष्ठी। सव्येष्ठा।

८४७—सुषामादिषु च॥ ८। ३। ९८॥

सुषामादिक शब्दों में सकार को मूर्धन्यादेश होता है। शोभनं साम यस्यासौ सुषामा ब्राह्मणः, निष्षामा, दुष्षेध[1] इत्यादि।

८४८—एति संज्ञायामगात्॥ ८। ३। ९९॥

संज्ञाविषय में एकार परे हो तो इण् और गरहित कवर्ग से परे सकार को मूर्धन्य आदेश हो। हरिषेणः वारिषेणः, जानुषेणी। एकार से अन्यत्र—हरिसक्थम्। संज्ञा से अन्यत्र—पृथ्वी सेना यस्य स पृथुसेनो राजा। अगात् के ग्रहण से यहाँ न हुआ—विष्वक्सेनः। इण्, कु से अन्यत्र—सर्वसेनः।

८४९—नक्षत्राद्वा॥ ८। ३। १००॥

---

१ यह सुषामादि का गणसूत्र है। अष्टाध्यायी का सूत्र नहीं है।

संज्ञा विषय में एकार परे हो तो इण् और गकार भिन्न कवर्गवान् नक्षत्र वाची शब्द से परे सकार को मूर्धन्य आदेश विकल्प करके हो। रोहिणिषेण, रोहिणिसेन, भरणिषेण:, भरणिसेन:। गकार के निषेध से यहा न हुआ—शतभिषक्सेन।

८५०—ह्रस्वात्तादौ तद्धिते ॥ ८। ३। १०१॥

तकारादि तद्धित परे हो तो ह्रस्व से परे सकार को मूर्धन्य आदेश हो। तकारादि तद्धित—तर, तम, तय, त्व, तल्, तस, त्यप्। तर—सर्पिष्टरम्, यजुष्टरम्। तम—सर्पिष्टमम्, यजुष्टमम्। तय—चतुष्टयम्, चतुष्टयी शब्दाना प्रवृत्तिः। त्व—सर्पिष्ट्वम्, यजुष्ट्वम्। तल्—सर्पिष्टा, यजुष्टा। तस्—सर्पिष्ट। त्यप्—आविष्ट्यः। ह्रस्व-ग्रहण से यहां न हुआ—धूस्तरा, गीस्तरा। तादिग्रहण से यहां न हुआ—सर्पिस्साद्भवति। तद्धित से अन्यत्र—सर्पिस्तर्पयति।

८५१—निसस्तपतावनासेवने ॥८।३।१०२॥

तप धातु परे हो तो अनासेवन अर्थ में निस् के सकार को मूर्धन्य आदेश हो। आसेवन=बार बार करना अर्थ न हो वह अनासेवन कहाता है। निष्टपति सुवर्णम्। अग्नि से सुवर्ण को एक बार तपाता है। अनासेवन ग्रहण से यहां न हुआ—निस्तपति पाणि विष्णुमित्रः।

८५२—युष्मत्तत्ततक्षुःष्वन्तः पादम् ॥८।३।१०३॥

तकारादि युष्मत् तत् और ततक्षुस् परे हो तो सकार को मूर्धन्यादेश हो जो वह सकार पाद के मध्य में हो तो। तकारादि युष्मत्—त्व, त्वां, ते, तव। त्वं—अग्निष्ट्वं नामासीत्। त्वा—अग्निष्ट्वा वर्धयामसि। ते—अग्निष्टे विश्वमानय। तव—अप्स्वग्ने

सधिष्ट्व । तत्—अग्निष्टद्विश्वमापृणाति । ततक्षुस्—द्यावापृथिवी निष्टतक्षुः । अन्तःपादग्रहण से यहां न हुआ—नित्यमात्मनोविदाभूदग्निस्तन् पुनराह जातवेदा विचर्षणि ।

८५३—यजुष्येकेषाम् ॥ ८ । ३ । १०४ ॥

यजुर्वेद के विषय मे तकारादि युष्मद्, तत् और ततक्षुस् परे हो तो किन्हीं आचार्यों के मत से सकार को मूर्धन्यादेश हो । अर्चिर्भिष्ट्वम, अर्चिभिस्त्वम्, अग्निष्टेयम, अग्निस्तेयम्, अग्निष्टत्, अग्निस्तत्, अर्चिर्भिष्टतक्षुः, अर्चिभिस्ततक्षु ।

८५४—स्तुतस्तोमयोश्छन्दसि ॥८।३।१०५॥

किन्ही आचार्यों के मत से वेदविषय मे इण् कवर्ग से परे स्तुत और स्तोम शब्द के सकार का मूर्धन्यादेश हो । त्रिभिष्टुतस्य, [त्रिभिस्तुतस्य] गोष्टोम, षोडशिनम, गोस्तोम षोडशिनम् ।

८५५—पूर्वपदात् ॥ ८ । ३ । १०६ ॥

किन्ही आचार्यों के मत मे पूर्वपदस्थ निमित्त से परे वेदविषय मे सकार को मूर्धन्यादेश हो । द्विषन्धिः, त्रिषन्धिः, द्विसन्धि, त्रिसन्धि, मधुष्ठानम्, मधुस्थानम्, द्विषाहस्रं चिन्वीत, द्विसाहस्रं चिन्वीत । इस सूत्र मे पूर्वपदमात्र का ग्रहण किया है इससे असमास मे भी पूर्वपद से परे सकार को मूर्धन्यादेश होता है । त्रिःषमृद्धत्वाय, त्रि समृद्धत्वाय ।

८५६—सुञः ॥ ८ । ३ । १०७ ॥

वेदविषय मे पूर्वपदस्थ निमित्त से परे सुञ् निपात के सकार को मूर्धन्यादेश हो । अभी षु णः सखीनाम्, ऊर्ध्व ऊ षु णः ।

८५७—सनोतेरनः ॥ ८ । ३ । १०८ ॥

इण् कवर्ग से परे नकारान्तभिन्न सन् धातु के सकार को मूर्धन्य आदेश हो । गोषाः, नृषाः । नकार के निषेध से यहां न हुआ । गोषनिं वाचमुदीरयन् ।

८५८—सहेः पृतनर्ताभ्यां च ॥ ८ । ३ । १०९ ॥

पृतना और ऋत से परे सह धातु के सकार को मूर्धन्य आदेश हो । पृतनाषाहम्, ऋताषाहम् । अन्यत्र—विश्वसाट् । चकार अनुक्त समुच्चय के लिये है इससे 'ऋतीषहम्' यहां भी मूर्धन्य होता है ।

८५९—न रपरसृपिसृजिस्पृशिस्पृहिसवनादीनाम् ॥ ८ । ३ । ११० ॥

जिससे रेफ परे हो उस सकार को तथा सृपि, सृजि, स्पृशि, स्पृहि और सवनादिकों के सकार को मूर्धन्य आदेश न हो । [रपर] विस्रसिकायाः काण्ड जुहोति, विस्रब्धः कथयति । सृपि—पुरा क्रूरस्य विसृप । सृजि—वाचो विसर्जनात् । स्पृशि—दिविस्पृशम् । स्पृहि—निस्पृहं कथयति । सवनादि—सवने सवने, सूते सूते, इत्यादि । इस सवनादि गण में जो "अश्वसनि" शब्द का ग्रहण किया है इस ज्ञापन से अनिणन्त से भी परे सकार को मूर्धन्यादेश होता है । जैसे—जलाषाहम्, अश्वषा ।

८६०—सात्पदाद्योः ॥ ८ । ३ । १११ ॥

सात् और पदादि सकार को मूर्धन्य आदेश न हो । सात्—अग्निसात्, दधिसात्, मधुसात्, पदादि—दधि सिञ्चति, मधु सिञ्चति ।

८६१—सिचो यङि ॥ ८ । ३ । ११२ ॥

यङ् परे हो तो सिच् के सकार को मूर्धन्यादेश न हो । सेसिच्येत, अभिसेसिच्येत । यङ्ग्रहण से यहां न हुआ—अभिषिषिक्षति ।

८६२—सेधतेर्गतौ ॥ ८ । ३ । ११३ ॥

गति अर्थ मे वर्तमान सेधति के सकार को मूर्धन्यादेश न हो। अभिसेधयति गाः, परिसेधयति गा। गतिग्रहण से यहां निषेध न हुआ—प्रतिषेधयति गाः।

८६३—प्रतिस्तब्धनिस्तब्धौ च ॥ ८ । ३ । ११४ ॥

प्रतिस्तब्ध और निस्तब्ध ये मूर्धन्यादेश प्रतिषेध के लिये निपातन है। प्रतिस्तब्धः, निस्तब्धः।

८६४—सोढः ॥ ८ । ३ । ११५ ॥

सोढ के सकार को मूर्धन्य आदेश न हो। 'सोढ्' यह सह धातु का होना है। परिसोढ, परिसोढुम्, परिसोढव्यम्। सोढ्ग्रहण से यहां न हुआ—परिषहते।

८६५—स्तम्भुसिवुसहां चङि ॥ ८ । ३ । ११६ ॥

चङ् परे हो तो स्तम्भु, सिवु और सह के सकार को मूर्धन्यादेश न हो। **स्तम्भुसिवुसहा चङ्युपसर्गात्। महाभाष्ये। ८।३।११६।** स्तम्भु, सिवु, सह इनको उपसर्ग से जो प्राप्ति है उसका निषेध हो, किंतु अभ्यास से जो प्राप्ति उसका निषेध न हो। स्तम्भु—पर्यतस्तम्भत्, अभ्यतस्तम्भत्। सिवु—पर्यसीषिवत्, न्यसीषिवत्। सह—पर्यसीषहत्, व्यसीषहत्।

८६६—सुनोतेः स्यसनोः ॥ ८ । ३ । ११७ ॥

सुनोति के सकार को मूर्धन्यादेश न हो स्य और सन् परे हो तो। अभिसोष्यति, परिसोष्यति, अभ्यसोष्यत्, पर्यसोष्यत्। स्य सन् ग्रहण से यहां न हुआ—सुषाव।

८६७—सदेः*परस्य लिटि ॥ ८ । ३ । ११८ ॥

लिट् परे हों तो अभ्यास से परे सद् के सकार को मूर्धन्य आदेश न हो। अभिषसाद, परिषसाद, निषसाद, विषसाद।

८६८ वा०—सदो लिटि प्रतिषेधे स्वञ्जेरुपसंख्यानम् ॥

लिट् परे हों तो सद् धातु के प्रतिषेध में स्वञ्ज के पर सकार को भी मूर्धन्यादेश का प्रतिषेध कहना चाहिये। परिपस्वजे, परिपस्वजाते।

८६९—निव्यभिभ्योऽड्व्यवाये वा च्छन्दसि ॥ ८ । ३ । ११९ ॥

वेदविषय में नि, वि, अभि इन उपसर्गों से पर अट् का व्यवधान हो वा न हो तो सकार को मूर्धन्य आदेश विकल्प करके हो। न्यषीदत् पिता न, व्यषीदत्, व्यसीदत्, अभ्यष्टौत्, अभ्यस्तौत्।

इति षत्वप्रक्रिया समाप्ता ॥

अथ णत्वप्रक्रिया ॥

८७०—रषाभ्यां नो णः समानपदे ॥ ८ । ४ । १ ॥

रेफ और षकार से पर नकार को णकारादेश हो यदि निमित्त और निमित्ती एक पदस्थ हों तो। अवगोर्णम्, अवगूर्णम्, कुष्णाति, पुष्णाति, मुष्णाति। समानपद ग्रहण से यहां न हुआ—अग्निर्नयति,

* (सदे.) इस सूत्र में काशिकाकार ने स्वञ्ज धातु को भी मिलाकर मूल सूत्र का अन्यथा पाठ "सदिस्वञ्जोः परस्य लिटि" करके व्याख्यान किया है, यह उनका व्याख्यान अनादरणीय है, क्योंकि स्वञ्ज धातु के लिये तो महाभाष्य में वार्तिक ही पढा है।

वायुर्नयति। इस सूत्र मे षकारग्रहण अगले सूत्रो के लिये है, क्योकि षकार से परे नकार को णत्वादेश ष्टुत्व से भी हो जाता है। रषाभ्यां णत्व ऋकारग्रहणम्। महाभाष्यम् ८।४।१। र और ष से परे णत्वादेश विधान मे ऋकार का भी ग्रहण करना चाहिये। मातृणाम् पितृणाम् अथवा क्षुभ्नादिगण मे जो नृनमन और तृप्नु शब्द का पाठ है उस [क] ज्ञापन से भी ऋकार से परे नकार को णत्वादेश होता है।

८७१—अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि ॥८।४।२॥

अट्, कु, पु, आङ्, नुम् इन से व्यवधान मे भी रेफ षकार से परे नकार को णकारादेश होता है। अट्—कुरुणा, गुरुणा, किरिणा, गिरिणा। कवर्ग—अर्केण, मूर्खेण। पवर्ग- दर्पेण, रेफेण, गर्भेण, कमणा, चर्मणा, वर्मणा। आङ् पर्याणद्धम्। अट्ग्रहण से भी आङ व्यवाय मे सिद्ध था, फिर आङ् ग्रहण "पदव्यवायेऽपि" इस प्रतिषेध के बाधने के लिये है। नुम—बृहणम्, बृंहणीयम्। यहां नुम्ग्रहण अनुस्वार का उपलक्षणमात्र है। इसमे उक्त 'बृहणम, बृंहणीयम्' उदाहरणो मे नुम् के अभाव म भी अनुस्वार के व्यवधान से णत्वादेश होता है। नुम् के होने भी जहा अनुस्वार नही होता वहाँ नही होता है। प्रन्वनम्, प्रन्वनीयम्।

८७२—पूर्वपदात् संज्ञायामगः ॥ ८ । ४ । ३ ॥

संज्ञा विषय मे पूर्वपदस्थ निमित्त से परे नकार को णकारादेश हो यदि पूर्वपद मे गकार न हो तो। द्रुणस, खरणसः, शूर्पणखा। संज्ञा से अन्यत्र—चर्मनासिक.। अगग्रहण से यहाँ न हुआ—ऋगयनम्।

८७३—वनं पुरगामिश्रकासिध्रकाशारिकाकोटराग्रेभ्यः ॥ ८ । ४ । ४ ॥

१. आ० ९११।

संज्ञाविषय मे पुरगा, मिश्रका, सिध्रका, शारिका, कोटरा, अग्रे इन्हीं पूर्वपदों से परे वन शब्द के नकार को णकारादेश हो, औरों से न हो। पुरगावणम्, मिश्रकावणम्, सिध्रकावणम, शारिकावणम्, कोटरावणम्, अग्रेवणम्। औरो से न हो, जैसे—कुवेरवनम्, शतधारवनम्, असिपत्रवनम।

८७४–प्रनिरन्तःशरेक्षुप्लक्षाम्रकार्ष्यखदिरपीयूक्षाभ्यो संज्ञायामपि ॥ ८ । ४ । ५ ॥

संज्ञा वा असंज्ञा विषय मे प्र, निर्, अन्तर्, शर, इक्षु, प्लक्ष, आम्र, कार्ष्य, खदिर, पीयूक्षा इनसे परे वन शब्द के नकार को णकारादेश हो। प्रवणे यष्टव्यम्, निर्वणे प्रतिधीयते, अन्तर्वणम्, शरवणम्, इक्षुवणम्, प्लक्षवणम्, आम्रवणम्, कार्ष्यवणम्, खदिरवणम, पीयूक्षावणम।

८७५—विभाषौषधि*वनस्पतिभ्यः ॥८।४।६॥

निमित्तवान् ओषधि और वनस्पति वाचक जो पूर्वपद उनसे परे वन शब्द के नकार को णकारादेश विकल्प करके हो। ओषधि—दूर्वावणम्, दूर्वावनम, मूर्वावणम्, मूर्वावनम्। वनस्पति—शिरीषवणम्, शिरीषवनम्, बदरीवणम्, बदरीवनम्। द्व्यक्षरत्र्यक्षरेभ्य इति वक्तव्यम्। महाभाष्ये ८ । ४ । ६ । दो अक्षर और तीन अक्षर वाले ओषधि और वनस्पतियों से हो औरों से न हो। [जैसे] देवदारुवनम्, भद्रदारुवनम्।

---

* उद्भिज्जाः स्थावरास्सर्वे बीजकाण्डप्ररोहिणः ।
ओषध्यः फलपाकान्ता बहुपुष्पफलोपगाः ॥ १ ॥
अपुष्पाः फलवन्तो ये ते वनस्पतयः स्मृताः ।
पुष्पिणः फलिनश्चैव वृक्षास्तूभयतः स्मृताः ॥ २ ॥
मनुस्मृति अध्याय १ । श्लोक ४७ ॥

८७६—वा०—इरिकादिभ्यः प्रतिषेधो वक्तव्यः ॥ ८ । ४ । ६ ॥

इरिकादिकों से परे नकार के णत्वादेश का प्रतिषेध कहना चाहिये । इरिकावनम्, तिमिरिकावनम् ।

८७७—अह्नोऽदन्तात् ॥ ८ । ४ । ७ ॥

निमित्तवान अदन्त जो पूर्वपद उससे परे अहन के नकार को णकारादेश हो । पूर्वाह्ण । अपराह्ण । अदन्तग्रहण से यहां न हुआ—निरह्न । अहन के ग्रहण से यहां न हुआ—दीर्घाह्नी ।

८७८—वाहनमाहितात् ॥ ८ । ४ । ८ ॥

आहितवाची निमित्तवान् पूर्वपद से परे वाहन शब्द के नकार को णकारादेश हो । यहां गाडी आदि में भर के जो वस्तु ले जाई जावे उसका ग्रहण आहित शब्द से है । इक्षुवाहणम्, शरवाहणम्, दर्भवाहणम । आहित ग्रहण से यहां न हुआ—"दाक्षिवाहनम्, गार्गिवाहनम्" यहां गमनक्रिया विविक्षित नहीं है [1] ।

८७९—पानं देशे ॥ ८ । ४ । ९ ॥

देश अभिधेय हो तो पूर्वपदस्थ निमित्त से परे पान शब्द के नकार को णकारादेश हो । पीयत इति * पानम् । जो पिया जाय वह पान कहावे । क्षीर पान येषान्ते क्षीरपाणा उशीनराः, सुरापाणाः प्राच्याः, सौवीरपाणा बाह्लिकाः, कषायपाणा गान्धाराः । इन उदा-

---

१ अर्थात् यहां दाक्षि=दक्ष के अपत्यों को गाडी में भर के ले जाना विवक्षित नहीं है । अपितु दाक्षि=दक्षापत्यों की गाडी, यह स्वस्वामिसंबन्ध विवक्षित है ।

* यहां 'कृत्यल्युटो बहुलम्' आ० इस सूत्र से कर्म में ल्युट है ।

हरणो मे मनुष्याभिधान से भी देशाभिधान की प्रतीति होती है। देशग्रहण से यहां न हुआ — दाक्षिपानम्।

८८०—वा०–भावकरणयोः ॥८।४।१०॥

पूर्वपदस्थ निमित्त से परे भाव और करण मे जो पान शब्द उसके नकार को णकारादेश हो। भाव—क्षीरपाणम्, क्षीरपानम्, कषायपानम्, कषायपाणम्। करण—क्षीरपाण, क्षीरपान कमण्डलुः।

८८१—वा०—वाप्रकरणे गिरिनद्यादीनामुपसंख्यानम् ॥

वाप्रकरण मे गिरिनद्यादिको की गणना करना चाहिये। गिरिनदी, गिरिणदी। चक्रणितम्बा, चक्रनितम्बा।

८८२—प्रातिपदिकान्तनुम् विभक्तिषु च ॥८।४।११॥

पूर्वपदस्थ निमित्त से परे प्रातिपदिकान्त नुम् और विभक्तिस्थ नकार को णकारादेश हो। प्रातिपदिकान्त—माषवापिणौ, माषवापिनौ। नुम्—माषवापाणि, माषवापानि। विभक्ति माषवापेण, माषवापेन, ब्रीहिवापेण, ब्रीहिवापेन। पूर्वपद के अधिकार से उत्तरपद का प्रातिपदिकस्थ अन्त्य जो नकार है उसको णत्वादेश विधान है। इससे यहा नहीं होता—गर्गाणा भगिनी गर्गभगिनी, दत्तभगिनी। और जब यह वाक्य हो। गर्गाणा भगा गर्गभगः, गर्गभगाऽस्या अस्तीति, गर्गभगिणी। तब (८८३) अगले सूत्र से नित्य णत्वादेश होता है। माषवापिणी, माषवापिनी। यहा भी णकार विकल्प से होता है क्योंकि "गतिकारकोपपदानां कृद्भिस्सह समासवचनं प्राक् सुबुत्पत्तेः"[1] इस परिभाषा से कृदन्त के साथ ही मे समास होने से कृत्संज्ञक प्रत्यय का नकार प्रातिपदिकान्त ही माना जाता है। इसी हेतु से सूत्र मे नुम् का ग्रहण अलग किया है क्योंकि नुम समुदाय का भक्त है अत एव प्रातिपदिकान्त नहीं होता है।

१. परि० ६६।

८८३—वा०—युवादीनां प्रतिषेधो वक्तव्यः ॥

प्रातिपदिकान्तादि नकार को णत्वविधान मे युवादिको का प्रतिषेध कहना चाहिये। आर्ययूना, क्षत्रिययूना, प्रपकानि, परिपकानि, दीर्घाह्नी शरत्।

८८४—एकाजुत्तरपदे णः ॥ ८। ४। १२ ॥

जिस मे एकाच् उत्तरपद है उस समास मे पूर्वपदस्थ निमित्त से परे प्रातिपदिकान्त नुम् और विभक्ति के नकार को णकारादेश हो। [प्रातिपदिकान्त] वृत्रहणौ, वृत्रहण। नुम्—क्षीरपाणि, सुरापाणि। विभक्ति—क्षीरपेण, सुरापेण। ण अनुवर्तमान था फिर णग्रहण पूर्व-विकल्प के बाधने के लिये है।

८८५—कुमति च ॥ ८। ४। १३ ॥

कवर्गवान् उत्तरपदवाले समास मे पूर्वपदनिमित्त से परे प्रातिपदिकान्त नुम् और विभक्तिस्थ नकार को णकारादेश हो। [प्रातिपदिकान्त] वस्त्रयुगिणौ, वस्त्रयुगिण, स्वर्गकामिणी, वृषगामिणी। नुम्—वस्त्रयुगाणि, खरयुगाणि। विभक्ति—वस्त्रयुगेण, खरयुगेण।

८८६—उपसर्गादसमासेऽपि णोपदेशस्य ॥ ८। ४। १४ ॥

समास वा असमास मे उपसर्गस्थ निमित्त से परे णोपदेश धातु के नकार को णकारादेश हो। प्रणमति, परिणमति, प्रणयनम्, प्रणायकः, परिणायक, उपसर्गग्रहण से यहा न हुआ—प्रगता नायका अस्माद्देशात् प्रनायको देश। असमासग्रहण समास की निवृत्ति के लिये है, क्योकि पूर्वपद के अधिकार से समास ही मे प्राप्ति थी। णोपदेशग्रहण से यहा न हुआ—परिनर्दति, परिनृत्यति।

८८७—हिनुमीना ॥ ८। ४। १५ ॥

उपसर्गस्थ निमित्त से परे हिनु, मीना इनके नकार को णकारादेश हो। प्रहिणोति, प्रहिणुतः, प्रमीणाति, प्रमीणीतः।

८८८—आनि लोट् ॥ ८ । ४ । १६ ॥

उपसर्गस्थ निमित्त से परे लोट् लकार के आदेश आनि शब्द के नकार को णकारादेश हो। प्रवपाणि, परिवपाणि, प्रयाणि, परियाणि। लोट् ग्रहण से यहां न हुआ—प्रवपानि मांसानि।

८८९—नेर्गदनदपतपदघुमास्यतिहन्तियातिवातिद्रातिप्सातिवपतिवहतिशाम्यतिचिनोतिदेग्धिषु च ॥ ८ । ४ । १७ ॥

गद, नद, पत, पद, घुसंज्ञक, (डुदाञ्, दाण, दो, देङ्, डुधाञ्, धेट्) मा, (माङ्, मेङ्) सो, हन्, या, वा, द्रा, प्सा, डुवप्, वह, शमु, चिञ् दिह य धातु परे हो तो उपसर्गस्थ निमित्त से परे नि के नकार को णकारादेश हो। गद—प्रणिगदति, [परिणिगदति]। नद—प्रणिनदति, परिणिनदति। पत—प्रणिपतति, परिणिपतति। पद—प्रणिपद्यते, परिणिपद्यते। घु—प्रणिददाति, प्रणिदाता, प्रणियच्छति, प्रणिद्यति, प्रणिदयते, प्रणिदधाति, प्रणिधयति। मा—प्रणिमिमीते, प्रणिमयते। सो—प्रणिष्यति, परिणिष्यति। हन्—प्रणिहन्ति, या—प्रणियाति। वा—प्रणिवाति। द्रा—प्रणिद्राति। प्सा—प्रणिप्साति। डुवप्—प्रणिवपति, परिणिवपति। वह—प्रणिवहति। शमु—प्रणिशाम्यति। चिञ्—प्रणिचिनोति। दिह—प्रणिदेग्धि। यहां (८६८) सूत्र से अड्व्यवाय का अनुवर्तन कर अट् के व्यवधान में भी नि के नकार को णकारादेश होता है—प्रण्यगदत्, प्रण्यागदात्।

८९०—शेषे विभाषा कखादावषान्त उपदेशे ॥ ८ । ४ । १८ ॥

उपदेश अवस्था में क, ख जिसके आदि में और प अन्त में न हो ऐसा पूर्वोक्तों से शेष धातु परे हो तो उपसर्गस्थ निमित्त से परे नि के नकार को णकारादेश विकल्प करके हो। प्रणिपचति, प्रनिपचति, प्रणिभिनक्ति,प्रनिभिनक्ति। अकखादिग्रहण से यहां न हुआ— प्रनिकरोति, प्रनिखादति। अषान्तग्रहण से यहां न हुआ—प्रनिपिनष्टि। उपदेशग्रहण का यह फल है कि "प्रनिचखाद, प्रनिचकार, प्रनिपेक्ष्यति" इत्यादिकों में प्रतिषेध हो। तथा विश—'प्रणिवेष्टा, प्रणिवेक्ष्यति' यहां प्रतिषेध न हो।

८९१—अनितेरन्तः ॥ ८ । ४ । १९ ॥

अन्त [अर्थात्] समीपवर्ती जो उपसर्गस्थ रेफ उस से परे अन धातु के नकार का णकारादेश हो। हे प्राण, हे पराण, प्राणिति, पराणिति। यह (९१०) सूत्र का अपवाद है। अन्तग्रहण से यहां न हुआ—पर्यनिति। यहां दो वर्णों का व्यवधान है इससे नकार को णकारादेश नहीं होता, एकवर्ण का व्यवधान तो अन धातु का जो 'अ' अवयव है उसी से प्राप्त है।

८९२—उभौ साभ्यासस्य ॥ ८ । ४ । २० ॥

उपसर्गस्थ निमित्त से परे अभ्यासयुक्त अन धातु के दोनों नकारों को णकार आदेश हो। प्राणिणिषति। प्राणिणत्। पराणिणिषति। पराणिणत्।

८९३—हन्तेरत्पूर्वस्य ॥ ८ । ४ । २१ ॥

उपसर्गस्थ निमित्त से परे हन धातु के अकार पूर्वक नकार को णकारादेश हो। प्रहण्यते, परिहण्यते, प्रहणनम्, परिहणनम्। अत्पूर्वग्रहण से यहां न हुआ—प्रघ्नन्ति, परिघ्नन्ति। तपर करण से यहां न हुआ—प्राघानि, पराघानि। ये चिण् के परे प्रयोग हैं।

८६४—वमोर्वा ॥ ८ । ४ । २२ ॥

व, म परे हो तो उपसर्गस्थ निमित्त से परे हन धातु के नकार को णकारादेश विकल्प करके हो। प्रहण्व.,प्रहन्व ,प्रहण्मः,प्रहन्मः।

८६५—अन्तरदेशे ॥ ८ । ४ । २३ ॥

देश न अभिधेय हो तो अन्तर् शब्द से परे हन धातु के अकार-पूर्वक नकार को णकारादेश हो । अन्तर्हणम् । अदेश ग्रहण से यहां न हुआ—अन्तर्हननो देशः । अत्पूर्व ग्रहण से यहां न हुआ—अन्तरघानि ।

८६६—अयनं च ॥ ८ । ४ । २४ ॥

देश न कहा जाय तो अन्तर् शब्द से परे अयन शब्द के नकार को णकारादेश हो । अन्तरयणम् । अदेशग्रहण से यहां न हुआ—अन्तरयनो देश. ।

८६७—छन्दस्यृदवग्रहात् ॥ ८ । ४ । २५ ॥

वेदविषय मे अवग्रह [संज्ञक] ऋकार जिस के अन्त मे हो उससे परे नकार को णकारादेश हो। जो विग्रह मे उच्चारण करने से निरवकाश गृहीत हो वह अवग्रह कहाता है ।नृमणाः, पितृयाणम् । नृ, पितृ ये विग्रह मे भिन्न २ भी पद हैं, तथापि यहां मकार और या के साथ ही ऋ, का उच्चारण होता है ।

८६८—नश्च धातुस्थोरुषुभ्यः ॥ ८ । ४ । २६ ॥

वेदविषय मे धातुस्थ निमित्त से तथा उरु और षु से परे नस् शब्द के नकार को णकारादेश हो । धातुस्थ—अग्ने रक्षा णः, शिक्षा णो अस्मिन् । उरु--उरु णस्कृधि । षु—अभी षु णः सखीनाम्, ऊर्ध्व ऊ षु ण ऊतये ।

८९९—उपसर्गाद्बहुलम् ॥ ८ । ४ । २७ ॥

वेदविषय में उपसर्गस्थ निमित्त से परे नस् के नकार को णकारादेश बहुल करके हो। प्रणस, प्रणो राजा। बहुलग्रहण से—"प्र नो मुञ्चतम्" यहा नही भी होता। भाषा मे होता भी है—प्रणस मुखम्।

९००—कृत्यचः ॥ ८ । ४ । २८ ॥

उपसर्गस्थ निमित्त से परे अच् जिस के पूर्व उस कृत्स्थ नकार को णकारादेश हो। अन, मान, अनीय, अनि, इनि और निष्ठादेश मे जो नकार उनको णकारादेश होता है। अन—प्रयाणम्, परियाणम्, प्रमाणम्, परिमाणम्। मान—प्रयायमाणम्, परियायमाणम्। अनीय—प्रयाणीयम्, परियाणीयम्। अनि—अपरियाणिः। इनि—प्रयायिणी, परियायणी। निष्ठादेश—प्रहीणः, परिहीण, प्रहीणवान्, परिहीणवान। अच् के ग्रहण से यहा न हुआ—प्रभुग्नः, परिभुग्नः। भुजो कौटिल्ये से निष्ठा के परे प्रयोग है।

९०१—वा०—कृत्स्थस्य णत्वे निर्विण्णस्योपसंख्यानं कर्त्तव्यम् ॥

निर्विण्णोऽहमन्न वासेन।

९०२—णेर्विभाषा ॥ ८ । ४ । २९ ॥

उपसर्गस्थ निमित्त से परे ण्यन्तधातु से विहित कृत्स्थ अच् पूर्वक जो नकार उसको णकारादेश विकल्प करके हो। प्रयापणम्, प्रयापनम्, परियापणम्, परियापनम्। विहितविशेषण से—"प्रयाप्यमाणम्" यहा यक् प्रत्यय के व्यवधान मे नकार को णत्वादेश होता है।

९०३—हलश्चेजुपधात् ॥ ८ । ४ । ३० ॥

उपसर्गस्थ निमित्त से और हलादि इजुपध धातु से परे कृत्स्थ अच्पूर्वक जो नकार उसको णकारादेश विकल्प करके हो। प्रकोपणम्, प्रकोपनम्। हल्ग्रहण से यहा न हुआ—प्रेहणम्। इजुपधग्रहण से यहा न हुआ—प्रवपणम्।

९०४—इजादेः सनुमः ॥ ८ । ४ । ३१ ॥

उपसर्गस्थनिमित्त से परे इजादि सनुम् हलन्त धातु उससे विहित जो कृत् प्रत्यय तत्स्थ अचपूर्वक नकार को णकारादेश हो। प्रेङ्खणम्, प्रेङ्गणम्, प्रोम्भणम्। इस विषय मे णकारादेश सिद्ध था फिर णत्वविधान इजादि सनुम् से नियम के लिये है। सनुम् से हो तो इजादि ही सनुम् से हो अन्य से न हो "प्रमङ्गनम्" यहां णत्व नही होता।

९०५—वा निसनिक्षनिन्दाम् ॥ ८ । ४ । ३२ ॥

उपसर्गस्थ निमित्त से निस, निक्ष और निन्द के नकार को णकारादेश विकल्प करके हो। प्रणिसनम्, प्रनिसनम्, प्रणिक्षणम्, प्रनिक्षणम्, प्रणिन्दनम, प्रनिन्दनम।

९०६—न भाभूपूकमिगमिप्यायिवेपाम् ॥ ८ । ४ । ३३ ॥

उपसर्गस्थनिमित्त से परे भा, भू, पू, कमि, गमि, प्यायि और वेप धातु के कृत्स्थ नकार को णकारादेश न हो। प्रभानम्, परिभानम्, प्रभवनम्, परिभवनम्, प्रपवनम्, परिपवनम्, प्रकमनम्, परिकमनम्, प्रगमनम्, परिगमनम्, प्रप्यायनम्, परिप्यायनम्, प्रवेपनम्, परिवेपनम्। भादिषु पूञ् ग्रहणम्। महाभाष्ये ८। ४। ३३। भादिकों मे पूञ् धातु का ग्रहण करना चाहिये। किन्तु पूङ् से नित्य णत्व होता है। प्रपवणं सोमस्य।

९०७—वा०—ण्यन्तस्य चोपसंख्यानं कर्तव्यम् ॥ ८ । ४ । ३३ ॥

प्रभापनम् । परिभापनम् ।

९०८—षात् पदान्तात् ॥ ८ । ४ । ३४ ॥

पदान्त षकार से परे नकार का णकारादेश न हो । निष्पानम्, दुष्पानम्, सर्पिष्पानम् । पग्रहण से यहां निषेध न हुआ—निर्णयः । पदान्त ग्रहण से यहां निषेध न हुआ—कुष्णाति, पुष्णाति । "पदान्तात्" यहां 'पदे अन्तः' यह सप्तमी समास इष्ट है । इससे यहां निषेध न हुआ—सुसर्पिष्केण ।

९०९—नशेः षान्तस्य ॥ ८ । ४ । ३५ ॥

षकारान्त नश को णकारादेश न हो । प्रनष्टः, परिनष्टः । षान्त-ग्रहण से यहां निषेध न हुआ—प्रणश्यति । अन्तग्रहण भूतपूर्व षान्त से भी णत्व के प्रतिषेध के लिये है । प्रनङ्क्ष्यति, परिनङ्क्ष्यति ।

९१०—पदान्तस्य ॥ ८ । ४ । ३६ ॥

पदान्त नकार को णकारादेश न हो । वृक्षान्, प्लक्षान्, रामान् ।

९११—पदव्यवायेऽपि ॥ ८ । ४ । ३७ ॥

निमित्त और निमित्ती को पदव्यवधान भी हो तो नकार को णत्वादेश न हो । माषकुम्भवापेन, प्रावनद्धम् ।

९१२—क्षुभ्नादिषु च ॥ ८ । ४ । ३८ ॥

क्षुभ्नादिक शब्दों में नकार का णकारादेश न हो । क्षुभ्नाति । अजादेश के स्थानिवद्भाव से यहां भी निषेध होता है—क्षुभ्नीतः, इत्यादि । अवहितलक्षण णत्वप्रतिषेध क्षुभ्नादिकों में देखना चाहिये ।

इति णत्वप्रक्रिया समाप्ता ॥

अजन्त धातु से यत् प्रत्यय हो। मेयम्। जेयम्। अच् ग्रहण क्यो किया? हलन्त से तो ण्यत् विधान ही करेंगे प्रथम जो अजन्त धातु है उसमे भी हो इसलिये। जैसे—लभ्यम्, पव्यम्। यहा आगामी आर्धधातुक का विषय मानकर गुण और अवादेश किये पीछे हलन्त से यत् नही प्राप्त है। दित्स्यम्, धित्स्यम्। यहा आगामी आर्धधातुक विषय मान कर अकार लोप किये पीछे हलन्त से यत् नही प्राप्त है[1]।

६२२—ईद्यति॥ ६। ४। ६५॥

यत् प्रत्यय परे हो तो आदन्त अंग को ईकारादेश हो। आदेयम्, गेयम्।

६२३-वा०-तकिशसिचतियतिजनीनामुपसंख्यानम्॥ ३। १। ९७॥

तकि—तक्यम्, शसि—शस्यम्, चति—चत्यम्, यति—यत्यम्, जनि—जन्यम्। यहा जन धातु से यत् प्रत्यय का विधान केवल स्वर के लिये है क्योकि यत् और ण्यत् मे इसका एकसा प्रयोग होता है[2]।

६२४—वा०—हनो वध च॥ ३। १। ९७॥

हन धातु से यत् प्रत्यय और हन् को वध आदेश विकल्प करके

---

१ महाभाष्यकार ने यह प्रयोजन "आर्धधातुके" (६। ४। ४७ आ० १७१) सूत्र में विषय सप्तमी मानकर दिया है, जो कि एकदेशीय है। वस्तुत वहा पर परसप्तमी पक्ष है। उस पक्ष मे अच्ग्रहण के विना भी कार्य चल सकता है।

२ ण्यत् होने पर "जनिवध्योश्च" (आ० ४०३) से वृद्धि का प्रतिषेध हो जाता है।

कहना चाहिये। वध्य। दूसरे पक्ष में—घात्य। यहां आगामी ण्यत् प्रत्यय हो जाता है।

९२५—पोरदुपधात्॥ ३। १। ९८॥

अकार जिसके उपधा में हो ऐसे पवर्गान्त धातु से यत् प्रत्यय हो। शप्यम्, लभ्यम्। पवर्गग्रहण से यहां न हुआ—पाक्यम्, वाक्यम्। अदुपधग्रहण से यहां न हुआ—कोप्यम्, गोप्यम्। तपरकरण दीर्घादिकों की निवृत्ति के लिये है—आप्यम्।

९२६—शकिसहोश्च॥ ३। १। ९९॥

शक्लृ और सह धातु से यत् प्रत्यय हो। शक्यम्, सह्यम्।

९२७—गदमदचरयमश्चानुपसर्गे। ३।१।१००॥

उपसर्ग पूर्व न हो तो गद, मद, चर और यम् धातु से यत् प्रत्यय हो। गद्यम्, मद्यम्, चर्यम्, यम्यम्। अनुपसर्गग्रहण से यहां न हुआ—प्रगाद्यम्, प्रमाद्यम्। इस सूत्र में यम धातु का ग्रहण केवल अनुपसर्ग के लिये है क्योंकि यम् धातु से यत् प्रत्यय (९२५) सूत्र से सिद्ध है। प्रयाम्यम्। यहां यत् न हुआ, वक्ष्यमाण ण्यत् प्रत्यय होगया।

९२८—वा०—अनुपसर्गाच्चरेराङि चागुरौ॥ ३। १। १००॥

अनुपसर्ग चर धातु से यत् के विधान में गुरु अभिधेय न हो तो आङ्पूर्वक चर धातु से यत् प्रत्यय का विधान करना चाहिये। आचरितुं योग्य आचर्यो देश। अगुरुग्रहण से यहां न हुआ—आचार्य उपनयमान[1]।

९२९—अवद्यपण्यवर्या गर्ह्यपणितव्यानिरोधेषु॥ ३। १। १०१॥

[1] अथर्व ११। ५। ३॥

अथ कृदन्ते† कृत्यप्रक्रिया ॥

६१३—वासरूपोऽस्त्रियाम् ॥ ३ । १ । ६४ ॥

धात्वधिकार मे स्त्री अधिकार के प्रत्ययो को छोडकर असरूप = असमानरूप अपवाद प्रत्यय उत्सर्ग का बाधक विकल्प करके हो ।

६१४—कृत्याः ॥ ३ । १ । ६५ ॥

ण्वुल्प्रत्यय से पूर्व जो २ प्रत्यय अब आगे कहे, वे सब कृत्य संज्ञक हो । धात्वविकार मे धातु से जिन २ प्रत्ययो का विधान होता है, वे प्रथम (३) सूत्र से कृत् सञ्ज्ञक होते हैं फिर उन की कृत्य संज्ञा भी होती है ।

६१५—कर्तरि कृत् ॥ ३ । ४ । ६७ ॥

कृत् संज्ञक प्रत्यय कर्ता मे हो । इससे [सब] कृत् संज्ञक प्रत्यय कर्ता मे प्राप्त हुए इस व्यवस्था मे—

६१६—तयोरेव कृत्यक्तखलर्थाः ॥३।४।७०॥

कृत्यसञ्ज्ञक क्त और खलर्थ प्रत्यय भाव और कर्म ही मे हों । इससे कृत्य सञ्ज्ञक प्रत्ययो का भावकर्म मे सामान्य नियम है । (७९१, ७९६, ७९७) सूत्रो से प्रैष, अतिसर्ग, प्राप्तकाल, अर्ह और शक्ति अर्थ मे भी कृत्य प्रत्ययो का विधान है । इस विषय के उदाहरण भी उन्हीं सूत्रो पर दे चुके है वैसे यहां और भी उदाहरण समझने चाहियें ।

---

† कृदन्त प्रकरण अर्थात् तृतीयाध्याय ऋषि दयानन्द कृत अष्टाध्यायी भाष्य मे हमने अनेक उपयोगी टिप्पणिया लिखी हैं । उनका यहा पुन लिखना पिष्टपेषणवत् होगा । अतः इस प्रकरण के साथ २ अष्टाध्यायी-भाष्य का अवलोकन भी अवश्य करना चाहिये ।

६१७—तव्यत्तव्यानीयरः ॥ ३ । १ । ६६ ॥

धातु से तव्यत्, तव्य और अनीयर् प्रत्यय हो। तकार और रेफ स्वर के लिये हैं। भाव मे उत्सर्गमात्र एक वचन और नपुंसक लिङ्ग होता है। एधितव्यम्, एधनीयमनेन, कथितव्यः, कथनीयो वा त्वया धर्म। कथितुं योग्य. शक्यो वा इत्यादि।

६१८—वा०—केलिमर उपसंख्यानम् ॥ ३।१।६६॥

पचेलिमाः=पक्तव्या माषाः, भिदेलिमा.=भेत्तव्याः सरलाः। यह कर्म मे प्रत्यय है।

६१९—वा०—वसेस्तव्यत् कर्तरि णिच्च ।३।१।६६॥

वस धातु से कर्ता मे तव्यत् प्रत्यय और वह णित् संज्ञक भी हो, यह कहना चाहिये। वसतीति वास्तव्यः।

६२०—कृत्यल्युटो बहुलम ॥ ३ । ३ । ११३ ॥

कृत्य सञ्ज्ञक और ल्युट् प्रत्यय बहुल करके हो। अर्थात् जहां २ कहे है वहां से अन्यत्र भी हो। जैसे कृत्यसंज्ञक प्रत्यय भावकर्म से अन्यत्र—स्नात्यननेति स्नानीय चूर्णम्, दीयतेऽस्मै दानीयो विप्रः। ल्युट् प्रत्यय करण, अधिकरण और भाव मे कहेगे, उससे अन्यत्र जैसे—आच्छाद्यते आच्छादन वास., प्रस्कन्दनम्, प्रतपनम्। बहुलग्रहण से और भी कृत् यथाविधान से अन्यत्र भी होते हैं, जैसे—पादाभ्या ह्रियते—पादहारक, गले चाप्यते—गलेचोपक।

६२१—अचो यत् ॥ ३ । १ । ९७ ॥

* (केलिमर्) इस प्रत्यय को वृत्तिकारादिक कोई कर्मकर्ता मे मानत हैं, सो महाभाष्य से विरुद्ध है क्योंकि महाभाष्यकार ने तो उक्त प्रत्यय को कर्म ही में दिखलाया है।

६३७—वा०—हनस्तश्चित् स्त्रियां छन्दसि ॥ ३ । १ । १०८ ॥

वेदविषयक प्रयोग मे 'हनस्त च इससे हन् धातु से विहित क्यप् प्रत्यय स्त्रीलिंग मे चित् हो। तां भ्रूणहत्या निगृह्यानुचरणम्, अस्यै त्वा भ्रूणहत्यायै चतुर्थं प्रतिगृह्यते । स्त्रीलिंग ग्रहण से यहा चित् नहीं होता है—आघ्नते दस्युहत्याय । छन्दोग्रहण से यहां चित्त्व धर्म नही होता—श्वहत्या, दस्युहत्या वर्तते ❋ ।

६३८—एतिस्तुशास्वृदृजुषः क्यप् ॥३।१।१०९॥

इण्, स्तु, शास्, वृ, दृ, जुष् धातुओं से क्यप प्रत्यय हो । इत्यः, स्तुत्य, शिष्य. । यहा (३७१) सूत्र से इत् हो जाता है । वृत्यः, आदृत्यः,जुष्यः। क्यप् प्रत्यय वर्तमान था, फिर क्यप् के ग्रहण का यह प्रयोजन है कि "अवश्य स्तुत्य" यहा आवश्यक अर्थ मे वक्ष्यमाण जो ण्यत् प्राप्त है वह न हो । क्यविधौ वृञ्ग्रहणम् । महाभाष्ये ८।४।१०९ । क्यब्विधि मे वृञ् का ग्रहण है इससे यहां न हुआ—वार्य्या ऋत्विज । "प्रशस्यस्य श्रः[1]" इस सूत्र मे जो प्रशस्य शब्द का ग्रहण है इस ज्ञापन से शंसु धातु से भी क्यप् प्रत्यय होता है क्योंकि प्र उपसर्गपूर्वक शंसु धातु का क्यप् के परे प्रशस्य यह सिद्ध होता है ।

६३९—वा० —अञ्जेश्चोपसङ्ख्यानं संज्ञायाम् ॥ ३ । १ । १०९ ॥

❋ महाभाष्यकार के "श्वहत्या दस्युहत्या" इन्हीं प्रयोगो से स्पष्ट है कि हन् धातु से यह क्यप् प्रत्यय लोक में नियम से स्त्रीलिंग में होता है।

1 छे० ७८३ ॥

संज्ञा गम्यमान हो तो अञ्जू धातु से क्यप् प्रत्यय का उपसंख्यान करना चाहिये। आनक्त्यनेनेति—आज्यं घृतम्। यहां करण में क्यप् है। यह क्यप् आङ्-पूर्वक ही से होता है। आङ्पूर्वस्य प्रयोगो भविष्यति। महाभाष्ये ३। १। १०९।

६४०—ऋदुपधाचाक्लृपिचृतेः ॥३।१।११०॥

क्लृपि और चृति धातुओं को छोडकर ऋकारोपध धातु से क्यप् प्रत्यय होता है। वृत्यम्, वृध्यम्। अक्लृपिचृतिग्रहण से यहां न हुआ—कल्प्यम्, चर्त्यम्। तपर करण से यहां न हुआ—कीर्त्यम्। यहां ण्यत होता है। यह कृत संशब्दन का प्रयोग है।

६४१—ई च खनः ॥ ३। १। १११ ॥

खन धातु से क्यप् प्रत्यय और खन को ईकारादेश हो। खेयम्। यहां ह्रस्व इकार भी आदेश महाभाष्यकार को इष्ट है क्योंकि (सन्धि १३३) सूत्र से ह्रस्व वा दीर्घ दोनों के परे पूर्वपर के स्थान में गुण एकारादेश हो जाता है ※।

६४२—भृञोऽसंज्ञायाम् ॥ ३। १। ११२ ॥

असंज्ञाविषय में भृञ् धातु से क्यप् प्रत्यय हो। भृत्याः कर्मकराः। असंज्ञाग्रहण से यहां न हुआ—भार्या नाम क्षत्रिया, भार्या

※ यहां काशिकाकार ने इकार दूसरा प्रश्लेष मानकर 'ये विभाषा' इससे आत्व की व्यावृत्ति की है यह उनका व्याख्यान आहोपुरुषिकामात्र है, क्योंकि क्यप सन्नियोग में विधीयमान इत्व अन्तरङ्ग और यकारादि प्रत्यय के परे विधीयमान आत्व बहिरङ्ग है इससे "असिद्धं बहिरङ्गमन्तरङ्गे" इसी से आत्व की व्यावृत्ति हो जायगी फिर प्रश्लेष इकार क्यों माना जाय? इसीलिये महाभाष्यकार की व्याख्या से विरुद्ध है।

१ पारि० ४३।

गर्ह्य=निन्द्य, पणितव्य=व्यवहार के योग्य, अनिरोध=न रोकना इन अर्थों मे क्रम से अवद्य, पण्य, वर्या ये निपातन है। अवद्य पापम्। गर्ह्य से अन्यत्र—अनुद्यं मनोदुःखम्। वद धातु से क्यप् और यत् प्रत्यय का विधान करेंगे,[1] उनमे यत के परे वद्य, उसी से नञ् समास मे अवद्य सिद्ध होगा, वह गर्ह्य अर्थ मे निपातन है। अन्यत्र क्यप् प्रत्ययान्त रहेगा जिससे नञ मे अनुद्य होता है। पण्य वस्त्रम्, पण्य. कम्बल, पण्या गौ। अर्थात ये बेचने योग्य पदार्थ है। यहा धातु से यत् प्रत्यय है। शतन वर्या। यहा वृङ् धातु से य है। अन्यत्र—वृत्या। स्त्रीलिंग निर्देश से यहा न हुआ—वार्या ऋत्विजः।

९३०—वह्यं करणम् ॥ ३ । १ । १०२ ॥

वह धातु से करणकारक मे यत् प्रत्यय निपातन है। वहत्यनेनेति वह्यं शकटम्। करण ग्रहण से अन्यत्र—'वाह्यम्' होता है।

९३१—अर्यः स्वामिवैश्ययोः ॥ ३ । १ । १०३ ॥

स्वामी और वैश्य अभिधेय हो तो ऋ धातु से यत् प्रत्यय निपातन है। अर्य.=स्वामी वैश्यो वा। स्वामिन्यन्तोदात्तत्वं च। महाभाष्ये। ३। १। १०३। स्वामी अभिधेय हो तो 'अर्य' शब्द को अन्तोदात्तत्व भी निपातन है।

९३२—उपसर्या काल्या प्रजने ॥३।१।१०४॥

प्रजन=प्रथम गर्भग्रहण मे जो काल्या=समय को प्राप्त हुई वह अभिधेय हो तो उपसर्या यह निपातन हो। उपसर्या गौः, उपसर्या स्त्री। यहा उपपूर्व सृ धातु से यत् प्रत्यय निपातन किया है। काल्या प्रजन ग्रहण से यहा न हुआ—उपसार्या वसन्ते वाटिका।

---

१. आ० ९३४।

९३३—अजर्यं सङ्गतम् ॥ ३ । १ । १०५ ॥

संगत विशेष्य हो तो नञ् पूर्वक जृष् धातु से कर्ता मे यत् प्रत्यय निपातन हो । न जीर्यति अजर्यम्, अजर्यमार्यसगतम् । सगतग्रहण से यहा न हुआ—अजरिता कम्बलः ।

९३४—वदः सुपि क्यप् च ॥ ३ । १ । १०६ ॥

अनुपसर्ग[1] सुबन्त उपपद हो तो वद धातु से क्यप् और यत् प्रत्यय हो । ब्रह्मोद्यम्[2], ब्रह्मवद्यम् । वेद का कथन है । सत्योद्यम्, सत्य-वद्यम् । सुप् के ग्रहण से यहा न हुआ—वाद्यम् । अनुपसर्ग ग्रहण से यहां न हुआ—प्रवाद्यम् ।

९३५—भुवो भावे ॥ ३ । १ । १०७ ॥

अनुपसर्ग सुबन्त उपपद हो तो भू धातु से भाव में क्यप् प्रत्यय हो । ब्रह्मणो भावो ब्रह्मभूयम्, देवभूयं गत. । भाव ग्रहण अगले सूत्रो के लिये है । क्योकि सत्तार्थक भू धातु के अकर्मक हाने से भाव मे क्यप् सिद्ध है । सुप् के ग्रहण से यहां न हुआ—भव्यम् । अनुप-सर्ग ग्रहण से यहां न हुआ—प्रभव्यम ।

९३६—हनस्त च ॥ ३ । १ । १०८ ॥

अनुपसर्ग सुबन्त उपपद हो तो हन् धातु से भाव मे क्यप् प्रत्यय और हन् को तकार अन्तादेश हो । ब्रह्मणो हननं ब्रह्महत्या, गोहत्या, श्वहत्या वर्तते । सुप् के ग्रहण से यहा न हुआ—घात । अनुपसर्ग ग्रहण से यहां न हुआ -प्रघातो वर्तते । भाव ग्रहण से यहा न हुआ—श्वघात्यो वृषल ।

---

१ आ० ९२७ से अनुपसर्ग की अनुवृत्ति है ।

२ निर्गुण ब्रह्म के निरूपण को ब्रह्मोद्य कहते हैं । द्र०—ब्रह्मोद्यं वदन्ति प्रजापतेरगुणाख्यानम् । का० श्रौ० १२, ४, १९, २० ॥ ब्रह्मोद्य-माऽवयामहे । शत० ११ । ६ । २ । ५ ॥

नद अभिधेय हो तो भिद्य, उद्ध्य ये क्यप् प्रत्ययान्त निपातन हैं। भिनत्ति कूलमिति भिद्यः[1], उज्झत्युदकमिति उद्ध्यः[1]। यहां 'उज्झ त्यागे' धातु को धत्व भी निपातन है। नद से अन्यत्र—भेत्ता, उज्झिता।

६४७—पुष्यसिद्ध्यौ नक्षत्रे॥ ३। १। ११६॥

नक्षत्र अभिधेय हो तो पुष्य, सिद्ध्य ये निपातन हैं। पुष्यन्त्यस्मिन् कार्याणीति पुष्यः, सिद्ध्यन्त्यस्मिन्नर्था इति सिद्ध्य। अन्यत्र—पोषणम्, सेधनम्।

६४८—विपूयविनीयजित्या मुञ्जकल्कहलिषु॥ ३। १। ११७॥

मुञ्ज, कल्क, हलि इन अर्थों मे विपूय, विनीय, जित्य ये शब्द यथासङ्ख्य निपातन हैं। विपू, विनी तथा जि मे यत् प्रत्यय की प्राप्ति मे क्यप प्रत्यय निपातन किया है। विपूय मुञ्जः। रज्वादि कर्म के लिये शोधने योग्य है। अन्यत्र—विपाव्यम्। विनेतु योग्यो विनीयः कल्कः। विनेयमन्यत्। जित्यः हलि। जेयमन्यत्।

६४९—प्रत्यपिभ्यां ग्रहेः॥ ३। १। ११८॥

प्रति और अपि से परे ग्रह धातु से क्यप् प्रत्यय हो। प्रत्यपिभ्यां ग्रहेश्छन्दसि। महाभाष्ये ३। १। ११८॥ मत्तस्य [न] प्रतिगृह्यम्[2], अनृत हि मत्तो वदति, तस्मान्नापि गृह्यम्[3]। लोक मे—प्रतिग्राह्यम्, अपिग्राह्यम्।

---

१ आजकल इनके नाम क्रमश "भिद्" और 'उज्झ" हैं ये दोनो रावी की सहायक नदियां है पठानकोट से पश्चिम की ओर जम्मू जाने वाले मार्ग में पडती हैं।

२ तै० ब्रा० १। ३। २। ७॥ ३ का० स० १४। ५॥

६५०—पदास्वैरिबाह्यापक्ष्येषु च ॥३।१।११९॥

पद अस्वैरिन् बाह्या और पक्ष्य अर्थ मे ग्रह धातु से क्यप् प्रत्यय हो। पदप्रगृह्य पदम्। जिसकी प्रगृह्य सज्ञा करत है। अवगृह्यं पदम्। जिसका अवग्रह करत है। अस्वैरी = परतत्र—गृह्यका' पक्षिणः। गृहीत है। बाह्या—ग्रामगृह्याः वाप्य'। ग्राम से बाहर बावडी है। नगरगृह्या सेना। नगर से बाहर सेना है यह प्रतीति होती है। स्त्रीलिङ्ग निर्देश से यहा न हुआ—ग्रामग्राह्याः पादपा। पक्ष्य—पक्ष मे जो हो वह "पक्ष्य" कहावे। आर्यैर्गृहीतुंयोग्य आर्यगृह्य पक्ष्य., अर्जुनगृह्या, वासुदेव गृह्याः।

६५१—विभाषा कृवृषोः ॥ ३ । १ । १२० ॥

कृञ् और वृष धातु से क्यप् प्रत्यय विकल्प करके हो। कृत्यम्, कार्यम्, वृष्यम्, वर्ष्यम्।

६५२—युग्यं च पत्रे ॥ ३ । १ । १२१॥

पत्र = वाहन अभिधेय हो तो युग्य यह निपातन है। युग्योऽश्वः, युग्यो गौः। यहां युज् धातु से क्यप् और धातु को कुत्वादेश निपातन है। पत्रग्रहण से यहा न हुआ—योग्यम्।

६५३—अमावस्यदन्यतरस्याम् ॥३।१।१२२॥

अमावस्यत् यह विकल्प करके निपातन है अर्थात् अमापूर्वक वस धातु से ण्यत् प्रत्यय के परे विकल्प करके वृद्धि का अभाव निपातन है अमा शब्द सहार्थ मे वर्तमान है। सहवसतोऽस्या सूर्याचन्द्रमसाविति अमावस्या, अमावास्या।

६५४—छन्दसिनि ष्टक्र्यदेवहूयप्रणीयोन्नीयोच्छिष्यमर्यस्तर्याध्वर्यखन्यखान्यदेवय-

गृहिणी। यहा तो ण्यत् होता है। "असंज्ञायाम्" इस प्रतिषेध से भार्या शब्द ण्यत् प्रत्ययान्त सञ्ज्ञाविषय मे होता है उसके लिये कहते हैं—

का०—संज्ञायां पुंसि दृष्टत्वान्न ते भार्या प्रसिध्यति ॥
स्त्रियां भावाधिकारोऽस्ति तेन भार्या प्रसिध्यति ।१।
अथवा बहुलं कृत्याः सञ्ज्ञायामिति तत् स्मृतम् ॥
यथा यत्यं यथा जन्यं यथा भित्तिस्तथैव सा ॥२॥

प्र०—पुलिंग विषयक सञ्ज्ञा मे ण्यत् प्रत्यय क देखने से तुम्हारा भार्या शब्द नही सिद्ध होता है। उ०—स्त्रीलिंग विषयक "सञ्ज्ञाया समज०" इस सूत्र मे भाव का अधिकार है, उससे भार्या शब्द प्रसिद्ध होता है अर्थात् भाव का अधिकार मानकर स्त्रीलिंग मे भाव-विषयक क्यप् प्रत्ययान्त भृत्या होगा तथा [कर्म मे] ण्यत् प्रत्ययान्त भार्या हो जायगा ॥ १ ॥ अथवा जो उक्त सूत्र मे भावाधिकार न मानें तो कृत्य और ल्युट् बहुल करके होते है ऐसे ही सञ्ज्ञा मे क्यप् भी नही होगा। जैसे य य, जैसे जन्य और जैसे भित्ति शब्द है वैसे ही यह भार्या शब्द भी सिद्ध हो जायगा ❀।

६४३—मृजेर्विभाषा ॥ ३ । १ । ११३ ॥

मृज धातु से विकल्प करके क्यप् प्रत्यय हो। मृज्यः, [मृज+ण्यत्]।

❀ अजन्त से विहित यत् प्रत्यय [जैसे] यत जन धातुओं से होता और स्त्री अधिकार मे भिद् धातु से अङ् विहित है तथापि बहुल भाव से क्तिन् भी होता है, वैस ही बहुल भाव मे ण्यत् प्रत्ययान्त भार्या शब्द हो जायगा ।

६४४—चजोः कु घिण्यतोः ॥ ७ । ३ । ५२ ॥

घित् और ण्यत् प्रत्यय परे हो तो चकार और जकार को कुत्व हो। मार्ग्य । यहां वक्ष्यमाण ण्यत् प्रत्यय होता और (३५५) से वृद्धि हो गई।

६४५—राजसूयसूर्यमृषोद्यरुच्यकुप्यकृष्टपच्याव्यथ्याः ॥ ३ । १ । ११४ ॥

राजसूय, सूर्य, मृषोद्य, रुच्य, कुप्य, कृष्टपच्य, अव्यथ्य ये क्यप् प्रत्ययान्त निपातन हैं। अभिषवद्वारा राज्ञा सोतव्यो राजानस्सूयन्तेऽस्मिन्निति वा राजसूयो यज्ञः। यहां राजन् शब्दपूर्वक 'षुञ् अभिषवे' धातु से क्यप् प्रत्यय और निपात से दीर्घादेश होता है। सरत्याकाशमार्गेण गच्छति वा सुवति लोकं कर्मणि प्रेरयतीति सूर्यः। यहा 'सृ गतौ' वा 'षू प्रेरणे' धातु से क्यप् प्रत्यय और सृ को ऊकार आदेश वा षू [से परे प्रत्यय] को रुडागम निपातन है। मृषा उद्यत इति मृषोद्यम्। यहा मृषोपपद वद धातु से (५३४) सूत्र से क्यप् और यत् की प्राप्ति मे क्यव् विहित है। रोचतेऽसौ रुच्यः। यहा रुच धातु से कर्ता मे क्यप् है। गुप्यते यत्तत् कुप्यम्। यहा सज्ञा मे गुप धातु को कत्व निपातन है। गोप्यते यत्तत् कुप्यम्। सुवर्ण और रजत से भिन्न धन की सज्ञा है। अन्यत्र—"गोप्यम्" होगा। कृष्टे स्वयमेव पच्यन्त इति कृष्टपच्याः। यहा कर्मकर्ता मे पच से क्यप् प्रत्यय है। यो हि कृष्टे पक्तव्य सः कृष्टपाक्यो भवति। न व्यथत इति अव्यथ्यः।

सूर्यरुच्याव्यथ्याः कर्त्तरि। कुप्यं सज्ञायाम्। कृष्टपच्यस्यान्तोदात्तत्वं च कम कर्त्तरि च ॥ महाभाष्ये । ३ । १ । ११४ ॥

६४६—भिद्योद्ध्यौ नदे ॥ ३ । १ । ११५ ॥

६६१—वञ्चेर्गतौ ॥ ७ । ३ । ६३ ॥

गति अर्थ मे वर्तमान वञ्च धातु को कवर्गादेश न हो । वञ्चितुं गन्तुं योग्य वञ्च्यम् । गतिग्रहण से यहां न हुआ—वङ्क्यं काष्ठम् । काष्ठ टेढ़ा है ।

६६२—ण्य आवश्यके ॥ ७ । ३ । ६५ ॥

आवश्यक अर्थ मे ण्य प्रत्यय परे हो तो कवर्गादेश न हो । अवश्यपाच्यम्, अवश्यवाच्यम् । आवश्यक से अन्यत्र—पाक्यम, वाक्यम ।

६६३—यजयाचरुचप्रवचर्चश्च ॥७।३।६६॥

ण्य प्रत्यय परे हो तो यज, याच, रुच, प्रवच, ऋच इन धातुओं को कुत्वादेश न हो । याज्यम्, याच्यम, रोच्यम्, प्रवाच्यम् । यह पाठ विशेष का नाम है । अर्च्यम् । यद्यपि ऋदुपधत्व मानकर ऋच धातु से क्यप् प्रत्यय प्राप्त है, तथापि ण्य के परे जो इस को कुत्व का निषेध किया है इस ज्ञापन से ण्यत् प्रत्यय इस से होगा ।

६६४—वा०-ण्यप्रतिषेधे त्यजेरुपसंख्यानम् ॥ ७ । ३ । ६६ ॥

ण्य के परे कुत्व प्रतिषेध मे त्यज धातु का भी उपसंख्यान करना चाहिये । त्यक्तु योग्य त्याज्यम् ।

६६५—भोज्य भक्ष्ये ॥ ७ । ३ । ६६ ॥

भक्ष्य अर्थ मे भोज्य यह निपातन हो । भोज्यमभ्यवहार्यमितिवक्तव्यम । महाभाष्ये ७ । ३ । ६९ ।। अभ्यवहार्यमात्र अर्थ हो तो भोज्य यह निपातन हो । भोज्य सूपः, भोज्या यवागू । अभ्यवहार से अन्यत्र—भोग्य कम्बल. ।

९६६—ओरावश्यके ॥ ३ । १ । १२५ ॥

आवश्यक अर्थ द्योत्य हो तो उवर्णान्त धातु से ण्यत् प्रत्यय हो। लाव्यम्, पाव्यम्। आवश्यक से अन्यत्र—लव्यम्, पव्यम्।

९६७—आसुयुवपिरपिलपित्रपिचमश्च ॥ ३ । १ । १२६ ॥

आङ्पूर्वक षुञ्, यु, डुवप्, रप्, लप्, त्रप् और चम् धातु से ण्यत् प्रत्यय हो। यह यत् प्रत्यय का अपवाद है। आसाव्यम्, याव्यम्, वाप्यम्, राप्यम्, लाप्यम्, त्राप्यम्, आचाम्यम्।

९६८-वा०—लपिदभिभ्यां * चेति वक्तव्यम्॥ ३ । १ । १२६ ॥

लप और दभ धातु से भी ण्यत् प्रत्यय कहने योग्य है। अपलाप्यम्, अपदाभ्यम्।

९६९—आनाय्योऽनित्ये ॥ ३ । १ । १२७ ॥

अनित्य अर्थ अभिधेय हो तो आङ्पूर्वक णीञ् धातु से आनाय्य यह निपातन है।

"आनाय्यो नित्य इति चेद्दक्षिणाग्नौ कृतं भवेत्। एकयोनौ तु तं विद्यादानेयो ह्यन्यथा भवेत्।" महाभाष्ये ३ । १ । १२७। आनाय्यो दक्षिणाग्निः। यहां ण्यत् प्रत्यय और आयादेश निपातन है। जो गार्हपत्य अग्नि से लिया जाता और आहवनीय अग्नि के साथ एक योनि को प्राप्त है, उस विशेषदक्षिणाग्नि में यह शब्द रूढ़ि है, और जो वैश्य कुल से लिया जाता है उस में आनेय होगा।

---

* दभ धातु धातुपाठ में अपठित है तथापि वार्त्तिकबल से स्वीकार करना चाहिये।

ज्यापृच्छ्यप्रतिषीव्यब्रह्मवाद्यभाव्यस्ताव्योपचाय्यपृडानि ॥ ३ । १ । १२३ ॥

निष्टर्क्य, देवहूय, प्रणीय, उन्नीय, उच्छिष्य मर्य, स्तर्या, ध्वर्य, खन्य, खान्य, देवयज्या, आपृच्छ्य, प्रतिषीव्य, ब्रह्मवाद्य, भाव्य, स्ताव्य और उपचाय्यपृड ये निपातन है । निष्टर्क्ये चिन्वीत पशुकामः । यहा निस् पूर्वक कृती धातु से ण्यत् प्रत्यय, धातु का आद्यन्त विपर्यय और निस् के स् को ष् आदेश निपातन है । स्पर्धन्ते वा उ देवहूये । यहा देवपूर्वक ह्वेञ् वा हु धातु से क्यप प्रत्यय [ह्वेञ् को सम्प्रसारण (२८३)] धातु के उकार को दीर्घ और तुक का अभाव निपातन है । प्रणीयः, उन्नीयः । प्र और उद् इन से परे नी धातु से क्यप् । उच्छिष्यः । उत्पूर्वक शिष से क्यप् । मर्य—मृङ् से यत् । स्तर्या—स्तृञ् से यत् और स्त्रीलिङ्ग [1] मे निपातन है । ध्वर्य—ध्वृ से यत् । खन्यः, खान्यः—खन से यत् और ण्यत् । शुन्धध्वं दैव्याय कर्मणे देवयज्यायै । देवपूर्वक यज धातु से यत् प्रत्यय और स्त्रीलिङ्ग मे निपातन है । आपृच्छ्य धरुणं वाज्यर्षति । आङ्पूर्वक प्रच्छ धातु से क्यप् । प्रतिषीव्य—प्रतिपूर्वक सीव्यति से क्यप् और षत्व निपातन है । ब्रह्मवाद्यम्—ब्रह्मन् उपपद वद धातु से ण्यत् । भाव्य, स्ताव्य—भू और ष्टुञ् से ण्यत् । उपचाय्यपृडम्—यहां उपपूर्वक चिञ् धातु से पृड उत्तरपद के परे ण्यत् प्रत्यय और आयादेश निपातन है ।

९५५—वा०—हिरण्य इति च महाभाष्ये ॥ ३ । १ । १२३ ॥

हिरण्य अर्थ मे "उपचाय्यपृड" हो । हिरण्य से अन्यत्र—"उपचेयपृडम्" होगा ।

---

१ यहा स्त्रीलिङ्ग निपातन अतन्त्र=गौण है । क्योंकि इसका पुंलिङ्ग मे भी प्रयोग देखा जाता है । यथा—स्तर्याभूत्वा स्तर्यान् सपत्नान् । शत० २ । २ । २ । १० ॥

"निष्टक्र्य व्यत्ययं विद्यान्निसः षत्वं निपातनात् । ण्यदा-यादेश इत्येतावुपचाय्ये निपातितौ ॥ १ ॥ ण्यदेकस्माच्चतुर्भ्यः क्यप् चतुर्भ्यश्च यतो विधिः । ण्यदेकस्माद्यशब्दश्च द्वौ क्यपौ ण्यद्विधिश्चतुः" ॥ २ ॥ महाभाष्ये । ३ । १ । १२३ ।

इन कारिकाओं का अर्थ निष्टर्क्यादि प्रयोगों की व्याख्या में आगया है ।

९५६—ऋहलोर्ण्यत् ॥ ३ । १ । १२४ ॥

ऋवर्णान्त और हलन्तों से ण्यत् प्रत्यय हो । धार्यम्, हार्यम्, वाक्यम्, पाक्यम् ।

९५७—वा० —पाणौ सृजेर्ण्यद्विधिः ॥३।१।१२४॥

पाणि शब्द उपपद हो तो सृज धातु से ण्यत् प्रत्यय का विधान करना योग्य है । पाणिभ्यां सृज्यत इति पाणिसर्ग्या रज्जुः । यहां (९४३) से कुत्व हो गया ।

९५८—वा०—समवपूर्वाच्च ॥ ३ । १ । १२४ ॥

सम् अव पूर्व भी सृज धातु से ण्यत् प्रत्यय विधान करने योग्य है । समवसर्ग्या रज्जुः ।

९५९—न क्वादेः ॥ ७ । ३ । ५९ ॥

कवर्ग जिसके आदि में हो उस धातु के चकार और जकार को कुत्व न हो । कूज्यमनेन, खर्ज्यम्, गर्ज्यम्, कूजः, खर्जः, गर्जः ।

९६०—अजिव्रज्योश्च ॥ ७ । ३ । ६० ॥

अज और व्रज धातु को कुत्व न हो । परिव्राज्यम्, परिव्राजः, समाजः, उदाजः । यहां घञ् प्रत्यय है । ण्यत् प्रत्यय की विवक्षा में (१५५) सूत्र से वीभाव होने से अज धातु का ण्यत् प्रत्ययान्त प्रयोग नहीं होता ।

९७०—प्रणाय्योऽसंमतौ ॥ ३ । १ । १२८ ॥

असंमति अभिधेय हो तो प्रणाय्य यह निपातन हो । संमति (प्रीति का विषय और भोग मे आदर बुद्धि) जिसमे न हो वह असमति कहावे। प्रणाय्यश्चोर , प्रणाय्याऽप्रिय., प्रणाय्योऽन्तेवासी। यह विरक्त है अर्थात् भोगो मे इच्छा नही रखता है ।

९७१—पाय्यसान्नाय्यनिकाय्यधाय्या मानहविनिवाससामिधेनीषु ॥ ३ । १ । १२९ ॥

मान, हविष्, निवास, सामिधेनी ये अभिधेय हो तो यथाक्रम से पाय्य, सान्नाय्य, निकाय्य, धाय्या ये निपातन है । मीयतेऽनेनेति पाय्य मानम् । यहा ण्यत् प्रत्यय, धातु के आदि म को प आदेश होता है । अन्यत्र—मेयम् । सम्यङ्नीयते होमार्थमग्निं प्रतीति सान्नाय्यम् हवि. । ण्यत् , आयादेश और सम् के अकार को दीर्घ निपातन होता है । अन्यत्र—सन्नेयऽम् । निचीयते धान्यादिकमत्रेति निकाय्यः निवास. । आय् और धातु के आदि को कुत्व निपातन है । अन्यत्र—[नि] चेयम् । धीयतेऽनया समिदिति धाय्या सामिधेनी ऋक् । ण्यत् प्रत्यय निपातन है । धाय्या शब्द ऋग्विशेष का वाचक है । [अतः] धाय्या शसत्यग्निर्नेता त्वं सोमक्रतुभिः [इत्यादि असामधेनियो मे भी व्यवहृत होता है] ।

९७२—क्रतौ कुण्डपाय्यसञ्चाय्यौ ॥३।१।१३०॥

क्रतु अभिधेय हो तो कुण्डपाय्य और संचाय्य निपातन हैं। कुण्डेन पीयतेऽस्मिन् सोम इति कुण्डपाय्यः क्रतुः । यहां तृतीयान्त कुण्डशब्द पूर्वक पिबति से यत् प्रत्यय और युगागम निपातन है। [संचाय्यः । यहा सम् पूर्वक चिनोति से ण्यत् और आयादेश का निपातन है ।] क्रतुग्रहण से यहा न हुआ—कुण्डपानम् । तथा सञ्चेय ।

६७३—अग्नौ परिचाय्योपचाय्यसमूह्याः ॥ ३ । १ । १३१ ॥

अग्नि अभिधेय हो तो परिचाय्य, उपचाय्य और समूह्य ये निपातन हो। परिचेतु योग्यः परिचाय्यः, उपचाय्यः। परि उप पूर्वक चिञ् धातु से ण्यन् और आयादेश निपातन है। समूह्यं चिन्वीत पशुकामः। सम् पूर्वक वह धातु से ण्यत् प्रत्यय धातु को संप्रसारण और दीर्घत्व निपातन है। अग्नि से अन्यत्र—परिचेयम्। उपचेयम्। संवाह्यम्।

६७४—चित्याग्निचित्ये च ॥ ३ । १ । १३२ ॥

अग्नि अभिधेय हो तो चित्य और अग्निचित्या निपातन हो। चीयतेऽसौ चित्योऽग्नि'। [यहां क्यप् प्रत्यय का निपातन है।] अग्निचयनमेव अग्निचित्या। यहां भाव मे प्रत्यय [गुण का अभाव] अन्तोदात्तत्व[1] और तुगागम [का] निपातन होता है। अग्निचित्येत्यन्तोदात्तत्वं भावे। महाभाष्ये ३ । १ । १३२ ॥

६७५—भव्यगेयप्रवचनीयोपस्थानीयजन्याप्लाव्यापात्या वा ॥ ३ । ४ । ६८ ॥

भव्य आदि कृत्य प्रत्ययान्त कर्ता मे विकल्प करके निपातन है। द्वितीय पक्ष मे यथाप्राप्त भाव कर्म मे होगे। भवत्यसौ भव्यः, भव्यमनेन वा, गेयो माणवकः साम्नाम्, गेयानि माणवकेन सामानि,

---

१ यहां अन्तोदात्तत्व का निपातन मानना ठीक नहीं है 'य' प्रत्यय होने पर प्रत्ययस्वर से अन्तोदात्तत्व स्वतः सिद्ध है। वस्तुतः 'अग्निचित्येत्यन्तोदात्तत्वं भावे' इस वार्त्तिक से ध्वनित होता है कि यहां ण्यत् प्रत्यय वृद्धि का अभाव, तुगागम और अन्तोदात्तत्व का निपातन है। अन्तोदात्तत्व का निपातन ण्यत् पक्ष मे ही उपपन्न होता है।

प्रवचनीयो गुरुः स्वाध्यायस्य, प्रवचनीयो वा गुरुणा स्वाध्यायः, उपस्थानीयोऽन्तेवासी गुरोः, उपस्थानीय शिष्येण वा गुरु', जायतेऽसौ जन्य जन्यमनेन वा, आप्लवते आप्लाव्य., आप्लाव्यमनेन वा, आपतत्यसावापात्यः, आपात्यमनेन वा ।

इति कृत्यप्रक्रिया समाप्ता ॥

अथ कृदन्तप्रक्रियारम्भः ॥

९७६—ण्वुल्तृचौ ॥ ३ । १ । १३३ ॥

सब धातुओं से ण्वुल् और तृच् प्रत्यय हो। इस प्रकरण में सर्वत्र (३) सूत्र से कृत्संज्ञा होती और (९१५) सूत्र से कृत् संज्ञक प्रत्यय सामान्य से कर्ता मे होते है। करोतीति कारक , कर्ता, हारक , हर्त्ता । स्त्रीलिङ्ग मे—कारिका, कर्त्री, हारिका, हर्त्री। कुटिता, यहां (३४५) सूत्र से ङित्व मान कर गुणादेश न हुआ। कोटकः। विजिता (४२८) सूत्र से इट् होता है । घातक', यहां (५०३) सूत्र से तकारादेश। दायक', शमक , दमक , रन्धक , जम्भक यहाँ (१६५) सूत्र से नुम् । रधिता, (४०८) से मनु निषेध। एषिता, एष्टा, सहिता, सोढा। यहा (२१२) सूत्र से इट [का विकल्प]। णयन्त—भावयिता। सन्नन्त—बुभूषिता । यङन्त—पापचकः । यहा अल्लोप के स्थानिवद्भाव से वृद्धि न हुई। यङ्लुगन्त—पापाचक' ।

९७७—नन्दिग्रहिपचादिभ्यो ल्युणिन्यचः ॥ ३ । १ । १३४ ॥

नन्द्यादिक, ग्रह्यादिक और पचादिक धातुओं से यथाक्रम ल्यु, णिनि और अच् प्रत्यय हों। अर्थात् नन्द्यादिकों से ल्यु, ग्रह्यादिकों से णिनि और पचादिकों से अच् होता है। नन्दयतीति नन्दनः, जनानर्दयतीति जनार्दनः, मधुसूदन, विशेषेण भीषयतीति विभीषणः, वामनः, मदनः, दूषणः, लवणः। यहां गणपाठ के निपातन से णत्वादेश है। ग्राही, स्थायी, मन्त्री, विशयी। यहां वृद्धि का अभाव निपातन है। विषयी। यहां षत्व निपातन है। परिभावी, परिभवी। यहां विकल्प करके वृद्धि का अभाव है। पचतीति पचः। अजपि सर्वधातुभ्यः। महाभाष्ये ३। १। १३४। सब धातुओं से अच् प्रत्यय कहना चाहिये। भवतीति भवः, सवः। यह अच् प्रत्यय धातुमात्र से इष्ट है इससे पचादिगण का कथन शब्दों के साथ अनुबन्ध लगाने और बाधकों के बान्धने के लिये है। जैसे— नदट्, चोरट्, देवट्। इत्यादि टित् माने हैं। नदः, चोरः, देवः। स्त्रीलिंग में—नदी, चोरी, देवी। यहां इगुपधत्व मान कर दिवु धातु से क प्रत्यय प्राप्त था, उसको बाध कर अच् प्रत्यय हुआ। जारभरा, श्वपचा। इन में अगला (९९९) अण् प्राप्त था। चेक्रियः, लोलुवः, पोपुवः, मरीमृजः।

९७८—इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः ॥३।१।१३५॥

इक् जिसके उपधा में हो और ज्ञा प्री तथा कॄ धातु से क प्रत्यय हो। बुधः, विक्षिपः, ज्ञः, प्रीणातीति प्रियः, किरतीति किरः।

९७९—आतश्चोपसर्गे ॥ ३ । १ । १३६ ॥

उपसर्ग पूर्व हो तो आदन्त धातु से क प्रत्यय हो। आगे ण प्रत्यय कहेंगे उस का यह अपवाद है। प्रस्थः, प्रदः

९८०—पाघ्राध्माधेट्दृशः शः ॥३।१।१३७॥

पा, घ्रा, ध्मा, धेट् और दृश धातु से श प्रत्यय हो। पिबतीति पिबः, उत् पिबति उत्पिबः, विपिबः, जिघ्रः, धमः, धयः, विधयः, पश्यतीति पश्यः।

९८१—वा०—जिघ्रः संज्ञायां प्रतिषेधः॥ ३।१।१३७॥

व्याजिघ्रतीति व्याघ्रः।

९८२—अनुपसर्गाल्लिम्पविन्दधारिपारिवेद्युदेजिचेतिसातिसाहिभ्यश्च॥ ३।१।१३८॥

उपसर्गरहित लिम्प, विन्द, धारि, पारि, वेदि, उदेजि, चेति, साति, साहि, इन धातुओं से श प्रत्यय हो। लिम्पतीति लिम्पः, विन्दतीति विन्दः, धारयतीति धारयः, पारयतीति पारयः, वेदयतीति वेदयः, उदेजयतीति उदेजयः, चेतयतीति चेतयः। साति सुखार्थक सौत्र धातु है। सातयतीति सातयः, साहयतीति साहयः। अनुपसर्ग-ग्रहण से यहां न हुआ—प्रलिपः।

९८३—वा०—अनुपसर्गान्नौ लिम्पेः॥३।१।१३८॥

"अनुपसर्गात्०" (९८२) इस विषय मे निपूर्वक लिम्प धातु से श प्रत्यय कहना चाहिये। निलिम्पा नाम देवाः।

९८४—वा०—गवादिषु विन्देः संज्ञायाम्॥ ३।१।१३८॥

गवादिक उपपद हो तो विद्लृ धातु से श प्रत्यय संज्ञा में कहना चाहिये। गोविन्दः, अरविन्दः।

९८५—ददातिदधात्योर्विभाषा॥३।१।१३९॥

उपसर्गरहित डुदाञ् और डुधाञ् धातु से श प्रत्यय विकल्प करके हो। यह (९८८) सूत्र का अपवाद है। ददातीति ददः, दायः, दधः, धायः। अनुपसर्ग ग्रहण से यहां न हुआ—प्रददातीति प्रदः, प्रधः। यहां (९७८) सूत्र से क प्रत्यय हो गया।

९८६—ज्वलितिकसन्तेभ्यो णः ॥ ३ । १ । १४० ॥

उपसर्गरहित ज्वल आदि कस पर्यन्त धातुओं से विकल्प करके ण प्रत्यय हो। यहां इति शब्द आदि शब्द के लिये है। ज्वलतीति ज्वालः, ज्वलः, चालः, चलः। दूसरे पक्ष में अच् प्रत्यय हो जाता है। अनुपसर्गग्रहण से यहां न हुआ—प्रज्वलः।

९८७—वा०-तनोतेरुपसंख्यानम् ॥ ३ । १ । १४० ॥

तनु धातु से ण प्रत्यय का उपसंख्यान [करना] चाहिये। अवतनोतीत्यवतानः।

९८८—श्याद्व्यधास्रुसंस्र्वतीणवसावहृलिह-श्लिषश्वसश्च ॥ ३ । १ । १४१ ॥

श्यैङ्, आकारान्त, व्यध, आस्रु, संस्रु, अतीण्, अवसा, अवहृ, लिह, श्लिष, श्वस इन धातुओं से ण प्रत्यय हो। आकारान्तग्रहण से श्यैङ् और अवपूर्वक सा धातु से ण हो जाता तथापि इनका अलग ग्रहण सोपसर्ग लक्षण क प्रत्यय के बाधने के लिये है। अवश्यायः, प्रतिश्यायः, दायः, धायः, शायः, व्याधः, आस्रावः, संस्रावः, अत्यायः, अवसायः, अवहारः, लेहः, श्लेषः, श्वासः।

९८९—दुन्योरनुपसर्गे ॥ ३ । १ । १४२ ॥

उपसर्ग पूर्व न हो तो दु और नी धातु से ण प्रत्यय हो। दुनोतीति दावः, नयतीति नायः। अनुपसर्गग्रहण से यहां न हुआ—प्रदवः, प्रणयः।

६६०—विभाषा ग्रहः ॥ ३ । १ । १४३ ॥

ग्रह धातु से विकल्प करके ण प्रत्यय हो । यह अच् का अपवाद है। गृह्णातीति ग्राहः, ग्रहः । यह व्यवस्थित विभाषा है। इससे जलचर मे 'ग्राहः' नित्य होता और ज्योति मे 'ग्रहः' यही होता है ❀ ।

६६१—गेहे कः ॥ ३ । १ । १४४ ॥

गेह=घर कर्ता हो तो ग्रह धातु से क प्रत्यय हो । गृह्णाति धान्यादिकमिति गृहम्, गृह्णन्ति पदार्थानिति गृहाणि वेश्मानि । तात्स्थ्योपाधि से स्त्री जनो को भी गृह कहते है । गृहा दाराः ।

६६२—शिल्पिनि ष्वुन् ॥ ३ । १ । १४५ ॥

शिल्पी कर्ता हो तो धातु से ष्वुन् प्रत्यय हो । नृतिखनिरञ्जिभ्य इति वक्तव्यम् । महाभाष्ये ३ । १ । १४५ । शिल्प=क्रिया करने की चतुराई जिसमे विद्यमान है वह शिल्पी कहावे । नृत्यतीति नर्तकः, खनकः, नर्तकी, खनकी, रञ्जकः, रञ्जकी † ।

❀ इस सूत्र के विवरण में जो काशिकाकार ने "भवतश्चेति वक्तव्यम्" यह वार्त्तिक पढा है सो महाभाष्यकार के मत से विरुद्ध है । महाभाष्य मे इस का मूल नही है । इसमे प्राप्त्यर्थक भू धातु से अच् प्रत्ययान्त 'भाव' और सत्तार्थक से 'भव' समझ लेना चाहिये । भाव पदार्थों का नाम और भव महादेव और ससार आदि का नाम है ।

† रजक, रजकी । यहा शिल्पी कर्ता मे उणादिस्थ क्वुन् प्रत्यय होता है । इस विषय में जो कौमुदीकार ने लिखा कि भाष्यमत से नृति खनि इन्हीं से ष्वुन् और रञ्जि से क्वुन् होता है । यह उनका कथन अयुक्त है क्योंकि जो रञ्जि से ष्वुन् नही होता है तो महाभाष्यकार ने रञ्जि का परिगणन क्यों किया ? महाभाष्य के परिगणन से नृति खनि और रञ्जि इन तीनों से ष्वुन् प्रत्यय होगा । इस विषय मे काशिकाकार

६६३—गस्थकन् ॥ ३ । १ । १४६ ॥

शिल्पी कर्ता हो तो गै धातु से थकन् प्रत्यय हो। गायतीति गायकः। स्त्रीलिग मे—गाथिका।

६६४—ण्युट् च ॥ ३ । १ । १४७ ॥

शिल्पी कर्ता मे गै धातु से ण्युट् प्रत्यय भी हो। गायतीति गायनः। स्त्री—गायनी।

६६५—हश्च व्रीहिकालयोः ॥ ३ । १ । १४८ ॥

व्रीहि और काल कर्ता हो तो ओहाक् और ओहाङ् धातु से ण्युट् प्रत्यय हो। जहाति जल, जिहीते प्राप्नोति वा हायनः=व्रीहिः। जहाति भावान्, जिहीते प्राप्नोति वा हायनः=वत्सरः।

६६६—प्रुसृल्वः समभिहारे वुन् ॥३।१।१४९॥

समभिहार=वार २ होने अर्थ मे प्रु सृ लू इन धातुओ से वुन् प्रत्यय हो। प्रुसृल्व साधुकारिणि वुन्विधानम्। महाभाष्ये ३। १। १४९॥ साधुकारी अर्थात् अच्छे प्रकार क्रिया करने वाला कर्ता अभिधेय हो तो प्रु सृ लू इन से वुन का विधान करना चाहिये। प्रवत इति प्रवकः, सरक, लवकः। साधुकारित्व अर्थ मे वुन् विधान से जहा एक वार भी अच्छे प्रकार काम करना हो वहाँ वुन् प्रत्यय हो और वार २ भी काम का अच्छा करना न हो वहां न हो।

ने क्वुन् प्रत्यय का विधान करके भी नकार का लोप माना, यह उनका मानना असङ्गत है क्योकि न लोप तो कित् ङित् के परे होता है और महाभाष्यकार भी रजक शब्द को उणादिस्थ क्वुन् प्रत्यय से मानते हैं। रजकरजनरजःसु कित्त्वात् सिद्धम्, कित एवैते औणादिकाः। महाभाष्ये ६। ४। २४॥

९९७—आशिषि च ॥ ३ । १ । १५० ॥

आशीर्वाद अर्थ गम्यमान हो तो धातु से वुन् प्रत्यय हो। जीवतात्—जीवक., नन्दतात्—नन्दक ।

९९८—कर्मण्यण् ॥ ३ । २ । १ ॥

कर्म उपपद हो तो धातु से अण् प्रत्यय हो। कर्म तीन प्रकार का है अर्थात् निर्वर्त्य, विकार्य्य, प्राप्य * । निर्वर्त्य—कुम्भकारः । विकार्य्य—काण्डलाव', शरलाव· । प्राप्य—वेदाध्याय, चर्चापारः, शमनीपार, सूत्रपाठः । यहा सर्वत्र उपपद समास होता है। आदित्यं पश्यति, हिमवन्तं शृणोति, ग्रामं गच्छति, इत्यादिको मे अनभिधान से नही होता अर्थात् लोक मे अर्थप्रतिपादन करने के लिये 'आदित्यदर्श आदि शब्दो का प्रयोग नही करते है ।

९९९-वा०-अन्नादायेति च कृतां व्यत्यय-श्छन्दसि ॥ ३ । २ । १ ॥

वेदविषय मे अन्नादाय इत्यादिक प्रयोगो के लिये कृत् सञ्ज्ञक

* जिसका उपादान कारण विद्यमान न हो वह निर्वर्त्य कहाता है जैसे—संयोगं करोति । अथवा जिसका विद्यमान भी उपादान कारण न विवक्षित हो वह भी निर्वर्त्य कहाता है जैसे—घट करोति । जब उपादान कारण ही परिणामी माना जाय तो निर्वर्त्य कर्म्म भी विकारी हो जाता है जैसे—मृद घट करोति । और जब भेदविवक्षा है तब वही निर्वर्त्य कर्म रहता है जैसे—मृदा घटं करोति । विकार्य्य कर्म दो प्रकार का है । अर्थात् एक तो प्रकृति के विनाश से जो कुछ विकार उत्पन्न हो जैसे—काष्ठादि भस्म और दूसरा गुणान्तर से जो उत्पन्न हो जैसे—सुवर्णादि विकार कुण्डलादि । जिसमे प्रत्यक्ष वा अनुमान से क्रियाकृत विशेष न पाया जाय अर्थात् प्रथम से न हो वह प्राप्य कर्म कहाता है ।

प्रत्ययो का व्यत्यय देखना चाहिये। अत्तीति अन्नः [1], अन्नस्यादः अन्नादः तस्मै अन्नादाय। आदायान्नपतये, य आहुतिमन्नादां हुत्वा 'अन्नमत्ति' इस विग्रह मे कर्मोपपद अद धातु से अण् की प्राप्ति में पचाद्यच् का विधान है।

१०००-वा०-शीलिकामिभक्ष्याचारिभ्यो णः पूर्वपद प्रकृतिस्वरत्वञ्च ॥ ३ । २ । १ ॥

शीलि, कामि, भक्षि और आङ्पूर्वक चर इन धातुओ से ण प्रत्यय और पूर्वपद को प्रकृतिस्वर कहना चाहिये। मांसशीलः, मांसशीला, मांसकामः, मांसकामा, मांसभक्षः, मांसभक्षा, कल्याणाचारः, कल्याणाचारा।

१००१-वा०-ईक्षिक्षमिभ्यां च ॥ ३ । २ । १ ॥

सुखप्रतीक्षः, सुखप्रतीक्षा, कल्याणक्षमः, कल्याणक्षमा।

१००२—ह्वावामश्च ॥ ३ । २ । २ ॥

कर्म उपपद हो तो ह्वेञ्, वेञ् और माङ् धातु से अण् प्रत्यय हो। स्वर्गह्वायः, तन्तुवायः, धान्यमायः।

१००३—आतोऽनुपसर्गे कः ॥ ३ । २ । ३ ॥

उपसर्ग रहित कर्म उपपद हो तो आकारान्त धातुओ से क प्रत्यय हो। यह अण् का अपवाद है। गोदः, कम्बलदः, पार्ष्णित्रम्। अनुपसर्गग्रहण से यहा न हुआ—गोसंदायः।

१००४—सुपि स्थः ॥ ३ । २ । ४ ॥

---

१ जब अन्न शब्द ईश्वर का वाचक होता है (अहमन्नमहमन्नम्—तै० उ०) तब उपर्युक्त व्युत्पत्ति होगी। जब भोज्य का वाचक होगा तब 'अद्यत इत्यन्नम्' कर्म मे व्युत्पत्ति होगी।

सुबन्त उपपद हो तो स्था धातु से क प्रत्यय हो *। कूटस्थः, समस्थः, विषमस्थः। इस सूत्र मे महाभाष्यकार ने योगविभाग भी माना है। जैसे—"सुपि" सुबन्त उपपद हो तो आकारान्त धातु से क प्रत्यय हो। कच्छेन पिबतीति कच्छपः, कटाहेन पिबतीति कटाहपः, द्वाभ्यां पिबतीति द्विपः, पादपः। "स्थः" सुबन्त उपपद हो तो स्था धातु से क प्रत्यय हो। आखूनामुत्थानमाखूत्थः, शीलभोत्थः। "सुपि" इस अंश मे कर्ता मे क प्रत्यय होगा। "स्थः" भाव मे होने के लिये है। अब अगले सूत्रो मे "कर्मणि, सुपि" इन दोनो पदो की अनुवृत्ति है, अर्थात् यथायोग्यता से दोनो उपस्थित होते है।

१००५—तुन्दशोकयोः परिमृजापनुदोः ॥३।२।५॥

तुन्द और शोक कर्म उपपद हो तो परिपूर्वक मृज और अपपूर्वक नुद धातु से क प्रत्यय हो।

१००६—आलस्यसुखाहरणयोः। महाभाष्ये ३।२।५॥

"तुन्दशोकयो०" इस विषय मे आलस्य, सुखाहरण और कहना चाहिये अर्थात् आलस्य गम्यमान हो और सुखोत्पत्ति अर्थ हो तो उक्त धातुओं से क प्रत्यय हो। तुन्दं परिमार्ष्टि तुन्दपरिमृजोऽलस आस्ते। अन्यत्र—तुन्दपरिमार्जः। शोकापनुदः पुत्रो जातः। अन्यत्र—शोकापनोदः। अर्थात् जो संसार की अनित्यता आदि दिखा कर शोकमात्र की निवृत्ति करता किन्तु सुख नही उत्पन्न करता।

१००७—वा०—कप्रकरणे मूलविभुजादिभ्य उपसंख्यानम् ॥ ३ । २ । ५ ॥

* स्था धातु से भी कर्ता में क प्रत्यय इष्ट हो तो इससे पृथक् 'क' विधान न करते, इसलिये पृथक् विधान सामर्थ्य से स्था से भाव मे क होगा। परन्तु यह भावस्थ क प्रत्यय कर्त्ता वाले क प्रत्यय की बाधा नही करता, क्योकि "स्थः" इस अंश में भाव का प्रत्यक्ष ग्रहण नही है।

मूलानि विभुजति मूलविभुजो रथः। नखानि मुञ्चन्ति नखमुचानि धनूंषि, काकगुहास्तिलाः, सरसिरुह कुमुदम्।

१००८—प्रे दाज्ञः ॥ ३ । २ । ६ ॥

कर्म उपपद हो तो प्रपूर्वक दा और ज्ञा धातु से क प्रत्यय हो। धनं प्रददाति धनप्रदः, शास्त्रप्रज्ञः, पथिप्रज्ञः। प्र से अन्यत्र—धनसंप्रदायः।

१००९—समि ख्यः ॥ ३ । २ । ७ ॥

कर्म उपपद हो तो सम्पूर्वक ख्या धातु से क प्रत्यय हो। शास्त्रसंख्यः, गोसंख्य।

१०१०—गापोष्टक् ॥ ३ । २ । ८ ॥

कर्म उपपद हो तो उपसर्ग रहित गा, पा धातुओं से टक् प्रत्यय हो। सामगायतीति सामगः, स्त्री—सामगी।

१०११—सुराशीध्वोः पिबतेः ॥ महाभाष्ये ३।२।८॥

सुरापः, सुरापा, शीधुपी। इन से अन्यत्र—क्षीरपा ब्राह्मणी। पिबति से अन्यत्र—सामसंगायः।

१०१२—वा०—बहुलं तणि ॥ ३ । २ । ८ ॥

तण्=संज्ञा, छन्द विषय मे पिबति से बहुल करके टक् प्रत्यय हो। या ब्राह्मणी सुरापी भवति नैना देवा पतिलोकं नयन्ति, या ब्राह्मणी सुरापा भवति नैना देवा पतिलोक नयन्ति।

१०१३—हरतेरनुद्यमनेऽच् ॥ ३ । २ । ९ ॥

कर्म उपपद हो तो अनुद्यमन अर्थ मे वर्तमान हृञ् धातु से अच् प्रत्यय हो। उद्यमन उद्यम को कहते हैं, उससे अन्य अनुद्यमन कहाता है। अंशं हरति अंशहरः, भागहरः, रिक्थहरः। अनुद्यमन ग्रहण से यहां न हुआ—भारहारः।

१०१४—वा०-अच्प्रकरणे शक्तिलाङ्गलाङ्कुशयष्टितोमरघटघटीधनुष्षु ग्रहेरुपसंख्यानम् ॥ ३ । २ । ९ ॥

अच् प्रकरण मे शक्ति, लाङ्गल, अङ्कुश, यष्टि, तोमर, घट, घटी, धनुष् ये उपपद हो तो ग्रह धातु से अच् प्रत्यय का उपसख्यान करना चाहिये । शक्तिग्रह , लाङ्गलग्रह., अंकुशग्रह , यष्टिग्रह , तोमरग्रह:, घटग्रह:, घटीग्रह:, धनुर्ग्रह. ।

१०१५-वा०—सूत्रे च धार्य्येऽर्थे ॥ ३ । २ । ९ ॥

तथा सूत्र उपपद हो तो धारणार्थक ग्रह धातु से उपसंख्यान करना चाहिये । सूत्रग्रह· । सूत्र को धारण करता है । धार्यर्थ से अन्यत्र—सूत्रग्राह· । अर्थात् जो सूत्र का ग्रहण करता है ।

१०१६—वयसि च ॥ ३ । २ । १० ॥

वयस् यौवनादिभाव गम्यमान हो तो कर्मोपपद हृञ् धातु से अच् प्रत्यय हो । यह उद्यमन के लिये है । कवचहर कुमार, शकटहर: वृषभ· ।

१०१७—आङि ताच्छील्ये ॥ ३ । २ । ११ ॥

ताच्छील्य = तत्स्वभावता अर्थ गम्यमान हो और कर्म उपपद हो तो आङ् पूर्वक हृञ् धातु से अच् प्रत्यय हो । पुष्पाणि आहरति तच्छील. पुष्पाहर:, फलाहर । स्वभाव से निष्प्रयोजन भी पुष्प और फलो को लेता है । ताच्छील्य से अन्यत्र—भारमाहरतीति भाराहार: ।

१०१८—अर्हः ॥ ३ । २ । १२ ॥

कर्म उपपद हो तो अर्ह धातु से अच् प्रत्यय हो । वेदार्ह:, स्त्री—वेदार्हा ।

१०१९—स्तम्बकर्णयो रमिजपोः ॥३।२।१३॥

स्तम्ब और कर्ण ये सुबन्त यथासख्य उपपद हो तो रम और जप धातु से अच् प्रत्यय हो। रम अकर्मक और जप शब्दकर्मक है इससे यहा कर्म शब्द की अनुवृत्ति नही होती है।

१०२०—स्तम्बकर्णयोर्हस्तिसूचकयोः ॥ महाभाष्ये ॥ ३ । २ । १३ ॥

"स्तम्बकर्णयो०" यहा हस्तिन्, सूचक और कहना चाहिये अर्थात् हस्ती और सूचक अभिधेय हो तो उक्त अच् प्रत्यय हो। स्तम्बे रमते स्तम्बेरमः हस्ती, कर्णे जपति कर्णेजपः सूचकः। हस्ति सूचक से अन्यत्र—स्तम्बेरन्ता, कर्णेजपिता मशक.।

१०२१—शमि धातोः संज्ञायाम् ॥३।२।१४॥

शम् उपपद हो तो संज्ञाविषय मे धातु मात्र से अच् प्रत्यय हो। शंकर, शम्भव, शंवद। यहां धातुग्रहण हेत्वादि अर्थों मे जो ट प्रत्यय का विधान करेगे उसके बाधने के लिये है अर्थात् उन अर्थों मे भी शम् पूर्वक कृञ् धातु से अच् प्रत्यय हो। शकरा नाम परिव्राजिका, शकरा नाम शकुनिका तच्छीला च।

१०२२—अधिकरणे शेतेः ॥ ३ । २ । १५ ॥

सुबन्त उपपद हो ता अधिकरण मे शीङ् धातु से अच् प्रत्यय हो। खेशते खशय., गर्तशय.।

१०२३—वा०—अधिकरणे शेतेः पार्श्वादिषूपसंख्यानम् ॥ ३ । २ । १५ ॥

"अधिकरणे शेते." यहां पार्श्वादि पूर्व हो तो भी उपसंख्यान करना चाहिये। पार्श्वाभ्यां शेते पार्श्वशय, पृष्ठशय., उदरशयः।

१०२४—वा०—दिग्धसहपूर्वाच्च ॥ ३ । २ । १५ ॥

दिग्धसहपूर्वक भी शीङ् धातु से अच् प्रत्यय कहना चाहिये। दिग्धेन सह शेते दिग्धसहशय·। यहा "दिग्धसह" इतना समुदाय पूर्व इष्ट है किन्तु प्रत्येक शब्द पूर्व इष्ट नही है।

१०२५—वा०—उत्तानादिषु कर्त्तृषु ॥३।२।१५॥

कर्तृवाचक उत्तानादिक शब्द उपपद हो तो शीङ् धातु से अच् प्रत्यय हो। उत्तानः शेते उत्तानशय, अवनतो मूर्धा यस्य स अवमूर्धा, अवमूर्धा शेते अवमूर्धशयः।

१०२६—वा०—गिरौ डश्छन्दसि ॥३।२।१५॥

गिरि शब्द उपपद हो तो वेदविषय मे शीङ् धातुसे ड प्रत्यय कहना चाहिये। गिरौ शेते गिरिश.। लोक मे 'गिरिशः' यह शब्द (लेशा० ६८२) सूत्र से तद्धितविषय मे होता है।

१०२७—चरेष्टः ॥ ३ । २ । १६ ॥

अधिकरणवाची सुबन्त उपपद हो तो चर धातु से ट प्रत्यय हो। खे चरतीति खेचर·, खेचरी, निशाचर·, निशाचरी, कुरुचर·, कुरुचरी, मद्रचर, मद्रचरी, दिवाचर, दिवाचरी। अधिकरण ग्रहण से यहां न हुआ—कुरूँश्चरतीति, पञ्चालाँश्चरतीति *।

१०२८—भिक्षासेनादायेषु च ॥ ३ । २ । १७ ॥

भिक्षा, सेना और आदाय शब्द उपपद हो तो चर धातु से ट प्रत्यय हो। भिक्षां चरतीति भिक्षाचर, सेनाचरः। आदाय यह ल्यबन्त है। आदाय चरतीति आदायचरः, 'सहचरः' यह तो पचादिगण मे जो चरट् शब्द का पाठ है उससे बनेगा।

---

* कुरु देश मे भ्रमण करता है इस अर्थ की अपेक्षा में "कुरुषु चरति" यह विग्रह होता और अन्यदेश से कुरुदेश को प्राप्त होता है इस विवक्षा मे "कुरूंश्चरति" यह विग्रह होता है।

१०२९—पुरोऽग्रतोऽग्रेषु सर्त्तेः ॥ ३ । २ । १८ ॥

पुरस् अग्रतस् अग्रे ये उपपद हों तो सृ धातु से ट प्रत्यय हो। पुरस्सरति पुरस्सर, अग्रतस्सर, अग्रम् अग्रेण अग्रे वा सरति अग्रेसरः। यहां अग्रे शब्द एकारान्त निपातन से है।

१०३०—पूर्वे कर्त्तरि ॥ ३ । २ । १९ ॥

कर्तृवाचक पूर्व शब्द उपपद हो तो सृ धातु से ट प्रत्यय हो। पूर्वः सरतीति पूर्वसर। कर्त्तृ से अन्यत्र--पूर्वं देशं सरतीति पूर्वसारः।

१०३१—कृञो हेतुताच्छील्यानुलोम्येषु ॥३।२।२०॥

हेतु, ताच्छील्य और आनुलोम्य अर्थ गम्यमान और कर्म उपपद हो तो कृञ् धातु से ट प्रत्यय हो। हेतु=कारण, ताच्छील्य=तत्स्वभावता, आनुलोम्य=अनुकूलपना। हेतु—यशस्करी विद्या, शोककरी कन्या, दुःखकरं पापम्। ताच्छील्य—श्राद्धकरः, अर्थकर। आनुलोम्य—वचनकर। इनसे अन्यत्र—कुम्भकार, नगरकारः।

१०३२—दिवाविभानिशाप्रभाभास्कारान्तानन्तादिबहुनान्दीकिंलिपिलिबिबलिभक्तिकर्त्तृचित्रक्षेत्रसंख्याजङ्घाबाह्वहर्यत्तद्धनुररुष्षु ॥ ३ । २ । २१ ॥

दिवादिक शब्द उपपद हो तो कृञ् धातु से ट प्रत्यय हो। दिवा करोति दिवाकर, विभा करोति विभाकरः, निशाकरः, प्रभाकरः, भास्कर। यहां (सन्धि० २०१) से सत्व। कारकर, अन्तकरः, अनन्तकर, आदिकर, बहुकरः। संख्या से पृथक् बहु शब्द का ग्रहण बहुत्व की अपेक्षा से है। नान्दीकरः, किंकरः। लिपि लिबि एकार्थक हैं। लिपिकरः, लिबिकर, बलिकर। [भक्तिकरः, कर्तृकरः, चित्रकर, क्षेत्रकर] संख्या—एककरः, द्विकरः, त्रिकरः,

जङ्घाकर:, बाहुकर:, अहस्कर:, यत्कर:, तत्कर: । चोर अभिधेय हो तो "तस्कर:" होगा, (सन्धि० ३२४) से सुडागम और तलोप । धनुष्कर:, अरुष्कर: । यहा (सन्धि० २७४) से षत्व ।

१०३३—किंयत्तद्बहुषु कृञोऽज्विधानम् ॥ महाभाष्ये ३ । २ । २१ ॥

पूर्वोक्त शब्दो मे कि यद् तद् और बहु उपपद हो तो अच् प्रत्यय का विधान करना चाहिय । अन्यत्र ट होगा । किंकरा, यत्करा, तत्करा, बहुकरा । किंकरी, तस्करी आदि ङीबन्त तो पुयोग से होते है ।

१०३४—कर्मणि भृतौ ॥ ३ । २ । २२ ॥

कर्मवाचक कर्मशब्द उपपद हो तो कृञ् धातु से ट प्रत्यय हो । भृति = वेतन अर्थ गम्यमान हो तो । कर्माणि करोति कर्मकर: भृत्य: । भृति से अन्यत्र—कर्मकार: ।

१०३५—न शब्दश्लोककलहगाथावैरचाटुसूत्रमन्त्रपदेषु ॥ ३ । २ । २३ ॥

शब्द, श्लोक, कलह, गाथा, वैर, चाटु, सूत्र, मन्त्र, पद, ये उपपद हो तो कृञ् धातु से ट प्रत्यय न हो । हेत्वादि अर्थों मे प्राप्त ट प्रत्यय का प्रतिषेध है । शब्दकार:, श्लोककार:, कलहकार:, गाथाकार:, वैरकार:, चाटुकार:, सूत्रकार:, मन्त्रकार:, पदकार: ।

१०३६—स्तम्बशकृतोरिन् ॥ ३ । २ । २४ ॥

स्तम्ब और शकृत् उपपद हो तो कृञ् धातु से इन् प्रत्यय हो ।

१०३७—स्तम्बशकृतोर्व्रीहिवत्सयो: ॥ महाभाष्ये ३ । २ । २४ ॥

उक्त सूत्र मे व्रीहि, वत्स और कहना चाहिये । स्तम्बकरि व्रीहिः, शकृत्करिः वत्स । अन्यत्र—स्तम्बकार, शकृत्कारः ।

१०३८—हरतेर्दृतिनाथयोः पशौ ॥ ३ । २ । २५ ॥

दृति और नाथ कर्म उपपद हो और पशु कर्ता हो तो हृञ् धातु से इन् प्रत्यय हो । दृति चर्ममय पात्रं हरति दृतिहरिः, नाथ नासारज्जु हरति नाथहरि पशु । अन्यत्र—दृतिहारः, नाथहारः ।

१०३९—फलेग्रहिरात्मम्भरिश्च ॥ ३ । २ । २६ ॥

फलेग्रहि और आत्मम्भरि ये दोनो शब्द निपातन है । फलानि गृह्णाति फलेग्रहि । यहा उपपद को एकार और धातु से इन् प्रत्यय निपातन है ।

१०४०—भृञः कुक्ष्यात्मनोर्मुम् च ॥ महाभाष्ये ॥ ३ । २ । २६ ॥

भृञ् धातु से इन् प्रत्यय के विधान मे कुक्षि और आत्मन् शब्द को मुम् आगम निपातन होना चाहिये । कुक्षि बिभर्त्ति कुक्षिभरिः, आत्मम्भरिश्चरति यूथमसेवमानः । यहा चकार अनुक्त समुच्चय के लिये है इससे 'उदरम्भरिः' यह भी निपातन जानना चाहिये ।

१०४१—छन्दसि वनसनरक्षिमथाम् ॥३।२।२७॥

कर्म उपपद हो तो वेदविषय मे वन, षण, रक्ष, मथे इन धातुओ से इन् प्रत्यय हो । ब्रह्मवनि त्वा क्षत्रवनिम्[1], गोसनिम्[2] यौ पथि रक्षी श्वानौ[3], हविर्मथीनाम्[4] ।

१०४२—एजेः खश् ॥ ३ । २ । २८ ॥

---

१ यजुः १ । १७ ॥ २ अथ० ५ । २० । १० ॥

३ अथ० ८ । १ । १० ॥ ४ ऋ० ७ । १०४ । २० ॥

कर्म उपपद हो तो णिजन्त एज् धातु से खश् प्रत्यय हो। जनान् एजयतीति = "जन—एजि—शप्—खश्" यहां—

१०४३—अरुर्द्विषदजन्तस्य मुम् ॥६।३।६७॥

खिदन्त उत्तरपद परे हो तो अरुष् द्विषत् और अव्ययभिन्न अजन्त शब्दों को मुमागम हो। मुम् होकर—जन+म्—एज्—अ—अ = जनमेजय.।

१०४४–वा०–खश्प्रकरणे वातशुनीतिलशर्धेष्वजधेट्तुदजहातिभ्यः ॥ ३ । २ । २८ ॥

खश् प्रत्यय के प्रकरण मे वात शुनी तिल शर्ध ये यथाक्रम उपपद हो तो अज धेट् तुद और जहाति से खश् प्रत्यय का विधान करना चाहिये। वातमजा मृगा, शुनीं धयति यहा—

१०४५—खित्यनव्ययस्य ॥ ६ । ३ । ६६ ॥

खिदन्त उत्तरपद परे हो तो अव्ययरहित पूर्वपद को ह्रस्व आदेश हो। शुनिधयः। तिलंतुदः। शर्धमपानशब्द जहति, जाहयन्ति वा शर्धञ्जहाः माषाः। यहा हा धातु अन्तर्भावितण्यर्थ है।

१०४६—नासिकास्तनयोर्ध्माधेटोः ॥३।२।२९॥

नासिका और स्तन कर्म उपपद हो तो ध्मा और धेट् धातुओं से खश् प्रत्यय हो।

१०४७—स्तने धेटः।

१०४८—नासिकायां ध्मश्च धेटश्च ॥ महाभाष्ये ३ । २ । २९ ॥

स्तनं धयति स्तनन्धयः, नासिकन्धमः, नासिकन्धयः। स्त्रीलिग मे—स्तनन्धयी। यहां धेट् के टित् होने से (स्त्रैणता० ३५) से ङीप् प्रत्यय हो जाता है। सूत्र मे बह्वच् नासिका शब्द का भी पूर्वनिपात अल्पाच् तर पूर्वनिपात के अनित्यत्व के लिये है।

१०४९—नाडीमुष्ट्योश्च ॥ ३ । २ । ३० ॥

नाडी और मुष्टि कर्म उपपद हो तो ध्मा और धेट् धातु से खश् प्रत्यय हो। यहा मुष्टि इस घिसञ्ज्ञकान्त का अपूर्वनिपात है इससे संख्यातानुदेश नही होता है। नाडी धयति नाडिन्धय, नाडी धमति नाडिन्धम, मुष्टिन्धय, मुष्टिन्धम। चकार अनुक्त समुच्चय के लिये है इससे वातन्धय, वातन्धम पर्वत। ये भी जानने चाहियें।

१०५०-वा०-नासिकानाडीमुष्टिघटीखारीष्विति वक्तव्यम् ॥ ३ । २ । ३० ॥

घटिन्धय, घटिन्धम, खारिन्धय, खारिन्धम। नासिक, नाडी और मुष्टि शब्दो के विषय मे उदाहरण दे चुके है।

१०५१—उदि कूले रुजिवहोः ॥ ३ । २ । ३१ ॥

कूलकर्म उपपद हो तो उत्पूर्वक रुज और वह धातु से खश् प्रत्यय हो। कूलमुद्रजतीति कूलमुद्रुजो रथ, कूलमुद्वहः।

१०५२—वहाभ्रे लिहः ॥ ३ । २ । ३२ ॥

वह और अभ्र कर्म उपपद हो तो लिह धातु से खश् प्रत्यय हो। वहं स्कन्धं लेढीति, वह—मुम्—लिह—शप्—खश्=वहंलिहो गौः। यहां अदादित्व से शप् का लुक् हो जाता है। [अभ्रंलिहः प्रासाद]।

१०५३—परिमाणे पचः ॥ ३ । २ । ३३ ॥

परिमाणवाचक कर्म उपपद हो तो पच धातु से खश् प्रत्यय हो। प्रस्थंपचति प्रस्थपचा स्थाली, द्रोणम्पचः कटाहः।

१०५४—मितनखे च ॥ ३ । २ । ३४ ॥

मित और नख ये कर्म उपपद हो तो पच धातु से खश् प्रत्यय हो। मितं पचति मितम्पचा ब्राह्मणी, नखम्पचा यवागूः। यहां पच

धातु ताप अर्थ [का] वाचक है ।

१०५५—विध्वरुषोस्तुदः ॥ ३ । २ । ३५ ॥

विधु और अरुष् कर्म उपपद हो तो तुद धातु से खश् प्रत्यय हो । विधुन्तुदः । अरूंषि मर्मस्थलानि तुदति अरुन्तुदः । यहां मुम् किये पीछे अरुष् के सकार का संयोगान्तलोप हो जाता है ।

१०५६—असूर्यललाटयोर्दृशितपोः ॥३।२।३६॥

असूर्य और ललाट शब्द यथाक्रम से उपपद हो तो दृशि और तप धातु से खश् प्रत्यय हो । सूर्य न पश्यन्ति असूर्यपश्या राजदारा । यहां नञ् का दृश से सम्बन्ध है इससे यह असमर्थ समास इसी "असूर्य०" निर्देश से होता है । अनिवार्य सूर्य का भी दर्शन नही करने वाली राजदारा है । ललाटंतपः सूर्य ।

१०५७—उग्रम्पश्येरम्मदपाणिन्धमाश्च ॥३।२।३७॥

उग्रम्पश्य, इरम्मद और पाणिन्धम ये शब्द निपातन किये है । उग्र शब्द यहां क्रियाविशेषण है । उग्र यथा स्यात् तथा पश्यति उग्रम्पश्यः, इरया जलेन माद्यति इरम्मदः, पाणयो ध्मायन्तेऽस्मिन्निति पाणिन्धमः पन्था. । जो अन्धकारयुक्त मार्ग होता है उस मे सर्पादिक क्षुद्र जीवो की निवृत्ति के लिये कभी हाथ से ताली भी देते है ।

१०५८—प्रियवशे वदः खच् ॥ ३ । २ । ३८ ॥

प्रिय और वश ये कर्म उपपद हो तो वद् धातु से खच् प्रत्यय हो । प्रिय वदतीति प्रियंवद., वशंवदः ।

१०५९—वा०—खचप्रकरणे गमेः सुपि उपसंख्यानम् ॥ ३ । २ । ३८ ॥

खच् के प्रकरण मे सुबन्त पूर्वक गम धातु से भी उपसख्यान करना चाहिये । मितंगमो हस्ती, मितंगमा हस्तिनी ।

१०६०—वा०—विहायसो विह च ॥३।२।३८॥

इस प्रकरण मे विहायस् शब्द जो गम धातु के पूर्व हो तो उसको विह आदेश भी हो। विहायसाऽऽकाशमार्गेण गच्छति विहंगमः पक्षी।

१०६१—वा०—खच्च डिद्वा ॥ ३ । २ । ३८ ॥

विहायस् शब्द को विह आदेश होने मे गम् से परे खच् प्रत्यय विकल्प करके डित्वत् हो। विहगः।

१०६२—वा०—डे च॥ ३ । २ । ३८ ॥

गम् से ड प्रत्यय परे हो तो भी विहायस् को विह आदेश हो। विहगः। यहा गम् धातु से (१०७९) इससे ड प्रत्यय होता है।

१०६३—द्विषत्परयोस्तापेः ॥ ३ । २ । ३९ ॥

द्विषत् और पर कर्म उपपद हो तो णिजन्त तप धातु से खच् प्रत्यय हो। द्विषन्त तपति="द्विषत्—ताप्—णिच्—खच्" इस अवस्था मे—

१०६४—खचि ह्रस्वः ॥ ६ । ४ । ९४ ॥

खच्परक णि परे हो तो अङ्ग की उपधा को ह्रस्वादेश हो। इससे ह्रस्वादेश होकर—"द्विषन्तप." सिद्ध होता है। ऐसे ही—परन्तपः। "द्विषती तापयति" यहां लिङ्गविशिष्टपरिभाषा का अनित्यत्व ❀ मान कर खच् नही होता है। अथवा 'द्विषत्परयो०' यहा द्विषत् [दो त] कारकनिर्देश मान कर तकारान्त द्विषत् शब्द का ग्रहण है।

१०६५—वाचि यमो व्रते ॥ ३ । २ । ४० ॥

❀ वा०—नासिकानाडी० [आ० १०५०] यहा घट शब्द के साथ घटी शब्द के ग्रहण से लिंगविशिष्टपरिभाषा अनित्य है।

व्रत (नियम) अर्थ मे वाच् कर्म उपपद हो तो धातु से खच् प्रत्यय हो। वाच यच्छति="वाच्—अम्—यम्—खच्" यहां—

१०६६—वाचंयमपुरंदरौ च ॥ ६ । ३ । ६६ ॥

वाचंयम और पुरन्दर ये निपातन किये है। अर्थात् वाच् और पुर् शब्द को अमन्तत्व निपातन है। इससे वाच् शब्द को अमन्तत्व होकर "वाचयमः" होता है। नियम से अन्यत्र [जहा] असामर्थ्य से वचन न निकले वहा—"वाग्यामः" होगा।

१०६७—पूःसर्वयोर्दारिसहोः ॥ ३ । २ । ४१ ॥

पुर्, सर्व ये कर्म यथाक्रम से उपपद हो तो दारि, सह धातुओ से खच् प्रत्यय हो। पुरं दारयति पुरन्दरः। यहां भी अमन्तत्व हो गया। सर्वमह। कृत् संज्ञको मे (९२०) सूत्र के बहुल नियम से भगपूर्वक दारि धातु से भी खच् प्रत्यय होता है—भगन्दर।

१०६८—सर्वकूलाभ्रकरीषेषु कषः ॥३।२।४२॥

सर्व, कूल, अभ्र, करीष ये कर्म उपपद हो तो कष धातु से खच् प्रत्यय हो। सर्वं कषति, सर्वंकषः खलः, कूलकषा नदी, अभ्रकषो गिरि, करीषकषा वात्या।

१०६९—मेघर्त्तिभयेषु कृञः ॥ ३ । २ । ४३ ॥

मेघ, ऋति, भय ये कर्म उपपद हो तो कृञ् धातु से खच् प्रत्यय हो। मेघकर, ऋतिकर, भयंकरः। यहां भय शब्द के साथ तदन्त-विधि भी है[1]। अभयंकरः।

---

1 उपपदविधौ भयाढ्यादिग्रहणम्। महा० १ । १ । ८६ ॥ इस नियम से यहा तदन्तविधि होती है। भयङ्कर, अभयङ्करः, आढ्यंकरणम्, स्वाढ्यकरणम्।

१०७०—क्षेमप्रियमद्रेऽण् च ॥ ३ । २ । ४४ ॥

क्षेम, प्रिय, मद्र ये कर्म उपपद हो तो कृञ् धातु से अण् और खच् प्रत्यय हो। क्षेमं करोति क्षेमकारः, क्षेमकरः, प्रियकारः, प्रियकरः, मद्रकारः मद्रंकरः। यहां 'वा' ग्रहण करने से दूसरे पक्ष में (९९८) सूत्र से अण् प्रत्यय हो जाता है। फिर अण् ग्रहण हेत्वादिक अर्थों में जो कृञ् से ट प्रत्यय विहित है उसके बाधने के लिये है। क्षेमकरः। यह तो कर्म का शेषत्वविवक्षा मानकर कृञ् से पृथक् 'पचाद्यच्'[1] होता है।

१०७१—आशिते भुवः करणभावयोः ॥३।२।४५॥

आशित शब्द सुबन्त उपपद हो तो भू धातु से करण और भाव में खश् प्रत्यय हो। करण—आशितो भवत्यनेनेति आशितम्भव ओदनः। भाव—आशितस्य भवनं आशितंभवं वर्तते।

१०७२—संज्ञायां भृतॄवृजिधारिसहितपिदमः ॥ ३ । २ । ४६ ॥

कर्म वा अन्य सुबन्त उपपद हो तो भृ, तॄ, वृ, जि, धारि, सहि, तपि, दम इन धातुओं से संज्ञा विषय में खच् प्रत्यय हो। यहां यथासम्भव कर्म और सुप् उक्त धातुओं से संबद्ध होते हैं। विश्वं बिभर्ति विश्वम्भरा वसुन्धरा, रथेन तरति रथन्तरं साम, पतिवरा कन्या, शत्रुंजयो हस्ती, युगन्धरः पर्वतः, शत्रुंसहः, शत्रुंतपः, अरिंदमः। संज्ञा ग्रहण से यहां न हुआ—कुटुम्बं बिभर्तीति कुटुम्बभारः।

१०७३—गमश्च ॥ ३ । २ । ४७ ॥

सुबन्त उपपद हो तो संज्ञा में गम् धातु से खच् प्रत्यय हो। सुतं गच्छति, सुतंगमः। पृथक् सूत्र उत्तरार्थ है।

---

[1] अ० ९७७ ॥

१०७४—अन्तात्यन्ताध्वदूरपारसर्वानन्तेषु डः ॥ ३ । २ । ४८ ॥

अन्त, अत्यन्त, अध्वन्, दूर, पार, सर्व, अनन्त ये कर्म उपपद हो तो गम् धातु से ड प्रत्यय हो। अन्तगः, अत्यन्तगः, अध्वगः, दूरगः, पारगः, सर्वगः, अनन्तगः। यहां डकार टि लोप के लिये है, इससे ड प्रत्यय के परे भसंज्ञा के बिना भी टिलोप होजाता है[1]।

१०७५—वा०—डप्रकरणे सर्वत्रपन्नयोरुपसंख्यानम् ॥ ३ । २ । ४८ ॥

गम् धातु से ड प्रत्यय के प्रकरण में सर्वत्र और पन्न शब्द का भी उपसंख्यान करना चाहिये। सर्वत्र गच्छति सर्वत्रगः, पन्नं पतितं गच्छति पन्नगः।

१०७६—वा०—उरसो लोपश्च ॥ ३ । २ । ४८ ॥

ड प्रकरण में गम् धातु से उरस् पूर्व हो तो उसके अन्त्य सकार का लोप भी हो। उरसा गच्छति उरगः।

१०७७—वा०—सुदुरोरधिकरणे ॥ ३ । २ । ४८ ॥

सु और दुर् उपपद हो तो गम् धातु से अधिकरण में ड प्रत्यय कहना चाहिये। सुखेन गच्छत्यस्मिन्निति सुगः, दुःखेन गच्छत्यस्मिन्निति दुर्गो मार्गः।

१०७८—वा०—निरो देशे ॥ ३ । २ । ४८ ॥

देश अभिधेय हो तो निर् से परे गम् धातु से ड प्रत्यय कहना चाहिये। निश्चयेन गच्छत्यस्मिन्निति निर्गो देशः।

१०७९—वा०—अपर आह—डप्रकरणे अन्येष्वपि दृश्यते ॥ ३ । २ । ४८ ॥

---

१. डित्यभस्याप्यनुबन्धकरण सामर्थ्यात्।

इस प्रकरण मे और भी उपपद हो तो ड प्रत्यय देखा गया है। तत्र स्त्र्यगारगः, अश्नुते यावदन्नाय ग्रामगः, ध्वसते गुरुतल्पग.।

१०८०—आशिषि हनः ॥ ३ । २ । ४९ ॥

आशीर्वाद अर्थ गम्यमान और कर्म उपपद हो तो हन धातु से ड प्रत्यय हो। शत्रुं बध्यात् शत्रुह तव पुत्रो भूयात्, तिमिहः। आशीः से अन्यत्र—शत्रुघातः।

१०८१-वा०-दारावाहनोऽणन्तस्य च टः सञ्ज्ञायाम् ॥ ३ । २ । ४९ ॥

सञ्ज्ञाविषय मे दारु शब्द पूर्वक हन धातु से अण प्रत्यय और अन्त्य को टकारादेश कहना चाहिये। दारु आहन्ति दार्वाघाटः, दार्वाघाटस्ते वनस्पतीनाम[1]।

१०८२—वा०—चारौ वा ॥ ३ । २ । ४९ ॥

चारु शब्द उपपद हो तो आङ्पूर्वक हन धातु से अण् प्रत्यय नित्य और अन्त्य को टकारादेश विकल्प करके कहना चाहिये। चार्वाघाट, चार्वाघातः।

१०८३-वा०-कर्मणि समि च ॥३।२।४९॥

कर्म उपपद हो तो सम्पूर्वक हन धातु से अण् प्रत्यय और उसको टकारादेश विकल्प करके कहना चाहिये। वर्णान् संहन्ति वर्णसघाट, वर्णसघातः, पदानि सहन्ति पदसघाट., पदसघात.।

१०८४—अपे क्लेशतमसोः ॥ ३ । २ । ५० ॥

क्लेश, तमस् कर्म उपपद हो तो अपपूर्वक हन धातु से ड प्रत्यय हो। क्लेशमपहन्ति क्लेशापह पुत्रः, तमोपहन्ति तमोपहः सूर्यः।

१०८५—कुमारशीर्षयोर्णिनिः ॥३।२।५१॥

१. यजुः २४ । ३५ ॥

कुमार और शीर्ष कर्म उपपद हो तो हन धातु से णिनि प्रत्यय हो। कुमार हन्ति कुमारघाती, शीर्षघाती। यह शीर्ष शब्द शिरस् शब्द को शीर्षभाव निपातन के लिये है।

१०८६—लक्षणे जायापत्योष्टक् ॥३।२।५२॥

जाया और पति ये कर्म उपपद हो और लक्षणवान् कर्ता अभिधेय हो तो हन धातु से टक् प्रत्यय हो। जाया हन्ति जायाघ्नो ब्राह्मणः, पतिघ्नी वृषली।

१०८७—अमनुष्यकर्तृके च ॥ ३ । २ । ५३ ॥

कर्म उपपद हो तो मनुष्यभिन्न कर्ता मे हन धातु से टक प्रत्यय हो। जाया हन्ति जायाघ्नस्तिलकालक., पति हन्ति पतिघ्नी पाणिरेखा, शशघ्नी शकुनी, श्लेष्माण हन्ति श्लेष्मघ्नं मधु, पित्त हन्ति पित्तघ्न घृतम्। अमनुष्यकर्तृक ग्रहण से यहा न हुआ—आखुघात. शूद्र, नगरघातो हस्ती। यहा टक् प्रत्यय प्राप्त भी है तथापि कृत्सञ्ज्ञको के बहुलभाव से कर्मोपपद लक्षण अण् होता है। प्रलम्बघ्नः, शत्रुघ्न', कृतघ्न, इत्यादिक तो मूलविभुजादि क' प्रत्यय से होते है।

१०८८—शक्तौ हस्तिकपाटयोः ॥ ३ । २ ।५४॥

शक्ति गम्यमान हो और हस्ति, कपाट कर्म उपपद हो तो हन धातु से टक् प्रत्यय हो। यह मनुष्यकर्तृक विषय के लिये सूत्र है। हस्तिन हन्तुं शक्त हस्तिघ्न मनुष्य, कपाटघ्नश्चोर। शक्तिग्रहण से यहां न हुआ–'विषेण हस्तिन हन्ति हस्तिघातः' यहां अण् होता है।

१०८९—पाणिघताडघौ शिल्पिनि ॥३।२।५५॥

शिल्पी कर्ता अभिधेय हो तो पाणिघ, ताडघ ये दोनो शब्द निपातन हैं। पाणि हन्ति पाणिघ, ताडघ। यहा पाणि और ताड

, आ० १००७ ॥

कर्मोपपद हन धातु से टक् प्रत्यय के परे धातु को टि लोप और घकारादेश निपातन है।

१०६०—वा०—राजघ उपसंख्यानम् ॥३।२।५५॥

उक्त निपातनो मे 'राजघ' यह भी उपसंख्यान करना चाहिये। राजान हन्ति राजघ ।

१०६१—आढ्यसुभगस्थूलपलितनग्नान्धप्रियेषु च्व्यर्थेष्वच्वौ कृञः करणे ख्युन् ॥३।२।५६॥

च्विरहित च्व्यर्थ आढ्य, सुभग, स्थूल, पलित, नग्न, अन्ध, प्रिय ये कर्म उपपद हो तो कृञ् धातु से करण मे ख्युन् प्रत्यय हो। अनाढ्यमाढ्यमनेन कुर्वन्ति आढ्यकरणम्, सुभगकरणम्, स्थूलंकरणम्, पलितकरणम, नग्नकरणम्, अन्धकरणम्, प्रियकरणम्। च्व्यर्थग्रहण से यहां न हुआ—आढ्यं घृतेन कुर्वन्ति, घृतेनाभ्यञ्जयन्त्यर्थः। 'अच्वौ' यह प्रतिषेध आगे के लिये है क्योंकि यहां च्व्यन्त विषय मे ख्युन् के प्रतिषेध मे ल्युट् हो जायगा। ल्युट् मे समान रूप समान ही स्वर आदि कार्य है। आढ्यीकरणम् *।

१०६२—कर्त्तरि भुवः खिष्णुच्खुकञौ ॥३।२।५७॥

च्विरहित च्व्यर्थ आढ्यादिक सुबन्त उपपद हो तो भू धातु से कर्ता मे खिष्णुच् और खुकञ् प्रत्यय हो। अनाढ्य आढ्यो भवति

---

* ख्युनि प्रतिषेधानर्थक्य ल्युट्ख्युनोरविशेषात्। ख्युनि च्वि प्रतिषेधोऽनर्थकः। कि कारणम्? ल्युट्ख्युनोरविशेषात् ख्युना मुक्ते ल्युटा भवितव्यम् नचैवास्तिविशेष। च्विन्त उपपदे ख्युनो वा ल्युटो वा। तदेव रूप स एव स्वरः। महाभाष्ये ३। २। ५६॥ स्त्रीलिंग मे (त्रैण० ३६) ख्युन् प्रत्ययान्त से भी ङीप् हो जायगा। आढ्यकरणी। काशिकाकार ने जो इस विषय में अर्थतः ल्युट् प्रत्यय का भी प्रतिषेध माना है सो असंगत है।

आढ्यम्भविष्णु, आढ्यम्भावुकः, सुभगंभविष्णु, सुभगंभावुक, स्थूलंभविष्णु, स्थूलंभावुक, पलितंभविष्णु, पलितंभावुक, नग्नंभविष्णु, नग्नभावुक, अन्धभविष्णु, अन्धभावुक, प्रियभविष्णु, प्रियभावुक। कर्तृग्रहण से करण में नहीं होते हैं। च्व्यर्थ मात्र से अन्यत्र—आढ्यो भविता। अच्विग्रहण से यहां नहीं होता—आढ्यी भविता।

१०६३—स्पृशोऽनुदके क्विन् ॥ ३। २। ५८ ॥

अनुदक सुबन्त उपपद हो तो स्पृश धातु से क्विन् प्रत्यय हो। घृतं स्पृशति घृतस्पृक्, मन्त्रेण स्पृशति मन्त्रस्पृक्, जलेन स्पृशति जलस्पृक्। अनुदकग्रहण से यहां न हुआ—उदकस्पर्शः। कर्म की अनुवृत्ति नहीं है किन्तु निवृत्ति हो गई।

१०६४—ऋत्विग्दधृक्स्रग्दिगुष्णिगञ्चुयुजिक्रुञ्चां च। ३। २। ५६ ॥

ऋत्विज, दधृष, स्रज, दिश, उष्णिज ये क्विन् प्रत्ययान्त निपातन और अञ्चु, युजि, क्रुञ्चु धातुओं से क्विन् प्रत्यय हो। ऋतौ यजति ऋतुं यजति वा ऋतुप्रयुक्तो यजति वा ऋत्विक्। यहां ऋतु शब्द-पूर्वक 'यज' धातु से क्विन् प्रत्यय है। धृष्णोतीति दधृक्। यहां 'ञिधृषा' धातु से क्विन् प्रत्यय, धातुद्विर्वचन और अन्तोदात्तत्व भी निपातन है। सृज्यते या सा स्रक्। यहां 'स्रज' से कर्म में क्विन् प्रत्यय और अमागम निपातन है। दिश्यते जनैर्या सा दिक्। यहां 'दिश्' से कर्म में क्विन् है। ऊर्ध्वं स्निह्यति उष्णिक्। यहां उत्पूर्वक 'स्निह' धातु से क्विन् षत्व और उपसर्गान्त लोप निपातन है। निपातनशब्दों के साथ जो अञ्चु आदि धातुओं से क्विन् का विधान किया है इससे उन में कुछ अलाक्षणिक कार्य भी होता है। जैसे सोपपद अञ्चु से क्विन्—प्रकर्षेणाञ्चति प्राङ्, प्रत्यङ्, उदङ्।

युज् और क्रुञ्च् से निरुपपद से होता है—युङ्, युञ्जौ, युञ्ज । क्रुङ्, क्रुञ्चौ, क्रुञ्च । यहां निपातन से न लोप नही होता । इन क्विन् प्रत्ययान्तो मे (नामि० ११३) से सर्वत्र पदान्त मे कुत्व होता है ।

१०९५—त्यदादिषु दृशोऽनालोचने कञ्च ॥ ३ । २ । ६० ॥

त्यदादिक उपपद हो तो अनालोचन अर्थ मे वर्तमान 'दृश' धातु से कञ् और क्विन् प्रत्यय हो । तमिवेम पश्यन्ति जना सोऽयं स इव दृश्यमानस्तमिवात्मानं पश्यति ताहक्, ताहश , याहक्, याहश । स्त्री—ताहशी, याहशी । यहा (स्त्रैण० ३५) सूत्र से ङीप् प्रत्यय हो जाता है । अनालोचनग्रहण से यहा न हुआ—तं पश्यति तद्दर्श । ताहगादिक शब्द रूढि शब्दो के समान है, दर्शनक्रिया के अर्थ को नही कहते है ।

१०९६—वा०—दृशेः समानान्ययोश्च ॥ ३ । २ । ६० ॥

समान और अन्य शब्द भी उपपद हो और अनालोचन गम्यमान हो तो 'दृश' धातु से क्विन् और कञ् प्रत्यय हो । सहक्, सहश , अन्याहक्, अन्याहश ।

१०९७—सत्सूद्विषद्रुहदुहयुजविदभिदच्छिदजिनीराजामुपसर्गेपि क्विप् ॥ ३ । २ । ६१ ॥

उपसर्ग वा अनुपसर्ग सुबन्त उपपद हो तो सदादिक धातुओ से क्विप् प्रत्यय हो । द्विष के साहचर्य से अदादि पूङ् धातु का ग्रहण है । युज से युजिर् और युज दोनो का ग्रहण है । विद इसको अकारान्त पढ़ने से विद ज्ञाने । विद सत्तायाम् । विद विचारणे । इन तीनो का ग्रहण है किन्तु विद्लृ का नही है । सत्—शुचिषत्, द्युषत्,

परिषत् । सू—वीरसूः, शतसू, प्रसू । द्विष - मित्रद्विट्, परिद्विट्, प्रद्विट् । द्रुह—मित्रध्रुक्, मित्रध्रुग्, प्रध्रुक् । दुह—गोधुक्, परिधुक् । युज्—अश्वयुक्, प्रयुक् । विद—वेदवित्, प्रवित्, ब्रह्मवित् । भिद्—काष्ठभित्, प्रभित् । छिद्—रज्जुच्छित्, प्रच्छित् । जि—शत्रुजित्, परिजित् । नी—सेनानीः, ग्रामणी, प्रणी । 'ग्रामणी' मे (स्त्रै० ६६६) सूत्र मे ग्रामणी शब्द के निर्देश का मान कर (८७२) से णत्व हो जाता है । राज्—विराट्, सम्राट् ।

१०९८—भजो ण्विः ॥ ३ । २ । ६२ ॥

उपसर्ग वा अनुपसर्ग सुबन्त उपपद हो तो भज धातु से ण्वि प्रत्यय हो । विश्वं भजति विश्वभाक, सुखभाक्, प्रभाक् ।

१०९९—छन्दसि सहः ॥ ३ । २ । ६३ ॥

वेदविषय मे सुबन्त उपपद हो तो सह धातु से ण्वि प्रत्यय हो । तुराषाट् । यहा (८०८) से षत्व होता है ।

११००—वहश्च ॥ ३ । २ । ६४ ॥

वेदविषय मे सुबन्त उपपद हो तो वह धातु से ण्वि प्रत्यय हो । प्रष्ठवाट् ।

११०१—कव्यपुरीषपुरीष्येषु ञ्युट् ॥३।२।६५॥

वेदविषय मे कव्य, पुरीष, पुरीष्य ये उपपद हो तो वह धातु से ञ्युट् प्रत्यय हो । कव्यवाहनः, पुरीषवाहनः, पुरीष्यवाहन ।

११०२—हव्येऽनन्तः पादम् ॥ ३ । २ । ६६ ॥

वेदविषय मे हव्य शब्द उपपद हो तो वह धातु से ञ्युट् प्रत्यय हो जो वह पाद के मध्य मे न हो । अग्निश्च हव्यवाहनः । अनन्तः-पादग्रहण से यहां न हुआ—हव्यवाडग्निरजरः पिता न ।

११०३—जनसनखनक्रमगमो विट् ॥३।२।६७॥

वेदविषय मे सुबन्त उपपद हो तो जन आदि धातुओ से विट् प्रत्यय हो। जन—अब्जा, गोजा। सन—गोषा इन्द्रो नृषा असि। खन—बिसखा:, कूपखा। क्रम—दधिक्रा.। गम—अग्रेगा उन्नेतॄणाम्।

११०४—अदोऽनन्ने ॥ ३। २। ६८ ॥

अद धातु स अन्नभिन्न सुबन्त [उपपद] हो तो विट् प्रत्यय हो। आममत्ति आमात्, सस्यात। अनन्नग्रहण से यहा न हुआ—अन्नाद,।

११०५—क्रव्ये च ॥ ३। २। ६६ ॥

क्रव्य शब्द उपपद हो तो अद धातु से विट् प्रत्यय हो। क्रव्यात्। यहां भी पूर्वसूत्र से विट् प्रत्यय होजाता फिर यह सूत्र असरूप प्रत्यय के बाध के लिये है, इससे क्रव्योपपद अद धातु से अण् प्रत्यय नही होता है।

११०६—दुहः कब्घश्च ॥ ३। २। ७० ॥

सुबन्त उपपद हो तो दुह धातु से कप् प्रत्यय और धातु को घकारान्तादेश हो। कामान् दोग्धि कामादुघा, अर्थदुघा।

११०७—मन्त्रेश्वेतवहोक्थशस्पुरोडाशो ण्विन् ॥ ३। २। ७१ ॥

मन्त्र विषय मे श्वेतवह, उक्थशस्, पुरोडाश इन से ण्विन् प्रत्यय हो। कर्तृवाचक श्वेत शब्दोपपद वह धातु से कर्मकारक मे ण्विन् प्रत्यय हो—श्वेता यं वहन्ति स श्वेतवा,। कर्मवाचक वा करणवाचक उक्थ शब्दपूर्वक शसु धातु से ण्विन्—उक्थानि शंसति उक्थैर्वा शसति उक्थशा:। पुरः पूर्वक दाश् को डकारादेश कर्म मे ण्विन्—पुरो दाशन्त इममिति पुरोडा·। इस विषय मे पदान्त मे (नामि० ११९, १२१) से डस् आदि कार्य होते है।

११०८—अवे यजः ॥ ३ । २ । ७२ ॥

मन्त्रविषय में अव उपपद हो तो यज धातु से णिवन् प्रत्यय हो। अवयजति अवया, त्व यज्ञे वरुणस्यावया असि।

११०९—विजुपे छन्दसि ॥ ३ । २ । ७३ ॥

वेद विषय मे उप उपपद हो तो यज धातु से विच् प्रत्यय हो। उपयड्भिरूर्ध्वं वहन्ति। यहा छन्दोग्रहण ब्राह्मण विषय के लिए भी है।

१११०—आतो मनिन्क्वनिब्वनिपश्च ॥३।२।७४॥

वेदविषय मे सुबन्त उपपद हो तो आकारान्त धातु से मनिन्, क्वनिप्, वनिप् और विच् प्रत्यय हो। मनिन्—शोभन ददाति सुदामा, अश्वत्थामा। क्वनिप्—सुधीवा, सुपीवा। वनिप्—भूरिदावा, घृतपावा। विच्—कीलालपाः।

११११—अन्येभ्योऽपि दृश्यन्ते ॥ ३ । २ ।७५ ॥

आकारान्तो से अन्य धातुओ से भी भिन्न मनिन्, क्वनिप्, वनिप्, विच् प्रत्यय देखे जाते है।

१११२—नेड्वशि कृति ॥ ७ । २ । ८ ॥

वशादि कृत् सज्ञक प्रत्यय परे हो तो इट् न हो। इससे इट् का निषेध होकर—

मनिन्—शोभन शृणाति सुशर्मा। क्वनिप्—प्रातरित्वा, प्रातरित्वानौ। वनिप्—विजावा, अग्रेगावा। विच्—रेडसि पर्ण नये.। यहा[1] अपि शब्द सर्वोपाधिनिवृत्ति के लिये है, इससे केवल से भी होता है—धीवा, पीवा।

१११३—क्विप् च ॥ ३ । २ । ७६ ॥

१ सूत्र ११११ मे।

धातु से क्विप् प्रत्यय हो। उखाया स्रस्यते उखास्रत्, पर्णध्वत्। वाहाद् भ्रश्यति वाहभ्रट्। यह क्विप् प्रत्यय सोपपद वा निरुपपद धातु से लोक वेद मे सर्वत्र होता है।

१११४—इस्मन्त्रन्क्विषु च ॥ ६ । ४ । ९७ ॥

इस, मन्, त्रन्, कि, ये परे हो तो छादि धातु की उपधा को ह्रस्व आदेश हो। तनुं छादयति तनुच्छत्।

ज्वरतीति, जूः, जूरौ, जूरः, तूः, स्रूः, जनानवतीति जनौः, जनावौ, जनावः, मवतीति मूः। यहा सर्वत्र (५५९) से ऊठ्। मूर्च्छतीति मूः, मुरौ, मुरः, धूर्वतीति धूः, धुरौ, धुरः, (५६०) से छ् और व् लोप होता है।

१११५—गमः क्वौ ॥ ६ । ४ । ४० ॥

क्वि परे हो तो गम के अनुनासिक का लोप हो। अङ्गान् गच्छति अङ्गगत्, कश्मीरगत्, कलिङ्गगत्।

१११६—वा०—गमादीनामिति वक्तव्यम् ॥ ६ । ४ । ४० ॥

क्वि के परे गमादिको के अनुनासिक का लोप हो। परितस्तनोतीति परीतत्, परीतत् सह कुण्डिकया, सयच्छतीति सयत्। शोभनं नमति सुनत्।

१११७—वा०—ऊङ् च ॥ ६ । ४ । ४० ॥

लोपविषय मे गमादिको को ऊङ्[1] भी हो। अग्रे गच्छति अग्रेगूः, अग्रे भ्राम्यति अग्रेभ्रूः।

---

[1] अग्रे+गम्+क्विप्—इस अवस्था में क्विप् का लोप और सूत्र १११६ से मकार का लोप होने पर ऊङ् आदेश होता है। ङित् होने से गकारोत्तरवर्ती अकार के स्थान मे होता है। इसी प्रकार 'अग्रेभ्रू' में भी समझना चाहिये।

१११८—स्थः क च ॥ ३ । २ । ७७ ॥

उपसर्ग वा अनुपसर्ग सुबन्त उपपद हो तो स्था धातु से क और क्विप् प्रत्यय हो । श सुखं यथास्यात्तथा तिष्ठति शस्थः, शंस्थाः । यद्यपि "क, क्विप्" प्रत्यय (१००४, १११३) सूत्रों से हो जाते, तथापि यह सूत्र बाधकों के बाधने के लिये है इससे 'शस्थः' आदि मे (१०२१) सूत्र से प्राप्त अच् को बाधता है ।

१११९—सुप्यजातौ णिनिस्ताच्छील्ये ॥३।२।७८॥

अजातिवाची सुबन्तमात्र उपपद और ताच्छील्य अर्थ गम्यमान हो तो धातु से णिनि प्रत्यय हो । उष्णं भोक्तु शीलमस्य उष्णभोजी, शीतभोजी, कटुभोजी, मिष्टभोजी, न्यायकारी, उदासत्तु शीलमस्या उदासारिणी, उदासारिण्यौ, उदासारिण्य , प्रत्यासारिण्य , अनुयायी, विसारी, अनुजीवी । अजाति ग्रहण से यहा न हुआ—गवां दोग्धा। ताच्छील्य ग्रहण से यहां न हुआ—कदाचिन्न्याय करोति ।

११२०-वा०-णिन्विधौ साधुकारिण्युपसंख्यानम् ॥ ३ । २ । ७८ ॥

साधु करोति साधुकारी, साधु ददाति साधुदायी ।

११२१-वा०-ब्रह्मणि वदः ॥ ३ । २ । ७८ ॥

ब्रह्म उपपद हो तो वद धातु से णिनि प्रत्यय हो । ब्रह्म वदति ब्र वादी, ब्रह्मवादिनो वदन्ति । उक्त दोनो वार्त्तिक ताच्छील्य से अन्यत्र के लिये है ।

११२२—कर्त्तर्युपमाने ॥ ३ । २ । ७९ ॥

उपमानवाची कर्ता उपपद हो तो धातु से णिनि प्रत्यय हो । उष्ट्र इव क्रोशति उष्ट्रक्रोशी, ध्वाङ्क्षरावी । अताच्छील्यार्थ वा जात्यर्थ यह सूत्र है । कर्तृग्रहण से यहा न हुआ— अपूपानिव माषान् भक्ष-

यति। उपमानग्रहण से यहा न हुआ—उष्ट्र क्रोशति।

११२३—व्रते ॥ ३ । २ । ८० ॥

शास्त्रोक्त नियम गम्यमान हो और सुबन्त उपपद हो तो धातु से णिनि प्रत्यय हो। स्थण्डिलस्थायी, स्थण्डिलशायी। नियम से स्थण्डिल ही पर सोता है। व्रत ग्रहण से यहां न हुआ—कदाचित् स्थण्डिले शेते देवदत्त। यह जाति के अर्थ वा ताच्छील्य से अन्य अर्थ मे होने के लिये सूत्र है।

११२४—बहुलमाभीक्ष्ण्ये ॥ ३ । २ । ८१ ॥

आभीक्ष्ण्य=वार वार होना अर्थ गम्यमान हो और सुबन्त उपपद हो तो धातु से णिनि प्रत्यय हो। कषायपायिणा गान्धारा, क्षीरपायिण उशीनरा, सौवीरपायिणो बाह्लीका। बहुल ग्रहण से यहां न हुआ—कुल्माषखाद॰।

११२५—मनः ॥ ३ । २ । ८२ ॥

सुबन्त उपपद हो तो मन् धातु से णिनि प्रत्यय हो। दर्शनीय मन्यते दर्शनीयमानी, शाभनमानी, बहुमानी। सामान्य मन् के ग्रहण से मन् मात्र का ग्रहण प्राप्त है तथापि पूर्व सूत्र से 'बहुल' शब्द की अनुवृत्ति करके किसी मन् से णिनि नही भी होता, इससे यहां मन्यति का ग्रहण है, किंतु तनादिस्थ मनु धातु का ग्रहण नही है।

११२६—आत्ममाने खश्च ॥ ३ । २ । ८३ ॥

आत्ममान=अपने को मानना अर्थ गम्यमान हो तो मन धातु से णिनि और खश प्रत्यय हो। आत्मन पण्डितं मन्यते पण्डित-मन्य॰, पण्डितमानी। 'आत्ममान' ग्रहण से यहा खश् प्रत्यय न हुआ—विष्णुमित्रं पण्डितं मन्यते पण्डितमानी।

११२७—इच एकाचोऽम् प्रत्ययवच्च ॥६।३।६८॥

खिदन्त उत्तरपद परे हो तो इजन्त एकाच् को अम् आगम हो और वह अम् विभक्ति के तुल्य हो। गा मन्य। यहां (नामि० १०९) से ओकार को आकारादेश होता है। स्त्रीमन्यः, स्त्रियंमन्यः? यहा (नामि० ८८) से इयङ् विकल्प करके होता है। इच्ग्रहण से यहां न हुआ—त्वमन्यः। एकाच् ग्रहण से यहा न हुआ--लेखाभ्रुंमन्यः।

११२८—भूते ॥ ३ । २ । ८४ ॥

यहा से जो प्रत्यय विधान करें सो भूतकाल में हो। यह अधिकार वर्तमानाधिकार से पूर्व पूर्व है।

११२९—करणे यजः ॥ ३ । २ । ८५ ॥

करण उपपद हो तो भूतकाल मे यज धातु से णिनि प्रत्यय हो। सोमेनेष्टवान् सोमयाजी, अग्निष्टोमेनायाक्षीत् अयष्ट वा अग्निष्टोमयाजी। भूतकाल से अन्यत्र—अग्निष्टोमेन यजते।

११३०—कर्मणि हनः ॥ ३ । २ । ८६ ॥

कर्म उपपद हो तो हन धातु से भूतकाल मे णिनि प्रत्यय हो। पितृव्यघाती। मातुलघाती। [कुत्सितग्रहणं कर्तव्यम्। महाभाष्य ३ । २ । ८७ ॥ इससे यहा न हुआ— चोरं हतवान्।] यहा से सह[1] पर्यन्त कर्माधिकार है।

११३१—ब्रह्मभ्रूणवृत्रेषु क्विप् ॥ ३ । २ । ८७ ॥

ब्रह्मन्, भ्रूण, वृत्र ये कर्म उपपद हो तो भूतकाल मे हन धातु से क्विप् प्रत्यय हो। ब्रह्माणमवधीत् ब्रह्महा, भ्रूणहा, वृत्रहा। धातुमात्र से क्विप् प्रत्यय का विधान कर चुके हैं इससे यह ब्रह्मादि विषय क्विप् प्रत्यय नियमार्थ है। वह यहा दो प्रकार का नियम है—प्रथम भूतकाल में ब्रह्मादिक ही उपपद हो तो हन धातु से क्विप्

---

१ आ० ११४० पर्यन्त।

हो, अन्योपपद हो तो न हो। इससे—'पुरुषं हतवान्' यहां क्विप् न हुआ। दूसरा—भूतकाल में ब्रह्मादिक उपपद हो तो हन से क्विप् ही हो, किन्तु और प्रत्यय न हो। इससे —'वृत्रमवधीत्' यहां कर्मोपपद अण् भी नहीं होता।

११३२—बहुलं छन्दसि ॥ ३ । २ । ८८ ॥

वेदविषय में कर्म उपपद हो तो हन धातु से बहुल करके क्विप् प्रत्यय हो। मातृहा सप्तमं नरकं प्रविशेत, पितृहा, भ्रातृहा। कहीं नहीं भी होता—अमित्रघातः।

११३३—सुकर्मपापमन्त्रपुण्येषु कृञः ॥३।२।८९॥

स्वादिक कर्म उपपद हों तो कृञ् धातु से भूतकाल में क्विप् प्रत्यय हो। शोभनं कृतवान् सुकृत्, कर्मकृत्, पापकृत्, मन्त्रकृत्, पुण्यकृत्। यहां तीन[1] प्रकार का नियम है। प्रथम—स्वादिक उपपद हो तो कृञ् से क्विप् ही हो और प्रत्यय न हो। इससे—'कर्म कृतवान्' यहां अण् नहीं होता। दूसरा—स्वादिक उपपद हो तो कृञ् ही से क्विप् हो, इससे—'मन्त्रमधीतवान्' यहां क्विप् न हुआ। [तीसरा]—स्वादिक उपपद हो तो भूतकाल ही में कृञ् से क्विप् हो, अन्यकाल में न हो। इससे 'मन्त्रङ्करोति, करिष्यति वा' यहां क्विप् नहीं होता। स्वादिकों का नियम नहीं है, इससे अन्योपपद में भी सामान्य क्विप् होता है। भाष्यकृत्, शास्त्रकृत्।

११३४—सोमे सुञः ॥ ३ । २ । ९० ॥

सोम कर्म उपपद हो तो भूतकाल में षुञ् धातु से क्विप् प्रत्यय हो। सोमं सुतवान् सोमसुत्।

---

१ अष्टाध्यायी भाष्य में दो प्रकार का नियम कहा है। यह लेख काशिकानुसारी है।

११३५—अग्नौ चेः ॥ ३ । २ । ९१ ॥

अग्नि कर्म उपपद हो तो चिञ् धातु से भूतकाल मे क्विप् प्रत्यय हो । अग्नि चितवान् अग्निचित्, अग्निचितौ, अग्निचितः ।

११३६—कर्मण्यग्न्याख्यायाम् ॥ ३ । २ । ९२ ॥

कर्म उपपद हो तो भूतकाल मे चिञ् धातु से कर्म कारक मे क्विप् प्रत्यय हो, जो धातु उपपद और प्रत्यय के समुदाय से अग्न्याधारस्थल विशेष की आख्या पाई जाय । श्येन इव चित. श्येनचित्, कङ्कचित् । अग्नि के लिये जो ईंटो का चयन करना है उसकी संज्ञा हैं ।

११३७—कर्मणीनिर्विक्रियः ॥ ३ । २ । ९३ ॥

कुत्सानिमित्तक कर्म उपपद हो तो विपूर्व डुक्रीञ् धातु से भूत-काल में इनि प्रत्यय हो । सोमं विक्रीतवान् सोमविक्रयी, रसविक्रयी । कर्म वर्तमान था फिर कर्मग्रहण शुद्ध कर्म से अन्य कर्म को ग्रहण करने के लिए है, इससे यहां कुत्सानिमित्तक कर्म का ग्रहण होता है । अत एव यहां न हुआ—धान्यविक्राय. ।

११३८—दृशेः क्वनिप् ॥ ३ । २ । ९४ ॥

कर्म उपपद हो तो दृश धातु से भूतकाल मे क्वनिप् प्रत्यय हो। पार दृष्टवान् पारदृश्वा, मेरुदृश्वा ।

११३९—राजनि युधिकृञः ॥ ३ । २ । ९५ ॥

राजन् शब्द कर्म उपपद हो तो युधि कृञ् धातुओ से भूतकाल मे क्वनिप् प्रत्यय हो । राजानं योधितवान् राजयुध्वा । यद्यपि युधि अकर्मक है तथापि अन्तर्भावितण्यर्थ मानकर सकर्मक होजाता है । राजान कृतवान् राजकृत्वा ।

११४०—सहे च ॥ ३ । २ । ९६ ॥

सह शब्द उपपद हो तो युधि कृञ् धातुओं से भूतकाल में क्वनिप् प्रत्यय हो। सहायौत्सीत् सहयुध्वा, सहाकार्षीत् सहकृत्वा।

११४१—सप्तम्यां जनेर्डः ॥ ३ । २ । ९७ ॥

सप्तम्यन्त उपपद हो तो भूतकाल में जन धातु से ड प्रत्यय हो। उपसरे जात उपसरज, सरसिज। यहां (सामा० तत्पुरुषे कृति० १२२) सूत्र से सप्तमी का अलुक् भी होता है। लुक् पक्ष में सरोजः।

११४२—पञ्चम्यामजातौ ॥ ३ । २ । ९८ ॥

जाति भिन्न पञ्चम्यन्त उपपद हो तो जन धातु से भूतकाल में ड प्रत्यय हो। संस्काराज्जात· संस्कारज, पङ्कज·, दु खजः। अजाति ग्रहण से यहा न हुआ—हस्तिनो जातः, अश्वाज्जात्।

११४३—उपसर्गे च संज्ञायाम् ॥ ३ । २ । ९९ ॥

उपसर्ग उपपद हो तो भूतकाल में जन धातु से ड प्रत्यय संज्ञा-विषय में हो। प्रकर्षेण जाता· प्रजाः।

११४४—अनौ कर्मणि ॥ ३ । २ । १०० ॥

कर्म उपपद हो तो अनूपसर्गपूर्वक जन धातु से भूतकाल में ड प्रत्यय हो। राममनुजातो रामानुज, भरतानुजः।

११४५—अन्येष्वपि दृश्यते ॥ ३ । २ । १०१ ॥

अन्य भी उपपद हो तो भूतकाल में जन धातु से ड प्रत्यय देखा जाता है। सप्तम्यन्तोपपद में कहा है उससे अन्यत्र जैसे—नाजनीति अजः, द्वाभ्यां जन्मसंस्काराभ्या जाता द्विजा। अजातिविषयक पञ्चम्यन्तोपपद में कहा है उससे अन्यत्र जाति विषय में जैसे—ब्राह्मणजो धर्म·, क्षत्रियजं युद्धम्, वैश्यजो व्यापार। उपसर्गोपपद से संज्ञा विषय में कहा है उससे अन्यत्र असंज्ञा में—अभिजाः, परिजाः, केशा। अनुपूर्वक से कर्मोपपद में कहा है, अन्यत्र—

अनुजात, अनुज[1]। अपि शब्द सर्वोपाधिनिवृत्ति के लिये है, इससे यहा भी होता है—परित खाता. परिखा[1], आखा[1]।

११४६—क्तक्तवतू निष्ठा ॥ १ । १ । ४० ॥

क्त क्तवतु ये निष्ठा सञ्ज्ञक हों।

११४७—निष्ठाः ॥ ३ । २ । १०२ ॥

भूतकाल मे धातु से निष्ठा संज्ञक प्रत्यय हो। अकारीति कृत, अकार्षीदिति कृतवान्, भुक्तम्, भुक्तवान्। यह क्त प्रत्यय कर्म (९१६) में और क्तवतु कर्ता (९१५) मे होता है।

११४८—निष्ठायामण्यदर्थे ॥ ६ । ४ । ६० ॥

ण्यदर्थ जो भाव कर्म * उससे अन्य अर्थ (कर्ता आदि) में निष्ठा परे हो तो क्षि धातु को दीर्घादेश हो।

११४९—क्षियो दीर्घात् ॥ ८ । २ । ४६ ॥

दीर्घ क्षि धातु से परे निष्ठा के तकार को नकारादेश हो। अक्षेषीदति क्षीणवान्। भाव मे—क्षितमनेन। कर्म मे—क्षितः कामोऽनया।

११५०—रदाभ्यां निष्ठातो नः पूर्वस्य च दः ॥८।२।४२॥

रेफ और दकार से परे निष्ठा के तकार को नकारादेश तथा उस निष्ठा से पूर्व धातु के दकार को भी नकारादेश हो। शीर्ण, विस्तीर्णम्। यहा (२६५) सूत्र से ऋकार को इकारादेश (संधि०

---

१. महाभाष्य और अष्टाध्यायीभाष्य मे "अन्येभ्योऽपि दृश्यते" इस वार्त्तिक से इनकी सिद्धि दर्शाई है। यह लेख काशिकानुसारी है।

* ण्यत कृत्यसञ्ज्ञक प्रत्यय है। कृत्यप्रत्यय (९१६) सूत्र से भाव कर्म मे होते है इससे ण्यदर्थ भाव कर्म है।

८१) सूत्र से रपरत्व होता है। द—भिन्न, भिन्नवान्। रद्ग्रहण से यहा न हुआ-कृतः, कृतवान्। निष्ठाग्रहण से यहा न हुआ—कर्ता। त ग्रहण से यहां न हुआ—चरितम्। पूर्व ग्रहण से पर को न हुआ-भिन्नवद्भ्याम्।

११५१—संयोगादेरातो धातोर्यण्वतः ॥ ८। २। ४३॥

संयोगादि जो यण्वान् आकारान्त धातु उससे परे निष्ठा के तकार को नकारादेश हो। स्त्यान, ग्लान, प्रद्राण। संयोगादि-ग्रहण से यहां न हुआ—यात, यातवान्। आद्ग्रहण से यहां न हुआ—च्युतः, च्युतवान्, प्लुतः, प्लुतवान्। धातुग्रहण से यहा न हुआ—निर्यात। यण्वद्ग्रहण से-'स्नात., स्नातवान्' यहां न हुआ।

११५२—ल्वादिभ्यः ॥ ८। २। ४४॥

लूञादिक धातुओं से परे निष्ठा के तकार को नकारादेश हो। यहा क्र्यादिगणस्थ "लूञ् छेदने" से लेकर "प्ली गतौ" इस धातु पर्यन्त धातुओं का ग्रहण है। उन मे रेफ से परे नकारादेश पूर्व से भी सिद्ध है, शेष धातुओं से अप्राप्त है। लूनः, लूनवान्, धून, धूनवान्।

११५३—वा०—दुग्वोर्दीर्घश्च ॥ ८। २। ४४॥

दु और गु धातु से परे निष्ठा के तकार को नकारादेश और इनको दीर्घ भी कहना चाहिये। दु—आदून। गु—आगून।

११५४—वा०—पूञो विनाशे ॥ ८। २। ४४॥

विनाश अर्थ मे वर्तमान पूञ् धातु से परे निष्ठा के तकार को नकारादेश हो। पूनाः ❀ यवाः। यव विनाश को प्राप्त हो गये। विनाशग्रहण से यहा न हुआ—पूत धान्यम्। धान्य पवित्र है।

❀ धातु अनेकार्थक होते हैं इससे "पूना यवा" यहा पूञ् धातु विनाशार्थक है।

११५५—वा०—सिनोतेर्ग्रासकर्मकर्तृकस्य ॥ ८ । २ । ४४ ॥

जिसका ग्रास कर्म ही कर्ता हुआ हो उस सिञ् धातु से परे निष्ठा के तकार को नकारादेश हो। असायि ग्रास स्वयमेवेति सिनो ग्रासः स्वयमेव। ग्रासकर्मकर्तृग्रहण से यहां न हुआ—सिता पाशेन सूकरी। पाश से सूकरी आप ही बध गई इस अपेक्षा मे निष्ठा के 'त' को 'न' न हुआ। ग्रास शब्द भी जब कर्म ही रहता तब निष्ठा के तकार को नकार नही होता है। सितो ग्रासो देवदत्तेन।

११५६—ओदितश्च ॥ ८ । २ । ४५ ॥

जिसका ओकार इत् संज्ञक हो उससे परे निष्ठा तकार को नकारादेश हो। ओलजी—लग्न, लग्नवान्। ओविजी—उद्विग्नः, उद्विग्नवान्। ओहाक्—प्रहीण, प्रहीणवान्।

११५७—द्रवमूर्त्तिस्पर्शयोः श्यः ॥६।१।२४॥

निष्ठा परे हो तो द्रवमूर्ति=घृतादि पदार्थ का कडापन और स्पर्श=छूने अर्थ मे वर्तमान श्यैङ् धातु को संप्रसारण हो। स्पर्श—शीत वर्तते, शीतो वायुः। द्रवमूर्त्ति के अगले सूत्र मे उदाहरण देंगे। द्रवमूर्त्तिस्पर्शग्रहण से यहा न हुआ—संश्यानो वृश्चिक। सिमिटा हुआ बीछू है।

११५८—श्योऽस्पर्शे ॥ ८ । २ । ४७ ॥

स्पर्श भिन्न अर्थ मे वर्त्तमान श्यैङ् धातु से परे निष्ठा तकार को नकारादेश हो। शीन घृतम्, जमा घृत है। अस्पर्श ग्रहण से यहा न हुआ—शीतो वायुः।

११५९—प्रतेश्च ॥ ६ । १ । २५ ॥

निष्ठा परे हो तो प्रति से परे श्यैङ् धातु को सम्प्रसारण हो। प्रतिशीन, प्रतिशीनवान्।

११६०—विभाषाभ्यवपूर्वस्य ॥६।१।२६॥

निष्ठा परे हो तो अभि अव पूर्वक श्यैङ् धातु को विकल्प करके सम्प्रसारण हो। अभिशीनम्, अभिश्यानम्। अवशीनम्, अवश्यानम्। द्रवमूर्तिस्पर्शविवक्षा मे भी विकल्प होता है। अभिशीनम्, अभिश्यानम्, अवशीनम्, अवश्यानम् वा घृतम्, अभिशीतः, अभिश्यानः, अवशीतः, अवश्यानो वा वायुः। यह व्यवस्थित विभाषा है इससे अभि, अव और किसी के साथ मे हो तो सम्प्रसारण नहीं होता। समवश्यानः। समभिश्यानः।

११६१—अञ्चोऽनपादाने ॥ ८ । २ । ४८ ॥

अनपादान से अञ्चु धातु से परे निष्ठा के तकार को नकारादेश हो।

११६२—यस्य विभाषा ॥ ७ । २ । १५ ॥

जिस धातु के विषय मे कहीं विकल्प करके इट् कहा है उससे निष्ठा मे इडागम न हो। सम्+अञ्चु+त=समक्न, न्यक्न। उदित् धातु से क्त्वा प्रत्यय को विकल्प करके इडागम कहेंगे[1]। इससे यहां इट् (४७) न हुआ। अनपादान ग्रहण से यहां न हुआ—उदक्तमुदकं कूपात्।

११६३—दिवोऽविजिगीषायाम् ॥८।२।४९॥

अविजिगीषा=न जीतने की इच्छा अर्थ मे दिवु धातु से परे निष्ठा के तकार को नकारादेश हो। आद्यूनः। अविजिगीषाग्रहण से यहां न हुआ—द्यूतं वर्तते।

---

१ उदितो वा। आ० १५४४।

११६४—निर्वाणोऽवाते ॥ ८ । २ ५० ॥

अवात अर्थ में निर्वाण यह निपातन है। निर्वाणो मुनि । निवृत्तसुख को मुनि प्राप्त है । यहां वात=पवन से अन्य कर्ता में निर् पूर्वक वा धातु से [परे] निष्ठा तकार को नकारादेश होता है। वात में तो—'निर्वात.' होगा ।

११६५—शुषः कः ॥ ८ । २ । ५१ ॥

शुष धातु से परे निष्ठा के तकार को ककारादेश हो। शुष्कः, शुष्कवान्, शुष्कवन्तौ, शुष्कवन्त ।

११६६—पचो वः ॥ ८ । २ । ५२ ॥

पच धातु से निष्ठा के तकार को वकारादेश हो। पक्व, पक्ववान् ।

११६७—क्षायो मः ॥ ८ । २ । ५३ ॥

क्षै धातु से परे निष्ठा के तकार को मकारादेश हो । क्षाम:, क्षामवान् ।

११६८—स्त्यः प्रपूर्वस्य ॥ ६ । १ । २३ ॥

निष्ठा परे हो तो प्र पूर्वक स्त्यै धातु को सम्प्रसारण हो ।

११६९—प्रस्त्योऽन्यतरस्याम् ॥८।२।५४॥

प्रपूर्वक स्त्य धातु से परे निष्ठा के तकार को मकारादेश विकल्प करके हो । प्रस्तीम , प्रस्तीमवान्, प्रस्तीत , प्रस्तीतवान् ।

११७०—आदितश्च ॥ ७ । २ । १६ ॥

आकार जिसका इत्संज्ञक हो उससे परे निष्ठा को इट् आगम न हो ।

११७१—ति च ॥ ७ । ४ । ८९ ॥

तकारादि कित् परे हो तो चर, फल धातुओ के अकार को उकारादेश हो ।

११७२—अनुपसर्गात्फुल्लक्षीबकृशोल्लाघाः ॥ ८ । २ । ५५ ॥

उपसर्ग से न परे हो तो फुल्ल, क्षीब, कृश और उल्लाघ ये निपातन हैं। फुल्ल । यहा 'ञिफला विशरणे' धातु से निष्ठा के त को लत्व निपातन और (११७०) से इट् निषेध तथा (११७१) से उकार होता है। इस धातु से निष्ठा को लकार एकदेश मे भी इष्ट है। फुल्लवान्। क्षीबृ मदे—क्षीबः[1]। मत्त का नाम है। कृश तनूकरणे-कृशः। दुर्बलशरीर। उत् पूर्व 'लाघ सामर्थ्ये' से- उल्लाघ. । नीरोग कहाता है। इन प्रयोगो मे निष्ठा के तकार का लोप और उस के असिद्ध (सन्धि० ११८) होने से प्राप्त इट् का निषेध निपातन है। उपसर्ग से परे उक्त निपातन नही होते है जैसे—प्रफुल्लितः, प्रक्षीबित, प्रकृशितः प्रोल्लाघितः। प्रफुल्लशब्द तो फुल्ल विकसने धातु से (९७७) सूत्र से होगा।

११७३—वा०—उत्फुल्लसंफुल्लयोरिति वक्तव्यम् ॥ ८ । २ । ५५ ॥

ञिफला धातु से निष्ठा के तकार को नकारादेश विधान मे उत्फुल्ल संफुल्ल इन शब्दो का भी उपसंख्यान करना चाहिये। उत्फुल्ल, संफुल्ल. ।

११७४—नुदविदोन्दत्राघ्राह्रीभ्योऽन्यतरस्याम् ॥ ८ । २ । ५६ ॥

१ 'क्षीब पद मे दो प्रकार से निपातन माना है। प्रथम —'क्षीब् इ त' इस अवस्था मे 'इत्' भाग का लोप (इस पक्ष मे 'त' प्रत्यय का 'अ' बकार में मिल जाता है)। दूसरा—इट् करने से पूर्व तकार का लोप। देखो सन्धिविषय सूत्र १२४, पृष्ठ ६१ की टिप्पणी ५ ॥

नुद, विद, उन्द, त्रा, घ्रा, ह्री इन धातुओं से परे निष्ठा के तकार और पूर्व दकार को नकारादेश विकल्प करके हो। नुद—नुन्न, नुत्तः। विद—विन्न, वित्तः। यहां रुधादिगणस्थ 'विद विचारणे' धातु का ग्रहण है। उन्दी—उन्द्+त, यहां—

११७५—श्वीदितो निष्ठायाम् ॥ ७। २। १४ ॥

श्वि और ईदित् धातु से परे निष्ठा को इट् आगम न हो। इससे इट् का निषेध होकर—उन्न., उत्तः। त्रा—त्रातः, त्राणः। घ्र—घ्राणः, घ्रातः। ह्री—ह्रीणः, ह्रीत।

११७६—न ध्याख्यापॄमूर्छिमदाम् ॥८।२।५७॥

ध्या ख्या पॄ मूर्छि मद इनसे परे निष्ठा को नकारादेश न हो। ध्यातः, ध्यातवान्, ख्यातः, ख्यातवान, पूर्तः, पूर्तवान्, मूर्त, (५६०) मूर्तवान्, मत्तः, मत्तवान्।

११७७—वित्तो भोगप्रत्यययोः ॥८।२।५८॥

भोग और प्रत्यय=प्रतीत अर्थ मे 'वित्त' यह निपातन हो। भोग—बहुवित्तमस्य। इसके बहुत धन है। सब प्रकार धन ही भोगते हैं इससे भोग अर्थ प्रकाशित होता है। प्रत्यय—वित्तोऽयं पुरुषः। पुरुष प्रतीत हुआ है। यहां विद्लृ का ग्रहण है। उक्त अर्थों से अन्यत्र—'विन्नः' होगा।

वेत्तेस्तु विदितो निष्ठा विद्यतेर्विन्न इष्यते। वित्तेर्विन्नश्च वित्तश्च भोगे वित्तश्च विन्दते। महाभाष्य ८। २। ५८॥

'विद ज्ञाने' से निष्ठान्त—विदितः। और 'विद सत्तायाम्' से निष्ठान्त—विन्न.। तथा 'विद विचारणे' से निष्ठान्त—(११७४) विन्न, वित्तः। और भोग वा प्रत्यय मे 'विद्लृ लाभे' से—वित्त., इष्ट है। यहां कारिका मे 'भोग' उपलक्षण मात्र है इससे 'प्रत्यय' का भी ग्रहण है।

११७८—भित्तं शकलम् ॥ ८ । २ । ५९ ॥

शकल (टुकडा) वाच्य हो तो भित्त यह निपातन है। भिदिर्—भित्तं शकलम्। अन्यत्र—भिन्नम्।

११७९—ऋणमाधमर्ण्ये ॥ ८ । २ । ६० ॥

आधमर्ण्य=ऋण का लेना अर्थ मे ऋण यह निपातन हो। ऋण धारयति। यहा ऋ धातु से निष्ठा के तकार को नकारादेश निपातन है। आधमर्ण्य ग्रहण से यहा न हुआ—ऋतं वक्ष्यामि। ऋणे अधम अधमर्ण, अधमर्णस्य भावः आधमर्ण्यम्। ऋण मे जो लेने वाला है वह अधम कहाता है। यहां समास मे सप्तम्यन्त ऋण शब्द का अपूर्वनिपात "आधमर्ण्य" इस निर्देश को देखकर होता है तथा यह 'आधमर्ण्य' उपलक्षण भी है इससे 'उत्तमर्ण' यह भी होता है।

११८०—नसत्तनिषत्तानुत्तप्रतूर्त्तसूर्त्तगूर्त्तानि-च्छन्दसि ॥ ८ । २ । ६१ ॥

वेदविषय मे नसत्त, निषत्त, अनुत्त, प्रतूर्त्त, सूर्त्त, गूर्त्त ये निपातन है। नसत्तमञ्जसा। निषत्तमस्य चरत.। इन मे नञ् और निपूर्वक सद् धातु से निष्ठा तकार को नकारादेश का अभाव निपातन है। लोक मे—'असन्न निषण्ण' होगे। अनुत्तमा ते मघवन्। यहा नञ् पूर्वक उन्दी से निष्ठा को नत्वाभाव निपातन है। अनुन्न.। यह लोक मे होगा। प्रतूर्त्त वाजिनम्। यहां त्वर वा तुर्वी धातु से निष्ठा को नत्वाभाव। लोक मे—प्रतूर्णम्। सूर्त्ता गावः। यहा सृ धातु से निष्ठा को नत्वाभाव [और धातु को उत्त्व निपातन है।] लोक मे—सृता. गूर्त्ता अमृतस्य। यहा गूरी से निष्ठा को नत्वाभाव। लोक मे—गूर्णम्।

११८१—स्फायः स्फी निष्ठायाम् ॥६।१।२२॥

निष्ठा परे हो तो स्फाय धातु को स्फी आदेश हो। स्फायी—स्फीतः, स्फीतवान्। निष्ठाग्रहण से यहां न हुआ—स्फातिः। यहां क्तिन् प्रत्ययान्त है।

११८२—इण् निष्ठायाम् ॥ ७ । २ । ४७ ॥

निर् से परे जो कुष धातु उससे निष्ठा परे हो तो उसको इडागम हो। निष्कुषितः।

११८३—वसतिक्षुधोरिट् ॥ ७ । २ । ५२ ॥

वस और क्षुध धातु से परे क्त्वा और निष्ठा को इट् का आगम हो। वस—उषित, उषितवान्। क्षुध—क्षुधितः, क्षुधितवान्।

११८४—अञ्चेः पूजायाम् ॥ ७ । २ । ५३ ॥

पूजार्थ मे अञ्चु से क्त्वा और निष्ठा को इडागम हो। अञ्चिता अस्य गुरवः। पूजा से अन्यत्र—उदक्तमुदकं कूपात्।

११८५—लुभो विमोहने ॥ ७ । २ । ५४ ॥

विमोहन=व्याकुल करना अर्थ मे वर्तमान लुभ धातु से परे क्त्वा और निष्ठा को इट् आगम हो। विलुभित, विलुभितानि पदानि। विमोहन ग्रहण से यहां न हुआ—लुब्धो वृषलः।

११८६—क्लिशः क्त्वानिष्ठयोः ॥७।२।५०॥

क्लिश धातु से परे क्त्वा और निष्ठा को विकल्प करके इट् आगम हो। क्लिष्ट, क्लिष्टवान्, क्लिशित, क्लिशितवान्। यहां 'क्लिश उपतापे' और 'क्लिशू विबाधने' इन दोनो का ग्रहण है।

११८७—पूङश्च ॥ ७ । २ । ५१ ॥

पूङ् धातु से क्त्वा और निष्ठा को इडागम विकल्प करके हो। पू+इ+त। यहां—

११८८—पूङः क्त्वा च ॥ १ । २ । २२ ॥

पूङ् धातु से परे [सेट्] क्त्वा और निष्ठा कित् न हो। पवितः। इट् विकल्प मे—पूत ।

११८९—निष्ठा शीङ्स्विदिमिदिक्ष्विदिधृषः॥ १ । २ । १९ ॥

शीङ्, ञिष्विदा, ञिमिदा, ञिक्ष्विदा, ञिधृषा इन से परे सेट निष्ठा कित् न हो। शीङ्-शयितः, शयितवान्। यहा ङकारोच्चारण यङ्लुगन्त की निवृत्ति के लिये है[1]। शेशीतः, शेशीतवान्।

११९०—वा०—आदिकर्मणि निष्ठा वक्तव्या ॥ ३ । २ । १०२ ॥

आदिकर्म=क्रिया के प्रारम्भ मे धातु से निष्ठा संज्ञक प्रत्यय कहना चाहिये।

११९१—आदिकर्मणि क्तः कर्तरि च ॥३।४।७१॥

आदिकर्म मे जो क्त प्रत्यय विहित है वह कर्ता और भाव कर्म मे हो।

११९२—विभाषा भावादिकर्मणोः ॥७।२।१७॥

आकार जिसका इत् सञ्ज्ञक हो उस धातु से परे भाव और आदिकर्म मे जो निष्ठा उसको विकल्प करके इट् आगम न हो। प्रस्वेदितम् मैत्रेण। मैत्र ने प्रस्वेद किया। प्रस्वेदितश्चैत्र। चैत्र प्रस्वेद को प्राप्त हुआ। प्रस्वेदितवान्, प्रमेदितम्, प्रमेदितः, प्रमेदितवान्, प्रक्ष्वेदितम्, प्रक्ष्वेदितः, प्रक्ष्वेदितवान्, प्रधर्षितम्, प्रधर्षितः, प्रधर्षितवान्।

---

१. श्तिपा शपानुबन्धेन निर्दिष्टं यद्गणेन च ।
यत्रैकाज् ग्रहणं चैव पञ्चैतानि न यङ्लुकि ॥
इसकी व्याख्या पूर्व कर चुके हैं।

११६३—मृषस्तितिक्षायाम् ॥ १ । २ । २० ॥

मृष धातु से परे तितिक्षा=सहन अर्थ मे इट् सहित निष्ठा कित् न हो। मर्षित, मर्षितवान्। तितिक्षाग्रहण से यहा न हुआ—अपमृषितं वाक्यम्। स्पष्टाक्षर वाक्य नही है।

११६४—उदुपधाद्भावादिकर्मणोरन्यतरस्याम् ॥ १ । २ । २१ ॥

उकारोपध धातु से परे भाव और आदिकर्म मे जो सेट् निष्ठा सो विकल्प करके कित् न हो। प्रद्युतितम्, प्रद्योतितं वाऽनेन, प्रद्योतितः, प्रद्युतितः साधुः, प्रमुदितम्, प्रमोदितमनेन, प्रमुदितः, प्रमोदितः साधुः। उदुपधग्रहण से यहां न हुआ—लिखितमनेन, विदितमनेन। भावादिकर्मग्रहण से यहा न हुआ—रुचितं कार्षापणं ददाति। सेट्ग्रहण से यहां न हुआ—प्रभुक्त ओदनः। यहा शब्विकरण धातुओ का ग्रहण इष्ट है।

११६५—शब् विकरणेभ्य एवेष्यते। महाभाष्ये। १ । २ । २१ ॥

इससे यहां न हुआ—गुधितः, गुधितवान्।

११६६—निष्ठायां सेटि ॥ ६ । ४ । ५२ ॥

सेट् निष्ठा परे हो तो णि प्रत्यय का लोप हो। भावितः, भावितवान्।

गुह—गूढः, गूढवान्। वनु—वतः। तनु—ततः (३०३)। पत्लृ—पतितः। यद्यपि पत् धातु को विकल्प करके इट् (५१९) से विहित है, इससे निष्ठा मे इट् निषेध भी (११६२) से प्राप्त है, तथापि (सामा० द्वितीया० ७५) सूत्र मे पतित शब्द के ग्रहण से 'पतित' यहां इडागम (४७) से होता है।

११९७—क्षुब्धस्वान्तध्वान्तलग्नम्लिष्टविरिब्धफाण्टबाढानि मन्थमनस्तमःसक्ताऽविस्पष्टस्वरानायासभृशेषु ॥ ७ । २ । १८ ॥

मन्थ, मनस्, तमस्, सक्त, अविस्पष्ट, स्वर, अनायास, भृश इन अर्थों मे यथासंख्य करके क्षुब्ध, स्वान्त, ध्वान्त, लग्न, म्लिष्ट, विरिब्ध, फाण्ट, बाढ ये इट् रहित निपातन है । क्षुभ सचलने—क्षुब्धो मन्थः । मन्थ यह मथनी आदि जो मन्थनदण्ड है उन का नाम है । मन्थ से अन्यत्र—क्षुभितम् । स्वन ध्वन शब्दे—स्वान्तं मनः, ध्वान्तं तम. । अन्यत्र—स्वनितम्, ध्वनितम् । लगे सगे—लग्नं सक्तम् । जो किसी मे लग रहा है । यहां निष्ठा को नकारादेश भी निपातन है । अन्यत्र—लगितम् । म्लेच्छ अव्यक्ते शब्दे—म्लिष्टम् अविस्पष्टम् । जो अच्छे प्रकार स्पष्ट न हो । रेभृ शब्दे—विरिब्धः स्वरः । इन दोनो प्रयोगो मे एकार को इकार भी निपातन है। अन्यत्र—म्लेच्छितम्, विरेभितम् । फण गतौ—फाण्टम् अनायाससाध्यं कषायम् । विना परिश्रम से सिद्ध होने वाले काढ़े को कहते है अर्थात् जो ओषधि पकाई वा पीसी न जाय किन्तु जल मे भिगोने से उससे जो रस उत्पन्न हो और उस को पीछे से कुछ उष्ण कर लिया जाय ,वह अनायाससाध्य काढा फाण्ट कहाता है । अन्यत्र—फाणितम । बाहृ प्रयत्ने—बाढ भृशम् । अतिशय को कहते है । अन्यत्र—बाहितम् ।

११९८—धृषिशसी वैयात्ये ॥ ७ । २ । १९ ॥

निष्ठा परे हो तो वैयात्य=अविनय * अर्थ मे ञिधृषा और

* विरूपं यातं गमनं चेष्टनं यस्य स वियातस्तस्य भावो वैयात्यमविनयः । जिसका विरूप गमन = चेष्टा है वह वियात कहाता है, उसका होना वैयात्य अर्थात् अविनय कहाता है ॥

शसु अनिट् हो अन्यत्र न हो। ञिधृषा—अयं धृष्टः पुरुषः। यह ढीठ पुरुष है। शसु—अयं विशस्तः पुरुषः। यह हिंसक पुरुष है। 'ञिधृषा' से निष्ठा को इट् निषेध (११७०) सूत्र से सिद्ध तथा 'शसु' से (११६२) सूत्र से सिद्ध है इससे वैयात्य अर्थ में यह अनिट् विधान करना नियमार्थ है अर्थात् वैयात्य ही अर्थ मे धृषि, शसि, अनिट् हों अन्यत्र न हो। वैयात्य से अन्यत्र—धर्षितः, विशसितः।

११९९—दृढः स्थूलबलयोः ॥ ७ । २ । २० ॥

स्थूल और बलवान् ये अर्थ वाच्य हों तो 'दृढ' यह निपातन है। दृढः स्थूलः। दृढो बलवान्। यहां 'दृह, दृहि वृद्धौ' इन दोनो धातुओं से क्त प्रत्यय को इट् का अभाव और ढकारादेश तथा धातु के हकार का लोप और दृहि के इदित्‌भाव से (१२८) हुए नकार का लोप निपातन है स्थूल और बल से अन्यत्र—दृहितः, दृंहितः।

१२००—प्रभौ परिवृढः ॥ ७ । २ । २१ ॥

प्रभु वाच्य हो तो 'परिवृढ' यह निपातन है। परिवृढः कुटुम्बी। यहां "वृह, वृहि वृद्धौ" इनसे दृढ शब्द के तुल्य समस्त कार्य होते है। प्रभु अर्थ से अन्यत्र—परिवृहितः, परिवृंहितः।

१२०१—कृच्छ्रगहनयोः कषः ॥७।२।२२॥

कृच्छ्र=दुःख वा दुःख का निमित्त और गहन=सघन अर्थ मे कष धातु से निष्ठा को इडागम न हो। कृच्छ्र—कष्टं दुःखम्, कष्टो रोगः। दुःख तथा दुःख का निमित्त रोग आदि कष्ट कहाता है। गहन—कष्टाः पर्वताः, कष्टानि वनानि। कृच्छ्रगहन से अन्यत्र—कषितं सुवर्णम्।

१२०२—घुषिरविशब्दने ॥ ७ । २ । २३ ॥

निष्ठा परे हो तो अविशब्दन=विशब्दन प्रतिज्ञा उससे अन्य अर्थ मे घुषिर् धातु अनिट् हो । घुष्टा रज्जुः । अविशब्दनग्रहण से यहां न हुआ—अवघुषितं वाक्यमाह । अर्थात् प्रतिज्ञातवाक्य कह रहा है । चुरादिगणस्थ घुषिर् धातु से * जो णिच् होता है उस की अनित्यता में अविशब्दन निषेध ज्ञापक है ।

१२०३—अर्देः सन्निविभ्यः ॥ ७ । २ । २४ ॥

सम् नि वि इन से परे जो अर्द धातु उससे परे निष्ठा को इट् आगम न हो । समर्णः (११५०), न्यर्ण , व्यर्ण. । अर्दग्रहण से यहां न हुआ—समेधितः । सन्निविग्रहण से—"अर्दितः" यहां न हुआ ।

१२०४—अभेश्चाविदूर्य ॥ ७ । २ । २५ ॥

आविदूर्य=जो बहुत दूर न हो वा अति समीप हो उस अर्थ मे अभि से परे जो अर्द धातु उससे परे निष्ठा को इट् न हो । अभ्यर्णम् (११५०) । अन्यत्र—शीतेनाभ्यर्दितो वृषभ । वृषभ शीत से पीडित हो रहा है ।

१२०५—णेरध्ययने वृत्तम् ॥ ७ । २ । २६ ॥

---

* घुषिर धातु पिछले दो गणों में पढ़ा है अर्थात् भ्वादिगण में "घुषिर् अविशब्दने" तथा चुरादिगण में "घुषिर् विशब्दने" इन दोनों में से अविशब्दन अर्थ में निष्ठा के परे घुषिर् धातु अनिट् है । विशब्दन में अनिट् नहीं है । यहां यह शंका है कि विशब्दन में इट् निषेध क्यो किया अर्थात् विशब्दन मे चुरादि णिच् होकर घोषि हो जाता है, किन्तु घुष नहीं रहता है इससे (अविशब्दने) यह ज्ञापक है कि चुरादि णिच् उक्त धातु से अनित्य है ।

अध्ययन अर्थ मे णयन्त वृतु धातु से निष्ठा को इट् का अभाव और णिच् का लोप निपातन है। वृत्तं व्याकरणमनेन। इसने व्याकरण का सपादन कर लिया। अध्ययन से अन्यत्र—वर्त्तिता रज्जुः। वर्त्ती [=बटी] हुई डोरी है।

१२०६—शृतं पाके॥ ६। १। २७॥

क्तप्रत्यय के परे पाक अर्थ मे णिजन्त वा णिच् रहित श्रा धातु को शृभाव निपातन है।

१२०७-वा०-क्षीरहविषोरिति वक्तव्यम्॥ ६। १। २७॥

उक्त शृभाव क्षीरहविर्विषयक पाक अर्थ मे कहना चाहिये। श्रा पाके—शृतं क्षीरं स्वयमेव, शृतं हविः स्वयमेव। णिजन्त—शृतं क्षीरं देवदत्तेन। अन्यत्र—श्राणा (११५१) श्रपिता वा यवागूः। श्रा धातु अकर्मक है इससे कर्मकर्तृ विषयक पच धातु के अर्थ मे वर्तमान है णिजन्त श्रा धातु से फिर प्रयोजकव्यापार मे णिच् किया जाय। जैसे--श्रा+पुक्+णिच्+णिच्+क्त+सु=यहां—

१२०८-वा०-श्रपेः शृतमन्यत्र हेतोरिति वक्तव्यम्॥ ६। १। २७॥

णिजन्त श्रा=श्रपि धातु से जो हेतु अर्थात् प्रयोजक व्यापार उससे अन्यत्र शृभाव निपातन करना चाहिये। शृभाव का निषेध होकर—अश्रपि क्षीरं देवदत्तेन यज्ञदत्तेन, श्रपितं क्षीरं देवदत्तेन यज्ञदत्तेनेति।

१२०९—वा०-दान्तशान्तपूर्णदस्तस्पष्टच्छन्नज्ञप्ताः॥ ७। २। २७॥

णिच् विषय मे दान्त, शान्त, पूर्ण, दस्त, स्पष्ट, छन्न, ज्ञप्त ये विकल्प करके निपातन है। दमु—दान्तः (५८८), पक्ष मे—दमित । शमु—शान्तः, शमित । पूरी—पूर्ण, पूरितः । दसु—दस्त, दासित । स्पश—स्पष्ट, स्पाशित । छद—छन्न., छादित । इन दान्तादिको मे णिलुक् और इट् का अभाव निपातन है। ज्ञप—ज्ञप्त, ज्ञापितः । ज्ञप्त का ग्रहण विकल्पार्थ इट् विधान के लिए है क्योकि ज्ञप से (५१५) सूत्र से इट् विकल्प विधान है इससे (११६२) सूत्र से नित्य इट् प्रतिषेध प्राप्त है।

१२१०—रुष्यमत्वरसंघुषास्वनाम् ॥७।२।२८॥

रुष अम त्वर संघुष् आस्वन—इन धातुओ से निष्ठा को इट् आगम विकल्प करके हो। रुष—रुष्ट, रुषित. । (२१२) स इट् विकल्प, (११६२) सूत्र से निषेध प्राप्त था। अम—आन्त, (५८८) अमित. । ञित्वरा—तूर्ण, त्वरित । (११७०) इट् प्रतिषेध प्राप्त था। संघुषिर्—सघुष्ट, सघुषित । आस्वन–आस्वान्त, आस्वनितः।

१२११—हृषेर्लोमसु ॥ ७ । २ । २९ ॥

लोम विषय मे वर्तमान हृष धातु से परे निष्ठा को विकल्प करके इट् आगम हो।

१२१२-वा०-हृषेर्लोमकेशकर्तृकस्येति वक्तव्यम् ॥ ७ । २ । २९ ॥

उक्त इट् विकल्प लोम और केशकर्तृक हृष धातु से कहना चाहिये। हृष्टानि लोमानि, हृषितानि लोमानि। हृष्टं लोमभिः, हृषितं लोमभि । हृष्टाः केशाः, हृषिताः केशाः। हृष्टं केशैः, हृषितं केशैः। 'हृषु अलीके' तथा "हृष तुष्टौ" दोनो का ग्रहण है। उनमे हृषु उदित् होने से निष्ठा मे (११६२) से अनिट् तथा हृष सेट् है। लोम से अन्यत्र—हृषु—हृष्टो देवदत्तः हृष—हृषितो देवदत्तः।

१२१३–वा०–विस्मितप्रतिघातयोरिति वक्तव्यम् ॥ ७ । २ । २९ ॥

विस्मित=विस्मय को प्राप्त, प्रतिघात=ताडना को प्राप्त इन अर्थों मे हृष् धातु से इट् विकल्प करके कहना चाहिये। विस्मित—हृष्टो देवदत्त, हृषितो देवदत्त. । प्रतिघात--हृष्टा दन्ता, हृषिता दन्ता. ।

१२१४—अपचितश्च ॥ ७ । २ । ३० ॥

अपचित यह विकल्प करके निपातन है। अपचित, अपचायितो वाऽनेन गुरु । इसने गुरु सत्कार युक्त किया। यह अपपूर्वक चाय् धातु से निष्ठा को इडभाव और धातु को चिभाव निपातन है।

१२१५—प्याय: पी ॥ ६ । १ । २८ ॥

निष्ठा परे हो तो ओप्यायी धातु का विकल्प करके पी आदेश हो। ओप्यायी वृद्धौ—पीन मुखम्, पीनमुर ।

१२१६–वा०–आङ्पूर्वादन्धूधसोः ॥६।१।२८॥

आङ्पूर्वक ओप्यायी धातु को यदि अन्धु और ऊधस् वाच्य हो तो निष्ठा के परे पी आदेश कहना चाहिये। आपीनोऽन्धु:, आपीन-मूध । पूर्व सूत्र से सर्वत्र पी आदेश सिद्ध है फिर भी जो आङ्-पूर्वक इत्यादि विधान है सो नियमार्थ है अर्थात् आङ् पूर्वक मे निष्ठा के परे अन्धु और ऊधस् ही वाच्य हो तो 'पी' आदेश हो, अन्यत्र न हो—आप्यानश्चन्द्रमा: । तथा यह उभयतोनियम भी है अन्धु ऊधस् वाच्य हो तो आङ्पूर्वक ही से निष्ठा के परे पी आदेश हो। अन्य-पूर्व से न हो—प्रप्यानोऽन्धु, प्रप्यानमूध ।

१२१७—ह्लादो निष्ठायाम् । ६ । ४ । ९५ ॥

निष्ठा परे हो तो ह्लाद अङ्ग को ह्रस्वादश हो। प्रह्लन्न., प्रह्लन्नवान्। निष्ठा ग्रहण से यहां न हुआ—प्रह्लादयति।

१२१८—द्यतिस्यतिमास्थामित्ति किति ॥७।४।४०॥

तादि कित् परे हो तो द्यति, स्यति, मा, स्था इन अङ्गो को इकारादेश हो। द्यति—दो अवखण्डने—दितः, दितवान्। स्यति—षो अन्तकर्मणि—सित, सितवान्। मा—मा माने, माङ् माने, मेङ् प्रणिदाने[1]—मितः, मितवान्। स्था—ष्ठा गतिनिवृत्तौ—स्थित, स्थितवान्।

१२१९—शाछोरन्यतरस्याम् ॥ ७ । ४ । ४१ ॥

तादि कित् परे हो तो शा, छा अङ्गो को इकारादेश विकल्प करके हो। निशितम्, निशातम्, निशितवान्, निशातवान्, अवच्छि-तम्, अवच्छातम्, अवच्छितवान्, अवच्छातवान्। यह व्यवस्थित विभाषा है इससे व्रतविषय मे श्यति को नित्य इकारादेश होता है- सशित व्रतम्। सम्यक् प्रकार से संपादन किया [हुआ] व्रत है। संशितो ब्राह्मण। व्रतविषयक यत्नवान् ब्राह्मण है।

१२२०—दधातेर्हिः ॥ ७ । ४ । ४२ ॥

तादि कित् परे हो तो डुधाञ् धातु को हि आदेश हो। अभि-हितम्, निहितम्। विहितम्।

१२२१—सुधितवसुधितनेमधितधिष्वधिषीय च ॥ ७ । ४ । ४५ ॥

वेदविषय मे सुधित, वसुधित, नेमधित, धिष्व, धिषीय ये निपा-तन है। गर्भं माता सुधितं वक्षणासु, वसुधितमग्नौ जुहोति, नेमधिता बाधन्ते। इनमे सु, वसु, नेमपूर्वक "डुधाञ्" धातु को इकारादेश निपातन है। लोक मे—सुहित, वसुहित और नेमहित होगा। धिष्व सोमम्, सुरेता रेतो धिषीय। इन दोनो मे 'डुधाञ्' को इत्व वा प्रत्यय को इडागम निपातन है। 'धिष्व' लोट् मध्यमैकवचन मे है,

१. गामादाग्रहणेष्वविशेष। पारि० ९२।

लोक मे—"धत्स्व' होता [है], तथा 'धिषीय' आशीर्लिङ् के उत्तमैकवचन में है, लोक मे—'धासीय' होता है।

१२२२—दो दद्घोः ॥ ७ । ४ । ४६ ॥

तादि कित् परे हो तो घु संज्ञक दा धातु को दथ् आदेश हो। डुदाञ्—दत्त, दत्तवान्। दा ग्रहण से यहां न हुआ—'धेट् पाने'—धीतः, धीतवान्। यहां (३४६) से इकारादेश होता है। घुग्रहण से यहां न हुआ। दैप् शोधने—अवदातं मुखम्। उक्त आदेश को दत्, दद्, दध्, दथ्, इनमे कौनसा मानना चाहिए—

का०—तान्ते दोषो दीर्घत्वं स्याद् दान्ते दोषो निष्ठानत्वम्।
धान्ते दोषो धत्वप्राप्तिस्थान्तेऽदोषस्तस्मात्थान्तः ॥

यदि उसको तान्त अर्थात् "दत्" मानें तो विदत्त, यहां अगले (१२२५) सूत्र से उपसर्ग के इक् को दीर्घादेश * प्राप्त है। दान्त "दद्" मानें तो दद्+त+सु=दत्तः। यहा [११५०] सूत्र से निष्ठा को तथा पूर्व द को नकारादेश प्राप्त है। धान्त "दध्" मानें तो (१४१) सूत्र से निष्ठा तकार को धकार प्राप्त है इससे थान्त 'दथ्' मानना चाहिये क्योंकि थान्त में दोष नहीं है उपसर्ग से परे प्र+दा+त+सु=यहा—

१२२३—अच उपसर्गात्तः ॥ ७ । ४ । ४७ ॥

अजन्त उपसर्ग से परे घु सज्ञक दा धातु को त आदेश हो। आदेश होकर प्रद्त्+त+सु=प्रत्तम्, अवत्तम्।

---

* (दस्ति) इस सूत्र का जब यह अर्थ हो कि डुदाञ् धातु का जो तकारान्त आदेश उसके विषय में इगन्तोपसर्ग को दीर्घ हो। तब दीर्घादेश प्राप्त है।

दान्त धान्त पक्ष मे भी पारिभाषिकस्थ सन्निपात परिभाषा के विरोध से दत्व धत्व नहीं प्राप्त हैं।

१२२४-का०-अवदत्तं विदत्तं च प्रदत्तं चादिकर्मणि।
सुदत्तमनुदत्तं च निदत्तमिति चेष्यते॥
७।४।४७॥

अवदत्त, विदत्त, आदिकर्म में प्रदत्त, सुदत्त, अनुदत्त तथा निदत्त ये भी इष्ट है अर्थात् इन सबों में दा को तकारादेश प्राप्त है सो न हुआ, किन्तु दथ् आदेश होता है। 'चेष्यते' यहां चकारग्रहण से यह जानना चाहिये कि एक पक्ष में तकार आदेश होता भी है[1]।

१२२५—दस्ति॥६।३।१२४॥

डुदाञ् धातु का जो तकारादि आदेश सो परे हो तो इगन्त उपसर्ग को दीर्घादेश हो। नीत्तम्, वीत्तम्, परीत्तम्। इन मे दा के आकार के स्थान मे यद्यपि (१२२३) से त आदेश होता है तथापि (सन्धि० २३५) सूत्र से पूर्व द् को चर् होकर तकारादि आदेश हो जाता है। आश्रयात् सिद्धत्वं भविष्यति। महाभाष्ये ६।३। १२४। चर्त्व के आश्रय से चर् का सिद्धभाव हो जायगा अर्थात् "दस्ति" यहाँ जो तकारादि का आश्रय किया है इससे चर् (सन्धि० ११८) असिद्ध नही होगा।

१२२६—अदो जग्धिर्ल्यप्ति किति॥२।४।३६॥

ल्यप् और तादि कित् परे हो तो अद धातु को जग्धि आदेश हो। अद्—जग्धः, जग्धवान्। यहां क्त प्रत्यय के परे अद को जग्धि आदेश इकार की (नामि० ११) इत् सज्ञा, निष्ठा तकार को (१४१) धकार और पूर्वधकार का (सन्धि० २४३) से लोप हो जाता है।

स कट प्रकृतः,प्रकृतः कटस्तेन। यहां (११९१) सूत्र से आदिकर्म बिषयक क्त प्रत्यय कर्ता मे होता है। प्रक्षीणः तपस्वी। यहां भी कर्ता

---

१ 'चेष्यते' ° भी है—यह पक्ति असम्बद्ध प्रतीत होती है।

मे होता और (११४८) से क्षि धातु को दीर्घ (११४९) सूत्र से निष्ठा को नत्वादेश होता है।

१२२७—वाऽऽक्रोशदैन्ययोः ॥ ६ । ४ । ६१ ॥

भावकर्म से अन्य अर्थ मे निष्ठा परे हो तो आक्रोश=कोसना और दैन्य=दीनता अर्थ मे क्षि धातु को विकल्प करके दीर्घादेश हो। आक्रोश—क्षीणायुर्भव। यहा क्षि को दीर्घादेश होकर (११५९) से निष्ठा को नत्व हो जाता है। द्वितीय पक्ष मे—क्षितायुर्भव। दैन्य—क्षितः क्षीणोयं वा तपस्वी।

१२२८—वा०—निष्ठादेशः षत्वस्वरप्रत्ययेड्विधिषु सिद्धो वक्तव्यः ॥ ८ । २ । ६ ॥

षत्वविधि, स्वरविधि, प्रत्ययविधि तथा इड्विधि मे निष्ठादेश सिद्ध है यह कहना चाहिये। षत्व—वृक्णः। वृक्णवान्। यहां (११५६) से निष्ठा को नकारादेश, उसके असिद्ध (सन्धि ११८) होने से च् को (२३३) से षत्व प्राप्त है सो नकारादेश के सिद्ध होने से झल् के अभाव से नही होता किन्तु (सन्धि० १९६) कुत्व[1] होता है स्वर आदि विषयों की आवश्यकता न होने से उन के उदाहरण नही दिये[2]।

१२२९—गत्यर्थाकर्मकश्लिषशीङ्स्थासवसजनरुहजीर्यतिभ्यश्च ॥ ३ । ४ । ७२ ॥

गति जिन का अर्थ है उनसे तथा अकर्मक, श्लिष, शीङ्, स्था, आस, वस, जन, रुह, जॄष् इन धातुओ से विहित जो क्त प्रत्यय सो

१. कुत्व करने मे नत्व असिद्ध हो जाता है इसलिए झल् परे कुत्व हो जाता है।

२ इस वार्त्तिक की पूरी व्याख्या सन्धि० क्रमाङ्क १२४ मे देखें।

कर्ता और यथाप्राप्त भावकर्म मे हो। गत्यर्थ, गम्लृ—ग्रामं गतो देवदत्तः, ग्राम को देवदत्त गया। गतो ग्रामो देवदत्तेन। देवदत्त से ग्राम प्राप्त किया गया। अकर्मक, ग्लै—ग्लानो देवदत्तः, ग्लानं देवदत्तेन। श्लिष—पत्नीम् आश्लिष्टो पतिः, आश्लिष्टा पत्नी पत्या। शीङ्—खट्वामधिशयितः, खट्वाऽधिशयिता। स्था—गुरुमुपस्थितः, गुरुरुपस्थितस्तेन। आस—उपासित. परमेश्वरं भवान्, उपासित परमेश्वरो भवता। वस—गुरुमनूषितो भवान्, अनूषितो गुरुर्भवता। जन—राममनुजातो लक्ष्मण, अनुजातो लक्ष्मणेन रामः। रुह—अश्वमारूढो देवदत्त., आरूढोऽश्वो देवदत्तेन। जृष्—शुनीमनुजीर्णः श्वा, शुनानुजीर्णा शुनी। उक्त प्रयोगो मे (९१६) सूत्र से प्राप्त भावकर्म मे भी "क्त" होता है। श्लिष आदि अकर्मक भी है तथापि सोपसर्ग सकर्मक हो जाते हैं इससे इनका पृथक् ग्रहण है।

१२३०—क्तोऽधिकरणे च ध्रौव्यगतिप्रत्यवसानार्थेभ्यः ॥ ३ । ४ । ७६ ॥

ध्रौव्य=स्थिरता, गति=गमन और प्रत्यवसान=भक्षण अर्थ वाले धातुओ से विहित जो क्त प्रत्यय सो अधिकरण और यथाप्राप्त भावकर्म मे हो। जो ध्रौव्यार्थक अकर्मक हैं उनसे कर्ता, भाव, अधिकरण मे, गत्यर्थको से कर्ता, कर्म, अधिकरण मे तथा प्रत्यवसानार्थको से कर्म और अधिकरण मे 'क्त' होता है। ध्रौव्यार्थ—आसितो यज्ञदत्तः, आसितं यज्ञदत्तेन, आसितं यज्ञदत्तस्य वा। गत्यर्थ—देवदत्तो ग्राम गत., गतो देवदत्तेन ग्राम·। देवदत्त से ग्राम प्राप्त किया गया। गतं देवदत्तस्य। यहां देवदत्त का गमन हुआ है। प्रत्यवसानार्थ—भुक्त ओदनो देवदत्तः, देवदत्तेन भुक्तम्, देवदत्तस्य भुक्तम। उक्त उदाहरणो मे (९१६, १८६) सूत्रो के अनुसार कर्म और कर्ता मे भी क्त प्रत्यय होता है।

१२३१—ञीतः क्तः ॥ ३ । २ । १८७ ॥

ञि जिसका इत्संज्ञक हो उससे वर्तमान काल मे क्त प्रत्यय हो।
ञिक्ष्विदा—क्ष्विण्णः, क्ष्विण्णवान्।

१२३२—मतिबुद्धिपूजार्थेभ्यश्च ॥३।२।१८८॥

मति=इच्छा, बुद्धि=ज्ञान, पूजा=सत्कार इन अर्थो वाले धातुओ से वर्तमान काल मे क्त प्रत्यय हो। राज्ञां मतः, राज्ञामिष्टः, राज्ञां बुद्धः, राज्ञा ज्ञातः, राज्ञा पूजित, राज्ञामर्चित.। "राज्ञाम्" यह षष्ठी (का२० १२०) से होती है। चकार अनुक्त शब्दो के संग्रह करने के लिए है इससे अगले प्रयोग भी जानने चाहियें।

१२३३–का०—

शीलितो रक्षितःक्षान्त आक्रुष्टो जुष्ट इत्यपि ।
रुष्टश्च रुषितश्चाभावभिव्याहृत इत्यपि ॥१॥
हृष्टतुष्टौ तथा क्रान्तस्तथोभौ संयतोद्यतौ ।
कष्टं भविष्यतीत्याहुरमृताः पूर्ववत्स्मृताः ॥ २ ॥

शीलित, रक्षित, क्षान्त, आक्रुष्ट, जुष्ट, रुष्ट, रुषित, अभिव्याहृत, हृष्ट, तुष्ट, क्रान्त तथा सयत और उद्यत ये भी वर्तमानकाल मे जानने चाहियें। 'कष्ट' इस शब्द को भविष्यत्काल मे कहते है और अमृत शब्द का पूर्ववत् (शीलित आदि के तुल्य वर्तमानकाल मे) स्मरण करना चाहिये। न म्रियन्ते अमृता ।

१२३४—नपुंसकेभावे क्तः ॥ ३ । ३ । ११४ ॥

भाव का प्रकाश करना हो तो नपुंसकलिङ्ग मे धातु से क्त प्रत्यय हो। हसितम्, शयितम्, जल्पितं देवदत्तेन।

१२३५—सुयजोर्ङ्वनिप् ॥ ३ । २ । १०३ ॥

षुञ् और यज धातु से भूतकाल मे ङ्वनिप् प्रत्यय हो। असावीत् असोष्ट वा सुत्वा, सुत्वानौ, सुत्वानः। अयाक्षीत् अयष्ट वा—यज्वा, यज्वानौ, यज्वान·।

१२३६—जीर्यतेरतृन् ॥ ३ । २ । १०४ ॥

जॄष् धातु से भूतकाल मे अतृन् प्रत्यय हो। अजरत् अजारीद् वा—जरन्, जरन्तौ, जरन्तः। वासरूपविधि (९१३) से निष्ठा संज्ञक भी होते है। जीर्णः, जीर्णवान्।

१२३७—छन्दसि लिट् ॥ ३ । २ । १०५ ॥

वेद विषय मे भूतकाल मे धातु मे लिट् प्रत्यय हो। अहं सूर्यमुभयतो ददर्श, अह द्यावापृथिवी आततान।

१२३८—लिटः कानज्वा ॥ ३ । २ । १०६ ॥

पूर्वविहित (१२३७) वेदविषयक लिट् के स्थान मे कानच् आदेश विकल्प करके हो। अग्निमचैषीत् अग्नि चिक्यानः, सोमं सुषुवाण·। इनमे चिञ् वा षुञ् धातुसे लिट् के स्थान मे कानच् आदेश है। विकल्प के ग्रहण से कही नही भी होता जैसे पूर्वोक्त उदाहरण—अहं सूर्यमुभयतो ददर्श, इत्यादि।

१२३९—क्वसुश्च ॥ ३ । २ । १०७ ॥

पूर्वविहित (१२३७) वेद विषयक लिट् के स्थान मे क्वसु आदेश भी हो।

१२४०—वस्वेकाजाद्घसाम् ॥ ७ । २ । ६७ ॥

द्विर्वचन किये हुए एकाच्, आकारान्त, घस्लृ इन्ही धातुओ से परे जो वसु उस को इट् आगम हो। एकाच्—अशकदिति शेकिवान्। यहा शक्लृ धातु से लिट् (१२३७) के स्थान मे क्वसु (१२३९) और धातुद्विर्वचन (३८) तथा एत्वाभ्यास लोप (१२६) होकर

जो एकाच् "शेक्" हो जाता है उससे परे वसु को इडागम हो जाता है। आतृ--पपिवान् । घस्लृ—जक्षिवान्। यहां (२१४) सूत्र से उपधालोप और उसको (सन्धि० ९६) रूपातिदेश होकर द्वित्व (३८) और षत्व (२८४) हो जाता है। क्वसु तो लिट् के स्थान मे ही होता है और लिड्विषय मे क्रादिनियम (१४८) वा उदात्तत्व से इट् प्राप्त ही है। फिर भी जो इट् का विधान किया इससे यह सूत्र नियमार्थ है अर्थात् वसु को इट् एकाच् आदि ही से परे हो अन्य से न हो, इससे "बिभिद्वान् बभूवान्" इत्यादि मे इट् नहीं होता।

१२४१—भाषायां सदवसश्रुवः ॥३।२।१०८॥

भाषा अर्थात् लोक मे सद, वस, श्रु इन धातुओ से परे भूतकाल में विकल्प करके लिट् और उसके स्थान में क्वसु आदेश नित्य हो। षद्लृ—उपसेदिवान् कौत्सः पाणिनिम्। विकल्पपक्ष में अपने अपने विषय मे यथोक्त प्रत्यय होते हैं। जैसे भूतसामान्य काल मे लुङ्—उपासदत्। अनद्यतन भूत मे लङ्—उपासीदत् । परोक्षभूत मे लिट्—उपससाद । वस निवासे—अनूषिवान् (२८३) कौत्स. पाणिनिम् । [पक्ष में] अन्ववात्सीत्, अन्ववसत्, अनूवास। श्रु—उपशुश्रुवान् कौत्सः पाणिनिम। [पक्ष में] उपाश्रौषीत्, उपाशृणोत्, उपशुश्राव।

१२४२—उपेयिवाननाश्वाननूचानश्च ॥३।२।१०९॥

उपेयिवान्, अनाश्वान्, अनूचान् ये भाषा मे निपातन हैं। उपेयिवान्—यहां उपपूर्वक "इण् गतौ" धातु से लिट् विकल्प करके और उसको नित्य क्वसु, द्विर्वचन (३८) अभ्यास दीर्घ (३४०) और अभ्यासदीर्घसामर्थ्य से एकादेश (स० १२७) का प्रतिबन्ध होकर अनेकाच् उप+ई+इ+वसु=से इट् [धातु के इकार को

यणादेश] निपातन है। उपेयुषा, उपेयुषे, उपेयुषः, उपेयुषि। इत्यादिकों मे निपातन इट् नही होता, क्योंकि 'उपेयिवान्' यहा क्रादिनियम (१४८) से प्राप्त भी इट् था पर (१२४०) सूत्र के नियम से अनेकाच् से नही होता था, उसी इट् का प्रादुर्भाव मात्र किया, किन्तु अपूर्व इट् विधान नहीं किया, इससे अजादिकों मे जहा वसु को (नामि० १५४) सूत्र से सम्प्रसारण होता वहा इट् नही होता है। यहा उप अविवक्षित है। जैसे समीयिवान्, ईयिवान्। लिट् के विकल्प पक्ष मे पूर्ववत् लुङादि होते है। उपागात्, उपैत्, उपेयाय। अनाश्वान्—यहा नञ् पूर्वक "अश भोजने" धातु से पूर्ववत् लिट् क्वसु और इट् अभाव निपातन है। विकल्प पक्ष मे—अनाश्वान्, नाशीत्, नाश्नात्, नाश। अनूचानः कर्त्तरि। महाभाष्ये ३। २। १०९॥ अनूक्तवान अनूचान। यहां अनुपूर्वक वच से कर्ता मे पूर्ववत् लिट् उसके स्थान मे कानच् आदेश निपातन है। दूसरे पक्ष मे—अनूचान, अन्ववोचत्, अन्वब्रवीत्, अनूवाच।

१२४३—विभाषा गमहनविदविशाम् ॥७।२।६८॥

गम, हन, विद, विश इनसे परे वसु को इट् विकल्प करके हो। गम्लृ—जग्मिवान् (२१४), जगन्वान्। हन—जघ्निवान्, जघन्वान्। विद—विविदिवान्, विविद्वान। विश—विविशिवान्, विविश्वान्। विश के साहचर्य से यहा विद करके "विदॢ लाभे" का ग्रहण है। जो इस ग्रन्थ मे (२७७) संख्या पर सूत्र लिखा है उससे अष्टाध्यायी के क्रम से मण्डूकप्लुतिवत् दृश का अनुवर्तन[1] कर दृशिर् से "ददृशिवान्। ददृश्वान्" ये भी समझने चाहिये।

१२४४—सनिससनिवांसम् ॥ ७ । २ । ६९ ॥

वसु के इट् प्रकरण मे 'सनिससनिवांसम्' यह निपातन है।

---

१. द्र० महाभाष्य ७ । २ । ६८ ॥

अञ्जित्वाग्ने सनिस्रसनिवासम्। यहां सनिड्पूर्वक "षुञ् अभिषवे" वा "षन संभक्तौ" से वसु को इट् आगम तथा एत्व और अभ्यास लोप का अभाव निपातन है यह निपातन वेद ही में आता है।

१२४५—लटः शतृशानचावप्रथमासमानाधिकरणे ॥ ३ । २ । १२४ ॥

जब प्रथमान्त के साथ लट् (४) प्रत्यय का समानाधिकरण न हो तो उसके स्थान में शतृ और शानच् प्रत्यय विकल्प से हो। ये दोनों प्रत्यय शित् हैं, इससे इनकी सार्वधातुक संज्ञा (१८) से होकर इनके परे शप् (१९) आदि प्रत्यय भी होते हैं। जैसे— पच्+शप्+शतृ+अम्=पचन्तं चैत्रं पश्य। यहां लट् जिसका वाचक है वह कर्तृसंज्ञक चैत्र शब्द द्वितीयान्त है, (७५४) इस संख्या पर जो सूत्र लिखा है उससे विभाषा पद की अनुवृत्ति यहां आती है, उसको व्यवस्थित विभाषा[1] मान कर प्रथमासमानाधिकरण में लट् के स्थान में शतृ शानच् विकल्प करके होते हैं यह समझना चाहिये। पचन् मैत्रः, पचति मैत्रो वा। मैत्र किसी के लिए पका रहा है। अप्रथमासमानाधिकरण में तो नित्य होते हैं।

१२४६—आने मुक् ॥ ७ । २ । ८२ ॥

आन परे हो तो अङ्ग के अकार को मुक् का आगम हो। पचमानं चैत्रं पश्य। यहां लट् के स्थान में शानच् आदेश है। पचमानो मैत्र, पचते मैत्रः। मैत्र अपने लिये पकाता है।

१२४७—वा०—माङ्याक्रोशे ॥

माङ् उपपद हो तो आक्रोश=निन्दा अर्थ में उक्त विषयक शतृ शानच् हो। मा पचन्, मा पचमान। मत पका रे।

---

१ यह व्याख्या काशिकानुसारी है। इस सूत्र के अष्टाध्यायी भाष्य में महाभाष्यानुसारी व्याख्या की है।

१२४८—संबोधने च ॥ ३ । २ । १२५ ॥

सबोधनविषय मे लट् के स्थान मे शतृ शानच् प्रत्यय विकल्प करके हो। हे पचन्, हे पचमान, हे कुर्वन्, हे कुर्वाण।

१२४९—लक्षणहेत्वोः क्रियायाः ॥ ३ । २ । १२६ ॥

क्रिया के लक्षण=परिचय कराने और हेतु=कारण अर्थ मे वर्तमान धातु से परे लट् के स्थान मे शतृ शानच् आदेश विकल्प करके हो। लक्षण—शयाना वर्धते दूर्वा, शयाना भुञ्जते यवना। हेतु—धनमर्जयन् वसति, अधीयानो वसति। लक्षणहेतुग्रहण से यहा न हुए—अधीते, भुङ्क्ते। क्रियाग्रहण से द्रव्य और गुण के परिचयादि मे न हुए—यः कम्पते स वटः, यः स्थिरो भवति स गुरुः।

१२५०—ईदासः ॥ ७ । २ । ८३ ॥

आस् धातु से आन को ईकारादेश हो। आसीनः, आस्ते। आसीनं पश्य, आसीनेन कृतम्, इत्यादि।

१२५१—विदेः शतुर्वसुः ॥ ७ । १ । ३६ ॥

विद=विद ज्ञाने से परे शतृ को वसु आदेश विकल्प करके हो। विद्वान्, विदन्। विदुषी (नामि० १५४)।

१२५२—तौ सत् ॥ ३ । २ । १२७ ॥

पूर्वोक्त शतृ और शानच् सत्सञ्ज्ञक हो।

१२५३—लृटः सद्वा ॥ ३ । ३ । १४ ॥

लृट् के स्थान मे सत्सञ्ज्ञक प्रत्यय विकल्प करके हो। यहां भी यह विकल्प व्यवस्थित विभाषा है इससे जैसे लट्स्थानी शतृ शानच् प्रथमासमानाधिकरण मे विकल्प करके और द्वितीयादिको मे नित्य होते हैं वैसे यहा भी हो। करिष्यन्तं करिष्यमाणं मैत्रं पश्य, करिष्यमाणः, करिष्यति, हे करिष्यन्, हे करिष्यमाण, अर्जयिष्यमाणो वसति।

१२५४—पूङ्यजोः शानन् ॥ ३ । २ । १२८ ॥

वर्तमानकाल मे पूङ् और यज धातु से शानन् प्रत्यय हो।
पूङ्—पवमानः । यज—यजमान. ।

१२५५—ताच्छील्यवयोवचनशक्तिषु चानश् ॥ ३ । २ । १२९ ॥

वर्तमानकाल मे ताच्छील्य=स्वभाव, वयोवचन=अवस्थासंबन्धीवचन, शक्ति=सामर्थ्य इन अर्थो मे धातु से चानश् प्रत्यय हो।
ताच्छील्य—घृतं भुञ्जानः । वयोवचन—कवचं बिभ्राणः ।
शक्ति—शत्रु निघ्नानः ।

१२५६—इङ्धार्योः शत्रकृच्छ्रिणि ॥३।२।१३०॥

कष्टसाध्य जिसका क्रियाफल न हो वह कर्ता वाच्य हो तो वर्तमानकाल मे इङ् और णिजन्त धृञ् धातु से शतृ प्रत्यय हो।
अधीयन् पारायणम्, धारयन्नुपनिषदम् । अकृच्छ्रिन् ग्रहण से यहा न हुआ—कृच्छ्रेणाधीत, कृच्छ्रेण धारयति ।

१२५७—द्विषोऽमित्रे ॥ ३ । २ । १३१ ॥

अमित्र (शत्रु) कर्ता वाच्य हो तो वर्तमान काल मे द्विष धातु से शतृ प्रत्यय हो। द्वेष्टीति द्विषन, द्विषन्तौ, द्विषन्त । अमित्रग्रहण से यहा न हुआ—पिता पुत्र द्वेष्टि ।

१२५८—सुञो यज्ञसंयोगे ॥ ३ । २ । १३२ ॥

वर्तमानकाल मे यज्ञसयोग=अभिषव अर्थ मे वर्तमान षुञ्

धातु से शतृ प्रत्यय हो। सर्वे सुन्वन्त[1]। यहां संयोगग्रहण प्रधान कर्ताओ के ग्रहण करने के लिए है[2] अर्थात् साधारण यज्ञ करने कराने वालों के ग्रहण मे नही होता। याजकाः सुन्वन्ति। यज्ञ का ही संयोग ग्रहण क्यो किया—'सुरां सुनोति' यहां न हो।

१२५९—अर्हः प्रशंसायाम् ॥ ३ । २ । १३३ ॥

प्रशंसा अर्थ मे वर्तमानकाल में अर्ह धातु से शतृ प्रत्यय हो। भवान् विद्यामर्हन्। प्रशंसाग्रहण से यहां न हुआ—तस्करो वधमर्हति।

१२६०—आक्वेस्तच्छीलतद्धर्मतत्साधुकारिषु ॥ ३ । २ । १३४ ॥

यहा से लेकर क्विप् प्रत्यय पर्यन्त जो प्रत्यय कहे वे वर्तमान काल मे तच्छील = जो फल को न चाह कर स्वभाव से कर्म मे प्रवृत्त हो, तद्धर्मा = जो विना भी शील मेरा धर्म है ऐसा मान कर कर्म मे प्रवृत्त हो, तत्साधुकारी (क्रिया को सुन्दरता से करे) इन कर्ताओ मे हो।

१२६१—तृन् ॥ ३ । २ । १३५ ॥

---

१. सत्र सोमयज्ञो का एक भेद है। सोमयज्ञों में प्राय १६ ऋत्विक् और १ यजमान होता है परन्तु सत्रो मे जो यजमान हैं वे ही ऋत्विक् होते हैं (ये यजमानास्त ऋत्विज। द्र० मी० ५।१।१)। अर्थात् सत्रह परिवार मिलकर सत्र का सम्पादन करते है उनमें १ यजमान बनता है और १६ ऋत्विक् परन्तु वे होते हैं यजमान ही, अत-एव सत्रों में दक्षिणा नहीं दी जाती। सबका यज्ञ के साथ समान संबध होने से सबको समान फल होता है।

तच्छीलादि कर्ताओं में धातुमात्र से तृन् प्रत्यय हो। तच्छील-कटं करोति तच्छील, कटं कर्ता, जनापवादान् वदिता। तद्धर्मा— उन्नयन्ति तद्धर्मिण, उन्नेतार तौल्वलायनाः पुत्रे जाते। तत्साधु-कारी—साधु कट करोति, कटं कर्ता।

१२६२-वा०-तृन्विधावृत्विक्षु चानुपसर्गस्य ॥ ३।२।१३५॥

तृन् प्रत्यय के विधान करने मे ऋत्विज् आदि कर्ता हो तो उपसर्गरहित धातु से तृन् प्रत्यय कहना चाहिये। जुहोतीति होता। पुनातीति पाता। अनुपसर्ग ग्रहण से यहा न हुआ—प्रतिहर्ता। यहां तृच् होता है।

१२६३-वा०-त्विषेर्देवतायामकारश्चोपधाया अनिट्त्वं च ॥ ३।२।१३५॥

देवता अर्थ मे त्विष धातु से तृन् प्रत्यय तथा उपधा को अकार और इट् का अभाव भी कहना चाहिये। त्विष—त्वेषितुं शीलमस्य त्वष्टा।

१२६४—वा०—क्षदेश्च नियुक्ते ॥३।२।१३५॥

नियुक्त (जो कही अधिकार पाये हो उस) कर्ता मे क्षद धातु से तृन् प्रत्यय कहना चाहिये। क्षद सौत्र धातु है इसको आच्छादन अर्थ मे मानते है। क्षत्ता सारथि का नाम है।

१२६५-वा०-छन्दसि तृच ॥ ३।२।१३५॥

वेदविषय मे क्षद धातु से तृच् और तृन् प्रत्यय हो। क्षत्तृभ्यः संगृहीतृभ्य· [स्वर मे भेद होता है]।

१२६६—अलंकृञ्निराकृञ्प्रजनोत्पचोत्पतोन्मदरुच्यपत्रपवृतुवृधुसहचर इष्णुच् ॥ ३ । २ । १३६ ॥

तच्छीलादि कर्ताओं में अलंकृञ्, निराकृञ्, प्रजन, उत्पच, उत्पत, उन्मद, रुच, अपत्रप, वृतु, वृधु, सह, चर इन धातुओं से इष्णुच् प्रत्यय हो। अलङ्कृञ्-अलकर्त्तुं शीलमस्य, अल कर्त्तुं धर्मोस्य, साध्वलं करोति वा अलंकरिष्णु। निराकृञ्—निराकरिष्णुः। प्रजन—प्रजनिष्णु। उत्पच—उत्पचिष्णु.। उत्पत—उत्पतिष्णु। उन्मद्—उन्मदिष्णु। रुच—रोचिष्णुः। अपत्रप—अपत्रपिष्णु। वृतु—वर्तिष्णु·। वृधु—वर्धिष्णु। षह—सहिष्णु.। चर—चरिष्णुः।

१२६७—णेश्छन्दसि ॥ ३ । २ । १३७ ॥

वेदविषय मे तच्छीलादि कर्ताओं मे णिजन्त धातु से इष्णुच् प्रत्यय हो। दृषदं धारयिष्णवः, वीरुध. पारयिष्णवः।

१२६८—भुवश्च ॥ ३ । २ । १३८ ॥

वेदविषय मे तच्छीलादि कर्ताओं मे भू धातु से इष्णुच् प्रत्यय हो। भविष्णु। चकार अनुक्त के ग्रहण करने के लिये है। इससे टुभ्राज् से "भ्राजिष्णु·" भी समझ लेना चाहिये।

१२६९—ग्लाजिस्थश्च ग्स्नुः ॥ ३ । २ । १३९ ॥

तच्छीलादि कर्ताओं मे ग्ला, जि, स्था और भू इन धातुओं से ग्स्नु प्रत्यय हो। ग्लै—ग्लास्नु, जि—जिष्णुः, ष्ठा—स्थास्नु, भू—भूष्णुः। यहा चर्त्व होकर 'ग्' को 'क्' हो गया है, (३४) सूत्र मे 'ग्' के निर्देश से उक्त प्रयोगो मे गुणादेश नही होता तथा (२५५) सूत्र मे 'ग्' के निर्देश से 'भूष्णुः' यहां इडागम भी नहीं होता है।

१२७०—वा०—स्यादंशिभ्यां स्नुश्छन्दसि ॥

३ । २ । १३९ ॥

वेद मे स्था और दश धातु से स्नु प्रत्यय हो। स्थास्नु जङ्गमं, दंक्ष्णवः पशवः।

१२७१—त्रसिगृधिधृषिक्षिपेः क्नुः ॥३।२।१४०॥

तच्छीलादि कर्ताओं मे त्रसी, गृधु, ञिधृषा और क्षिप् धातुओं से क्नु प्रत्यय हो। त्रसी—त्रस्नु । गृधु—गृध्नु । ञिधृषा—धृष्णु. । क्षिप—क्षिप्नुः ।

१२७२—शमित्यष्टाभ्यो घिनुण् ॥३।२।१४१॥

तच्छीलादि कर्ताओं मे शमु ❀ आदि आठ धातुओं से घिनुण् प्रत्यय हो। 'घिनुण्' यहां घकार कुत्व के लिए, उकार उगित् कार्य के लिये, णकार वृद्धि के लिये है। शमितु शीलं धर्मो वाऽस्य, साधु शाम्यति वा, शमी, शमिनौ, शमिन । यहा उगित् कार्य नुम् (नामि० १११) नही होता। नुम् विधि मे अष्टाध्यायी के क्रम से (नामि० ४३) सूत्र से झल् का अपकर्षण कर झलन्त उगित् को नुम् आगम हो ऐसा अर्थ वहा जानेंगे। यहा वृद्धि (१२७) प्राप्त है उसी की निवृत्ति (७२७) से हो जाती है। तमी, दमी, श्रमी, भ्रमी, क्षमी, क्लमी, प्रमादी। आठ का ही ग्रहण क्यो किया ? असु—असिता, यहां न हो।

१२७३—संपृचानुरुधाङ्यमाङ्यसपरिसृसंसृजपरिदेविसंज्वरपरिक्षिपपरिरटपरिवदपरिदहपरिमुहदुषद्विषद्रुहदुहयुजाक्रीडविविचत्यजरजभजातिचरापचरामुषाभ्याहनश्च ॥ ३ । २ । १४२ ॥

❀ शमु उपशमे, तमु काङ्क्षायाम्, दमु उपशमे, श्रमु तपसि खेदे च, भ्रमु अनवस्थाने, क्षमूष् सहने, क्लमु ग्लानौ, मदी हर्षे, ये आठ शमादि धातु हैं।

तच्छीलादि कर्ताओं में सम्पृचादि धातुओं से घिनुण् प्रत्यय हो। सम्पृच यहां रुधादि "पृचौ संपर्के" इसका ग्रहण है। सम्पृणक्ति तच्छीलः, सपर्की। अनुरुध—अनुरुध्यते तच्छील, अनुरोधी। आङ्यम—आयच्छति तच्छील, आयामी। आयस—आयस्यति आयसति वा तच्छीलः, आयासी। परिसृ—परिसरति तच्छील, परिसारी। ससृज—ससृज्यते तच्छील, संसर्गी। परिदेवि यहां "देवृ देवने" इस भ्वादिस्थ का ग्रहण है। परिदेवने तच्छील., परिदेवी। जो विलाप करता है उसके जैसा स्वभाव वाला पुरुष है। सञ्ज्वर—संज्वरति तच्छील', सञ्ज्वारी। परिक्षिप—"क्षिप" प्रेरणे दिवादि वा तुदादि दोनो का ग्रहण है। परिक्षिप्यति परिक्षिपति परिक्षिपत वा तच्छील, परिक्षेपी। परिरट—परिरटति तच्छील, परिराटी। परिवद—परिवदति नच्छील.,परिवादी। परिदह—परिदह्यति तच्छील, परिदाही। परिमुह—परिमुह्यति तच्छीलः, परिमोही। दुष—दुष्यति तच्छील, दोषी। द्विष—द्वेष्टि तच्छील, द्वेषी। द्रुह—द्रुह्यति तच्छील., द्रोही। दुह—दोग्धि तच्छील, दोही। युज—यहां "युज समाधौ" दिवादि "युजिर् योगे" रुधादि इन दोनो का ग्रहण है। युज्यत युनक्ति युङ्क्ते वा तच्छील, योगी। आक्रीड्—आक्रीडते तच्छीलः, आक्रीडी। विविचिर्—विविनक्ति विविनक्ते वा तच्छील', विवेकी। त्यज—त्यागी (९४४)। रञ्ज—रागी। भज—भागी। अति चर—अतिचारी। अप चर—अपचारी। आमुष—आमुष्णाति तच्छीलः,आमोषी। अभि आङ् हन—अभ्याहन्ति तच्छीलः,अभ्याघाती (३०४, ५०३) इन सूत्रों से कुत्व और तकारादेश होता है।

१२७४—वौ कषलसकत्थस्रम्भः ॥३।२।१४३॥

तच्छीलादि कर्ताओं मे विपूर्वक कष, लस, कत्थ, स्रम्भु इन धातुओं से घिनुण् प्रत्यय हो। कष हिंसायाम्—विकाषी। लस

श्लेषणक्रीडनयोः—विलासी। कत्थ श्लाघायाम्—विकत्थी, स्रम्भु विश्वासे—विस्रम्भी।

१२७५—अपे च लषः ॥ ३ । २ । १४४ ॥

अप और वि पूर्व हो तो लष धातु से घिनुण् प्रत्यय हो, तच्छीलादि अर्थों में। लष कान्तौ—अपलाषी, विलाषी।

१२७६—प्रे लपसृद्रुमथवदवसः ॥३।२।१४५॥

तच्छीलादिकों मे प्र पूर्वक लप, सृ, द्रु, मथ, वद, वस इन धातुओं से घिनुण प्रत्यय हो। प्रलप—प्रलापी। प्रसृ—प्रसारी। प्रद्रु—प्रद्रावी। प्रमथे—प्रमाथी। प्रवद—प्रवादी। प्रवस—वस निवासे—प्रवासी।

१२७७—निन्दहिंसक्लिशखादविनाशपरिक्षिप-परिरटपरिवादिव्याभाषासूयो वुञ् ॥ ३ । २ । १४६ ॥

तच्छीलादि कर्ताओं मे निन्द आदि धातुओं से वुञ् प्रत्यय हो। णिदि—निन्दक। हिंसि—हिंसक। "क्लिश उपतापे, क्लिशू विबाधने" दोनो का ग्रहण है। क्लेशकः। खाद—खादक। विनाश-वि-णश-णिच् विनाशयति तच्छील, विनाशकः। परिक्षिप—परिक्षेपक। परिरट—परिराटक। परिवद—परिवादक। वि—आङ्—भाष-व्याभाषक। ण्वुल् (९७६) प्रत्यय से भी उक्त प्रयोग सिद्ध है फिर वुञ् प्रत्यय का यह प्रयोजन है कि तच्छीलादिको मे वासरूपन्याय (९१३) से तृच् आदि अन्य प्रत्यय नहीं होते है[१]।

---

१ ताच्छीलिकेषु सर्व एव तृजादयो वा स्वरूपेण न भवन्ति। पारि० ५८।

१२७८—देविक्रुशोश्चोपसर्गे ॥ ३ । २ । १४७॥

उपसर्ग पूर्व हो तो देवि और क्रुश धातु से वुञ् प्रत्यय हो तच्छीलादि अर्थों मे । आदेवयति तच्छील:—आदेवक:, परिदेवक:, परिक्रोशक: । उपसर्गग्रहण से यहा न हुआ—देवयिता, क्रोष्टा । यहा तृन् हो जाता है ।

१२७९—चलनशब्दार्थादकर्मकाद्युच् ॥३।२।१४८॥

तच्छीलादि कर्ताओ मे चलन और शब्द अर्थ वाले अकर्मक धातुओ से युच् प्रत्यय हो । चल कम्पने—चलन: । कपि संचलने—कम्पन: । चुप मन्दायां गतौ—चोपन: । शब्दार्थ—शब्दन:, रवण: । अकर्मक ग्रहण से यहां न हुआ—विद्यां पठिता, शास्त्रं वदिता । यहा तृन् हो जाता है ।

१२८०—अनुदात्तेतश्च हलादेः ॥३।२।१४९॥

अनुदात्त जिसका इत् सञ्ज्ञक हो ऐसा जो हलादि अकर्मक धातु उससे भी युच् प्रत्यय हो तच्छीलादि अर्थों मे । वृतु—वर्तन:, वृधु—वर्धन । अनुदात्तेत् के ग्रहण से यहा न हुआ—भविता । हलादि ग्रहण से यहा न हुआ—एधिता । अकर्मक ग्रहण से यहा न हुआ—वस्त्रं वसिता । यहां [सर्वत्र] तृन् हो जाता है ।

१२८१—जुचङ्क्रम्यदन्द्रम्यसृगृधिज्वलशुचलषपतपदः ॥ ३ । २ । १५० ॥

तच्छीलादि कर्ताओ मे जु आदि धातुओ से युच् प्रत्यय हो । 'जु' यह सौत्र धातु है इस को गति वा वेग अर्थ मे मानते हैं । जवन । चङ्क्रम्य—क्रमु+यङ्=चङ्क्रम्यते तच्छील:=चङ्क्रमण: । दन्द्रम्य—द्रमु+यङ्=दन्द्रमण: । सृ—सरण: । गृधु—गर्धन । ज्वल—ज्वलन: । शुच—शोचन: । लष—लषण: । पतॢ—पतन: । पद—पदन । यद्यपि (१२८०) सूत्र से पद धातु से युच् प्रत्यय हो जाता

तथापि पद का ग्रहण इसलिये है कि इससे सामान्य युच् प्रत्यय को बाध के विशेष [विहित] उकञ् (१२८५) प्रत्यय न हो जाय, क्योंकि तच्छीलादिकों में (९१३) सूत्र के अनुसार परस्पर प्रत्यय नहीं होते हैं, इस अंश में यही पदग्रहण ज्ञापक है। असरूपनिवृत्त्यर्थं तर्हि पदग्रहणं क्रियते एतज्ज्ञापयत्याचार्यः। ताच्छीलिकेषु ताच्छीलिका वासरूपन्यायेन न भवन्ति। महाभाष्ये ३। २। १५० ॥

१२८२—क्रुधमण्डार्थेभ्यश्च ॥ ३ । २ । १५१ ॥

तच्छीलादिकों में कोप और भूषण अर्थ वाले धातुओं से युच् प्रत्यय हो। कोपार्थ—क्रोधनः, रोषणः। मण्डार्थ—मण्डनः, भूषणः।

१२८३—न यः ॥ ३ । २ । १५२ ॥

यकारान्त धातु से युच् प्रत्यय न हो। क्नूयी शब्दे उन्दे च—क्नूयिता। क्ष्मायी विधूनने—क्ष्मायिता। इन में (१२८०) सूत्र से युच् प्रत्यय प्राप्त है सो नहीं होता, किन्तु तृन् (१२६१) प्रत्यय हो जाता है।

१२८४—सूददीपदीक्षश्च ॥ ३ । २ । १५३ ॥

सूद, दीप, दीक्ष इन धातुओं से युच् प्रत्यय न हो। षूद क्षरणे—सूदयति तच्छील:=सूदिता (१२६१)। दीपी—दीपिता। दीक्ष—दीक्षिता। इन सबों में (१२७९) सूत्र से युच् प्राप्त है। यहां दीप ग्रहण क्यों किया, क्योंकि दीप् धातु से विशेष विहित र (१२९९) प्रत्यय, सामान्य युच् (१२८०) प्रत्यय को बाध के हो जाता इसलिए दीपि ग्रहण ज्ञापक है वासरूपन्याय (९१३) से र प्रत्यय के साथ युच् का समावेश होता है। इस ज्ञापन से यह प्रयोजन है कि—"कम्रा कन्या, कमना कन्या" इत्यादि सिद्ध हो।

१२८५—लषपतपदस्थाभूवृषहनकमगमशृभ्य उकञ् ॥ ३ । २ । १५४ ॥

तच्छीलादि कर्ताओ मे लष, पत, पद, स्था, भू, वृष, हन, कम, गम, शृ इन धातुओ से उकञ् प्रत्यय हो। लष—अपलाषुक । पत्लृ—प्रपातुक. । पद—पादुकः । ष्ठा—उपस्थायुकः । भू—भावुक । वृष—प्रवर्षुक. पर्जन्य । हन—घातुक' । कमु—कामुक । गम्लृ—आगामुक । शृ हिंसायाम—शृणाति तच्छील'—शारुक., किशारुकं तीक्ष्णम् ।

१२८६—जल्पभिक्षकुट्टलुण्टवृङः षाकन ॥ ३ । २ । १५५ ॥

तच्छीलादि कर्ताओ मे जल्प, भिक्ष, कुट्ट, लुण्ट, वृङ् इन धातुओ से षाकन् प्रत्यय हो । जल्प—जल्पाक । भिक्ष—भिक्षाकः । कुट्ट—कुट्टाक. । लुटि * स्तेये—लुण्टाकः । वृङ्—वराकः । स्त्रीलिङ्ग मे जल्पाकी । (कै० ७०) से ङीष् हो जाता है ।

१२८७—प्रजोरिनिः ॥ ३ । २ । १५६ ॥

तच्छीलादि कर्ताओ मे प्रपूर्वक जु धातु से इनि प्रत्यय हो । प्रजवी, प्रजविनौ, प्रजविन ।

१२८८—जिदृक्षिविश्रीण्वमाव्यथाभ्यमपरिभूप्रसूभ्यश्च ॥ ३ । २ । १५७ ॥

तच्छीलादि कर्ताओ मे जि, दृ, क्षि, विश्रि, इण, टुवमु, अव्यथ, अभ्यम, परिभू और प्रसू इन धातुओ से इनि प्रत्यय हो । जि—जेतुं शीलमस्य जयी । दृङ्—दरी । क्षि क्षये, क्षि निवासगत्योः—क्षयी । विश्रिञ्—विश्रयी । इण—अत्ययी । टुवमु—वमी । नञ् व्यथ—अव्यथी । अभि अम-अभ्यमी । परि भू-परिभवी । प्र सू—प्रसवी ।

* इस धातु को कोई आचार्य लुटि कोई लुडि भी पढ़ते हैं ।

१२८९—स्पृहिगृहिपतिदयिनिद्रातन्द्राश्रद्धाभ्य आलुच् ॥ ३ । २ । १५८ ॥

तच्छीलादि कर्ताओं मे स्पृह आदि धातुओं से आलुच् प्रत्यय हो। स्पृह ईप्सायाम्—स्पृहयालु । ग्रह ग्रहणे—ग्रहयालु । पत गतौ—पतयालु । ये चुरादि अदन्तों मे है। दय–दयालु । निद्रा द्रा कुत्सायाम्—निद्रालुः । तद् द्रा—तन्द्रालु । यहां तद् के द् को नकारादेश निपातन है। श्रत् डुधाञ्—श्रद्धालुः ।

१२९०—वा०—आलुचि शीङ्ग्रहणम् ॥३।२।१५८॥

आलुच् प्रत्यय के विषय मे शीङ् का भी ग्रहण करना चाहिये। शयितु शीलमस्य शयालु ।

१२९१—दाधेट्सिशदसदो रुः ॥३।२।१५९॥

दा, धेट्, सि, शद और सद धातुओं से रु प्रत्यय हो तच्छीलादि अर्थों मे। दातुं शीलमस्य दारुः। धातु शीलमस्य धारु। सीव्यति तच्छील सेरु । शीयये तच्छील शद्रु । सीदति तच्छील. सद्रुः।

१२९२—सृघस्यदः क्मरच् ॥ ३ । २ । १६०॥

सृ घस अद् इन धातुओ से क्मरच् प्रत्यय हो तच्छीलादि अर्थों मे। सृ—सृमर । घस्लृ—घस्मर । अद—अद्मरः।

१२९३—भञ्जभासमिदो घुरच् ॥३।२।१६१॥

भञ्ज, भास और मिद इन धातुओं से घुरच् प्रत्यय हो तच्छीलादि अर्थों मे। भञ्जो—भङ्गुरः (९४४) । भासृ—भासुरः। ञिमिदा—मेदुरः।

१२९४—विदिभिदिच्छिदेः कुरच् ॥३।२।१६२॥

तच्छीलादि कर्ताओं मे विद आदि धातुओं से कुरच् प्रत्यय हो।

विद—विदज्ञाने, वेत्ति तच्छीलः—विदुरः। भिदिर्—भिदुरः। छिदिर्—छिदुरः।

१२६५—इण्नशजिसर्त्तिभ्यः क्वरप् ॥३।२।१६३॥

तच्छीलादि कर्ताओ मे इण, नश, जि, सर्ति इन धातुओ से क्वरप् प्रत्यय हो। इण—इत्वरः। णश—नश्वरः। जि—जित्वरः। सृ—सृत्वर (सं० २०६) से तुक्। स्त्रीलिङ्ग मे इत्वरी (स्त्रैण० ३५) जित्वरी, इत्यादि।

१२६६—गत्वरश्च ॥ ३ । २ । १६४ ॥

तच्छीलादि कर्ताओ मे गत्वर यह निपातन है। गन्तुं शीलमस्य, गत्वरः। स्त्री गत्वरी। यहा गमलृ से क्वरप् और अनुनासिकलोप निपातन है।

१२६७—जागरूकः ॥ ३ । २ । १६५ ॥

तच्छीलादिको मे जागृ धातु से ऊक प्रत्यय हो। जागृ निद्राक्षये—जागरूक।

१२६८—यजजपदंशां यङः ॥ ३ । २ । १६६ ॥

तच्छीलादि कर्ताओ मे यज, जप, दंश इन के यङ् से परे ऊक प्रत्यय हो। यायज्य—यायजितुं शीलमस्य यायजूकः। जञ्जप्य—जञ्जपूक। दंदश्य—दंदशूकः।

१२६९—नमिकम्पिस्म्यजसकमहिंसदीपो रः ॥ ३ । २ । १६७ ॥

तच्छीलादि कर्ताओ मे नम आदि धातुओं से परे र प्रत्यय हो। णम्—नम्रम् काष्ठम्। कपि—कम्प्रा शाखा। ष्मिङ्—स्मेरम् मुखम्। अजस—"जसु मोक्षणे" नञ्पूर्वक है—अजस्र निरन्तरम्। कमु—कम्रा कन्या। हिसि—हिंस्रं रक्षः। दीपी—दीपितुं शीलमस्य—दीप्रो वन्हिः।

१३००—सनाशंसभिक्ष उः ॥ ३ । २ । १६८ ॥

तच्छीलादि कर्ताओं में सन्नन्त, आशंस, भिक्ष इन धातुओं से उ प्रत्यय हो। सन्नन्त—पिपठिषितुं शीलमस्य पिपठिषुः, चिकीर्षुः। आशंस, "आङः शसि इच्छायाम्"—भ्वादिः—आशंसते तच्छील: आशसुः भिक्षुः।

१३०१—विन्दुरिच्छुः ॥ ३ । २ । १६९ ॥

तच्छीलादि कर्ताओं मे विन्दु और इच्छु ये निपातन हो। वेत्ति तच्छीलो—विन्दु। यहां "विद ज्ञाने' धातु से उ प्रत्यय और नुमागम निपातन है। इच्छति तच्छील—इच्छु। यहा "इषु इच्छायाम्" से उ प्रत्यय और छकारादेश निपातन है।

१३०२—आदृगमहनजनः किकिनौ लिट् च ॥ ३ । २ । १७१ ॥

वेदविषय में आकारान्त, ऋवर्णान्त, गम, हन और जन इन धातुओ से कि और किन् प्रत्यय हो और वे लिट् प्रत्यय के तुल्य हो। आ—पा पाने—पपौ तच्छील: पपिः सोमम्। डुदाञ्—ददिर्गाः। इनमे लिड्वद्भाव मानकर (३८) सूत्र से धातु को द्विर्वचन हो जाता है। ऋ-भृ—बभ्रिर्वज्रम्। तॄ—मित्रावरुणौ ततुरि। गॄ शब्दे—दूरे ह्यध्वा जगुरिः। गम्लृ—जग्मिर्युवा। हन—जघ्निर्वृत्रम्। जन—जज्ञिर्बीजम्। इन मे उपधालोप (२१४) सूत्र से होता है यद्यपि (४६) से कित् संज्ञा सिद्ध भी है तथापि लिट् के कित्व विषय मे भी जो गुणविधान (२५८) किया है उसके प्रतिषेध के लिये 'कि किन्' इन प्रत्ययो मे ककार पढ़ा है "आदृ०" यहा आ, ऋ का अलग अलग मुख से उच्चारण होने के लिए दृ पढ़ा किन्तु तपरकरण नही है।

१३०३–वा०–उत्सर्गश्छन्दसि सदादिभ्यो दर्शनात् ॥ ३ । २ । १७१ ॥

वेदविषय में सद् आदि धातुओं से कि, किन् प्रत्ययों का दर्शन है इससे ये उत्सर्गमात्र हैं ऐसा कहना चाहिये अर्थात् आकारान्तों से अन्यत्र भी होते हैं ।

१३०४–वा०–सदिमनिरमिनमिविचीनाम् ॥ महाभाष्ये ॥ ३ । २ । १७१ ॥

षद्लृ—सेदिः । मन—मेनि. । रम—रेमिः । णम—नेमिश्चक्रमिवाभक्रन् । विचिर्—विविचि रत्नधातमम् ।

१३०५–वा०–भाषायां धाञ्कृसृजनिनमिभ्यः ॥ ३ । २ । १७१ ॥

भाषा में धाञ्, कृ, सृ, जन, नम इन धातुओं से कि, किन् प्रत्यय कहना चाहिये तच्छीलादि अर्थों में । डुधाञ्—दधि. । कृ—चक्रि । सृ—सस्रि. । जन—जज्ञि । णम—नेमिः ।

१३०६–वा०–सहिवहिचलपतिभ्यो यङन्तेभ्यः किकिनौ वक्तव्यौ ॥ ३ । २ । १७१ ॥

तच्छीलादि कर्ताओं में यङन्त सहादि धातुओं से कि किन् प्रत्ययों को कहना चाहिये । सह+यङ्—वृषा सहमानं सासहिः । वह+यङ्–वावहि । चल+यङ्–चाचलि. । पत्लृ+यङ्—पापति । यहाँ नीक् (५४३) का अभाव निपातन है ।

१३०७—स्वपितृषोर्नजिङ् ॥ ३ । २ । १७२ ॥

तच्छीलादि कर्ताओं में स्वप् और तृष् धातु से नजिङ् प्रत्यय हो। ञिष्वप्—स्वप्नक्। ञितृषा—तृष्णक्।

१३०८—शॄवन्द्योरारुः ॥ ३ । २ । १७३ ॥

तच्छीलादि कर्ताओं में शॄ और वदि धातु से आरु प्रत्यय हो। शॄ हिंसायाम्—शरारु। वदि अभिवादनस्तुत्योः—वन्दारुः।

१३०९—भियः क्रुक्लुकनौ ॥ ३ । २ । १७४ ॥

तच्छीलादि कर्ताओं में भी धातु से क्रु और क्लुकन् प्रत्यय हो। ञिभी भये—बिभेति तच्छीलो—भीरुः भीलुकः।

१३१०—वा०—भियः क्रुकन्नपि वक्तव्यः ॥ ३ । २ । १७४ ॥

भी धातु से क्रुकन् प्रत्यय भी कहना चाहिये। भीरुक।

१३११—स्थेशभासपिसकसो वरच् ॥ ३ । २ । १७५ ॥

तच्छीलादि कर्ताओं में स्था आदि धातुओं से वरच् प्रत्यय हो। ष्ठा गतिनिवृत्तौ—स्थातुं शीलमस्य स्थावर। ईश ऐश्वर्ये—ईशितुं शीलमस्य ईश्वर.। भासृ दीप्तौ—भास्वरः। पिसृ, पेसृ गतौ—पेस्वरः। कस गतौ—विकस्वरः।

१३१२—यश्च यङः ॥ ३ । २ । १७६ ॥

तच्छीलादि कर्ताओं में यङन्त या धातु से वरच् प्रत्यय हो। याया + य + वर + सु = यहां पर यकार के अकार का लोप (१७२) किये पीछे उसको स्थानिवद्भाव (सन्धि० ९१) जो प्राप्त है उसका यलोपविधि के प्रति प्रतिषेध (सन्धि० ९२) से होकर यलोप हो जाता है—यायावरः।

१३१३—भ्राजभासधुर्विद्युतोर्जिपॄजुग्रावस्तुवः क्विप् ॥ ३ । २ । १७७ ॥

तच्छीलादि कर्त्ताओं मे भ्राज आदि धातुओं से क्विप् प्रत्यय हो। टुभ्राजृ—विभ्राजते तच्छील विभ्राट्, विभ्राड्, विभ्राजौ, विभ्राजः। भासृ—भाः, भासौ, भास। धुर्वि—धूः, धुरौ, धुर (५६०)। द्युत्—विद्युत्। ऊर्ज बलप्राणनयो—ऊर्क् ऊर्ग्। पॄ—पूः, पुरौ। यहां (३८०) [से उत्]। जु—यह सौत्र धातु गति और वेग मे वर्तमान है। जू, जुवौ। यहां उत्तरसूत्र (१३१५) मे जो वार्त्तिक पढ़ा है उससे दीर्घादेश जानना चाहिये। ग्रावस्तु—ग्राव—ष्टुञ्, ❀ ग्रावस्तुत्ः, ग्रावस्तुतौ, ग्रावस्तुत।

१३१४—अन्येभ्योऽपि दृश्यते ॥ ३। २। १७८ ॥

तच्छीलादि कर्ताओं मे और धातुओं से भी क्विप् प्रत्यय देखा जाता है। पचति तच्छीलः—पक्। भिनत्ति—भित्। छिनत्ति—छित्। यहा "दृश्यते" यह दृशि ग्रहण [यथा प्रयोग] विशेष विधान करने के लिए है अर्थात् उक्त क्विप् के परे कही दीर्घ, कही द्विर्वचन, कही संप्रसारण, कही संप्रसारण का अभाव आदि कार्य होते हैं, जैसे—

१३१५-वा०-क्विब् वचिप्रच्छ्यायतस्तुकटप्रुजुश्रीणां दीर्घोऽसंप्रसारणं च ॥ ३। २। १७८ ॥

वच, प्रच्छ, आयतस्तु, कटप्रु, जु, श्रिञ् इन धातुओं से क्विप् प्रत्यय, दीर्घ तथा संप्रसारण का अभाव कहना चाहिये। वक्तीति—वाक्। पृच्छति—प्राट्। आयतं स्तौति—आयतस्तू। कट प्रवते—कटप्रू। जवते—जूः। यहा जु का ग्रहण केवल दीर्घ के लिए है। श्रयति—श्रीः, लक्ष्मी।

❀ यहा ग्राव शब्द का स्तु धातु के साथ निपातन से समास कर पीछे क्विप् प्रत्यय होता है ॥

१३१६-वा०-द्युतिगमिजुहोतीनां द्वे च ॥३।२।१७८॥

द्युत्, गम्लृ, हु इनसे क्विप् और इनको द्वित्वादेश हो। [द्युत्-] दिद्युत्—यहां द्युत धातु को क्विप के परे द्विर्वचन और उक्त दृशि ग्रहण से पूर्व की अभ्यास सञ्ज्ञा (३९) से तथा उस अभ्यास को संप्रसारण (२१८) से हो जाता है । गम्लृ—जगत् (११९५) से अनुनासिक लोप होता है ।

१३१७-वा०-जुहोतेर्दीर्घश्च ॥ ३ । २ । १७८ ॥

हु धातु को दीर्घ भी होना चाहिये जुहूः ।

१३१८-वा०-जुहोतेर्ह्वयतेर्वा ॥ महा० ।३।२।१७८॥

"हु दानादानयो" अथवा "ह्वेञ् स्पर्द्धाया शब्दे च" इन से "जुहू" सिद्ध होता है ।

१३१९-वा०-दृणातेर्ह्रस्वश्च द्वे च क्विप्चेति वक्तव्यम् ॥ ३ । २ । १७८ ॥

दृणाति—'दृ विदारणे' से क्विप् प्रत्यय धातु को द्विर्वचन और ह्रस्वादेश भी कहना चाहिये । दद्दृत् ।

१३२०-वा०-दृणातेर्दीर्यतेर्वा ॥ महा० ३।२।१७८॥

दृ से कर्ता वा कर्म मे दद्दृत् होता है । दृणाति वा दीर्यते या सा दद्दृत् ।

१३२१-वा०-ध्यायतेः सम्प्रसारणं च ॥

'ध्यै चिन्तायाम्' धातु से क्विप् और उसको संप्रसारण हो । धीः ।

१३२२-वा०-ध्यायते 'धातेर्वा ॥ महा० ।३।२।१७८।

'धीः' यह 'ध्यै' से वा 'डुधाञ्' से सिद्ध होता है ।

१३२३—भुवः संज्ञान्तरयोः ॥३ । २ । १७९ ॥

संज्ञा वा अन्तर गम्यमान हो तो भू धातु से क्विप् प्रत्यय हो। संज्ञा—मित्रभू। यह सज्ञा है। अन्तर—प्रतिभू। धन के लेने देने वालो के बीच जो विश्वास कराने को स्थिर हो जाता है वह प्रतिभू कहाता है।

१३२४—विप्रसंभ्यो ड्वसंज्ञायाम् ॥३।२।१८०॥

संज्ञा न गम्यमान हो तो वि, प्र, सम् इन उपसर्गों से उत्तर जो भू धातु उससे डु प्रत्यय हो। विभु, जो सर्वगत है। प्रभु, स्वामी। संभु', जिसका संभव है। असंज्ञा ग्रहण से जहा 'विभू.' किसी का नाम हो वहा न हो।

१३२५-वा०-डुप्रकरणे मितद्र्वादिभ्य उपसंख्यानं धातुविधितुक् प्रतिषेधार्थम् ॥३।२।१८०॥

डु प्रत्यय के प्रकरण मे धातुविधि = धातुग्रहण से जो विधान किया जाय और तुक् के प्रतिपेध के लिये मितद्र् आदि शब्दो का उपसंख्यान करना चाहिये। मित द्रवति प्राप्नोति मितद्रः, मितद्रू, मितद्रवः। यहां [यदि क्विप् करते तो सूत्र १५९ से उवड् और 'मितद्रु' मे तुक् की प्राप्ति होती, डु करने से] धातु को विहित उवङ् [नामि० ९०] नही होता तथा "मितद्र" यहां (स० २०६) तुक् नहीं होता। शं कल्याणं भावयति शम्भूः। यहां अन्तर्भावितण्यर्थ माना जाता है।

१३२६—धः कर्मणि ष्ट्रन् ॥ ३। २। १८१ ॥

कर्मकारक मे धेट् और डुधाञ् धातु से ष्ट्रन् प्रत्यय हो। धयन्ति बाला' स्तन्यार्थिनो यां सा, धात्री [स्त्रै० ७०] उपमाता। दधति वा भैषज्यार्थं यां सा, धात्री (आमलकी) आवले का नाम है।

१३२७—दाम्नीशसयुयुजस्तुतुदसिसिचमिहपतदशनहः करणे ॥ ३। २। १८२ ॥

करण कारक मे दाप् आदि धातुओं से ष्ट्रन् प्रत्यय हो। दाप् लवने—दात्यनेन दात्रम्। णीञ् प्रापणे—नयत्यनेन व्यवहारानिति नेत्रम्। शसु हिंसायाम्—शस्त्रम्। यु मिश्रणेऽमिश्रणे च—योत्रम्। युजिर् योगे—योक्त्रम्। ष्टुञ् स्तुतौ—स्तोत्रम्। तुद व्यथने—तोत्रम्। षिञ् बन्धने—सेत्रम्। षिच क्षरणे—सेक्त्रम्। मिह सेचने—मेढ्रम्। पतॣ गतौ—पतति गच्छत्यनेनेति पत्त्र वाहनम्। दश दशने—दंष्ट्रा। (उणा० २) अनुनासिक लोप के साथ जो दश का निर्देश है सो यह ज्ञापक के लिए है अर्थात् नलोप जिनके परे (१३९) कहा है उनसे अन्यत्र भी होता है इससे 'दशनम्' यहां ल्युट् के परे भी होता है। णह बन्धने—नद्ध्रम्।

१३२८—हलसूकरयोः पुवः॥ ३। २। १८३॥

करण कारक में पूङ् धातु से ष्ट्रन् प्रत्यय हो। जो वह करण हल और सूकर का अवयव हो। पवते पुनाति वाऽनेन तत् पोत्रं, हलमुख सूकरमुख वा।

१३२९—अर्तिलूधूसूखनसहचर इत्रः॥३।२।१८४॥

करण कारक में ऋ आदि धातुओं से इत्र प्रत्यय हो। ऋ गतौ—अरित्रम्। लूञ् छेदने—लवित्रम्। धू विधूनने—धवित्रम्। षू प्रेरणे—सवित्रम्। खनु अवदारणे—खनित्रम्। षह मर्षणे—सहित्रम्। चर गतिभक्षणयोः—चरित्रम्।

१३३०—पुवः संज्ञायाम्॥ ३। २। १८५॥

करण कारक मे पूङ् वा ञ् धातु से इत्र प्रत्यय हो जो समुदाय से संज्ञा गम्यमान हो तो—पवित्रम्। कुश वा ग्रन्थियुक्त कुश [पैंती] आदि को कहते हैं।

१३३१—कर्तरि चर्षिदेवतयोः॥३।२।१८६॥

ऋषि और देवता वाच्य सञ्ज्ञा हो तो करण वा कर्त्ता कारक में पूङ् वा पूञ् धातु से इत्र प्रत्यय हो। यहां यथासंख्य ऋषि, देवता से सम्बन्ध है अर्थात् ऋषि वाच्य हो तो करण मे और देवता वाच्य हो तो कर्ता मे 'इत्र' होता है। पूयतेऽनेनेति पवित्रोऽयमृषिर्वेदः। अग्नि पवित्रं स मा पुनातु।

१३३२—उणादयो बहुलम् ॥ ३ । ३ । १ ॥

वर्तमानकाल और सञ्ज्ञा विषय मे धातु से उण् आदि प्रत्यय बहुल करके हो। डुकृञ्—करोतीति कारुः, शिल्पिनः संज्ञेयम्। वा—वातीति वायुः, पवन। इत्यादि। प्रकृति प्रत्यय के अनुसार उणादिगणस्थ उदाहरण जानने चाहियें। बहुल ग्रहण से कहे हुए कारक आदि के नियम से अन्यत्र भी शिष्ट प्रयोग के अनुसार प्रकृति प्रत्यय की कल्पना से उणादिगण से और भी प्रयोग बनते हैं। इस विषय मे महाभाष्यकार ने कहा है कि—

का०—बाहुलकं प्रकृतेस्तनुदृष्टेः प्रायसमुच्चयनादपि तेषाम्।
कार्यसशेषविधेश्च तदुक्तं नैगमरूढिभवं हि सुसाधु ॥१॥
नाम च धातुजमाह निरुक्ते व्याकरणे शकटस्य च तोकम्।
यन्न पदार्थविशेषसमुत्थं प्रत्ययतः प्रकृतेश्च तदूह्यम् ॥२॥
सञ्ज्ञासु धातुरूपाणि प्रत्ययाश्च ततः परे।
कार्याद्विद्यादनूबन्धमेतच्छास्त्रमुणादिषु ॥ ३ ॥

उणादि सूत्रों मे प्रकृतियो की तनुदृष्टि=तनुता देखने से बाहुलक * (बहुलमेव बाहुलकम्) [अर्थात् बहुल] का ग्रहण तथा

* बहुलग्रहण से यह समझना चाहिये कि जो उणादिगण में अपठित प्रकृति हैं उनसे भी उणादि प्रत्यय होते हैं जैसे हृष धातु से 'उलच्' प्रत्यय कहा है वह 'शकि शङ्कायाम्' से भी होता है—"शङ्कुला"।

उण आदि प्रत्ययों का भी प्राय † = बहुल करके समुच्चय = समूह किया है अर्थात् उणादिगण में वे प्रत्यय भी निःशेष नहीं पढ़े हैं और कार्यों की सशेषविधि ‡ (उणादिगण के सूत्रों में समस्त कार्य नहीं कहे अर्थात् निःशेष नहीं कहे) देखने से वह बहुल शब्द पढ़ा है, तथापि वैदिक और रूढिभव = (सञ्ज्ञावाचक) शब्द अच्छे प्रकार सिद्ध करने ही हैं इसमें पाणिनि आचार्य ने प्रकृतियों की तनुता [प्रत्ययों का प्रायिक समुच्चय तथा कार्यों की सशेषविधि को] देखकर बहुल शब्द पढ़ा है ॥ १ ॥

इस विषय में और आचार्यों का ऐसा सिद्धान्त है कि वे प्रकृत्यादिविभाग से शब्दों का साधन मानते हैं, किन्तु रूढ़िप्रकार से नहीं मानते जैसे--

नाम च—निरुक्तकार निरूक्तग्रन्थ में शब्दों को धातुज अर्थात् प्रकृतिप्रत्यय के विभाग से [बना हुआ] कहते [हैं] और व्याकरणविषय में शकट ऋषि के तोक = अपत्य = शाकटायन वैयाकरण शब्दों को धातुज कहते हैं। इससे जो [शब्द] विशेष + प्रकृति प्रत्यय के विभाग से न जाना जाय वह प्रकृति और प्रत्यय से

† बहुलवचन से यह समझना चाहिये कि जो उणादिगण में प्रत्यय नहीं कहे हैं वे भी होते हैं। जैसे महाभाष्यकार ने 'ऋलृक्' (अष्टा० १।१।३) सूत्र के भाष्य में ऋ धातु से फिड, फिड्ड प्रत्यय मानकर 'ऋफिड, ऋफिड्ड' प्रयोग दिखलाये हैं।

‡ उणादिगण में जो अनुक्त कार्य हैं वे भी बहुलवचन से होते हैं जैसे "षण्ढ" यहा षण धातु के मूर्द्धन्य ष को सत्वादेश का अभाव वा सत्वादेश करके मूर्द्धन्यादेश हो जाता है।

+ विशिष्यते य स विशेषः, पदमर्थं प्रयोजन यस्य व्युत्पाद्यत्वेन स पदार्थः, विशेषश्चासौ पदार्थो विशेषपदार्थस्तस्माद् यत्र समुत्थ विशिष्टप्रकृतिप्रत्ययोत्पादनेन न व्युत्पादितमिति यावत्।

कल्पनीय है अर्थात् उसकी सिद्धि के लिए प्रकृति को देखकर उसके कार्य के अनुसार प्रत्यय और प्रत्यय को देखकर प्रकृति की कल्पना करनी चाहिये ॥२॥

यह कल्पना सर्वत्र नहीं होती किन्तु—

संज्ञासु०—संज्ञा आदि शब्दों में धातुरूप और उन धातुओं से परे प्रत्यय तथा वृद्धि, गुण, उदात्तस्वर आदि कार्य के अनुसार प्रत्ययों के अनुबन्ध जानना चाहिये। उणादिकों में यही शिक्षा करने योग्य है ॥३॥

१३३३—भूतेऽपि दृश्यन्ते ॥ ३ । ३ । २ ॥

भूतकाल में भी उणादि प्रत्यय देखे जाते हैं। जैसे—वृत्तमिदं वर्त्म, चरितमिति चर्म। जो वर्त्त गया वह वर्त्म और जो चरित हो गया वह चर्म कहाता है। यह वृतु और चर धातु मे भूतकाल में उणादिगणस्थ मनिन् प्रत्यय होता है।

१३३४—भविष्यति गम्यादयः ॥ ३ । ३ । ३ ॥

भविष्यत्काल मे 'गमिन्' आदि उणादि प्रत्ययान्त शब्द देखे जाते है। ग्रामं गमी। यहां गम्लृ से उणादिस्थ इनि प्रत्यय भविष्यत्काल मे होता है।

१३३५-वा०-भविष्यतीत्यनद्यतन उपसंख्यानम् ॥ ३ । ३ । ३ ॥

भविष्यत्काल में गम्यादिकों के विधान मे अनद्यतन का उपसंख्यान करना चाहिये। श्वो ग्रामं गमी। कल के दिन ग्राम को जाने वाला है।

१३३६—दाशगोघ्नौ संप्रदाने ॥ ३ । ४ । ७३ ॥

दाश और गोघ्न ये उणादिप्रत्ययान्त शब्द संप्रदान कारक में निपातन हैं। दाशन्ति यच्छन्ति यस्मै स दाश, गौर्हन्यते[1] यस्मै स गोघ्नः

१३३७—भीमादयोऽपादाने ॥ ३ । ४ । ७४ ॥

भीम आदि उणादिप्रत्ययान्त शब्द अपादान कारक मे जानने चाहिये। बिभेत्यस्मादिति भीमः, भीष्म. इत्यादि।

१३३८—ताभ्यामन्यत्रोणादयः ॥३।४।७५॥

संप्रदान अपादान से अन्यत्र अर्थात् और कारको मे उण् आदि प्रत्यय हो। जि—जयतीति जायु इत्यादि।

१३३९—तुमुन्ण्वुलौ क्रियायां क्रियार्थायाम् ॥ ॥ ३ । ३ । १० ॥

क्रियार्था क्रिया उपपद हो तो भविष्यत्काल मे धातु से तुमुन् और ण्वुल् प्रत्यय हो। भुज+तुमुन+सु+गच्छति=यहा तुमुन् के "उ, न" इनकी इत् संज्ञा और लोप होकर—

१३४०—कृन्मेजन्तः ॥ १ । १ । ५३ ॥

मान्त और एजन्त जो कृत्प्रत्यय तदन्त जो शब्द सो अव्यय संज्ञक हो। इस से अव्यय सज्ञा हो जाती है। भोक्तु गच्छति, पठितु गच्छति, सभां द्रष्टुं गच्छति।

---

१ यहा गौ शब्द आसन का पर्यायवाची है। हन धातु गति और हिसा अर्थ मे पढी है। गति के तीन अर्थ है—गमन, प्राप्ति और ज्ञान। यहा प्राप्ति अर्थ है। इसका शब्दार्थ है जिसके बैठने के लिए आसन आदि प्राप्त कराया जावे। यह व्यवहार अर्थात् अभ्यागत के लिये आसनादि देना प्रत्येक सभ्य परिवारों मे होता है। इस सामान्य अर्थ को छोडकर 'गाय मारना' रूपी अर्थ की कल्पना करना क्लिष्ट और अव्यवहारिक है। गो शब्द के अनेक अर्थ प्रसिद्ध हैं, तब केवल गाय अर्थ करना नितान्त अनुचित है।

यहां (१३३९) सूत्र मे जो ण्वुल् प्रत्यय का ग्रहण किया है इससे जानना चाहिये कि तुमुन् के विषय मे वासरूप विधि से तृजादिक नही होते है[1], क्योकि जो तृजादिक होते तो वासरूप विधि से ण्वुल् (९७६) हो ही जाता।

१३४१—समानकर्त्तृकेषु तुमुन् ॥३।३।१५८॥

इच्छा अर्थ वाले समानकर्तृक धातु समीपवर्ती हो तो धातु से तुमुन् प्रत्यय हो। इच्छति भोक्तुम्, कामयते भोक्तुम्, भोक्तुं वाञ्छति। समानकर्तृकग्रहण स यहा न हुआ—पठन्त देवदत्तमिच्छति विष्णुमित्र । अक्रियार्थोपपद के लिए यह सूत्र है, इससे "इच्छत्येव भोक्तुम्" यहा भी तुमुन् होता है।

१३४२—शकधृषज्ञाग्लाघटरभलभक्रमसहार्हास्त्यर्थेषु तुमुन् ॥ ३ । ४ । ६५ ॥

शक आदि धातु उपपद हो तो धातु से तुमुन् प्रत्यय हो। शक्लृ—शक्नोति भोक्तुम् । ञिधृषा—धृष्णोति भोक्तुम् । ज्ञा—जानाति भोक्तुम्। ग्लै—ग्लायति भोक्तुम्। घट—घटते भोक्तुम्। रभ—भोक्तुमारभते । लभ—लभते भोक्तुम् । क्रम—भोक्तुं क्रमते। षह—भोक्तु सहते। अर्ह—भोक्तुमर्हति । अस्त्यर्थ—अस, भू, विद—भोक्तुमस्ति, भोक्तुम् भवति, विद्यते भोक्तुम् । यह भी अक्रियार्थोपपद के लिये सूत्र है—"शक्यमेवं भोक्तुम्" यह भी तुमुन् होता है।

१३४३—पर्याप्तिवचनेष्वलमर्थेषु ॥३।४।६६॥

---

१ क्तल्युट्तुमुन्खलर्थेषु वासरूपविधि नास्ति। पारि० ५९ ।।

परिपूर्णता को कहने वाले अलमर्थ = सामर्थ्यवचन उपपद हो तो धातु से तुमुन् प्रत्यय हो। पर्याप्तो भोक्तुम्, अलं भोक्तुम्, भोक्तुं पारयति, भोक्तुं कुशलः। पर्याप्तिवचनग्रहण से यहां न हुआ—अलं कृत्वा। अलमर्थग्रहण से यहां न हुआ—पर्याप्तं भुङ्क्ते। यहां भोजन करने वाले की प्रभुता गम्यमान है।

१३४४—कालसमयवेलासु तुमुन् ॥३।३।१६७॥

काल, समय और वेला ये शब्द उपपद हों तो धातु से तुमुन् प्रत्यय हो। कालो भोक्तुम्, भोक्तुं वेला, भोक्तुं समयः। यहां अष्टाध्यायी के क्रम से (७९१) सूत्र में से प्रैष, अतिसर्ग, प्राप्तकाल इन अर्थों का भी सम्बन्धानुवर्तन है, अर्थात् प्रैषादि अर्थों के ही विषय में यह तुमुन् होता है। इससे यहां न हुआ—कालः पचति, भूतानि कालः संहरति प्रजाः।

१३४५—भाववचनाश्च ॥ ३ । ३ । ११ ॥

क्रियार्था क्रिया उपपद हो तो धातु से भविष्यत्-काल में भाववचन = भावाधिकार १३४६ विहित घञ् आदि प्रत्यय हो। यागाय याति, पाठाय गच्छति, पुष्टये प्रयतते। यज्ञ करने को वा पढ़ने को जाता और पुष्टि के लिए उत्तम यत्न करता है। यहां कर्म में चतुर्थी (कारकीय ६१) से होती है। वचनग्रहण इसलिये है कि जिस जिस प्रकृति और नियम से जो जो प्रत्यय भावाधिकार में कहा है वह वह इस विषय में उन्हीं नियमों से हो। यद्यपि सामान्य विहित भाववचन क्रियार्थ क्रिया के विषय में हो जाते, परन्तु यहां वासरूपविधि के न होने से[१] क्रियार्थोपपद विषयक तुमुन् के बाधने से नहीं होते हैं इसलिये यह (१३४५) सूत्र कहा।

---

१. देखो पृ० ५७२ पेज। तथा टिप्पणी १।

१३४६—अण् कर्मणि च ॥ ३ । ३ । १२ ॥

क्रियार्था क्रिया और कर्म उपपद हो तो धातु से भविष्यत्काल मे अण प्रत्यय हो। यहा चकार कर्म [के] सन्नियोग के लिए है अर्थात् जहा कर्म और क्रियार्थाक्रिया साथ रहे वहां यह अण् हो। काण्डानि लवितुं गच्छति—काण्डलावो गच्छति, अश्वं दातुं व्रजति-अश्वदायो व्रजति। परत्व से यह कादिको (१००३) को बाधता है।

१३४७—पदरुजविशस्पृशो घञ् ॥३।३।१६॥

पद आदि धातुओं से घञ् प्रत्यय हो। यहा से तीनो काल मे प्रत्यय होते है। अर्थात् भविष्यत्काल की निवृत्ति है। पद्यतेऽसौ पाद, रुजत्यसौ रोगः, विशत्यसौ वेशः। इसी प्रकार 'पत्स्यते अपादि वा पादः' इत्यादि जानना चाहिये।

१३४८—वा०—स्पृश उपतापे ॥ ३ । ३ । १६ ॥

उक्त घञ् प्रत्यय स्पृश धातु से उपताप अर्थ मे हो यह कहना चाहिये। स्पृशतीति स्पर्शः उपतापः। कष्ट को कहते है। उपतापग्रहण से यहां न हुआ—कम्बलस्य स्पर्शः कम्बलस्पर्शः। यहां पचाद्यच् (९७७) हो जाता है।

१३४९—सृ स्थिरे ॥ ३ । ३ । १७ ॥

सृ धातु से स्थिर कर्ता मे घञ् प्रत्यय हो। स्थिर शब्द से चिरकालस्थायी का ग्रहण है। यश्चिरं तिष्ठन् कालान्तरं सरति प्राप्नोति स सार.। जो चिरकाल ठहरा हुआ कालान्तर को प्राप्त होता है वह सार कहाता है स्थिर ग्रहण से यहां न हुआ—सर्ता, सारक (९७६)।

१३५०—वा०—व्याधिमत्स्यबलेष्विति वक्तव्यम् ॥ ३ । ३ । १७ ॥

व्याधि, मत्स्य और बल अर्थ मे सृ धातु से घञ् प्रत्यय कहना चाहिये। अत्यन्त सरति अतिसारो व्याधि.। विविधं सरति इतस्ततो जलेऽटति विसारो मत्स्यः। शाल इव सरति शालसारः, खदिरसार. बलम्।

१३५१—भावे ॥ ३ । ३ । १८ ॥

भाव वाच्य हो तो धातु से घञ् प्रत्यय हो। यहा यह जानना चाहिये कि क्रियासामान्यवाची भू धातु है इससे अर्थ निर्देश किया हुआ सर्वधातुविषयक होता है। भाव अर्थात् धात्वर्थ सो भी धातु से ही कहा जायगा इसलिये धातु के सिद्ध प्रयोग से जो धात्वर्थ निष्पन्न होता है वह वाच्य हो तो घञ् होता है। जैसे—कारः, हारः इत्यादि।

१३५२—स्फुरतिस्फुलत्योर्घञि ॥६।१।४७॥

घञ् प्रत्यय परे हो तो स्फुर, स्फुल इन धातुओ के एच् के स्थान मे आकारादेश हो। स्फार, स्फाल।

१३५३—इकः काशे ॥ ६ । ३ । १२३ ॥

काश उत्तरपद परे हो तो इगन्त उपसर्ग को दीर्घादेश हो। नीकाश, अनूकाशः। यहा "काशृ दीप्तौ" धातु से घञ् हुआ है। इगन्त ग्रहण से यहां दीर्घ नही होता—प्रकाशः।

१३५४—स्यदो जवे ॥ ६ । ४ । २८ ॥

घञ् प्रत्यय परे हो और जव=वेग अभिधेय हो तो 'स्यद' यह निपातन है। गोस्यदः। यहां "स्यन्दू प्रस्रवणे" धातु से घञ् प्रत्यय, नलोप और (१२६) से प्राप्त वृद्धि का अभाव निपातन है। 'जव' ग्रहण से "घृतस्यन्द." यहां नलोप नही होता।

१३५५—अवोदैधौद्मप्रश्रथहिमश्रथाः ॥ ६ । ४ । २९ ॥

नलोपविषय में अवोद, एध, ओद्म, प्रश्रथ, हिमश्रथ ये निपातन हैं। अवोद । यहां अवपूर्वक "उन्दी क्लेदने" धातु से घञ् प्रत्यय के परे नलोप निपातन है। एध । यहा "ञिइन्धी दीप्तौ" से घञ् प्रत्यय के परे नलोप और गुणादेश निपातन है। अन्यथा (५५४) सूत्र से गुणप्रतिषेध प्राप्त है। ओद्मः, "उन्दी" धातु का नलोप और गुणादेश उणादिगणस्थ मन् प्रत्यय के परे निपातन है। प्रश्रथ— यहा श्रन्थ धातु के नकार का लोप और वृद्धि का न होना निपातन है इसी प्रकार हिमपूर्वक श्रन्थ से "हिमश्रथः" सिद्ध होता है।

१३५६—अकर्त्तरि च कारके संज्ञायाम् ॥ ३।३।१९॥

कर्ताभिन्न कारक मे भी संज्ञाविषय में घञ् प्रत्यय हो। प्रसीव्यत इति प्रसेव । आहरन्ति रस यस्मात् स आहार । अकर्तृ-ग्रहण से यहां न हुआ—"मिष स्पर्धायाम्—मिषत्यसौ मेष" मेढ़ा का नाम है। यहा अच् हो जाता है[1]। संज्ञाग्रहण से यहां न हुआ— कर्त्तव्यः कट, गन्तव्यो मार्ग । सञ्ज्ञा से अन्यत्र भी घञ् होने के लिए चकार[2] है इससे यहां भी होता है—को लाभो भवता लब्ध ।

१३५७—घञि च भावकरणयोः ॥६।४।२७॥

भावकरणवाची घञ् प्रत्यय परे हो तो रञ्ज धातु के उपधा नकार का लोप हो। भाव मे—रञ्जनं रागः। करण में—रज्यतेऽनेनेति रागः। भावकरणग्रहण से यहा नलोप न हुआ—रञ्जत्यस्मिन्निति रङ्गः। यहां से आगे अष्टाध्यायी के क्रम से "कृत्यल्युटो

१. यद्यपि घञ् और अच् में रूपभेद नही होता, तथापि घञ् होने से आद्युदात्त और अच् होने से अन्तोदात्त होता है।

२. अर्थात् चकार से भाव का सग्रह होता है।

बहुलम्[1]" सूत्र पर्यन्त "भावे, अकर्त्तरि, कारके" इन पदों का अधिकार है।

१३५८—परिमाणाख्यायां सर्वेभ्यः ॥३।३।२०॥

परिमाण का कथन हो तो सब धातुओं से घञ् प्रत्यय हो। चिञ्—एकस्तण्डुलनिचायः, तण्डुलानां निचायस्तण्डुलनिचायः ※। पूञ्—द्वौ शूर्पनिष्पावौ, कॄ विक्षेपे—द्वौ कारौ, त्रयः काराः। परिमाणाख्या ग्रहण से यहां न हुआ—निश्चयः।

१३५९-वा०-दारजारौ कर्तरि णिलुक् च ॥ ३ । ३ । २० ॥

दार, जार ये दोनों प्रयोग कर्ता में कहने चाहियें, और इनके विषय में णिच् प्रत्यय का लुक् भी कहना चाहिये। दॄ विदारणे—दारयन्तीति दाराः। जॄष् वयोहानौ—जारयन्तीति जाराः।

१३६०-वा०-करणे वा ॥ ३ । ३ । २० ॥

अथवा करण कारक में दार जार शब्द कहने चाहियें। इस पक्ष में णिलुक् नहीं है। दीर्यन्ते तैर्दाराः, जीर्यन्ते तैर्जाराः।

१३६१—इङश्च ॥ ३ । ३ । २१ ॥

इङ् धातु से घञ् प्रत्यय हो। यह वक्ष्यमाण अच् का अपवाद है। उपेत्यस्मादधीत इत्युपाध्यायः। यहां [इङ्] धातु से अपादान में घञ् प्रत्यय है।

---

१ आ० ९२०।

※ यह चावलों की ढेरी अर्थात् मन आदि परिमाण से पूर्ण है। जितना एक बार शूर्प से शुद्ध किया जासके उतना परिमाण शूर्पनिष्पाव कहाता है। दो शूर्पनिष्पाव अर्थात् दो बार शूर्प से जितना शुद्ध हो सके उतना धान्य है, दो कार अर्थात् दो बार शूर्प आदि से किरा जाय उतना धान्य है।

१३६२—वा०—इङश्चेत्यपादाने स्त्रियामुपसंख्यानं तदन्ताच्च वा ङीष् ॥ ३ । ३ । २१ ॥

"इङश्च" इस विषय मे स्त्रीलिङ्ग मे [अपादान कारक मे] घञ् प्रत्यय का उपसंख्यान करना [चाहिये] और उस घञ् प्रत्ययान्त से विकल्प करके ङीष् प्रत्यय कहना चाहिये । उपेत्याधीयतेऽस्या उपाध्यायी, उपाध्याया (स्त्रैण० ८९) ।

१३६३—वा०—शॄ वायुवर्णनिवृतेषु ॥३।३।२१॥

"शॄ" इस धातु से वायु, वर्ण, निवृत (आवरण-आच्छादन) इन अर्थों मे घञ् प्रत्यय कहना चाहिये । शॄ हिंसायाम्—शृणात्यनेनेति शारो वायुः । करण मे घञ् है । शीर्यते चित्रीक्रियतऽनेनेति शारो वर्णः । गौरिवाकृतनीशारः प्रायेण शिशिरे कृशः । निशीर्य्यते निव्रियते आच्छाद्यतेऽनेनेति नीशार । निवृतम्—अकृतनीशारः । जिसने छप्पर आदि नहीं छवाया [या कपड़ा आदि नहीं ओढ़ता] वह पुरुष प्राय. करके शिशिर ऋतु मे गौ के तुल्य दुबला हो जाता है ।

१३६४—उपसर्गे रुवः ॥ ३ । ३ । २२ ॥

उपसर्ग उपपद हो तो रु धातु से घञ् प्रत्यय हो । संरावः । उपसर्ग ग्रहण से यहा न हुआ—रवः । यहा (१४०३) अप हो जाता है ।

१३६५—समि युद्रुदुवः ॥ ३ । ३ । २३ ॥

सम् उपपद हो तो यु, द्रु, दु इन धातुओं से घञ् प्रत्यय हो । सं यूयते मिश्रीक्रियते गुडादिभिरिति संयावः । मीठी पूडी आदि का नाम है । सन्द्रावः, सन्दावः ।

१३६६—श्रिणीभुवोऽनुपसर्गे ॥३।३।२४॥

उपसर्ग उपपद हो तो श्रि, णि, भू इन धातुओं से घञ् प्रत्यय हो। श्राय, नाय, भावः। उपसर्ग निषेध से यहां न हुआ—प्रश्रयः, प्रणय', प्रभवः। 'प्रभावः' यह तो प्रादिसमास से होता है तथा "नयः पृथिवीपतेः" यह कृत् संज्ञको के बहुलभाव से होता है।

१३६७—वौ क्षुश्रुवः ॥ ३ । ३ । २५ ॥

वि उपपद हो तो क्षु, श्रु इन धातुओं से घञ् प्रत्यय हो। विक्षाव, विश्रावः। वि ग्रहण से यहा न हुआ—क्षवः, श्रवः।

१३६८—अवोदोर्नियः ॥ ३ । ३ । २६ ॥

अव, उद ये उपसर्ग उपपद हो तो नी धातु से घञ् प्रत्यय हो। अवनाय.। नीचे को पहुँचाना। उन्नाय.। ऊपर को पहुँचाना।

१३६९—प्रे द्रुस्तुस्रुवः ॥ ३ । ३ । २७ ॥

प्र उपपद हो तो द्रु, स्तु, स्रु इन धातुओं से घञ् प्रत्यय हो। प्रद्राव, प्रस्ताव, प्रस्राव.। प्र ग्रहण से यहां न हुआ—द्रवः, स्रवः, स्तवः। यहा वक्ष्यमाण अप् (१४०३) से हो जाता है।

१३७०—निरभ्योः पूल्वोः ॥ ३ । ३ । २८ ॥

निर् अभि ये यथासंख्य उपपद हो तो पू लू इन धातुओं से घञ् प्रत्यय हो। "पू" यह सामान्य 'पूङ् पूञ्' दोनो का ग्रहण है। निर् पृ—निष्पूयते शूर्पादिभिर्य स निष्पावः। यह किसी धान्यविशेष का नाम है। अभिलावः।

१३७१—उन्न्योर्ग्रः ॥ ३ । ३ । २९ ॥

उद् और नि उपपद हो तो गृ धातु से घञ् प्रत्यय हो। गॄ शब्दे, गृ निगरणे—उद्+गृ—उद्गारः समुद्रस्य। नि+गॄ—निगारो मनुष्याणाम्। उद्, नि ग्रहण से यहा न हुआ—गरः। अप् (१४०३) हो जाता है।

१३७२—कॄ धान्ये ॥ ३ । ३ । ३० ॥

धान्य अर्थ मे वर्तमान जो उद् नि पूर्वक कॄ धातु उससे घञ् प्रत्यय हो। कॄ विक्षेपे—उत्कारो निकारो वा धान्यस्य। धान्य का ऊपर को किराना वा एक तार किराना। धान्य से अन्यत्र—भैक्ष्योत्करः, पुष्पनिकरः। फूलों का समूह।

१३७३—यज्ञे समि स्तुवः ॥ ३ । ३ । ३१ ॥

यज्ञ अर्थ मे सम् पूर्वक स्तु धातु से घञ् प्रत्यय हो। समेत्य स्तुवन्ति छन्दोगा यस्मिन् देशे स देश सस्तावः। यहा अधिकरण में घञ् प्रत्यय है। यज्ञ से अन्यत्र—सस्तवः, परिचयः।

१३७४—प्रे स्त्रोऽयज्ञे ॥ ३ । ३ । ३२ ॥

प्र उपपद हो तो यज्ञभिन्न अर्थ मे स्तॄञ् धातु से घञ् प्रत्यय हो। स्तॄञ् आच्छादने—छन्दसा प्रस्तारः, मणिप्रस्तारः। अयज्ञग्रहण से यहां न हुआ—बर्हिषः प्रस्तरः। कुशो की मूठी।

१३७५—प्रथने वावशब्दे ॥ ३ । ३ । ३३ ॥

अशब्दविषयक प्रथन = विस्तीर्णता गम्यमान हो और वि उपपद हो तो स्तॄञ् धातु से घञ् प्रत्यय हो। पटस्य विस्तार.। प्रथन ग्रहण से यहां न हुआ—अय तृणविस्तर'। यह तृण अर्थात् कुश आदि का बिछावना है। अशब्दग्रहण से यहां न हुआ—वचसा विस्तर, ग्रन्थविस्तरः। इन मे अगला अप् प्रत्यय (१४०३) से हो जाता है।

१३७६—छन्दोनाम्नि च ॥ ३ । ३ । ३४ ॥

छन्दोनाम वाच्य हो तो विपूर्वक स्तॄञ् धातु से घञ् प्रत्यय हो। यहां छन्दस् शब्द से गायत्री आदि छन्दो का ग्रहण है। विस्तीर्यन्ते-

ऽस्मिन्नक्षराणि स विष्टारः, विष्टार च तत् पङ्क्तिश्छन्दः विष्टारपङ्क्तिश्छन्दः । विष्टारबृहती छन्दः । यहा (८४२) सूत्र से षत्व होता है ।

१३७७—उदि ग्रहः ॥ ३ । ३ । ३५ ॥

उद् उपपद हो तो ग्रह धातु से घञ् प्रत्यय हो । उद्ग्राहः ।

१३७८–वा०–उद्ग्राभनिग्राभौ च छन्दसि स्रुगुद्यमननिपातनयोः ॥ ३ । ३ । ३५ ॥

स्रुच् (हवन करने के पात्र) का उठाना [और] धरना अर्थ हो तो [यथासंख्य] उद्ग्राभ, निग्राभ ये निपातन है। यहां उद् नि पूर्वक ग्रह धातु से भाव मे घञ् और उसके हकार को भकार आदेश हुआ है।

१३७९—समि मुष्टौ ॥ ३ । ३ । ३६ ॥

सम् उपपद हो तो मुष्टिविषय = पञ्जा लडाने अर्थ मे ग्रह धातु से घञ् प्रत्यय हो । अहो मल्लस्य संग्राहः, अहो मुष्टिकस्य संग्राहः । मुष्टिग्रहण से यहा न हुआ—द्रव्यस्य सग्रहः ।

१३८०—परिन्योर्नीणोर्द्यूताभ्रेषयो ।३।३।३७॥

द्यूत अर्थ मे परिपूर्वक णीञ् और अभ्रेष = उचित करने अर्थ में निपूर्वक इण् धातु से घञ् प्रत्यय हो । द्यूत—परिणयनं परिणायः, परिणायेन शारान् हन्ति । सब ओर से एर फेर से पाशाओ को छीनता झपटता है । अभ्रेष—एषोऽत्र न्यायः । द्यूताभ्रेष से अन्यत्र—परिणयो विवाहः, न्ययो नाशः ।

१३८१—परावनुपात्यय इणः ॥ ३ । ३ । ३८ ॥

अनुपात्यय अर्थ मे परिपूर्वक इण् धातु से घञ् प्रत्यय हो। तव पर्याय·, मम पर्यायः। अनुपात्यय ग्रहण से यहां न हुआ—कालस्य पर्यय। काल का व्यतीत होना।

१३८२—व्युपयोः शेतेः पर्याये ॥३।३।३९॥

पर्याय गम्यमान हो तो वि, उप पूर्वक शीङ् धातु से घञ् प्रत्यय हो। तव विशायः=तुम्हारा जागना। मम विशायः = मेरा जागना। तव राजोपशायः = तुम्हारा राजा के समीप सोना। मम राजोपशाय = मेरा राजा के समीप सोना। पर्यायग्रहण से यहां न हुआ—विशय, उपशय।

१३८३—हस्तादाने चेरस्तेये ॥ ३ । ३ । ४० ॥

अस्तेय अर्थात् चोरी से अन्यत्र जो हाथ से ग्रहण करना उस अर्थ मे चिञ् धातु से घञ् प्रत्यय हो। पुष्पप्रचायः, फलप्रचाय. = पुष्प, फलों का हाथ से इकट्ठा करना। हस्तादान से अन्यत्र—दण्डेन फलसंचयं करोति। यहा घञ् नही होता। अस्तेयग्रहण से यहा नही होता—चौर्येण फलप्रचय।

१३८४—निवासचितिशरीरोपसमाधानेष्वादेश्च कः ॥ ३ । ३ । ४१ ॥

निवास=अच्छे प्रकार जिसमे वसे, चिति = चिनी जाना शरीर, उपसमाधान=ढेर लगाना इन अर्थों मे चिञ् धातु से घञ् प्रत्यय और धातु के आदि चकार को ककार आदेश हो। निवास—निवसत्यस्मिन्निति निकायः। कश्मीरनिकायः। चिति—आचीयतेऽसावित्याकाय। जो अच्छे प्रकार चिना जाय वह आकाय कहाता है। आकायमग्निं चिन्वीत। शरीर—चीयतेस्मिन् सक्थ्यादिकमिति कायः। उपसमाधान—धान्यनिकाय।

१३८५—सङ्घे चानौत्तराधर्ये ॥३।३।४२॥

अनौत्तराधर्य = ऊपर नीचे न होना विषयक जो संघ = प्राणियों का एकत्र होना इस अर्थ में चिञ् धातु से घञ् प्रत्यय और उसके आदिभूत चकार को क आदेश हो। ब्राह्मणनिकायः, भिक्षुनिकायः, वैयाकरणनिकायः। अनौत्तराधर्य ग्रहण से यहाँ न हुआ—सूकर-निचयः। प्रायः सूकर साते हुए एक दूसरे के ऊपर भी हो रहते हैं। प्राणिविषयकसंघ लेने से यहां न हुआ—ज्ञानकर्मसमुच्चयः।

१३८६—कर्मव्यतिहारे णच् स्त्रियाम् ॥३।३।४३॥

कर्मव्यतिहार = क्रिया का परस्पर होना गम्यमान हो तो स्त्रीलिङ्ग में धातु से णच् प्रत्यय हो। यह भाव में होता है। 'वि + अव + क्रुश + णच्' यहां (स्त्रै० ८२२) सूत्र से स्वार्थ में ताद्धित अञ् प्रत्यय होकर "व्यवक्रुश + अ + अ" इस अवस्था में (स्त्रै० ९११) सूत्र से ऐच् प्राप्त हुआ उसका (स्त्रै० ९२२) निषेध होकर (स्त्रै० १६७) सूत्र से वृद्धि तथा (स्त्रै० ३५) सूत्र से ङीप् प्रत्यय हो जाता है। व्यावक्रोशी, व्यावहासी। स्त्रीग्रहण से यहां न हुआ—व्यतिपाको वर्त्तते। कर्मव्यतिहार से अन्यत्र—क्रोशो वर्तते।

१३८७—अभिविधौ भाव इनुण् ॥३।३।४४॥

अभिविधि (अभिव्याप्ति अर्थात् क्रिया और गुणों से परिपूर्ण सम्बन्ध) अर्थ हो तो धातु से भाव में इनुण् प्रत्यय हो। समन्ताद् रवणं, समन्ताद् रूयत इति वा सांराविणम्। यहां सम्पूर्वक 'रु' धातु से इनुण् और उसके परे धातु को वृद्धि (६१) तदनन्तर 'संराविन्' शब्द से स्वार्थ में अण् और अण् के परे आदि अच् को (स्त्रै० १६७) वृद्धि और अण् के पूर्व को प्रकृतिभाव (स्त्रै० ९०१) सूत्र से हो जाता है। सांराविणं वर्तते। अभिविधिग्रहण से यहां न

हुआ—संरावः। इत्यादिकों मे घञ् हो जाता है। भाव वर्तमान था फिर भाव इसलिये है कि वासरूपविधि से अभिविधिविषयक भाव मे घञ् न हो, परन्तु वक्ष्यमाण ल्युट् प्रत्यय तो होता है।

१३८८—आक्रोशेऽवन्योर्ग्रहः ॥ ३ । ३ । ४५ ॥

आक्रोश = अच्छे प्रकार कोसना अर्थ गम्यमान हो तो अव, नि पूर्वक ग्रह धातु से घञ् प्रत्यय हो। अवग्राहो वृषल ते भूयात्, निग्राहो हन्त ते वृषल! भूयात्। आक्रोशग्रहण से यहा न हो—अवग्रहः पदस्य, पद का विग्रह। निग्रहश्चोरस्य, चोर का बाधना।

१३८९—प्रे लिप्सायाम् ॥ ३ । ३ । ४६ ॥

लाभ की इच्छा गम्यमान हो तो प्रपूर्वक ग्रह धातु से घञ् प्रत्यय हो। पात्रप्रग्राहेण चरति भिक्षुः। लिप्सा ग्रहण से यहा न हुआ—प्रग्रह पात्राणाम्।

१३९०—परौ यज्ञे ॥ ३ । ३ । ४७ ॥

परि उपसर्ग उपपद हो तो ग्रह धातु से यज्ञ अर्थ मे घञ् प्रत्यय हो। उत्तर—परिग्राहः, स्फ्येन वेदेर्भवति[1]। यज्ञ से अन्यत्र—परिग्रहो देवदत्तस्य।

१३९१—नौ वृ धान्ये ॥ ३ । ३ । ४८ ॥

धान्य अभिधेय हो और नि उपसर्ग उपपद हो तो वृञ् वा वृङ् धातु से घञ् प्रत्यय हो। नीवाराः व्रीहयः। यहा "उपसर्गस्य

---

१. वेदि का स्थान नापकर 'स्फ्य' से उस नपी हुई भूमि पर चिह्न करना परिग्राह कहाता है। काण्व शतपथ में परिग्राह के स्थान पर परिग्रह का प्रयोग करता है।

घञ्यमनुष्ये बहुलम्'[1] इस सूत्र से नि को दीर्घ हो गया। धान्य से अन्यत्र—निवरा कन्या। यहा अगला अप् (१४०३) प्रत्यय हो जाता है।

१३९२—उदि श्रयतियौतिपूद्रुवः ॥३।३।४९॥

उद् उपपद हो तो श्रिञ् यू पू द्रु इन धातुओ से घञ् प्रत्यय हो। श्रिञ्—उच्छ्राय। यु—उद्याव। पूञ्, पूङ्—उत्पाव। द्रु—उद्द्रावः।

१३९३—विभाषाङि रुप्लुवोः ॥३।३।५०॥

आङ् उपपद हो तो रु और प्लु धातु से विकल्प करके घञ् प्रत्यय हो। आराव', आरव, आप्लाव., आप्लव.।

१३९४—अवे ग्रहो वर्षप्रतिबन्धे ॥३।३।५१॥

वर्षा का प्रतिबन्ध अभिधेय हो और अव उपपद हो तो ग्रह धातु से विकल्प करके घञ् प्रत्यय हो। अपने समय मे हो रही जो वर्षा है उसका किसी कारण से जो अभाव होना उसको वर्षप्रतिबन्ध कहते है। अवग्राहो देवस्य, अवग्रहो देवस्य। वर्षप्रतिबन्धग्रहण से यहा न हुआ—अवग्रह पदस्य।

१३९५—प्रे वणिजाम् ॥ ३ । ३ । ५२ ॥

वणिज् सम्बन्धी प्रत्ययार्थ हो तो प्रपूर्वक ग्रह धातु से विकल्प करके घञ् प्रत्यय हो। तुलाप्रग्राहेण चरति तुलाप्रग्रहेण वा चरति। यहा वणिक् सम्बन्धी तुलासूत्र का ग्रहण है अर्थात् तुला=तखरी—तक आदि जिससे ग्रहण करी जाय उस सूत्र को पकडकर चलता है। वणिग्ग्रहण से यहा न हुआ—प्रग्रहो धनस्य।

१३९६—रश्मौ च ॥ ३ । ३ । ५३ ॥

---

१. अष्टा० ६। ३। १२२॥

रश्मि अभिधेय हो और प्र शब्द उपपद हो तो ग्रह धातु से विभाषा घञ् प्रत्यय हो। प्रग्रह, प्रग्राह। रथ मे जुड़े हुए घोड़ो की बागो (लगामो) को कहते है।

१३६७—वृणोतेराच्छादने ॥ ३। ३। ५४॥

प्र उपपद हो तो वृञ् धातु से आच्छादन अर्थ मे घञ् प्रत्यय हो। प्रवार, प्रवर। आच्छादन ग्रहण से यहां न हुआ—प्रवरा (१४०३) गौ।

१३६८—परौ भुवोऽवज्ञाने ॥ ३। ३। ५५॥

परि उपपद हो तो अवज्ञान=तिरस्कार अर्थ मे भू धातु से घञ् प्रत्यय हो। परिभवः, परीभाव 'उपसर्गस्य घञ्यमनुष्ये बहुलम्'[1] इससे दीर्घ। परिभवः। अवज्ञान से अन्यत्र—परितः सर्वतो भवनं परिभवः। यहां अप् हो जाता है।

१३६९—एरच् ॥ ३। ३। ५६॥

इवर्णान्त धातु से अच् प्रत्यय हो। चिञ्—चय। जि—जयः। क्षि—क्षय। भाव और कर्ताभिन्न कारक का अधिकार है, इसलिए प्रकरण के उक्त अनुक्त सब प्रत्यय भाव वा कर्ताभिन्न कारको मे प्राय होते हैं।

१४००—वा०—भयादीनामिति वक्तव्यम् ॥

३। ३। ५६॥

भयादि शब्दो की सिद्धि अच् प्रत्यय से कहनी चाहिये। ञिभी—भयम्। वृषु—वर्षम्। नपुंसकलिङ्ग भाव मे क्त प्रत्यय कहेंगे उसकी

1. अष्टा० ६। ३। १२२॥

निवृत्ति के लिए यह वार्तिक है, परन्तु 'वृषभो वर्षणात्[1]' इस भाष्यवचन मे वर्षण शब्द तो भाव मे होता ही है।

१४०१–वा०–कल्प्यादिभ्यः प्रतिषेधः ॥३।३।५६॥

कल्पि आदि धातुओं से अच् प्रत्यय का प्रतिषेध कहना चाहिये। 'कल्पि' यह णिजन्त 'कृपू' सामर्थ्ये है। कृपू+णिच्+घञ्+सु= कल्पः, अर्थ, मन्त्र। ये भी णिजन्तो से है। णिजन्त सब इवर्णान्त हो जाते है इसलिये कल्पि आदि से अच् ❀ प्राप्त था उसके प्रतिषेध मे घञ् हो जाता है।

१४०२–वा०–जवसवौ छन्दसि वक्तव्यौ ॥

३ । ३ । ५६ ॥

वेदविषय मे जव, सव ये अच् प्रत्ययान्त कहने चाहियें। 'जु' सौत्र धातु है, उससे 'जु+अच्+सु=जव' होता है। ऊर्वोरस्तु मे जव। 'षु' वा 'षू' धातु से अच् होकर—'सव' होता है। अयं मे पञ्चौदन सवः। यह अच् विधान अन्तोदात्त (सौवर ३४) स्वर के लिए है क्योकि 'जवः, सव' प्रयोग अप् से भी सिद्ध थे।

१४०३—ॠदोरप् ॥ ३ । ३ । ५७ ॥

ॠकारान्त और उवर्णान्त धातुओं से अप् प्रत्यय हो। कॄ—करः। शॄ—शरः। यु—यव। लू—लव। पू—पवः। 'ॠदो०' यहा ॠ और उकार का अलग २ उच्चारण होने के लिए दकार के साथ निर्देश है किन्तु तपर करण [के लिये] नही है।

---

१. महाभाष्य अ० १, पाद १, आ० १ ॥

❀ किन्ही नवीनपन्था वालो का यह भी सिद्धात है कि 'एरच्' यह अण्यन्ता से होता है ण्यन्तो से नही होता। सो उनका कथन भाष्यविरुद्ध है।

१४०४—ग्रहवृदृनिश्चिगमश्च ॥ ३ । ३ । ५८ ॥

ग्रह, वृ, दृ, निश्चि, गमलृ इनसे अप् प्रत्यय हो। यह घञ् और अच् का अपवाद है। ग्रह—ग्रहः। वृ—वरः। दृ—दरः। निस्+चि=निश्चयः। गमलृ—गम।

१४०५-वा०-वशिरण्योश्चोपसंख्यानम् ॥ ३ । ३ । ५८ ॥

अप् प्रत्यय के विधान मे वश और रण धातु की भी गणना करनी चाहिये। वशन वशः, सवश सैन्धवम्, रणऽन्त्यस्मिन्निति, रणः, धनजयं रणे रणे।

१४०६-वा०-घञर्थे कविधानं स्थास्नापाव्यधिहनियुध्यर्थम् ॥ ३ । ३ । ५८ ॥

स्था, स्ना, पा, व्यध, हन, युध आदि धातुओ के लिये घञर्थ (भाव, कर्ताभिन्न कारक) मे क प्रत्यय का विधान करना चाहिये। प्रतिष्ठन्तेऽस्मिन् धान्यानीति प्रस्थ, प्रस्थे हिमवतः शृङ्गे, प्रस्नान्ति अस्मिन्निति प्रस्नः, प्रपिबन्त्यस्यामिति प्रपा, आविध्यन्ति तेनाविधः, विघ्नन्ति तस्मिन्मनांसि विघ्न, आयुध्यन्ते तेनायुधम्।

१४०७-वा०-द्विर्वचनप्रकरणे कृञादीनां क उपसंख्यानम् ॥ ६ । १ । ११ ॥

क प्रत्यय के परे द्विर्वचनप्रकरण मे कृञ् आदि धातुओ की गणना करनी चाहिये। अर्थात् क प्रत्यय के कृञादिको को द्वित्व हो। यह वार्तिक ६।१।११ सूत्र के व्याख्यान मे पढा है। कृञ्+क+सु=चक्रम्, क्लिदू+क+सु=चिक्लिदम्, क्नसु ह्वरणादीप्त्योः—क्नसु+क+सु=चक्नस।

१४०८—उपसर्गेऽदः ॥ ३ । ३ । ५६ ॥

उपसर्ग उपपद हो तो अद धातु से अप् प्रत्यय हो । 'प्र+अद्+अप्+सु' इस अवस्था में—

१४०६—घञपोश्च ॥ २ । ४ । ३८ ॥

घञ् और अप् प्रत्यय परे हो तो अद् धातु को घस्लृ आदेश हो । घस्लृ आदेश होकर—प्रघस । जहां उपसर्ग पूर्व नहीं है वहां भी 'अद्+घञ्+सु=घासः' घञ् के परे घस्लृ आदेश हो जाता है ।

१४१०—नौ ण च ॥ ३ । ३ । ६० ॥

नि उपपद हो तो अद धातु से ण और अप् प्रत्यय हो । नि+अद+ण+सु=न्यादः, नि+अद+अप्+सु=निघसः ।

१४११—व्यधजपोरनुपसर्गे ॥ ३ । ३ । ६१ ॥

उपसर्गभिन्न जो व्यध और जप धातु उन से अप् प्रत्यय हो । व्यधः, जपः । अनुपसर्गग्रहण से यहां न हुआ—आव्याधः, आजापः । यहां घञ् प्रत्यय (१३५१) से हो जाता है ।

१४१२—स्वनहसोर्वा ॥ ३ । ३ । ६२ ॥

उपसर्ग उपपद न हो तो स्वन और हस धातु से विकल्प करके अप् प्रत्यय हो । स्वनः, स्वानः, हस , हासः । विकल्पपक्ष मे घञ् हो जाता है । अनुपसर्ग ग्रहण से यहां अप् नहीं होता—प्रस्वानः, प्रहासः ।

१४१३—यमः समुपनिविषु च ॥ ३ । ३ । ६३ ॥

सम्, उप, नि, वि उपसर्ग उपपद हो वा न हो तो यम धातु से विकल्प करके अप् प्रत्यय हो। संयमः, संयामः, उपयम, उपयामः, नियमः, नियामः, वियमः, वियाम, यमः, यामः। विकल्प पक्ष मे घञ् हो जाता है। [अनुपसर्ग मे यमः, याम]।

१४१४—नौ गदनदपठस्वनः ॥ ३ । ३ । ६४ ॥

नि उपसर्ग उपपद हो तो गद, नद, पठ, स्वन इन धातुओं से विकल्प करके अप् प्रत्यय हो। निगदः, निगादः, निनद, निनादः, निपठ, निपाठ, निस्वन, निस्वान।

१४१५—क्वणो वीणायां च ॥ ३ । ३ । ६५ ॥

नि उपसर्ग उपपद हो वा न हो तो क्वण धातु से तथा वीणार्थविषयक जो क्वण धातु उससे अप् प्रत्यय विकल्प करके हो और भी उपसर्गों के ग्रहण के लिये वीणा अर्थविषयक से विधान है। क्वण—निक्वणः, निक्वाण, क्वणः, क्वाणः। वीणा अर्थ में—प्रक्वणः, प्रक्वाण। इन सब से अन्यत्र—अतिक्वाणो वर्त्तते।

१४१६—नित्यं पणः परिमाणे ॥३।३।६६॥

परिमाण गम्यमान हो तो पण धातु से नित्य अप् प्रत्यय हो। पण व्यवहारे स्तुतौ च—मूलकपण, शाकपणः। बेचने आदि के लिए परिमाण से मूली वा शाक आदि की जो गड्डिया बांधना उसको कहते हैं। परिमाण से अन्यत्र—पाण।

१४१७—मदोऽनुपसर्गे ॥ ३ । ३ । ६७ ॥

उपसर्ग उपपद न हो तो मद धातु से अप् प्रत्यय हो। विद्यामदः, धनमदः, कुलमद। अनुपसर्ग ग्रहण से यहां न हुआ—उन्मादः, प्रमादः।

१४१८—प्रमदसंमदौ हर्षे ॥ ३ । ३ । ६८ ॥

प्रमद, संमद ये दोनो हर्ष अर्थ मे निपातन है। मदी हर्षे-प्रमदः, संमदः। हर्षग्रहण से यहां न हुआ—प्रमादः, संमादः।

१४१९—समुदोरजः पशुषु ॥ ३ । ३ । ६९ ॥

सम् और उद् उपसर्ग उपपद हो तो पशुविषय मे वर्तमान अज धातु से अप् प्रत्यय हो। अज गतिक्षेपणयो —सम् पूर्वक अज धातु समुदाय अर्थ को कहता है। पशूना समजः। पशुओ का समुदाय। पशूनामुदज । पशुओ को प्रेरणा देना अर्थात् हांकना आदि । पशु-ग्रहण से यहां नही होता—ब्राह्मणानां समाज, आर्यसमाजः, क्षत्रियाणामुदाजः।

१४२०—अक्षेषु ग्लहः ॥ ३ । ३ । ७० ॥

अक्षविषय मे ग्रह धातु से अप् प्रत्ययान्त 'ग्लह' यह निपातन है। अक्षस्य ग्लहः। पाशाओ का ग्रहण करना। ग्रह धातु (१४१४) से अप् प्रत्यय सिद्ध है। तथापि उसके रेफ को लकारादेश करने के लिए यह निपातन किया है। अक्ष ग्रहण से यहां न हुआ—केशग्रह ।

१४२१—प्रजने सर्त्तेः ॥ ३ । ३ । ७१ ॥

प्रजन (प्रथम गर्भधारण) विषय मे सृ धातु से अप् प्रत्यय हो। गवामुपसर । प्रथम गर्भधारण कराने के लिए गौ के समीप बैल का जाना। अवसरः, प्रसरः। इत्यादि तो (१४९३) सूत्र से होगे।

१४२२—ह्वः संप्रसारणं च न्यभ्युपविषु ॥३।३।७२॥

नि, अभि, उप, वि ये उपपद हो तो ह्वेञ् धातु से अप् प्रत्यय और उसको संप्रसारण हो। नि + ह्वेञ् + अप् + सु = निहवः, अभि + ह्वेञ् + अप् + सु = अभिहव , उप + ह्वेञ् + अप् + सु = उपहवः, वि +

ह्वेञ्+अप्+सु=विह्व । अन्यत्र—प्र+ह्वेञ्+घञ्+सु=प्रहायः। घञ् हो जाता है।

१४२३—आङि युद्धे ॥ ३ । ३ । ७३ ॥

युद्ध अभिधेय हो तो आङ् पूर्वक ह्वेञ् धातु से अप् प्रत्यय और उसको संप्रसारण हो। आहूयन्ते स्पर्धया भटा अस्मिन्निति आहवः। युद्ध से अन्यत्र—आह्वाय ।

१४२४—निपानमाहावः ॥ ३ । ३ । ७४ ॥

जो निपान अभिधेय हो तो 'आहाव' यह निपातन है। निपिबन्त्यस्मिन् जलमिति निपानम्=जल पीने का स्थान। यहां आङ्पूर्वक ह्वेञ् धातु से अप् प्रत्यय तथा उसको संप्रसारण और वृद्धि निपातन है [आ+ह्वेञ्+अप्+सु=आहाव]।

१४२५—भावेऽनुपसर्गस्य ॥ ३ । ३ । ७५ ॥

भाव वाच्य हो तो उपसर्गरहित ह्वेञ् धातु से अप् प्रत्यय और उसको सम्प्रसारण हो। ह्वानं हव, हवे हवे शूरमिन्द्रम्। यहां भावग्रहण से प्रकृत कर्ता भिन्न कारक की अनुवृत्ति नही होती है।

१४२६—हनश्च वधः ॥ ३ । ३ । ७६ ॥

उपसर्गरहित हन् धातु से भी अप् प्रत्यय और उस प्रत्यय के साथ हन् को वध आदेश भाव मे हो। यहां चकार का सम्बन्ध आदेश के साथ नहीं है। किंतु आदेश तो अप् से द्वितीय विधान है सो हो ही जायगा, इससे चकारग्रहण से प्रकरण के अनुसार दूसरा घञ् प्रत्यय भी होता है। हन्+अप्+सु=वधः। वध आदेश अन्तोदात्त है इससे अनुदात्त (सौवर २४) से अप प्रत्यय के साथ एकादेश (सन्धि० १५३) भी उदात्त ही (सौवर ८५) से होता है। हन+घञ+सु=घात, वधो दस्यूनाम्, घातः शत्रूणाम।

१४२७—मूर्त्तौ घनः ॥ ३ । ३ । ७७ ॥

मूर्त्ति=कठिनपन वाच्य हो तो हन् धातु से अप् प्रत्यय और हन् को घन आदेश हो। अभ्रघनः। बद्लों की सघनता। दधिघनः। दधि की कठिनाई अर्थात् उसका अत्यन्त जमना। घन शब्द जब मूर्त्ति=कठिनाई मात्र में होता है तो—'घनं सैन्धवम्, घनं दधि' इत्यादि प्रयोग कैसे होंगे? क्योंकि घन यह सैन्धव वा दधि का गुण हुआ। इसलिए [यहां] गुण से गुणी की विवक्षा=घन शब्द से तद्धर्मनिष्ठ दधि आदि का कथन होने से उक्त प्रयोग होंगे।

१४२८—अन्तर्घनो देशे ॥ ३ । ३ । ७८ ॥

देश अभिधेय हो तो अन्तर् पूर्वक हन् धातु से अप् प्रत्यय और उसको घन आदेश हो। अन्तर्घनः। यह बाहीक[1] नामक देशों में किसी देश का नाम है। इस शब्द को पाठान्तर से भी मानते हैं, जैसे—अन्तर्घणः। देश से अन्यत्र—अन्तर्घात।

१४२९—अगारैकदेशे प्रघणः प्रघाणश्च ॥३।३।७९॥

अगार (गृह) के एक देश में प्रघण, प्रघाण ये निपातन हैं। गृह के द्वार देश में दो कोठे होने चाहियें। एक भीतर, दूसरा बाहर, उनमें से जो बाहर का कोठा है उस अर्थ में ये निपातन हैं[2]। प्रविशद्भिर्जनैः प्रकर्षेण हन्यत इति प्रघणः, प्रघाण। यहां

---

१ महाभारत कर्णपर्व में बाहीक देश का लक्षण इस प्रकार लिखा है—

पञ्चानां सिन्धुषष्ठानामन्तरं ये समाश्रिताः।
बाहीका नाम ते देशाः

२ कई लोग इस का अर्थ बाहर का चबूतरा मानते हैं।

कर्म मे अप् तथा घञ् प्रत्यय और हन् को घन आदेश निपातन है। अगारैकदेश से अन्यत्र—प्रघातः।

१४३०—उद्घनोऽत्याधानम् ॥ ३। ३। ८०॥

अत्याधान = ऊपर स्थापन करना गम्यमान हो तो उद्घन यह निपातन है। ऊर्ध्वं हन्तेऽस्मिन् काष्ठानीति उद्घनः। यह जिस काठ पर धर के दूसरे काठ को घडते हैं उसका नाम है। यहां उद्पूर्वक हन् धातु से अप् और उसको घन आदेश निपातन है।

१४३१—अपघनोऽङ्गम् ॥ ३। ३। ८१॥

अङ्ग अभिधेय हो तो अपघन यह निपातन है, अङ्ग शरीर के अवयवमात्र का नाम है परन्तु यहां हाथ पैर का ग्रहण है। अपहन्त्यनेनेति अपघन पाणिः पादो वा। यहा अपपूर्वक हन् से करण मे अप् प्रत्यय और हन् को घन आदेश निपातन है। अन्यत्र—अपघातः।

१४३२—करणेऽयोविद्रुषु ॥ ३। ३। ८२॥

अयस्, वि, द्रु उपपद हो तो हन् धातु से करण में अप् प्रत्यय और हन् को घन आदेश हो। अयः = लोहो हन्यतेऽनेनेति अयोघनः, विघनः, द्रुघनः। इस शब्द का पाठान्तर द्रु भी मानते हैं। द्रुघणः (८७२) से णत्व हो जाता है।

१४३३—स्तम्बे क च ॥ ३। ३। ८३॥

स्तम्ब शब्द उपपद हो तो हन् धातु से करण में क और अप् प्रत्यय और अप् के सनियोग मे हन् को घन आदेश हो। क—स्तम्बो हन्यतेऽनेन स्तम्बघ्नः। अप्—स्तम्बघनः। करण से अन्यत्र—स्तम्बस्य हननं स्तम्बघातः।

१४३४—परौ घः ॥ ३ । ३ । ८४ ॥

परि उपपद हो तो हन् धातु से करण मे अप् प्रत्यय और हन् को घ आदेश हो। परित. सर्वतो हन्यतऽननेति परिघः।

१४३५—परेश्च घाङ्कयोः ॥ ८ । २ । २२ ॥

घ और अङ्क शब्द परे हो तो परि के रेफ का विकल्प करके लकारादेश हो। परिघ, पलिघः, पर्य्यङ्कः, पल्यङ्कः। यहां (परिभाषि० १) परिभाषा के अनुसार "घ" इस स्वरूप का ग्रहण है, घसंज्ञा का ग्रहण नहीं है।

१४३६—उपघ्न आश्रये ॥ ३ । ३ । ८५ ॥

आश्रय अर्थ मे उपघ्न यह निपातन है। आश्रय शब्द से यहां सामीप्य का ग्रहण है। पर्वतेनोपहन्यते तत्सामीप्येन गम्यत इति पर्वतोपघ्न·, ग्रामोपघ्न.। पर्वत के निकट निकट जाना। यहा उपपूर्वक हन् धातु स अप् प्रत्यय और हन् की उपधा का लोप निपातन और कुत्व (३०४) सूत्र से होता है।

१४३७—संघोद्घौ गणप्रशंसयोः ॥३। ३।८६॥

गण = समूह और प्रशसा अर्थ मे यथासंख्य करके संघ, उद्घ ये निपातन हैं। सहननं सघ·, गवा सघः। यहा सम्पूर्वक हन् से भाव मे अप् प्रत्यय और टिलोप निपातन है। उत्कृष्टो हन्यते ज्ञायत इत्युद्घो मनुष्य। यहा गतित्व से हन् धातु को ज्ञानार्थ मानकर उससे कर्म मे अप् और पूर्ववत् टिलोप हो जाता है।

१४३८—निघो निमितम् ॥ ३ । ३ । ८७ ॥

निमित अभिधेय हो तो निघ यह निपातन हो। सब प्रकार से जो मित = परिपूर्णता को प्राप्त हो वह निमित कहाता है। निर्विशेषेण हन्यन्ते ज्ञायन्त इति निघा वृक्षाः, निघाः शालयः, निघाः यवा। निमित से अन्यत्र—निघातः।

१४३९—ड्वितः क्त्रिः ॥ ३ । ३ । ८८ ॥

डु जिसका इत् गया हो उस धातु से भावादिकों मे क्त्रि प्रत्यय हो। "क्त्रेर्मम् नित्यम्" (सूत्र० ४६८) इस सूत्र मे नित्यग्रहण से क्त्रि प्रत्यय विषयक विग्रह मप् से अलग नहीं होता। जैसे डुपचष्—पचनेन निर्वृत्तं पक्त्रिमम्। पचन से सिद्ध हो गया। डुकृञ् करणे—कृत्रिमम्। डुवप् बीज संताने—उप्त्रिमम्।

१४४०—ट्वितोऽथुच् ॥ ३ । ३ । ८९ ॥

टु जिसका इत् गया हो उस धातु से भावादिकों मे अथुच् प्रत्यय हो। टुवेपृ कम्पने—वेपनं वेपथु। टुओश्वि [गतौ]—श्वयथुः।

१४४१—यजयाचयतविच्छप्रच्छरक्षो नङ् ॥ ३ । ३ । ९० ॥

भाव और कर्त्ताभिन्न कारक में यज आदि धातुओं से नङ् प्रत्यय हो। यज—यजनं यज्ञ। टुयाचृ—याचनं याच्ञा। यती प्रयत्ने—यत्न। विच्छ गतौ—विश्न। यहा छ को श आदेश हो जाता और नङ् के ङित् करण से गुण नही होता। प्रच्छ—प्रश्न। यहां संप्रसारण (२८६) प्राप्त है सो (७५०) सूत्र मे प्रश्न शब्द के पढ़ने से नहीं होता।

१४४२—स्वपो नन् ॥ ३ । ३ । ९१ ॥

स्वप् धातु से नन् प्रत्यय हो। ञिष्वप् शये—स्वपनं स्वप्न ।

१४४३—उपसर्गे घोः किः ॥ ३ । ३ । ९२ ॥

उपसर्ग उपपद हो तो घुसञ्ज्ञकों से कि प्रत्यय हो। प्रदानं प्रदि, प्रधानं प्रधि, विधानं विधि, सधानं संधि, अन्तर्धानं अन्तर्द्धिः, आधि, व्याधि।

१४४४—कर्मण्यधिकरणे च ॥ ३ । ३ । ९३ ॥

कर्म उपपद हो तो घुसंज्ञक धातुओं से अधिकरण में कि प्रत्यय हो। जलानि धीयन्तेऽस्मिन्निति जलधि, वारिधि, तोयधि, पयोधिः, यशांसि धीयन्तेऽस्मिन्निति यशोधि, इषुधिः।

१४४५—स्त्रियां क्तिन् ॥ ३ । ३ । ९४ ॥

स्त्रीलिङ्ग विषयक भावादिकों में धातु से क्तिन् प्रत्यय हो। घञ्, अच, अप् इन सब का अपवाद है। डुकृञ्—करणं कृतिः। चिञ्—चयनं चिति।

१४४६-वा०-क्तिन्नाबादिभ्यः ॥ ३ । ३ । ९४ ॥

आप्लृ आदि धातुओं से भावादिकों में क्ति प्रत्यय हो। आप्ति, राद्धि, दीप्ति। यहां अङ् (१४६२) प्रत्यय प्राप्त था, उसके बाधने के लिए क्तिन् का विधान है।

१४४७-वा०-श्रुयजीषिस्तुभ्यः करणे ॥३।३।९४॥

श्रु, यज, इष, ष्टुञ् इन धातुओं से करण में क्तिन् प्रत्यय कहना चाहिये। श्रूयतेऽनयेति श्रुतिः, इज्यतेऽनयेति इष्टि, इष्यतेऽनयेति इष्टि, स्तूयतेऽनयेति स्तुति।

१४४८-वा०-ग्लाम्लाज्याहाभ्यो निः ॥३।३।९४॥

ग्लै, म्लै, ज्या, ओहाक, ओहाङ् इन धातुओं से नि प्रत्यय कहना चाहिये। ग्लानिः, म्लानिः, ज्यानि, हानिः।

१४४९-वा०-ॠकारल्वादिभ्यः क्तिन् निष्ठावत्॥ ८।२।४४॥

ॠकारान्त और लूञ् छेदने इत्यादि धातुओं से क्तिन् प्रत्यय को निष्ठा के तुल्य कहना चाहिये। कॄ—कीर्णिः, गॄ—गीर्णिः; लूञ्—लूनि, धूञ्—धूनि। यहां क्तिन् के निष्ठावद्भाव से 'ल्वादिभ्यः'[1] सूत्र से निष्ठा के तुल्य क्तिन् के तकार को नकारादेश हो जाता है।

१४५०—स्थागापापचो भावे॥ ३। ३। ९५॥

स्था आदि धातुओं से स्त्रीलिङ्ग विषयक भाव में क्तिन् प्रत्यय हो। यह अङ् का अपवाद है। स्था—प्रस्थिति, उपस्थितिः, संस्थिति.। गै शब्दे—संगीतिः, उद्गीति। पा—प्रपीति। डुपचष्—पक्तिः।

१४५१—मन्त्रे वृषेषपचमनविद्भूवीरा उदात्तः॥ ३। ३। ९६॥

मन्त्रविषय में वृष आदि धातुओं से स्त्रीलिङ्ग भाव में क्तिन् प्रत्यय हो और वह उदात्त भी हो। वृष—वृष्टिः, इषु—इष्टिः, डुपचष्—पक्ति, मन—मतिः, विद—वित्ति, भू—भूति, वी—वीति, रा—रातिः। यद्यपि धातुमात्र से क्तिन् विहित भी है तथापि उदात्तत्व के लिए विधान है।

१४५२—ऊतियूतिजूतिसातिहेतिकीर्त्तयश्च॥ ३। ३। ९७॥

---

[1] आ० ११५२।

ऊति आदि शब्द क्तिन् प्रत्ययान्त अन्तोदात्त निपातन है। ऊतिः—यहां अव धातु से क्तिन् और अव को ऊठ् 'ज्वर०'[1] से आदेश होता है। यूति, जूति। यु और जु से क्तिन् और उनको दीर्घ होता है। सातिः। यहां 'षो अन्तकर्मणि' को क्तिन् के परे 'द्यति'[2] से प्राप्त जो इकारादेश उसका अभाव निपातन से हो जाता है। अथवा क्तिन् के परे षण धातु को आकारादेश 'जनसन०'[3] से हो जाता है। हेतिः। यहां क्तिन् के परे हन् को हि आदेश वा 'हि गतौ वृद्धौ च' धातु का गुणादेश निपातन है। कीर्त्तिः। यहां 'कृत संशब्दने' से क्तिन् प्रत्यय होता है।

१४५३—व्रजयजोर्भावे क्यप्॥ ३। ३। ९८॥

व्रज और यज धातु से स्त्रीलिंग भाव में क्यप् प्रत्यय हो सो उदात्त हो। व्रज—व्रज्या। यज—इज्या। (२८३) से संप्रसारण होता है।

१४५४—संज्ञायां समजनिषदनिपतमनविदषुञ्शीङ्भृञिणः॥ ३। ३। ९९॥

संज्ञाविषय में सम्पूर्वक अज आदि धातुओं से स्त्रीलिङ्गविषयक भाव और कर्तृवर्जित कारक में क्यप् प्रत्यय हो। सम् अज—समजन्ति यस्यां सा 'सम्+अज+क्यप्+सु' इस अवस्था में (१५५) सूत्र से अज को वी भाव प्राप्त हुआ उस के निषेध के लिए अगला वार्त्तिक है—

१४५५-वा०-घञपोः प्रतिषेधे क्यप् उपसंख्यानम्॥ २। ४। ५६॥

---

१ आ० ५५९। २ आ० १२१८। ३. आ० [illegible]

घञ् और अप् प्रत्यय के परे अज धातु को वी भाव के प्रतिषेध मे क्यप् प्रत्यय का भी उपसंख्यान करना चाहिये। इससे वी भाव का प्रतिषेध होगया। समज्या सभा। निषद्—निषीदन्त्यस्यां सा निषद्या=दूकान। निपत—निपतन्त्यस्या निपत्या। खंदकीली भूमि। मन—मन्यतेऽनयेति मन्या गलपार्श्वशिरा। विद—विदन्त्यनयेति विद्या। षुञ्—सवनं सुत्या अभिषवः। शीङ्—शेतेऽस्यामिति शय्या। भृञ्—भरणं भरन्त्यनया वा भृत्या। इण्—ईयते गम्यतेऽनया सा इत्या शिविका=पालकी।

१४५६—कृञः श च ॥ ३। ३। १०० ॥

कृञ् धातु से स्त्रीलिङ्ग विषयक भावादिकों मे श और क्यप् प्रत्यय हो। क्रिया (२३९) कृत्या।

१४५७-वा०-कृञः श चेति वा वचनम् ॥ ३। ३। १०० ॥

'कृञ श च' यहां विकल्प भी ग्रहण करना चाहिये। जिससे क्तिन् प्रत्यय भी हो। कृतिः।

१४५८—इच्छा ॥ ३। ३। १०१ ॥

इष धातु से भाव मे श प्रत्यय और यक् (७२०) का अभाव निपातन है। इष+श+सु= इच्छा (२७३)।

१४५६—अत्यल्पमिदमुच्यते इच्छेति-वा०-इच्छा-परिचर्योपरिसर्यामृगयाऽटाट्यानामुपसंख्यानम् ॥ ३। ३। १०१ ॥

इच्छा इतना निपातन अत्यन्त न्यून है इससे इच्छा, परिचर्या, परिसर्या, मृगया, अटाट्या इन शब्दों का उपसंख्यान करना चाहिये। परिचर्यादिको में श प्रत्यय और उसके परे यक् (७२०) भी होता है। परिचर - परिचरणं, परिचर्या = सत्कार। परिसृ–परिसरणं परिसर्या = रिगना। यहां गुण भी निपातन से है। मृग अन्वेषणे। चुरादि अदन्त है। मृग + णिच् + यक् + श + सु = मृगया। यहां यक् के परे (१७७) से णिलोप हो जाता है। अट गतौ। अट + यक् + श + सु = अटाट्या। यहां (ट्य) भाग को द्वित्वादेश तथा "हलादिः शेषः" होकर दीर्घ हो जाता है।

१४६०—वा०—जागर्त्तेरकारो वा ॥३।३।१०१॥

जागृ धातु से अ प्रत्यय विकल्प करके हो। जागरा (३६२) जागर्या।

१४६१—अ प्रत्ययात् ॥ ३ । ३ । १०२ ॥

अप्रत्ययान्त धातु से स्त्रीविषयक भावादिकों में अ प्रत्यय हो। कृञ् + सन् + अ + सु = चिकीर्षा, पिपासा, कण्डूया इत्यादि।

१४६२—गुरोश्च हलः ॥ ३ । ३ । १०३ ॥

गुरुमान् जो हलन्त धातु उससे स्त्रीलिंग में अ प्रत्यय हो। ईहा, ऊहा। गुरुग्रहण से यहा न हुआ—भज—भक्ति, शक्लृ—शक्ति। हल् ग्रहण से यहां न हुआ—द्विंतिः, नीतिः, प्रीतिः।

१४६३—षिद्भिदादिभ्योऽङ् ॥३।३।१०४॥

ष् जिनका इत्संज्ञक हो उनसे और भिद् आदि धातुओं से स्त्रीलिंग मे अङ् प्रत्यय हो। त्रपूष्—त्रपा, क्षमूष्—क्षमा। भिदिर विदारणे—भेदनं भिदा।

१४६४-वा०-भिदा विदारण इति वक्तव्यम् ।

विदारण अर्थ मे 'भिदा' यह प्रयाग हो, अन्यत्र—"भित्ति" होता है ।

छिदिर्—छिदा ।

१४६५-वा०-छिदा द्वैधीकरण इति वक्तव्यम् ।

दो भाग करने अर्थ मे 'छिदा' यह हो । अन्यत्र—'छित्तिः' होता है ।

आङ्+ऋ+अङ्+सु=आरा । यहां (सन्धि० १४३) सूत्र से वृद्धि होती है ।

१४६६-वा०-आरा शस्त्र्यामिति वक्तव्यम् ।

शस्त्री (जो भाषा मे आरा प्रसिद्ध है) अर्थ मे 'आरा' यह प्रयोग हो । अन्यत्र—'आर्त्ति.' होता है ।

धृञ्—ध्रियत धार्य्यत वा जलमनयेति, धारा ।

१४६७-वा०-धारा प्रपात इति वक्तव्यम् ।

अत्यन्त गिरने (जो भाषा मे धारा प्रसिद्ध है) अर्थ मे 'धारा' यह प्रयाग हो । अन्यत्र—'धृति.' होता है ।

गुहू—गुहा ।

१४६८-वा०-गुहा गिर्य्योषध्योरिति वक्तव्यम् ।

गिरि अर्थात् (पर्वत) के एकादेश और ओषधि अर्थ मे 'गुहा' यह प्रयोग हो । अन्यत्र—क्तिन् प्रत्ययान्त 'गूढि.' होता है ।

१४६९—चिन्तिपूजिकथिकुम्बिचर्चश्च ॥३।३।१०५॥

चिन्ति आदि धातुओ से स्त्रीलिङ्ग मे अङ् प्रत्यय हो । यह युच का अपवाद है । चिति स्मृत्याम्—चिन्ता । पूज पूजायाम्—पूजा । कथ वाक्यप्रबन्धे—कथा । कुबि आच्छादने—कुम्बा । चर्च अध्ययने-चर्चा ।

१४७०—आतश्चोपसर्गे ॥ ३ । ३ । १०६ ॥

उपसर्ग उपपद हो तो आकारान्त धातु से स्त्रीलिङ्ग में अङ् प्रत्यय हो। उपधा, अवस्था। श्रत् और अन्तर् इनका उपसर्गवद्वृत्ति है। श्रद्धा, अन्तर्धा।

१४७१—ण्यासश्रन्थो युच् ॥ ३ । ३ । १०७ ॥

णिजन्त आस, श्रन्थ इनसे स्त्रीलिङ्ग मे युच् प्रत्यय हो। [णिजन्त] कृञ्+णिच+युच्+सु=कारणा, हारणा। आस—आसना। श्रन्थ विमोचनप्रतिहर्षयो (क्रयादि)—श्रन्थना।

१४७२—वा०—युच्प्रकरणे घट्टिवन्दिविदिभ्य उपसंख्यानम् ॥ ३ । ३ । १०७ ॥

युच्प्रकरण मे घट्टि, वन्दि, विद इन धातुओं से भी युच् का उपसंख्यान करना चाहिये। घट्ट चलने (तुदादिः)—घट्टना। वदि—वन्दना। विद्—वेदना।

१४७३—वा०—इषेरनिच्छार्थस्य ॥ ३ । ३ । १०७ ॥

युच् के प्रकरण मे इच्छा अर्थ से रहित जो इष् धातु उसका भी उपसंख्यान करना चाहिये। अन्विष्यत इति अन्वेषणा।

१४७४—वा०—परेर्वा ॥ ३ । ३ । १०७ ॥

युच् प्रकरण मे परि से परे अनिच्छार्थक इष धातु का विकल्प करके उपसंख्यान करना चाहिये। पर्य्येषणा: परीष्टिः, अन्यां परीष्टिं चर, अन्यां पर्य्येषणां चर।

१४७५—रोगाख्यायां ण्वुल् बहुलम् ॥ ३ । ३ । १०८॥

रोग की आख्या गम्यमान हो तो स्त्रीलिङ्ग मे धातु से बहुल करके ण्वुल् प्रत्यय हो। उच्छृदिर् दीप्तिदेवनयो —प्रच्छर्दिका । वह प्रापणे—प्रवाहिका । चर्च अध्ययने—विचर्चिका। बहुलग्रहण से कहीं नहीं भी होता—शिरोऽर्ति ।

१४७६—वा०-धात्वर्थनिर्देशे ण्वुल् ॥३।३।१०८॥

धात्वर्थनिर्देश अर्थात् क्रिया के निर्देश मे धातु से ण्वुल् प्रत्यय कहना चाहिये । आस उपवेशने—आसिका, का नामासिका अन्येष्वीहमानेषु। औरो के काम करते हुए क्या बैठक ? यहां उपवेशन क्रिया का कथन करना है । का नाम शायिका अन्येष्वधीयानेषु। औरो के पढ़ते हुए क्या सोना ? यहा भी शयन क्रिया का कथन है।

१४७७-वा०-इक्श्तिपौ धातुनिर्देशे ॥३।३।१०८॥

धातु के कहने मात्र मे इक् और श्तिप् प्रत्यय कहना चाहिये। पचि, पचति.। (१४५६) इस के बहुल विषय से कहीं नहीं भी होता है जैसे "कृञः श च[1]" यद्यपि यह श्तिप कर्ता मे नहीं होता, तथापि शित् करण से श्तिप् के परे शप् आदि विकरण होते ही है जैसे—"भवतर:[2]" इत्यादि।

१४७८-वा०-वर्णात्कारः ॥ ३ । ३ । १०८ ॥

१ आ० १४५७ ॥

२. आ० ४२ ॥

वर्ण के निर्देश मे वर्ण से कार प्रत्यय कहना चाहिये। अकारः, ककारः, मकारः । बहुलविषय से कहीं नहीं भी होता जैसे "अस्य च्वौ"[1] कहीं वर्णसमुदाय से भी होता है—एवकार.। कित्‌विषयक प्रयोजनो के अभाव से कार प्रत्यय के ककार की इत् संज्ञा नहीं हाती और कृत् अधिकार मे विधान से इस कार प्रत्यय की कृत् संज्ञा होती है इससे "अकार" आदि मे कृदन्त मान कर प्रातिपदिक संज्ञा आदि कार्य होते हैं।

१४७९–वा०–रादिफः ॥ ३ । ३ । १०८ ॥

र वर्ण के निदश मे र से इफ प्रत्यय कहना चाहिये। रेफ.[2]।

१४८०–वा०–मत्वर्थाच्छः ॥ ३ । ३ । १०८ ॥

मत्वर्थ शब्द से छ प्रत्यय कहना चाहिये। "मत्वर्थीयः" यहां छ प्रत्यय के परे भ सज्ञा के विना भी भाष्यकार के "मत्वर्थीयः" इस शब्द के पढ़ने से वा बहुलभाव से छ के पूर्व अकार का लोप हो जाता है।

१४८१—वा०—इणजादिभ्यः ॥ ३ । ३ । १०८॥

अज आदि धातुओ से इण् प्रत्यय कहना चाहिये। अज गतिक्षेपणयो —आजिः। अत सातत्यगमने—आतिः। अद—आदिः।

१४८२—वा०—इञ् वपादिभ्यः ॥ ३ । ३ । १०८॥

वप आदि धातुओ से इञ् प्रत्यय कहना चाहिये। डुवप बीजसंताने—वापिः, वासि., वादिः।

१४८३—वा०—इक् कृष्यादिभ्यः ॥ ३ । ३ । १०८॥

---

१. अष्टा० ७ । ४ । ३२ ॥

२. वाऽसरूपोऽस्त्रियाम्। आ०३ के नियम से कार प्रत्यय भी होता है। यथा—रकारादीनि नामानि भयं जनयन्ति माम्। रामा०।

कृष आदि धातुओं से इक् प्रत्यय कहना चाहिये । कृष विलेखने—कृषिः । कृ विक्षेपे—किरिः । गॄ निगरणे, गॄ शब्दे वा—गिरिः ।

१४८४—वा०—संपदादिभ्यः क्विप् ॥ ३।३।१०८ ॥

संपद आदि धातुओं से क्विप् प्रत्यय कहना चाहिये । सम्+पद+क्विप्+सु = संपत्, विपत्, आपत्, प्रतीपत्, परिसीदन्ति जना अस्यां सा परिषत् । बहुलभाव से क्तिन् (१४४५) भी होता है । संपत्तिः, विपत्तिः इत्यादि ।

१४८५—संज्ञायाम् ॥ ३ । ३ । १०९ ॥

स्त्रीलिङ्गविषयक संज्ञा में धातु से ण्वुल् प्रत्यय हो । भञ्जो आमर्दने—उद्दालकपुष्पभञ्जिका । वह प्रापणे—वारणपुष्पवाहिका ।

१४८६—विभाषाख्यानपरिप्रश्नयोरिञ् च ॥
३ । ३ । ११० ॥

परिप्रश्न = पूछना, आख्यान = कहना अर्थात् उसका उत्तर देना गम्यमान हो तो स्त्रीलिङ्ग में धातु से इञ् और ण्वुल् विकल्प करके हो । दूसरे पक्ष में यथाप्राप्त प्रत्यय होते हैं । प्रथम प्रश्न तदनन्तर उसका उत्तर होता है, परन्तु अल्पाच्तर होने से सूत्र में आख्यान शब्द का पूर्वनिपात है । त्वं कां कारिमकार्षीः, त्वं कां कारिकामकार्षीः, कां क्रियामकार्षीः, [कां कृत्यामकार्षीः], कां कृतिमकार्षीः । तूने कौन क्रिया की । अहं सर्वां कारिमकार्षम्, सर्वां कारिकामकार्षम्, सर्वां क्रियामकार्षम्, सर्वां कृत्यामकार्षम्, सर्वां कृतिमकार्षम् । मैंने सब क्रिया करली, इत्यादि ।

१४८७—पर्यायार्हर्णोत्पत्तिषु ण्वुच् ॥ ३।३।१११ ॥

पर्याय = परिपाटी क्रम, अर्ह = योग्यता, ऋण = दूसरे का द्रव्य धारण करना, उत्पत्ति = जन्म ये अर्थ गम्यमान हों तो स्त्रीलिङ्ग

मे धातु से ण्वुच् प्रत्यय विकल्प करके हो। पर्याय—तव शायिका, तुम्हारी सोने की बारी। मम शायिका, मेरी सोने की बारी। अर्ह—त्वमर्हसि दुग्धपायिकाम्, तू योग्य है दूध पीने को। ऋण—मम शाकभक्षिका धारय, मेरी शाकभाजी तू लिये रह। उत्पत्ति—मह्य शाकभक्षिकामुदपादि, मेरे लिये शाकभाजी बना। इसी प्रकार—ओदनभोजिका, अग्रगामिका, अग्रमारिका, इक्षुभक्षिका आदि बहुत प्रयोग बन सकते हैं। द्वितीय पक्ष मे—तव चिकीर्षा, मम चिकीर्षा, तव क्रिया, मम क्रिया इत्यादि।

१४८८—आक्रोशे नञ्यनिः ॥ ३ । ३ । ११२ ॥

आक्रोश = कोसना गम्यमान हो और नञ् उपपद हो तो धातु से स्त्रीलिङ्ग मे अनि प्रत्यय हो। यह क्तिन् आदि का अपवाद है। अजीवनिस्ते शठ भूयात्। आक्रोश से अन्यत्र—अजीवनमस्य रोगिणः। यहां ल्युट् हो जाता है। नञ्ग्रहण से यहां न हुआ—मृतिस्ते वृषल भूयात्। इसी सूत्र तक "भावे, अकर्त्तरि०, कारके०" इन सूत्रो की अनुवृत्ति है।

१४८९—नपुंसके भावे क्तः ॥ ३ । ३ । ११४ ॥

नपुंसकलिङ्गविषयक भाव मे धातु से क्त प्रत्यय हो। हसे हसने—हसितम्। षहमर्षणे—सहितम्।

१४९०—ल्युट् च ॥ ३ । ३ । ११५ ॥

नपुंसकलिङ्ग भाव मे धातु से ल्युट् प्रत्यय हो। डुकृञ्—करणम्। पठ—पठनम्। शीङ्—शयनम्।

१४९१—कर्मणि च येन संस्पर्शात् कर्तुः शरीरसुखम् ॥ ३ । ३ । ११६ ॥

जिसके स्पर्श से कर्ता को शरीर का सुख हो ऐसा कर्म उपपद हो तो धातु से ल्युट् प्रत्यय हो। यह पूर्व सूत्र (१४९०) से सिद्ध था, परन्तु उपपद समास होने के लिये विधान है। पयःपानं सुखम्। कर्मग्रहण से यहां न हुआ—तूलिकाया उत्थानं सुखम्। यहां तूलिका शब्द अपादान है। संस्पर्शग्रहण से यहां न हुआ—अग्निकुण्डस्योपासनं सुखम्। कर्तृग्रहण से यहां न हुआ—गुरोः स्नापनं सुखम्। यहां गुरु शब्द कर्म है। शरीर ग्रहण से यहां न हुआ—पुत्रस्य परिष्वञ्जनं सुखम्। यहां सुख मानस प्रीति है। सुख ग्रहण से यहां न हुआ— कण्टकानां मर्दनं दुःखम्।

१४९२—वा यौ ॥ २। ४। ५७ ॥

यु अर्थात् ल्युट् प्रत्यय [परे] हो तो अज धातु को वी आदेश विकल्प करके हो। प्र+अज+ल्युट्+सु = प्रवयणम्, प्राजनम्।

१४९३—करणाधिकरणयोश्च ॥३।३।११७॥

करण और अधिकरण में धातु से ल्युट् प्रत्यय हो। ओव्रश्चू—प्रवृश्चतीध्मानि येन स इध्मप्रव्रश्चनः कुठारः। दुह—गां दोग्धि यस्यां सा गोदोहनी स्थाली।

१४९४—पुंसि संज्ञायां घः प्रायेण ॥३।३।११८॥

संज्ञा अभिधेय हो तो पुल्लिङ्ग विषयक करण और अधिकरण में धातु से प्रायः करके घ प्रत्यय हो। भ्रमो रोगे—भ्रमन्ति रुजन्त्यनेन भ्रमः रोगः। आकुर्वन्त्यस्मिन्निति आकरः। आलीयन्ते स्थाप्यन्ते पदार्था अस्मिन्निति आलयः। पुंसि ग्रहण से यहां नहीं होता—प्रसाधनम्। संज्ञा ग्रहण से यहां नहीं होता—प्रहरणो दण्डः।

१४९५—छादेर्घेऽद्व्युपसर्गस्य ॥ ६। ४। ९६ ॥

दो उपसर्गों से रहित जो छादि अंग उसकी उपधा को ह्रस्व आदेश हो। दन्ताच्छाद्यन्तेऽनेनेति दन्तच्छदः। उरश्छदः पटः। अद्व्युपसर्गग्रहण से यहा उपधा को ह्रस्व नही होता—समुपच्छाद.। अद्विप्रभृत्युपसर्गस्येति वक्तव्यम्। महाभाष्ये। ६।४।९६॥ दो आदि उपसर्गयुक्त को निषेध करना चाहिये—समुपातिच्छाद।

१४९६—गोचरसंचरवहव्रजव्यजापणनिगमाश्च॥ ३।३।११९॥

संज्ञा अभिधेय हो तो पुल्लिगविषयक करण और अधिकरण मे गोचर, सचर, वह, व्रज, व्यज, आपण, निगम ये घ प्रत्ययान्त निपातन हैं। गावश्चरन्त्यस्मिन्निति गोचरो देशः। संचरन्त्यस्मिन्निति संचरो मार्ग। वह—वहन्ति येन वह स्कन्धः। व्रज—व्रजो मार्ग। गावो व्रजन्त्यस्मिन्निति व्रजो=गोष्ठ. गोडा। व्यज—व्यजन्ति तेन व्यज. तालवृन्तः। ताड की डार वा ताड का व्यजन=पंखा। यहां निपातन से वी भाव (१५५) नही होता। आपणन्ते व्यवहरन्तेऽस्मिन्निति आपणः—पण्यस्थानम्=दूकान। निगम्यन्तेऽनेन पदार्था इति निगमो वेद। यहा चकार अनुक्त के समुच्चय के लिए है। कषन्ति तेन कषः निकष।

१४९७—अवे तृस्त्रोर्घञ्॥ ३।३।१२०॥

पुंलिङ्गविषयक सज्ञावाच्य हो और अव उपपद हो तो करण और अधिकरण मे धातु से घञ् प्रत्यय हो। पिछले घ (१४९४) प्रत्यय का अपवाद है। अवतार, अवस्तार: जवनिका=ओट, कनात। यहां 'प्राय' शब्द की अनुवृत्ति करके (१४९४) कही असंज्ञा मे भी होता है। अवतार सागरस्य, सागर का उतरना।

१४९८—हलश्च ॥ ३ । ३ । १२१ ॥

संज्ञावाच्य हो तो हलन्त धातु से पुल्लिङ्गविषयक करण और अधिकरण मे घञ् प्रत्यय हो। आरमन्त्यस्मिन्निति आराम.=बाग। अपमृज्यन्ते रोगा अनेनेति[1] अपामार्ग=चिरचिटा। विदन्ति तत्वज्ञानाद्यनेनेति वेद।

१४९९—वा०—घञ्विधौ अवहाराधारावायाना-मुपसंख्यानम् ॥ ३ । ३ । १२१ ॥

घञ् के विधान मे अवहार आधार आवाय इन शब्दो का भी उपसंख्यान करना चाहिये। अवह्रियन्तेऽस्मिन्निति अवहार', आध्रियन्तेऽस्मिन्निति आधार, आवयन्त्यस्मिन्निति आवाय'।

१५००—अध्यायन्यायोद्यावसंहाराश्च ॥३।३।१२२॥

संज्ञावाच्य हो तो पुंलिङ्गविषयक करण और अधिकरण में घञ् प्रत्ययान्त अध्याय आदि शब्द निपातन है। अधीङ्—अधीयतऽस्मिन्निति अध्याय:, नीयन्तेऽनेन व्यवहारा इति न्याय उद्‌युवन्ति अस्मिन्निति उद्याव., संह्रियन्तेऽनेन भटादय इति संहार:।

१५०१—उदङ्कोऽनुदके ॥ ३ । ३ । १२३ ॥

---

१ इसकी दूसरी व्युत्पत्ति इस प्रकार है.—अपविरुद्धो मार्गो यस्य स अपामार्ग:। अन्य यवादि ओषधियों के फलो का मुह ऊपर को होता है, इसके बीज उलटे लगते हैं। इसीलिए मारवाड मे आधी (ऊधा) झाडा कहते हैं।

उदकभिन्न संज्ञाविषय में उदङ्क यह निपातन है। घृतमुदच्यतेऽस्मिन्निति घृतादङ्क', घृत जिसमें निकालें वह घृतादङ्क कहावे। यहां उद् पूर्व अञ्चु धातु से घञ् प्रत्यय निपातन से और इस (९४४) सूत्र से कुत्व तथा परसवर्ण (२६४) से हो जाता है। अनुदकग्रहण से यहां न हुआ—'उदकोदञ्चनः', जल भरने का पात्र।

१५०२—जालमानायः ॥ ३ । ३ । १२४ ॥

जाल वाच्य हो तो आनाय यह निपातन है। आनीयन्ते मत्स्यादयोऽनेनेति आनाय। धीवर आदि जनों का जाल। जाल से अन्यत्र—आनयन।

१५०३—खनो घ च ॥ ३ । ३ । १२५ ॥

खन् धातु से करण और अधिकरण में घ और घञ् प्रत्यय हो। आ+खनु=आखन', आखानः। इस खन से जो घ प्रत्यय का विधान किया है इस में घ पढ़ना अनर्थक है क्योंकि घित् कार्य खन् को नहीं प्राप्त है इससे घित्करण सामर्थ्य से घ प्रत्यय और धातुओं से भी होता है। जैसे, भज—भगः, पद—पदम् इत्यादि।

१५०४—वा०—खनो डडरेकेकवकाः ॥३।३।१२५।

खन् धातु से ड, डर, इक, इकवक ये प्रत्यय कहने चाहियें। ड—आखः, डर—आखर, इक—आखनिक, इकवक—आखनिकवकः।

१५०५—ईषद्दुःसुषु कृच्छ्राकृच्छ्रार्थेषु खल् ॥ ३ । ३ । १२६ ॥

कृच्छ्र=दुःख और अकृच्छ्र=सुख अर्थ में वर्तमान ईषत्, दुर्, सु उपपद हो तो धातु से खल् प्रत्यय हो। यह प्रत्यय (९१६) सूत्र के अनुसार भाव और कर्म में होता है। 'ईषत्, दुर्, सु' इन

मे दुर् के साथ कृच्छ्र और ईषत् तथा सु के साथ अकृच्छ्र अर्थ की योग्यता है। ईषत्कर, दुष्कर:, सुकर कटो भवता। ईषद्गम, दुर्गम:, सुगम:। ईषद् आदि के ग्रहण से यहा न हुआ—कृच्छ्रेण कट: कार्य:। कृच्छ्राकृच्छ्रार्थग्रहण से यहां न हुआ—ईषत्कार्य।

१५०६—वा०—निमिमीलियां खलचोः प्रतिषेधः ॥ ६।१।५०॥

खल् और अच् प्रत्यय के परे निमि, मी, ली इन धातुओं के एच् को आकारादेश न हो। यहाँ अच् यह (१३९९, ९७७) सूत्र विहित अचो का ग्रहण है। खल्—नि+डुमिञ्=ईषन्निमय, दुर्निमय, सुनिमय:। अच्—निमयो वर्तते, निमय पुरुष.। इसी प्रकार—ईषत्प्रमय, सुप्रमय। ली—ईषद्विलय: इत्यादि समझना चाहिये।

१५०७—उपसर्गात् खल्घञोः ॥७।१।६७॥

खल् और घञ् प्रत्यय परे हो तो उपसर्ग से ही परे लभ धातु को नुमागम हो। खल्—ईषत्प्रलम्भ', दुष्प्रलम्भ, सुप्रलम्भ:। घञ्—उपालम्भ:। उपसर्गग्रहण से यहा न हुआ—ईषल्लभ:, लाभ:।

१५०८—न सुदुर्भ्यां केवलाभ्याम् ॥७।१।६८॥

खल्, घञ् परे हो तो केवल सु और दुर् से परे लभ धातु को नुम् न हो। सुलभ:, दुर्लभ.। केवलग्रहण से यहां होता है—सुप्रलम्भ, अतिदुर्लम्भ। 'अतिसुलभम्, अतिदुर्लभम' ये तो सु, अति की कर्मप्रवचनीय संज्ञा मे होगे। जैसे सुलभमतिक्रान्तम्=अतिसुलभम इत्यादि।

१५०९—कर्त्तृकर्मणोश्च भूकृञोः ॥३।३।१२७॥

कर्ता और कर्म ये यथाक्रम से उपपद हो तथा ईषत् आदि भी उपपद हो तो भू और कृञ् धातु से खल् प्रत्यय हो।

१५१०—खल्कर्तृकर्मणोश्च्व्यर्थयोः ॥ महाभाष्ये ॥ ३।३।१२७॥

यह खल् प्रत्यय च्व्यर्थ अर्थात् अभूततद्भाव अर्थ मे कर्ता और कर्म हो तो [ऐसा] कहना चाहिये। यहा ईषदादिकों से परे कर्ता कर्म और उनसे परे धातु का प्रयोग होता है। जैसे अनाढ्येन भवता ईषदाढ्येन शक्यं भवितुम् ईषदाढ्यम्भव भवता। (१०४३) से मुम्। अनाढ्येन भवता दुःखेनाढ्येन भवितु शक्यं दुराढ्यम्भवं भवता। अनाढ्येन भवता सुखेनाढ्येन भवितुं शक्यं स्वाढ्यम्भवं भवता। अनाढ्यमीषदाढ्य कर्त्तु शक्यम् ईषदाढ्यकरः। अनाढ्यं दुःखेनाढ्य कर्त्तु शक्यं दुराढ्यंकर.। अनाढ्य सुखेनाढ्य कर्त्तु शक्यं स्वाढ्यंकर। च्व्यर्थ कहने से 'आढ्येन सुभूयत' * इत्यादि मे नहीं होता।

१५११—आतो युच् ॥ ३ । ३ । १२८ ॥

कृच्छ्र और अकृच्छ्रार्थ इषत् आदि उपपद हों तो आकारान्त धातु से युच् प्रत्यय हो। ईषत्पानः सोमो भवता, दुष्पान, सुपान.।

१५१२—छन्दसि गत्यर्थेभ्यः ॥ ३ । ३ । १२९ ॥

वेदविषय मे कृच्छ्र तथा अकृच्छ्रार्थ ईषत् आदि उपपद हो तो गति अर्थ वाले धातुओं स युच् प्रत्यय हो। सु+उप+षद= सूपसदनोऽग्नि, सूपसदनमन्तरिक्षम् इत्यादि।

---

* (स्वाढ्येन भूयते) यह जयादित्य ने प्रत्युदाहरण दिया है सो उनका मत प्रलाप है क्योकि जहा खल् प्रत्यय नही होता वहा धातु से अलग उपसर्ग का प्रयोग नहीं होता किन्तु 'ते प्राग्धातो' (अष्टा० १।४।८०) इस सूत्र के अनुसार पूर्व ही प्रयोग होता है।

१५१३—अन्येभ्योऽपि दृश्यते ॥३।३।१३०॥

वेदविषय मे कृच्छ्राकृच्छ्रार्थ ईषदादि उपपद हों तो गत्यर्थको से अन्य जो धातु है उन से भी युच् प्रत्यय देखा गया है। सुदोहनामकृणोद् ब्रह्मणे गाम्, सुवेदनामकृणोद् ब्रह्मणे गाम् ।

१५१४-वा०-भाषायां शासियुधिदृशिधृषिभ्यो युच् ॥ ३ । ३ । १३० ॥

भाषा=लोक मे कृच्छ्राकृच्छ्रार्थ ईषदादि उपपद हो तो शासि, युधि, दृशि, धृषि इन धातुओं से युच् प्रत्यय कहना चाहिये। दु शासनः, दुर्योधनः, दुर्दर्शन, दुर्धर्षणः इत्यादि ।

१५१५-वा०-मृषेश्चेति वक्तव्यम् ॥३।३।१३०॥

उक्तविषय मे मृष धातु से भी युच् प्रत्यय कहना चाहिये। दुर्मर्षणः ।

१५१६—आवश्यकाधमर्ण्ययोर्णिनिः ॥३।३।१७०॥

आवश्यक और आधमर्ण्य=ऋण लेना अर्थ युक्त कर्ता वाच्य हो तो धातु से णिनि प्रत्यय हो। अवश्यंकारी, शतदायी । यहां (सामा०, मयूर० १५७) मे समास होता है।

१५१७—कृत्याश्च ॥ ३ । ३ । १७१ ॥

आवश्यक और आधमर्ण्य अर्थ मे धातु से कृत्य संज्ञक प्रत्यय हो। भवतावश्य गुरु सेव्य., भवतावश्यं सहस्र देयम् ।

१५१८—क्तिच्क्तौ च संज्ञायाम् ॥३।३।१७४॥

संज्ञा गम्यमान हो तो आशीर्वाद अर्थ मे धातु से क्तिच् और क्त प्रत्यय हो। भूतिर्भवतात् । भूति नामवाला हो। यहां "तीतुत्रत०" (अष्टा० ७।२।९) इस सूत्र से इट् न हुआ, क्त प्रत्यय संज्ञा मे जैसे—ब्रह्म एनं देयात्, ब्रह्मदत्तः, ईश्वरदत्त ।

१५१९—न क्तिचि दीर्घश्च ॥ ६ । ४ । ३९ ॥

क्तिच् प्रत्यय परे हो तो अनुदात्तोपदेश तथा वनति और तनोति आदि अङ्गों के अनुनासिक [का] लोप तथा उनकी उपधा को दीर्घ न हो। अनुदात्तोपदेश—यन्छतीति यन्ति । जो कार्यों से निवृत्ति को प्राप्त होता है वह "यन्ति" कहाता है। यन्तिर्यन्छतात् । यन्ति नाम वाला निवृत्त हो। वनुत इति वन्तिः, वन्तिर्वनुतात् । तनुत इति तन्ति, तन्तिस्तनुतात् इत्यादि ।

१५२०—सनः क्तिचि लोपश्चास्यान्यतरस्याम्॥ ६ । ४ । ४५ ॥

क्तिच् प्रत्यय के परे सन् धातु को आकारादेश और उसका लोप विकल्प करके हो। सन्—साति, सतिः, सन्तिः, सनुतात् ।

१५२१—तुमर्थे सेसेनसेअसेन्क्सेकसेनध्यैअध्यैन्कध्यैकध्यैन्शध्यैशध्यैन्तवैतवेङ्तवेनः ॥३।४।९॥

वेदविषय मे तुमुन् प्रत्यय के अर्थ मे धातु से से, सेन्, असे, असेन्, कसे, कसेन, अध्यै, अध्यैन्, कध्यै, कध्यैन्, शध्यै, शध्यैन्, तवै, तवेङ्, तवेन् ये प्रत्यय हो। तुमर्थ से भाव* लिया जाता है। से—वच्—वक्षे। 'वक्तुं' प्राप्त था। यहां वच् धातु से 'से' प्रत्यय (सन्धि० १८९) से कुत्व और ष (५६) से आदेश हो जाता है। वक्षे राय । सेन्—एषे। इण् धातु को सेन् प्रत्यय के परे गुण (२१) और षत्व हो जाता है। तावामेषे रथानाम्। असे,

---

* तुमुन् प्रत्यय किसी विशेष अर्थ मे नही कहा और "अनिर्दिष्टार्थाश्च प्रत्ययाः स्वार्थे भवन्ति"(वार्त्ति० १००) जिन प्रत्ययो का विशेष अर्थ नही कहा है वे स्वार्थ मे होते हैं स्वार्थ धातुओं का भावमात्र है इससे तुमर्थ करके भाव का ग्रहण है ॥

असेन्—जीव—क्रत्वे दक्षाय जीवसे, शारदो जीवसे धाः। क्से—प्र+इण = प्रेषे भगाय। कसेन्—श्रिञ्—गवामिव श्रियसे। अध्यै, अध्यैन्—उप+आङ्+चर = कर्मण्युपाचरध्यै। कध्यै-आङ्+हु = इन्द्राग्नी आहुवध्यै। कध्यैन्—श्रिञ्—श्रियध्यै। शध्यै—मदी+णिच्=राधसः सह मादयध्यै। यहां शध्यै के परे शप् होकर णिच् को गुण हो जाता है। शध्यैन्—पा—वायवे पिबध्यै। तवै—[पा] पाने—सोममिन्द्राय पातवै। तवेङ्—षूङ—दशमे मासि सूतवे। तवेन्-गम्लृ—स्वर्देवेषु गन्तवे।

१५२२—प्रयै रोहिष्यै अव्यथिष्यै ॥३।४।१०॥

वेदविषय में प्रयै, रोहिष्यै, अव्यथिष्यै ये शब्द तुमर्थ में निपातन किये हैं 'प्रयै' यहां प्रपूर्वक या धातु से कै प्रत्यय और आलोप (२४४) हो जाता है। प्रयै देवेभ्यः। 'प्रयातुम्' प्राप्त था। 'रोहिष्यै' यहां रुह धातु से इष्यै प्रत्यय होता है—अपामोषधीनां रोहिष्यै। 'रोहितुम्' प्राप्त था। 'अव्यथिष्यै' यहां नञ्पूर्वक व्यथ धातु से इष्यै प्रत्यय होता है। 'अव्यथितुम्' प्राप्त था।

१५२३—दृशे विख्ये च ॥ ३ । ४ । ११ ॥

वेदविषय मे तुमर्थ मे दृशे विख्ये ये निपातन हैं। दृश धातु से के प्रत्यय हो जाता है। दृशे विश्वाय सूर्यम्। वि+ख्या से 'के' प्रत्यय हुआ। विख्ये त्वा हरामि।

१५२४—शकि णमुल्कमुलौ ॥३।४।१२॥

वेदविषय मे शक्लृ धातु उपपद हो तो तुमर्थ मे धातु से णमुल् और कमुल् प्रत्यय हो। णमुल्—वि+भज=अग्निं वै देवा विभाजं नाशक्नुवन्। 'विभक्तुम्' प्राप्त था, णित् से वृद्धि हो जाती है। कमुल्—अप्+लुप्लृ=अपलुपं नाशक्नुवन्। 'अपलोप्तुं' प्राप्त था।

१५२५—ईश्वरे तोसुन्कसुनौ ॥३।४।१३॥

वेदविषय मे ईश्वर शब्द उपपद हो तो धातु से तोसुन् और कसुन् प्रत्यय हो। ईश्वरो विचरितो। 'विचरितुम्' प्राप्त था। ईश्वरोऽभिचरितोः। 'अभिचरितुम' प्राप्त था। ईश्वरो विलिखः। 'विलिखितुम्' प्राप्त था।

१५२६—कृत्यार्थे तवैकेन्केन्यत्वनः॥ ३।४।१४॥

वेदविषय मे कृत्यार्थ=भाव, कर्म मे धातु से तवै, केन, केन्य, त्वन् ये प्रत्यय हो। तवै-म्लेच्छ—म्लेच्छितवै, म्लेच्छितव्यम्। अनु+इण् = अन्वेतवै, अन्वेतव्यम्। केन—अव + गाहू = नावगाहे, नावगाहितव्यम्। केन्य—श्रु+सन् = शुश्रूषेण्य, शुश्रूषितव्यम्। त्वन्—डुकृञ्—कर्त्वं हविः,'कर्त्तव्यम्' प्राप्त था।

१५२७—अवचक्षे च ॥ ३। ४। १५ ॥

वेदविषय में कृत्यार्थ मे अवपूर्वक चक्षिङ् धातु से एश् प्रत्यय निपातन है। रिपुणा नावचक्षे। 'अवख्यातव्यम्' प्राप्त था।

१५२८—भावलक्षणे स्थेण्कृञ्वदिचरिहुतमिजनिभ्यस्तोसुन् ॥ ३। ४। १६ ॥

वेदविषय मे भावलक्षण=क्रिया जिससे लक्षित हो उस अर्थ मे वर्तमान स्था, इण् कृञ्, वदि, चरि, हु, तमि, जनि इन धातुओ से तुमर्थ मे तोसुन् प्रत्यय हो। सम्+स्था—[आ] संस्थातोर्वेद्या सीदन्ति। समाप्तिपर्य्यन्त वेदी मे ठहरते हैं यहा संस्थिति अर्थात समाप्ति मे ठहरना क्रिया लक्षित होती है। इसलिये सम् पूर्वक स्था धातु से तोसुन् प्रत्यय हुआ। इसी प्रकार अगले प्रयोग भी समझने चाहियें। उद्+इण्—पुरा सूर्यमुदेतोराधेयः। अप+आङ्+कृञ्—पुरा वत्सानामपाकर्त्तोः। प्र+वद्—पुरा

प्रवदितोरग्नौ प्रहोतव्यम् । प्र + चरि—पुरा प्रचरितोरानीध्रे होतव्यम् । हु—आहोतोरप्रमत्तस्तिष्ठति । तमु—आतमितोरासीत् । जनी—काममाविजनितोः संभवाम ।

१५२९—सृपितृदोः कसुन् ॥ ३ । ४ । १७ ॥

वेदविषय में भावलक्षण मे वर्तमान सृपि और तृद धातु से तुमर्थ मे कसुन् प्रत्यय हो । सृप—पुरा क्रूरस्य विसृपो विरप्शिन् । तृद—पुरा जत्रुभ्य आतृदः ।

१५३०—अलंखल्वोः प्रतिषेधयोः प्राचां क्त्वा ॥ ३ । ४ । १८ ॥

प्रतिषेध अर्थ वाले अलं और खलु उपपद हो तो प्राचीनो के मत मे धातु से क्त्वा प्रत्यय हो कृत्प्रत्ययान्त अव्यय भाव मे होते हैं इससे क्त्वा को भाव मे जानना चाहिये । डुदाञ्—अलं दत्वा, मत देओ । पठ—खलु पठित्वा, मत पढ़ो । अलं खलु ग्रहण से यहां न हुआ—माकार्षीत्, वह मत करे । प्रतिषेध ग्रहण से यहां न हुआ—अलंकारः । यहां प्राचां ग्रहण सत्कार के लिए है[1], क्योंकि वासरूपविधि से यथाप्राप्त अन्य प्रत्यय हो ही जायगा । जैसे—अलं रोदनेन ।

१५३१—उदीचां माङो व्यतीहारे ॥३।४।१९॥

उदीचों के मत मे व्यतीहार = उलट पलट होना अर्थ मे वर्तमान मेङ् धातु से क्त्वा प्रत्यय हो । 'अप+मेङ्+क्त्वा+सु' यहां 'कुगति०[2]' सूत्र से समास होकर—

---

१ अष्टाध्यायी भाष्य मे 'प्राचाम्' ग्रहण विकल्पार्थ माना है । इस सूत्र के अष्टाध्यायी भाष्य की टिप्पणी द्रष्टव्य है ।

२ सामा० १८२ ।

१५३२—समासेऽनञ्पूर्वे क्त्वो ल्यप् ॥ ७ । १ । ३७ ॥

नञ्पूर्वक समास न हो तो क्त्वा के स्थान मे ल्यप् आदेश हो। इससे 'क्त्वा' को ल्यप् आदेश होकर "अप्+मेङ्+ल्यप्+सु" इस अवस्था मे—

१५३३—मयतेरिदन्यतरस्याम् ॥६।४।७०॥

ल्यप् परे हो तो आकारान्त मेङ् धातु को इकारादेश विकल्प करके हो। (सन्धि० ८६) इस सूत्र के अनुसार मेङ् के अन्त्य का इकार होकर (सन्धि० २०६) मे तुक् हो जाता है। जैसे—अपमित्य याचते। भिक्षुक पहिले मागता है पीछे वस्त्र फैलाता है। जहा इकार न हुआ, वहा आत्व (२४२) से हो जाता है। जैसे—अपमाय याचते। यहा पूर्वकाल की प्रतीति नही है इससे यह क्त्वा विधान किया क्योकि पूर्वकाल मे क्त्वा (१५३६) से विधान करेगे। उदीचो के ग्रहण से औरो के मत मे पूर्वकालिक क्त्वा भी मेङ् धातु से होता है, जैसे—याचित्वा अपमयते।

१५३४—क्त्वापि छन्दसि ॥ ७ । १ । ३८ ॥

वेद विषय मे अनञ्पूर्वसमास मे क्त्वा को क्त्वा और ल्यप् आदेश हो। क्त्वा—कृष्ण वासो यजमानं परिधापयित्वा, प्रत्यञ्चमर्कं प्रत्यर्थयित्वा। ल्यप्—उद्धृत्य जुहोति। वा ग्रहण से भी दोनो आदेश हो जाते, तथापि यहा क्त्वा ग्रहण सर्वोपाधि की निवृत्ति के लिए है। इससे असमास मे भी ल्यप् होता है—अर्च्य तान् देवान् गतः।

१५३५—परावरयोगे च ॥ ३ । ४ । २० ॥

पर से पूर्व का और अवर अर्थात् पूर्व से पर का योग गम्यमान हो तो धातु से क्त्वा प्रत्यय हो। परयोग—अप्राप्य ग्राम पर्वत

स्थितः। ग्राम को न पाकर पर्वत रहा अर्थात् ग्राम से परे पर्वत है। यहां प्रपूर्वक आप्लृ धातु से क्त्वा प्रत्यय, फिर प्रादिसमास (सामा०, कुगति० १८२) होने से ल्यप् आदेश होकर नञ्समास होता है। अवरयोग—अतिक्रम्य पर्वतं ग्रामः स्थितः। पर्वत को अतिक्रमण करके ग्राम रहा। अर्थात् पर्वत ग्राम से पहिले है।

१५३६—समानकर्त्तृकयोः पूर्वकाले ॥३।४।२१॥

जिनका समान कर्ता है ऐसे जो धातु उन में जो पूर्वकाल विषयक अर्थ मे वर्तमान धातु उससे क्त्वा प्रत्यय हो। भुक्त्वा व्रजति। भोजन करके जाता है। यहां भोजन क्रिया प्रथम करना है इससे भुज धातु से क्त्वा प्रत्यय हो गया। इसी प्रकार—'स्नात्वा पठति' इत्यादि समझना चाहिये। 'समानकर्त्तृकयो.' यह द्विवेचन अतन्त्र है इससे स्नात्वा, पीत्वा[1], भुक्त्वा, पठित्वा गच्छति। इत्यादिकों मे भी क्त्वा प्रत्यय होता है। समानकर्तृक ग्रहण से यहां न हुआ—वर्षति मेघे देवदत्तो गतः। पूर्वकालग्रहण से यहां न हुआ—गच्छन् पठति, जाता हुआ पढ़ता है। यहां पूर्वकालता नहीं [है]। तथा 'मुखं व्यादाय स्वपिति' यहां भी पूर्वकालता नहीं क्योंकि सोने वाले का मुख सोने के पीछे फैलता है तथापि मुख फैले पीछे जो निद्रा है उससे मुख का फैलना पूर्वकाल मे है इससे पूर्वकालता सिद्ध है क्योंकि सोनेवाला मुख फैले पीछे कुछ देर अवश्य सोवेगा।

१५३७—क्त्वि स्कन्दस्यन्दोः ॥ ६। ४। ३१ ॥

क्त्वा प्रत्यय परे हो तो स्कन्द और स्यन्द धातु के उपधा नकार का लोप न हो। स्कन्दिर् गतिशोषणयोः—स्कन्त्वा। स्यन्दू प्रस्रवणे-यह ऊदित् है इससे परे क्त्वा को विकल्प करके इट् होगा। जिस पक्ष मे

१ अर्थात् आचमन करके।

इट् नहीं होता उस पक्ष में (१३९) से प्राप्त जो नलोप उसका निषेध हो गया—स्यन्त्वा। और जहां इट् होता है वहां—

१५३८—न क्त्वा सेट् ॥ १। २। १८ ॥

सेट् (इट्सहित) क्त्वा प्रत्यय कित् संज्ञक न हो। इससे कित् संज्ञा का निषेध होकर नलोप भी नहीं होता। जैसे—स्यन्दित्वा। शयित्वा। सेट् ग्रहण इसलिये है कि—कृत्वा। हृत्वा। इत्यादि में कित् निषेध न हो।

१५३९—मृडमृदगुधकुषक्लिशवदवसः क्त्वा ॥ १। २। ७ ॥

मृड, मृद, गुध, कुष, क्लिश, वद और वस धातु से परे सेट् क्त्वा कित् संज्ञक हो। पिछले सूत्र से कित् संज्ञा का निषेध था इसलिये विधान किया। मृडित्वा। क्लिशू विबाधने—क्लिशित्वा (स्वरि०) क्लिष्टा। वद—उदित्वा (२८३) वस—उषित्वा।

१५४०—नोपधात्थफान्ताद्वा ॥ १। २। २३ ॥

नकार जिस के उपधा मे तथा थ और फ अन्त में हो उस धातु से परे सेट् क्त्वा कित् संज्ञक विकल्प करके हो। थान्त—श्रथित्वा, श्रन्थित्वा। फान्त—गुफित्वा, गुम्फित्वा। नोपधग्रहण मे—कोथित्वा। यहां कित् संज्ञा का विकल्प नहीं होता, किन्तु (१५१८) से नित्य कित् संज्ञा का निषेध होकर गुण हो जाता है।

१५४१—वञ्चिलुञ्च्यृतश्च ॥ १। २। २४ ॥

वञ्चि, लुञ्चि, ऋत् इन धातुओं से परे सेट् क्त्वा विकल्प करके कित् संज्ञक हो। वञ्चु गतौ—वञ्चित्वा, वचित्वा। लुञ्च अपनयने—लुञ्चित्वा, लुचित्वा। ऋत्—यह सौत्रधातु है। ऋतित्वा, अर्त्तित्वा।

१५४१—तृषिमृषिकृशेः काश्यपस्य ॥ १।२।२५॥

काश्यप आचार्य के मत में तृषि, मृषि और कृशि धातु से परे सेट् क्त्वा विकल्प करके कित् सञ्ज्ञक हो। ञितृष—तृषित्वा, तर्षित्वा। मृष—मृषित्वा, मर्षित्वा। कृश—कृशित्वा, कर्शित्वा।

द्युतित्वा, द्योतित्वा, लिखित्वा लेखित्वा(५१४); उषित्वा, वसित्वा (११८४), अञ्चित्वा (११८३), लुभित्वा, लोभित्वा (११८५)।

१५४३—जॄव्रश्चोः क्त्वि ॥ ७ । २ । ५५ ॥

जॄ और व्रश्चू धातु से परे क्त्वा को इट् आगम हो। जॄष्—जरित्वा (२६४) जरीत्वा। ओव्रश्चू—व्रश्चित्वा।

१५४४—उदितो वा ॥ ७ । २ । ५६ ॥

जिस का उकार इत्संज्ञक हो उस धातु से परे क्त्वा को इट् विकल्प करके हो। शमु—शमित्वा, शान्त्वा (५८८)।

१५४५—क्रमश्च क्त्वि ॥ ६ । ४ । १८ ॥

झलादि क्त्वा प्रत्यय परे हो तो क्रम् धातु के उपधा को विकल्प करके दीर्घ हो। क्रमु—क्रन्त्वा, क्रान्त्वा (सन्धि० १९२, १९७)। झलादि ग्रहण से यहां उपधादीर्घ न हुआ—क्रमित्वा (१५५४) [से इट् विकल्प]।

१५४६—जान्तनशां विभाषा ॥ ६ । ४ । ३२ ॥

जकार जिनके अन्त में हो उन अङ्गों और नश अङ्ग की उपधा का लोप विकल्प करके हो। भञ्जो आमर्दने—भक्त्वा, भङ्क्त्वा। रञ्ज—रक्त्वा, रङ्क्त्वा। नश—नष्ट्वा। यहां (४०९) से नुम् होता है उसका एक पक्ष में लोप हो गया और दूसरे पक्ष में न हुआ। जैसे—नंष्ट्वा, (४०७) सूत्र से पक्ष में—नशित्वा। खात्वा (३९४)। दो—दित्वा। षो—सित्वा। मा—मित्वा। स्था—स्थित्वा। इन सभों में (१२१८) सूत्र से इकार होता है। डुधाञ्—हित्वा (१२२०)।

१५४७—जहातेश्च क्त्वि ॥ ७ । ४ । ४३ ॥

वेदविषय में जहाति=ओहाक् अङ्ग को विकल्प करके हि आदेश हो क्त्वा परे हो तो। ओहाक् त्यागे—हित्वा। और "ओहाङ् गतौ" इस का "हात्वा" होगा। अद—जग्ध्वा। (१२१६) सूत्र से जग्धि आदेश हो जाता है।

१५४८—वा ल्यपि ॥ ६ । ४ । ३८ ॥

ल्यप् प्रत्यय परे हो तो अनुदात्तोपदेश वनति और तनात्यादि अङ्गों के अनुनासिक का लोप विकल्प करके हो। यह व्यवस्थित विभाषा है इससे मकारान्त अङ्गों के अनुनासिक का लोप विकल्प करके तथा औरों के का नित्य होता है। जैसे मान्त अङ्ग-गम्-आगत्य, आगम्य। नम्-प्रणत्य, प्रणम्य। मान्तों से अन्यत्र-हन्—प्रहत्य। मन्—प्रमत्य। वन्—प्रवत्य। (परिभा० ४६) परिभाषा[1] के अनुसार ल्यप् के विषय में "हि, दथ, आ, इन्, दीर्घ, इट्" ये विधि क्त्वा प्रत्यय के आश्रय से होने वाले अन्तरङ्ग भी हैं पर नहीं होते, किन्तु क्त्वा को बहिरङ्ग ल्यप् आदेश हो जाता है। जैसे हि-विधाय (१२२०) दथ्—प्रदाय (१२२२) आ—प्रखन्य (२९४) इन्—प्रस्थाय। दीर्घ—प्रक्रम्य (५८८) इट्—प्रदीव्य (४७)।

१५४९—न ल्यपि ॥ ६ । ४ । ६९ ॥

ल्यप् परे हो तो घुसञ्ज्ञक मा, स्था, गा, पा, जहाति=ओहाक् और सा इन अङ्गों को ईकारादेश न हो। धेट्—प्रधाय। माङ्—प्रमाय। स्था—प्रस्थाय। गै—प्रगाय। पा पाने—प्रपाय। हा—प्रहाय। षो—प्रसाय। मीङ् हिंसायाम्—प्रमाय। डुमिञ् प्रक्षेपणे—निमाय। दीङ् क्षये—अवदाय। इनमें आत्व (३९९) से। लीङ

---

1 अन्तरङ्गानपि विधीन् बाधित्वा बहिरङ्गो ल्यब् भवति।

श्लेषणे—विलाय। इनमे (४००) से [विकल्प से] आत्व होजाता है। दूसरे पक्ष मे—विलीय। विचर+णिच्=विचार्य। यहा णिलोप (१७७) से हो जाता है।

१५५० —ल्यपि लघुपूर्वात् ॥ ६ । ४ । ५६ ॥

ल्यप् परे हो तो पूर्व जो लघु हो उसके परे णि के स्थान मे अय् आदेश हो। वि + गण + णिच् = विगणय्य, प्रणमय्य। यहां णकार का अकार पूर्व है उससे उत्तर णि को अय् आदेश होजाता है किन्तु लोप (१७७) से नही होता। लघुपूर्व ग्रहण से यहा न हुआ—संप्रधृञ् + णिच् = सम्प्रधार्य।

१५५१—विभाषापः ॥ ६ । ४ । ५७ ॥

आप्लृ धातु से परे णि को अय् आदेश विकल्प करके हो। प्र+आप्लृ+णिच्=प्रापय्य, प्राप्य वा पठति। यहाँ णिलोप (१७७) से हो जाता है।

१५५२—जनिता मन्त्रे ॥ ६ । ४ । ५३ ॥

मन्त्र विषय मे णिलोप से जनिता यह निपातन है। यो नः पिता जनिता। यहा जन धातु से इडादि तृच् प्रत्यय के परे णिलोप निपातन से होता है। मन्त्र से अन्यत्र—जनयिता।

१५५३—शमिता यज्ञे ॥ ६ । ४ । ५४ ॥

यज्ञ कर्म में णिलोप से शमिता यह निपातन है। शृतं हविः शमित। यह संबुद्धि विषय मे प्रयोग है यहां शमु धातु से तृच् प्रत्यय के परे णिच् का लोप हो जाता है। यज्ञ से अन्यत्र—"शमयित" यह प्रयोग होगा।

१५५४—युप्लुवोर्दीर्घश्छन्दसि ॥ ६ । ४ । ५८ ॥

ल्यप् परे हो तो वेद विषय मे यु और प्लु धातु को दीर्घादेश हो।

यु—दान्त्यनुपूर्व वियूय। यहां विपूर्वक यु धातु को ल्यप् के परे दीर्घ होता है। प्लु—यत्रायो दक्षिणा परिप्लूय। यहां परिपूर्वक प्लु को दीर्घ होता है। वेद से अन्यत्र—संयुत्य, संप्लुत्य।

१५५५—क्षियः ॥ ६ । ४ । ५९ ॥

ल्यप् परे हो तो क्षि धातु को दीर्घादेश हो। प्रक्षीय, संक्षीय।

१५५६—ल्यपि च ॥ ६ । १ । ४१ ॥

ल्यप् परे हो तो वेञ् धातु को संप्रसारण न हो। प्र+वेञ्=प्रवाय तिष्ठति।

१५५७—ज्यश्च ॥ ६ । १ । ४२ ॥

ल्यप् परे हो तो ज्या धातु को भी सम्प्रसारण न हो। ज्या वयोहानौ—प्रज्यायोपरमते। बुड्ढा होकर सब कामों से निवृत्त होता है।

१५५८—व्यश्च ॥ ६ । १ । ४३ ॥

ल्यप् के परे व्येञ् धातु को भी संप्रसारण न हो। व्येञ् संवरणे—उपव्याय।

१५५९—विभाषा परेः ॥ ६ । १ । ४४ ॥

ल्यप् परे हो तो परि उपसर्ग से परे व्येञ् धातु को विकल्प करके संप्रसारण हो। परिवीय। यहां संप्रसारण किये पीछे (सन्धि० २०६) सूत्र से तुक् प्राप्त था उसको बाध कर 'हलः'[1] सूत्र से दीर्घादेश हो जाता है।

१५६०—आभीक्ष्ण्ये णमुल् च ॥३।४।२२॥

आभीक्ष्ण्य=वार २ होना अर्थ गम्यमान हो तो समानकर्तृक धातुओं में जो पूर्वकाल मे वर्तमान धातु है उससे क्त्वा और णमुल् प्रत्यय भी हो।

---

१ अष्टा० ६ । ४ । २ ॥

१५६१—वा०—आभीक्ष्ण्ये द्वे भवत इति वक्तव्यम् ॥ ८ । १ । १२ ॥

आभीक्ष्ण्य * अर्थ मे वर्तमान जो शब्द है उसको द्विर्वचन हो। जैसे भुज्—भोज भोज व्रजति, भुक्त्वा भुक्त्वा व्रजति। स्मृ—स्मारं स्मार पठति, स्मृत्वा स्मृत्वा पठति। यहां पूर्व सूत्र से णमुल् प्रत्यय होकर क्त्वा और णमुल् प्रत्ययान्त को द्विर्वचन होजाता है।

१५६२—न यद्यनाकाङ्क्षे ॥ ३ । ४ । २३ ॥

यद् शब्द उपपद हो और अनाकाङ्क्ष वाच्य हो तो धातु से क्त्वा और णमुल् प्रत्यय न हो। जिस वाक्य मे अगली पिछली दो क्रिया रहे और वह कुछ पर की आकाङ्क्षा न करे उसका यहा ग्रहण है। जैसे—यदयं पठति ततः पचति। जब यह पढ़ लेता है तदनन्तर पाक करता है। यहां 'यदय पठति' इस अंश मे जो पठन क्रिया है उसको कुछ पचन की आकाङ्क्षा नही है। अनाकाङ्क्ष ग्रहण से यहां निषेध नही होता—यदयं पठित्वा गच्छति, ततः परमेव

